KASHMIR SE KANYAKUMARI PRAYANT
PRIMEMINISTER
SMT INDIRA GANDHI

कश्मीरी

रामावतारचरित

कश्मीरी काव्य के अमर रचयिता

श्री प्रकाशराम कुर्यग्रामी

अनुवादक एवं लिप्यन्तरणकार

डॉ० शिबनकृष्ण रैणा

प्रकाशक

भुवन वाणी ट्रस्ट

'प्रभाकर निलयम्', ४०५/१२८, चौपटियाँ रोड, लखनऊ-३

प्रथम संस्करण—
जुलाई, १९७५ ई०

मूल्य— Rs 22/- ~~20.00~~

मुद्रक:—
वाणी प्रेस
भुवन वाणी ट्रस्ट
'प्रभाकर निलयम्', ४०५/१२८, चौपटियाँ रोड, लखनऊ-३

आसेतु हिमालय

कश्मीर से कन्याकुमारी पर्यन्त

प्रधानमंत्री

श्रीमती इंदिरा गांधी को

माल्यार्पण

** : * : *\~* कश्मीरा काव्य *\~* : * : **

आसेतु हिमालय की विविध भाषाओं के सेतुकरण में सन्नद्ध 'भुवन वाणी ट्रस्ट' की ओर से "कश्मीरी रामावतार-चरित" का सानुवाद नागरी लिप्यन्तरण सादर माल्यार्पित ।

१० जुलाई, १९७५

रथयात्रा-दिवस

नन्दकुमार अवस्थी

प्रतिष्ठाता—भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ—३

कश्मीरी की दार्शनिक और आदि-कवियित्री लल्लद्यद

(सुश्री लल्लेश्वरी) की पयस्विनी,

जिस वाणी में प्रवाहित हुई है, उसी ललित

कश्मीरी भाषा में विरचित

'रामावतारचरित' का हिन्दी अनुवाद सहित यह

देवनागरी-लिप्यन्तरण, उसी ग्रन्थ के

मूल रचयिता

श्री प्रकाशराम कुर्यग्रामी को

सादर समर्पित

शिबनकृष्ण रैणा

(अनुवादक एवं लिप्यन्तरणकार)

प्रस्तावना

भारत के स्वातंत्र्योत्तर काल में अपने इस विशाल देश की अनेक राज्य-भाषाओं के विकास को देखकर मन विभोर हो जाता है, और राष्ट्र-भाषा हिन्दी की स्रोतस्विनी में जब इन अनेक भाषाओं का सुरम्य संगम देखने को मिलता है तो आनन्दातिरेक की प्राप्ति होती है। संपर्क-भाषा के रूप में हिन्दी भाषा एक सर्वतत्वग्राही माध्यम है, अतः इसके भंडार को प्रान्तीय आंचलों की भाषाओं के शब्दों से समृद्ध करना प्रत्येक बुद्धि-वादी भारतीय का कर्त्तव्य है। यही एक ऐसा क़दम है जो राष्ट्रीय एकता एवं भावात्मक एकता के निर्माण में बहुत बड़ा संबल सिद्ध हो सकता है। विभिन्न राज्यों की भाषाओं में लिखे गये ग्रन्थ-रत्नों को हिन्दी लिपि में उनके हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित करने का काम बहुत ही महत्व-पूर्ण है।

युवराज डॉ० कर्णसिंह
स्वास्थ्यमंत्री, भारत सरकार

जहाँ एक ओर भौगोलिक परिसीमाओं के कारण कश्मीर की घाटी शताब्दियों तक अलग-थलग रही, वहाँ दूसरी ओर ऐतिहासिक महत्व के समकालीन ग्रन्थों एवं निदेश-सामग्री के मूलग्रन्थों के लुप्त होने के परिणाम-स्वरूप कश्मीरी भाषा एवं उसके साहित्य की प्राचीनता अथवा उसके उद्‌गम पर पर्दा ही पड़ा रहा। अतः यह विवादास्पद विषय है कि कश्मीरी भाषा का उद्‌गम क्या है। शब्द-शोध एवं भाषाविज्ञान की दृष्टि से कश्मीरी भाषा का उद्‌गम सिद्ध करना अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण विषय है। इतना तो स्पष्ट है कि शताब्दियों से होते आ रहे राजनीतिक परिवर्तनों के साथ-साथ इस पर उर्दू, अरबी, फ़ारसी, पंजाबी, डोगरी एवं अंग्रेजी भाषाओं का प्रभाव पड़ा, यद्यपि मूलतः इस भाषा की आधार-शिला पर संस्कृत भाषा की एक नैसर्गिक छाप

स्पष्टतः दिखाई देती है। भले ही इस भाषा की लिपि आज से छः सौ वर्ष पूर्व शारदा रही हो, उसे ध्वनिविज्ञान की दृष्टि से अनुमान-लिपि ही मानना होगा, न कि परिपूर्ण। कालान्तर में यह लिपि भी लुप्तप्राय हो गई और अब उसकी जगह दो समानान्तर लिपियों ने ले ली है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि ध्वनिविज्ञान की दृष्टि से देवनागरी लिपि ही बहुत हद तक कश्मीरी भाषा को लिपिबद्ध करने में सहायक हो सकती है।

कदाचित् उन्नीसवीं शताब्दी ईस्वी के दूसरे दशाब्द में जन्मे प्रकाशराम कुर्यग्रामी द्वारा कश्मीरी भाषा में रचित 'रामावतारचरित' अथवा पद्यबद्ध रामायण, कश्मीरी श्रुति-परम्पराओं की विशेषता लिये भक्तिरस से बींधी वही रामकथा है जो उत्तर भारत की नस-नस में समायी हुई है। मर्यादा पुरुषोत्तम की जीवन-लीला को इस संसार की कर्मभूमि में इसलिए भी महत्व दिया गया है कि यह नैतिक मानों के आधार पर आदर्श जीवन बिताने एवं नश्वरता की निराशा से ओतप्रोत जीवन को सरस बनाने में एक निष्ठावान मार्ग प्रशस्त करती है जिसमें मनुष्य अपनी कर्त्तव्यपरायणता से नहीं ऊबता। आज की ह्रासशील नैतिकता में यदि भगवान राम का आदर्श जीवन में उतारा जाय तो अनेक आधिभौतिक एवं आधिदैविक संकट एवं संताप कट सकते हैं।

प्रस्तुत कश्मीरी रामायण के प्रणेता भक्तिरस के मतवाले कवि की भाषा में समस्तपद संस्कृतनिष्ठ तो हैं ही किन्तु फ़ारसी भाषा के सौम्य शब्दों का भी बड़ा सुन्दर प्रयोग देखने को मिलता है। वस्तुतः इन दो भाषाओं के सम्मिश्रण से पदलालित्य और भी निखर उठा है। भाषा का आधार एवं कवि की विचरणभूमि कश्मीरी भाषा तथा कश्मीर की परम्पराएं ही हैं जो कथानक आदि की दृष्टि से बाल्मीकि रामायण एवं अध्यात्म-रामायण पर आधारित हैं। सात काण्डों में विभक्त इस पद-रचना में (लीला-वन्दना के रूप में) जहाँ इतिवृत्तात्मक एवं गीत-शैली का ही प्रयोग हुआ है वहाँ शब्द की तीन शक्तियों में से अभिधा एवं व्यंजना शक्तियों का प्राधान्य है, यद्यपि कहीं-कहीं लक्षण शक्ति का भी सुन्दर प्रयोग दिखाई पड़ता है। छन्दों में लय, ताल और सुर है और भाषा का प्रवाह स्रोतस्विनी के नाद-सा कर्णप्रिय एवं अनवरत मालूम पड़ता है। भक्तिरस में कश्मीरी 'लोल' (सूरदास की सुधि का भाव) का सरस पुट श्रोता को विह्वल कर देता है। रूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा, अनुप्रास, अर्थान्तरन्यास आदि अलंकारों का भी सुन्दर एवं सहज प्रयोग हुआ है। उदात्त नायक के चरित्र, आदि, को भी कवि ने प्रच्छन्न अथवा गौण रूप से चित्रित किया है। राम-कथा के सूत्र में सीता का रावण की सुता होना

और अपने कुटुम्बजन के उपालम्भ पर राम द्वारा सीता का परित्याग, कवि की अपनी विशेष मान्यतायें हैं। इन सब कारणों से इस काव्य-रचना को कश्मीरी भाषा का महाकाव्य समझा जाना चाहिए।

डॉ० शिबनकृष्ण रैणा ने अपने कठोर परिश्रम से मूल कश्मीरी भाषा की इस अमोल निधि 'रामावतारचरित' का देवनागरी लिपि में लिप्यन्तरण किया है और हिन्दी में इसका सुन्दर अनुवाद भी, जो अपने में एक प्रशंसनीय कार्य है।§ मैं आशा करता हूँ कि रामायण के अकश्मीरी-भाषी भक्त एवं पाठक प्रस्तुत प्रकाशन से लाभान्वित होंगे। यों भी तो डॉ० रैणा हिन्दी के माध्यम से कश्मीरी भाषा एवं साहित्य की सेवा में संलग्न हैं, किन्तु मुझे आशा है कि वे समय-समय पर कश्मीरी के अनेक अमोल रत्नों की छटा को प्रतिविम्बित करने का अपना प्रयास जारी रखेंगे। मैं उनकी सफलता एवं स्वास्थ्य की कामना करता हूँ।

नई दिल्ली, अप्रैल, १९७४ — कर्ण सिंह

---

§ श्री प्रकाशराम कुर्यग्रामी कृत 'श्री रामावतारचरित' (कश्मीरी) का यह सानुवाद लिप्यन्तरण 'भुवन वाणी ट्रस्ट', 'प्रभाकर निलयम्', ४०५/१२८ चौपटियाँ रोड, लखनऊ-३ से प्रकाशित हुआ है। भुवन वाणी ट्रस्ट, कश्मीरी, गुरुमुखी, नेपाली, असमिया, बंगाली, ओड़िया, राजस्थानी, उर्दू, अ़रबी, फ़ारसी, संस्कृत, गुजराती, मराठी, तेलुगु, कन्नड, तमिळ, मलयाळम, सिंधी आदि विविध भाषाओं के लोकप्रिय सद्ग्रन्थों को देवनागरी लिपि में प्रकाशित करने में सतत संलग्न है—प्रकाशक।

विषय-प्रवेश

प्रस्तुत ग्रन्थ के पृष्ठ १७ पर 'प्रकाशकीय' और पृष्ठ १८-२४ पर 'लिप्यन्तरणकार तथा अनुवादक का वक्तव्य', इनमें 'ग्रन्थ का विषय', 'ग्रन्थकार का परिचय' और सुयोग्य अनुवादक 'डॉ० शिबनकृष्ण रैणा' के सम्बन्ध में पर्याप्त सामग्री मौजूद है। फिर भी कुछ उल्लेखनीय विषय, आवश्यक समझ कर, प्रस्तुत करना समीचीन प्रतीत हुआ।

स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद, राष्ट्र के विधान की रचना हुई। उसमें मनीषियों ने राष्ट्र की व्यवस्था में, भाषा और लिपि के सम्बन्ध में भी निर्णय लिया। भारत जैसे विशाल देश के विभिन्न अञ्चलों में विभिन्न भाषाओं और लिपियों का प्रचलन है। वे सभी भाषाएँ बहुमूल्य साहित्य से सम्पन्न हैं, और उस समग्र साहित्य में एक-भारतीय और एक-मानवीय झलक है। भाषा समझने की कोई बड़ी कठिनाई नहीं है। प्रायः सबमें संस्कृत का प्रचुर शब्द-भण्डार, तत्सम अथवा तद्भव रूप में विद्यमान है। अँग्रेज़ी, अ़रबी और फ़ारसी के भी शब्द पर्याप्त संख्या में समान रूप से सभी भाषाओं में पैठ चुके हैं। सभी भाषाओं के क्षेत्रीय शब्द यातायात, एक-राष्ट्रीयता और एक-संस्कृति होने के फलस्वरूप आपस में घुल-मिल गये हैं। यह भी तथ्य ही है कि देश के क़िसी भी अञ्चल में जाने पर टूटी-फूटी हिन्दी और क्षेत्रीय भाषा की मिली-जुली बोली से काम, आज ही नहीं, पुरातन से चलता आ रहा है। अलबत्ता लिपि की कठिनाई ज़रूर है। यह किसी व्यक्ति के वश की बात नहीं कि वह भारत में व्यवहृत २०-२२ लिपियों को सीख ले और तब उन सभी लिपियों से सम्बन्धित भाषाओं के वाङ्मय और सत्साहित्य से लाभान्वित हो सके, अथवा भाषा के सेतु द्वारा परस्पर घुल-मिल सके।

इसलिए विचारक-वृन्द सदैव इस पर एकमत रहा है कि इन सब भाषाओं को एक सूत्र में बाँधने के लिए एक जोड़लिपि को अपनाया जाय और वह जोड़लिपि देवनागरी लिपि ही अपेक्षाकृत अधिक उपयुक्त है। सारांश यह कि सारी लिपियों के सदैव फूलती-फलती रहने के अलावा, देवनागरी लिपि को भी, जोड़लिपि के तौर पर, अपनाया जाय; सभी भाषाओं के सत्साहित्य को नागरी लिपि में लिप्यन्तरित किया जाय।

राष्ट्रीय एकीकरण को अक्षुण्ण रखने के लिए राष्ट्र की सभी भाषाओं का पवित्र साहित्य समस्त देश के सामने आना चाहिए। यह जोड़लिपि का काम किसी समय ब्राह्मी लिपि द्वारा उपलब्ध था; आज आवश्यकता है कि नागरीलिपि को उस पुनीत उद्देश्य के लिए अपनाया जाय।

अस्तु। यह विचार मेरे मस्तिष्क में घूम रहे थे। राष्ट्रीय विधान में भी उसी दिशा में निर्णय लिया गया। सन् १९४७ ई० से मैंने अन्य भाषाओं के देवनागरी लिप्यन्तरण का कार्य आरंभ किया। संयोग की बात कि विश्वविख्यात इस्लामी धर्मग्रन्थ 'क़ुर्आन' का सानुवाद लिप्यन्तरण प्रस्तुत करने की प्रथम अभिलाषा हुई। काम आरम्भ करने के बाद वह अनुमान से कहीं अधिक जटिल साबित हुआ। वैसे तो भारतीय भाषाओं के ही कई व्यञ्जनों और स्वरों के प्रतिनिधि रूपों का नागरी में अभाव है; किन्तु अरबी लिपि की तो अनेक ध्वनियों के समावेश से नागरी लिपि को परिवर्द्धित करने की आवश्यकता सामने आई। धर्मग्रन्थ होने के नाते अनेक शास्त्रीय बातों का भी ध्यान रखना ज़रूरी था। किसी न किसी प्रकार भगवान् की कृपा से वह भगीरथ कार्य सन् १९६९ ई० के आरम्भ में प्रकाशित होकर जनता के सामने आया। परिश्रम ठिकाने से लगा। देश की हर जमात ने उस श्रम की सराहना की, सबने क़द्र की। इसी बीच गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस से एक शती प्राचीन बंगला की लोकप्रिय 'कृत्तिवासी रामायण' के पाँच काण्डों का देवनागरी लिप्यन्तरण और (अवधी) हिन्दी में पद्यानुवाद भी मैंने प्रस्तुत किया।

इस २०-२२ वर्ष के सतत और क्लेशकर श्रम के उपरान्त, कुछ विश्राम मिला, यश मिला, सराहना मिली। विद्वान् और आम जनता, सर्वत्र इस श्रम के प्रति उपलब्ध समादर से उत्साह में वृद्धि हुई। फलस्वरूप भाषाई सेतुकरण, एक भाषा का दूसरी भाषा में प्रतिविम्बीकरण, और राष्ट्रसमन्वय के उपर्युक्त पुनीत उद्देश्य के प्रति संकल्प प्रबलतर हो उठा। कुछ महीनों बाद ही, उसी १९६९ ई० में 'भुवन वाणी ट्रस्ट' नामक पञ्जीकृत संस्था की स्थापना की। नागरी लिपि में परिवर्द्धन और देश में प्रचलित प्रायः सभी भाषाओं के ग्रन्थों का हिन्दी अनुवाद सहित नागरी लिप्यन्तरण का कार्य आरम्भ हुआ। लोग कहते हैं, निस्पृह विद्वानों का अभाव है। गांधी जी ने एक बार कहा था, और पूज्य विनोबा जी ने वही बात अपनी असम की पद-यात्रा के समय मुझको लिखी थी, जिसका भाव यह है कि 'सत्कार्य का मार्ग सदैव प्रशस्त रहता है। कोई भी अभाव उसकी प्रगति को रोक नहीं सकता। अलबत्ता संकल्प, श्रम और भगवान् की कृपा ज़रूरी है'। विविध भाषाओं के विद्वानों का सहयोग प्राप्त हुआ।

उनमें से कई से तो आज तक मेरा साक्षात् भी नहीं हुआ है। ट्रस्ट में एक विद्वत्-परिषद् की स्थापना हुई। विद्वान् निस्पृह भाव से विविध भाषाओं के लोकप्रिय ग्रन्थों का हिन्दी अनुवाद और देवनागरी लिप्यन्तरण ट्रस्ट के लिए करने लगे। एक त्रैमासिक पत्र 'वाणी सरोवर' के सम्पादन और प्रकाशन का भार उठाने का सौभाग्य मुझको प्राप्त हुआ। उसमें उन बहुभाषाई ग्रन्थों के ८-८ पृष्ठ क्रमशः धारावाहिक दिये जाते हैं। वह पत्र आज छः वर्षों से अबाध प्रकाशित होता चला आ रहा है। इस त्रैमासिक के अलावा वे बहुभाषाई ग्रन्थ, पृथक् भी संग्रहीत किये जा रहे हैं। अरबी, मलयाळम, बंगला, उर्दू, गुरुमुखी, फ़ारसी, कश्मीरी की पुस्तकें पूर्ण भी हो चुकी हैं। इनमें तथा शेष भाषाओं में आगे भी काम बराबर चल रहा है। उद्देश्य है:—

'प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक संत की बानी।
सम्पूर्ण विश्व में घर-घर है पहुँचानी॥'

एक बात पर दृष्टि जाती है कि इन ग्रन्थों में रामायण, महाभारत, इस्लामी हदीस, श्रीजपुजी, गुरुग्रंथ साहब को ही शुरू में क्यों लिया गया है? यह मात्र इसलिए कि इनके कथानक से सारा देश परिचित है। वह जाना-समझा कथानक, अपरिचित भाषा के मूलपाठ को नागरी अक्षरों में पाकर, पाठक को समझने में सरलता होगी। यदि आरम्भ में उपन्यास, निबन्ध आदि का लिप्यन्तरण पढ़ा जायगा, तो कथा-वस्तु से अपरिचय, उसको समझने में बाधक सिद्ध होगा। एक भाषाभाषी दूसरी भाषा के ग्रन्थ को, कथानक सुपरिचित होने पर, अधिक सरलता से समझ सकेगा। इस प्रकार नागरी कलेवर में पाकर, उनका सीख लेना अधिक सुकर होगा।

मनीषी डॉ० कामिल बुल्के को कौन नहीं जानता। वे आज राँची सेंट ज़ेवियर्स कालेज में हिन्दी और संस्कृत विभाग के अध्यक्ष हैं। 'राम कथा' नामक अपने शोधग्रन्थ में उन्होंने विश्व के रामायण-इतिहास को 'गागर में सागर' के समान संग्रहीत कर दिया है। शोधग्रन्थों में यह ग्रन्थ शिरमौर है। वे बेल्जियम (योरोप) के निवासी हैं। हमारा सारा देश उनका ऋणी और चिरकृतज्ञ है। इसी 'रामकथा' ग्रन्थ से विभिन्न भाषाओं के उत्कृष्ट रामायण ग्रन्थों को सानुवाद लिप्यन्तरण हेतु मैंने चुना। इसी ग्रन्थ के आधार पर दिवाकर भट्ट कृत कश्मीरी 'रामावतारचरित' का हिन्दी अनुवाद सहित नागरी लिप्यन्तरण प्रकाशित

करना मैंने निश्चय किया। उक्त ग्रन्थ की एक प्रति और उपयुक्त विद्वान् की तलाश में मैं रहा। कई सुपरिचित कश्मीर के प्रकाशकों और मित्रों को पत्र लिखे। मैं हैरान था; कोई पता उस ग्रन्थ का न चल पाया। बहरहाल मैं तलाश में बराबर रहा; क्योंकि समस्त भाषाओं के चल रहे कार्यक्रम में 'कश्मीरी रामायण' का अभाव निरन्तर खटकता था।

दैवयोग से सत्कार्य के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ। सन् ७१ में अकस्मात् एक पत्र डॉ० शिबनकृष्ण रैणा, हिन्दी विभागाध्यक्ष, राजकीय कालेज, नाथद्वारा (राजस्थान) से प्राप्त हुआ। 'वाणी सरोवर' की प्रति किसी प्रकार उनके सामने पहुँची। उसमें विपुल भाषाओं के सानुवाद लिप्यन्तरित ग्रन्थों, विशेषकर रामायणों, और उनमें कश्मीरी रामायण का अभाव देखकर, वही उत्कण्ठा और अभिलाषा उनमें भी जाग्रत हुई जिसका मैं शिकार था। उनके पत्र पर, मैंने (डॉ० कामिल बुल्के द्वारा) उल्लिखित 'दिवाकर भट्ट' के 'रामावतारचरित' के सानुवाद लिप्यन्तरण की इच्छा प्रकट की। डॉ० रैणा से ही यह प्रकाश मिला कि वह 'रामावतारचरित' श्री प्रकाशराम कुर्यग्रामी की रचना है, न कि दिवाकर भट्ट की। उसकी एक प्रति भी उन्होंने मुझको उपलब्ध कराई। ऐसा अनुमान है कि डॉ० बुल्के को, 'रामकथा' लिखते समय, कश्मीरी रामावतारचरित के रचयिता के नाम में कुछ भ्रम हो गया। बहरहाल श्री रैणा जी ने बड़े हर्ष के साथ ट्रस्ट के सत्कार्य में हाथ बटाना अंगीकार किया। नागरी लिपि में अनुपलब्ध कुछ स्वर-व्यंजनों के सम्बन्ध में हम लोगों में एक राय स्थिर हुई। कार्य आरंभ होकर 'वाणी सरोवर' में ८-८ पृष्ठों में प्रकाशित, तथा पृथक् पुस्तक रूप में संग्रहीत होने लगा। 'रामावतारचरित' ग्रन्थ के सम्बन्ध में डॉ० रैणा ने पृष्ठ १८-२४ पर पर्याप्त वर्णन दिया है। डॉ० शिबनकृष्ण रैणा के संबंध में भी पृष्ठ १७ पर मैंने कुछ परिचय के तौर पर निवेदन किया है। उन पंक्तियों को लिखने के बाद से ट्रस्ट और डॉ० रैणा के सम्बन्ध प्रगाढ़तर होते

डॉ० शिबनकृष्ण रैणा
हिन्दी विभागाध्यक्ष, राजकीय कालेज,
नाथद्वारा (राजस्थान)

गये; वे तरुण होते हुए भी अद्भुत प्रतिभाशाली हैं। अत्यन्त कर्मठ एवं परिश्रमी हैं। उन्होंने इतने कम समय में ही कश्मीरी और हिन्दी की उल्लेखनीय सेवा की है। ताज़ा शुभ समाचार यह है कि वे राजस्थान से डेपुटेशन पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के पटियाला-स्थित उत्तरक्षेत्रीय भाषाकेन्द्र में कश्मीरी भाषा के व्याख्याता नियुक्त होकर जा रहे हैं। हम ट्रस्ट की विद्वत्परिषद् के इन विद्वान् सदस्य के स्वास्थ्य, चिरायु और उत्तरोत्तर यश-विभव की कामना करते हैं। अपने पाठकों से परिचय कराने के लिए उनका एक चित्र भी प्रस्तुत है।

श्री रैणा ने लगभग एक वर्ष पूर्व ही पाण्डुलिपि पूरी करके भेज दी थी। बहुभाषाई कार्यों के एक साथ चलते रहने तथा साधनों की कठिनाई से मुद्रण, वाञ्छित ढंग से तो नहीं, किन्तु बराबर चलता रहा। काम ख़र्चीला था। शायद पूरा होने में कुछ और विलम्ब होता, किन्तु संयोग से इसमें देश के उदार श्रीमन्त जन और उत्तर प्रदेश शासन की आंशिक सहायता रही। साथ-साथ में अन्य भाषाओं के लगभग बीस ग्रन्थों का प्रकाशन भी चल रहा था। भगवान् की कृपा से भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार श्री रमाप्रसन्न नायक और तत्कालीन गृहमंत्री श्री उमाशंकर जी दीक्षित की दृष्टि ट्रस्ट के भाषाई सेतुकरण के पुष्कल कार्यों की ओर गई। उनकी संस्तुति पर, शिक्षा एवं समाजकल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की कृपा हुई। फलस्वरूप, ग्रन्थ के शेषांश को पूरा करके अखिल देश की जनता के सामने प्रस्तुत करने की नौबत आई। शिक्षामंत्रालय के मर्मज्ञ विद्वान् डाइरेक्टर श्री सनत्कुमार चतुर्वेदी जी की बड़ी कृपा रही। हम इन महानुभावों के प्रति, भाषाई सेतुकरण के राष्ट्रीय कार्य में उत्तरोत्तर दृढ़ और कार्यरत रहने का संकल्प लेते हुए, आभार प्रकट करते हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्यमंत्री युवराज डॉ० कर्णसिंह जी ने इस ग्रन्थ की प्रस्तावना लिखने की कृपा की है। हम उनके अतिशय अनुग्रहीत हैं।

नन्दकुमार अवस्थी

प्रतिष्ठाता—भुवन वाणी ट्रस्ट, लखनऊ-३

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ-संख्या
माल्यार्पण	३
प्रस्तावना—युवराज डॉ० कर्णसिंह, मंत्री भारत सरकार	७
विषय-प्रवेश	१०
विषय-सूची	१५
प्रकाशकीय	१७
लिप्यन्तरणकार तथा अनुवादक का वक्तव्य	१८
कश्मीरी-देवनागरी वर्णमाला	२३
विषय-प्रवेश (गोडुनिच लीला)	२५
रामायण का मतलब	२७
पार्वती-शिवजी संवाद	३४
बालकाण्ड	**३७**
श्रीराम का जन्म	३७
अयोध्यावासियों का भजन	४०
विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा	४५
अहल्या का शापमोचन	४८
भजन	५०
सीता-जन्म और स्वयंवर	५३
'रातियों का गीत	६१
ेराम की बरात	६४
न का गीत	६६
ाह (लग्न)	७१
अयोध्याकाण्ड	**७३**
राजतिलक	७३
कैकेयी का छल	७६
वनवास लीला	८१
ा का विलाप	८६
थ का विलाप	९२
की मृत्यु और भरत का आना	९४
का दण्डकवन जाना	९८
म का पिता के लिए विलाप	१०४
ाम का भजन	११२
ी की अनुनय-विनय और भरत ो खड़ाऊँ देना	११७
विलाप	११८
अहल्या का क़िस्सा	१२३
लीला	१२५
अरण्यकाण्ड	**१२८**
शूर्पणखा का सज़ा देना	१२९
सीताहरण	१३२
जटायु से युद्ध और सीता का क़ैद होना	१४५
सीता की तलाश	१५२
भजन	१५८
किष्किन्धाकाण्ड	**१६२**
बालि का मारा जाना	१६२
सुग्रीव द्वारा स्तुति	१६३
रामचन्द्रजी का संवाद सुग्रीव के साथ	१६५
सुन्दरकाण्ड	**१७३**
वानरों का सीता को ढूंढ़ना	१७३
वानरों का हनुमान से विनती करना	१७९
हनुमान के कार्य कार्यनामे	१८२
'सपया' राक्षस द्वारा हनुमान के गुणों का बखान	१८७
सीता का दर्शन	१९१
सीता जी का भजन	२०१
सीता और रावण का संवाद	२०३
सीताजी का भजन	२०५
लंका को आग लगाना	२०७
हनुमान की वापसी	२१७
युद्धकाण्ड	**२२१**
लंका की ओर फ़ौजकशी	२२१
विभीषण का शरण में आजाना	२२७
रावण और सुग्रीव के दर्म्यान खतोकिताबत	२२८
रावण की बाजीगरी (माया)	२३१
सीता का विलाप	२३४
सुरमा [त्रिजटा] का सीता को ढाढस देना	२३६

विषय	पृष्ठ-संख्या
इन्द्रजीत के साथ जंग	२३७
लक्ष्मण का जिन्दा होकर इन्द्रजीत को मारना	२४०
कुम्भकर्ण के साथ जंग	२४६
परशुराम आगमन	२५०
श्रीराम-परशुराम संवाद	२५४
राम-लक्ष्मण को चोरी से ले जाना	२५९
सभी रोते और विलाप करते हैं	२६३
सारी सेना का अपने ऊपर दोष लादना और रोना	२६५
हनुमान का विलाप	२६७
हनुमान का विलाप (क्रमशः)	२६९
राम-लक्ष्मण की तलाश	२७४
हनुमान की वन्दना करना	२८३
महिरावण के साथ जंग	२८४
भजन	२९२
मक्केश्वर का क़िस्सा	२९५
रावण द्वारा हवन	२९८
भजन	३००
बाजीगरी (माया) की सीता को मारना	३०२
भजन	३०४
रावण के साथ जंग	३०५
भजन (सभी का रामचन्द्रजी से विनती करना)	३०९
भजन (सभी का रामचन्द्रजी की अनुनय-विनय करना)	३२४
श्रीराम का रावण को मारना	३२७
सीताजी की अग्निपरीक्षा	३३५
सीताजी का भक्तगीत गाना	३३७
सीता की माता (मन्दोदरी) का संताप	३३८
भजन	३३९
भजन (सीता जी की माँ रामचन्द्रजी से कह रही हैं)	३४६
भजन (मन्दोदरी कहती हैं)	३४९
सीता का आग में से निकलना	३५२
उत्तरकाण्ड	**३५९**
वापस अयोध्या आ जाना	३५९
भजन	३५९
सुमित्रा कौशल्या से संबोधन कर रही हैं	३६३
माता कौशल्या की प्रसन्नता	३६७
कौशल्या का भजन	३६८
कौशल्या और रामजी का मिलन	३७०
सुमित्रा का भजन	३७१
श्रीराम का राज	३७३
लवकुशकाण्ड	**३७५**
ननद की जलन	३७५
सीता को जलावतन करना	३७९
भजन	३८७
लव और कुश का जन्म	३९४
अश्वमेध का घोड़ा	४००
लव-कुश का जंग भरतराज के साथ	४०३
लक्ष्मण जी का मारा जाना	४१०
श्रीराम के साथ जंग	४१३
सीता का विलाप	४२१
सीता जी विलाप करती हैं	४२५
सीताजी का और विलाप करना	४२६
अमृत वर्षा	४३३
सीता और रामजी का संवाद	४३५
रामजी का अनुनय-विनय	४३७
सीता द्वारा पार्वती जी की स्तुति	४४०
रामचन्द्र और सीता का संवाद	४४९
ऋषि द्वारा सीता को समझाना	४५४
सीता का जमीन में गायब हो जाना	४६०
सीता जी द्वारा स्तुति करना (भजन)	४६४
श्रीराम का स्वर्गारोहण	४७४

रामावतार-चरित

(कश्मीरी रामायण)

रचयिता—प्रकाशराम कुर्यगामी

अनुवादक एवं लिप्यन्तरणकार—डॉ० शिबनकृष्ण रैणा, एम० ए०, पीएच्० डी०

प्रकाशकीय

कश्मीरी भाषा की लोकप्रिय रामायण 'रामावतारचरित' के सानुवाद देवनागरी लिप्यन्तरण का शुभारम्भ हो रहा है। ग्रंथ और ग्रंथकार का पुष्कल परिचय लिप्यन्तरणकार तथा अनुवादक ने स्वयं अपने वक्तव्य में प्रस्तुत किया है। इन पंक्तियों द्वारा विद्वान् अनुवादक को पाठकों से परिचित कराना अभीष्ट है—

डॉ० शिबनकृष्ण रैणा का जन्म श्रीनगर, कश्मीर में भारत की आज़ादी की आखिरी लड़ाई के कीर्तिमान् सन् १९४२ में २२ अप्रैल को हुआ। इस प्रकार उनकी आयु २९ वर्ष मात्र है। इस अल्पकाल में ही साहित्य-साधना की उल्लेखनीय परिधि तक पहुँचे। कश्मीरी विश्वविद्यालय से १९६२ ई० में एम. ए. (हिन्दी) में प्रथम स्थान प्राप्त कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से 'कश्मीरी तथा हिन्दी कहावतों का तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर शोधग्रंथ लिखकर उन्होंने डॉक्ट्रेट प्राप्त की। उपरांत, कश्मीर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में अध्यापक और राजस्थान शिक्षा विभाग में हिन्दी के व्याख्याता रहकर आजकल राजकीय कालेज, नाथद्वारा में हिन्दी-विभागाध्यक्ष हैं। कश्मीरी भाषा, साहित्य, जीवन व संस्कृति पर अनेक निबन्धों तथा कई पुस्तकों के रचनात्मक कार्य का श्रेय उनको प्राप्त है। भाषा-जगत् को इस तरुण साधनाशील व्यक्तित्व से बड़ी आशाएँ हैं।

अब रही रैणा साहब के अनुवाद की भाषा। पाठकों को इसमें एक नया आनन्द प्राप्त होगा। जिस प्रकार कश्मीरी भाषा में संस्कृत और अरबी भाषाएँ कन्धे से कन्धा मिलाकर चलती हैं—'गजेन्द्राय' को 'गजयन्दराये'; छन्दों में एक ओर ग़नीमत, संगि फ़ारस, ज़ंग जैसे अरबी शब्द तो दूसरी ओर हृदय, नमस्कार, आकाश-पाताल जैसे संस्कृत शब्दों की गंगाजमुनी शैली की छटा है, तो दूसरी ओर अनुवादक ने अनुवाद की भाषा में भी दिल, जाने-यार, क़तरा के साथ-साथ संयम, प्रेममग्न, प्रज्वलित आदि शब्दों का, भाषा-प्रवाह को क़ायम रखते हुए, समुचित प्रयोग किया है। भुवनवाणी ट्रस्ट के सभी भाषाओं के अनुवादों में सम्बन्धित भाषा और क्षेत्र की छाप परिलक्षित है। तदनुसार कश्मीरी भाषा के इस काव्यानुवाद में भी पाठकों को हिन्दी के अन्तर्गत शब्दों के एक नवीन समन्वय का साक्षात्कार होगा। यह राष्ट्रभाषा की समृद्धि है और उसमें नूतन अभिवृद्धि है। हम विद्वान् अनुवादक की इस देन के प्रति कृतज्ञ हैं।

—सम्पादक

लिप्यन्तरणकार तथा अनुवादक का वक्तव्य

१९ वीं शताब्दी तक कश्मीरी साहित्य में रामकथा सम्बन्धी किसी भी काव्य-रचना की सूचना नहीं मिलती। १५वीं शताब्दी में कश्मीर के प्रसिद्ध प्रजावत्सल व विद्यानुरागी सुलतान जनउलाब्दीन 'बड़शाह' (१४२०-१४७०) के राजत्वकाल में पहली बार जिन पौराणिक आख्यानों को आधार बनाकर विभिन्न प्रबन्ध-काव्य रचे गये उनमें भी रामकथा को स्थान नहीं मिला। कृष्णकथा को स्थान अवश्य मिला। 'बड़शाह' के दरबारी कवि भट्टावतार ने अपनी प्रबन्धकृति 'बाणासुर-वध' में कृष्ण-कथा का सुन्दर उपयोग किया। १९वीं शताब्दी के बाद कश्मीरी साहित्य में रामकथा-काव्य की सुपुष्ट परंपरा मिलती है। लगभग सात रामायण लिखे गये, जिनमें उल्लेखनीय हैं—'रामावतारचरित', 'शंकर-रामायण', 'विष्णु-प्रताप-रामायण', तथा 'शर्मा-रामायण'। इन सब में 'रामावतारचरित' को एक विशिष्ट स्थान प्राप्त है। इसमें भक्तिरस से आप्लावित रामकथा गायी गई है।

'रामावतारचरित' के रचयिता कुर्यगाम (कश्मीर) के निवासी प्रकाशराम[1] हैं। १९वीं शताब्दी के आरम्भिक वर्षों में इनका आविर्भाव हुआ बताया जाता है। वे सन् १८८५ ई० तक जीवित थे। सर जार्ज ग्रियर्सन ने इनका कविता-काल कश्मीर के गवर्नर सुखजीवन (१७५४-१७६२ ई०) का समय बताया है जो सटीक नहीं बैठता। प्रकाशराम ने २८ वर्ष की आयु में संवत् १९०४ तदनुसार १८४७ ई० में अपनी प्रसिद्ध काव्यकृति 'रामावतारचरित' की संरचना की थी। इस कृति की एक हस्तलिखित प्रति पर 'रामावतारचरित' के रचनाकाल का उल्लेख है। प्रति पर सं० १९०४ स्पष्टतया अंकित है।[2] इस आधार पर प्रकाशराम का जन्मकाल सन् १८१९ ई० बैठता है।

प्रकाशराम भगवती त्रिपुरसुन्दरी के अनन्य भक्त थे। उन्हीं की कृपा से उन्हें वाक्-शक्ति का अपूर्व वरदान प्राप्त हुआ था। वे नित्य देवी की पूजा करते तथा उनकी आराधना में घंटों बिताते। कहते हैं एक दिन खूब वर्षा हो रही थी। प्रकाशराम को दूर से एक डोली अपनी ओर आती हुई दिखाई पड़ी। डोली के वाहकों ने प्रकाशराम को आवाज़ दी। प्रकाशराम जब डोली के निकट पहुँचे तो डोली का पर्दा ऊपर उठा। डोली में साक्षात् त्रिपुरसुन्दरी विराज रही थीं। प्रकाश-राम के नेत्र प्रफुल्लित हो उठे। कुछ ही क्षणों के बाद भगवती डोली सहित अन्तर्द्धान

१—ग्रियर्सन ने प्रकाशराम को श्रीनगर का निवासी तथा उनका नाम दिवाकर प्रकाश भट्ट बताया है, जो सही नहीं है।

२—'रामावतारचरित' संपादक श्री बलजिन्नाथ पण्डित, भूमिका पृ० ३०।

हो गई। भगवद्भक्ति का अनूठा प्रसाद पाकर प्रकाशराम का मन झूम-झूम कर देव-स्तुति में रम गया।

प्रकाशराम की निम्नलिखित रचनाओं का उल्लेख मिलता है :—

१—रामावतारचरित २—लव-कुश-चरित ३—कृष्णावतार ४—अकनन्दुन और ५—शिवलग्न।

उक्त पाँच रचनाओं में से केवल 'रामावतारचरित' तथा 'लव-कुश-चरित' प्रकाशित हुए हैं। 'लवकुशचरित' 'रामावतारचरित' के अन्त में छाप दिया गया है।[1]

पहले कहा जा चुका है कि 'रामावतारचरित' प्रकाशराम की सर्वाधिक लोकप्रिय व प्रसिद्ध काव्यकृति है। यह एक प्रबन्धकाव्य है जिसमें राम-कथा गायी गई है। इस कृति के जो विभिन्न हस्तलिखित अथवा प्रकाशित संस्करण मिलते हैं, उनका विवरण इस प्रकार है :—

१—विश्वनाथ प्रेस, श्रीनगर का सन् १९१० में प्रकाशित संस्करण

२—ग्रियर्सन का सन् १९३० में रोमन-लिपि में प्रकाशित संस्करण

३—दामजन गाँव के निवासी विश्वम्भरनाथ भट्ट का हस्तलिखित संस्करण

४—अकिनगाम गाँव के निवासी नन्दलाल राज़दान का हस्तलिखित संस्करण,

५—जम्मू व कश्मीर राज्य की कल्चरल अकादमी का सन् १९६५ में श्रीबलजिन्नाथ पण्डित के संपादकत्व में प्रकाशित परिवर्धित संशोधित संस्करण।

प्रकाशराम के 'रामावतारचरित' का मूलाधार वाल्मीकि कृत रामायण तथा 'अध्यात्म-रामायण' है। संपूर्ण कथानक सात काण्डों में विभक्त है। 'लवकुश-चरित' अन्त में जोड़ दिया गया है। कवि ने प्रमुखतः दो प्रकार की काव्य-शैलियों का प्रयोग किया है: इतिवृत्तात्मक शैली और गीति-शैली। इतिवृत्तात्मक शैली में मुख्य कथा-प्रसंग वर्णित हुए हैं तथा गीति-शैली में वन्दना-स्तुति सम्बन्धी तथा अन्य भक्ति-गीत कहे गये हैं। इन गीतों में कवि का भक्त-हृदय इतना विह्वल हो उठा है कि मूल कथा-प्रसंग इस उत्कट भक्तिभावना के वेग में दब-से गये हैं।

'रामावतारचरित' महाकाव्योचित लक्षणों से युक्त है। दो-एक स्थानों पर प्रबन्धकार ने कथा-संयोजन में किन्हीं नूतन तथा मौलिक मान्यताओं की उद्घोषणा की है। सीता-जन्म के सम्बन्ध में कवि की मान्यता है कि सीता दरअसल

१—सन् १९६५ में जम्मू व कश्मीर राज्य की कल्चरल अकादमी ने प्रकाशराम के 'रामावतारचरित' व 'लव-कुश-चरित' को एक ही जिल्द के अन्तर्गत प्रकाशित किया है। संपादन व परिमार्जन का काम श्री बलजिन्नाथ पण्डित ने किया है। सानुवाद लिप्यंतरण के लिए इसी संस्करण को आधार बनाया गया है।

रावण-मन्दोदरी की पुत्री थी जिसका उद्धार बाद में विदेह जनक ने किया। दूसरी कथा-विलक्षणता राम द्वारा सीता के परित्याग की है। 'लव-कुश-चरित' में सीता को वनवास दिलाने के लिए 'रजक-घटना' को मुख्याधार न मानकर कवि ने सीता की छोटी ननद ? को दोषी ठहराया है जो पति-पत्नी के पावन प्रेम में फूट डालती है। इसी प्रकार सीताजी के पृथ्वी-प्रवेश-प्रसंग में एक स्थान पर कवि ने 'शंकरपुर' गाँव का उल्लेख किया है[1]।

प्रकाशराम की भाषा संस्कृत-निष्ठ है जिसमें फ़ारसी के शब्दों की भी बहुलता है। अनेक स्थानों पर कवि ने ठेठ देहाती शब्दों का भी प्रयोग किया है, जैसे—दपन, करन, गछ्न, वनन आदि। अलंकारों में कवि ने प्रायः उपमा व उत्प्रेक्षा का ही विशेष रूप से प्रयोग किया है।

'लव-कुश-चरित' की अलग से संरचना कर कवि ने सीता का वनगमन, लव-कुश-जन्म, सीता का पृथ्वी-प्रवेश आदि प्रसंगों को विशेष महत्व देना चाहा है।

कश्मीरी भाषा और लिपि

कश्मीर को कश्मीरी भाषा में 'कशीर' तथा इस भाषा को 'का॑शुर' कहते हैं। १९६१ की जनगणना के अनुसार यह १९३७८१७ व्यक्तियों की भाषा है। कश्मीरी भाषा का क्षेत्र कश्मीर की घाटी तथा उसके दक्षिण-पूर्व निकटवर्ती उपत्यकाएँ हैं। दक्षिण-पूर्व में इस भाषा का क्षेत्र किश्तवाड़ तक, दक्षिण में हवल-वेरीनाग से लेकर पीर-पंचाल के उस पार तक, उत्तर में द्रावा और ओड़ी तक, पूर्व में पहलगाँव तथा दक्षिण-पश्चिम में शोपियान तक फैला हुआ है। इस प्रकार कश्मीरी का भाषा-क्षेत्र १५० मील लम्बाई में तथा ५० मील चौड़ाई में फैला हुआ है[2]।

एक बहुप्रचलित मत के अनुसार कश्मीरी दरद-परिवार की भाषा है। पंजाब के पश्चिमोत्तर तथा पामीर के पूर्व-दक्षिण में जो पर्वतीय प्रदेश है, वह दरद भाषाओं का क्षेत्र माना जाता है। इसे पिशाच-देश भी कहा जाता है और यहाँ की भाषा को पिशाची या भूत भाषा[3]। भारत में जो आर्य मध्य-एशिया से आये वे दो भागों से प्रविष्ट हुए—एक हिन्दूकुश के पश्चिम से काबुल के मार्ग से और दूसरे वक्षु नदी के उद्गम स्थान से सीधे दक्षिण के दुर्गम पर्वतों को पार करके। दूसरे मार्ग

१—यह गांव कश्मीर की कुलगाँव की तहसील में स्थित है। कवि की मान्यतानुसार सीताजी ने इसी स्थान पर पृथ्वी में प्रवेश किया था।

२—'कश्मीरी ज़बान और शायरी' अब्दुल अहद आज़ाद, भाग १, पृ० ९।

३—'हिन्दी उद्भव, विकास और रूप' डा० हरदेव बाहरी, पृ० १४।

से आने वाले कुछ आर्य हिमालय के पहाड़ी प्रदेश में रह गये होंगे। यही भाग दरदिस्तान कहलाया और यहाँ की भाषा दरदी[1]। इस भाषा पर संस्कृत का कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि संस्कृत भाषा का संस्कार तो भारत में आने पर हुआ था। दरद वर्ग की भाषाओं में शीना प्रमुख है। इसका व्यवहार गिलगित की घाटी में होता है। शीना से ही विद्वान् कश्मीरी का उद्भव हुआ मानते हैं। कुछ विद्वान् शब्द-साम्य के आधार पर कश्मीरी को अन्य भारतीय आर्य-परिवार की भाषाओं की भाँति संस्कृत से उद्भूत मानते हैं। इस मान्यता को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त शोध की अपेक्षा है। मात्र शब्द-साम्य के आधार पर कश्मीरी को संस्कृत की संतति नहीं कहा जा सकता।

कुछ विद्वान् कश्मीरी का उद्भव पैशाची से मानते हैं। वास्तव में, पैशाची और दरदी में कोई विशेष भिन्नता नहीं है[2]। पैशाची को पिशाचों की भाषा कहा गया है। पश्चिमोत्तर प्रदेश में रहने वाले वे अनार्य पिशाच कहलाते थे जिन्होंने आर्य-संस्कृति को पूर्णरूपेण अपनाया नहीं था। कहा जाता है कि जिस समय महर्षि कश्यप की कृपा से वर्तमान कश्मीर का पानी निकाला गया, उस समय आस-पास की पहाड़ियों पर रहने वाली कई जातियों के लोग यहाँ आकर बस गये। ये जातियाँ अनार्य थीं तथा इनमें नाग, यक्ष, पिशाच आदि प्रमुख थीं। उस समय यहाँ की भाषा पैशाची रही होगी। एक अन्य धारणा के अनुसार पिशाच मूलतः आर्य ही थे। जिस समय आर्य उत्तर-पश्चिम सीमा से भारत में प्रविष्ट हुए उस समय कुछ आर्य तो हिन्दूकुश, कपिशा, काफ़िरस्तान, गन्धार, चित्राल, कश्मीर के उत्तर तथा पामीर के दक्षिण में बिखर गये तथा कुछ नीचे सिन्धु-घाटी में व्यवस्थित हो गये। पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले आर्य पिशाच कहलाये जिन्हें बाद में अनार्य कहा गया क्योंकि वर्षों तक विच्छिन्न रहने के कारण वे आर्य संस्कृति को आत्मसात् नहीं कर पाये थे। जिस समय पिशाच कश्मीर में प्रविष्ट हुये उस समय यहाँ नागों का निवास था। नागों ने पिशाचों का विरोध नहीं किया। वे पिशाचों के साथ पूर्ण सामंजस्य स्थापित करके रहने लगे। उस समय यहाँ की भाषा पैशाची रही होगी। इस भाषा में लिखी मात्र गुणढ्य की 'बृहत्कथा' का उल्लेख मिलता है जो दुर्भाग्यवश कालकवलित हो गई है।

१—'सरल भाषा विज्ञान' डा० मनमोहन गौतम, पृ० १५०।

२—'पिशाची भाषा को दरद भाषा भी कहा जाता है। यह उचित ही मालूम पड़ता है। नाग लोग कश्मीर के मूल निवासी थे। पिशाच कश्मीर के उत्तर-पश्चिम से आये थे। दरदिस्तान इस दिशा में पड़ता है। अतएव भाषा का पैशाची से साम्य होना स्वाभाविक है।' 'राजतरंगिणी' भाष्यकार रघुनाथसिंह, पृ० परिशिष्ट ड १०३।

नाग-पिशाच-काल में भारत में रहने वाले आर्यों ने कश्मीर में प्रविष्ट होने के अनेक प्रयास किये थे। किन्तु दुर्गम मार्ग, अत्यधिक शीत तथा नागों व पिशाचों के खौफ़ के कारण वे कश्मीर में प्रवेश न पा सके। कालांतर में अनेक प्रयत्नों के बाद आर्य कश्मीर में प्रस्थापित हो ही गये। दोनों जातियों का खूब मिश्रण हुआ। परिणाम-स्वरूप उस समय की कश्मीरी-संस्कृति 'नीलमत' का प्रभुत्व उखड़ गया और उस पर वैदिक-संस्कृति का प्रभाव पड़ने लगा। इस प्रभाव से तत्कालीन कश्मीरी भाषा (पैशाची) भी अछूती न रह सकी। उसमें असंख्य शब्द घुलमिल गये। मौर्यकाल में यह प्रभाव और भी गहन हो गया। आगे चलकर मुसलमानी प्रभाव से कश्मीरी में अरबी-फ़ारसी भाषाओं के विपुल शब्द घुलमिल गये। इस समय कश्मीरी के व्यवहृत रूप में संस्कृत, फ़ारसी, अरबी, उर्दू आदि भाषाओं के शब्दों का प्राधान्य है। अंग्रेज़ी भाषा के भी कई शब्द इसमें समा गये हैं।

लगभग ६०० वर्ष पूर्व कश्मीरी भाषा की लिपि शारदा थी। यह शारदा ब्राह्मी का ही कश्मीरी-संस्करण है। १४वीं शताब्दी तक कश्मीरी के लिए इस लिपि का बराबर प्रयोग होता रहा। इसके पश्चात् मुसलमान शासकों के शासनकाल में फ़ारसी के राजभाषा बनने से धीरे-धीरे कश्मीरी के लिए फ़ारसी लिपि का प्रयोग होने लगा। फलस्वरूप कश्मीरी दो लिपियों में लिखी जाने लगी, हिन्दुओं में शारदी लोकप्रिय थी और मुसलमानों में फ़ारसी। आगे चलकर मुसलमानी प्रभाव से फ़ारसी लिपि विशेष ज़ोर पकड़ने लगी तथा शारदा इने-गिने पण्डितों व पुरोहितों तक ही सीमित रह गई। वर्तमान समय में फ़ारसी लिपि को कश्मीरी ध्वनियों के अनुकूल बनाकर अपनाया जाता है। इस लिपि को राज्य-सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है।

कश्मीरी को देवनागरी में लिपिबद्ध करने के लिए सफल प्रयोग हुए हैं और हो रहे हैं। कश्मीरी को नागरी में लिपिबद्ध करने का श्रेय सर्वप्रथम श्रीकण्ठतोषखानी को है। इनके बाद श्रीजियालाल कौल जलाली तथा श्रीपृथ्वीनाथ पुष्प ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किये। देवनागरी की यही तो एक भारी विशेषता है कि वह किसी भी भाषा को सफलतापूर्वक लिपिबद्ध करने में सक्षम है। कश्मीरी के लिए नागरी लिपि के प्रयोग में थोड़ी सी कठिनाई वहाँ पेश आती है जहाँ ह्रस्व अ, उ, ओ, ए तथा दीर्घ आ, ऊ आदि सम्बन्धी विशिष्ट ध्वनियाँ स्पष्टतया अंकित नहीं हो पातीं। परन्तु इसके लिए यदि निर्धारित मात्रा-चिह्नों का उचित ढंग से प्रयोग किया जाय तो उक्त समस्या काफ़ी हद तक सरलतापूर्वक सुलझ जाती है। इसी प्रकार कश्मीरी के विशिष्ट ध्वनियों वाले तीन व्यंजन जो संघर्ष-स्पर्शी हैं, के लिए भी डैश का संकेत-चिह्न काम में लाया जा सकता है। कश्मीरी-देवनागरी वर्णमाला का विधान इस प्रकार का बनता है—

कश्मीरी - देवनागरी वर्णमाला

ई, इ, आ, अ, आ॑, अ॑
की कि का क का॑ क॑

ओ, औ, ऊ, उ, ऊ़, ऊ॑
को कौ कू कु कू़ कु॑

इ़, ए, ऐ, ओ
कि़ के़ के को

छ چھ, च چ, ग گ, ख کھ, क ک

ट ٹ, ज़ ز, छ़, च़, ज ج

द د, थ تھ, त ت, ड ڈ, ठ ٹھ

म م, ब ب, फ پھ, प پ, न ن

व و, ल ل, र ر, य ے, य ی

ह ہ, स س, श ش

कश्मीरी की विशिट ध्वनियों, उनके उच्चारणों, उनके लिए निर्धारित मात्रा-चिह्नों, उनके संस्थानों आदि का सोदाहरण विवरण इस प्रकार है:—

विशिष्ट स्वर तथा मात्राएँ—

अ॑ (ٕ) प्रसारित ओष्ठ, पश्च, ह्रस्व, अर्धसंवृत्त। जैसे, 'e' certainly में। ल॑र = मकान, ग॑र = घड़ी, न॑र = बाँह

आ॑ (ٲ) प्रसारित ओष्ठ, पश्च, दीर्घ, अर्धसंवृत्त। जैसे, 'i' bird में या 'u' curd में। हा॑र = मैना, ला॑र = खीरा, मा॑ज = माँ।

उ़ (ٚ) प्रसारित ओष्ठ, पश्च, ह्रस्व, संवृत्त। जैसे, 'ai' certain में या 'e' broken में। गु़थ = लहर, त़र = चिथड़ा, बु़ = मैं

ऊ़ (़ु) प्रसारित, ओष्ठ, पश्च, संवृत्त, दीर्घ । (तनिक दीर्घ-प्रयत्न के साथ)
तु़र = सर्दी, सु़त्य = साथ, कु़द्य = कैदी

ऑ (ॉ) गोलाकार ओष्ठ, पश्च, अर्धसंवृत्त, ह्रस्व । जैसे' 'o' o'clock में । नॉट = घड़ा, सॉन = गहरा, नॉन = नंगा ।

ओ (ो) गोलाकार ओष्ठ, पश्च, अर्धसंवृत्त, ह्रस्व । अत्यल्प 'व' मिश्रित, जैसे, 'ua' equal में । (उच्चारण के समय ओष्ठों पर बाहर की ओर तनाव रहता है) सोन = सोना, बोन = नीचे, मोण्ड = विधवा ।

अॆ (ॆ) प्रसारित ओष्ठ, पश्च, अर्धसंवृत्त, ह्रस्व जैसे 'e' best में ।
शॆ = छह, मॆ = मुझे, बॆह = बैठो ।

विशिष्ट व्यञ्जन—

च़ अघोष, अल्पप्राण, दंतमूलक, स्पर्श-संघर्षी च़ुर = खटमल,
च़ूठ = सेब, च़ास = खाँसी

छ़ अघोष, महाप्राण, दंतमूलीय, स्पर्श-संघर्षी छ़ल = छल, लछ़ = धूल,
लांछ़ = नपुंसक

ज़ अघोष, महाप्राण, दंतमूलीय, स्पर्श-संघर्षी
ज़ंग = टाँग, ज़ान = परिचय, रज़ = रस्सी

(क) अत्यल्प इ (ि) के लिए शब्द के अंतिम वर्ण को अर्द्ध बनाकर उसके साथ 'य' जोड़कर काम चलाया गया है । जैसेः—पा्र्य, खा्स्य, वा्र्य, आदि ।

(ख) कश्मीरी में प्रायः सघोष वर्णों यथा—घ, झ, ढ,ः ध, भ आदि का प्रयोग बिल्कुल नहीं होता । अतः इनका प्रयोग लिप्यन्तरण में नहीं हुआ है । धन को दन, धार को दार, भगवान को बगवान आदि लिखा गया है ।

आशा है कि हिन्दी के पाठकों को उपर्युक्त विभिन्न मात्रा-चिह्नों की मदद से कश्मीरी का सही पाठ करने में सफलता मिल जायेगी ।

'रामावतारचरित' की प्रकाशित प्रति में छन्दों की क्रमवार संख्या का कोई उल्लेख नहीं है । पाठकों की सुविधा के लिए प्रत्येक कथा-शीर्षक के देवनागरी लिप्यन्तरण को पाँच-पाँच द्विपंक्तियों में बाँटा गया है तथा हर पाँच पंक्तियों के अन्त में ५, १०, १५... की संख्या दी गई है । अनुवाद में भी यही संख्या दी गई है ।

भुवनवाणी ट्रस्ट, लखनऊ ने 'रामावतारचरित' को हिन्दी अनुवाद सहित देवनागरी लिपि में प्रकाशित करने का जो साहसपूर्ण कार्य अपने हाथ में लिया है उससे भारतीय साहित्य का व्यक्तित्व तो संपुष्ट होगा ही, कश्मीरी भाषा और साहित्य पर भी बहुत बड़ा उपकार होगा ।

—डॉ० शिबनकृष्ण रैणा

[ॐ]

रामावतार-चरित

(कश्मीरी रामायण)

गोंडनिच लीला

करुख ज़गि हुंज़ रछा कारी
रामु लंखिमन अवतारी आय।
लंग्य वेंचारस ज़गि हुन्द्य सारी
जगि हुन्दि पुछि तिम ज़नमस आय
ज़गि निशे गंल्य राखंस सारी
रामु लंखिमन अवतारी आय ॥ १ ॥

सौरुख गूव्यन्दु गूवरदन दारी
प्रानु रूपु दौआरन बर दिनु आय
तंथ्य मंज़ वुछुख मादव मुरारी
रामु लंखिमन अवतारी आय ॥ २ ॥

ज़नख राज़ुन्य हांय वन हारी
दशरथ राज़स गाश क्याह आव
इष्ट दिनु पूरिन ब्रहमन सारी
रामु लंखिमन अवतारी आय ॥ ३ ॥

जगत् की रक्षा करने वाले वे राम-लक्ष्मण धरती पर अवतरित हुए। जगत् के सभी प्राणी विचार-मग्न हो उठे कि उन्हीं के लिए उन्होंने (राम-लक्ष्मण ने) जन्म लिया। जगत् से राक्षसों का लोप हुआ— राम-लक्ष्मण धरती पर अवतरित हुए। १ भक्तों ने गोवर्धनधारी गोविन्द का स्मरण किया तथा अपनी काया के (नौ) द्वारों को बन्द करके मन के भीतर माधव-मुरारी के दर्शन कर लिए। राम-लक्ष्मण धरती पर अवतरित हुए। २ हे राजा जनक के (वन) बाग़ की मैना (पुत्री)! तुमसे राजा दशरथ के घर प्रकाश हुआ और उसने (तुझे घर में लाकर) इस इष्ट (शुभ) दिन पर सकल ब्राह्मणों को सम्मानित किया। राम-लक्ष्मण धरती पर अवतरित हुए। ३ राजा दशरथ से अनुरोध कर कैकेयी ने भरत के

कंरिथ राज़स केकी ज़ारी
वोंनुनस राज बरथस थाव
बुरज़ु जामु वंलिथ कंरुख तयारी
रामु लंखिमन अवतारी आय ॥ ४ ॥

रुप सुत्य छख रुपु कोंमारी
शक्चु सुत्य मुकति रूफ बखतेंन हाव
मनस कुन कन यिमव दारी
रामु लंखिमन अवतारी आय ॥ ५ ॥

वोंपवास कंर्य कंर्य बोंव्य वनु च्रारी
सारिय वोंपुदीशुक थोवुक नाव
च्रोंदहन वंरियन व्रथ तिमव दारी
रामु लंखिमन अवतारी आय ॥ ६ ॥

त्रावुव पानो न्यथ अहंकारी
अहंकारस नाश प्यव नाव
नेंशफल कंर्य सारिय तंम्य अहंकारी
रामु लंखिमन अवतारी आय ॥ ७ ॥

च्रेंथ पवुनुच रेह कमायि दारी
मगन मो गछ़ अवगुन संन्दुराव
गोंरु रुसतेंन पद कमव दारी
रामु लंखिमन अवतारी आय ॥ ८ ॥

लिए राज्य मांगा और भोजपत्र के वस्त्र पहनकर उन्होंने (राम-लक्ष्मण ने) वन जाने की तैयारी की। राम-लक्ष्मण धरती पर अवतरित हुए। पृथ्वी से जन्मी हे रूपसी कुमारी ! शक्ति-रूप में अपना मुक्ति-रूप भक्तों को दिखा जो अपने मन में (तेरी ओर) ध्यान लगाये हुए हैं। राम-लक्ष्मण धरती पर अवतरित हुए। ५ उपवास करते-करते तथा वन में फिरते-फिरते वे वनचारी हो गये और सभी उपदेशों का पालन उन्होंने किया। चौदह वर्षों तक उन्होंने इस व्रत को धारण किया। राम-लक्ष्मण धरती पर अवतरित हुए। ६ हे मन ! तू अहंकार की भावना को त्याग, क्योंकि अहंकार का दूसरा नाम ही नाश है। (इसीलिए) उन्होंने भी सभी अहंकारियों को निष्फल कर दिया। राम-लक्ष्मण धरती पर अवतरित हुए। ७ इस सुन्दर काया में स्थित चित्त की पवनाग्नि द्वारा

रामायनुक मतलब

नमो नमो गज़यन्दराय
ईकु दन्तुदराय च्र ।
नमा ईशरु पुत्राय
श्री गनेशाय नमोनमा ।।

गॊडन्य सांपुन शरन राज़ु गनीशस ।
करान युस छु रख्या यथ मनशि लूकस ।।
गॊडन्य छु आदि गनपत बॆयि कॊमार ।
सॊरुन च्रुय सु दिलुक कासी अन्दुकार ।।
दॊयुम कर सतगॊरस पनुनिस नमस्कार ।
दियी सुय गॊर पनुन यॆमि बवुसरे तार ।।

सदाशिवु अन च्रु असि अन्दुकारिन गाश ।
सिरी छुख नॊन तु ऒन क्या ज़ानि प्रकाश ।।
वुछन गछ़ क्याह यि वछ़ आकाशु वानी ।
दुय च्रंज लंज यिनि नॆव पार्य ज़ानी ।। ५ ।।

विना संलिप्त हुये अपने अवगुणों को भस्म कर डाला । (इसके अतिरिक्त अपने गुरु का भी ध्यान कर क्योंकि) विना गुरु (की सहायता) के ऊँचे पद तक कौन पहुँच पाया है—राम-लक्ष्मण धरती पर अवतरित हुए । ८

रामायण का मतलब

नमो नमो गजेन्द्राय
एक दन्तधराय च
नमो ईश्वर-पुत्राय
श्रीगणेशाय नमो नमः ।।

सर्वप्रथम श्रीगणेश की शरण में जायें जो इस मनुष्य-लोक की रक्षा करते हैं । पहले गणेश और फिर कुमार(षडानन)का स्थान आता है अतः उन्हीं का स्मरण करें, क्योंकि वही दिल से अन्धकार दूर करेंगे । दूसरा, अपने सद्गुरु को नमस्कार करें जो इस भवसागर से पार उतारेंगे । हे सदाशिव ! आप हम अन्धकार-वासियों (अज्ञानियों) को प्रकाश दें । आप साक्षात् सूर्य हैं, और हम अन्धे भला प्रकाश क्या जानें ? देखिए, यह कैसी आकाशवाणी हुई– द्वैतभावना भाग गई और नई विवेकशीलता का उदय हुआ ।। ५ ।। (रे मनुष्य !) तू आँखों से देख और प्रेममग्न

अंछिव वुछ लोलु च्यव सतुक्यव कनव बोज़ ।
नमिथ बेंह वुछ वनन क्याह शिव शंमिथ रोज़ ।।
हेंछिथ बूज़िथ वुछिथ लागुन पज़्या ऑन ।
फंलिस छुय ह्योल हॉलिस छुस सांपुनन गोंन ।।
ज़ु दोंह सोंतन्य ग़नीमत छय जवांनी ।
ति लोनख यि ववख ए यारि जांनी ।।
पनुन दम छुय ग़नीमत बोज़ रुच़ कथ ।
छु ब्रूंठ्युम ब्रोंठ रोज़न छुय पंत्युम पथ ।।
रंतुन छुय दम पनुन खारुन तु वालुन ।
तम्युक क़ीमत मनुक मंकच़ार गालुन ।। १० ।।
रंतन रंछुरुन सोंबोज़ सत्य सुह करुन येल ।
थवुस बर दारि दिथ गरदनि छुनुस जेल ।।
रंतुन छुय दम पनुन सु रथि खारुन ।
रंतन येंलि राविह बेहासिल छु छारुन ।।
छेंलिथ खारुन तु वालुन छुय लगन रस ।
संबूदकरसं योंहय छुय संगि फारस ।।
कदुर येंम्य ज़ान्य पानस निशि तिमन दोंन ।
सु योंदवय आसि शस्तुर सांपन्यस सोंन ।।

होकर सत्य के कानों से सुन । संयम से बैठकर (इच्छाओं का शमन कर) देख शिव क्या कर रहे हैं। सीखकर, सुनकर तथा देखकर भी अन्धा क्यों बनता है? दाने से बाली, बाली से पूली और पूली से गठरी बनती है। जवानी के इन दो वसंती दिनों को ग़नीमत जान । ऐ जाने यार । (प्यारे दोस्त) ! यहाँ जो बोओगे वही काटोगे । अपने दम (साँसों) को ग़नीमत जान और यह पुण्य-कथा सुन, क्योंकि (मृत्यु आ जाने पर) यहाँ आगे का आगे और पीछे का पीछे ही रह जायेगा । तेरा दम रत्न-तुल्य है, उसे ऊपर और नीचे लेता जा तथा मन से कालुष्य को गलाकर उसकी क़ीमत चुकाता जा ।। १० ।। इस रत्न को संभालकर रख और सुबुद्धि से (मनरूपी) सिंह को वश में कर । द्वार को बन्द कर दे और उसकी गर्दन में फंदा डाल दे । तेरा दम (जीवन) रत्न-तुल्य है उसे सद्‌गति देना तेरा कर्त्तव्य है । यदि यह रत्न खो गया तो उसे दोबारा हासिल करना असम्भव है । मोह-माया को छोड़ तथा स्वच्छ व पवित्र विचारों से उसको सँवार, क्योंकि सुविचार ही संगे-फ़ारस है । यदि इन (सुविचारों) की क़द्र जाने तो लोहा भी सोना बन जायेगा । अप

हृदय गटु कुठ पनुन युस तथ अन्दर ज़ाव ।
सु अमर्यथ च्यथ अथस क्यथ लाल ह्यथ द्राव ।। १५ ।।
छुना अफ़सूस मोंत गव वोंन्दुकस कुन ।
ति बूज़िथ छुनु वुछन वोंन्य आतमस कुन ।।
पंजर पोंलांदुय ब्रह्मनु मोंर रछुन ज़ान ।
खुटन गछि सीर शमरांविथ रटुन प्रान ।।
गछी हांसिल यि कोंछाह यछ चे आसी ।
दियि दरशुन दिलु निश व्याद कासी ।।
यि मन छुय पाँ फ्योंराह आंईनु छुस नाव ।
तुलुस ज़ंगारु लारान यियी दरियाव ।।
गछुन आसि चें योंत वातुनावी ।
गुप्थ पातालु तलु आकाश हावी ।। २० ।।
थवुस बर दारि दिथ छुख पानु देवार ।
वुछख बागस अन्दर क्याह गुल तु गुलज़ार ।।
त्रंपिथ नवदार थव प्रज़लुन हेयी द्वप ।
च़ली मकच़र तु डेशख वेश्नुसुन्द रूप ।।

हृदय की काल-कोठरी में जो प्रविष्ट हुआ वह अमृत पीकर तथा हाथ में लाल-जवाहर लेकर बाहर निकला ।। १५ ।। हाय अफ़सोस ! यह (तेरा) दिल न जाने किस पर विभ्रमित हो गया । यह समझते हुए भी (तू) अब आत्मा की ओर देखता नहीं है । फ़ौलाद के समान (सुदृढ़) पिंजरे रूपी अपने हृदयकक्ष की रक्षा कर उसमें रहस्य की बातों को छिपा कर रखना चाहिए और प्राणों को वश में करना चाहिए । जो भी तेरी इच्छाएँ होंगी वे पूर्ण हो जायेंगी तथा दर्शन देकर (वे) तेरे दिल के सारे दुःख दूर कर देंगे । यह मन पानी का एक क़तरा है जिसका नाम आईना है । (रे मनुष्य !) तू इस पर से कलुषता रूपी ज़ंग उतार दे और फिर देख कैसे एक दरिया उमड़ पड़ता है । जहाँ भी तुझे जाना होगा वहाँ तुझे यह पहुँचा देगा, गुप्त पाताल में भी आकाश दिखायेगा ।। २० ।। इसके द्वार व खिड़कियाँ बन्द कर और अपनी काया की दीवार से इसकी रक्षा कर (फिर देख) तेरे भीतर के बाग़ में कैसे-कैसे गुल व गुलज़ार खिलते हैं । अपने नौ द्वारों को बन्द कर दे फिर तेरे अन्दर का दीप प्रज्वलित होने लगेगा । मन की मैल दूर हो जायेगी तथा विष्णु के रूप के दर्शन तुझे होंगे । तू तो कुछ भी नहीं है और इसी 'कुछ भी नहीं' को एक संज्ञा मिली है—यह तुझे ज्ञात हो जायेगा । तेरा सारा अज्ञान दूर हो जायेगा—यह बात भी

च़ु नो छुख कॆंह् कॆंहस कॆंहछ़ा लोंगुय नाव ।
मशी अज्ञान सोरुय कथ च़्यतस थाव ॥
पलन प्यठ रूद ज़न बंड व्याद आसी ।
च़ली यॆलि रामु रामु वॊन्दह् बासी ॥
समय डीशित मु सांपुन शादो ग़मगीन ।
ग़मो शांदी वुछख आंयीन ब आंयीन ॥ २५ ॥
वुछख समसार क्याह् ब्रम बांज़य हावन ।
असौर वरनु मनोशन खोच़ुनावन ॥
असथ वंन्य वंन्य सु योंततामत निवन दिल ।
पतो लाकन वुछन तति कॆंह् नु हांसिल ॥
म कर अपराद कथ थाव याद सथ ज़ान ।
असतु निशि च़ल मनशि सुन्द फल छु सन्तान ॥
अंछिव वुछ बोज़ कनव तस राज़ुह् सुन्द्य कार ।
यॆमिस राज़स गोंबुर जामुत छु अवतार ॥
सपुन लाचार सु शापस निशि च़ुह् थव कन ।
म गछ़ यंच़ तेज़ कर परहेज़ पापन ॥ ३० ॥
दग़ाबांज़ी छ यथ तथ खोच़ पथ रोज़ ।
दविगथ सथ सतुच वथ छ़ार कथ बोज़ ॥

तू याद रख। भले ही तेरा दुःख कितना बड़ा क्यों न हो, वह तुरन्त ही दूर हो जायेगा यदि तू हृदय से राम का स्मरण करे। (अनुकूल व प्रतिकूल) समय को देखकर कभी शादोंग़मगीं मत होना (सुख में प्रफुल्लित और दुःख में उदास मत होना) क्योंकि सुख और दुःख हमेशा साथ-साथ चलते हैं ॥ २५ ॥ (तू देखेगा कि) संसार (अपनी मोहिनी माया द्वारा) कैसे-कैसे छल-प्रपंच रचता है और असुर-भेस में मनुष्यों को कैसे डराता है। असत्य कहलवा कर वह कैसे उसका दिल चुरा लेता है (लुभाता है)। परन्तु, आख़िरकार इस मोहिनी-माया से मिलना कुछ नहीं है—यह तू जान ले। तू अपराध (पाप) न कर और इस बात को सत्य जानकर याद रख। असत्य से दूर भाग क्योंकि अच्छे कर्मों से ही मनुष्य को अच्छी सन्तान प्राप्त होती है। आँखों से देख और कानों से उस राजा की कथा सुन जिसके यहाँ पुत्र रूपी अवतार ने जन्म लिया था। अति की अवहेलना और पापों से परहेज़ कर ॥ ३० ॥ जिस काम में दग़ा-बाज़ी हो उससे डर और उससे पीछे हट। दैवगति को सत्य मान और सत्य

हलब शीशस त्रली बोज़ुनु सुतिन खय ।
असथ त्रांविथ सतस सुतिन गछी लय ।।
करुन अखराज राख्यस बौंज़ निशि मन ।
शरन गछ ईशरस यिथु गव विबीशन ।।
म तस खोत्रुस सतस सुतिन सपन पूर ।
असथ योंद बोय आसी दूर त्रल दूर ।।
पोंज़ अय बेग़ानु आसी रथ वन्दुस रथ ।
करी प्रथ जायि पंज़्यपांठिन रफ़ाक़थ ।। ३५ ।।

सतुच बर यछ सदाशिव छु सतस सुत्य ।
त्रु सथ सांपुन वुछन गछ यिन गछन कुत्य ।।
सौंयछ सीता सतुक सोंथ रामु लंख्यमन ।
ह्यमथ हलूमत असत रावुन छु दौंरज़न ।।
सु रावुन छु तंमिस निश रूद सोरुय ।
सु पानय रामुत्रंन्द्रन मन्दु छोवुय ।।
शमिथ शमशेर वांरागुच करुन तेज़ ।
त्रटुस गरदन छु दुश्मन कर त्रु परहेज़ ।।

के पथ को ढूँढ । तेरे ज़ंग खाये मन-दर्पण की मैल (यह कहानी) सुनने पर दूर हो जायेगी और असत्य छोड़कर सत्य के प्रति तेरी लगन बढ़ेगी । अपने मन को राक्षसी प्रवृत्तियों से रिक्त कर और ईश्वर की शरण में चला जा जैसे विभीषण गये थे । तू उन (राक्षसी-शक्तियों) से न डर और सत्य के पथ से विचलित न हो । असत्य पर यदि अपना भाई भी हो तो उससे भी दूर भाग दूर[1] । सत्य पर चलने वाला यदि (अपना न होकर) बेग़ाना भी हो तो उस पर बलिहारी जाओ बलिहारी, क्योंकि वह हर समय (हर स्थान पर) वास्तव में, तेरी रफ़ाक़त (वफ़ादारी) करेगा ।। ३५ ।। सत्य की सदैव इच्छा कर क्योंकि सदाशिव भी सत्य के ही साथी हैं । (यदि) तू सत्य का अनुसरण करे तो (देख लेना) तेरे आगे-पीछे कितने फिरेंगे । सु+इच्छा सीता है, सत्य का सेतु राम व लक्ष्मण हैं, हिम्मत हनुमान है और असत्य रूपी दुर्जन रावण है। उस (पराक्रमी) रावण का सारा (वैभव) यहीं पर रह गया तथा रामचन्द्र के हाथों (बुरी तरह से) लज्जित हो गया । वैराग्य (आत्मज्ञान) रूपी शमशेर को तू तेज़ कर और इससे असत्य (रूपी असुर) की गर्दन

१ रावण की ओर संकेत है ।

ख्यमा खंजर गंडिथ लंकायि छारुन ।
सिपर शॊबु वासना राख्युस छु मारुन ।। ४० ।।

ग्यानुक्य जामु छि सामानु रुत्य गॊन ।
अंगुद सुग्रीव ज़ामूवन व्यबीशन ।।
प्रकृत कीकी सॊयछ ज़ानुन सॊमॆत्रा ।
दरुम दशरथ कौशल्या करमु लीखा ।।
ज़रा संतोषि दिल वॊपदेश वनवास ।
गछिथ अद् राम लूबुचि लांकि करि डास ।।
यि दीवीदार छुय गरुवोल लागुस ।
स्यठाह कर रांछ्य राख्युस युथ न ज़ाग्यस ।।
करख नय रांछ्य ज़ांगिथ यियी रावुन ।
छॆटी ठोकुरकुठ प्यॆयी अद् नावुन ।। ४५ ।।

छि कामुच कॊल तुरुन्य त्रख दिथ करुन बन्द ।
व्यचारुचि वति पख ज़हरस गछी क़न्द ।।

काट डाल; क्योंकि वह (बहुत बड़ा) दुश्मन है अतः उससे परहेज़ कर। क्षमा रूपी ख़ंजर को (कमर में) बाँधकर लंका में प्रविष्ट होना है तथा सिपर (ढाल) रूपी शुभ वासना से राक्षस (रावण) को मारना है ।। ४० ।। (श्रेष्ठ) ज्ञान की विशेषताएँ श्रेष्ठ गुण हैं और इनके प्रतीक अंगद, सुग्रीव, जांबवान् और विभीषण हैं। कैकेयी को मानस और सुमित्रा को सु+इच्छा जान तथा दशरथ को धर्म और कौशल्या को कर्म का लेख जान। संतोष, उपदेश व वनवास (त्याग)—(इन सोपानों) को पार करने के बाद ही राम, लोभ रूपी लंका को नष्ट करने में सफल हुए थे। अपने देह को एक देवी-द्वार[1] जान और एक गृहस्थी (पुजारी) की तरह इसकी देखभाल कर। इसकी तू सतर्क होकर (ख़ूब) रक्षा कर ताकि कोई राक्षस इस पर कुदृष्टि न डाले। यदि तू इसकी रक्षा नहीं करेगा तो मौक़ा देखकर रावण आ जायेगा और तेरा देवी-द्वार अपवित्र हो जायेगा ।। ४५ ।। फिर तुझे उसे दुबारा धोना पड़ेगा। काम-वासना की नदिया काफ़ी ठण्डी है अतः तू उसके उद्‌गम-स्थल पर पत्थर रखकर उसे बन्द कर दे। तू विचारशीलता के मार्ग पर चल, इससे ज़हर भी क़ंद (मिश्री) बन जायेगा। अपने देव को वीर समझ (यानी उसकी सामर्थ्य पर विश्वास कर) और मन के मैल रूपी असुर का गुरु-शब्द (पर अवस्थित) तीर से भेदन कर।

१ इष्टदेवी का स्थापना-गृह।

वनय कथ बोज़ दय ज़ानुन पनुन वीर ।
असुर मंलच़र मनुक गॅारुशब्द दिस तीर ।।
अनुन येल गॅार पनुन सु हावी छ़लु हेर ।
खसख आकांश्य हरदिकि कोचि किन फेर ।।
यि कॅह रूदुय ति छ़ुय पानस निशे छ़ार ।
लबख तेलि येलि च़्रंटिथ त्रावख अहंकार ।।
मंथ मन्दूदरी छय इंतिज़ारस ।
म कर मशरबु वुछुन सतकिस शहारस ।। ५० ।।

सुररावुन सूरु सुत्य अहिनु ज़न मन ।
च़्रौतुर बोज़ वेशनु डीशिथ मोख्त सांपनुन ।।
गॅारव गंण्डमुत्र छि वथ कथ बोज़ कन दार ।
छु क्याह रोज़ुन छु बोज़ुन रामावतार ।।
ति बोज़नु सुत्य वॉन्दस आनन्द आसी ।
यि कथ रठ याद ईशर व्याद कासी ।।
ति ज़ानख पानु दयुगत क्या च़्रेह हावी ।
कत्युक ओसुख च़्रेह कोत-कोत वातुनावी ।। ५४ ।।

पारवती जी हुन्द समवाद शिवनाथ जियस सुत्य

दयान नारद रेशी बोज़ुन ज़ि ब्रह्मा ।
सदाशिव देवता ह्यथ ओस यकजा ।।

अपने गुरु की शरण में जा, वही तुझे मुक्ति की सीढ़ी दिखायेगा, (जिससे) तू हृदय के कूचे से होता हुआ ऊपर (शून्य) आकाश पर चढ़ जायेगा। जो शेष बचेगा उसे अपने पास में ढूँढ, मगर इसे तभी ढूँढ पायेगा जब तू अहंकार को त्याग दे। मन रूपी मंदोदरी तेरा इंतज़ार कर रही है। तू भूल न कर और उसे सत्य के शहर में देख ।। ५० ।। अपने मन रूपी आइने को तू (सत्य की) राख से मांज। तब तुझे चतुर्भुज विष्णु के दर्शन होंगे और तू मुक्त हो जायगा। गुरुओं ने एक सत्पथ तैयार किया है, ज़रा कान लगाकर सुन। [यह सत्पथ है 'रामावतार' की कथा का] यहाँ कुछ भी नहीं रहेगा, बस रहेगी रामावतार की कथा। इसे सुनकर हृदय आनन्दित हो जायेगा—यह बात तू याद रख, इससे तेरी सारी दुविधाएँ मिट जायेंगी। तू स्वयं जान जायेगा कि यह कथा तुझे कहाँ से कहाँ पहुँचायेगी ।। ५४ ।।

प्रछुस दीवियि शिवजी पोंज़ यि वन ।
सपनि क्या हाल कलियोंगु क्यन मनोशन ॥
तिम आसन दरमुनिश वाराह अदरमी ।
दरम त्रावन स्यठाह लागन कोंकरमी ॥
गछ्न शापन अन्दर सारिय गिरफ़तार ।
बोंडन पापन अन्दर किथु पाठ्य छुख तार ॥
गछ्न पापन अन्दर सारिय ज़गथ बन्द ।
दज़न छस किथु वुछन तिम सोंख तु आनंद ॥ ५ ॥
मे छुम तलवास तिम किथु पाठ्य मोंकुलन ।
तिमन आस्यम स्यठाह गोमुत मलुत मन ॥
वननि दीवियि कुन लोंग यि सदाशिव ।
मोंकुलन तिम खोंशी सुतिन च़ुह कन थव ॥
वननि दीविय लोंग शिवजी कनव बोज़ ।
मोंकलन तिम दोंखु निश च़ुह सुखित रोज़ ॥
समय गछि युथ ज़ि कांसि रोज़ि नु सथ याद ।
अमा पानस करन तिम रामु सुन्द नाद ॥

पार्वतीजी का संवाद शिवजी के साथ

कहते हैं नारद ऋषि (एक दिन) ब्रह्मा से कहने लगे कि सुनिए, सद शिव (एक बार) देवी (पार्वती) के साथ इकट्ठे बैठे थे । देवी ने शिव पूछा, सत्य कहिए कि कलियुग के मनुष्य का क्या हाल होगा । (सुना है वे अत्यधिक अधर्मी होंगे तथा धर्म का त्यागकर वे कुकर्मी बनेंगे । (सभी शापों में गिरफ़्तार हो जायेंगे फिर पापों में डूबे इन (कलियुग-वासियों का निस्तार कैसे होगा ? सारा जगत् पापों में जकड़ जायेगा, फिर भला उन्हें सुख-आनन्द की प्राप्ति कैसे होगी—(इसी दुःख से) मैं (मन-ही-मन जल रही हूँ । मन मेरा उद्विग्न हो रहा है कि ये (बेचारे) मुक्त कैसे सकेंगे (क्योंकि) इनका मन तो (हे मेरे प्राणपति !) बहुत ही संतप्त रहा होगा ॥ ५ ॥ (इस पर) सदाशिव देवी से कहने लगे—वे ख़ुशी-ख़ुशी मुक्त होंगे (तू चिन्ता न कर), और मेरी बात ध्यान से सुन । वे आगे कहने लगे—उनके सभी दुःख (निश्चय ही) दूर हो जायेंगे तू ज़रा मेरी बात ध्यान से सुन और मन में ख़ुशी ला । समय ऐसा आयेगा जब किसी को भी सत्य याद न रहेगा । (ऐसे में) कितने ही दुःख के मारे राम को पुकारेंगे और यह बात तू अपने हृदय में बिठा दे कि उसका नाम लेने पर

वॊन्दस कथ थाव तंम्यसुन्द नाव ह्यन कूत्य ।
मॊकुलन नारह नरकुकि निश तमि सूत्य ।। १० ।।
अगांफिल यिम मनश ह्यन रामु सुन्द नाव ।
तिमन सोरुय मनुक मलच्चर छलनु आव ।।
अदय कांछाह सॊर्यस मनु किन्य हुर्यस आये ।
दियस दरशुन नियस वैकुंठ छस जाये ।।
अदय कांह लोलु किन्य परि रामु रामु ।
सु प्रावि ज़िन्दु तनय सॊरगु जामु ।।
तसुन्दि दरशनु सूत्य परज़ली पछिम पूर ।
तिथय यिथु दीपु सूत्य गछ़ि अनिगटु दूर ।।
कनव युस बोज़ि बूज़िथ श्रोच्चि तस मन ।
गछ़्यस छ़्यतु नार नरकुन तन बन्यस सॊन ।। १५ ।।
अंछिव युस डेशि तस चॆश्मन यियस गाश ।
तिथय यिथु पांठ्य सिरियस आसि प्रकाश ।।
थवन यिम कन तु बूज़िथ मन गछ़्यख साफ ।
गल्यख राख्युस मनुक सोरुय च्चल्यख पाप ।।

वे (भयंकर से भयंकर) नरकाग्नि से भी मुक्ति प्राप्त कर लेंगे। जो ग़ाफ़िल मन (असावधानी) से भी राम का स्मरण करेंगे, उनके मन का सारा मैल धुल जायेगा ।। १० ।। और जो मन से (सावधानीपूर्वक) स्मरण करेंगे वे चिरायु होंगे, तथा राम स्वयं दर्शन देकर उन्हें वैकुण्ठ ले जायेंगे। यदि कोई (अनन्य मन) प्रेमभाव से उनका स्मरण करेगा तो उसे (भूलोक पर ही) जीते जी सभी स्वर्गिक आनन्द प्राप्त हो जायेंगे। उनके दर्शन से पूर्व व पश्चिम की दिशाएँ वैसे ही आलोकित (प्रज्वलित) हो उठेंगी जैसे दीपक से अँधेरा दूर हो जाता है। जो (केवल) कानों से (रामनाम का) श्रवण करेगा उसका मन (एकदम) पवित्र हो जायेगा, भड़कती हुई पापाग्नि शान्त हो जायेगी तथा उसका तन सोना बन जायेगा। जो (उन्हें) आँखों से देखेगा उसकी आँखों को वैसी ही ज्योति प्राप्त होगी जैसे सूर्य के प्रकाश में है ।। १५ ।। जो (मनुष्य) ध्यान से इस कथा को सुनेंगे उनका मन निर्मल हो जायेगा तथा उनके मन से पाप रूपी राक्षस भाग जायेगा। (राम-नाम की ऐसी महिमा सुनने पर) देवी कहने लगी—हे शिवजी ! (कृपापूर्वक) मुझे रामावतार की महिमा व कारण तथा प्रकट होने की (पूरी) कहानी सुनाइए। तब शिवजी बोले (सुनो देवि !) जब रावण ने (घोर) तप करके विभिन्न लोगों को जीतकर

दोंपुस दीविथि शिवुजी बोज़ु नावुम ।
तम्युक कारन तसुन्द प्रकच़्रार हावुम ।।
दोंपुस तंम्य येलि सु रावुन गव नमूदार ।
कंरिथ तफ लूख ज़ीनिन यंच कंरिन कार ।।
मोंगुन अ्रथ सारनी हुंदि दस्तु मोकूफ ।
मोंठुस नतु संहल ज़ोनुन मनशि सुन्द रूफ ।। २० ।।
वननि लोंग शिव मोंखस तसुन्दिस नमस्कार ।
सों लंका रावनन निथि यंच़ कंरिन कार ।।
तमोगोंन रावनन यि कोंर बन्दाना ।
मे पोश्यम कुस ज़ि नेरेम पांन्ग पाना ।।
दयूगथ कथ छि सथ येंलि संहल ज़ांनिन ।
कोंकाम्यव सुत्य नठ बूतुरांच़ च़्रांनिन ।।
नटनि लंज्य बूम यि दीवी ह्योतुन बय ।
मरन ज़लुवुन शरन नारायनस गय ।।
कंरिन यंच़्रकार प्रथवी आयि लाचार ।
वदान वेंशनस निशन गंयि यंच़्रिवंनिन ज़ार ।। २५ ।।

यह अमरत्व प्राप्त कर लिया कि वह किसी के द्वारा भी मृत्यु को प्राप्त न हो, तो वह (निभर्य) होकर ऐसे-वैसे (अधम से अधम) कार्य करने लगा, तथा (अहंकार वश) मनुष्य-रूप (मनुष्य-योनि) की सर्वोत्कृष्टता (शक्ति) को भूल बैठा। वे (शिव) आगे कहने लगे—उसके रूप (भक्तिभाव) को नमस्कार है जिसके कारण उसने लंकापुरी के वैभव को अपना बना लिया ।। २० ।। किन्तु तमोगुण के वशीभूत होकर उस (मेरे भक्त) रावण ने यह संकल्प कर लिया कि भला (तीनों लोकों में) मेरा मुक़ाबला कौन कर सकता है और मेरी बराबरी कौन कर सकता है। दैवगति के सत्य (विधान) को उसने सरल जान लिया तथा अपने दुष्कृत्यों द्वारा पृथ्वी को कँपा दिया। (तब) देवी-वसुन्धरा थरथराने लगी और वह भय से गिरती-काँपती हुई नारायण (विष्णु) की शरण में गई। उस (रावण) ने ऐसे कुकर्म किये जिससे पृथ्वी लाचार (संत्रस्त) हो गई तथा वह रोते हुए विष्णु के पास अपनी व्यथा कहने लगी। तब विष्णु ने पृथ्वी से कहा—(चिन्ता न कर) वापिस चली जा, मुझे रावण का अन्त करने के लिए जन्म लेना होगा। मुझे मनुष्य-रूप धारण कर रावण का वध करना पड़ेगा ।। २५ ।। और तुझे भी योग-मायासे काम लेना होगा। मैं राम का रूप धारण कर लूंगा और तू सीता का रूप धारण करेगी।

दोंपुस वेशनन ज़ुह गछ़ छुम ज़नम दारुन ।
पेंयम रावुन मनुशि सुंदि वरनु मारुन ।।
गछ़ी लागुन्य च़्रों पानस यूगु माया ।
व व्यशन राम लागय छख ज़ुह सीता ।।
करम करिह राज़ुह दशरथ छुस नु सन्तान ।
ज़्यमय तस निश ह्यमय अद् रावनस प्रान ।।
समिथ सांरिय त्रिकूटी दीवताह यिम ।
ज़नुम दारन तु वांदर सांप्यन्यन तिम ।।
यितुय बूज़िथ सपुन्य पृथवी स्यठाह शाद ।
वुछान आंस कर थव्यम नेत्रन अन्दर पाद ।।
दोंपुस दीवियि ही शिवजी दयाकर ।
वनुम अवतार दूयवु नेर्‍यम मनुक शर ।। ३१ ।।

बाल काण्ड

श्रीरामसुन्द ज़नम

वननि लोंग राज़ु दशरथ ओस राज़ा ।
मुदा मांलिक मलूकुक चारुसाज़ा ।।
सतूगुन शक्त बोंड शिव ओस मानन ।
स्यठा रुज़ु कामि करि तंम्य बाग्यवानन ।।

राजा दशरथ सन्तानकामेष्टि हेतु कर्म (यज्ञ) करेगा और मैं उसके यहाँ जन्म लेकर रावण के प्राण हर लूँगा। (इसके अतिरिक्त) सभी त्रिकूटी देवता (मेरे सहयोगी देवता) वानर-भेस धारण कर अवतरित होंगे। यह सुनकर पृथ्वी शाद (प्रसन्न) हो गई और (उस घड़ी की) प्रतीक्षा करने लगी कि कब उसके नेत्रों पर वे (राम) अपने चरण रखें। तब देवी ने कहा—हे शिवजी! दया कीजिए और मुझे रामावतार की आगे की कथा सुनाइए ताकि मेरे हृदय का दारुण संताप दूर हो जाये ।। ३० ।।

बाल काण्ड

श्रीराम का जन्म

वे कहने लगे—दशरथ नाम का एक राजा था जो सकल संसार का मालिक व पालनहार था। सत्त्वगुण से युक्त वह राजा शिव का

तमिस आंस दर अजोदया जाये आसन ।
ग़रीबन ओस वन्दुक ग़म गोसु कासन ।।
वोंथन सुलि प्रथ प्रवातन न्यथ करन श्रान ।
रछन जोग्यन गोंसान्यन सुत्य थवन ज़ान ।।
गोंबुर ओसुस नु चञ्चल ओस तस मन ।
तिथय यिथ सिरियि पांनिस प्यठ छु नांपन ।। ५ ।।

स्यठा रातस दोंहस लीला करान ओस ।
शरन सांपनुन नारायन पानु टोठ्योस ।।
दपान सोंपनस अन्दर तस द्युतुन दर्शुन ।
दोंपुन तस गछ़ मे छुम ज़नमस च़ेनिश युन ।।
लगि न बावुन सोंपुन रावुन व गालन ।
सु गांलिथ शेंख वायन लांख ज़ालन ।।
सोंपुन डीशिथ सु येंलि वोंथ ख़ुशी सान ।
वशिस्टस निश गव टोठ्योम नारान ।।
दोंपुन तस कुन गोंछुम आसुन मे सन्तान ।
दोंपुस तंम्य कर च़ुह जग द्यवु बोज़ि नारान ।। १० ।।

अनन्य भक्त था । इस भाग्यवान् राजा ने (प्रजा के हित के लिए) अनेक सत्कार्य किये । उसकी एक नगरी थी जिसका नाम अयोध्या था । वह (प्रजावत्सल) राजा ग़रीबों के दिलों से ग़म व दुःखों को दूर करने वाला था । नित्य प्रभात-वेला में जागकर स्नानादि करता तथा साधु-सन्तों व योगियों के पास आशीर्वाद लेने जाता । उसके कोई सन्तान न थी । इस अभाव के कारण उसका मन सदैव चंचल रहता, वैसे ही जैसे पानी में सूर्य । वह रात-दिन भगवद्भक्ति में तल्लीन रहता ।। ५ ।। और आख़िर एक रात (स्वप्न में) नारायण ने उस पर कृपा की, तथा दर्शन देकर कहा कि मैं तुम्हारे यहाँ जन्म ले रहा हूँ । इस स्वप्न की बात किसी से मत कहना । मुझे रावण का अन्त करके उसकी लंकापुरी को जला (कर ख़ाक कर) देना है । स्वप्न देखकर वह ख़ुशी के साथ उठ खड़ा हुआ और वसिष्ठ के पास जाकर कहने लगा कि (आज) नारायण मुझ पर प्रसन्न हुए हैं तथा मेरी सन्तान-कामना पूरी होती दिखाई दे रही है । (इस पर) उसने (वसिष्ठ ने) कहा—आप एक यज्ञ रचाएँ, शायद नारायण आपकी सुन लें ।। १० ।। तब (राजा ने) अनेक ऋषियों को बुलाकर (पुत्रकामेष्टि) यज्ञ कराया । (पूर्णाहुति के पश्चात्) अग्नि

अँनिन तंम्य रेंश्य स्यठाह् जग करनि लागी ।
खंतिस तमि अंगनु मंज़ु खिरस ज़ु बांगी ।।
कोरुख जग येंलि वोंबरांबिख तमिक्य द्यन ।
खंतिस खिरस ज़ु बांगी रानियन त्रन ।।
त्रनवय बक्तुबजि गंयि पान नांविथ ।
दोंनुवय बांगी तिमव ख्येयि बांगुरांविथ ।।
त्रयन निशि पानु र्‌योंश सूज़ुन सु खिर ह्यथ ।
तिमव ख्यव बांगरिथ ओसुख मोहबथ ।।
कोंशल्यायि अख द्युतुन कीकीयि अख निव ।
तिमव द्युत सोंनि न्यसुफा न्यसुफ बूज़िव ।। १५ ।।
दपान दय पानु कोंशल्यायि निशि ज़ाव ।
बरुथ तस कीकीयि निशि ज़ाव कन थाव ।।
त्रेयिम आंसुख सोंमित्रा तस कोंरुख बाव ।
शोंत्रुगन बेंयि लखिमन जुव तंमिस ज़ाव ।।
ओंनुख ब्रह्मुन पंडित तान्य माजि येंलि ज़ाये ।
कर्‌योहुख नाव ब्योंन ब्योंन आंसिनख आये ।।

में से खीर से भरे दो सकोरे प्रकट हो गये और यज्ञ-समाप्ति के अनन्तर (जब यज्ञ की) भस्मी आदि को पृथ्वी में गाड़ दिया गया तो उसमें से खीर से भरे दो सकोरे तीन रानियों के लिए और प्रकट हुए। तीनों सौभाग्यवतियाँ देह को पवित्र करके (नहा-धोकर) आ गईं और पहले वाले दो सकोरों की खीर को बाँटकर खा गईं। शेष दो सकोरों को (बाद में) राजा ने स्वयं ऋषि (वसिष्ठ) द्वारा अपनी त्रियाओं (स्त्रियों) के पास भेजा। उन्होंने मुहब्बत के साथ इन्हें भी बाँटकर खाया—कौशल्या ने एक सकोरा तथा कैकेयी ने दूसरा खाया। दोनों ने अपने-अपने (सकोरे) में से आधा-आधा भाग अपनी सौत (सुमित्रा) को दे दिया ॥ १५ ॥ कहते हैं—भगवान् (राम) स्वयं कौशल्या के गर्भ से पैदा हुए और भरत कैकेयी के गर्भ से। उनकी एक और सौत थी जिसे वे दोनों खूब चाहती थीं—उसका नाम सुमित्रा था। शत्रुघ्न और लक्ष्मण उसी के गर्भ से पैदा हुए। जैसे ही उन्होंने जन्म लिया ब्राह्मण व पण्डित को बुलाया गया। चारों के अलग-अलग नाम रखे गये और उनके लिए चिरायु की कामना की गई। गुरु ने जन्म-कुण्डली बनाकर कहा कि ये सभी शत्रुघ्न, भरत, लक्ष्मण और रामावतार (श्रेष्ठ) कार्य करेंगे। (सकल) प्रजा (इनके जन्म लेने पर प्रसन्नता के कारण)

गौरन ज़ातुक गंडिथ दोंपनख करन कार ।
शोंतुगन बरथ लखिमन रामु अवतार ।।
प्रज़ा प्रज़लनु लंज्य यामथ थनु प्योंय ।
लज़ा गंयि राखिसन पानस लंजिख र्योंह ।। २० ।।

अजोद्या वांसियन हुज़ लीला

परुबत तलु च्रन्दुरनु द्राव
मांतियें गाश आवूये ।
लोलुक ब्योल असि वव्याव
बंखति हुंज़ि बूमि बवूये
तूल्य असि खांर बंद्य योंद ववि पावुह
सांतिये गाश आवूये । १
यारुबलु तलु छय गंण्ड्य गंण्ड्य नावुह
बंर्य बंर्य सोंख त सावुये
क्राव कर डूरेंन नेरी च्रें लावुह
सांतिये गाश आवूये । २
दुफ छुय प्रजलान सोंति सोंति वावुह
छेंतु गछि ज़ोरुह अकि हवावे
सन दिथ राज़ु गरि च्रूर यस च्रावुह
सांतिये गाश आवूये । ३

दीप्त हो (झूम) उठी । राक्षस लज्जित हो गये और वे भीतर-ही-भीतर जलने लग गये ।। २० ।।

अयोध्या-वासियों का भजन

पर्वत के पीछे से चन्द्रमा प्रकट हुआ, और री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया । हम (अयोध्यावासियों) ने प्रेम का बीज भक्ति की भूमि में बोया था और फलस्वरूप पाव भर बीज से मनों (फल) प्राप्त कर लिया—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया । १ घाटों पर सुख-समृद्धि की नावें बँधी हुई हैं । इस लहलहाती बगिया को देख कर तू (रे मेरे पुरवासी !) ख़ुशी से झूम उठ—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया । २ तेरा जीवन-दीप धीरे-धीरे सहज गति से जल रहा है । कहीं तेरी काया में कुमति रूपी चोर घुसकर उस दीप को बुझा न दे—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया । ३

सथ वौन्दुह निशि मवूह मंशिरावुह
लोलुच्य पय बो थावुये
सतस पनुनिस प्यठ थ्यर थावुह
सांतिये गाश आवूये ॥ ४ ॥
हारि त तोतस गेलि ज़न कावुह
सत गौंर तस ति सेजावुये
ती वौन तंम्य तति यी में बोज़ावुह
सांतिये गाश आवूये ॥ ५ ॥
राज़ु दशरथ बरि ना चावुह
कौशल्यायि रामुजुव ज़ावूये
असि लौंग तार तमिसुंदि नावुह
सांतिये गाश आवूये ॥ ६ ॥
सौन्दुरव तु विगिन्यव बंरिवय चावुह
वौन्दुक ग़मगोसु द्रावुये
ज़ग ज़ायि यैमसुय सुय असि ज़ावुह
सांतिये गाश आवूये ॥ ७ ॥
समसारुह अवेंच़ारुह आदम खावुह
दानु कोना आर च़ेंह आवूये

तू अपने हृदय से सत्य को न भुला, अपितु उसे प्रेमरस से पल्लवित कर। अपने सत्य पर तू (सदा) स्थिर रह—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया। ४ भलेही कौवा, मैना और तोते की नक़ल भी उतारे (उन्हें चिढ़ाये), फिर भी उसे सद्गुरु (सद्गति) की प्राप्ति हो जायेगी—ऐसा सुना जाता है और ऐसा सभी कहते हैं—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया। ५ राजा दशरथ प्रसन्नता में क्यों न झूमें—कौशल्या ने रामचन्द्रजी को जो जन्म दिया है। हम (अयोध्या-वासी) भी उसके नाम से तर गये—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया। ६ सुन्दरियाँ व कुमारियाँ ख़ुशी में मस्त हो रही हैं, उनके हृदय का ग़म दूर हो रहा है। जिसने जग को पैदा किया वही हमारे यहाँ पैदा हुआ—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया। ७ रे अविचारी, निर्मम संसार ! तुझमें दाने-भर की भी दया क्यों नहीं है। क्यों इस संसार में आनेवाला व्यक्ति आकर वापिस चला जाता है—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का

क्याज़ि गव योरु बेंयि युस तोरु आवुह
सांतिये गाश आवूये ।। ८ ।।
रज़व कनि छ्यख आमि पनु दावुह
यिमु ना यारु बलु नावुये
संतोशि वेंचारुह बेंयि सथ बावुह
सांतिये गाश आवूये ।। ९ ।।
सिरयि रुपु मनि मंज़ सु में वुछावुह
हनि हनि अन्दर सु च़ावूये
प्रकाश पानय कस क्याह बु बावुह
सांतिये गाश आवूये ।। १० ।।
तिमन मंज़ रामुजुव ज़न सिरियि न्यरमल ।
कंरिन राखेंस तु रहज़न अनिर्गटिस तल ।।
संमिथ बायन सुतिन येंलि ओस नेरान ।
त्रिकूटी दीवता आंस्य चरकु फ्यरान ।।
तिमन वुछ्य वुछ्य करनि लोंग राजु शांदी ।
बशांदी बूमि प्यठ फेरुवुन मुनांदी ।।
दपन तंम्य सारिनुय रुच़ु रुच़ु ख़बर वंन्य ।
गयस यि बोंद दयस सुतिन गोंण्डुन मन ।।

उदय हो गया । ८ रे मनुष्य ! तू क्यों अपनी नाव को कच्चे धागे की रस्सी से खे रहा है । इससे तेरी नाव घाट से प्रयाण कैसे कर सकती है ? तेरी नाव संतोष, विचार और सद्भावना रूपी रस्सी से ही पार लग सकती है—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया । ९ उस सूर्य-रूपी सौन्दर्य को मैंने अपने मन में देखा । वह मेरे अंग-प्रत्यंग में समा गया । मैं स्वयं उसके प्रकाश में आलोकित हो उठा, अब किसी को क्या दिखाऊँ—री सीता ! तेरे लिए (नूतन) प्रकाश का उदय हो गया ।। १० ।।

उनमें (अन्य भाइयों में) रामचन्द्रजी मानो निर्मल सूर्य के समान थे । अपने प्रकाश से उन्होंने (सकल) राक्षसों व राह-ज़नों को चौंधिया दिया (उन पर अँधेरा छा गया) । जब वे अपने भाइयों के साथ (विहार करने के लिए) निकलते थे तो त्रिकोटि (३३ कोटि) देवता उनके चारों ओर विचरते रहते । ऐसे पुत्रों को देख-देख राजा शादमानी (हर्षोल्लास) मनाने लगा और उसने भूमि पर मुनादी करायी ।

खरुचि बापत कुने कांह आसि मुहताज।
ख़बर कंरिनम तु दरमस दिमु पनुन राज ॥ ५ ॥
सुबह फोल सारनिय गव अनिगोंट दूर।
मुनांदी द्रायि रामुन राज महशूर ॥
यि वंन्य ज़्यख कांन्सि कोंह न्यंदित करन न।
पछ अनि ज़्यख तिम ति अपमंरित्य ज़ाँह मरन न ॥
शरीरुकि खोतु गंज़रावन परुद्य पान।
बेंयिस लगि खेद पानस प्यठ लदन हान ॥
यिहय छख व्यद परुन्य अव्यदा परनु कुँह।
सतुच द्रुय अदु त्रुय त्रांविथ मरि नु कुँह ॥
अनाथन हुन्द रछुन मटि राज़ु लूकन।
तिमन आयुत थवन तिम अन तु बेंयि पन ॥ १० ॥
तिथय कोतर सपुन्य पांज़न सूत्यन यार।
फोंलन पंपोश ह्यू पांनिस अन्दर नार ॥
गब्यन सूतिन कंरुक शालव वोंफांयी।
गिन्दान तिम पानु वांन्य ज़न त्राटु बांयी ॥

कहते हैं उसने यह शुभ-समाचार (पुत्र-जन्म का समाचार) सबको कहलवाया तथा भगवान् की महिमा (पर विश्वास कर) अपना मन भगवान् के चरणों में लगा दिया। [राजा ने मुनादी करायी—] ख़र्च (पैसे) के लिए कोई मुहताज (विवश) हो तो मुझे ख़बर दे, मैं अपना राजपाट तक दान-धर्म के लिए दे दूँगा ॥ ५ ॥ अगले दिन जब सबेरा हुआ और अँधेरा दूर हो गया तो पुनः मुनादी की गई कि राम का राज मशहूर हो। (मुनादी करनेवाले से कहा गया कि) वह मुनादी करे कि कोई किसी की निंदा न करे, इससे बचने से वे अकाल मृत्यु को प्राप्त न होंगे। अपने शरीर से वे औरों के शरीर को महत्वपूर्ण समझें। दूसरों को दुःख न पहुँचाएँ, अपितु उस दुःख को स्वयं भोगें। इसी विधि का वे (जनता) अनुसरण करें तथा दूसरी तरह की अविद्याओं को न अपनायें। ऐसे (आचरण) करने से सत्य की क़सम वे अपनी स्त्रियों को छोड़कर कभी अकाल मृत्यु को प्राप्त न होंगे। अनाथों की रक्षा करना राजा लोगों का कर्त्तव्य है, उनके जीवन की कुशलता एवं व्यवस्था को बनाये रखना भी उनका कर्त्तव्य है ॥ १० ॥ ऐसे शान्तिमय व सुखद वातावरण में कबूतर बाज़ का यार (मित्र) बन गया, आग भी पानी में कमल के समान खिल उठी, गीदड़

वेंज्ञारुच वथ वुछिथ ब्रारेंव सलाह ज़ोन ।
कौरुख हारेंन सुत्यन ब्रारेंव व्यसुतोन ।।
कोंहस प्यठ फेरुवुन्य स्यमिन्य सपुन्य गाव ।
दपन तस बीमु सुत्य सुह गासु ह्यथ आव ।।
कुक्यलि पूत्यन सबक यि लंग्य वनुनि नूल ।
तंछिव मो नेरिह असतस खार महसूल ।। १५ ।।

येंत्याद्यक रेंश्य तपीशोंर जूग्य संन्यास ।
सपुन्य खोंशदिल ज्ञोंलुक मुश्किल तु तलवास ।।
करुन्य यत्रकाल तामथ शादमानी ।
मरुन मोकूफ सापनुन दरजवानी ।।
करन केंछाह सु युथ त्युथ सोंख तु आनंद ।
ज़हर लोंग राखिसन वेंह गव मोंदुर कन्द ।।
गरम बाज़ार सापनुन दरम का राज ।
मनुष्य गंयि खोंश तु काँह छुनु कांसि मोंहताज ।।
समय त्युथ राज़ह डीशिथ ज़िन्दु सापनुन ।
मनोशन वासुना फीरुख सतस कुन ।। २० ।।

और बकरियों में मेलजोल बढ़ गया और वे आपस में ऐसे खेलने लगे मानो (एक ही गुरु के) शिष्य आपस में खेल रहे हों। सुविचारों का मार्ग देखकर बिल्लियों ने इसी में ख़ैर जानी कि मैनाओं के साथ मित्रता का सम्बन्ध स्थापित करें। पर्वत (कोह) पर फिरनेवाली सिंहिनी गाय बन गई और कहते हैं उस गाय के लिए भय के कारण स्वयं (जंगल का राजा) सिंह घास लेकर आ गया। कोयल के पूतों (बच्चों) को नेवला समझाने लगा कि चिन्ता मत करो (अब हम तुम्हारा भक्षण नहीं करेंगे) ।। १५ ।।
अनेक प्रकार के ऋषि, तपीश्वर, योगी, संन्यासी आदि के दिल ख़ुश हो गये और उनके दिलों का सन्ताप व दुःख दूर हो गया। पर्याप्त समय तक वह (राजा) शादमानी करने (ख़ुशियाँ मनाने) लगा। वह ऐसे कार्य करने लगा जिससे सुख और आनन्द की वृद्धि हो गई। राक्षस ज़हर (के घूँट) पीने लग गये तथा (देवताओं के लिए) हलाहल भी मधुर कन्द बन गया। (चारों ओर) धर्म के राज का बाज़ार गर्म हो गया। सभी मनुष्य ख़ुश हो गये और कोई किसी का मुहताज नहीं रहा। ऐसे समय (वातावरण) को देखकर राजा जीवित (प्रफुल्लित) हो उठे तथा मनुष्यों की वासना (प्रवृत्ति) सत्य की ओर फिर गई ।। २० ।।

व्येश्वामेत्र सुन्दि येगंच रख्या

कौरुन यंत्र तप व्येश्वामेत्रन पोरुन वीद ।
दपान तस राखिसव द्युत वारियाह खीद ॥
दपन येलि राखिसव कौर यंत्र अवारु ।
गंछ्थ तंम्य दशरथस वोंन वारुह वारुह ॥
छु सथ यि येलि तंमिस निशि वादा पोलुन ।
दयोगथ दशरथस निशि हाल बोवुन ॥
दोंपुन तस दांद्यलदसुन्द वाति बोज़ुन ।
मे सांतिन रामुजुव गछि तूर्य सोज़ुन ॥
छु क्युथ बलुवीर पनुन वीरुथ मे हावेम ।
ब गोलुस राख्यसव तति मोकलावेम ॥ ५ ॥
दिहमनय सुत्य अद येतिय पान ज़ालय ।
तिथय दिमु शाप युथ रुम राठ गालय ॥
मे सुत्य दिन रामु जुव दियि राख्यसन मार ।
नतु बद वाख कड़य बूतरांत्र हेंयि नार ॥
स्यठाह नाखोंश सपुन राज़स कौरुन न्याये ।
विशिष्टन दोंप गंछिन केंह छुस नु परवाये ॥

विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा

कहते हैं विश्वामित्र जब घोर तप और वेद-पाठ कर रहे थे तो राक्षस उन्हें बहुत खेद (कष्ट) पहुँचाने लगे। राक्षसों द्वारा बहुत सताये जाने पर वह राजा (दशरथ) के पास अपना दुखड़ा कहने के लिए गये। मुनि ने राजा से सहायता देने का वादा (वचन) लिया और अपना हाल दशरथ के सामने रखा—मुनि ने कहा कि हे राजन्! इस दुखियारे का कहा आपको सुनना चाहिए और मेरे साथ रामचन्द्र को भेजना चाहिए। वह बलवीर अपनी वीरता दिखाकर मेरा उन राक्षसों से उद्धार करेगा जिन्होंने मुझे गला (क्षीण कर) दिया है ॥ ५ ॥ यदि आप (रामचन्द्र को) मेरे साथ नहीं भेजेंगे तो मैं यहीं पर आपके सामने आत्मदाह करूँगा, तथा ऐसा शाप दूँगा कि आपका सारा कुल-कुटुम्ब नष्ट हो जायगा। मेरे साथ श्रीरामचन्द्र को भेज दीजिए, वे राक्षसों को मार डालेंगे, नहीं तो ऐसे (अपशकुन-भरे) कुवाक्य कहूँगा कि धरा जल जायेगी। (राजा द्वारा कुछ अनिच्छा प्रकट करने पर) वह (विश्वामित्र) राजा से बहुत

यि आमुत यी करुनि अवतार दॉरिथ ।
गछुन छुस राखिसन प्रॅथ जायि मॉरिथ ।।
यि कॆछा रेश्य दॊपुस राजन ति बूज़ुन ।
पॊज़ुय बूज़ुन गॊबुर तस सुत्य सूज़ुन ।। १० ।।

पकन गव न्यून लखिमन सुत्य पानस ।
गिन्दन खेलन पकन गयि प्रॅथ मकामस ।।
मुदा तंम्य कॊर नु दशरथ राज़ुह लाचार ।
रॆशिस सुतिन पकान गव रामु अवतार ।।
पनुन ओसुस ग़रज़ सॉपनुन रवानु ।
बबस रॊख़सत ह्यनुक ओसुस बहानु ।।
ऒनून म्रत राखिसन प्रॅथ शायि छॉरिन ।
लंबिन यथ जायि तति बेवायि मॉरिन ।।
द्युतुन बालक वरनु यॆलि तीर हॉरिन्ज ।
पकन गव रथ छकन त्युथ द्यवि मॉरिन्ज ।। १५ ।।

सु मॉरिन्ज दयत दयतन हुन्द कुमेदा ।
च्रलिथ गव ज़िन्दुह ज़खमी गोस पनुन पान ।।

नाख़ुश हुए । इस पर वशिष्ठ ने यह कहकर न्याय किया कि हे राजन् ! श्रीरामचन्द्र को जाने दीजिए, उनका कोई अमंगल नहीं होगा, उन्होंने तो यही सब कुछ करने के लिए इस लोक में अवतार धारण किया है, उनको तो हर जगह पर राक्षसों का वध करना है । जो कुछ भी ऋषि (वशिष्ठ) ने कहा उसे राजा ने मान लिया तथा उसे सत्य मानकर अपने पुत्र को मुनि के साथ भेज दिया ।। १० ।। जाते समय श्रीराम लक्ष्मण को भी साथ में लेते गये । दोनों (मुनि के साथ) खेलते-घूमते, लीलाएँ रचाते विभिन्न मुक़ामों से गुज़रते चले । कहने का मुद्दआ (प्रयोजन) यह है कि उन्होंने (रामचन्द्रजी ने) भी राजा को लाचार नहीं किया, (उनकी दुविधा दूर की) और (ख़ुशी-ख़ुशी) ऋषि के साथ-साथ चलते गये । ऋषि के साथ रवाना होने में उनका (राम का भी) अपना उद्देश्य था तथा पिता से रुख़सत लेना मात्र एक बहाना था । उन्होंने राक्षसों के लिए मृत्यु-रूप धारणकर स्थान-स्थान पर उन्हें ढूँढा तथा जहाँ कहीं पर वे (राक्षस) मिले उनको बुरी तरह से मार डाला । जब बालक राम ने तरकस से तीर छोड़ा तो ख़ून से लथपथ वह मारीच दैत्य वहाँ से (अपनी जान बचाता हुआ) भाग खड़ा हुआ ।। १५ ।। दानव-दैत्यों का सिरमौर (वह मारीच)

तिथुय रथ पोंक कोंलन तूफ़ान सांपनुन ।
तिथुय युथ राखिसन अवमान सांपनुन ।।
वेॅश्वामेॅत्रस स्यठाह् आनन्द सांपनुन ।
मोंदुर गव मोंख तमिस वेॅह् कन्द सांपनुन ।।
वेश्वामेॅत्रस दपन तसुंज़ुय खंलिश आंस ।
दया करुनस गंछिथ तंम्य तस यलत कांस ।।
बोंविन जय तस रेॅंशिस छु त्रन तारन ।
वंनिन तस रामु च़न्द्रुन्य सांरिय कारन ।। २० ।।

वेॅश्वामेॅत्रस त्युथुय प्रुछ रामुच़न्दुरन ।
गंगा किथु पांठ्य वंछ आकाशि निशि बोंन ।।
तिथय बांगी रथुन्य वोंतपथ तंमिस वंन्य ।
गंगा किथु पांठ्य तंम्य बूतुरांत्र प्यठ अंन्य ।।
गंगा यामथ वंसिथ आकाशि निशि आये ।
महादीवन जटन मन्ज़ तस दित्रुन जाये ।।
च़ंजिस तेॅलि व्याद येॅलि आज़ाद सांपनुन ।
दोंपुन तस वोंथ गछव वोंन्य परबतस कुन ।।
संमिथ तिम आंस्य त्रनवय द्रायि प्रातस ।
मनस पनुनिस छ शंखा जान पालनस ।। २५ ।।

ज़िन्दा बच कर निकल तो गया किन्तु उसका शरीर (बुरी तरह से) ज़ख़्मी हो गया। उसके शरीर से इतना रक्त बहा कि नदियों में तूफ़ान आ गया और राक्षस मन-ही-मन क्षुब्ध हो उठे। विश्वामित्र यह सब देखकर आनन्दित हो उठे और उनका मुख-मण्डल मधुर (प्रफुल्लित) हो गया तथा मधुमय कन्द बन गया। कहते हैं विश्वामित्र को उस (राम) की ही चाह थी और राम ने दयाकर, उनके यहाँ जाकर उनकी सारी दरिद्रता दूर कर दी। (अन्य ऋषियों के साथ राम को मिलाने पर) सभी ने राम की जय-जयकार की और विश्वामित्र ने सभी से रामचन्द्र की महिमा का बखान किया।। २०।। (आगे चलकर) विश्वामित्र से जब रामचन्द्र ने पूछा कि (यह) गंगा कैसे आकाश से नीचे उतरी तो मुनि ने भगीरथ की सारी घटना कह सुनाई, (यह भी बताया) कि गंगा को कैसे आकाश से नीचे उतरने के बाद महादेव ने अपनी जटाओं में स्थान दे दिया और बाद में आज़ाद होकर उसकी मुक्ति कैसे हुई? (इसके बाद) राम ने कहा, अब उस पर्वत की ओर चलें। वे तीनों मिलाकर प्रातःकाल

अहल्यायि हुन्द शाप मूझन

कौंरुक आशच्रर वुछिख यॆलि जान जाया ।
वननि लंग्य वेंश्न संज़ वेंश्नु माया ।।
पकुनि लौंग रामुजुव यॆलि लंख्यमनन ड्यूठ ।
गुबार वौंथ पादुकमुलन तथ शिलायि ब्यूठ ।।
बुछिव मौंख्ती करुन्य आंस तस पानस ।
नतु क्याह ओस गछुन तथ रेंश्य मकानस ।।
तंम्य कंर्‌य पाप वुछितव किछ लंबुन वथ ।
अहल्यायि पान पुशरोवुन दयस पथ ।।
वननि लौंग र्‌यौंश बक्ती वौंन्य यिहंय गये ।
अमी बक्ती सुत्य ईशर पानु वांती ।। ५ ।।
कंरिव मो पाप मनशव वारु बूज़िव ।
दितुस शाप बरथाहन सथ यि बूज़िव ।।

(उस दिशा की ओर) चल पड़े । सभी के मन में कुछ शुभ होने वाली शंका का उदय हो रहा था ।। २५ ।।

अहल्या का शाप-मोचन

एक रमणीक-स्थल को देखकर सभी आश्चर्य करने लगे तथा विष्णु (भगवान्) की माया की प्रशंसा करने लगे । जब रामचन्द्र कुछ आगे जा रहे थे तो लक्ष्मण ने देखा—कि (एक स्थान पर) रामचन्द्रजी के पादकमलों का एक शिला से स्पर्श हो जाने पर एक गुबार उठा । (विधि का विधान देखिए) उस शिला को रामचन्द्र के चरण-स्पर्श से मुक्त होना था; अन्यथा वे (रामचन्द्रजी) उस ऋषि के यहाँ क्यों जाते ? उस (अहल्या) ने पाप किया और देखो उसकी क्या दुर्गति हुई (पत्थर बन गई) ! अहल्या ने प्रत्यक्ष होकर भगवान् के (चरणों में) अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया । तब ऋषि (विश्वामित्र) अहल्या की भक्तिभावना का बखान करने लगे । इसी भक्तिभावना (तप) से वह (अहल्या) ईश्वर के पास पहुँच पाई ।। ५ ।। हे मनुष्यो ! ज़रा ध्यान से सुनो, तुम भी कभी पाप मत करो । अहल्या (इतनी सुन्दर थी कि उसका मुख-मण्डल) सूर्य के समान चमकता था जिसे देख-देख कितने ही वीरों के प्राण निकल जाया करते थे । देवराज इन्द्र भी काम में अन्धा हो गया और रात के समय ऋषि (गौतम) के मकान की ओर चल पड़ा ।

अहल्या सिरयि हिश आस शोलु दिवान ।
तमिस वीरन वुछित आस्य प्रान नेरान ।।
वुछ कामुन्य वुतल येलि यन्दुराज़स ।
पकुनि लोग राञ वाविथ रेश्य मकानस ।।
वननि लोग किथु पाठ्य अञु रेश्य मकानस ।
वोन्यहे बोज़्यम अमा मारेम मे पानस ।।
ओनुन दीवा दोपुन तस कोकर वीह् लाग ।
ञुह दि बांग अरदुरातस तस रेश्यस ज़ाग ।। १० ।।

दिञुन तम्य बांग अदु र्‌योश गव बेदार ।
वनुनि लोग न्यन्दुर आयम गोस न हुश्यार ।।
तुलुन गड़वा अथस क्यथ नदयि प्यठ द्राव ।
करनि लोग श्रान नदयि मा बोज़ुनु आव ।।
दोपुस तमि रेश्य बायो सुल छि श्रानस ।
अमा वनुह्य नु पाप मा खसि मे पानस ।।
कोरुय छल येन्दुराज़न कोकर वीह् लोग ।
पगाह् लदुह्म मे प्यठ शापुक यिथय बोग ।।

वहाँ पहुँचकर उसने सोचा कि मकान के भीतर कैसे जाया जाय, क्योंकि यदि ऋषि ने देख लिया तो उसको (शाप देकर) मार डालेगा। (इस पर) उसने एक देवता को बुलाया और उसे कुक्कुट (मुर्ग़े) का रूप धारण करने को कहा (और आदेश दिया कि) तू अर्द्धरात्रि में (ज़ोर से) बांग दे तथा उस ऋषि (गौतम) को (नींद से) जगा ।। १० ।। (इस पर) उस (देवता रूपी कुक्कुट) ने बांग दी तथा वह ऋषि बेदार हो गया। वह (ऋषि कुक्कुट की बांग सुनकर) कहने लगा—(गहरी) नींद के कारण मैं जाग न सका। वह (तुरन्त) हाथ में लोटा लेकर नदी की ओर (स्नान-ध्यान करने के लिए) चल पड़ा। जब वह स्नान करने लगा तो नदी ने सब जानकर उससे कहा—हे ऋषिदेव (तेरे) स्नान करने में अभी देर है (तू आज इतनी जल्दी क्यों आया?) तुझसे मैं ऐसा कभी नहीं कहती, किन्तु (अनर्थ न हो जाय और) मुझे पाप न लगे इसलिए कह रही हूँ। तेरे साथ इन्द्र ने कुक्कुट रूप धारण कर छल किया है; कहीं तुम बाद में मुझे शाप न दो (इसलिए सब कुछ कह रही हूँ)। (यह सुनकर) ऋषि वापिस मुड़ा और अपने घर के पास पहुँचा और उसने देखा कि इन्द्र (उसके घर में घुसने की)

पकन गव र्‌योंश तु वोतुय पनुनि शाये ।
वुछुन यंन्दुराज़ु करान आयि ग्राये ।। १५ ।।

द्युतुस रेंश्य शाप येंमि पुछ्य योंत च़ु आखुय ।
करय सूर वाकु सुतिन ज़न नु ज़ाखुय ।।
अहल्यायि शाप द्युतुनय बरथाहन ।
सपुन शिला योंताम तिम ज़नम दारन ।।
यिनय ज़नमस अमी पुछ्य रामुअवतार ।
चुह बेंह यथ शायि कर समुयस नमस्कार ।।
समय अन्थस गोंवुय मा अहल्याये ।
च़रनन शेर दोरुय वेंश्नुमाये ।।
लंजिस पादन दिने मीठ्य येंछि माये ।
लंजिस तोंता करने जायि जाये ।। २० ।।
दितुनस पादयि गन्द दोंपनस में मो रोश ।
च़ु रोज़तम वोंन्य साहिबो लागयो पोश ।। २१ ।।

भजन

लागयो　　पोश　　शेरे ।
रामु　　च़ंन्दुरुह　　चानि　　वेरे ।।

कुचेष्टा कर रहा है ।। १५ ।। ऋषि ने उसको (इन्द्र को) शाप दिया कि जिस उद्देश्य से तुम आये (उस कुत्सित पाप के कारण) शाप से तुम्हें ऐसे भस्म कर डालूँगा मानो तुम कभी जन्मे ही न थे। अहल्या को भर्त्ता (गौतम) ने यह शाप दिया कि तू तब तक शिला बन जा जब तक वे (राम, लक्ष्मण आदि) जन्म नहीं लेते। वे तुम्हारे लिए ही अवतार धारण करेंगे। तू इसी स्थान पर (शिला-रूप में) बैठ और उस समय को नमस्कार (प्रतीक्षा) कर। (लगता है कि अब) अहल्या के समय (उसकी प्रतीक्षा) का अन्त हो गया है, तभी प्रभु के चरणों में वह प्रत्यक्ष हो गई (उन्हें अपने ऊपर धारण कर लिया।) वह (रामचन्द्रजी के) चरणों को भाव-विभोर होकर चूमने लगी तथा उनके अंगप्रत्यंग की स्तुति करने लगी ।। २० ।। उसने चरणामृत पीकर (रामचन्द्रजी से कहा) हे भगवन्! अब मुझ से रुष्ट न हों। हे मेरे साहिब! मेरा उद्धार कीजिए, मैं आप पर पुष्प चढ़ाती हूँ ।। २१ ।।

आपके शीश पर पुष्प चढ़ाऊँ। हे रामचन्द्रजी! (ये पुष्प हैं)

पांछ बूत छिय च्रे मने ।
वातान छुख हनि हने ॥
मनु मन्ज़ु आख में वने ।
रामु च्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ १ ॥

अज्ञान छुम में मने ।
काम क्रूद लूब गने ॥
ध्यान चोन मनि सने ।
रामु च्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ २ ॥

शामु रूपु रामु ज़ुवुह ।
मनशि रूपु ज़नम छुवुह ॥
बूमि बार आख कासुने ।
रामु च्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ ३ ॥

शाप द्युत में बरथाहन ।
यंन्दुराज़ुह चाव करन ॥
पापु सुत्य गंयसय शरन ।
रामु च्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ ४ ॥

शाप द्युतुन यंन्दुराज़स ।
दीवन हुन्दिस राज़स ॥
लूब गोंय च्रे कामु वेरे ।
रामु च्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ ५ ॥

बस आपके लिए। पंचभूत आप में समाये हुए हैं और आप सब में समाये हुए हैं। मैंने भी आपको अपने मन में पहचान लिया है। हे रामचन्द्रजी! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए। १ मेरे मन में अज्ञान है। काम, क्रोध और लोभ इसमें सने हुए हैं। बस, अब यह (मन) आपके ध्यान में मग्न हो रहा है। हे रामचन्द्रजी! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए। २ हे (मेरे) श्याम-रूप राम! आप मनुष्य रूप में जन्म लेकर भूमि को भार-मुक्त करने आए हैं। हे रामचन्द्रजी! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए। ३ मेरे भर्त्ता ने मुझे शाप दिया (जिस पर) इन्द्र प्रसन्न हो गया था। (अब) मैं पापिन आपकी शरण में आगई हूँ। हे रामचन्द्रजी! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए। ४ (मेरे भर्त्ता ने) इन्द्र को भी शाप दिया जो सभी देवताओं का राजा है। उसे काम का लोभ हुआ था। हे रामचन्द्रजी! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए। ५

येंमि लूबु ञ्राख मकानस ।
तिम सास गंयी ञ्रें पानस ॥
वंरथन पनुनि वेरे ।
रामु ञ्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ ६ ॥

सास न्यतुर तस बन्याव ।
दीवन प्यठ सु नन्याव ॥
दयि गत वुछो नेरे ।
रामु ञ्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ ७ ॥

न्यंत्रन ञ्रंजुम गटु ।
हावतम पनुनि वतु ॥
शाप ञ्रोंलमु पापु वेरे ।
रामु ञ्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ ८ ॥

ब्रह्मा चानि गंञ्रुय ।
ज़्यवन करुनि संञ्रुय ॥
व्यॆश्नु रूपु क्रश्नु वेरे ।
रामु ञ्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ ९ ॥

शिव रूप कंर्यथ ज़ाये ।
जय कार अहल्याये ॥
खांरथन वॆश्नुमाये ।
रामु ञ्रंन्दुरुह चानि वेरे ॥ १० ॥

हे इन्द्र ! जिस लोभ से तुम ऋषि के मकान में प्रविष्ट हुए थे, तुम्हारे शरीर पर (वही) हज़ार नेत्र (भग) बन गए। हे रामचन्द्रजी! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए। ६ उसके हज़ार नेत्र बन गए। (स्पष्ट) दैव गति देखिए सभी देवताओं पर यह बात प्रकट हो गई। हे रामचन्द्रजी ! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए। ७ मेरी आँखों से (अब) अन्धकार दूर हो गया। अब आप मुझे अपनी राह दिखाएँ। मैं पापिन शाप-मुक्त हो गई। हे रामचन्द्रजी ! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए। ८ ब्रह्मा ने (भी) आपकी गति को जानने के लिए जन्म लिया। आप ही विष्णु हैं और कृष्ण के रूप में भी आप ही हैं। हे रामचन्द्रजी ! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए। ९ अहल्या आपकी माया को जयजयकार करती है। उसका सुन्दर रूप (शारीरिक सौन्दर्य) व्यर्थ कर (गौण करके)

घ्युतुथम में दरशुनुय ।
अमर्‌यथ् वरशुनुय ॥
कासतम ज़ूनि ग्रुहुनुय ।
राम् च्रन्दुरुह चानि वेरे ॥ ११ ॥

अन्थ चोन कुस ज़ाने ।
क्याह ओसुम में लाने ॥
बूमि बार कासुवुने ।
राम् च्रन्दुरुह चानि वेरे ॥ १२ ॥

जयकार गोतम रेंशिस ।
अहल्यायि हंन्दिस अंशिस ॥
प्रकाशि चानि वेरे ।
राम् च्रन्दुरुह चानि वेरे ॥ १३ ॥

सीतायि ह्युन्द ज़नुम तु सोंयमव्रर

ज़नख राज़स दपान कूरा छि ज़ामुत्र ।
सोंमा लंख्यमी छि तंम्य सुन्द गरु आमुत्र ॥
स्यठाह सनतानु पुछ्य आवारु ओसुय ।
दयन दंर्‌ययावु प्यठु तस कूफ कोसुय ॥

आपने उसका उद्धार किया। हे रामचन्द्रजी ! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए । १० आपने मुझे दर्शन देकर मुझ (पापिन) पर अमृत बरसाया। अब मुझ चाँद पर लगा हुआ ग्रहण दूर कर दीजिए। हे रामचन्द्रजी ! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए । ११ आपके अन्त को कौन जान पाया है। मेरे भाग्य में न जाने क्या लिखा था। हे भूमि को भारमुक्त करने वाले ! हे रामचन्द्रजी ! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए । १२ गौतम ऋषि की जयजयकार हो। अहल्या के आँसू आपके प्रकाश के लिए हैं। हे रामचन्द्रजी ! (ये पुष्प हैं) बस आपके लिए । १३

सीता का जन्म और स्वयंवर

कहते हैं राजा जनक के एक लड़की उत्पन्न हुई है, मानो (स्वयं) लक्ष्मी उसके घर में आ गई है। वह (राजा) सन्तान-अभाव के कारण बहुत उद्विग्न रहा करता था पर अब भगवान् ने दरिया पर उसके अभिशापों को दूर कर दिया। उसने कहा कि मैं दरिया पर एक यज्ञ

दॊंपुन करु जग नदि प्यठ द्राव पानु ।
खॊनिन म्यॆच्र मॆच्रि तलु तॆम्य लॊब खज़ानु ।।
स्यठाह सन्तानु वापथ लोल तस ओस ।
सन्दूकस वयथ लॊबुन मॆच्रि तलु खॊश गोस ।।
दयोगत दीवियाह च्रॆन्द्रमु ह्यश आंस ।
सिरियि सुंदि खॊतु प्रवुह त्रावान स्यठा आंस ।। ५ ।।

स्यठा आशच्रर यि कॊर तॆम्य ह्यॊर खारुन ।
छ क्या तिमु डानु यिमु यिछु विगनि मारन ।।
कॆरुख टीका यि कस तामत छि ज़ामुच्र ।
छुनिक कॊलि यॊत छि पानिस सुत्य आमुच्र ।।
वुछिख दुरदानु डीठुक ज़न सतु मास ।
न्यॊठन दॊदु दामु खातरु च्रुह दिवन आंस ।।
गंमुच्र बरुह ज़न पॆमुच्र आंस आसमानु ।
हरान आंस मॊख्तु ऒश ज़न दानु दानु ।।
जिगर हॆन्दुरिथ वुछन च्रॆन्दुरन तु तारन ।
वदान आंस टाछि आंस माजि छारन ।। १० ।।

रचाऊँगा और स्वयं (यज्ञ का संपादन करने हेतु) निकल पड़ा। उसने मिट्टी खोदी (खनन किया) और मिट्टी के नीचे उसे एक ख़ज़ाना मिल गया। सन्तान-प्राप्ति के लिए वह अत्यन्त विकल था। (मिट्टी) खोदते-खोदते) उसे एक सन्दूक (पेटी) मिला जिसे देख वह ख़ुश हो गया। दैवगति से उसमें देवी-तुल्य एक कन्या निकली। वह देवी चन्द्रमा के समान थी तथा सूर्य से अधिक आलोक विकीर्ण कर रही थी ।। ५ ।। उसे देखकर राजा को बहुत आश्चर्य हुआ और वह उसे ऊपर ले आया। (राजा कहने लगा,) वे डाइन-सदृश माताएँ भी क्या हैं जो ऐसी सुन्दर देव बालाओं को मार देती हैं (परित्याग कर देती हैं)। सभी (उपस्थित-जन) टीका-टिप्पणी करने लगे कि यह कन्या किसी के यहाँ जन्मी होगी और उसे (बाद में) नदी में फेंक दिया गया होगा तथा बाद में पानी के प्रवाह के साथ यहाँ पहुँच गई होगी। सभी ने उस रूपसी को देखा और सभी को लगा जैसे वह सात मास की कन्या हो। वह दूध पीने के लिए अपने अँगूठे को धीरे-धीरे चूस रही थी। वह कुम्हला गई थी जैसे आसमान से गिरी हुई हो (असहाय हो, कोई भी अपना न हो) वह अपनी आँखों से मुक्ता (मोती) के दानों की तरह आँसू बहा रही थी।

दपन क्याह् सना बबस गवना कनंन म्योन ।
अबस ज़ानुन हच़र गवना बबस म्योन ।।
कंमिस वनु बो तंमिस अंछ कोनु फोरन ।
मरस त क्याह् करस छनु वांस सोरन ।।
यिछ़न कोरेंन छि कम बब मांज लागन ।
यिमन पतु वाव तिमन अदु काव ज़ागन ।।
ज़नख राज़न दोंपुस बब छुस बों चोनुय ।
दयस निशि लेखुनावय रुत च्रं लोनुय ।।
ति मा आंसुस ख़बर यथ गंच़ बु वाता ।
यिहय मांसूम सारेंन मा छि माता ।। १५ ।।

नियन गरु लोलु सुतिन तंम्य सौंन्दरमाल ।
रंछिन तिथु यिथु रछन छि अंछ अ्न्दर लाल ।।
कमाना अख थोवुन तंम्य तथ बचन यी ।
कड्यस युस कश तु शेरस लागि सु ही ।।

वह जिगर-सोख़्ता (आकाश में) चाँद व तारों को देख रही थी। वह (फूट-फूटकर) रो रही थी मानो अपनी प्यारी माँ को ढूंढ रही हो, ।।१०।। और जैसे कह रही हो—क्या मेरे माँ-बाप के कानों में मेरा आर्त्तनाद नहीं पड़ा था (जो उन्होंने मुझे इस तरह त्याग दिया), उनको मुझ पर थोड़ी-सी भी दया क्यों न आई, अब मैं अपना दुखड़ा किससे कहूँ ? क्या उनकी आँख नहीं फड़कती (उनको मेरा ध्यान नहीं आता)। मैं मर जाना चाहती हूँ, पर क्या करूँ आयु घटती भी तो नहीं है। मुझ जैसी भाग्यहीना को भला (कौन अपनायेगा), कौन माता-पिता बन सकता है। सच हैं, जो (पहले से ही) दरिद्र होते हैं उन पर कौवे भी झपट पड़ते हैं। (कन्या की ये मर्मस्पर्शी बातें सुनकर) राजा जनक बोले—(तू अधीर न हो कन्या !) मैं तेरा पिता हूँ। तेरे लिए मैं स्वयं भगवान् से सौभाग्य लिखाकर लाऊँगा। पर उस (राजा जनक) को क्या खबर थी कि वास्तव में वह मासूम कन्या सभी की माता है।। १५ ।। राजा उस सुन्दर कन्या को प्रेमपूर्वक घर पर ले आये और उसका इस तरह पालन-पोषण करने लगे जैसे आँखों की पुतली (हो)। (कन्या जब बड़ी हुई तो उसका विवाह करने के लिए) राजा ने एक वचन रखा कि (इस) कमान से जो तीर फेंकेगा उसके शीर्ष को वह सुशोभित करेगी। शिवजी द्वारा प्रदत्त इस कमान की यह विशेषता है कि जो इसे खींचेगा और तीर चलायेगा उसे ही मैं कन्या सौंपूंगा। अगरचे अनेक बलवीरों

कमान दिच्चुमुत्र शिवन तथ यी छु तदबीर ।
दियस तस कश कंडिथ युस त्रावि तथ तीर ।।
लोंमुख योंदवय बलुवीरव स्यठाह तथ ।
अंछिर वाला मुले कंरनख नु हरकथ ।।
यिवान छि वीर तथ सुबहन तु शामन ।
रिवां नेरां दिवान तिम चाक जामन ।। २० ।।

तिमय बलुवीर यिम फोंकु सुत्य तुलन बाल ।
अमानत कोंह न हरकत अख अंछिर वाल ।।
मनस कथ थाव तस प्यव नाव सीता ।
बु छुस जानन च्रे सुत्य छस करमु लीखा ।।
पकान गंयि वांत्य तथ शहरस अन्दर च्चायि ।
ख़बर राज़स कंरुख तिम ह्यथ कमान द्रायि ।।
लमान कम आंस्य तथ वीरस शुराह सास ।
दयोगत वुछ रेंशिस बोज़नु क्याह आस ।।
लमान कम आंस्य तथ बोज़ सासुबंद्य वीर ।
तुजिन थोंद रामुचंन्दुरन त्रोवनस तीर ।। २५ ।।
मछन हुन्द कश कंडिथ त्युथ तीर त्रोवुन ।
सदाह कोंरनस समय यंत्र शोरु नोवुन ।।

ने उस (कमान) को खींचा किन्तु उस कमान ने पलक के बाल बरा[illegible] भी (तिल भर भी) हरकत न की। सुवह-शाम वीर आते-जाते [illegible] किन्तु सभी अपना-सा मुँह लेकर वस्त्रों को चाक करते हुये निकल गये ।। २० ।। वे बलवीर जो फूँक से बड़े-बड़े पर्वत उठा सकते थे, वे [illegible] कमान को पलक के बाल बराबर भी हिला न सके। (राजा मन[illegible] सोचने लगे) लगता है, मेरी कन्या सीता का कर्म-लेख अवश्य कि[illegible] विशिष्ट व्यक्ति के साथ बँधा हुआ है। इधर तीनों, रामचन्द्र जी लक्ष्मणजी और विश्वामित्र चलते-चलते उसी शहर की ओर निक[illegible] पड़े और उसके अन्दर दाख़िल हुये। राजा को ख़बर भेजी ग[illegible] और वे कमान लेकर बाहर आये। उस कमान को सोलह सह[illegible] वीर खींच रहे थे। दैवगति देखिए कि महर्षि विश्वामित्र को क्य[illegible] सूझी जो वे उन रामचन्द्रजी व लक्ष्मणजी को वहाँ ले आये सुनिए, उस कमान को सहस्रों वीर खींचकर ला रहे थे रामचन्द्रजी ने उसे ऊपर उठा लिया और तीर छोड़ दिया ।। २५ ।।

ज़नख राज़स निशि र्‌योश पानु ज्ञावुय ।
दोंपुन तस ज्ञंन्द्रमस प्यठ सिरयि आवुय ।।
वेश्वामेत्रन ज़नख राज़स दोंपुन डेश ।
छु नेंछतुर जान रुत रूहिन तु बेंयि तेश ।।
कमर गंड नेर दशरथ राज़ु छारुन ।
अनुख सारिय कोंमार्‌य तारु तारुन ।।
ज्ञली शर अंछ्य मुज्ञुरिथ कर नमस्कार ।
लख्यन छि रुत्य ज्ञें टोठ्योय रामु अवतार ।। ३० ।।

अनुन दशरथ करिव तोंह्य आशनावी ।
फिकिर ज्ञंज्य सारिची नंव गंयि बजायी ।।
न्येंचुव छुय खोंश यिवुन गाटुल होंनर मन्द ।
होंनर मंज़ूर लंख्यमी वाति कस अन्द ।।
अगाफिल निशि पानस वातुनावुन ।
वुछुन पूशीदु पाठिन आज़मावुन ।।
हकीमा बे दवा करि ज़िन्दु मोंरदन ।
कलमज़न बर हवा तसवीर लेखन ।।

बाहुबल से उन्होंने कमान को खींचकर ऐसा तीर चलाया (कि वह टूट गई) और उसका शोर (टूटने का स्वर) सकल दिशाओं में गूँज उठा। विश्वामित्र ऋषि स्वयं राजा जनक के पास गये और कहा तुम्हारे चाँद (सीता) पर सूर्य (रामचन्द्र) का योग बैठा है। विश्वामित्र ने राजा जनक से (आगे) कहा—अभी नक्षत्रों का योग भी अच्छा है—रोहिणी व पुष्य भी श्रेष्ठ हैं। उठिए, कमर कसिए और राजा दशरथ से मिलिए। वहाँ से सभी को बुला लाइए और अपनी कुमारी (सीता) को तार दीजिए। आपकी सारी चिन्ताएँ अब दूर हो जाएँगी। उत्तम लक्षण हैं और रामावतार आप पर प्रसन्न हो गये हैं ।। ३० ।। दशरथ को बुलाइए और आप दोनों आशनाई कर लीजिए (संबंध स्थापित कर लीजिए), सारी चिन्ताएँ आपकी अब दूर हो जायेंगी। लड़का (रामचन्द्रजी) बहुत ही खुश-शक्ल, प्रबुद्ध एवं हुनरमंद (कलावंत) है। ऐसे हुनरमन्दों के पास लक्ष्मी की कोई सीमा नहीं होती। आप चाहें तो उन्हें अग़ाफ़िल रूप से बुलाकर तथा अनजाने में (पोशीदा रूप में) देखकर उन्हें आज़मा सकते हैं। वे बिना दवाई के मुर्दों को जिन्दा करने वाले

इमारतगर छु बर आबे रवाना ।
करन संगीन बनावान तैमीर खाना ।। ३५ ।।

मुंनजिम त्युथ ख़बर आगाज़ो अंजाम ।
दिलस लीखित ज़ि गरदिश हाये अयाम ।।
बनन ती यी वनन द्रशटान्त हावन ।
अमा छु नु कांसि निश यिम सीर बावन ।।
अपुज़ पोंज़ वोंनुन तंम्य लोगुन मंज़िम योर ।
तिमन ओस लानि तंम्य पानस ह्योतुन बोर ।।
करुन सोरुय दयस छु पानु आसन ।
ख़बर छा कोनु छुख दयि व्याद कासन ।।
कबीलस तान्य त्युथुय राज़ु प्रुछनि गव ।
वनुनि लोंग कार दयि सुन्द आशचरस गव ।। ४० ।।

तिथय बगवान्य तस माया पनुन्य हांव ।
यि कथ कर अदु कबीलस कांसि तंम्य बांव ।।

हकीम हैं । कलाकार वे ऐसे हैं कि हवा में अपनी क़लम से तसवीर बनाते हैं, कारीगर ऐसे हैं कि बहते पानी (आबेरवानी) में संगीन (कठोर, स्थायी) तामीर-ख़ाना (भवन) बना सकते हैं ।। ३५ ।। ज्योतिषी ऐसे हैं कि उन्हें सभी के आग़ाज़ो-अंजाम की ख़बर रहती है तथा कायनात के गरदिश की सारी बातें उनके दिल पर लिखी रहती हैं । जो वे कहते हैं वह होता भी है और उसका दृष्टांत भी प्रस्तुत करते हैं । परन्तु वे किसी पर अपना रहस्य प्रकट नहीं करते हैं । इस प्रकार (रामचन्द्र[illegible] की बड़ाई में) सत्य-असत्य कहकर उस (ऋषि) ने एक मध्यस्थ [illegible] भूमिका अच्छी तरह निभा ली । दरअस्ल, उन दो (राम और सी[illegible]) का संयोग होना लिखा था और ऋषि ने यह भार अपने ऊपर ले लिया—वे निमित्त बन गये । भगवान् को सब कुछ स्वयं करना होता है और इसकी ख़बर बिल्कुल नहीं रहती कि कब वे किस की विपदा दूर करेंगे। इस पर राजा जनक अपने क़बीले वालों के पास (राय पूछने के लिए) गये । वे आश्चर्य-मग्न होकर (रामचन्द्रजी) भगवान् की महिमा का वर्णन करने लगे ।। ४० ।। और भगवान् ने कैसे अपनी माया दिखाई (धनुष को क्षणभर में तोड़ा आदि)—यह बात वे अपने क़बीले वालों तथा अन्य कुटुम्बियों से कहने लगे । वे आगे कहने लगे कि भगवान् को (नियति

वनुनि लोग दय छु मिलुवान लांन्य कारन ।
पतो नाहक़ छु लूकन बांर्य खारन ।।
तवय ओसुस शिवन दिञ्ञ मुञ्ञ कमान तीर ।
तमिस व्यवाह छु तस सुत्य त्रावि युस तीर ।।
सु अबिलाश ओस मनुक तस सोर द्रामुत ।
सु तीर ओसुस दपान वालिंजि त्रामुत ।।
मुक़रर गव वेंश्वामेंत्रस लोंदुख बोर ।
ह्योंतुन तंम्य मटि पानस ओस मंज़िम योर ।। ४५ ।।

वेंश्वामेंत्रन गछ्िथ वोंन दशरथस यी ।
व्यवाह तस रामुञ्ञन्दुरस वोंन्य करुन छुय ।।
यि बूज़ित कूत सांपुन शाद दशरथ ।
वेंश्वामेंत्रस लोंगुस पादन वंदुनि रथ ।।
यि वुछितव करमुलीखा क्याह छि आसान ।
मंज़िमयोर छु बहानु खुर छु कासान ।।
लख्यन बूज़िथ ज़नख राजुह सपुन शाद ।
अंछिन मन्ज़बाग रंटिन रामुजुवन्य पाद ।।

के चक्र के अनुसार) मेल कराना होता है और नाहक़ ही (दूसरे) लोगों पर इसका भार चढ़ता है (वे कारण बन जाते हैं) । इसीलिए शिवजी ने यह तीर-कमान दी थी कि (सीता का) विवाह उसी के साथ सम्पन्न होगा जो इससे तीर छोड़ेगा । अब उस (राजा) के मन की अभिलाषा पूर्ण हो गई थी और दिल में लगा तीर (कहीं सीता कुंआरी ही न रह जाय) निकल गया था । (बाद में) यह मुक़र्रर हुआ कि पहले दशरथ को मनाने का काम विश्वामित्र को सौंपा जाय । इस तरह (विश्वामित्र ने) यह काम अपने ज़िम्मे ले लिया और मध्यस्थ बन गये ।। ४५ ।। (बाद में) दशरथ के पास जाकर विश्वामित्र ने यह कहा कि रामचन्द्रजी का विवाह अब आप को करना ही चाहिए । यह सुनकर दशरथ अत्यन्त शाद (प्रसन्न) हुए और विश्वामित्र की पाद-वन्दना करने लगे । यह देखिए, कर्म का लेख इसी को कहते हैं— मध्यस्थ तो बहाना होता है जो मात्र व्यवधान दूर करता है । इधर, रामचन्द्र के लक्षण सुनकर राजा (जनक) भी शाद हो गये और उन्होंने रामचन्द्र जी के पाद-कमलों को अपनी आँखों के साथ लगाया । उनका

स्यठा गोस मन प्रसंद खौंशहाल सांपुन ।
वॆच्रारिथ शॆछ्य लंज़ुन तस दशरथस कुन ॥ ५० ॥

लंज़ुन शॆछ्य दशरथस तंम्य राज़ु ज़नखन ।
च्रे मा व्यवाह करुन छुय राज़ु पोत्रन ॥
स्यठा सामानु पुरिथ राज़ु दशरथ ।
गछॆम युन सुत्य ह्यथ सालुर्य बअशरत ॥
त्युथुय युथ मन गछॆम यंत्रसाविदान शाद ।
वॆश्वामॆत्रस दोपुन सद आफरींबाद ॥
यि वुछतव क्याह छु आसन दयि कारन ।
गछान छु यॆलि मिलुवा लान्य कारन ॥
मुक़रर यी सपुन बासाज़ो सामान ।
तिथय महाराज़ु गछि युन खौंश तु खेलान ॥ ५५ ॥

पगाह सिरियन ज़ि कोह यॆलि शोलु त्रोवुन ।
दपान दशरंथ्य समय यंत्र शोरुनोवुन ॥
संमिथ तस आस कबीलु सोर क्रोनुय ।
दपान खांदर करनि गछि राज़ु सोनुय ॥ ५७ ॥

मन बहुत प्रसन्न व खुशहाल हुआ और उन्होंने विचार कर के दशरथ के यहाँ सन्देश भिजवाया ॥ ५० ॥ कि आप को अपने राजपुत्रों का विवाह तो नहीं करना है ? हे राजा दशरथ ! खूब सजधज कर व (ऐशो) इशरत आप बरातियों को संग लेकर पधारना ताकि मेरा मन पर्याप्त शाद हो जाये। (इसके बाद राजा जनक ने) विश्वामित्र को आफ़रींबाद (धन्यवाद) कहा (क्योंकि उन्हीं की वजह से यह शुभकार्य सम्पन्न होने जा रहा था।) देखिए, भगवान् की लीला भी कितनी अपरंपार है। जब दो व्यक्तियों का संयोग लिखा होता है तो वे कैसे उन्हें मिला देते हैं। (बाद में) मुक़र्रर यह हुआ कि दूल्हा ब-साज़ो-सामान (साज-सज्जा से युक्त) ख़ुशियाँ मनाता व खेलता हुआ आयेगा ॥ ५५ ॥ दूसरे दिन जैसे ही सूर्य (कोह) पहाड़ के उस पार से चमकता हुआ उदित हुआ तो कहते हैं दशरथ के यहाँ ख़ूब शोर-ग़ुल (जोश-ख़रोश) हुआ। उसके सभी क़बीले वाले व बन्धु-बाँधव (कुटुम्बी) आगये और कहने लगे कि हमारा राजा विवाह करने जा रहा है ॥ ५७ ॥

यैनि वाल्युक ग्यवुन

वनु वुनु मंजु रुत्र वासना द्राये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ।।
ओम शबदु सुतिन शोंकलम करिथ ।
बनुवुन ह्योतनय माजि बवाने ।।
लोलु सुत्य सरस्वती बेयि व्यजुयाये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ।। १ ।।

व्यजुया सों बरिथ दीवियि आये ।
प्यंगला तु मंगला शारदा ह्यथ ।।
शोंबुफल द्युतुनय माजि रांगिन्याये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ।। २ ।।

छांविथ हियि पोश माजि शिवाये ।
वोंतुसि वोंमायि कोरनय बाव ।।
सामानु गोण्डुनय माजि शारिकाये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ।। ३ ।।

लंखिमी सुत्य सुत्य रोंपु बवाने ।
सोंनु मालु मोख्तु मालु छुनिनस नाली ।।

बरातियों का गीत

(इन) गीतों से शुभ बोल फूट रहे हैं, हमारे श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। ओम् शब्द के साथ शुक्लम् का उच्चारण करके माता भवानी मंगलगीत गाने लगी है। सरस्वती और विजया भी प्रेम-मग्न होकर गाने लगीं—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। १ विजया के संग अन्य देवियाँ पिंगला, मंगला और शारदा भी आ गईं। माता राज्ञी ने शुभफल की बौछार की—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। २ माता शिवा ने हिय-पुष्पों की वर्षा की, उत्रस की उमा§ ने प्रेमभाव प्रकट किया तथा माता शारिका ने साज़ो-सामान से (श्रीरामचन्द्र) को सुसज्जित किया—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। ३ लक्ष्मी के साथ-साथ रूपभवानी भी आ गईं और उन्होंने सोने की मालाएँ व

---

§ उत्रस ग्राम की देवी 'उमा'। इस गीत में कश्मीर प्रदेश के स्थानीय देवी-देवताओं के कई नाम आये हैं।

वा'ल्य ज्ञालु गंजिनस माज़ि कालिकाये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ॥ ४ ॥

शीतला तु तोतला रामुनि माये ।
ड्यकस प्यठ च़ंदुरमु प्रज़लान छुस ॥
सोंनु जामु गंडिनय कौशल्याये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ॥ ५ ॥

गायत्री तु सावित्री त्रिसन्द्याये ।
ज़लन गामि नारु मंज़ु रंटनय जाये ॥
पवुनु सन्द लोंदरु सन्द बरगुशिखाये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ॥ ६ ॥

वसिष्ट तु ब्रह्मा वीद परान द्राये ।
ब्रह्मा व्योशिन तु ईशर द्राव ॥
नमस्कार बोंविनय करमु लीखाये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ॥ ७ ॥

यंन्दुराज़ु दरमु राज़ु बरक अन्दाज़ुय ।
चाव बरान कीकी वनुवान द्राये ॥
बरथजी शुत्रगुन वुछिने द्राये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ॥ ८ ॥

मुक्ताओं की मालाएँ (उनके) गले में डालीं। अन्य आभूषण (कुण्डल, अंगूठी आदि) माता कालिका ने पहनाये—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। ४ शीतला (देवी) और तोतला (देवी) भी प्रिय रामचन्द्रजी के लिए आ गईं। उन (रामचन्द्रजी के) माथे पर चन्द्रमा प्रज्वलित हो रहा है। कौशल्या ने स्वर्ण-वस्त्र (उन्हें) पहनाये—(हमारे) श्याम-रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। ५ गायत्री, सावित्री और त्रिसन्ध्या भी आ गईं। जलनगाँव की देवी तथा पवन-सन्ध्या, लो'दरु सन्ध्या और बरगुशिखा भी पधारीं—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। ६ वशिष्ठ और ब्रह्मा वेद-पाठ करते हुए निकल पड़े। ब्रह्मा के साथ-साथ विष्णु व ईश्वर भी निकल पड़े। कर्म के लेख को नमस्कार हो—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। ७ राजा इन्द्र और धर्मराज ने मुख्य कार्यकर्त्ताओं की भूमिका निभाई और कैकेयी चाव से मंगलगीत

सािवदान मन गोस शांद्य करानुय ।
मनु किन्य लोलु सुत्य सोमेत्राये ॥
नाल्य मालु छ्यनिनस कौशल्याये ।
शामु रूपु रामु गछ्छि सीताये ॥ ९ ॥

ह्यंगला तु मंगला बंदरुकल आये ।
बावुकि सरु मंज़ु ह्यथ पंपोश ॥
येंछ्छि सुत्य रामस लागुनि आये ।
शामु रूपु रामु गछ्छि सीताये ॥ १० ॥

तपीशर मुनीशर सुत्य तस द्राये ।
वनु वंन्य लोलु येंछ सुत्य ह्यथ द्राये ॥
नमस्कार बोविनय वेश्नु मायाये ।
शामु रूपु रामु गछ्छि सीताये ॥ ११ ॥

दीवियि विगने पतु ब्रोंठु द्राये ।
ब्रोंठु ब्रोंठु विगिनि छ सोज़ करान ॥
पतु पतु दीवियि वनुवान द्राये ।
शामु रूपु रामु गछ्छि सीताये ॥ १२ ॥

गाती हुई निकली। भरत और शत्रुघ्न भी (श्रीराम को) देखने के लिए निकल पड़े। (हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। ८ सुमित्रा का मन निश्चित होकर शादमानी करने लगा और वह प्रेम-मग्न हो उठी। उसके गले में कौशल्या ने मालाएँ डालीं—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। ९ हिंगुला, मंगला और भद्रकाली भी आ गईं। बड़ी लगन के साथ सभी अपने भावना के सरोवर के कमल (श्रद्धा-पुष्प) श्रीरामचन्द्र को लगाने के लिए आ गईं—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। १० (बड़े-बड़े) तपीश्वर और मुनीश्वर भी सप्रेम तीनों के साथ-साथ निकल पड़े। विष्णु की माया को नमस्कार हो—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। ११ (विभिन्न) देवियाँ व अप्सराएँ (नृत्य-गान करती हुईं) आगे-पीछे निकल पड़ीं। आगे-आगे देवांगनाएँ (अप्सराएँ) संगीत (वाद्य) बजाने लगीं और पीछे-पीछे देवियाँ मंगल-गान करती हुईं निकल पड़ीं—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। १२ नीलनाग (नील-सरोवर) के तरह-तरह के कमलों (पंकपुष्पों)

कम कम पंपोश नीलुनागु द्राये ।
येंछि सुत्य लागु हा श्री रामस ।।
मनु किन्य येंछि सुत्य लागुनि द्राये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ।। १३ ।।

प्रकाश चोनुय छुय प्रथ जाये ।
गट् च्रंज्य असि चानि दशरनु सुत्य ।।
दीवियि तु दीवता शरनुय आये ।
शामु रूपु रामु गछि सीताये ।। १४ ।।

श्री रामसुन्द येनिवोल

गोंडुख सामानु सोरुय राजुपोत्रन ।
सपुन खोंश राजु डीशिथ राजुपोत्रन ।।
बंरिथ सामाना अज़ ज़र बफ्त अतलास ।
स्यठाह नाल्य मोख्तु मालु सासु बंद्य सास ।।
गुरेन हसितेन गोंडुख सामानु अज़ ज़र ।
सरापा ग़रक़ गयि दर ज़रो ज़ेवर ।।

की भावाञ्जलि श्रीराम पर चढ़ाई गई। सभी मन व लगन से ये पुष्प (उन पर) चढ़ाने के लिए निकल पड़े—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। १३ (हे राम !) आपका ही प्रकाश प्रत्येक स्थान पर है। आपके दर्शन से हमारा अंधकार दूर हो गया। सभी देवी-देवता आपका दर्शन करने के लिए आ गये हैं—(हमारे) श्याम रूप राम सीता को वरण करने जा रहे हैं। १४

श्रीराम की बरात

राजपुत्रों को (विभिन्न प्रसाधनों से) अलंकृत किया गया और राजा उन्हें देखकर खुश हो गये। (सभी राजपुत्र) मूल्यवान् बाफ़्ता, अतलस आदि (क़ीमती वस्त्रों) से युक्त थे। गले में हज़ारों की संख्या में मुक्ताओं की मालाएँ (सुशोभित हो रही) थीं। घोड़ों व हाथियों पर मूल्यवान् सामान लादा गया और उन्हें सिर से पैर तक ज़री-ज़ेवर से ग़र्क़ (निमग्न) किया गया। सभी ख़ुशी-ख़ुशी अराबों (गाड़ियों) पर सवार हो गये और रथों व हाथियों पर से नक़्क़ारे (नगाड़े) बज उठे।

कंरुख शादी अराबन गयि सवारा ।
रथन हसितेंन प्यठुय वोयुख नक़ारा ।।
तयारी कंरुख़ सारिय द्रायि शादां ।
तिमन मंज़ रामुजुव ज़न सिरियि ताबां ।। ५ ।।

तबलु वोयुक सपुन यंत्र शादियाना ।
जनख राज़ुन गरु सांपुन्य रवाना ।।
समिथ तिम आसतु आसतु द्रायि खोंशदिल ।
पकुनि लंग्य रसु रसु मंज़िल ब मंज़िल ।।
स्यठाह शादी करान मंज़िल कंरिख तय ।
बशादी राज़ुह ज़नुखुन गरु गंछिथ प्यय ।।
दपान तंम्य राज़ु ज़नखन फरशि मख़मल ।
वथुरमुत लोलुबाग़स ही तु मसवल ।।
वुछिथ सामानु आशत्ररकार सांपुन ।
वुछिथ तिम राज़ु लूख यंत्र शाद सांपुन ।। १० ।।

तिमन वुछ्य वुछ्य स्यठाह गव शाद राज़ु ।
वुछिथ महाराज़ु यंत्र गव राज़ु ताज़ु ।।
कंरुख शादी मुनादी द्रायि बाज़ार ।
समिथ यिन राज़ु ज़नखुन गरु लाचार ।।

सभी तैयार होकर ख़ुशी-ख़ुशी निकल पड़े। उनके बीच में श्रीरामचन्द्र जी मानो सूर्य के समान चमक रहे थे ।। ५ ।। तबला (ढोल) बजाया गया और राजा जनक के घर की ओर (सभी) शादमानी के साथ रवाना हो गये। सभी इक्ट्ठे होकर आहिस्ता-आहिस्ता ख़ुश-दिल होकर चल पड़े। वे धीरे-धीरे मंज़िल-ब-मंज़िल चलने लगे। ख़ूब प्रसन्नता के साथ उन्होंने मंज़िल को तय कर लिया और ख़ुशी के साथ (आख़िरकार) राजा जनक के घर पर पहुँच गये। (इधर) राजा जनक ने (बरातियों के स्वागत के लिए अपने प्रेम-उद्यान के मख़मली फ़र्श को चंपा व मसवल के पुष्पों से सजा रखा था मूल्यवान् सामान को देख वे (राजा जनक) आश्चर्य करने लगे तथा बारात में ऐसे-ऐसे (राजा लोगों) महापुरुषों को देखकर वे शाद हो गये ।। १० ।। उन (बरातियों) को देख-देखकर राजा बहुत प्रसन्न हुए और आशातीत रूप से ताज़ा हो गये। (सभी ने) ख़ुशियाँ मनाईं और नगर (के बाज़ारों) में यह मुनादी कराई गई कि जो लाचार (निर्धन, दरिद्र) हों वे सभी मिलकर राजा जनक के घर

द्युतुक दरमस खज़ानु राज तु ताज ।
बिला शक वाति योंत युस आसि मोंहताज ।।
स्यठाह गव नगर खोंश शांदी तिमव दीठ ।
कंरिथ यंच्र दरम दान लंगनस प्यठन वीठ्य ।। १४ ।।

लंगनुक ग्यवुन

शेरस लागय पोश लवु हंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।।
शोक्लम कंरिथ ओम शब्दु सांतिये ।
वीदु शास्त्रु द्रायि रुत्य रुत्य गोंन ।।
वोंलुबा वंरुनख महागनुपंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। १ ।।
व्यजया सुत्य छय बेयि सरस्वतिये ।
वनु वुनु मंजु शोंब वासना द्राये ।।
शिवुनाथ वरुने आव पारुवंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। २ ।।
जमुना शारुदा छय सुत्य सुतिये ।
नमु ना पादन गण्डु हांय सोंन ।।

पर आजायें, उनके लिए खज़ाने का सारा धन, राज और ताज लुटाया जायेगा। कोई मुहताज (निःसहाय) हो तो वह बिलाशक (निश्चिंत होकर) यहाँ पहुँच जाय। नगर बहुत ही खुश हो गया और नगरवासी शादमानी करने लगे। (इस प्रकार) पर्याप्त दान-धर्म करके वे लग्न करने को बैठे ।। १४ ।।

लग्न का गीत

तेरे सिर पर ओस-सिक्त (ताज़े) पुष्प लगाऊँ, री सीता! तेरा विवाह काल आ गया। शुक्लम् (शुभ योग) में ओम् शब्द के साथ वेद एवं शास्त्रों की मंगल-वाणी प्रस्फुटित हो रही है। वल्लभा का वरण करने महागणपत आगये हैं—री सीता! तेरा विवाह-काल आ गया। १ (देवी) विजया के साथ सरस्वती भी है। मंगलगीतों से शुभवासना (शुभेच्छा) फूट रही है। शिवनाथ पार्वती को वरण करने आये हैं—री सीता! तेरा विवाह-काल आ गया। २ जमुना और शारदा (भी)

बूतीश्वर वरुनि आव रागिन्यायि यॆतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। ३ ।।

ह्यंगला मंगला बंदरुकल आये ।
ब्रह्मा करान ओस दारु पूजा ।।
दारस अरुगु पोश लाग्य हुंगि साती ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। ४ ।।

जाला लम्बोदर बेंयि गणपंतिये ।
कंरिहय पोंपरु कोंङ्ग पोशि डूरी ।।
बालुहामि वालिकायि वनुवुन ह्योंतये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। ५ ।।

अंकिनगामि शिवायि वनुवुन ह्योंतये ।
वोंतुसि वोंसायि कंरनय जाय ।।
लोलु चानि जनु खुनि गरि छी यॆतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। ६ ।।

सोंम्बरिथ दीवी दीवता यॆतिये ।
ब्रह्मा तु ब्रह्मन वीद परान ।।
लंगुनस वंछुखय रामस सातिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। ७ ।।

साथ-साथ हैं। तेरे चरणों में झुककर वे सोना बाँध रही हैं। भूतेश्वर राज्ञी को वरण करने आये हैं—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया। ३ हिंगुला, मंगला और भद्रकाली (भी) आ गई हैं। ब्रह्मा (स्वयं) द्वार-पूजा कर रहे हैं। द्वार पर अर्घ्य व पुष्प उन्होंने सश्रद्धा लगाये—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया। ४ ज्वाला, लम्बोदर और गणपत ने पाँपोर गाँव में तेरे लिए केसर (कुमकुम) की वाटिका लगाई। बालुहाम गाँव की वालिका (देवी) ने भी मंगलगान शुरू किया—री सीता तेरा विवाह-काल आ गया। ५ अकिनगाम गाँव की शिवा भी मंगलगान करने लगी। उत्रस गाँव की उमा ने अपने दिल में तुझे बिठाया। ये सभी देवियाँ तेरे प्रेम में यहाँ जनक के घर विराज रही हैं—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया। ६ सभी देवी-देवता यहाँ इकट्ठे हुए हैं और ब्रह्मा व अन्य ब्राह्मण वेद-पाठ कर रहे हैं। सभी ने लग्न-मण्डप पर सीता को राम के साथ देखा—री सीता !

त्रिसन्द लोंदरुसंद पवनु सांतिये ।
अज्ञान त्रांविथ व्योंन व्योंन नाव ।।
वशस्ट महार्योंश छुय सनिदान येंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। ८ ।।

छु राज़ु वुछान ब्रोंठु तय पंतिये ।
रोंपुबवानि रंट वासुकुरि जाय ।।
अंगनस कुन च़ु अथु दार येंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। ९ ।।

ब्रह्मा वीद परान ब्रोंठ तु पंतिये ।
सन्ज़ करनि आंयी बंदरुकांली ।।
रामुजुव वरुनि आव सीतायि यैंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। १० ।।

क्रुश्नु जुवन अवतार दोरुन येंतिये ।
रादायि वरुने मन्ज़ द्वारिका ।।
नन्दु गोर्युन गरु आमुत छु येंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। ११ ।।

राज़ु सोन बोज़ वरन त्रिपुरसुन्दंरिये ।
शीतला तु तोतला रख्या कार ।।

तेरा विवाह-काल आ गया । ७ त्रिसन्ध्या (भी) लो'दरु-सन्ध्या और पवनु-सन्ध्या के साथ आ गईं हैं । अज्ञान को त्याग कर उनके (पृथक्-पृथक्) स्वरूप को पहचाना जा सकता है । महर्षि वशिष्ठ भी यहाँ पर सुशोभित हो रहे हैं । री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । ८ राजा (कभी) आगे और (कभी) पीछे देख रहे हैं । वासुकुर गाँव की रूपभवानी ने भी अपना स्थान ग्रहण कर लिया । अग्नि के प्रति तेरे हाथ हैं--री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । ९ ब्रह्मा (तेरे) आगे-पीछे वेद-पाठ कर रहे हैं । भद्रकाली तुझे (साज-सँवार कर) तैयार करने के लिए आ गई हैं । रामचन्द्र सीता का वरण करने के लिए आ गये हैं—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । १० कृष्णजी ने (जैसे) यहाँ अवतार धारण कर लिया है और द्वारिका में राधा को वरण करने के लिए आ गये हैं । वे (जैसे) नन्द-ग्वाल के घर यहाँ आ गये हों--री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । ११

लंखिमन जुव वरुनि आव पद्मावंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। १२ ।।

वेंश्वामेंत्रन म्युल कंरिथ द्युतुये ।
राज़ु दशरथ गरुहय आव ।।
बरथ राज़ु वरने आव बगवंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। १३ ।।

दशरथ तति कौंलुबरदार दांरी ।
सन्ज़ तय सामानु छुय करान ।।
शतुरगुण वरुनि आव पद्मावंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। १४ ।।

त्रिकूटी दीवता सुत्य सुत्य संतिये ।
लांनिस चांनिस जय जय कार ।।
त्रिकारण त्रिभुवन सुत्य सुत्य येंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। १५ ।।

दीवी छय करान पोशन फौंतिये ।
राज़ु कौंमारि करु पोशि पूज़ा ।।
शेरस पोश लागय वौंज़िल्य नील्य छेंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवार काल ।। १६ ।।

सुनो, हमारा राजा त्रिपुरसुन्दरी को वरण कर रहा है। देवी शीतला और तोतला रक्षा करने आई हैं। लक्ष्मण जी पद्मावती को वरण करने के लिए आ गये हैं—री सीता ! तेरा विवाहकाल आ गया। १२ विश्वामित्र ने यह संयोग कराया और राजा दशरथ फूले नहीं समा रहे हैं। भरत (भी) पद्मावती को वरण करने के लिए आ गये हैं—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया। १३ दशरथ (सूर्य) वंश के मुखिया का दायित्व निभा रहे हैं तथा सभी तरह के प्रबंध कर रहे हैं। शत्रुघ्न (भी) पद्मावती को वरण करने के लिए आ गये हैं—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया। १४ तीनों लोकों के देवता (तैंतीस करोड़ देवता) साथ-साथ हैं। तेरे भाग्य को जय-जयकार हो। त्रिकारण एवं त्रिभुवन (के स्वामी) भी यहाँ पर हैं—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया। १५ देवी पुष्पों के अम्बार बना रही है ताकि (हमारी) राजकुमारी की पुष्पों से पूजा की जाय। तेरे शीर्ष पर वह लाल, नीले

दीवता अंद्य अंद्य वुछान छी लंतिये ।
लायि बांये गंगु व्यसु मंगु नावेख ।।
लायि बांये लायि छख दिच्ञ ब्रोंठु पंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। १७ ।।

लंख्यमी तु हारी आयि परुबंतिये ।
अष्टादशु बोंज़ साल करान ।।
च्रंकरीशोंर वरुने आव बगुवंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। १८ ।।

दखिनायि येंलि वेलु वोतुय संतिये ।
वसिष्ट महारुयोंश थाल ह्यथ द्राव ।।
पखिदार ब्रह्मनव निथि मोंहरु फोंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। १९ ।।

मंज़िमयोर मोंहरु मंगनि आवुय तंतिये ।
दखिना दिनु विज़ि कोंरुख याद ।।
नन्दगूर दोंद ह्यथ आसय योंतुये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ।। २० ।।

व सफ़ेद पुष्प लगा रही है—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । १६ आस-पास बैठे सभी देवता (सब कुछ ध्यान से) देख रहे हैं । 'लायबोय'† और 'गंगव्यस'† को बुलाया गया । लायबोय ने आगे-पीछे खीलों की वर्षा की—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । १७ (देवी) लक्ष्मी और 'हारी' (शारिका) पर्वत से आ गईं । अष्टादशभुज भोज का आयोजन कर रही हैं । चक्रेश्वर भगवती को वरण करने के लिए आ गये हैं—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । १८ जब दक्षिणा देने की वेला आई तो (कुल-ब्राह्मण) महर्षि वशिष्ठ थाली लेकर निकले (तथा अन्य) पक्ष के ब्राह्मणों को मोहरों की टोकरियाँ मिलीं—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । १९ दक्षिणा देने के समय मध्यस्थ को याद किया गया और वह मोहरों को माँगने स्वयं वहाँ (लग्न-मण्डप) पर पहुँचा । (विवाह में दूध की व्यवस्था करने के लिए) नन्द-ग्वाल स्वयं दूध लेकर वहाँ आये हैं—री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । २० आपके प्रकाश से अन्धकार दूर हो गया । हे राम ! अब

† लग्न का एक विशिष्ट कृत्य । कन्यापक्ष के बालक और बालिका इसे सम्पन्न करते हैं । इन्हें क्रमशः लायबोय और गंगव्यस कहते हैं ।

प्रकाशि चाने गटु गंज्य येतिये ।
श्रीरामु असि वोन्य दर्शुन हाव ॥
अन्दुकार वोन्दु निशि कास बगुवंतिये ।
संतिये वोतुये व्यवाह काल ॥ २१ ॥

व्यवाह (लंगुन)

वेश्वामित्रन लंगुन वोन राज़ु ज़नखस ।
अंनिख सीता तु पुशरुख रामुचन्दुरस ॥
रंनिख बूज़न अंनिख सारिय कबीलु ।
कोंरुख व्यवाह तिमन रूदुक नु हीलु ॥
ज़नख राज़स पनुन्य अख आस कौंमारी ।
सों पुशरुन लंखिमनस खोश गास सारी ॥
ज़ु आसस बावुज़ु पुशरेन तिमन दोन ।
वरुथ वेयि ओस मालिस सुत्य शतुरगोण ॥
करुख तीज़ी तु खोश सांपुन सु दशरथ ।
कोरुन खान्दर तु गरु गव च्रोर नोशि ह्यथ ॥ ५ ॥

करुख शादी अरावन गंयि सवारा ।
ज़नख राज़ुनि गरि सांपुन्य रवाना ॥

आप हमें दर्शन दीजिए। हमारे दिल से, हे भगवती, आप अन्धकार मिटा दीजिए---री सीता ! तेरा विवाह-काल आ गया । २१

विवाह (लग्न)

विश्वामित्र ने राजा जनक को लग्न बताया और सीता को लाकर श्रीरामचन्द्र को सौंपा गया। अच्छे-अच्छे भोजन पकाये गये तथा सारे क़बीले वालों को बुलाया गया। विवाह (सानन्द) सम्पन्न हुआ तथा किसी को कोई शिकायत नहीं रही। राजा जनक की एक अपनी कुमारी (कन्या) थी जिसे उन्होंने लक्ष्मण को सौंपा तथा सभी ख़ुश हो गये। उनकी दो भतीजियाँ भी थीं जिन्हें उन्होंने पिता के साथ आये हुए भरत और शत्रुघ्न को सौंपा। सभी ने (लौटने ने लिए) जल्दी की तथा राजा दशरथ ख़ुश हो गये। विवाह के सम्पन्न हो जाने पर वे (राजा दशरथ) चार वधुओं को लेकर घर (अयोध्या) की ओर चल पड़े ॥ ५ ॥ ख़ुशियाँ मनाते हुए सभी रथों पर सवार हो गये तथा जनक के घर से

सु दशरथ लीन गव पनुनिस हरस कुन ।
पकन गव लोलु सुत्य पनुनिस गरस कुन ॥
गर्म बाज़ार सांपुन दरम का राज ।
मनुष्य गंयि खोंश कांह छुनु कांसि मुहताज ॥
पकान गव वोत येंलि तोंत बारगोराम ।
कमान फुटरुन दोंपुन तस कर चु आराम ॥
दोंपुन तस गछ चु पानस बेंह खंटित रोज़ ।
नयाबत वांच्र वोंन्य असि निश पोंज़ुय बोज़ ॥ १० ॥

पकन सोंन रोंफ छकन गरुड़ा सवांरी ।
संमिथ त्रियि आयि लजि तस पांर्य पांरी ॥
तसुन्द दरशुन वुछित तिमु पान गालन ।
ज़ु आलंच्र करन मोंक्तु रूद वालन ॥
यिवान दरशुन वुछिनि सांरी गंडिथ गुल्य ।
करान आलंच्र जिगर गोशस वन्दन दिल ॥
वनुनि लंग्य शक्ति बोंड दय व्याद कांसिन ।
नंविस राज़स मुबारकबाद आंसिन ॥

रवाना हो गये । राजा दशरथ अपने हर (भगवान्) के ध्यान में लीन हो गये तथा प्रेमपूर्वक अपने घर की ओर प्रस्थान किया । दान-धर्म के प्रभाव से सभी बाज़ार (रास्ते) गर्म हो उठे (रास्ते-भर राजा ने ख़ूब दान-पुण्य किया) । सारे मनुष्य ख़ुश हो गये—कोई किसी का मुहताज न रहा (व्यापक दान के कारण कोई निर्धन नहीं रहा) । चलते-चलते उन्हें रास्ते में भार्गव राम (परशुराम) मिले । (दशरथ ने उनसे कहा,) आपकी कमान तोड़ दी जा चुकी है, आप आराम करें तथा कहीं बैठकर गुप्तवास करें । (इस बहाने से) हमारे पास एक दुर्लभ वस्तु (सीता) आ गई है—यह आप सच मानिए ॥ १० ॥ इस प्रकार (विपुल मात्रा में) सोने-चाँदी की दान-पुण्य में वर्षा करते हुए तथा गरुड़ पर सवार होकर वे (श्रीरामचन्द्र जी सीता सहित) आगे चलते गये । (अयोध्या में सीता-राम के आगमन की सूचना पाकर) नगर की सभी स्त्रियाँ इकट्ठी हुईं तथा उन पर बलिहारी हुईं । उसका (सीता का) दर्शन पाकर वे उस पर मर मिटीं । सभी ने दो बार आरती उतारी तथा मोतियों की वर्षा करने लगीं । दूसरे अनेक नर-नारी हाथ जोड़कर दर्शन करने हेतु आते गये तथा जिगर के टुकड़े (श्रीराम) की आरती उतारकर वंदना करने

मुच़रिख गंज पुशिरांविख ग़रीबन ।
सोंनस तल ग़रक़ सांपुन्य सांरी बरह्मन ।। १५ ।।

वालकाण्ड समाप्त

लगे कि सर्वशक्तिमान् भगवान् हमारे दुःख दूर करें तथा नये राजा को मुबारिकवाद हो। खज़ानों के द्वार ग़रीबों के लिए खोल दिये गये तथा सारे ब्राह्मण सोने तले डूब गये (असीम दान पाकर स्वर्णमय हो गये) ।। १५ ।।

।। बालकाण्ड समाप्त ।।

अजोद्या काण्ड

राजतिलक

जमा सांरी सपुन्य अरकानि दोलत ।
तिमव करं सारिवुय राज़स सुतिन कथ ।।
दोंपुक नगरस संमिथ खिर खण्ड ख्यावव ।
नंविस राज़स पलंगस बेंह नावव ।।
मुक़रर गव पगा सुबहन प्रबातन ।
संमिथ यिन रामुच़न्दुरस ताज पुशरन ।।
ब्रहस्पत सिरियि बोंद येंलि गोस केन्दुरस ।
दपान नारद रेंश्य वोंन रामुच़न्दुरस ।।

अयोध्या काण्ड

राजतिलक

सभी सभासद् जमा हो गये तथा उन सभी ने राजा के सामने प्रस्ताव रखा कि सारे नगर को इक्ट्ठा कर खीर और मिठाई खिलाइए और नये राजा को पलंग (सिंहासन) पर बिठाइए। मुक़र्रर यह हुआ कि कल सुबह प्रभात-वेला में सभी इक्ट्ठे होंगे और रामचन्द्र को ताज सौंपा जायेगा। बृहस्पति, सूर्य और बुद्ध एक ही केन्द्र में आ गये और नारद ऋषि ने रामचन्द्र से

महाराजा नरायन छुख चु ज़ामुत ।
ख़बर छय ना चुह क्याह छुख करनि आमुत ।। ५ ।।

लीला

चेतनो हरु हरु लग सोंरुने
असार ज़ान ज़न ब्रम समसार
मूहु रचि मनस क्याह सनु सने
बेगानु गोंज़रुथ पननुय यार
अमरेंथ त्राविथ वेंह लोंग सु ख्योंने
असार ज़ान ज़न ब्रम समसार ।। १ ।।

कमन व्यसतारन लोंग खसुने
यश क्या गन्ज़ुरुथ यिम छिम द्यार
बेंयि यिम शुर्य बांच्र छिम ब्रोंठकने
असार ज़ान ज़न ब्रम समसार ।। २ ।।

काया दोंहु अकि लगियो प्योंने
चें कोनु मनस कोंरुथ व्यचार
अस्तु अस्तु दारस लोंगुख खसुने
असार ज़ान ज़न ब्रम समसार ।। ३ ।।

कहा—महाराज, आप तो (साक्षात्) नारायण हैं, आपको नहीं मालूम कि आप क्या-क्या करने आये हुए हैं ।। ५ ।।

रे चेतन-जीव ! तू हर-हर का स्मरण कर तथा इस भ्रमपूर्ण संसार को असार जान । तेरे मोह से युक्त मन में भला क्या समायेगा, (तूने) अपने यार (इष्ट) को बेग़ाना समझा (तथा) अब अमृत छोड़ ज़हर खा रहा है—रे चेतन जीव ! इस भ्रमपूर्ण संसार को असार जान । १ तू न जाने किन-किन मंसूबों को बनाता रहा । तूने यश को (अपनी उपलब्धियों को) स्थायी धन गिन लिया और बाल-बच्चों को सदा के लिए अपने पास रहने की (मिथ्या) कल्पना की—रे चेतन जीव ! इस भ्रमपूर्ण संसार को असार जान । २ तेरी काया एक दिन गिरने लग जायेगी—यह विचार तूने मन में क्यों नहीं किया ? तू धीरे-धीरे मृत्यु के द्वार की ओर बढ़ रहा है—रे चेतन जीव ! इस भ्रमपूर्ण संसार को असार जान । ३ तूने माया (के प्रकोप) को न जाना । रे अन्धे ! तू

ज़ानिथ तु माया पानय नने
हा अनि कोनु गोख ख़बरदार
आख तय नोंनुय गछ़ख न्यथुनोंनुयं
असार ज़ान ज़न ब्रम समसार ।। ४ ।।

समुयस वातिथ प्यख च्रु वुने
अफ़सोस क्यख अदु तेलि क्याह तार
सोंथ सूरिथ तु हरदु आख नटुने
असार ज़ान ज़न ब्रम समसार ।। ५ ।।

दयि दयि सोरान यिम मंज़ मने
मोखु त्राविथ बोड़ छु हृदयुक सार
हृदयिकि कोचि फेर बा हनि हने
असार ज़ान ज़न ब्रम समसार ।। ६ ।।

शमित पानय आसय वनय
गाश डीशिथ च्रलि अन्दुकार
गटु दूर गंछिथ प्रकाश नने
असार ज़ान ज़न ब्रम समसार ।। ७ ।।

(इससे) ख़बरदार (भी) क्यों न हुआ ? तू नंगा आया था और नंगा ही जायेगा—रे चेतन जीव! इस भ्रमपूर्ण संसार को असार जान । ४ समय आने पर तू (जब) सम्भल जायेगा तो अफ़सोस ! उस समय तेरा कोई निस्तार न होगा । तूने बसंत (जवानी) का मज़ा तो ले लिया किन्तु शरद् (बुढ़ापे) में काँपने लग गया—रे चेतन जीव! इस भ्रमपूर्ण संसार को असार जान । ५ मात्र मुँह पर (दिखाने के लिए भगवान् का) नाम न लेकर, जो मन में उसका स्मरण करते हैं—वही हृदय के पारखी हैं । (तू भी) हृदय के प्रत्येक कूचे में तल्लीन होकर फिर—रे चेतन जीव ! इस भ्रमपूर्ण संसार को असार जान । ६ मैं (अपनी इच्छाओं) का शमन कर तुझसे कह रहा हूँ कि तब प्रकाश के दर्शन होंगे और अन्धकार दूर हो जायेगा—रे चेतन जीव ! इस भ्रमपूर्ण संसार को असार जान ।। ७ ।।

कीकी हुन्द छल

त्रु रूशिथ बेह्तु लोलस पोन्य त्राविथ ।
यियि कुस योत नियी कुस मनु नाविथ ।।
दोपुस तंम्य नारदो बोज़ख त्रु पानय ।
सपुनि अज़ राथ क्युथ क्याह् तां वकानय ।।
यिहुंय कथ येलि यन्दुराज़स निशि वात्र ।
अंनिन तंम्य सरस्वती सूज़ुन तमी रात्र ।।
दोपुन तस वुन्य त्रु गछ् कीकियी फिर मन ।
त्युथुय युथ रामु चंद्रस छुनि कंड़िथ वन ।।
यंहय शेंछ्य आस यिछ् कीकियी डोल मन ।
वनुन राज़स ह्योतुन राज़न थोंवुस कन ।। ५ ।।

दपान येलि राज़ु गव कीकियी निश रात ।
दोपुस तमि दप में मा मोंगमय त्रे केंह् ज़ात ।।
मंगय केंह्छा में दिनुकिन्य ती गछेम द्युन ।
दोपुस तंम्य तोरु द्युतमय वुन्य गछेम न्युन ।।
अथस प्यठ वास दिथ कोरनस बन्दानय ।
त्रु योदवय ज़ुव मंगख पुशरय बु पानय ।।

कैकेयी का छल

तू प्रेम में कठोरता लाकर (उस पर पानी फेंककर) भले ही यहाँ रूठ कर बैठी रह, पर यहाँ तुझे मनाकर ले जाने के लिए कौन आयेगा ? इस पर उसने (कैकेयी ने) कहा—नारदजी, आप को स्वयं मालूम पड़ जायेगा। आज रात कुछ होकर रहेगा—ऐसा मुझे लग रहा है। यह बात जब राजा इन्द्र के पास पहुँची तो उसने सरस्वती को बुलवाया और उसी रात को (अयोध्यापुरी) भेजा। उसने (इन्द्र ने आगे) कहा—तू जा और कैकेयी का मन फेर जिससे वह रामचन्द्र को वन भिजवा दे। बस इतना ही कहना था कि कैकेयी का मन डोल (फिर) गया, और वह राजा से अपना मंतव्य कहने के लिए तैयार हो गई। ५ कहते हैं जब रात को राजा कैकेयी के पास गये तो उसने (कैकेयी ने) कहा—कहिए, आज तक मैंने (आप से) कुछ भी नहीं मांगा, यदि अब मैं कुछ माँगू तो देने की इच्छा से (अनायास ही) वह मुझे मिलना चाहिए। (इस पर) उसने (राजा ने) कहा—जा, दे दिया—अब माँग। हाथों में हाथ लेकर (राजा ने आगे)

छु क्याह चीज़ा मंगख आंसिथ दिमय ना ।
दपख योंत युन बु तोंत बुथिकिन यिमय ना ।।
वुछिव त्रियु बावुकिन येलि दोरुनस कन ।
त्युथुय ल्युथ गोस युथ करि हेस नु दुश्मन ।। १० ।।

दपन कीकी स्यठा तस आंस दिल ख़्वाह ।
दोंपुस तमि रामु च़न्दुरुन राज छुम दाह ।।
कसम छुय ना ख्योमुत गछि वादु पालुन ।
मेंथुर रछुन शेंथुर गछि मूलु गालुन ।।
बरुथ गछि राज़ु आसुन राम वनवास ।
दपन कीकी वुछिव वादुबार क्याह आस ।।
त्युथुय बूज़िथ वंसिथ प्यव राज़ु बरख़ाक ।
कोंरुन जामन तु जानस सांरिसुय चाक ।।
ति बूजिथ राज़ु बुथ्य किन्य तति पथर प्यव ।
त्युथुय युथ सारिवुय गंज़रुख सपुन शव ।। १५ ।।

वोंदुन वाराह दोंपुन तस क्याह यि कोंरथम ।
जिगर च़ोंटथम शिकम किथु नारु बोंरथम ।।

कहा, यदि तू जान तक माँगेगी तो मैं वह भी स्वयं पेश करूँगा । (भला) ऐसी कौन-सी चीज़ है जो तू माँगेगी और मेरे पास होते हुए भी तुझे न दूँ । तू मुँह के बल भी कहीं चलने को कहे तो मैं चला जाऊँगा । जब कैकेयी ने देखा कि राजा त्रिया-जाल में पूर्णतया फँस चुका है तो उसने उसकी (राजा की) ऐसी दुर्गति की जो दुश्मन भी नहीं कर सकता था । १० कहते हैं, कैकेयी उसकी (राजा की) बहुत ही लाड़ली रानी थी और उसने कहा--रामचन्द्र का राजा होना मेरे लिए दाह (जलन) समान हो रहा है । आपने कसम खाई है ना, अब वायदे का पालन अवश्य होना चाहिए तथा मित्र की रक्षा कर शत्रु को समूल नष्ट कर देना चाहिए । भरत राजा हो तथा राम को वनवास मिले । कहते हैं, देखिए, कैकेयी को वायदे की पूर्ति के लिए यह क्या सूझी जिसे सुनते ही राजा अपनी जान व वस्त्रों को चाक करते हुए गिर पड़ा । वह मुँह के बल नीचे गिर पड़ा और सभी को लगा जैसे वे शव हो गये हों (मर गये हों) । १५ वह खूब रोया और कैकेयी से कहने लगा कि यह तूने क्या किया जो मेरा जिगर चीर डाला और मेरा अन्तस् अग्निमय कर दिया । तुझे तो रामचन्द्रजी की ख़ूब चाह थी, यह तूने क्या किया और क्या कहा--अब कौन-सा चारा

च्रें आंसुय रामुचन्दुरुन्य माय वाराह ।
कौरुथ ल्युथ क्या वौनुथ यथ क्या छु चारा ॥
यि दौपनय ज़िन्दय बरथा च्रु ज़ालुन ।
मथुस अमरेंथ च्रु बंरगन मूलु गालुन ॥
यि कंम्य दौपनय ज़िन्दय दिस दौन अंछिन तीर ।
मे छुम यी शाप पानस छुम नु तकसीर ॥
अमा करतम ख्यमा सोज़न नु वनवास ।
मरय तस रौस्त वौन्य करतम तम्युक पास ॥ २० ॥
यि कंछा छुम ति सोरुय दिमु बरुथस ।
मे छुम रामुजुव बस छुम त्युतुय बस ॥
वंज़ानस ज़ुव वन्यानस वारु वारुह ।
जिगर च्रौटथम गंयम वांलिजि पारुह ॥
म कर यिछ बाज़्य यथ मंज़ क्याह नफ़ा छुय ।
मे बूज़ुय युथ नु वौन्य बेयि काँह ति बोज़ि ॥
च्रु नय बोज़ख दौपुस तमि पान मारय ।
पगाह नेरय न्यबर कथ रज़ि खारय ॥
शुत्रगौन बरथ मातामाल गांमुत्य ।
गंयख शेछ्य तिम ति आसन तोरु आमुत्य ॥ २५ ॥

(उपाय) हो सकता है । यह तुझसे किसने कहा (सिखाया) कि जीते जी (अपने) भर्ता को जला डाल तथा पत्तों में अमृत लगाकर मूल को नष्ट कर डाल । यह तुझसे किसने कहा कि तू (मेरी) दो आँखों में तीर फेंक, (खैर) तेरा इसमें कोई कसूर नहीं है है--यह मुझे शाप का फल मिला है[ꣿ] । (मैं याचना कर रहा हूँ) मुझे क्षमा कर । राम को वनवास न दिला--उसके बिना तो मैं मर जाऊँगा, ज़रा उसका पास (लिहाज़) कर । २० मेरे पास जो कुछ भी है, वह मैं सब भरत को दे दूँगा--मेरे तो, बस, राम ही सब कुछ हैं, बस, वही सब कुछ हैं । (राजा ने अपनी ओर से) जी-जान अर्पण कर (बहुत अनुनय-विनय कर) धीरे-धीरे उससे (कैकेयी से) कहा--तूने मेरा जिगर छलनी कर दिया और दिल के टुकड़े कर दिये । तू ऐसा षड्यन्त्र न रच, इससे (तुझे) क्या लाभ (नफ़ा) होगा ? (यह बात) केवल मैंने (अभी तक) सुनी है, कोई दूसरा इसे अब न सुने । (इस पर) कैकेयी ने कहा--यदि आप मेरी बात नहीं सुनेंगे तो मैं आत्मदाह

ꣿ संकेत श्रवण-प्रसंग की ओर है ।

यिहय कथ गंयि न्यबर सीरस ननैर गव ।
वदान आव रामुजुव राज़स परन प्यव ॥
मे दिम रौख़सत पलंगस बेह च़ु पानु ।
वदनि लोंग मौख्तु ओश जन दानु दानु ॥
दप्योस राज़न पलंगस बेह वन्दय रथ ।
दोपुस तंम्य शाफ बदलुन छुम नु ताक़त ॥
ह्योतुन रौख़सत बेस वनवास सांपनुन ।
सूतैन लंखिमन ह्योतुन गंयि जंगलस कुन ॥
गरज़ुन ह्योत लंखिमनन कांप्यव आकाश ।
दोपुन राज़स रंटिथ राजस करस नाश ॥ ३० ॥

दोपुस तंम्य रामुच़न्दुरन बेह शमित रोज़ ।
वनय वौपदीश अध्यात्मुक कनव बोज़ ॥
ति बूज़िथ मांगी आसी श्रावुनुन ताफ ।
ति बूज़िथ पौन्य लगी सोरुय च़ली पाफ ॥
सौरुन मन च़ु तु वुनिक्यन दफ गछ़व वन ।
यछ़ा गंज़राव यिछ़ुय च़ंचल मु सांपन ॥

कर लूंगी तथा नगर-भर में आपके व्रत-पालन की पोल खोल दूंगी । शत्रुघ्न और भरत ननिहाल गये हुए हैं, उनको मैंने बुलावा भेजा है, वे आ ही रहे होंगे । २५ (आख़िर) यह बात बाहर गई (फैल गई) और रहस्य का उद्‌घाटन हो गया । रामचन्द्रजी रोते हुए आये, राजा को प्रणाम किया और कहा मुझे रुख़सत कीजिए, सिंहासन पर आप स्वयं बैठ जाइए और वे (रामचन्द्र जी) मोतियों के दानों के समान आँसू बहाने लगे । राजा ने (बहुत) कहा--(मेरे लाल !) तुझ पर बलिहारी जाऊँ, सिंहासन पर बैठ । किन्तु उन्होंने उत्तर दिया--शाप (वचन) को बदलने की मुझमें ताक़त नहीं है । रुख़सत लेकर उन्होंने वनवास का भेस धारण कर लिया तथा अपने साथ लक्ष्मण को लेकर जंगल की ओर चल पड़े । (भाई के प्रति ऐसा अनाचार होते देख) लक्ष्मण गर्जने लगा जिससे आकाश काँप गया । वह कहने लगा कि मैं राजा को पकड़कर इस राज-सिंहासन का (ही) नाश कर डालूँगा । ३० रामचन्द्रजी ने समझाया--शान्त हो, मैं तुम्हें अध्यात्म का उपदेश देता हूँ, उसे कानों से (ध्यान से) सुना । उसे सुनकर माघ मास की भाँति (जमे हुए) तुम्हारे चैतन्य का समस्त कालुष्य श्रावण की धूप द्वारा स्वच्छ हो जावेगा तथा पुण्य उत्पन्न होकर तेरे

त्रे योंदवय राज बोगुन छुय न्यबर नेर ।
गछ़्क लंका वुछिथ राजिति निशि सीर ।।
वुछख रावुन करान क्या सोंख तु आनन्द ।
रटिथ यमु राजु थोवमुत गरि करिथ बन्द ।। ३५ ।।

पगाह कुस डस करि तस मरि कुहुन्दि सुत्य ।
सु मरिहे कोनु तस सुत्य बेयि मरन कुत्य ।।
सु येलि मरि तस दपान पोशस नु यम ज़ात ।
मरुन सारेन छु अदु कस तति बचन बात ।।
मरुन मशरोव येम्य तस रूद सोरुय ।
मरुन येम्य ज़ोन तम्य ज़ुव रथ खोरुय ।।
सु ज़नमस यियि नु येम्य सारुय दुयी त्राव ।
दुयी तम्य त्राव यस नाराय्न वथ हाव ।।
दुयी त्रावुन्य छ यी मायायि ज़्युन नार ।
मेथुर ज़ानुन शेथुर त्रावुन अहंकार ।।
दोयुम ईशर पनुन बव मोज ज़ानुन ।
त्रेयिम गोरु शब्द बूज़िथ वाति मानुन ।।

पापों का नाश हो जायेगा । तू मन में विचार कर तथा इस समय 'वन जायेंगे' ऐसा कह । इस बात को ईश्वर-इच्छा जान तथा चंचल न बन यदि तू राज्य ही भोगना चाहता है तो (मेरे साथ) बाहर चल । लं के राज्य-वैभव को देखकर तू अपने-आप संतृप्त हो जायेगा । तू (वह देखेगा कि रावण कैसे सुख व आनंद को भोग रहा है और उसने यमराज को पकड़कर बन्द कर रखा है । ३५ (यह सब देखने पर राज्य भोगने की इच्छा नहीं रहेगी) । (यदि हम यहाँ से न गये कल उस (रावण) का नाश कौन करेगा तथा वह किसके द्वारा मा जायेगा ? वह अकेला नहीं अपितु उसके साथ और भी कितने जायेंगे । कहते हैं यमराज भी उसका कुछ विगाड़ नहीं सकता है; (इस दुनिया में) मरना सब को है, कोई बच नहीं सकता । जिसने को भुलाया उसका सब-कुछ यहीं रह गया और जिसने मृत्यु को रखा उसका जी-जान सँवर गया । जिसने द्वैत-भावना को त्याग वह (दुबारा) जन्म न लेगा (मुक्त हो जायेगा); और इस द्वैतभावना परित्याग नारायण (भगवान्) की अनुकंपा द्वारा ही सम्भव है । भावना को त्यागने से (अभिप्राय है) माया को जला डाल

छ त्रूरिम कथ यिहय छ्रारुन्य सतुच वथ ।
यि पांत्रिम पान मंशरावुन दयस पथ ॥ ४२ ॥

वनुवास गछुन

मुक़रर यी सपुन गछि राम वनवास ।
वोलुन तंम्य बुरज़ु त्रोवुन ख़ासु अतलास ॥
अंनिख कीकी तु पूरिनख बुरज़ु जामु ।
परुनि लोग शहर सोरुय रामु रामु ॥
वदन सीता पकन गंयि पान मारन ।
वदन आंस ख़ून न्येत्रव आंस हारन ॥
वदन सीता गंयख फ़रियाद लोयुन ।
कंरिथ कीशन परेशान सीनु वोयुन ॥
दप्योनस रामुचन्दुरन रोज़ येतिय बेह ।
दोपुस तमि अमि वनुनु वालिंजि छम रेह ॥ ५ ॥
दोपुस तंम्य कोत चु यिख छिय पाद पमपोश ।
दोपुस तमि बोज़ कनस तल छु सोनस बोश ॥

तथा शत्रु को भी मित्र समझना, व अहंकार को छोड़ देना। दूसरा, ईश्वर को माता-पिता समझना। तीसरा, गुरु के शब्दों (आदेशों) को अंगीकार करना। चौथा, सत्य के मार्ग को ढूँढना; और पाँचवाँ, अपने आप को भूलकर भगवान् में खो जाना ॥ ४२ ॥

वनवास जाना

(अन्त में) यही मुक़र्रर हुआ कि राम वन जायेंगे। उन्होंने भोज-पत्र के वस्त्र धारण कर लिये और ख़ासा व अतलस (के वस्त्र) त्याग दिये। कैकेयी को बुलाया गया और उसी ने ये वस्त्र उन्हें पहनाये। सारा शहर राम-राम कहने लगा। (रामचन्द्र जी वनवास को जा रहे हैं, यह समाचार सुनते ही) सीता रोती-विलाप करती हुई आ गई—उसकी आँखों से ख़ून के आँसू बह रहे थे। उसने रोते-रोते फ़रियाद की और अपने केशों को परेशान कर (अस्त-व्यस्त कर) छाती पीटने लगी। रामचन्द्र ने (सीता को) समझाया—तू यहीं पर रह। वह बोली—ऐसा कहकर आप मेरा हृदय जला रहे हैं। ५ उन्होंने (फिर) समझाया—तू कहाँ चल सकेगी, तेरे पाद कमल के समान हैं। वह बोली—सुनिए, सोना कानों तले ही सुहाता है। उन्होंने कहा—तू सफ़र की दुश्वारियों को सहन

दोंपुस तंम्य कर ह्यकख च्रालिथ सफ़र जात ।
दोंपुस तमि च्रे सिवा दोंह्स गछेम रात ॥
दोंपुस तंम्य बूम नटि अमि पकुनु चाने ।
दोंपुस तमि यी में ओसुम करमु लाने ॥
दोंपुस तंम्य बेंह च्रु गिन्द ताम मोंख़्तु मालन ।
दोंपुस तमि गछ च्रु रुमु अकि पान ज़ालन ॥
दोंपुस तंम्य बेंह च्रु छख नोज़ुक गुलअन्दाम ।
दोंपुस तमि कंम्य कोंरुम बरमंदिन्यन शाम ॥ १० ॥

दोंपुस तंम्य बेंह च्रु छख नोज़ुक गुल अन्दाम ।
दोंपुस तमि चानि दूरेंरु नारु ज़ालन ॥
दोंपुस तंम्य बेंह च्रु छख रम्बुवुन्य च्रोंदुश जून ।
दोंपुस तमि चोन दूरेंर छुम छोंकस नून ॥
दोंपुस तंम्य बेंह च्रु छख नोज़ुख हियें तन ।
दोंपुस तमि हियि डीशिथ कंण्ड्य छि खोच्रन ॥
दोंपुस तंम्य बेंह च्रु छख बागुच यंम्बुर ज़ल ।
दोंपुस तमि कंम्य बोंम्बरन करुम गांगल ॥

नहीं कर सकेगी। वह बोली—आप के सिवा तो मेरे लिए दिन भी रात हो जायेगा। उन्होंने कहा—तुम्हारे (वन में) चलने से भूमि काँप उठेगी। वह बोली—यही तो मेरे कर्म-लेख में बदा था। उन्होंने कहा—तू यहीं रह कर मोतियों की मालाओं से खेल (राजसी वैभव का भोग कर)। वह बोली—यदि आप गये तो मैं क्षण भर में अपना अंत कर डालूँगी। उन्होंने कहा—तू यहीं बैठ। तू तो नाज़ुक गुल की तरह है। वह बोली—न जाने मेरी (भरी) दुपहरी को किसने शाम (अँधियारे) में बदल डाला। १० उन्होंने कहा—तू यहीं बैठ, तू (तो) एक सुन्दर व नाज़ुक गुल (की तरह कोमल) है। वह बोली—आप की दूरी उसे जला डालेगी। उन्होंने कहा—तू यहीं बैठ, तू तो चौदहवीं का लुभावना चाँद है। वह बोली—आप की दूरी मेरे ज़ख्मों पर नमक का काम करेगी। उन्होंने कहा—तू यहीं बैठ, तेरा तन नाज़ुक चमेली (के समान) है। वह बोली—चम्पा को देख काँटे भी डर जाते हैं। उन्होंने कहा, तू यहीं बैठ, तू (तो) बाग़ की नरगिस है। वह बोली—तभी तो यह भौंरा मुझसे छल कर रहा है। उन्होंने कहा—तू (यहीं) बैठ, तू तो बाग़ में (उगने वाली) चमेली है। वह बोली—आपको (यों) देखकर मेरे होश उ

दोंपुस तंम्य बेंह् च्रु छख बागुच हियि पोश ।
दोंपुस तमि च्रें वुछान रूदुम न कैंह् होश ।। १५ ।।

दोंपुस तंम्य बेंह् च्रु छखना ताज़ु गुलज़ार ।
दोंपुस तमि यथ न क़ूमत तथ गुलस नार ।।
दोंपुस तंम्य बेंह् च्रें छिय अथु बरगि कोसम ।
दोंपुस तमि च्रें वुछान यिमु चेंश्मु लोसम ।।
दोंपुस तंम्य बेंह् च्रु गछ बागुच बबुर लाग ।
दोंपुस तमि वह्य कथव थोंवथम दिलस दाग़ ।।
दोंपुस तंम्य च्रालु कर दोंख सख़्त चोनुय ।
दोंपुस तमि मे लगी मा जूनि ग्रहनुय ।।
दोंपुस तंम्म बेंह् च्रु छखना माहि ताबान ।
दोंपुस तमि तोरु पादन तल दिमय जान ।। २० ।।

दोंपुस तंम्य बेंह् च्रु गछ शेंछ सोज़ माल्युन ।
दोंपुस तमि तोरु ज़ोलथम तापु ताल्युन ।।
दोंपुस तंम्य बेंह् च्रु राज़स पथ जिगर गाल ।
दोंपुस तमि चोन नेरुन आसि तस काल ।।

गये हैं । १५ उन्होंने कहा--तू (यहीं) बैठ, तू तो एक ताज़ा गुलज़ार है । वह बोली--जिस गुल की कोई क़ीमत न हो उस गुल का जल जाना ही उचित है । उन्होंने कहा--तू (यहीं) बैठ, तेरे हाथ कुसुम के पत्तों के समान हैं । वह बोली--आप को देखते ही मेरी ये आँखें मुरझा गई हैं । उन्होंने कहा--तू (यहीं) बैठ और बाग़ में 'बबर' (कली-विशेष) की भाँति खिल । वह बोली--हाय ! (आपकी) ऐसी ही बातों ने मेरे दिल पर दाग़ लगाया है । उन्होंने कहा--तेरा सख़्त दुःख मैं (भला) कब सह सकूँगा । वह बोली--(आप के चले जाने पर) मेरे चाँद जैसे बदन को ग्रहण लग जायेगा । उन्होंने कहा--तू (यहीं) बैठ, तू तो माहताब है । वह फिर बोली--मैं आपके चरणों तले अपनी जान दे दूँगी । २० उन्होंने कहा--तू (यहीं) बैठ और अपने मायके वालों को सन्देश भेज । वह बोली--ऐसा कहकर आप मुझे भयंकर ताप में झुलसा रहे हैं । उन्होंने कहा--तू (यहीं) बैठ और राजा (दशरथ) की जिगर (दिल) से सेवा कर । वह बोली--आप का चले जाना उनके लिए काल-सदृश होगा । उन्होंने कहा--तू (यही) बैठ, कौशल्या तुझे प्रेम से रखेगी । वह बोली--यदि आप कुछ और कहना चाहते हैं तो वह भी अभी कह डालिए ।

दौंपुस तंम्य बेह च्रु कौशल्या करी बाव ।
दौंपुस तमि सीर बावुन्य वौन्य येती बाव ।।
दौंपुस तंम्य बेह च्रु छख सार्‌यन अंछन गाश ।
दौंपुस तमि वौन्य करख पनुन्यन सिरन फ़ाश ।।
गौंलाबन कंरुन यंच्र आंजिज़ यंम्बरज़ौल ।
खटिथ च्रन्दुरमु थोवुन तारुकन तल ।। २५ ।।

वनुनि लोंग रामुजुव सीतायि कुन बोज़ ।
म वद वौन्य यंच्र वौदुथ वाराह च्र ख़ौश रोज़ ।।
म वद वौन्य वदुनु सुतिन प्रान लोर्‌योय ।
म वद वौन्य वदुनु सुतिन गाश सोरियोय ।।
म वद वौन्य वदुनु सुत्य गोय रंग बेरंग ।
म वद वौन्य वदुनु सुत्य शीशस प्योय संग ।।
वौलुख येंलि बुरज़ु त्रोवुख खासु मलमल ।
पकान गंयि त्रनुवय अज़ राहि जंगल ।।
ति यां वुछ शहरु क्यव लूकव रिवां द्राये ।
दौंपुक क्या सना वनस मंज़ कति रटन जाये ।। ३० ।।

दिलस प्यठ दाग़ रौट वौज़ुल्यव गुलालो ।
दौंपुक दूर्‌यर अंकिस सातस नु च्रालो ।।

उन्होंने कहा--तू (यहीं) बैठ, तू तो सभी के नयनों की ज्योति है। वह बोली--(अब ज़्यादा न बोलिए) कहीं अब आपके अन्य रहस्यों का पर्दाफ़ाश न हो जाये। (इस प्रकार) गुलाब (रामचन्द्र जी) को नरगिस (सीता जी) ने (अपनी युक्तियों से) धूमिल बना डाला और चन्द्रमा को तारों के पीछे छिपा दिया। २५ (इस पर) रामजी सीता से कहने लगे--सुन अब तू इतना मत रो। तू बहुत रो चुकी, अब खुश हो जा। तू रो मत रोते-रोते तेरे प्राण सूख गये हैं। तू रो नहीं, रोने से तेरी ज्योति रीती हो गई है। तू रो मत, रोने से तेरा रंग बेरंग हो गया है। तू रो नहीं तेरे रोने से मेरे (दिल के) शीशे पर पत्थर गिरते हैं। (उन्होंने) भोजपत्र (के वस्त्र) धारण कर लिये और ख़ासा-मलमल (के वस्त्रों) को त्याग कर तीनों जंगल की राह चलते बने। यह दृश्य जब शहर के लोगों ने देखा तो वे रोते हुए (घरों से) निकल पड़े और कहने लगे कि भला ये (तीनों) क्यों जंगल में वास करने जा रहे हैं? ३० लाल गुलेलाला (पुष्प-विशेष) ने (विरह में) अपने दिल के ऊपर दाग़ ले लिय

गुलालस सोसुनुक ह्यु रंग सा'पुन ।
ति डीशिथ हाल मसुवलि ह्योतुन का'पुन ।।
सपुन्य सारी प्रज़लुवुन्य गुल अवारा ।
फोलन तेलि येलि दरशुन दिन दोबारा ।।
पकान गंयि तथ कोहस प्यठ आल ह्यथ रोंग ।
बदल गव ज़ीठ्य पोशन कारुतिक्य कोंग ।।
सों कीकी शीनु छटि मंजूह्र्य गंयि तेज़ ।
वनस कुन लंज्य खलायिकन पोह्य पनस रेज़ ।। ३५ ।।

च्रोटुख मन्ज़िल रोटुख मंज़ वन खोटुख पान ।
ख़लक़ पथ फीर्य सारी आयि रिवान ।।
तिथय तिम गंयि डण्डख वन मंज़ रटुख जाय ।
ज़नुम करेछर तु करमस क्याह छु परवाय ।।
ख़बर येलि बूज़ कोशल्यायि कोत गव ।
वनुनि लंज्य राजु पोत्रस कुन च्रु कन थव ।। ३८ ।।

और कहने लगा कि उनकी दूरी मैं एक पल के लिए भी सह नहीं सकता। उसका रंग पीला पड़ गया और ऐसा हाल देखकर मसवल (पुष्प विशेष) का दिल भी काँपने लग गया। सभी तरह के चमकते गुल फीके पड़ गये (और कहने) हम पुनः तभी फूलेंगे जब वे दुबारा दर्शन देंगे। (उधर) लौंग (रामचन्द्र जी) इलायची (सीता जी) को साथ लेकर दूर उस पहाड़ की ओर चलते गये और इधर जेठ के पुष्पों का रंग कार्तिक (पतझर) के पीलेपन के समान हो गया। कैकेयी की (कुचाल रूपी) तेज़ हिम-बयार ने सभी व्यक्तियों को पौष मास में (निपातित) पत्तों के समान वन की ओर धकेल दिया। ३५ काफ़ी मंज़िल तय कर लेने के बाद वे (राम, लक्ष्मण और सीता) वन में कहीं छिप गये और ख़लक़त (जन-समुदाय) रोते-रोते वापस चले आए। ३५ इस प्रकार वे (तीनों) दण्डक-वन गये और वहीं अपना निवास बनाया। जिनका जन्म ही संघर्ष करने के लिए हुआ हो उनके कर्म (के लेख) को क्या परवाह है (अर्थात् यह कठिन यात्रा उनके लिए कोई चिंता का विषय न थी)। जब कौशल्या को ख़बर मिली कि वे कहाँ गये हैं, तो वह राज-पुत्र (राम) की ओर सम्बोधन कर जो कहने लगी, उसे कान लगा कर सुनो ।। ३८ ।।

कौशल्यायि हुन्द व्यलाफ

कौशल्यायि हुन्दि गोबरो
करयो गूरु गूरु
परयो रामु रामु
करयो गूरु गूरु ॥ १ ॥

कोतू गोहम चु त्रांविथ
कसू ह्यकु हाल बांविथ
अनी कुस मनु नांविथ
करयो गूरु गूरु ॥ २ ॥

लगयो पोंत छाये
ही करथस बो हाये
नारस वोंठ बु लाये
करयो गूरु गूरु ॥ ३ ॥

कनन छय कनु वाजे
श्री कृष्णु महाराजे
ज़गतुक छुख चु राजे
करयो गूरु गूरु ॥ ४ ॥

फेरु हय अंद्य अंद्यी
लागय पोशि गंदी
जामु चांन्य सोंन संदी
करयो गूरु गूरु ॥ ५ ॥

कौशल्या का विलाप

(रे कौशल्या के नंदन) आ तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ, राम-राम पुकारूँ—आ तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ १ तू (मुझे) छोड़कर कहाँ चला गया, अब मैं अपना हाल किसे वता सकूँगी। तुझे अब कौन मनाकर लायेगा—आ तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। २ तेरी छवि पर बलिहारी जाऊँ, मुझ चमेली को तूने मुरझा डाला। (अब) मैं आग में कूद पड़ूँगी—आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। ३ तेरे कानों में श्रीकृष्ण महाराज की तरह बालियाँ (सुशोभित हो रही) हैं। जगत् का तू राजा है—आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। ४ मैं तेरे चारों ओर फिर कर बलिहारी

लोल चोन वोंन्य में आमो
छारथो शहरु गामो
बेंयि गोंछुहम च़ु रामो
करयो गूरु गूरु ॥ ६ ॥

नेरुहा बाज़ारी
ह्यड़नम लूख सारी
पादन लगय बो पारी
करयो गूरु गूरु ॥ ७ ॥

नेरुयो दारि पंती
लागयो कारि पंती
तारि दिल गोम येंती
करयो गूरु गूरु ॥ ८ ॥

मे दप्योम रामु राजे
ख़ोंश ओय नु वोरु माजे
आदुनुकि सीरु बाजे
करयो गूरु गूरु ॥ ९ ॥

में कमू शाफ आंसी
तिम ति कोनु कांसि कांसी

जाऊँगी। तुझ पर फूलों के गुलदस्ते चढ़ाऊँगी तथा सोने के वस्त्र पहनाऊँगी—आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। ५ तेरे प्रेम में मैं विकल हो रही हूँ। तुझे मैं शहर और गाँव में तलाश करूँगी। मुझे तो बस एक राम चाहिए—आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। ६ मैं तुझे बाज़ारों में ढूँढती, मगर लोक-लाज के कारण विवश हूँ। तेरे पादों पर बलिहारी जाऊँ—आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। ७ तुझे खिड़कियों से देखूँ और तेरी परछाई पर बलिहारी जाऊँ। तेरे बिना मेरा दिल यहाँ विकल हो गया है—आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। ८ तेरे राजा बनने का मैंने सपना देखा था किन्तु तेरी विमाता को यह खुश (अच्छा) न लगा। रे मेरे चिरपरिचित और अंतरंग!—आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। ९ मुझे यह किन शापों का कुफल मिला और उनको (शापों को) क्यों किसी ने दूर न किया जिनके कारण तुझे बनवासी बनना पड़ा—आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। १० तूने भोजपत्र के वस्त्र धारण कर लिये और मैं राम-राम जपती हुई तुझे गाँव-गाँव ढूँढती फिरूँगी—आ, तुझे (हिण्डोले

च़ु गोहम वनु वांसी
करयो गूरु गूरु ॥ १० ॥
च़े पु़र्यथम बुरज़ु जामु
बो छारथ गामु गामु
परयो रामु रामु
करयो गूरु गूरु ॥ ११ ॥
लौलि मंज़ ललुनावथ
जिगरस मंज़ बु सावथ
वुनि ति नो कांसि हावथ
करयो गूरु गूरु ॥ १२ ॥
नेर्‌यो शामु लटे
बार्‌य म्यान्य छि च़े मटे
गाशरु लालु त्रटे
करयो गूरु गूरु ॥ १३ ॥
दूर्‌येर नो बु च़ालु
कसू कंरथस हवालु
लांजिथस मायि ज़ालु
करयो गूरु गूरु ॥ १४ ॥
अंछिन हंद गाश कौत गोम
सिरियि प्रकाश कौत गोम
कौंह ति छम नु आश कौत गोम
करयो गूरु गूरु ॥ १५ ॥

में) झुलाऊँ। ११ तुझे गोदी में झुलाऊँ और जिगर में मैं सुलाऊँ। तुझे किसी को न दिखाऊँ--आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। १२ मैं ढूँढने के लिये बार-बार निकलूँगी। मेरा भार तेरे ऊपर है। नयन-ज्योति भी धूमिल पड़ गई है--आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। मैं तेरी दूरी सहन न कर सकूँगी। (तू तो चला गया मगर) मुझे किसके हवाले किया? तूने मुझे (यह किस) माया-जाल में डाल दिया-- आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ। १४ मेरी आँखों का प्रकाश चला गया? सूर्य जैसा प्रकाश कहाँ चला गया? मुझे अब कुछ आशा नहीं है। वह कहाँ चला गया? --आ, तुझे (हिण्डोले में) झुलाऊँ ॥ १५ ॥

राज़ु सुंद हाल

वदुनि लोंग राज़ु येंलि अह्वाल बूज़ुन ।
वनुनि लोंग राज़ु पनुनिस ईशरस कुन ।।
वोंदुन वाराह तु जामन कर्यन पारा ।
वनुनि लोंग क्यासना कोंत गंयि अवारा ।।
वसिष्ठन तस दोंपुन क्याह छुख चु साद ।
यि वुछ दयिकार यथ क्याह ओस वाद ।।
गोंबुर ज़नमस चें निश आमुत नारायन ।
वरन छुय शीश नागुक पानु लंखिमन ।।
शतुरगुन बरत गांमित्य शेंखु चुकरस ।
छ सीता पानु आमुच बूम ज़नमस ।। ५ ।।
कशफ़ छुख पानु आंदुत कौशल्या ।
बरुन छुय द्यन करुन छुय ज़नमु त्यागा ।।
कोंरुवुह तफ वारुयाह अंगनस हुमूवुह पान ।
वदान आंस आंदित टोठ्योस नारान ।।
दोंपुस तंम्य मंग गछी क्या कोंसु छय हान ।
दोंपुस तमि अख गोंछुम गोंबराह चें ह्यु जान ।।

राजा का हाल

अहवाल (वृत्तांत) सुनकर राजा (दशरथ) खूब रोने लगे ओर वस्त्रों को फाड़कर अपने ईश्वर से कहने लगे कि वे (राम) मुझे असहाय बनाकर कहाँ चले गये ! तब वसिष्ठ ने उनसे कहा--आप इतने अधीर क्यों हो रहे हैं ? यह तो दैव का विधान था और इसी अवसर की सब को प्रतीक्षा थी । (आप नहीं जानते ?) आपके यहाँ तो (स्वयं) नारायण ने पुत्र बनकर जन्म लिया है और शेषनाग के वर्ण (भेस) में लक्ष्मण आये हैं । शत्रुघ्न और भरत शंख और चक्र के रूप हैं और स्वयं सीता ने भूमि के रूप में जन्म लिया है । ५ आप स्वयं कश्यप हैं और कौशल्या अदिति हैं । (अब) आप को (कुछ) दिन निकाल कर इस जन्म को त्याग देना है । (आप जानते हैं) आप ने खूब तप किया था और अग्नि को खूब होम देकर उसे प्रसन्न किया था । आपकी पत्नी रो रही थी और स्वयं नारायण उस पर प्रसन्न हो गये थे । उन्होंने उससे कहा था--"माँगो, क्या चाहिए, किस बात की कमी है ?" (इस पर) उसने कहा था--"बस, आप जैसा ही अच्छा पुत्र मुझे चाहिए ।" उन्हें स्वयं राक्षसों का क्षय (नाश) कर

युन ओसुस पानु तस अवतार दारुन।
करिथ ख्यय राखिसन रावुन छु गालुन॥
तवय बापथ सपुन सु पानु वनवास।
हीथा सीतायि हुंदि लंकायि करि डास॥ १०॥
तिथुय राज़स सपुन दरहम तु बरहम।
वोंदुन वाराह तु सांपुन गाश तस कम॥
ति बूज़िथ राज़ु यंच्र सांपुन वोंदासी।
तमिस बोनु प्राक ज़नमुक्य पाप आसी॥
दपन पथ कुन दोह अकि वन गोमुत ओस।
तती वनु पापु वशि सूत्य अथुशर गोस॥
पकन अज़ दूरि तम्य बोनु डीठ छाया।
गुमान तस यी सपुन कोंह क्याह बलाया॥
कोडुन तरकश ध्युतुन तस तीर दारिथ।
छुनुन तम्य बेख़बर रेशज़ादु मारिथ॥ १५॥
वुछुन रेश बालुकाह अख पोन्य सारन।
तमिस तमि तीरु सूत्य ज़ख़्मी गंमुच्र तन॥
वदन वोनुनस वनुम वोन्य क्याह करन तिम।
पनुन बब मोज नाब्यना गामुत्य छिम॥

रावण को नष्ट करने के लिए आना था, अतः (राम के रूप में) अवतार लिया। इसीलिए वे (स्वयं इच्छापूर्वक) वनवास को गये और सीता के बहाने लंका को ढहा डालेंगे। १० यह सुनकर राजा का मन डाँवाँडो[ल] हो उठा और इतना रोये की आँखों का प्रकाश कम हो गया। यह सु[न]कर राजा बहुत उदास हो गये। (दरअसल) उन्हें पिछले जन्मों का य[ह] फल (मिल रहा) था। कहते हैं पिछले जन्म में एक दिन वे वन [में] (शिकार खेलने) गये हुए थे। वहाँ वन में पापवश उनसे एक भूल हो गई[।] दूर से उन्होंने नीचे एक छाया (चलती हुई) देखी। उन्हें गुमान (शक) हो गया जैसे कोई (जंगली) बला आ रही हो। तुरन्त तरकश [से] तीर निकालकर उन्होंने उसे दे मारा और बेख़बरी में उस ऋषि-ज[ादे] (बालक) को मार डाला। १५ (निकट आने पर) उन्होंने पानी भ[रने] के लिए आए हुए एक बालक को देखा जिसका तन उस तीर से ज़ख़[्मी] हो चुका था। (लोटते हुए) उसने कहा—मेरे बिना अब भला वे क[्या] करेंगे, मेरे माता-पिता अपंग हैं। अब आप ही मेरे बदले उनके (म[ेरे]

च़ु गछ़ वौंन्य पानु ज़न बुय गोस दिख त्रेश ।
तिमन अदुह बाव तस क्याह् आव दरपेश ।।
तिथय गव राज़ु पानस निशि न्यर आश ।
तिमन निश त्रेश ह्यथ गव ज़न पनुन गाश ।।
लंगिस तिम शानु छ़ारुनि च़ीरुय क्यथ आख ।
बदल ज़ोनुख जिगरस सॉंपनिख चाख ।। २० ।।

प्रुछुक तस छुक च़ु कुस अंस्य क्याह् छि डेशन ।
अंछिन हुन्द गाश असि कौंत गव पोंज़ुय वन ।।
वनुन यामथ तिमन ह्योंत तंम्य पनुन पाप ।
वंसिथ पेंयि दौंनुवय तस यी दितुक शाप ।।
गोंबरु गोंबरुह क़रान योंत तोम गली प्रान ।
तसुन्द दर्शुन करुन रोज़ी च़्रे अरमान ।।
तिथिस राज़स बदल सॉंपुन नु रेश्य शाप ।
च़ु क़र इन्साफ़ वौंन्य वात्या करुन पाप ।। २४ ।।

दशरथु सन्दुय व्यलाफ

वन्दयो मौंन्य बु पादन
छ़ांडुथो रामु रादन
व्यच़ार नाग्य वति लारय
नुनुरुकि तारु प्रारय

माता-पिता के) पास जाकर उन्हें पानी पिलाइए और मेरा सारा हाल कहिए कि मेरे साथ क्या घटना हुई है। इस पर राजा निराश होकर वहाँ चल दिये और उन्हें उनके नेत्रप्रकाश (पुत्र) की भाँति पानी पिलाने लगे। उन्होंने (श्रवणकुमार के माता-पिता ने) उनके शानों (कंधों) को टटोलते हुए देरी का कारण पूछा। (राजा को) अजनबी जानकर उन दोनों का जिगर चाक हो गया। २० उन्होंने पूछा कि आप कौन हैं और हम यह क्या देख रहे हैं ? हमारी आँखों का प्रकाश कहाँ चला गया है— सच-सच कह दीजिए। जब राजा ने अपने पाप का वृत्तान्त कहना शुरू किया तो वे दोनों (पृथ्वी पर) गिर पड़े और उन्हें शाप दिया—जब तक पुत्र-पुत्र करते तुम्हारे प्राण न गल जायें तब तक तुम्हारा पुत्र-दर्शन का अरमान न निकले। उस राजा तक के लिए जब शाप का प्रभाव बदल न सका, हे मनुष्य ! तब (तू क्या चीज़ है) तू तो इन्साफ़ से काम ले और पाप न कर। २४

ब्रह्मु सरुह किन्य दिमय कन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ १ ॥
अंछिन हुन्दि गाशि म्याने
खोंश यिवुवुनि नुन्दुबाने
कांल्य रांवुम हियै तन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ २ ॥
कशि तीर लोयथम मे
लशि छम नारु रेंह
अशि फ्यरेन हंरुम तन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ ३ ॥
महांइशि किन्य यिमु यो
हरुमोंखु वंन्य दिमु यो
हमसु वारुह गंछिथ रटय वन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ ४ ॥
चु रूदहम कथ शाये
क्रांकु नदी वोंठ बु लाये
गंगु बलु युन छु आदन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ ५ ॥

दशरथ का विलाप

तेरे पादों को चूम लूँ और तुझे रामरादन[1] में ढूँढ़ूँ। व्यचारनाग मार्ग में तुझे देखूँ, नूनर के पुल पर प्रतीक्षा करूँ और ब्रह्मसर के नि बाट जोहता रहूँ—तुझे रामरादन में ढूँढ़ूँ। १ ऐ मेरे आँखों के प्रकाश मनमोहन लाड़ले, (तेरी जुदाई के कारण) मेरा तन पुष्प की भाँति मुर गया है—तुझे रामरादन में ढूँढ़ूँ। २ तूने मुझे जो तीर लगाया है उ मेरी यह देह अग्नि के समान दहक रही है। अश्रुकणों के निरन्तर गिरने यह तन सूख गया है—तुझे रामरादन में ढूँढ़ूँ। ३ महोइशि की ओर जाऊँ, हरमुख में तेरा रास्ता देखूँ और हंसवारुह में जाकर तुझे वन देखूँ—तुझे रामरादन में ढूँढ़ूँ। ४ तू कहाँ छिप गया, मैं क्रांकुनदी में

१. स्थान-विशेष। कवि की कल्पनानुसार श्रीराम ने यहीं पर वास किया यह स्थान रामरादन तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध है। इस स्थान तक पहुँचने के विभिन्न पड़ावों का उल्लेख कवि ने इस गीत में किया है।

गोस़ु नो कॆन्ह मॆ चोनुय
दयन यॆलि बानु ज़ोनुय
चारु नो लांन्य वदन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ ६ ॥

च़ुज़य गोखो मॆ निशि दूर
यिज़े तॆलि यॆलि गछ़्यम सूर
वुज़े पोन्य नागु रादन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ ७ ॥

नाव तन लाव कीनु
बाव सिर दोंदमु सीनु
हाव मॊख थाव लादन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ ८ ॥

बरनि बलु युथ नु रावय
रामु रामु क्रख बु त्रावय
आलव दिज़ि मॆ नादन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ ९ ॥

न्यत्रन मंज़ रटय पाद
बुथ्य शीर किन्य दिमय नाद
मर्‍यो वुनि छु आदन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ १० ॥

पड़ूँगा, फिर गंगुबल में सभी मिलेंगे--तुझे रामरादन में ढूँढूँ। ५ मुझे तुझसे कोई गिला नहीं है, दैव ने ही यह सब किया है, अदृष्ट को सहन करने में कोई चारा नहीं है--तुझे रामरादन में ढूँढूँ। ६ तू मुझ से दूर हो गया। अब उस समय आना, जब मेरा (तन) भस्म हो जाय। तब झरनों और स्रोतों का पानी भी उफन पड़ेगा--तुझे रामरादन में ढूँढूँ। ७ अब तू मन-मुटाव छोड़कर प्रसन्न मन से अपनी बात मुझसे कह। मेरा सीना जल रहा है। अब तू मुझे अपना मुख दिखा--तुझे रामरादन में ढूँढूँ। ८ बरनिबल पहुँचकर कहीं मैं खो न जाऊँ। मैं वहाँ ज़ोर-ज़ोर से राम-राम पुकारूँगा। मेरी आवाज़ों का प्रत्युत्तर देना--तुझे रामरादन में ढूँढूँ। ९ मैं नेत्रों में तेरे पाद ले लूँ और बुथ्यशीर में तुझे पुकारूँ। तेरे बिना मैं मर जाऊँगा, अभी भी समय है--तुझे रामरादन में ढूँढूँ। १० नारायणनाग

नारान नागु प्रारय
वांगुति जायि छारय
प्रारय सुत्य सादन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ ११ ॥
सिरियम छु गाश चोनुय
सुय छु प्रकाश चोनुय
सुय छु यूगु सादन
छांड़ुथो रामु रादन ॥ १२ ॥

रज़ुसुन्द मरुन तु बरथु सुन्द युन

वनुनि लोंग राज़ु याँ अहवाल बूज़ुन ।
करुनि लोंग ज़ार्य पनुनिस ईशरस कुन ॥
वोंदुन वाराह तु जामन कंरिन पारा ।
वनुनि लोंग क्या सना कति गोस अवारा ॥
वदुनि लोंग दरमु राज़न करमु यी ल्यूख ।
गंयस यी हाँ कौंशल्यायि निश न्यूख ॥
दोंपुस तमि तोरुह क्याह कंरथम ज़ेँ नीकी ।
यि कंह ओसुय ति पुशरोवुथ ब कीकी ॥

में तेरी प्रतीक्षा करूँ, वांगुति स्थान में तुझे ढूँढ़ूँ। साधुओं समेत प्रतीक्षा करूँ--तुझे रामरादन में ढूँढ़ूँ। ११ सूर्य में तेरा ही प्रका[illegible] और यह प्रकाश सर्वत्र है। वही 'प्रकाश' यह योग साध रहा है-[illegible] रामरादन में ढूँढ़ूँ। १२

राजा की मृत्यु और भरत का आना

यह सुनकर (कि रामचन्द्रजी लौटकर नहीं आ रहे हैं) राजा [illegible] ईश्वर से प्रार्थना करने लगे। वे ख़ूब रोये और अपने जामों (वस्[illegible] को चाक कर डाला। वे कहने लगे कि यह मुझे क्या देखना पड़ रहा [illegible] रोते-रोते कहने लगे कि धर्मराज ने (शायद) यही (सब-कुछ) मेरे कर्म[illegible] में लिखा था। इस पर उन्हें कौशल्या के पास ले जाया गया। (कौशल्या ने) कहा--आप ने यह कौन-सी नेकी की जो अपना सब[illegible] कैकेयी के हवाले कर दिया। उसने आगे कहा--आपका मेरे ऊपर [illegible] उपकार है? उलटा मेरे जिगर को चीर डाला और तन में अग्नि [illegible]

दौंपुस तमि तोरुह् क्याह् वौंपुकार कौरुथम ।
जिगर ज़्रोटथम शिकम क्यथु नारु बौरुथम ।। ५ ।।

अंछिन हुन्द गाश ओसुम रामु अवतार ।
कंडिथ छुनथम तु क्याह् च़ुतथम ज़िदय नार ।।
दौंपुन तस कुन दौंदुस मतु ज़ालतम वौंन्य ।
दज़न छुस यिम पज़न तिम पालतम वौंन्य ।।
परुनि लौंग रामु रामु सुबह् ता शाम ।
दज़न रातस प्रबातस ह्योंतुन आराम ।।
परुनि लौंग रामु रामु लीन सांपुन ।
सु अन्तर मौंख्त गव आंईनु सांपुन ।।
करन युस राज़ु लूकन प्यठ हुकूमथ ।
परन शिवु शिवु वदन न्यंत्रव हौंरुन रथ ।। १० ।।

वलुनु ज़न ओस आमुत क्रीड़ु ज़ालस ।
करुनि लौंग चाक दामानस तु नालस ।।
सपुन बेहोश तख़्त व ताज त्रोवुन ।
वुछिथ गव पांप्यन न्यदरश होवुन ।।
पंजिरु मंज़ुबाग येंलि लौंत लौंत न्यबर द्राव ।
वुछनि लौंग कस छु ज़ामुत कुस तमिस ज़ाव ।।

दी । ५ रामावतार मेरी आँखों के प्रकाश थे। उन्हें निर्दयतापूर्वक निकालकर आप ने मुझे जीते-जी अग्नि में धकेल दिया। तब राजा ने कौशल्या से कहा—मैं काफ़ी जला हूँ, अब मुझे और न जला। मैं भीतर से धधक रहा हूँ, तेरे मन में अब जो भी आये उसे कह डाल। (इस प्रकार) राजा सुबह-शाम राम-राम पढ़ने लगे और एकान्त में रात-दिन भीतर-ही-भीतर जलने लगे। राम-राम पढ़ने में वे लीन हो गये और इस प्रकार अन्तर्मुक्त हो उनका मन आईने की तरह (निर्मल) हो गया। जो राजा (कभी) लोगों पर हूकूमत किया करता था वही (आज) शिव-शिव (राम-राम) पढ़ता हुआ नेत्रों से रक्ताश्रु बहा रहा था। १० ऐसा लग रहा था जैसे मोह-माया से मुक्त होने के लिए छटपटा रहे हों। वे अपने दामन व गले को चाक कर रहे थे। वे बेहोश हो गये तथा तख़्त व ताज को त्याग दिया। कायारूपी पिंजरे से जब वे धीरे-धीरे बाहर निकलने लगे तो उन्हें भान होने लगा कि (वास्तव में) उनको किसने जन्म दिया है और उन्होंने किसको जन्म दिया है। सारे व्यवधान काटकर

चंटिन जबु जामु मोंकुलोविन अथु खोर ।
वंटिन नवदार छारुनि लोंग चोंदाह पोर ।।
वुछुन नु काँह गोंबुर न कांसि हुन्द मोल ।
अंकिस अख दूपु सुतिन दूफ ज़न ज़ोल ।। १५ ।।
वोंदुन वाराह तु समसारा रिवान ओस ।
दपन कीकियि प्यठ नाख़ोंश स्यठाह ओस ।।
सोंनस येंलि नारुह सुतिन ज़ोलनस ज़व ।
सों कीकी आयि मन तस साविदान गव ।।
शतुरगुन बरथ मातामाल गांमुत्य ।
गंयख शोंछ तिम ति आसन यूर्य आमुत्य ।।
शतुरगुन बरथ मालिनि मंगु नांविन ।
तिम आयस ताम तिमन अहवाल बांविन ।।
वननि लोंग बरुथ जामन कंरिन पारा ।
मंरिथ कति मोल मेल्यम बेंयि दोबारा ।। २० ।।
मंछुन म्यंच्र सांरिसुय फ़ंरियाद लांयिन ।
यितम दर्शुन दितम तस नाद लांयिन ।।
पलन छोवुन कलु छोविन कलस पल ।
लबन कति सिरियि गोमुत अनिर्गंटिस तल ।।

उन्होंने अपने हाथ-पैर मुक्त कर डाले तथा नौ-द्वार बन्दकर वे चतु
मंज़िल को ढूँढ़ने लग गये। वहाँ (पहुँचकर वे पिता-पुत्र के सम्बन्ध
बहुत ऊपर उठ गये) न पुत्र को ही देखा और न अपने को पिता-रूप
ही पाया। बस, ऐसा लगा जैसे एक दीप ने दूसरे दीप को जल
हो। १५ वे ख़ूब रो रहे थे। संसार भी (उनके साथ-साथ) रो
था। कहते हैं कैकेयी पर वे बहुत नाख़ुश थे। राजा की सोने
दमकती देह को जब उसने अग्नि से दहकते देखा तो उसका मन साव
हो गया। शत्रुघ्न व भरत ननिहाल गए हुए थे। उन्हें सन्देश भिजव
गया और वे वहाँ से आने को हुए। (कैकेयी ने) शत्रुघ्न और भरत
अपने मायके से बुलवाया। जैसे वे आये तो उसने उनसे सारा अह
(हाल) कहा। भरत वस्त्रों को फाड़कर कहने लगे—भला मरने
उपरान्त अब पिताजी मुझे दुबारा कहाँ मिलेंगे? २० उन्होंने (भ
ने) अपने सारे शरीर को मिट्टी में मिला दिया तथा रोते-रोते
से फ़रियाद करने लगे—(हे तात!) आकर मुझे दर्शन दीजि

च़ोंटुन सीनु च़्युतुन तस ज़ोरह नाला ।
दोंपुन तस कुन बु कस कोंरथस हवाला ॥
स्यठाह ल्युथ गोस यंच़ रथ ओस हारान ।
दपन यी ओस वोंन्य कीकी बो मारन ॥
वुछिन प्रथ जायि कौंशल्यायि निश च़ाव ।
वदन दोंपनस यि कंम्य छुन मोसूमन वाव ॥ २५ ॥

वनुम वुन्य क्याह सपुन नतु वन्य ख्यमय वेंह ।
दोंपुस तमि टाठि गोंबरो ब्रोंठु कनि बेंह ॥
कंरुन दीवानगी सीनस दितुन चाक ।
स्यठा कीकीयि प्यठ सांपुन ग़ज़बनाक ॥
दोंनवय कलु ह्यथ तमि ललु नोंविन ।
जिगर मुच़ुरिथ तिमन सोंराख होंविन ॥
वदन दोंपनक लंसिव तोंहि आंसिनव आय ।
में छम तस रामच़न्दुरस खोंतु तुहुंज़ माय ॥
दोंपनक क्रूद त्राविथ रूज़ितव वोंन्य ।
तसुन्द कारन में निश तोंह्य बूज़ितव वोंन्य ॥ ३० ॥

अपना सिर उन्होंने पत्थरों से टकराया और पत्थरों को अपने सिर से टकराया। (वे कहने लगे) अँधेरे तले खोये उस प्रकाश को अब मैं कहाँ से पाऊँ? अपना सीना चाक कर उन्होंने ज़ोर से आवाज़ दी—(हे तात!) आपने मुझे किस के हवाले कर दिया? (इस प्रकार) उन्होंने अपनी खूब दुर्गति की तथा (आँखों से) रक्त (के आँसू) बहाने लगे और कहने लगे कि अब मैं कैकेयी को मार डालूँगा। उसने उसे (कैकेयी को) हर कहीं ढूँढा और (ढूँढते-ढूँढते) कौशल्या के कमरे में प्रविष्ट होकर रोते हुए कहा—हम मासूमों को यह किसने काल-कवलित कर डाला। २५ (आप) शीघ्रतापूर्वक कहें कि यह सब कैसे हुआ, अन्यथा मैं जहर खालूँगा। तब उसने (कौशल्या ने) कहा—मेरे लाल! सामने बैठ और ध्यान से सुन। दीवानगी के आलम में उसने अपना सीना चाक कर डाला और कैकेयी के ग़ज़ब (ज़्यादतियों) का वर्णन किया। दोनों (भरत व शत्रुघ्न) के सिरों को उसने सहलाया और अपना जिगर खोलकर उसमें सूराख दिखाये। रोते-रोते उसने कहा—अब तुम दोनों खुश रहो और चिरायु हो। मुझे अब उस रामचन्द्रजी से तुम दोनों की ही चाह है। अब क्रोध त्यागकर शान्त हो जाओ और उस कारण को विस्तार से सुनो। ३० तब उसने

दपन तंम्य माजि प्यठ वाराह नन्यर वोंन ।
क़बीलु खोंतु वाराह दाद गव नोंन ॥
वुछिव वोंन्य क्याह तिथिस राज़स बंनिथ आव ।
ग्युतुन ज़ुव ज़्यविह प्यठ ह्यथ गोंबरु सुन्द नाव ॥
ख़बर छा रामुचंन्दुरन बूज़ या ना ।
डण्डक वनु मंज़ुह रोंटमुत तंम्य मकाना ॥ ३३ ॥

बरथ जी सुन्द डण्डक वन गछुन

अंछिव लोंग रथ हरांने
रामु रामु लोंग परांने
शेरि प्यठु ताज त्रोवुन
बरथ राज़ु मंगुनोवुन
तनि जामु मंत्र रोवुन
रामु रामु लोंग परांने ॥ १ ॥

शापस कोंह न यलाज
बरथो शेरि ग्यू ताज
मोल मंरिथ मांज कर्या राज
रामु रामु लोंग परांने ॥ २ ॥

(भरत ने) अपनी माँ के सम्बन्ध में खुलकर बातें की और उसके क़बीले (परिवार) की अन्य बातें नंगी हो गईं। देखिए, उस राजा (तक) की क्या हालत हो गई। उसने जीभ पर पुत्र का नाम लेते-लेते अपनी जान दे दी। मगर क्या ख़बर रामचन्द्रजी ने ये शब्द सुने अथवा नहीं। वे तो दण्डक-वन में वास कर रहे हैं। ३३

भरतजी का दण्डकवन जाना

(राजा) आँखों से रक्त बहाने लगा और राम-राम पढ़ने लगा। (उन्होंने) सिर से ताज उतार दिया और भरत को बुलाया। तन से सभी वस्त्र उतार दिये और राम-राम रटने लगा। १ शाप का कोई इलाज नहीं है। हे भरत! अब तुम सिर पर ताज पहनो। पिता के मरणोपरान्त क्या माता राज कर सकेगी? और राम-राम रटने लगा। २ आसमान में शोर हुआ और जहाँ में कँपकँपी हुई। राजा

शोर गव आसुमानस
ज़िलु ज़िलु गव जहानस
राज़ुह खोत प्यठ व्यमानस
रामु रामु लोंग परांने ॥ ३ ॥

संमिथ आव सोर क्रोनुय
कोत गव राज़ुह सोनुय
चारु नो कंह ति ज़ोनुय
रामु रामु लोंग परांने ॥ ४ ॥

संमिथ आव सोर कबीलु
वन्याहस ज़ारु तु विलु
कालस कंह नु हीलु
रामु रामु लोंग परांने ॥ ५ ॥

ज़्रंसिथ आव सोर आलम
कीकीयि प्यठ कोरुख ज़म
कालस क्याह तम्युक ग़म
रामु रामु लोंग परांने ॥ ६ ॥

कीकी लंज्य वदांने
बुथिस लंज्य रब लदांने
मंरिथ गव क्याह मे बने
रामु रामु लोंग परांने ॥ ७ ॥

सोम्यतर लंज्य रिवांने
ज़ोरुह लंज्य नालु दिने

विमान पर चढ़ा और राम-राम रटने लगा। ३ सारा कुटुम्ब एकत्र हो गया। (सभी कहने लगे) हाय! हमारा राजा कहाँ चला गया। होनी के सामने कोई चारा नहीं लगता। और राम-राम रटने लगा। ४ सारा क़बीला सम्मिलित हुआ और (राजा से रुकने के लिए) खूब मनुहार व मिन्नतें कीं। काल के सामने कोई बहाना नहीं चलता और राम-राम रटने लगा। ५ सारा आलम सिमट कर आ गया और कैकेयी की सभी ने भर्त्सना की। काल को किसी का ग़म नहीं और राम-राम रटने लगा। ६ कैकेयी रोने लगी और मुँह पर कीचड़ मलने लगी। वे तो मर गये मगर मेरा अब क्या होगा; और राम-राम रटने लगा। ७

बोंद फेरि यी सपांने
राम् राम् लोंग परांने ।। ८ ।।

कोंशल्या आयि नालन
सोंम्बुल कंरिन दोंन गुलालन
दोंपुन तन नारुह ज़ालन
राम् राम् लोंग परांने ।। ९ ।।

कोंशल्यायि दोंप तिमन दोंन
ह्यों‌र खोंत किनु वोंथुम बोंन
सोंम्यत्रायि दोंप फंरुम सोंन
राम् राम् लोंग परांने ।। १० ।।

मारनि लूख लंग्य पान
कीकियि प्यठ कंरुख हान
कालस क्याह छु अवमान
राम् राम् लोंग परांने ।। ११ ।।

शुतुरगुन चाख दिथ द्राव
बोज़ुनु कैंह नु तस आव
दोंपुन प्यव मांसूमन वाव
राम् राम् लोंग परांने ।। १२ ।।

बरथ राज़ुह द्राव लारन
अंछिव किन्य ख़ून हारन

सुमित्रा विलाप करने लगी और ज़ोर-ज़ोर से पुकारने लगी—बुद्धि फिर जाने पर यही होता है; और राम-राम रटने लगा। ८ कौशल्या ज़ोर-ज़ोर पुकारने लगी—दो गुलों को उसने (राजा ने) मुरझा डाला। अब यह तन मैं अग्नि में जला डालूँ; और राम-राम रटने लगा। ९ कौशल्या ने उन दोनो (भरत व शत्रुघ्न) से कहा--क्या वे ऊपर गये या नीचे। सुमित्रा ने कहा—हमें अपनी ही सौत ने धोखा दिया; और राम-राम रटने लगा। १० सभी लोग सिर पीटने लगे और कैकेयी को दोष देने लगे। काल के सामने कुछ नहीं चलता; और राम-राम रटने लगा। ११ शत्रुघ्न (वस्त्रों को) चाक करते हुए निकल पड़े और उन्हें कुछ भी न सूझा। (वे कहने लगे) हम मासूम अब काल-कवलित हो गए; और राम-राम रटने लगा। १२ भरतजी पीछे-पीछे चल दिये और (आँखों से) ख़ून

डण्डकवन वोत छारन
रामु रामु लोंग परांने ।। १३ ।।
वुछुन यॆलि सिरियि रूपस
ग्रहनु सुत्य गोंट गोमुत तस
कोंठ्यन तान्य वोतमुत मस
रामु रामु लोंग परांने ।। १४ ।।
वुछुन यॆलि मंलिशि खानु
होरुन ओंश दानु दानु
प्योमुत ज़न आसमानु
रामु रामु लोंग परांने ।। १५ ।।
बरथन यॆलि सु हाल ड्यूठ
वंसिथ प्यव तान्य पथर ब्यूठ
दोंपुन पादन दिमस म्यूठ
रामु रामु लोंग परांने ।। १६ ।।
बुछिन पम्पोश हिश तन
सपंन्यमुत्र खाक हन हन
मंथिन तिम पाद न्यत्रन
रामु रामु लोंग परांने ।। १७ ।।
दोंपुस तंम्य रामु जुवन
बरथु छुख क्याज़ि रिवन

बहाने लगे। (सभी रामचन्द्रजी को) ढूँढते-ढूँढते दण्डकवन पहुँच गए; और राम-राम रटने लगा। १३ (भरत ने) सूर्य-रूप (रामचन्द्रजी) को ग्रहण द्वारा धूमिल हुआ देखा। उनके केश घुटनों तक बढ़े हुए देखे और राम-राम रटने लगा। १४ जब उन्होंने (भरत ने) रामचन्द्रजी की कुटिया देखी तो (उनकी) आँखों से अश्रु के दाने प्रवाहित हुए। वे जैसे आसमान से नीचे गिरे और राम-राम रटने लगा। १५ जब भरत ने यह हाल देखा तो वे गिरकर नीचे बैठ गए। उन्होंने कहा मैं (रामचन्द्रजी के) पादों को चूम लूँ, और राम-राम रटने लगा। १६ (भरत ने) कमल जैसे तेल को खाक के समान मुरझाया हुआ देखा। उनके (रामचन्द्रजी के) पादों को (उन्होंने) अपने नेत्रों के साथ मला (मिलाया); और राम-राम रटने लगा। १७ तब रामचन्द्रजी ने कहा—

कौंतू छुख योर यिवन
राम् राम् लोंग परांने ॥ १८ ॥
बबन माजि कोंरमु समवाद
वुछुम क्याह छुम यि रोंयदाद
यैति योर छुम न कैंह याद
राम् राम् लोंग परांने ॥ १९ ॥
बबस प्यठ नालु त्रोवुन
दांद्य लद मन्दु छोवुन
बांयिस हाल बोवुन
राम् राम् लोंग परांने ॥ २० ॥
बरथन हाल वोंनुनस
वंसिथ प्यव जंफ ओंनुनस
दोंपुन कंम्य कोरुस बेकस
राम् राम् लोंग परांने ॥ २१ ॥
किथव पुछि ओस सुय साथ
बबन कंर असि दोंहस राथ
बुमो प्योसस ब्यतस ज़ाथ
राम् राम् लोंग परांने ॥ २२ ॥
दोंख तु दांद्य सख़्त च्रांलिन
दर्मक्य वादु पांलिन

हे भरत ! तुम क्यों (इस प्रकार) विलाप कर रहे हो ? और भला यहाँ क्योंकर आये ? और राम-राम रटने लगा। १८ माता-पिता मुझे कुछ कहा है। (आप स्वयं) मेरा हाल देखकर (उस बात का) अनुमान लगा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मुझे कुछ भी याद नहीं और राम-राम रटने लगा। १९ (भरत) पिता के लिए विलाप क लगे और अपने आप की निंदा करने लगे। भाई (राम) से सारा ह कहा; और राम-राम रटने लगा। २० भरत ने हाल कहा (जिसे सुन रामचन्द्रजी) अचेत होकर गिर पड़े। वे कहने लगे--यह मुझे कि असहाय बना डाला ! और राम-राम रटने लगा। २१ वे हमारे एक म सहायक थे। उनकी मृत्यु ने अब हमारे दिन को रात बना दिय उन्होंने मुझे (अंतिम समय में) स्मरण तो नहीं किया ? और राम-र

दौह यैंलि नख वांलिन
रामु रामु लोंग परांने ।। २३ ।।

वौंन्दुह वारियाह गोस
बरथस कुन वनान ओस
मन्दियन अनि गोंट गोस
रामु रामु लोंग परांने ।। २४ ।।

कुसू ह्यकि व्याद कांसिथ
यि ओसुम ज़िन्दुह आंसिथ
बु नो वौंन्य तोर ह्यकय यिथ
रामु रामु लोंग परांने ।। २५ ।।

वदुनि लोंग बब ज्ञ्यतस प्योस
तिथुय युथ शुर सतु मोस
न्यठन च्रुह दिथ बौंरुन बोस
रामु रामु लोंग परांने ।। २६ ।।

मे नो वौंन्य कोंह कर्यम हान
बु कस करु मटि पनुन पान
कौतू च्रौंलहम च्रुह बगवान
रमु रामु लोंग परांने ।। २७ ।।

कौतू च्रौंलहम मे तांविथ
कसू ह्यकु हाल बांविथ

रटने लगा। २२ (उस राजा ने) खूब दुःख और संकट सहकर धर्म के वचन पाले। जब दिन पूरे हो गये और राम-राम रटने लगा। २३ (रामचन्द्रजी के) दिल को काफ़ी ठेस पहुँची। दिन में ही उनकी आँखों के सामने अन्धेरा छा गया तथा भरत से कहने लगे—और राम-राम रटने लगा। २४ अब मेरा यह दुःख कौन दूर कर सकता है? क्या यह दुःख मुझे ज़िंदा रहकर देखना था? अब मैं वहाँ (अयोध्या) नहीं जा सकता और राम-राम रटने लगा। २५ पिता की याद आने पर वे (पुनः) रो उठे, वैसे ही जैसे सात मास का शिशु रोता है। वे (बेबसी में शिशु की तरह) अँगूठा चूसने लगे और राम-राम रटने लगा। २६ अब मेरी कोई क़द्र नहीं करेगा। भला मैं अपने आपको किसके भरोसे रखूं। हे मेरे भगवान्! आप कहाँ चले गये? और राम-राम रटने

अनी कुस मन नाॅविथ
राम् राम् लोॅग पराॅने ।। २८ ।।
सिरियस लोॅगम् ग्रहनुय
मेॅ नो ज़ाह मोल ज़ोनुय
वुछित येॅति हाल सोनुय
राम् राम् लोॅग पराॅने ।। २९ ।।
बरथो गछ़ नगर कुन
कौशल्या यूर्य सोज़ुन
मेॅ नो वोॅन्य तोर छु युन
राम् राम् लोग पराॅने ।। ३० ।।
गटि येॅलि सूर फोॅल गाश
सिरियन त्रोव प्रकाश
बरथस सूर यिनुच आश
राम् राम् लोॅग पराॅने ।। ३१ ।।

श्री राम् सुन्द बबस वदुन
दपन पंज़्य किन्य बब गोॅबुरस नरायन ।
वतव प्यठ लूख बबु रुस्यतेॅन छि लायन ।।

नरुक बूगुन दिनम राख्यस प्रकृत छम ॥
मैं योंदवय रामुज़ुव मार्यम दियम कान ।
परन गछु रामु रामु अथि यिनम प्रान ॥ ४५ ॥

तब उस (रावण) ने कहा—अब मैंने राज्य की शंका (चिन्ता) भी छोड़ दी है। उस गुणवती के लिए मैं सोने की लंका भी त्यागने को तैयार हूँ। तू मेरे साथ चल और वहाँ पहुँचकर अपनी माया दिखा। वह तेरे पीछे भागेगी और तू उसे रिझाते (ललचाते) रहना। तब उस (मारीच) ने कहा कि यदि यह ब्रह्माण्ड भी हिल जाय तो भी राम-लक्ष्मण को ललचाना, उन्हें घर से निकालना, असंभव है। यदि उसके (रामचन्द्र के) सामने हज़ारों लाखों रावण भी इकट्ठे हो जायँ, तो वे भी ख़ाली हाथ ही लौटेंगे—यह असत्य नहीं है। ४० तुम्हारा जो नाम शेष है, उसे भी लजाओगे—यह सच कह रहा हूँ, राज्य को भी गवाँ दोगे। तब उस (रावण ने) कहा—मेरी बात यदि मानते नहीं हो तो तुम्हें शमशीर से मार डालूँगा। जल्दी उठ, मैं राज्य से विरक्त हो चुका हूँ। रे मारीच! सुन, मैं कह रहा हूँ कि तुझे मार डालूँगा। यदि तुझे अपना जीवन दरकार है तो उठ और कोई रास्ता निकाल। तब मारीच रोने लगा (और सोचने लगा) कि यदि यह मुझे मारता है तो मुझे नरक प्राप्त होगा, क्योंकि राक्षस प्रकृति का हूँ।

तमिस सुत्य वोथ मनस यॆलि यी गंयस राये ।
दोपुन द्यवु व्यशनुलूकस मंज़ दिनम जाये ।।
सु रावुन ब्यूठ वोनुनि लोग ज़लुर्य ज़ांज्य ।
सु गव तम्य रोस्य कंट्य बोनु सोनु संज़ लांज्य ।।
पकन गंयि वरन वदुलाविथ डंडक वन ।
वुछिक सीता बिहिथ खोशदिल ब गुलशन ।।
नज़र त्रावुन वुछुन अख जानवारा ।
तिलाई तन ब गर्दन मोख़्त हारा ।।
यिवन सीतायि यॆलि बाग़स अन्दर ड्यूठ ।
पकन गंयि रामुचंन्दुरस निशि खंटिथ ब्यूठ ।। ५० ।।

कुलिस प्यठ वरनु वदुलिथ जानवर ब्यूठ ।
दोपुन सुतायि यॆलि युथ आश्चर ड्यूठ ।।
दोपुन तस रामुचंन्दुरस कुन न्यबर नेर ।
खंजरु या तीरु मारुन या ब शमशेर ।।
तमिस डीशिथ सो सांपुन्य तीव्र बेताब ।
सपुनि युथ नारु सुतिन ख़ाम सीमाब ।।
वनुनि लंज रामुचंन्दुरस कुन यि मारुन ।
गछी नीरिथ न्यबर ह्यस पतु लारुन ।।

यदि रामचन्द्रजी के तीर से मरता हूँ तो राम-राम स्मरण कर मेरे प्राणों को सद्गति प्राप्त हो जायगी । ४५ मन में यह विचार कर वह उस (रावण) के साथ हो लिया कि शायद विष्णुलोक में उसे जगह मिल जाये । रावण मायावी जाल बिछाने लगा और वह (मारीच) असली रूप को छिपाकर सोने का एक जानवर बन गया । दोनों वर्ण बदलकर दण्डक वन की ओर चल दिए और वहाँ पर एक गुलशन में सीता को खुशदिल रूप में देखा । उस(सीता)ने नज़र उठाकर उस जानवर को देखा जिसका तन सुनहरा और गर्दन में मोतियों का हार था। जब सीता ने उसे बाग़ के अन्दर आता हुआ देखा तो वह रामचन्द्रजी के पास गई और (इतने में) वह ग़ायब ग़ायब हो गया । ५० और वर्ण बदलकर एक वृक्ष पर बैठ गया । जब सीता ने यह आश्चर्य देखा तो रामचन्द्रजी से कहा कि बाहर उस (जानवर) को खंजर या तीर या शमशीर से मार डालिए । उसे देखकर वह इतनी बेताब हो गई जितना आग से ख़ाम सीमाब (पारा) हो जाता है । वह रामचन्द्रजी से कहने लगी—इसे मार डालिए । तब लक्ष्मण से रामचन्द्रजी ने कहा—यह

वनुन ह्योंत रामुच्रंदुरन लंखिमनस कुन ।
छु राख्युस जानवर कुंह क्याह छु डेशुन ।। ५५ ।।

च्रु बेंह येंत्य रांछ छय सुता हवालु ।
बु योंत तामथ अंमिस गछ़ु पोस वालु ।।
च्रलुनि मांरिज लोंग येलि रामुजुव द्राव ।
रोंटुन वन च्रूरि छ्यफ दिथ जंगलस च्राव ।।
च्रलुनि मांरिज लोंग गोस पतु लारन ।
कंड़िथ गरि न्यून लोगुन कोहु सारन ।।
दितुस तंम्य तीर सेंज़ुरांविथ पथर प्यव ।
दोंदुय त्युथ युथ दज़ान नारस अन्दर ग्यव ।।
ब तुन्दी तीर लांयिथ सख़्त पोवुन ।
मरुनु विज़ि राखिसन बोंनु नालु वोवुन ।। ६० ।।
मरुनु विज़ि राखिसन यी दोंप यितांमो ।
कत्यू छुख लंखमनो दरशुन दितांमो ।।
अमी आवाज़ि गंल्य राख्यस ज़ें बुनियाद ।
दितुन बोंनु राखिसन लंखिमनु कंरिथ नाद ।।
यंहय ऋख दयतु सुन्ज़ सुतायि येंलि बूज़ ।
वदुनि लंज लंख्यमनस निशि गंयि वोंदुनि रूज़ ।।

जानवर के भेस में राक्षस दिखता है, न जाने क्या होनेवाला है । ५५ सीता तेरे हवाले है । तू तब तक यहीं उसकी रखवाली के लिए बैठ जब तक मैं उस (राक्षस) की खाल उधेड़कर लौटता नहीं हूँ । जब रामचन्द्रजी निकले तो मारीच (तेज़ी के साथ) भागने लग गया और वन के अन्दर छिप गया । मारीच भागता गया और वे उसका पीछा करते रहे । (मारीच) उन्हें घर (आश्रम) से निकालकर दूर पहाड़ों आदि की ओर ले गया । तब उन्होंने तीर मारा जिससे वह नीचे गिर गया और ऐसे जलने लगा जैसे आग में घी जलता है । तीक्ष्ण तीर मारकर उन्होंने उसको गिरा दिया । मरते समय उस राक्षस ने ज़ोर से आवाज़ दी । ६० मरते समय उस राक्षस ने यह कहा—आ-जाना, हे लक्ष्मण ! तू कहाँ है ? मुझे दर्शन दे दे । इस आवाज़ को सुनकर सभी राक्षस जलने लग गए (कि कुछ होनेवाला है) । दैत्य की यह आवाज़ जब सीता ने सुनी तो वह रोती हुई लक्ष्मण के पास जाकर खड़ी हो गई और उसने कहा—भाई तुझे ढूँढ रहा है । तू जल्दी जा और कोई उपाय कर । लक्ष्मण ने कहा—उन्हें कोई परवाह

वनुनि लंज लंखिमनस गछ़बा च़ु लारन ।
कंरिव कैंह पाय छुय हो बोय छ़ारन ॥
दौंपुस लंखिमन जुवन कैंह छुनु परवाय ।
गंज़र वुन्य वाति पानय छ़ौंपु कर माय ॥ ६५ ॥

तंमिस कुस पोशि नारायन छु पानु ।
गौंवुय क्याह मांज ह्यस रूदुय नु दानु ॥
तिथुय बूज़िथ सौं सुता लंज वदने ।
हौंरुन ओंश नार गौंडुनस हियि तने ॥
च़ौंटुन सीनुह दौंपुन क्याह गोम क्याह गोम ।
वौंन्य अय यैंति कैंह गछ़्यम पतु मारुनम ज़ांम ॥
दौंपुस लंखिमन जुवन बेंह छख च़ु मोसूम ।
च़ें कर छी राखिसन हुन्द्य विह्य मोलूम ॥
दौंयुम कर रामुजुव दियि यूत फ़रयाद ।
त्रेयुम कर कांसि हुन्द तथ जायि इमदाद ॥ ७० ॥

च़ु च़ूरिम रोज़ बेग़म क्याह छु तलवास ।
गंज़र वुन्य पौंस वांलिथ यूर्य ह्यथ आस ॥
दौंपुस तमि तोरु कथ गंज़ुराव मुशकिल ।
मे ज़ोनुम छुय ख़याले ख़ाम दर दिल ॥

नहीं है। वे बस आते ही होंगे। हे माता ! आप विचलित न हों। उनको कौन परास्त कर सकता है। ६५ वे तो स्वयं नारायण हैं। हे माता ! आप ऐसा क्यों सोचती हैं ? ऐसा सुनते ही वह सीता रोने लग गई तथा आँसू बहाने लगी। उसका चमेली-सा तन-बदन दग्ध होने लगा। उसने अपना सीना चाक कर दिया, और कहा कि हाय ! यह मैं क्या देख रही हूँ। अगर अब (उन्हें) कुछ हो गया तो ननदें मुझे मार डालेंगी। तब लक्ष्मण ने कहा—आप यहीं बैठिए। आप मासूम हैं। आप राक्षसों के स्वाँग को नहीं जानतीं। दूसरा (यह भी सोचिए कि) भला रामचन्द्रजी यों फ़र्याद क्यों करते और तीसरा (यह भी सोचने की बात है कि) उस स्थान पर उन्हें भला इमदाद की क्या ज़रूरत होगी। ७० चौथा आप बेग़म (निश्चित) रहें, उद्विग्न क्यों हो रही हैं ? आप (पल) गिनती रहें, वे अभी (उस दैत्य) की खाल उतारकर आ ही रहे होंगे। तब उस (सीता) ने उधर से कहा—तू इसे (मेरी बात को) ऐसा-वैसा न समझ, अपितु इसे एक मुश्किल बात जान। अब मुझे मालूम हो गया कि तेरे दिल में

यि छुख गंज़ुरन ति वुनि छस ना बु ज़ानन ।
में प्यठ कुस नक़श गोंडुमुत आसुमानन ॥
मुरुख सुय युस पनुन वन्दि वोरु बायन ।
सु तस कुन लोलु कनि छुय गोलि मारन ॥
गोडन्य यी वोरु बायन हुन्द्य छि अतुवार ।
दोंयुम आसी में डीशिथ दिल गिरफ़्तार ॥ ७५ ॥

त्रेंयुम त्रावुन ब्रें बोय लंसिनय शतुरगुन ।
यि च्रूरिम चारु क्याह ओसुय यि दुशमन ॥
बु कांत्राह आसु हशि हुंज़ुह पामु त्रालन ।
वनस दिमु नार वुन्य येत्य पान ज़ालन ॥
जिगुरस छोंख लगन गेलुन लुकन हुन्द ।
पनुन ज़ुव कोनु पनुनिस बरथहस वन्द ॥
अपुज़ छुय युथ नु वोंन्य अमि रायि रावख ।
सु त्राविथ नाव तंम्यसुन्द मन्दुछावख ॥
गोंडन्य यी मालिन्यन निशि कस बु ज़ायस ।
दोंयुम व्यवाह करिथ कति गरु आयस ॥ ८० ॥

त्रेंयुम बरथा पनुन ओसुम में नारान ।
वुन्योम सामथ करिथ गोम डाक मांदान ॥

ख़ाम ख़याल हैं (तेरी नीयत ठीक नहीं है) जाने इस आसमान ने मेरे साथ यह क्या छल किया है। (अब मै जान गई) वह मूर्ख है जो सौतेले भाइयों पर अपना जी जान गँवाए। वे तो प्रेम के बदले में गोलियाँ दागते हैं। अव्वल तो सौतेले भाइयों के कर्म ही ऐसे होते हैं। दूसरा, मुझे देख तेरा दिल गिरफ़्तार हो रहा होगा। ७५ तीसरा, तू भाई (रामचन्द्रजी) को छोड़ अपने (असली) भाई शत्रुघ्न के पास चला जा। चौथे, अपने इस भाई (रामचन्द्रजी) से तूने यह अच्छी दुश्मनी निकाली। मैं भला अब सास के ताने कैसे सहूँगी (यदि रामचन्द्रजी को कुछ हो गया तो)। इस वन को आग लगाकर मैं यहीं पर अपने आप को जला डालूँगी। औरों का ताना जिगर पर ज़ख़्म के समान (पीड़ादायक) होता है। मैं अपना शरीर अपने भर्त्ता पर क्यों न वारूँ। तू इस ग़लतफ़हमी में मत रहना कि मैं निःसहाय हूँ और उसे (यों अकेला) छोड़कर अपना नाम मत लजा। प्रथम, मैंने मायके में जन्म ही क्यों लिया और दूसरा, विवाह के बाद यह किस घर में आ गई। ८० तीसरा, मेरा भर्त्ता नारायण

यि च्रूरिम छम च्रे कुन वुछ वुछ लगन श्राख ।
शेतुर छुख किनु मेथुर ह्यू सूत्य सूत्य आख ॥
यि पूंचिम पाम छम कलु च्रंट सपुन्य तन ।
शेयिम सनकी छे क्याह ज़िन्दु छुख च्रु लंखिमन ॥
बु कांत्राह त्रालु लूकन हुन्ज़ु पामय ।
हरुनि लंज ओश परुनि लंज रामु रामय ॥
बु मारय पान वुन्य ख्यमु वेह त्रली ज़ाग ।
ति बूज़िथ लंखिमनन ह्योंत बर जिगर दाग़ ॥ ८५ ॥

तिथय नेरन छु लंखिमन जुव गछ़न वन ।
यिथय पांठिन कोकरमन प्रान नेरन ॥
त्रटन जामुह वदन गव जंगलस कुन ।
सपुन पांदा सु रावुन जूग्य लोगुन ॥
सु याम ग़व ताम सपुन पांदा सु रावुन ।
अथव सुतिन ह्योंतुन तस सुतायि हावुन ॥
अंगन बसमा मंलिथ आँगन अन्दर त्राव ।
अथस क्यथ गंडव ह्यथ आंही करान आव ॥
अलख क्रख लांयिनस बूज़िथ न्यबर द्राय ।
दोंपूनस दान दिम रामस लगी आय ॥ ९० ॥

(के समान) था, पर वही मुझे निःसहाय छोड़ गए और मेरा बुरा हाल हो गया। चौथा, तुझे देख-देख मुझ पर छुरियाँ चलती हैं। (सोचती हूँ) तू मित्र है या कि शत्रु, जो हमारे साथ-साथ चला आया। पाँचवा, यह मेरा तन अब बिना सिर के हो गया है और छठे, यह सब देखते हुए भी रे लक्ष्मण, तू जिन्दा है ? अब मैं लोगों के ताने कैसे सहन करूँगी और इस तरह वह आँसू बहाने लगी और राम-राम रटने लगी—मैं अभी यहीं पर ज़हर खाकर अपना शरीर मार डालूँगी और तभी तेरा अन्धकार दूर हो जायगा। यह सुनकर लक्ष्मण के जिगर को दाग़ लग गया। ८५ और वह (तभी) वन के लिए निकल पड़ा, जैसे कुकर्मियों के प्राण निकलते हैं। वह रोता-बिलखता जंगल की ओर निकल पड़ा और जैसे ही वह निकला, उधर से (वह) रावण (फ़कीर का) भेस धारण कर पैदा हो गया और हाथों से सीता को इशारा करने लगा। अंग में भस्म मले तथा हाथों में लोटा लेकर वह (रावण) आँगन के अन्दर प्रविष्ट हुआ तथा आशीर्वाद देता हुआ सामने आया। उसने अलख लगाकर दान की याचना की जिसे सुनकर वह

दौंपुस तमि गोम वुन्य गंडनम दिलस रेह ।
दौंपुस तंम्य वौथ टुकान लंकायि प्यठ बेह ।।
दौंपुस तमि गछ़ च्रु तथ लंकायि दिस नार ।
ति बूज़िथ राखिसन तस होव व्यंखचार ।।
दौंपुस तमि रामुच्रंन्दुरुन बुथ वुछुथ ना ।
दौंपुस तंम्य ख़ोश गछ़ख डीशिथ च्रु लंका ।।
दौंपुस तंम्य कवु दौंदुय येंति तापु ताल्युन ।
दौंपुस तमि कूर गछ़ि कर पानु माल्युन ।।
दौंपुस तंम्य पख वुछुन लंका नबस सुत्य ।
दौंपुस तमि कूर गछ़ि पनुनिस बबस सुत्य ।। ९५ ।।

दौंपुस तंम्य छख च्रु गामुच्र प्यति वौंदासी ।
दौंपुस तमि ज़ान वारिवि गरि बु दासी ।।
दौंपुस तंम्य चोन गछ़ि लंकायि प्यठ युन ।
दौंपुस तमि ज़ामुतुर गछ़ि वीगि फिरु न्युन ।।
ति बूज़िथ रावुनस गव क्रूद पादा ।
हरुनि लंज ओंश मरुनि लंज क्याह सौं सुता ।।

(सीता) बाहर आगई । उस (रावण) ने कहा—मुझे कुछ दान दे जिससे (तेरे) राम की आयु बढ़ेगी । ९० वह बोली—वे तो अभी-अभी कहीं चले गए हैं और मेरे दिल में अग्नि की ज्वाला भड़क उठी है । उसने कहा उठ जल्दी कर और (मेरे साथ) चलकर लंका का वैभव स्वीकार कर । वह बोली—जा और उस लंका को जला डाल । यह सुनकर रावण ने उसे अपना (विकराल) वास्तविक रूप दिखाया । वह बोली—तूने शायद अभी तक रामचन्द्रजी का मुँह नहीं देखा है । उसने कहा—तू लंका को देखकर खुश हो जायगी—तू यहाँ (इस निर्जन में) क्यों मारे गर्मी के अपने आप को तपा रही है । वह बोली—भला पुत्री अपने मायके कैसे जायगी ? उसने कहा—चल, तुझे (नभ) आकाश को छूती हुई लंका दिखाऊँ । वह बोली—पुत्री तो अपने पिता के साथ ही जायगी । ९५ उसने कहा—तू पति के लिए क्यों उदास हो रही है । वह बोली—ससुराल में मुझे तू दासी के समान जान (मैं अपने पति की अनुगामिनी बनी रहूँगी)। उसने कहा—तुझे लंका में चलना ही चाहिए । वह बोली—अपने जामातृ को लग्नोपरान्त वहाँ ले जाना चाहिए था । यह सुनकर रावण में क्रोध पैदा हो गया और (वह) सीता निःसहाय होकर आँसू बहाने लगी । (तब रावण ने कहा–)

च़ु छख ना परज़ुनावान अय गुल अंदाम।
गाँसोन्य त्रावुन मेँ रावुन छिम दपान नाम ॥
दया कर वौथ मेँ प्यठ त्रावुन सु संन्यास।
थवय सीवा करुनि हूरस शुराह सास ॥ १०० ॥

यि कथ बूज़िथ तमिस सुतायि गव गश।
दपन ज़न रावुनस त्रोवुख कंरिथ खश ॥
गौलाबस सोसुनुक ह्युव रंग तस गव।
हलब आयीनु ज़न बौन कनि प्यठ प्यव ॥
वुछिव सुतायि यॆलि आकाश्य ह्यथ गव।
रंटिथ तुज तंम्य वदन द्रायस फंटिथ ज़्यव ॥
खंटिथ यमराज़ु गव ह्यथ अमर्यतुच त्रेश।
गरुडुह सुन्दि बीमु सरफव दरबि दित्य फेश ॥
च़ौदुश च़न्दरमु कौर कीतन अवारुह।
वंसिथ आकाशि पॆयि सारी सितारुह ॥ १०५ ॥

तिथुय बौनु ज़ोन सिरियन ती गछ्यम जान।
दितुन च़न्दुरमु मौकुलोवुन पनुन पान ॥
वंछ्स यॆलि कालु गटु नेथुरन अन्युव प्योस।
तुजिन कीशव रंटिथ आकाश्य ह्यथ गोस ॥

अरी फूलों की रानी! तू क्या मुझे नहीं पहचानती है? उस जोगी को छोड़, मुझे रावण कहते हैं। उठ, मुझपर दया कर और उस संन्यासी को त्याग दे। मैं तेरी सेवा के लिए सोलह हज़ार हूरों (अप्सराओं) को रखूँगा। १०० यह बात सुनकर वह सीता ग़श खा गई और रावण की हालत ऐसी हो गई जैसे उसे काट दिया गया हो। (सीता के) गुलाब की तरह चमकते मुखमण्डल का रंग धूमिल हो गया और जैसे चमकते आईने को नीचे पत्थर पर फेंक दिया गया हो। जब सीता को वह (रावण) ज़ोर से पकड़ ऊपर आकाश में उड़ाकर ले गया तो रो-रोकर उसकी जीभ बाहर फटने को आगई। (रावण-रूपी) यमराज अमृत-पेय (सीता) को छिपा कर ले गया। गरुड (रावण) के भय से सभी सर्प (विवश होकर) कुश को चूसने लगे। चौदहवीं के चन्द्र को केतु ने ग्रस लिया जिसे देख आकाश के सभी सितारे निपातित हुए। १०५ सूर्य ने इसी में अपनी ख़ैर समझी और उसने अपने आप को बचाकर चन्द्रमा को सामने कर दिया।

च्रलन गव त्यूत वावस वथ सपुन्य तंग ।
वनन आकाश सांपुन सोसुनुक रंग ।।
तिथुय तुल शोर वनुक्यव जानुवारव ।
संमिथ तिम आयि सारी पान मारव ।। १०९ ।।

जटायन् सुन्द योद तु सुतायि हुन्द कांद

ख़बर बूज़िथ जटायन गव ख़बरदार ।
क़फ़स फुटरुन तु लारन गव ब यकबार ।।
पुनिम च्रन्दरस वुछुन येलि ह्यथ च्रलन कीत ।
दोंपुन तस ओय म्रत पापुक गोंवुय हीत ।।
दिच्रुन तस क्रख वोंथुय युथ क्याह अन्दुकार ।
कवो बापत गरस पनुनिस दितुथ नार ।।
कंरुथ आवारु कवु बापत पंरी ज़ात ।
रुमाह कर सबुर लबुनावथ मुकाफ़ात ।।
परुकि दकु सुत्य छुस आंकाशि त्रावन ।
ज़ंमीनस प्यठ अंडिजि छुस फुटुरावन ।। ५ ।।

उस रावण की मति पर जब काली घटा छा गई तो उसकी आँखें अन्धी हो गईं जिससे उसने उस (सीता) को केशों से पकड़कर उठा लिया और आकाश में उड़ा ले गया। वह इस तेज़ी से भागा कि वायु का मार्ग तंग हो गया तथा कहते हैं कि आकाश का रंग पीला पड़ गया। वन के पक्षी कोलाहल करने लगे और वे सभी अपनी जान देने को इकट्ठे हो गए। १०९

जटायु से युद्ध और सीता का क़ैद होना

(सीताहरण की) ख़बर सुनकर जटायु ख़बरदार हो गया तथा एकदम अपनी जगह छोड़कर दौड़ता हुआ बाहर आ गया। जब उसने पूनम के चन्द्र (सीता) को केतु द्वारा (ग्रसित) भगाया हुआ देखा तो वह (रावण से) कहने लगा—तेरी मौत आगई है जो तू यह पाप करने पर उतारू हो गया है। उसने ज़ोर से आवाज़ देकर कहा—यह तुझे किस अन्धकार ने घेर लिया है जो अपने घर को स्वयं अपने हाथों से (इस कुकृत्य द्वारा) भस्म कर रहा है, किस लिए तू इस परी समान (सुन्दरी) को दुखी कर रहा है। क्षण भर के लिए रुक जा ताकि मैं तुझे इसका अंजाम बतलाऊँ। (तब जटायु ने) उसे पर के धक्के से ऊपर आकाश में उछाला

कंमी कॅंह कंर नु तंम्य तति ज़ोर हाविन ।
परव सुतिन पथुरि प्यठ वातुनाविन ।।
रटन ओसुस च्रटन ओसुस पंजन तल ।
च्रटन छुस कलु तामथ छुस करन छल ।।
सपानन बॅयि तंमिस सोबूथ्य सारी ।
अंकिस कलस सुतिन तस प्रान लारी ।।
स्यठाह रावुन करान ओस ज़ोर तं बल ।
कलन दहन नर्‌यन वूहन कुनुय छल ।।
तुजिन तंम्य रावुनन शमशेर लायिस ।
च्रंटिनस पर च्रूरि पाठिन ज़ोरु लायिस ।। १० ।।

पथर प्यव पर च्रंटिथ गव छुसनु छोरन ।
वन्यस क्याह रावुनस छुनु चोंट फोरन ।।
दोपुस सुतायि कर वॉन्य ज़िन्दु छोरी ।
च्रे च्रंटिथस पर तम्युक पादाश होरी ।।
वोनुन सुतायि वुन्य यॅत्य बु मारथ ।
नतु हावुम अंमिस निशि मोकलनुच वथ ।।
अंनिन सख़्ती तंमिस सुतायि वोन हाल ।
अंमिस जानावरस किथु पाठ्य छुस काल ।।

और ज़मीन पर गिराकर उसकी हड्डियों को तोड़ डाला । ५ अपनी ओर से उसने कोई कमी न रखी और ख़ूब ज़ोर दिखाए । परों के धक्कों से वह उस (रावण) को नीचे पृथ्वी पर ले आया । वह उसे पकड़कर पंजों से नोचने लगा और छल-बल से उसके सिर काटने लगा । मगर उसके सिर वापस साबूत बन जाते । बस, एक ही (विशिष्ट) सिर के साथ उसके प्राण बंधे थे । रावण ख़ूब ज़ोर और बल दिखाने लगा तथा दस सिरों व बीस बाहों से मिलकर छल (कौशल) दिखाने लगा । तब रावण ने शमशीर उठाकर उस पर ज़ोर से दे मारी और चुपके से उसके पर काट डाले । १० पर कटते ही वह (जटायु) नीचे गिर पड़ा, मगर फिर भी रावण को नहीं छोड़ा । रावण भला क्या कहता, उसका मुँह ही बंद हो गया । सीता ने कहा—अब यह तुझे ज़िन्दा कहाँ छोड़ेगा । तूने इसके पर काटे, अब वह इसका प्रतिशोध लेगा । तब रावण ने सीता से कहा—मैं तुझे अभी यहीं पर मार डालूँगा, अन्यथा इससे मुक्त होने का कोई मार्ग बता । सीता पर (उस रावण ने) बहुत सख़्ती की जिससे

दोंपुस तमि रथ मंथिथ दिस पल च्रु दारिथ ।
यि छुनि न्यंगुलिथ तु ज़ानि नु पतु लारिथ ।। १५ ।।

पतव यॅलि रामुच्चंन्दुरस बावि अहवाल ।
वंनिथ वोंबरावि अदुह बुथ हाविनस काल ।।
यि योंत ताम रामुसुन्द दर्शुन करी न ।
वन्यस योंत ताम शेंछ तोंत तां मरी न ।।
दितिस तम्य रथ मंथिथ पल खेंन्य गोंबिथ प्यव ।
लंबुन वथ रावुनन सुतायि ह्यथ गव ।।
नियन आकाश्य वोंठ लंकायि प्यठ वोत ।
दज़ुवुन नारुहोंट ह्यथ गरु पनुन वोत ।।
नियन दर शहरि लंका वातुनावुन ।
खंटिथ च्रानिन रंटिथ दर बाग़ थावुन ।। २० ।।

अशक वन बाग़ ओसुस तंत्य सों थावुन ।
अंनिन मन्दूदंरी दोंद दामु चावुन ।।
दितुन फ़रयाद तेंलि यॅलि सख़्तु त्युथ आस ।
लबन काशस तु आकाशस बुन्युल आस ।।

सीता ने वह सारा हाल (तरीक़ा) बताया जिससे उस पक्षी का काल आ सकता था। वह बोली—रक्त से सने हुए बड़े-बड़े पत्थरों को इसके ऊपर फेंक दो। उन्हें यह निगल जायेगा और इस तरह तुम्हारे पीछे नहीं उड़ेगा। १५ फिर जब रामचन्द्रजी से यह सारा अहवाल (वृत्तान्त) बयान करेगा तब ही काल उसे अपना मुँह दिखाएगा। जब तक यह रामचन्द्रजी के दर्शन कर उसे (मेरी) सारी ख़ैर-ख़बर नहीं सुनायेगा तब तक यह (कभी) मरेगा नहीं। रावण ने उसे रक्त से सने बड़े-बड़े पत्थर खाने को दिए (जिन्हें खाकर) वह भारी होकर गिर पड़ा। तब रावण को भागने का मार्ग सूझा और सीता को लेकर उड़ गया। उसने आकाश में छलाँग लगाई और लंका में पहुँच गया तथा उस जलते हुए (प्रदीप्त होते हुए) अग्निपुंज (सीता) को अपने घर ले आया। लंका शहर में पहुँचकर उसने उसे छिपाकर अपने बाग़ में रख दिया। २० वह अशोकवन का बाग़ अत्यन्त सुन्दर था, उसी में उसे रख दिया तथा मन्दोदरी को बुलवाकर उसे दूध पिलवाया। जब उसपर सख़्ती की गई तो उसने फ़रियाद की, जिससे दीवारों में दरारें पड़ गईं और आकाश में भूचाल आ गया। वह रोने लगी कि जाने (मेरी कुण्डली में) सूर्य-ग्रह इस समय किस घर में चला गया है। मेरे

वदान आंस सिरियि गोव्रर कथ गरस गोम ।
कंरिथ ज़ीवस तु ज़न्मस वंकरि छुम बोम ।।
शनशचर मीशि अ़ुठिमि जायि तस ब्यूठ ।
गंछ्रिथ परदीश तमि क्रेछर स्यठाह ड्यूठ ।।
तंमिस सुतायि येंलि वोंलका दशा यस ।
सपुन्य आवारु चारु नु लांन्य न्यायस ।। २५ ।।
शोंकुर तस नालु च्रंकरुक खोंवुरि कनि ब्यूठ ।
कोंडुन संकट तंमिस द्यन छुय बरुन क्रूठ ।।
दपन येंलि राखिसन रंट गिल सों ज़ालुह ।
अंनिन मन्दूदरी कंरनस हवालुह ।।
दोंपुन तस कुन रछिन्य च्रे शन र्यतन छ्य ।
करुस सीवा च्रें सुत्य योंत तां गछ्यस लय ।।
वदन मन्दूदरी वांलिजि शर छुम ।
बेयन शंतरन वनुन लायक में कर छुम ।।
तुजिन तमि कोंछि क्यथ ह्यथ ललुनांवुन ।
गंमुत्र कोंलि येंलि लंबुन लोंलि क्यथ सों सांवुन ।। ३० ।।
वुछिव तस माजि मा माज़ुक मुशुक आव ।
लबन येंलि छस बबन दोंद ठींचि तस द्राव ।।

मेरे जीवन व जन्म को (बिगाड़कर) भौम, लगता है, वक्र गति से चल रहा है, तथा मेष राशि का शनिश्चर आठवें घर में बैठा हुआ है जिसने परदेश में लाकर (मुझे) कठोर दुःख दिखाया। उस सीता पर शनि की दशा लगी हुई थी जिससे वह असहाय हो गई—भाग्य के लेख का भला क्या किया जाय। २५ उसके जन्मचक्र में शुक्र वाम दिशा में बैठा हुआ था, जिससे वह संकट में घिर गई तथा दिन बिताने मुश्किल हो गए। कहते हैं, जब उस राक्षस (रावण) ने उस सुन्दरी को जाल में पकड़ लिया तो मन्दोदरी को बुलाकर उसे उसके हवाले कर दिया। उस (रावण) ने (मन्दोदरी से) कहा—इसे छः महीने तक पालना होगा। तब तक इसकी सेवा करती रह जब तक कि यह तेरे साथ हिल-मिल नहीं जाती। मन्दोदरी रोते हुए कहने लगी—(इसे देखकर) मेरे कलेजे को तीर लगा है। उस बात को (कि सीता को मैंने ही नदी में फेंकवाया था) कहने के लायक भला अब मैं कैसे रही! तब उसने उसे गोद में उठाकर झुलाया तथा पानी में फेंकी उस (सीता) को पुनः पाकर अपने अंक में सुलाया। ३०

लंबुन येंलि मायि ज़ालह वलनु आये ।
ज़िन्दुह ज़न गाड़ गंयि मन्ज़ तीलु क्राये ।।
तिथय पानस पेंयस लोलुचि दंतुरे ।
लंबुन कोनु श्राख योंसु वांलिजि कतरे ।।
पेंयस ज़न नारु व्रठ वसवास आतश ।
लंजिस ज़न शीनु छ्ठ यंत्र तुरु व्रायस ।।
अमार वोंनुन नु कुनि किन्य न करुन वार ।
जिगरस क्यथ खंटिथ थोवुन बोंसुर्‌य नार ।। ३५ ।।

रोंटुन दम क्या सना ज़ोनुन वोंटुन आंस ।
छोंपुह शमशेरि तंमि वादस व्रोंटुन आंस ।।
तवय वांलिजि तमि कंर नीलुवठ कंन्य ।
अवय कुनि किन्य गछ्यम मा सीरु कथ नंन्य ।।
ख़बर छसना यि कस वनु यंत्र गछ्यम हाछ्र ।
मुत्रुर येंलि हांगिन्यव मोंख मोंखतु गव काछ्र ।।
खंटिथ थावुनु जिगर छुय चरख़ु फेरन ।
फंटिथ अदु लोलु नारुच रेंह छ नेरन ।।

(दैव की करामात देखिए) अपने रक्त (मांस) की गंध पाकर माँ (मन्दोदरी) के स्तनों से दूध की धारा द्रुत गति से फूट पड़ी। उसे पाकर वह (मन्दोदरी) सांसारिक मायाजाल में पड़ गई और उसकी हालत गर्म तेल की कड़ाही में पड़ी एक ज़िन्दा मछली की-सी हो गई। उसके शरीर पर वात्सल्य की सुरसरी दौड़ पड़ी तथा छुरी से अपने कलेजे को चीरने के लिए उद्यत हो उठी। उसके ऊपर जैसे अग्नि की गाज गिरी और जैसे बर्फ़ की हवा लगकर वह काँपने लगी। मन का अरमान (दिल की बात को) उस (मन्दोदरी) ने न किसी से कहा और न किसी से जताया। बस, जिगर में उस सुलगती आग को छिपा कर रखा। ३५ उसने अपने दम (साँस) को पकड़ लिया तथा कुछ सोचकर मुँह बंद कर लिया और चुप्पी रूपी शमशीर से वचन (बात) का मुँह काट डाला। अपने कलेजे को उसने सख़्त पत्थर बनाया ताकि कहीं से उसका वह भेद खुल न जाय (कि सीता को मैंने ही नदी में फेंकवाया था)। इसे (शायद) ख़बर नहीं कि यदि मैं किसी से वह भेद कहूँ तो मुझ पर लांछन लगेगा। जब उस रूपसी (सीता) ने मुँह खोला तो मुक्ताओं की आभा फीकी पड़ गई। (मन्दोदरी सोचने लगी) मैं इसे छिपाकर रखूँगी, मेरा जिगर चरख़े की तरह चक्कर

मुरुनि लंज अथु क्याह सनुह कोंसु सना छम ।
छ्न्यायम कोलि कूराह सय बना छम ।। ४० ।।
वोंदुन डोंम्ब ज़्यथ नखस प्यठ छुय खसन बोर ।
मरन येलि तेलि छु गरदनि प्यठु वसन बोर ।।
गछी युस वेरि ज़्यवने कोरि सुत्यन ।
च्रंटुन गरदन पनुन्य तंम्य तोरि सुत्यन ।।
कोरुन अहंकार युथ अवतार कंम्य दोर ।
तुलुन तंम्य शेरि प्यठ त्रोव मुत पथर बोर ।।
बुछिनि लंज तस मोंखस कुन परज़ुनावुन ।
रंटुन वालिजि तल दोंद दामु चावुन ।।
वनुनि लंज यि छे सय यसु छम मे ज़ामुत्र ।
वन्याहस रावुनस मारुनि आमुत्र ।। ४५ ।।
लस्यय व्यवाह करिथ सांपुनि वनवास ।
बस्यय कुनि तोरु फीरिथ लांकि करि डास ।।
तवय बापथ छुनी तमि तथ ज़लस मंज़ ।
नरायन छुय लदान रूज़ी पलन मंज़ ।।
प्रछुनि लंज तस त्रु कंम्य दोंद दामु चावुख ।
रंछिख कंम्य ज़्यववुनुय येलि माजि त्रावुख ।।

खा रहा है तथा वात्सल्य की लपटें उससे फूटकर निकल रही हैं। वह हाथ मलने लगी कि यह मेरी वही पुत्री तो नहीं है जिसे मैंने नदी में फेंकवाया था। ४० वह ख़ूब रोई और कहा—सन्तानोत्पत्ति से कन्धों पर उत्तरदायित्व आ जाता है और मरने के बाद ही वह भार गर्दन से उतर जाता है। जो अपनी ही पुत्री पर कुदृष्टि रखे उसकी गर्दन बसूले से काट दी जाती है। उसने (मेरे पति रावण ने) अंहकार किया और उन्हें (नारायण को) अवतार धारण करना पड़ा तथा पृथ्वी के भार को सिर पर उठना पड़ा। वह (मन्दोदरी) उस (सीता) के मुख को (एकटक) देखने लगी और उसे पहचान गई। उसे कलेजे के साथ लगाकर दूध पिलाया। (वह मन में कहने लगी) यह वही है जो (मेरी कोख से) जन्मी है और अब रावण को मारने के लिए यहाँ आई है। ४५ विवाहोपरान्त इसे वनवास मिला और अब यहाँ रहकर लंका का नाश करेगी। (सम्भवतः) इसीलिए वह इस जाल में फँस गई है। (नारायण की लीला अपरंपार है) वे पत्थरों के नीचे पड़े कीटों तक को रोज़ी पहुँचाते

दोंपुस तमि बो जनक राजन रछीनस ।
ख़बर कोंह् छमनु योंत क्याह् करनि आयस ।।
वंनिख योंलि सीर सांरी पानुवांनी ।
करुनि लजि हान वुछ वुछ ल्यल तु वांनी ।। ५० ।।
दपन गव लांकि ख्यय र्‌यय लंजिसु माज़स ।
वोंदुन वाराह् वनुनि लंज दरमु राज़स ।।
दरुमु राज़ो च्रु क्याह् ज़ानख यि क्याह् गव ।
पेंयी कुनि दोंह् मा प्यतुरावुन च्र्यतस थव ।।
यि क्याह् अव्यच्रार पानस ज़ेंन्य गंछ्यु कूर ।
नतय सुतायि हि़श प्यतुरुन्य गंछ्यु कूर ।।
यि क्याह् गव कलमु छुख तलवार मारन ।
यि त्रावन मील छा किनु ख़ून हारन ।।
यि कमि विज़ि छुख च्रु लूकन लोन लेखन ।
दोंपुस तंम्य क़लम छुय नरकोन लेखन ।। ५५ ।।
सपुन शीतल यि अख नर बेंयि कोनुय ।
यि कर रुत लेखि लूकन करमु लोनुय ।।

हैं। तब वह (मन्दोदरी) उससे (सीता से) कहने लगी—तुझे किसने दूध पिलाया और जब माँ ने जन्मते ही फेंक दिया तो किसने तेरा लालन-पालन किया? वह बोली—मुझे राजा जनक ने पाला-पोसा और अब यह ख़बर नहीं कि यहाँ किस लिए आई हूँ। दोनों ने एक दूसरे से अपने रहस्य कहे और वह (मन्दोदरी) अफ़सोस करते हुए अपनी छाती और सिर पीटने लगी। ५० तो क्या यह हमारी लंका का क्षय कर डालेगी और उसके मांस पर जैसे चींटियाँ दौड़ने लगीं। वह ख़ूब रोयी तथा धर्मराज से कहने लगी—हे धर्मराज! तुम क्या जानो कि यह क्या हो गया है। किसी दिन तुम्हें ख़ुद को निबटाना होगा—यह ध्यान रखना। यह कौन-सी ना-समझी है तेरे विधान की? काश! तेरे ख़ुद के कोई पुत्री जन्मी होती या फिर सीता जैसी पुत्री को तुझे पालना पड़ता। तू अपनी भाग्य-लेखनी (क़लम) को तलवार की तरह चलाता है और वह स्याही नहीं बल्कि ख़ून फेंकती है। जाने किस घड़ी तुम लोगों के भाग्य लिखे जाते हों, यह तुम्हारी लेखनी नहीं बल्कि अन्धी नली है। ५५ एक तो यह पोली है और फिर अन्धी। तो भला यह लोगों का अच्छा भाग्य लिख ही कैसे सकती है? मैं उस (क़लम) के गले पर छुरी फेर दूँगी अन्यथा मेरे भाग्य के सीधे अक्षर लिखकर व्याधियों को दूर कर दे। उसने कितने ही लोगों

दपन छस तस हंटिस प्यठ श्राख आसिन ।
नतय लीखिन अछर सेंद्य व्याद कासिन ।।
कंरिन तिम डाख लूकन हुंज़ि वांसे ।
यि छा ज़ानन यि बोज़ुनु यियिनु कांसे ।।
यि छा गंज़रन छु दशरथ राज़ु सोरुय ।
ख़बर छयना छु यथ लेंजि वाज़ु सोरुय ।।
हंटिस प्यठ रामु ज़ुव येंलि श्राख थाव्यस ।
मुच्रार्‌यस चोंट पोंज़ पोंज़ बोलुनाव्यस ।। ६० ।।
अमा अंन्य बाज़ुरस कान्यन छु क्याह राह ।
कंरिथ लूट मूट गोंय शामन छु क्याह राह ।।
पोंज़ुय वनि गाटुल्यव यिमु कथु पथ कुन ।
व्यच्रारु वति युस नु पकि तस अथु पथ कुन ।।
क़लम तुल लेख रुत रुत जायि जाये ।
मु अन फिर्‌य फिर्‌य पंतिमि प्राने बलाये ।। ६३ ।।

सुतायि हुन्द तलाश

पगाह येंलि सिरियि खोंत पेंयि ज़ून तस याद ।
अथस क्यथ ह्यथ वोंदुनि वोंथ तेगि फ़वलाद ।।

की आयु को ख़ाक में मिला दिया । वह समझती है (कि उसके द्वारा लिखे गए अक्षरों को) कोई देख नहीं सकता है । वह समझती है कि राजा दशरथ ही सब कुछ हैं मगर उसे ख़बर नहीं कि इस हँडिया (देह) में बावरची (मन) ही सब कुछ है । जब (उसके) गले पर रामचन्द्रजी छुरी रखेंगे तो उसका मुँह खोलकर उससे सच-सच बुलवाएँगे । ६० अन्धे बाज़ार में कानों का क्या दोष ! लूटमार करके (लोगों के भाग्य के साथ अन्याय कर) वह शाम को तेरे पास आती है । बुद्धिमानों ने सचमुच यह बात ठीक ही कही है कि जो विचारशीलता के मार्ग पर नहीं चलता है उसके दोनों हाथ पीछे की ओर हो जाते हैं (वह निष्क्रिय बन जाता है) । इस लिए तू क़लम उठा ओर स्थान-स्थान पर शुभ अक्षर लिख और पुरानी बलाओं की पुनरावृत्ति न कर । ६३

सीता की तलाश

कल जैसे ही सूर्य चढ़ा तो उसे चाँद याद आ गया। वह हाथ में फ़ौलाद की तेग़ (बड़ी तलवार) लेकर खड़ा हो गया।

हर्ुनि लोंग ओंश कर्ुनि लोंग दोंन पखन वाश ।
येंछिन दय अनि गंटिस पेंयि दोंन अंछिन गाश ।।
नज़ुरि येंलि दोंह् बोंथ छार्ुनि लोंग रांत्र ।
कथा छा छारिना बांत्रस पनुन बांत्र ।।
यिवन येंलि दोंह् गछन तेंलि कोंत सना रात ।
ति कस वनु पानु वांन्य मेलन नु तिम ज़ात ।।
दोंहन यामथ प्रबातुक जामु छुन नांल्य ।
वनुनि लोंग रांत्र कुन बुथ खट सोंन्दर मांल्य ।। ५ ।।

बुथिस तमि बुरकु द्युत तमि लोग दरबार ।
कोंरुन ख्योंन चोंन तु ह्योंन द्युन गरुम बाज़ार ।।
शोंगन येंलि तिम ज़ु तेंलि वथुरन रंतुन छी ।
तवय यिम जीव सांरी अंछ वटन छी ।।
खंटिथ येंलि कालु सरफव थोंव त्रन्दन कुल ।
फंटिथ लोंग मुशुक नेर्ुनि फोंल यि सोंबुल ।।
सु यामथ कीशि बन्द छुय मुत्रुरावन ।
पंजरस थोंव लंदिथ छोंत पांज़ कावन ।।
परन दोंन तल खंटिन कावन पंत्य ठूल ।
लंबिख कर कांसि ज़ाजायख स्यठा ज़ूल ।। १० ।।

आँखों से आँसू बहाने लगा और अपने दो पंखों को फैलाकर कामना करने लगा कि अँधियारे की आँखों में भी प्रकाश व्याप्त हो जाय ! नज़रों से जब दिन ढल गया तो वह अपनी रात को ढूँढने लगा । क्यों न हो, अपने प्रिय को प्रेमी क्यो न ढूँढे ? जब दिन आता है तो जाने रात कहाँ चली जाती है—किसे यह ख़बर है कि वे दोनों कभी एक दूसरे से मिलते भी हैं या नहीं । दिन ने जैसे ही प्रभात का चोला पहन लिया तो रात से कहने लगा—री सुन्दरी, अब तू अपना मुखड़ा छिपा ले । ५ वह मुँहपर बुरक़ा पहनकर कार्यकलाप करने लगी तथा खाना-पीना लेना-देना आदि प्रारम्भ हुआ । जब वे दोनों (दिन और रात) सोते हैं (समागम होता है) तो उनकी सेज पर रत्न जड़ जाते हैं और सारे जीव उन्हें देख आँखें बंद कर लेते हैं । जब काले सर्पों ने चन्दन के वृक्ष को छिपा दिया (ढक दिया) तो उसकी सुगंध (मुश्क) फटकर बाहर निकल आई और सुम्बुल (एक प्रकार की महकीली घास) खिल उठा । वह (चाँद) जैसे ही अपने केश-बन्द को खोलता है तो लगता है जैसे सफ़ेद बाज़ को कौवे ने पिजरे में डाल रखा

अमा यिम लालु त्वंट्य छिस शोलु दिवान ।
अमी सुत्य तोति केंछा द्रींठ्य यिवान ।।
मुलाहज़ु नय दुहुक कंह आसिहे रांत्र ।
अपुज़ छुनु राविहे बांत्रस पनुन बांत्र ।।
दोंहुच सूरत वुछन छुख रांत्र हुंज़ डेश ।
सरापा रात सांरुय सोंनु संज़ डेश ।।
रोंपु तनि नांल्य छुस ज़ंगांर्य अलवान ।
छि तारख मोंखतु हारव कनि अवेज़ान ।।
त्रोंदुश च्रन्दरमु मा छुय तरंगु तंमिसुन्द ।
सबुज़ रंगु पूत्रि प्यठ छुस लोगुमुत गोंन्द ।। १५ ।।

यि गटु यिछ च्रंन्दुरमस हन हन छि गालन ।
ति मा तथ पूत्रि सु ब्योंन ब्योंन छु वालन ।।
वंछ अथ नारस तु गटुकारस अन्दर कुन ।
सन्ध्या समयस प्रबातन लाटि ह्योंत वन ।।
यिथय पांठिन सफ़ेदी हुन्द छु प्रकाश ।
यिथय पांठिन यिवन छुय गटि अन्दर गाश ।।

हो, या कौवे ने अपने पंखों के नीचे जैसे अण्डों को छिपाकर रखा हो जो किसी को भी मिलते नहीं। भले ही उसके लिए कितने प्रयत्न किए जाएँ। १० गले में (आस-पास) लाल-जवाहर की मालाएँ प्रकाशित होती हैं और इसीसे वह दिखने में आ जाता है। यदि रात को दिन की (तड़पन का) कुछ ख़याल होता तो यह झूठ नहीं कि प्रिय से प्रिय कभी नहीं बिछुड़ जाता। दिन की सूरत देखकर अब तू रात को भी देख जो नख से शिख तक गहनों में डूबी हुई है। उसके रजत तन पर पीले रंग का चोला सुशोभित है और मुक्ताओं के हार के बदले तारक (तारे) झूल रहे हैं। चौदशी का चन्द्रमा उसका तरंग[1] है और उस पर लगा सब्ज़ रंग (का दाग़) एक गमला है। १५ अन्धकार इतना गहन है कि चन्द्रमा धीरे-धीरे चलता जाता है और उसकी तहें अलग-अलग होकर गिर रही हैं। अग्नि व अन्धकार में वह (रात) कूद पड़ी और प्रभात व सन्ध्या के समय उसकी लाली दिखाई देने लगी। इसी तरह फिर प्रकाश, फिर अन्धकार और फिर

१ कश्मीरी हिन्दू स्त्रियों का पहनावा। पगड़ी की तरह इसमें कई तहें होती हैं तथा इसे सिर पर पहना जाता है।

सिरियि हरमोंखु छु तथ गचि रांञ मंज़बाग ।
छें तथ अन्दर ज़ु अंछ ज़न अमर्यतुक नाग ।।
यि अमर्यथ युस चवन तस व्याद कासन ।
दपन तथ मंज़ छु मा याक़ूत आसन ।। २० ।।

गंड़िथ तथ तारुकव सुतिन छि पंलयार ।
गिलन मारन पलन प्यठ कर छि शहमार ।।
क्रुहुन शहमार तति सिरियस खटन छुय ।
यि क्याह गव नालुमति नारस रटन छुय ।।
चरुख दिथ नारु प्यठु रुम रुम छि फेरन ।
दज़न छिनु बेंयि छि तिम सोबूथ्य नेरन ।।
यि गव नाराह सु यथ दूरी वंछुस प्रव ।
दंज़िथ गव नारु सूत्य युथ छुय दज़न ग्यव ।।
सिफ़त सरफन छु योंत गुज़ुरन बुछन छी ।
तिमव बुछ तिम तिमन कुन यिम वुछन छी ।। २५ ।।

स्यठा अमि पुछि तंथी पथ कुन छि रोज़न ।
तवय अंन्य रात क्युत शोंग्य शोंग्य छि रोज़न ।।
अमा बुछनुक तु दज़ुनुक तस दवा छुय ।
अंछिर वालन अन्दर वोंलमुत गवाह छुय ।।

प्रकाश आता-जाता है । काली अन्धेरी रात में सूर्य छिपा रहता है और हरमुख (तीर्थ विशेष) के निकट दो झीलें अमृत से भरी दो आँखों के समान चमक उठती हैं, जिनका पानी पीकर सारी व्याधियाँ दूर हो जाती हैं । क्योंकि कहते हैं, उसमें याक़ूत (बहुमूल्य पत्थर) रहता है । २० उसके तट तारकों से युक्त होते हैं और साँप की तरह उसका पानी बल खाता है । काले नाग जैसे सूर्य को छिपा देते हैं और अग्नि को जाने क्यों गले से लगा लेते हैं । आग पर फिर-फिर कर वे अपने रोम-रोम को भुना देते हैं मगर फिर भी वे जलते नहीं बल्कि साबूत (पूरे) रहते हैं । इस अग्नि के प्रकाश व ताप में वे ऐसे गलते हैं जैसे ज्वाला से घी । साँपों की यह विशेषता है कि वे जहाँ से गुज़रते हैं वहाँ पर उनकी ओर देखनेवालों (छेड़नेवालों) को काटते हैं । २५ अपनी ओर से वे बहुत पीछे रहते हैं (काटना नहीं चाहते) और अन्धेरे में लेटे रहते हैं । वैसे, साँप के

गौनन गंज़ुरन दवा यामथ छु हावन ।
मंरिथ तंमि सुत्य मनश अंछ मुच़ुरावन ।।
गरज़ यैलि रामुजुव्य लंखिमन यिवन ड्यूठ ।
दौंपुन क्याह तां सपुन डोंख दिथ पथर ब्यूठ ।।
मुच़ुर अंछ रामुच़ंन्दुरन दुत गोलुन ।
स्यठाह सखती कंड़िथ तस पोस वोलुन ।। ३० ।।

तुलुन अकि तरफ़ु यां ओसुस ज़ि खंजर ।
गछ़न बैयि तरफु तां ओसुस बराबर ।।
दौंपुस ताम राखिसन अख यी कौंरुय फ़न्द ।
किजव सुतिन ज़ंमीनस सुत्य कौंरुन बन्द ।।
दितुन तस शाफ गछ़ गुह्य र्‌यून्ज़ सांपन ।
वौंनुथ सुलि कोनु यौंत तां वोत लंखिमन ।।
पकन गव गरुकुन डचूठुन सु लंखिमन ।
प्रुछ़ुनि लोंग तस कौंरुथ तति क्याह पोंज़ुयवन ।।
दौंपुस लंखिमन ज़ुवन सोरुय तसुन्द हाल ।
पकन गंयि जंगुलस मंज़ फीर्‌य यंच़काल ।। ३५ ।।

काटने की दवा भी हैं। इस गुणप्रद दवा को जैसे ही सामने लाया जाता है तो मरा हुआ मनुष्य आँखें खोल देता है। ग़रज़ यह(संक्षेप में) कि जब रामचन्द्रजी ने (दूर से) लक्ष्मण को अपनी ओर आते हुए देखा तो वे सोचने लगे कि अवश्य ही कुछ(अनोखा)हुआ है और वे सहारा लेकर नीचे बैठ गए। दैत्य को रामचन्द्रजी ने मार डाला था और ख़ासी सख़्ती के बाद उसकी खाल उतारी थी। ३० वे जैसे ही खंजर उठाकर उस पर एक तरफ़ से वार करते तो वह एकदम दूसरी तरफ़ करवट बदल लेता। तभी उस राक्षस ने उनसे कहा कि आप के साथ छल किया गया है और (रामचन्द्रजी ने) उसे खूँटियों द्वारा ज़मीन में बंद कर दिया। तब (रामचन्द्रजी ने) उसे शाप दिया कि जा तू गोबर का एक छोटा गोला बन, क्योंकि तूने यह बात पहले क्यों नहीं बताई, जो लक्ष्मण यहाँ पहुँच भी गया। वे (तुरन्त) घर की ओर चल दिए और लक्ष्मण को (मार्ग में) देख लिया। उससे वे पूछने लगे—वहाँ के क्या हाल हैं, सच-सच कहना। लक्ष्मण ने (सीता का) सारा हाल कहा और दोनों जंगल में काफ़ी समय तक फिरते रहे। ३५ दोनों चलते गये। उन्होंने वृक्षों को रोते और विलाप करते

पकन गंयि कुल्य रिवन डीठिक दिवन नाद ।
ग्रहुन गव च्रंन्दुरमस दिथ दाद व बेदाद ।।
पकन गंय वंन्य दिवान कोहन तु बालन ।
सों गांमुत्र दाग़ थांविथ दोंन गुलालन ।।
पकन गंय नालु व्रावन कोहु सारन ।
प्रुछ्न शेंछ आंस्य वनुक्यन जानवारन ।।
न कुनि आंसी बेंहन नु कुनि रोज़न ।
यि वोंन सीतायि ती प्रथ जायि बोज़न ।।
वुछुख ड्यूठुख जटायुन सख़्त ग़मनाक ।
प्योंमुत बर ख़ाकि ग़म जामन दितुख चाक ।। ४० ।।

वंनिन शेंछ रावुनुन्य सांरुय तिमन कुन ।
वंतिथ वोंबरोव दीहु निशि मोंख्त सांपुन ।।
दितुख तस दाह मछ्न प्यठ मोंख्त सांपुन ।
पकन गंयि बांय बारुन्य तिम कोंहन कुन ।।
तंमिस तति रामुच्रंन्दुरुन वादु पोलुन ।
मछ्न दोंन प्यठ जटायुन पानु ज़ोलुन ।। ४३ ।।

देखा । सभी यही कहते कि चन्द्रमा को ग्रहण लग गया । दोनों कोहिस्तानों व पहाड़ियों को खोजते-ढूँढते चलते गये । वह (सीता) गुले-लालों[1] को अपना दाग़ देकर जाने कहाँ चली गई । वे नालों व पर्वतमालाओं को पीछे छोड़ते हुए चलते गये तथा वन के जानवरों (पशु-पक्षियों) से (सीता जी के) समाचार पूछते जाते; न कहीं पर बैठते और न कहीं पर रुकते । सीता जी ने जहाँ-जहाँ जो समाचार रखा था उसे सुनते और आगे बढ़ते जाते। (एक स्थान पर) उन्होंने जटायु को देखा जिसकी हालत बहुत ग़मनाक (दयनीय) थी। उसे ख़ाक में मिला हुआ देख दोनों ने अपने वस्त्र चाक कर डाले । ४० उस (जटायु) ने उन्हें रावण की सारी बात बताई और यह कहकर (वह प्राण त्याग) देह से मुक्त हो गया। रामचन्द्रजी ने उसका अपनी भुजाओं पर दाह-संस्कार किया और वह मुक्त हो गया। तब वे दोनों भाई पहाड़ों की तरफ़ चल दिए। देखिए, रामचन्द्रजी ने अपनी रीत निभाई और अपनी दो भुजाओं पर जटायु का दाह-संस्कार किया । ४३

---

१ एक पुष्प जिसके मध्य में दाग़ होता है ।

लीला

गंयामय राम जुव वन कोनु आमय,
मरस तय वौंन्य परस बो रामुरामय ।
दपन यी आंस्य जानावार सांरी,
गंयायस अंस्य पनुन्य कलु दांर्य दांरी ।
म बर दौंख कर च़ु यथ तनि सानि जामय,
मरस तय वौंन्य परस बो रामु रामय ।। १ ।।
करस तथ मील यिम छिम दौंन अंछन लाल,
कलम छारुन्य छिनुह तिम छिम अंछिरवाल ।
यि वौन सुतायि ती लेखस बु नामय,
मरस तव वौंन्य परस बो रामु रामय ।। २ ।।
वुछुक मौंच्रि सुत्य मौंच्र गोमुत जटायन,
वदन यंच्र बाकि पानस श्राकु लायन ।
दपन छी बुरज़ु खोतन यंच्र दज़ामय,
मरस तय वौंन्य परस बो रामु रामय ।। ३ ।।

भजन

रामचन्द्रजी वन में गये थे, जाने वे लौटकर क्यों नहीं आये । हम उनके बिना अब राम-राम रटते हुए मर जाएँगे । सभी पशु-पक्षी यही कहने लगे कि हमने तो अपनी ओर से अपने सिर ख़ूब पटके (पर सीता को उस क्रूर राक्षस के चंगुल से न बचा सके) अब हे रामचन्द्रजी ! आप दुखी न हों, आप हमारे तन के वस्त्र बनाएँ (हम आपके लिए अपनी जान निछावर करने को तैयार हैं)—हम उनके बिना अब राम-राम रटते हुए मर जाएँगे । १ (रामचन्द्रजी कहने लगे) मेरी आँखों की ये दो पुतलियाँ दो दावातें हैं और उनसे बहने वाले आँसू स्याही है । क़लम को ढूँढने की ज़रूरत नहीं है, बरौनी यह कार्य करेगी । सीता ने जो कुछ भी कहा उसे मैं (आद्यन्त) लिख डालूँगा—हम उनके बिना अब राम-राम रटते हुए मर जाएँगे । २ उन्होंने जब जटायु को मिट्टी के साथ मिट्टी बना हुआ देखा तो भावविभोर होकर बिलख पड़े और उनके शरीर पर जैसे छुरियाँ चल पड़ीं । वे कहने लगे कि भोजपत्र जैसे तुरन्त जल जाता उससे तेज़ गति से हमारा हृदय जल रहा है—हम उनके बिना अब राम-राम रटते हुए मर जाएँगे । ३ सीता के साथ जो कुछ भी बीती सबको

यि कॆंछाह रंग तस सुतायि प्यठ गव,
ति वोंबरोवुन वंनिथ सोरुय सपुन शव ।
लंबुन ना मोंख्त मछ्न दोंन प्यठ दज़ामय,
मरस तय वोंन्य परस बो रामु रामय ।। ४ ।।

पकन गंय परबतस प्यठ वांदरव डीठच,
वुछिख यॆलि कोह ही वांदर पथर बीठ्च ।
तिमव वोंन क्याह छि यिम सुबह रूपु शामय,
मरस तय वोंन्य परस बो रामु रामय ।। ५ ।।

कमाना ह्यथ नखस प्यठ यिम छि लारन,
यिमन क्याह रोवमुत यिम क्याह छि छारन ।
प्रुछुनि तोंत पानु हलमुत लोंदुर आमय,
मरस तय वोंन्य परस बो रामु रामय ।। ६ ।।

प्रुछुनि लंग्य पानुवांन्य बांविख पनुन्य रंग,
समुनि लंग्य नखु तु मुछुरांविख पनुन्य तंग ।
हनूमानस दोंपुन मॆय शेंछ लज़ामय,
मरस तय वोंन्य परस बो रामु रामय ।। ७ ।।

हनूमानन वोंनुस सोरुय सु कारन,
सु वाली क्याज़ि सुगरीवस छु मारन ।

कहकर वह (जटायु) शव हो गया (उसने प्राण त्याग दिये) । तब दो भुजाओं पर जलकर उसने मुक्ति पाई—हम उनके विना अब राम-राम रटते हुए मर जाएँगे । ४ वे दोनों पर्वत की ओर चलते गए और (वहाँ पर) वानरों ने उन्हें देख लिया । उन्हें पर्वत की ओर आते देख वानर नीचे बैठगए और आपस में कहने लगे कि ये सुबह और शाम के रंग के कौन हैं ? हम उनके विना अब राम-राम रटते हुए मर जाएँगे । ५ ये कन्धे पर कमान रखे चले आ रहे हैं, भला इनका क्या खोया है और ये किसे ढूँढ रहे है ? (तभी) उनके पास स्वयं हनुमान (समाचार) पूछने आये—हम उनके विना अब राम-राम रटते हुए मर जाएँगे । ६ एक दूसरे का हाल-चाल पूछकर सभी पुलकित हो गए । उनके इर्दगिर्द दूसरे (वानर) इकट्ठे हो गए । हनुमान से उन्होने (रामचन्द्रजी ने) कहा—मैं ने ही तुम्हें यहाँ बुलाया है हम उनके बिना अब राम-राम रटते हुए मर जायेंगे । ७ हनुमान ने (रामचन्द्रजी से) वे सारे कारण बताये कि क्यों सुग्रीव को यह वालि मारता है और तब रामचन्द्रजी ऋष्यमूक पर्वत की ओर गए—हम

तवय तस मनकु रेंश्य सुन्द गरु गंयामय,
मरस तय वोंन्य परस बो रामु रामय ।। ८ ।।

ओंनुन सुगरीव पादन तल परन प्योस,
वुछुन दरशुन स्यठाह मन साविदान गोस ।
दोंपुस तंम्य चोन दरशुन मे मंजामय,
मरस तय वोंन्य परस बो रामु रामय ।। ९ ।।

दोंन्दुब सोंर दुत येंलि तंम्य वालियन मोर,
मना सोंर राखिसन केंह क्याह कोंरुन ज़ोर ।
वोंथुस वाली सु छ्यफ ह्यथ गोंफि च्रामय,
मरस तय वोंन्य करस बो रामु रामय ।। १० ।।

वुहर्य गोंफि निशि रतुक दंरियाव होवुन,
गंलिस तमिकिस सु परबुत ठानु थोवुन ।
त्रेयिमि वुहरि सु वाली तोरु द्रामय,
मरस तय वोंन्य परस बो रामु रामय ।। ११ ।।

कोंरुन यंच्र क्रूद बायिस प्यठ असथ ओस,
असतु किन्य ज़ोरु तस ताराथि ह्यथ गोस ।
दितुन ज़ुव कमि असतुकि क्रूदु कामय,
मरस तय वोंन्य परस बो रामु रामय ।। १२ ।।

उनके बिना अब राम-राम रटते मर जायेंगे । ८ सुग्रीव आए और उन्हों
(रामचन्द्रजी के) चरणों में प्रणाम किया । दर्शन पाकर वे अत्यन्त प्रस
हुए । उस (सुग्रीव) ने कहा कि आप के दर्शनों की मुझे ख़ूब चाह थी
हम उनके बिना अब राम-राम रटते मर जायेंगे । ९ दुंदुभि दैत्य को ज
उस बालि ने मारा तो मनसुर (मायावी राक्षस) ने काफ़ी ज़ोर लगाया।
बालि ने उसका प्रतिकार किया और वह गुफ़ा में घुसकर छिप गया—हम
उनके बिना अब राम-राम रटते मर जायेंगे । १० एक साल के बाद गुफ़ा
के मुँह पर एक बड़ा पर्वत खण्ड रख दिया । तीसरे वर्ष के बाद वह बालि
वहाँ से (बाहर) निकल आया—हम उनके बिना अब राम-राम रटते मर
जायेंगे । ११ उसने (बालि ने) ख़ूब क्रोध किया और भाई (सुग्रीव) के
विरुद्ध हो गया । असत्य (अधर्म) पर चलकर उसकी पत्नी को छीन
लिया तथा इस अधर्म व क्रोध के कारण अपनी जान भी दे दी—हम उनके
बिना अब राम-राम रटते मर जायेंगे । १२ (बालि ने कहा) आपने मुझ
जैसे बलवीर को क्यों मारा । मैंने क्या किया था जो आपने चोरी छिपे मुझ

वन्यानस क्याज़ि मोरुथ त्युथ बलवीर,
मे क्या कौंरमय च्रे दितुथम च़ूरि त्युथ तीर ।
ति मा ज़ोनुथ च्रे मा दिन वीर पामय,
मरस तय वौन्य परस बो रामु रामय ।। १३ ।।
दोंपुस तंम्य तोरु च्रे इन्साफ़ छुयना,
नियथ गरि बांय काकंन्य पाफ खंतीना ।
मे कर कौंरमय च्रे केंह इन्साफ़ आमय,
मरस तय वौन्य परस बो रामु रामय ।। १४ ।।

।। अरन्यकांड समाप्त ।।

पर तीर चलाया । आपने यह नहीं जाना कि बाद में वीर लोग आपको उलाहने देंगे—हम उनके बिना अब राम-राम रटते मर जायेंगे । १३
इस पर उस (रामचन्द्रजी) ने कहा–तुझे ज़रा भी इन्साफ़ न रहा । तूने अपनी भाभी को घर में रखा तो क्या तुझे पाप नहीं लगा ? मैंने तेरे साथ कुछ भी तो नहीं किया है (यह सब तेरे कुकर्मों का फल है)–हम उनके बिना अब राम-राम रटते मर जायेंगे । १४

।। अरण्यकाण्ड समाप्त ।।

किशकिन्दा कांड

वाली सुन्द मारुह् गछुन

कंरिथ गंयि चाक जामन खाक बर सर ।
वुछिक कोहस अंकिस प्यठ आस्य वांदर ।।
तिमव यॅलि वुछ तुलुख यंत्र नालु फ़र्‌ययाद ।
दोंपुख यिम दीव छा किनु आदमी ज़ाद ।।
कमाना ह्यथ नखस प्यठ कोंत छि लारन ।
यिमन क्याह रोवुमुत यिम क्याह छि छारन ।।
हनूमानन दोंपुख कस क्याह छु मोलूम ।
छि साहिबज़ादु जोराह लूक्य मोसूम ।।
बं छुस जानान छि यिम बारुन्य बलावीर ।
ज़ंमीनस सुत्य सुवन आकाश अज़ तीर ।। ५ ।।
समन्दर तीरु सुत्य ज़न गासु ज़ालन ।
यिवन युस ब्रोंठु दुशमन तस छि गालन ।।
दोंपुन प्रुछुहख गंछिथ यिम योर कोंत आय ।
मॅथुर छा किनु शॅथुर योंद करनि मा आय ।।

किष्किन्धा काण्ड

बालि का मारा जाना

अपने वस्त्रों को चाक करते हुए वे (राम-लक्ष्मण) आगे बढ़ते और (एक स्थान पर) उन्होंने पर्वत पर वानरों को देखा। जब (वानरों ने) उनको देखा तो वे जोर से शोर मचाने लगे और कहने लगे कि ये देव हैं या आदमज़ाद! कन्धे पर कमान लिये ये कहाँ जा रहे हैं? इनका क्या खो गया है और ये किसे ढूँढ़ रहे हैं? हनुमान ने (वानरों से) कहा—मालूम नहीं, क्या बात है। ये दो साहबज़ादे (राजकुँवर) हैं, जो अत्यन्त मासूम व कमसिन लग रहे हैं। मैं इन्हें अच्छी तरह जानता हूँ। ये दोनों भाई बड़े बलवीर हैं तथा आकाश को ज़मीन के साथ तीरों से सी कर रख देनेवाले हैं। ५ समुद्र तक को अपने तीरों द्वारा घास की भाँति जला सकते हैं और उनके सामने जो कोई भी आता है, उसको गला (नष्ट) कर रख देते हैं। हनुमान ने कहा कि मैं जाकर उनसे यह

पकन गव पानु हलमुत रंग बूज़ुन ।
स्यठाह खोँश गव पनुन पाँगाम सूज़ुन ॥
ओँनुन सुगरीव पादन तल परन प्योस ।
दपन सुगरीव वांदर पादशाह ओस ॥
कँरुख शाँदी दिलुक्य ग़म गोसु त्राँविख ।
अँकिस अख पानुवान्य अहवाल बाँविख ॥ १० ॥
परन येँलि प्योस लीला वारु वँनिनस ।
शरन साँपुन दपन तँम्य आर ओँनुनस ॥ ११ ॥

सुगरीव छु असतुती करान

लोलु अंस्य करुहोय पोशि वरशुन ।
श्री रामु असि हाव शोँबु दरशुन ॥
मनुकिस बाग़स सन्तूशि ब्योल वव,
अमुर्यतु ज़लु सुत्य सगुनावतम ।
न्यरमल वोँन्दु कर अमुर्यतु मूलु आसन,
श्री रामु असि हाव शोँबु दरशुन ॥ १ ॥

पूछ लेता हूँ कि वे यहाँ कैसे आये ? वे (हमारे) मित्र हैं या शत्रु । कहीं हमारे साथ वे युद्ध करने को तो नहीं आये हैं ? हनुमान स्वयं उनके पास गया और उनके समाचार सुने । वह बहुत ख़ुश हुआ और उसने (सुग्रीव के पास) पैग़ाम भेजा । सुग्रीव को बुलवाकर उसने (सुग्रीव ने) रामचन्द्रजी के पादों में प्रणाम किया । कहते हैं, वह सुग्रीव वानरों का पादशाह था । दोनों एक-दूसरे से मिलकर ख़ुश हो गये । वे दोनों ग़म व दुःख भूल गये तथा एक-दूसरे को अपना अहवाल कहने लगे । १० सुग्रीव ने (उनके चरणों में) प्रणाम कर उनकी स्तुति की और उनकी शरण में जाकर उनके हृदय में दया-भाव जगाया । ११

सुग्रीव द्वारा स्तुति करना

हम प्रेम-मग्न होकर आप पर पुष्प-वर्षा कर रहे हैं, हे श्रीराम ! हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए । हमारे मन-रूपी बाग़ में संतोष का बीज बो दीजिए और उसे अमृत के जल से सींचिए । हमारे हृदयों को निर्मल कर दीजिए ताकि उनसे अमृत-मूल निकल आयें—हे श्रीराम ! हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए । १ हम इच्छापूर्वक आपकी प्रतीक्षा कर रहे थे और दूर

यछ् बंर्य बंर्य अंस्य अंमिस आस्य गारन,
छारन छारन प्रथ जाये।
सथ बावुह सुतिन च्रेय छी गारन,
श्री रामु असि हाव शोंबु दरशुन ।। २ ।।

दीवताह आसिथ रुफ अंस्य दारन,
ज़न्मस चानि पुछि योंत यिवान।
तनु मनु मनु तनु येंछि सुत्य गारन,
श्री रामु असि हाव शोंबु दरशुन ।। ३ ।।

फीरिथ वाली छु ज़ोरआवर मारन,
कोंहन तु बालन छें रंटमुच्र जाय।
तंम्य सुन्दि बीमु सुत्य तनु छुस बं थारन,
श्री रामु असि हाव शोंबु दरशुन ।। ४ ।।

मनु किन्य बावय ईशरुह कारन,
मनाह सोंर राख्युसा ज़ोर आवार।
योंदस वाली तस गव लारन,
श्री रामु असि हाव शोंबु दरशुन ।। ५ ।।

कोहन त्राविथ लागिन गारन,
त्रेंयि वुहरि वाली फीरिथ द्राव।

जगह आपको ढूँढ़ रहे थे। अब सद्‌भाव से आपकी वंदना कर रहे हैं—हे श्रीराम! हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए। २ हमने देवताओं का रूप धारण कर लिया और आपकी ख़ातिर जन्म लेकर यहाँ आ गये। तन से, मन से और मन से व तन से आपकी हम वंदना कर रहे हैं—हे श्रीराम! हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए। ३ बालि हमारा विरोधी बन गया है और हम पर ज़ोर-जब्र कर रहा है। (इसलिए) हमने इस पर्वत पर अपनी जगह बना ली है। उसके भय से मेरा तन थरथराता है—हे श्रीराम! हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए। ४ हे ईश्वर! मन से उन कारणों को कह रहा हूँ जिनसे बालि मेरे विरुद्ध हो गया। मायावी राक्षस एक बहुत बड़ा ज़ोरावर राक्षस था। बालि उसके पीछे युद्ध करने को भागा—हे श्रीराम! हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए। ५ पर्वतों को पारकर वे (एक) गुफा में घुस गये और तीन साल के बाद बालि उस गुफ़ा से वापस निकल आया। मैंने उस गुफ़ा के सिरे पर एक बड़े पत्थर को (क्यों) रखा था, इस बात पर

ठानु पुछ्य छारान तनु छुम मारन,
श्री रामु असि हाव शौबु दरशुन ।। ६ ।।

ह्यथ गोम तारायि लोगुस कोहुसारन,
बीमु तसुन्दि सुतिन कांपान छुस ।
यैछि सुत्य वोंनमय ईशरुह कारन,
श्री रामु असि हाव शौबु दरशुन ।। ७ ।।

यैछि हुन्दि सरुह मंज़ु पम्पोश खारन,
लागय शेरस श्री रामु च्रेय ।
च्रुय छुख ब्रह्मु वैंशिन वोंनुमय कारन,
श्री रामु असि हाव शौबु दरशुन ।। ८ ।।

आकाशि वानी प्रकाश त्रावन,
अन्दुकारु गटु कास प्रकाशि सुत्य ।
रात दौह च्रेय छुय "प्रकाश" छारन,
श्री रामु असि हाव शौबु दरशुन ।। ९ ।।

रामु च्रन्दुर छु सुगरीवस सुत्य समवाद करान

वोंनुख याम रामु च्रन्दुरन हालि सुता ।
वंसिथ प्यव बर ज़मीन सुगरीव अज़ पा ।।

वह तब से मुझे (बार-बार) मारने को आता है—हे श्रीराम ! हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए। ६ वह मेरी पत्नी (तारा ?) को ले गया और मैं तब से इन कोहिस्तानों में भटक रहा हूँ तथा उसके भय से काँपता हूँ। हे मेरे ईश्वर ! मैंने इच्छापूर्वक (सच-सच) आपको सब कारण बता दिये हैं—हे श्रीराम ! हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए। ७ मैं अपने मन-सरोवर में खिले हुए कमल को निकालकर, हे रामचन्द्रजी ! आपके शीर्ष पर लगाऊँ ! आप ही ब्रह्मा व विष्णु हैं। मैंने आपको सब कारण कह डाले —हे श्रीराम हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए। ८ आकाशवाणी हुई और (चारों ओर) प्रकाश फैल गया। (हे रामचन्द्रजी !) आप अपने प्रकाश से हमारा अन्धकार दूर कर दीजिए। रात और दिन आपके ही प्रकाश को ढूंढ़ते हैं—हे श्रीराम ! हमें अपने शुभ दर्शन दीजिए। ९

रामचन्द्रजी का संवाद सुग्रीव के साथ

जब रामचन्द्रजी ने सीता का हाल कहा तो (वह) सुग्रीव पीड़ित होकर ज़मीन पर गिर पड़ा। उसने (सुग्रीव ने) कहा कि आपका दुश्मन

दोंपुन तस कुन च्रे छुय बेगानु दुशमन ।
मे छुम दुशमन पनुन ज़्युठ बोय थव कन ।।
दपान सुगरीव छुम ज़्युठ बोय वांली ।
सु करान आंश बु फेरान वांल्य बांली ।।
मनासोंर राख्युसा अख ओस येंच्र क्रूर ।
नज़ुरि अकि सुत्य करान ओस परबतन सूर ।।
नबुच त्रठ ज़न ज़ंमीनस प्यठ प्यवान ओस ।
प्यवन युस ब्रोंठु दुशमन तस ख्यवान ओस ।। ५ ।।

खेंयन येंलि वारुयाह बदराह सांपुन ।
करुनि लोंग आज़मांयिश वांदुरन कुन ।।
अंनिन च्रख वांलियस राख्युस बु मारन ।
गंयस यकबार अंस्य बारुन्य ज़ु लारन ।।
सु गव कमज़ोर च्रोंल गारस अन्दर च्राव ।
तोंतुय लारुयोस वांली पथ कोंरुन वाव ।।
गंलिस प्यठ गारुकिस रूदुस बं ठानह ।
वुहुर्य तति रथ वुछुम नेरन निशानह ।।

तो बेगाना (ग़ैर) है, पर मेरा दुश्मन तो ख़ुद मेरा ज्येष्ठ भ्राता है, आप ज़रा यह ध्यान से सुनें । सुग्रीव ने कहा कि मेरा बड़ा भाई बालि है, जो ख़ुद ऐश कर रहा है और मैं मारा-मारा फिर रहा हूँ । मनासुर (मायावी) नामक एक अत्यन्त क्रूर राक्षस था जो अपनी एक नज़र से पर्वतों को राख कर देता था । वह वज्र के समान ज़मीन पर गिरता था और जो कोई दुश्मन उसके सामने आता उसे खा जाता था । ५ जब उसने बहुत सारों को खा डाला तो काफी असंयत हो गया और वानरों की आज़माइश करने लगा (उन पर धावा बोलने लगा) । उसने बालि को छेड़कर उसके क्रोध को जगाया और हम दोनों भाई उसको मारने के लिए उसके पीछे भागे । वह कमज़ोर हो गया (हम दोनों की शक्ति का मुक़ाबला न कर सका) तथा एक गुफा में घुस गया । बालि उसी (गुफा) के अन्दर वायु की तरह उसका पीछा करते हुए घुस गया । उस गुफा के सिर पर मैं (काफी दिनों तक) ढक्कन की तरह रखवाली करता रहा । एक साल के बाद (मैंने उस गुफा से) रक्त निकलते देखा । जब मैंने देखा कि बहुत-सारा रक्त नमूदार हो रहा है (निकल रहा है) तो मुझे गुमां हुआ (मैं यही समझ बैठा) कि बालि गुफा के अन्दर मर

स्यठाह रथ यॅलि वुछुम सांपुन नमूदार।
गुमां यी गोम वाली मूद दर गार॥ १० ॥

सपुन मुश्किल दोंपुम कथ छम नु आसान।
तुलुम परबत दितुम तमिकिस गॅलिस ठान॥
वदन फ़र्याद लोयुम वाय़ वाली।
कोंरुम सार्यन वज़ीरन हाल हाली॥
वदन तिम पॅंज़्य तु वांदर आंस्य यकजा।
त्रॅयुम वॅरियाह सपुन ताम गव सु पांदा॥
दोंपुन मोरुम सु यॅलि ग़ारस अन्दर त्रास।
दितुनम ठान दोंन वॅरियन न्यबर द्रास॥
न्यबर मा नेरि कवु थोवथम मे ठानह।
न्यबर नीरिथ कड़थ वोंन्य तानु तानह॥ १५ ॥

ति वोंबरोवुन वॅनिथ ताराथि ह्यथ गोम।
पनुन आंसिथ गॅयम परद्यन सुतिन कोम॥
यि कॅंह ओसुम ति सोरुय न्यूनम यकबार।
लोंगुम मारुनि तु लारुनि त्रांनिनम लार॥

गया होगा। १० मुझे इस घटना ने मुश्किल में डाल दिया। तब मैंने एक पर्वत-खण्ड को उस गुफा के सिरे पर ढक्कन की तरह रख दिया और रोते-रोते आवाज़ दी—हाय बालि! तब मैंने सभी वज़ीरों से यह हाल कहा। सभी वानर मिलकर इस समाचार को सुन रोने लगे। तीन साल जब बीते तो वह (बालि) पैदा हो गया (वापस आ गया)। उसने कहा कि गुफा में घुसने के बाद मैंने उस राक्षस को मार डाला मगर इस (दुष्ट सुग्रीव) ने ढक्कन रखकर मुझे अन्दर ही बन्द कर दिया। मैं कहीं बाहर न निकल सकूँ—इसलिए इसने ढक्कन रखकर मुझे बन्द करना चाहा। मगर अब मैं इसकी बोटी-बोटी नोच लूँगा। १५ यह कहकर उसने मेरी दुर्गति बनायी और मेरी पत्नी (तारा?) को ले बैठा। अपना होकर भी वह मेरे लिए पराया बन गया। जो कुछ भी मेरे पास था, उसे वह एकबारगी उड़ाकर ले गया। वह मुझे मारने लगा तथा डरा-धमकाकर उसने मुझे भगा दिया। मैं भागकर इस पर्वत पर आ गया, क्योंकि मेरे लिए बचने का और कोई स्थान न था। (इस पर्वत पर वह आ नहीं सकता) क्योंकि अगर वह इस पर्वत पर आता है तो उसका सिर कट जायेगा। कहते हैं, बहुत पहले उसने दुंदुभि दैत्य को मारा

खोंतुस पथ परबतस प्यठ छमनु कुनि बाथ ।
छेन्यस तेलि कलु योंदवय वाति योंत ज़ाथ ।।
दपन पथ कुन दोंन्दुब सोंर देव मोरुन ।
तसुन्द रथ रूद ह्यु प्रथ जायि वोलुन ।।
मनक रेश्य रथ वुछिथ दोंप कंम्य यि कोंर पाफ ।
स्यठाह त्रख आयि तस अदु यी दितुन शाफ ।। २० ।।
लग्यस यथ परबतस प्यठ येंलि तसुन्द पाद ।
दपन यमुराजु दियि तस वालियस नाद ।।
तवय असि आंस रंटमुत्र येंत्य बिहिन्य जाय ।
त्रु कर कोंह पाय पादन तल छपुनि आय ।।
दोंपुस तंम्य रामु त्रंन्दरन गछ त्रु दिस नाद ।
करिव तोंह्य योंद यिमय बो करु इमदाद ।।
दपन सुगरीव गोंडु हावुम पनुन्य ज़ोर ।
तुलन कलु दोंन्दुबुन तंम्य लोग तथ खोर ।।
ओंगुजि सुतिन कोंरुन तथ अख इशाराह ।
गंछिथ प्यठ दूर गंयि तथ पारु पाराह ।। २५ ।।
दोंपुस तंम्य येंलि सु वाली ज़ोर हावन ।
अकी अथु सूत्य यिम कुल्य अंलुरावन ।।

था, जिसका रक्त वर्षा की तरह हर कहीं गिरा था। मनक (मतंग) ऋषि ने जब यह रक्त देखा तो (गुस्से में आकर) कहा कि यह पाप किसने किया है? क्रुद्ध होकर उन्होंने यह शाप दिया— २० कि जब उस पापी (बालि) के पैर इस पर्वत से लगेंगे तो उसे यमराज का बुलावा आयेगा। इसीलिए हमने यहाँ पर इस स्थान को अपना निवास बनाया है। अब आप कोई उपाय कीजिए, हम आप के पादों पर गिरते हैं। तब रामचन्द्रजी ने कहा—जाकर उसे बुलाओ और युद्ध के लिए ललकारो। मैं फिर तुम्हारी इमदाद (सहायता) करूँगा। इस पर सुग्रीव ने कहा—पहले आप मुझे अपने ज़ोर (अपनी शक्ति) दिखायें (ताकि मैं आश्वस्त हो जाऊँ कि आप बालि को मार सकते हैं) तब रामचन्द्रजी ने दुंदुभि दैत्य के कपाल को (जो एक बहुत बड़ा सरोवर बन गया था) पैर लगाया और उँगली के इशारे (धक्के से) उसे दूर फेंक कर उसे खण्ड-खण्ड कर दिया। २५ उसने (सुग्रीव ने) कहा कि जब बालि ज़ोर दिखाने पर उतरता है तो एक ही हाथ से इन सभी वृक्षों को हिलाकर रख देता है।

कमां तुज्य रामु च्रन्दुरन ज़ोर होवुन ।
गिलुनि सूतिन सु परबत दूर त्रोवुन ।।
ति डीशिथ ख़ोश सपुन सुगरीव दिल तंग ।
दोंपुन बायिस न्यबर कुन नेर कर जंग ।।
तिथुय बूज़िथ सु वाली द्राव लारन ।
अंछिव किन्य नारु वुज़ुमलु ओस हारन ।।
कलस द्युतनस अखा बे खोंद वंसिथ प्यव ।
खमन बुतुरात्र प्यठ द्रायस फंटिथ ज़्यव ।। ३० ।।

सु गव फीरिथ सोंखस ओसुस नु परवाय ।
सु गव तस रामु च्रन्दुरस सूत्य कोरुन न्याय ।।
मे कर आसुम ख़बर छुख यूत कमज़ोर ।
मे शानन प्यठ लोंदुथ बेंयि त्रोवमुत बोर ।।
अपुज़ वोनथम तु अपुज़ि कन मे थोवुम ।
शोंगिथ दुशमन दुबारह वुज़ुनोवुम ।।
च्रु साहिबज़ादु ओसुख नाज़ परवर्द ।
तवय दर वख़ति मरदी द्राख नामर्द ।।

तब रामचन्द्रजी ने कमान को हाथ में उठा लिया और एक ही झटके से उस पर्वत को दूर फेंक दिया। यह देखकर वह तंगदिल (संकोची) सुग्रीव बहुत खुश हो गया और भाई को बाहर निकलकर जंग करने के लिए चुनौती दी। यह सुनते ही बालि दौड़ता हुआ बाहर आ गया। उसकी आँखों से बिजली की तरह ज्वालाएँ छूट रही थीं। (आते ही) उसने उसके (सुग्रीव के) सिर पर एक (घूँसा) जमाया, जिससे वह नीचे गिर पड़ा और पृथ्वी पर लौटकर उसकी जीभ बाहर निकल आयी। ३० वह (बालि) खुशी-खुशी लौट गया और यह (सुग्रीव) अपनी दुर्गति का वर्णन करने के लिए पुनः (रामचन्द्रजी के) पास गया और न्याय के लिए प्रार्थना करने लगा—मुझे यह कहाँ ख़बर थी कि आप इतने कमज़ोर हैं। आपने तो वापस मेरे कन्धों को बोझिल बना दिया (बालि पुनः मुझसे क्रुद्ध हो गया) आप मुझसे झूठ बोले और मैंने भी आपके झूठ पर कान धर लिया। सोये हुए दुश्मन को मैंने जगा दिया (अब मैं क्या करूँ?) आप राजपुत्र हैं और हमें आप पर नाज़ था। मगर (अफ़सोस!) मर्दानगी के वक्त (जब आपको अपना पौरुष दिखाना था) आप नामर्द बन गये। तब उन्होंने मुस्कराते हुए कहा—(भाई!) मैं तुम दोनों में कोई तफ़ावत

असन दोंपनस में नो बूज़ुम तफ़ावत ।
चे सुत्य तस वांलियस लगि यीच्र फ़ुरसत ।। ३५ ।।
दपन सुगरीव ज़ोरुचि तीरु मोर्यम ।
गछ्स येलि वोंन्य सु मा अदु ज़िन्दु छोर्यम ।।
दिलासा दिथ सु गव बेंयि लोयिनस नाद ।
ति बूज़िथ द्राव वांली दितुन फ़ंरियाद ।।
दपन तारायि दोंपनस अंय पहलवान ।
मं गछ वुन्यक्यन बु छस खोच्रान हेंयी जान ।।
ख़बर छा रामु ज़ुव मा आसि ज़ामुत ।
चे आसी पांपियो मारुनि आमुत ।।
गुल्यन गंड़ रज़ परन प्यस गछ वनुस ज़ार ।
दपुस बख़शुम में आमुत छुख चु अवतार ।। ४० ।।
ओंगुद छुय गाश चंशमन हुन्द सु सोज़ुन ।
गोंनाह बख़शी शरन सांपन तंमिस कुन ।।
चु नय बोजख सु नय सोज़ख खंटिथ रोज़ ।
पोंज़ुय वोंनमय गछीये ज़ुव पोंज़ुय बोज़ ।।
तितुय बूज़िथ सु वांली गव गज़बनाख ।
बं तुन्दी द्राव तंम्य जामन दितुन चाख ।।

(भेद) न कर सका, अन्यथा तुम्हारे साथ (भिड़ने में) उसे ज़्यादा फ़ुर्सत न मिलती । ३५ तब सुग्रीव ने कहा—यदि मैं अब वापस उसको ललकारूँ तो वह मुझे तीर से मार डालेगा और कभी ज़िन्दा न छोड़ेगा । दिलासा पाकर वह पुनः गया और उसको (बालि को) ललकारा । यह सुनते ही बालि बाहर आ गया और ज़ोर से गरज पड़ा । कहते हैं, तारा ने उसे (बहुत) समझाया—रे पहलवान ! इस वक्त तू न जा, मुझे डर है कहीं वह तेरी जान न ले ले । हो सकता है, रामचन्द्रजी ने जन्म ले लिया हो और तुझ पापी को मारने यहाँ आ गया हो । अतः हाथों में रस्सी बाँध उनके सामने प्रणाम कर और विनती कर कि हे रामावतार ! मुझे बख़्शिये । ४० अंगद जो तेरे चश्मों (आँखों) का प्रकाश है, उसे उनके पास भेज । वही तेरे गुनाहों को बख़्शेंगे । जा और उनकी शरण में चला जा । यदि तू (मेरी) न सुने और उसे (अंगद को) भी न भेजे तो फिर अपने आप को कहीं छिपा दे । सच कह रही हूँ यदि तुझे अपनी जान चाहिए तो इस सबको सच जान । यह सुनते ही वह बालि गजब

च़लुनि सुगरीव लोंग गोस पतु लारन।
रोंटुन यामथ दोंपुन तामथ बु मारन॥
वुछुन आकाश ह्यु गं‍ज़ुरुन पनुन पान।
दितुस तंम्य रामुच़ंन्दरन च़ूरि त्युथ कान॥ ४५॥

वंसिथ प्यव परबतस तल सूर तस गव।
वनन तस रामुच़ंन्दुरस मा परन प्यव॥
रंछिथ नामर्द क्यथु मोरुथ दिलावार।
च़ु पानय छुख दपान कुस छुय च़े अवतार॥
खंटिथ तीरा दितुथ रूदुय नु इन्साफ़।
मॆं पापा ओस न पानस खोंतुय पाप॥
दोंपुस तंम्य रामुच़ंन्दुरन लोयमय कान।
तवय बांयिस नियथ आशन्य ति छा जान॥
कंरिथ अपराद यिथ्य तिथ्य कोंह कर्या जाथ।
करन योंदवय वंसिथ पोंयि नब ब बुतराथ॥ ५०॥

त्युतुय बूज़िथ अंगुद सूज़ुन गं‍ड़िथ गुल्य।
यि रंछिज़्यन वोंन्य मॆं पापुक्य फल पनुन्य तुल्य॥

ढाने लगा (अत्यन्त क्रुद्ध हुआ) और वस्त्रों को चाक करता हुआ तीर-कमान लेकर चल पड़ा। सुग्रीव (उसे देख) भागने लग गया और वह उसके पीछे हो लिया। (बालि ने) उसे पकड़ लिया और कहा कि अब मैं इसे मार ही डालूँगा। उसने जैसे ही विकराल रूप धारण किया तो रामचन्द्रजी ने छिपकर उसपर तीर चलाया, ४५ जिससे वह पर्वत से नीचे गिर गया और उसकी राख बन गयी। उसने रामचन्द्रजी के चरणों में प्रणाम नहीं किया था, इसीलिए उसकी यह दशा हो गयी। (बालि ने तड़फते हुए कहा—) आपने एक नामर्द (सुग्रीव) की रक्षाकर एक दिलावर (बलवीर) को मार डाला—यह आपके अवतार-स्वरूप को शोभा नहीं देता है। आपने छिपकर तथा इन्साफ को भूलकर मुझ पर तीर चलाया। मेरा तो कोई पाप नहीं था, बल्कि अब आपको (मेरे वध का) पाप लगा है। तब रामचन्द्रजी ने कहा—मैंने तीर (जानबूझकर) मारा, क्योंकि तूने अपने भाई की पत्नी को छीना था, क्या यह उचित था? तूने ऐसे-ऐसे अपराध (पाप) किये, जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती और जिनको सुनकर नभ (आकाश) व पृथ्वी गिर सकते हैं। ५० यह सुनकर उस (बालि) ने अपने (पुत्र) अंगद को हाथ जोड़कर भेजा

दोंपुन बांयिस च़ु गरि रंछिज़्यन परन तल ।
में युथ कोंर त्युथ में वोंन्य लूनुम तम्युक फल ।।
वोंनुन तस यी तु दिहि निशि गव वोंदांसी ।
गोंडहस नार आंसिन सोंरगुवांसी ।।
वुछुख नेंछितुर ख़बर अगरो नगर गय ।
सपुन सुगरीव शाह टोठ्योव तस दय ।।
छु सथ यी याद रूज़ुस बांय सुंज़ कथ ।
ओंनुन अंगुद तंमिस पुशरुन वज़ारथ ।। ५५ ।।
ओंनुख हलमुत दिच़ुख तस पेशकांरी ।
बलावीरस लगस पादन बु पांरी ।।
छुन्यख ज़ोमूवनस व़टु मालु नांली ।
कंरुख तस मटि मुलकुच कुटवांली ।। ५७ ।।

।। किशकिन्दाकांड समाप्त ।।

और कहा कि अब इसकी रक्षा आप ही करें, मुझे तो अपने पापों का फल मिल गया। अपने भाई (सुग्रीव) से उसने (बालि ने) कहा कि इसे (अंगद को) अपने आश्रय में रखना, मैंने जो कुछ (तुम्हारे साथ) किया, उसका फल मुझे मिल गया है। इतना कहकर वह देह से उदास हो गया (मर गया) और उसका दाह-संस्कार किया गया, उसको स्वर्ग प्राप्ति हो ! उचित नक्षत्र (मुहूर्त्त) को देखकर चारों ओर ख़बर भिजवायी गयी और सुग्रीव को शाह (राजा) बनाया गया, क्योंकि स्वयं भगवान की उस पर अनुकम्पा थी। सत्य यह है कि (सुग्रीव को) अपने भाई की बात याद रही तथा अंगद को बुलाकर उसे वज़ारत (मन्त्री का काम) सौंप दी। ५५ हनुमान को बुलाकर उसे पेशकारी का पद सौंपा गया —उस बलवीर के पादों पर बलिहारी जायें। जाम्बवान् के गले में बिजली की मालाएँ पहनायी गयीं और उसको मुल्क (उस प्रदेश) की कोतवाली करने का काम दिया गया। ५७

।। किष्किन्धाकाण्ड समाप्त ।।

सोन्दर कांड

वान्दर छि सुतायि छारान

दोंपुख तंम्य लोलुक्यन शीशन फिरिव मय ।
अंनिव पांगाम सूता कोर कुन गंय ।।
हेंयिव लशकर सूतिन यैछ्रि सूत्य दियिव छोंह ।
छंड़िव समसार सोरुय राथ तय दोंह ।।
असन तिम द्रायि फीरिथ आयि दीशन ।
वुछिख येंलि मनशि लूकस सांर हन हन ।।
वुछुख खोवुर दंछुन सोरुय पछम पूर ।
खोंनुख पाताल गंछिनख चंशमि बद दूर ।।
पतव लाकन तिमव येंलि अख गोंफा ड़ीठ ।
वुछिख संन्य नीलुकंन्य गांमुत्र स्यठाह क्रीठ ।। ५ ।।
अंत्रिथ तथ अख अंकिस कुन थफ करान आंस्य ।
प्यवान बुथ्य किन्य वंसिथ ज़न तफ करान आंस्य ।।
वुछुख बाग़ा बिहिशता सोंरगुदारा ।
पलंगस प्यठ बिहिथ अख गुलज़ारा ।।

सुन्दर काण्ड

वानरों का सीता को ढूंढ़ना

उस (सुग्रीव ने वानरों से) कहा—अपने सौहार्द्र-रूपी शीशों (प्यालों) में मय उँडेलो और यह पैग़ाम लेकर आओ कि सीता किस ओर चली गयी है। लशकर लेकर तुम लोग जाओ। इच्छापूर्वक (लगन से) उसे ढूँढ़ निकालो। रात-दिन सारा संसार छान मारो। (यह सुनकर वानर) हँसते हुए निकल पड़े और देश-देशांतर में फिरने लगे तथा मनुष्य-लोक का चप्पा-चप्पा छान मारा। दायें, बायें—सारा पश्चिम और पूरब देखकर उन्होंने पाताल को खोदना शुरू किया (उनका यह उद्योग स्तुत्य है) चश्म-बद दूर हो। अंत में उन्होंने एक गुफा देखी, जो बहुत ही गहरी और कठोर थी। ५ वे एक-दूसरे का हाथ थामकर उसमें घुस गये। वे कभी-कभी मुँह के बल गिर पड़ते, जैसे (किसी को) नमन करते हों। (अन्दर जाकर) उन्होंने बिहिश्त की तरह एक स्वर्गिक स्थान को देखा,

सर्‌वु कद्‌ कामता आशोबि आलम ।
पंरी या प्रज़ुलवुन्य रूपस नु कैंह कम ।।
करन तपसी शरन गांमुत्र दयस कुन ।
गंमुत्र रुत्र वासुना मीलिथ पयस कुन ।।
दोंपुख तस रांव सुता रामुत्रंन्दुरस ।
दोंपुख तमि अंछ्य वंटिव वांतिव मकानस ।। १० ।।

वचख यैलि चेंशमु मुत्रुराव्यख वुछुख रंग ।
कोंहिसताना मकाना अख स्यठाह तंग ।।
वचख यैलि अंछ्य वुछुख अख परबथा कूर ।
स्यठाह थोंद ज़न सु तमि आकाशि निशि दूर ।।
दपन कैलास तथ निशि अख कथा ओस ।
छि क्याह कथ व्रन्दुवन तति अख वथा ओस ।।
दपन बाहुवुन्य बरूज़न ओल मा सुय ।
असुनि लंग्य तथ सुमीरस मोल मासुय ।।
असन फेरन स्यठाह तिम आंस्य खेलन ।
तती छुय अद्‌ तिमन समपाट मेलन ।। १५ ।।

जहाँ एक पलंग पर गुलज़ार की तरह कोई बैठी हुई थी। वह भव्य दिखनेवाली एक कमनीय स्त्री थी, जिसके ऊपर सारे आलम की शोभा छिटकी हुई थी। परी की तरह वह चमक रही थी और उसका रूप भी कम न था। वह तपस्या कर रही थी और अपने भगवान् की शरण में चली गयी थी। उससे (वानरों ने) कहा—हमारे रामचन्द्रजी की सीता खो गयी है। उसने कहा—तुम लोग अपनी आँखें बन्द कर डालो, अभी गंतव्य स्थान पर पहुँच जाओगे। १० जब उन्होंने अपनी आँखें बन्द कर वापस खोलीं तो एक अजीब रंग देखा—उन्होंने एक कोहिस्तान पर तंग मकान को देखा, आँखें मीचकर जब उन्होंने दुबारा आँखें खोलीं तो एक कठोर पर्वत को देखा, जो काफी ऊँचा था और आकाश से ज़्यादा दूर न था। कहते हैं, कैलास (पर्वत) उसके सामने कुछ भी न था और विन्ध्याचल की बात ही क्या! वह तो उसके एक भाग के भी बराबर न था। वे कहने लगे-- लगता है, यह सभी पर्वतों का घोंसला (घर) है और सुमेरु का बाप है। वे हँसने व उछलने-कूदने लगे और तभी उन्हें समपाट (संपाती) मिल गया। १५ सभी उदास हो गये और इस बला को अपनी ओर आते देख सभी सीता का ध्यान भूल गये। उन्होंने इस

वौंदासी गंयि वुछिख यैलि तंग जाया ।
मंठुख सुता यिवान ड़ीठुख बलाया ।।
यिवान लारान तिमव जानावरा ड्यूठ ।
सुमीरा ह्यु स्यठाह् बौड़ वारुयाह् ज़्यूठ ।।
सु यंत्र बौछि ओस डीशिथ नग़मु तंम्य लोग ।
दौपुन अज़ ईशरन लोंदुनम योंतुय बोग ।।
अंगुद तामथ वनुनि लोंग ह्लमतस कुन ।
हनूमानो युथुय ओसो जटायुन ।।
त्युतुय बूज़िथ सु जानावर वंसिथ प्यव ।
दौपुख तंम्य पारु कंरिवम वारु वंन्यतव ।। २० ।।

तिमव दौपहस सु क्याह् वाती पोंज़ुय वन ।
दौपुख तंम्य बोय वात्यम थाँवितव कन ।।
अंछिन दौन गाश ज़न ओसुम लौंकुट बोय ।
त्रोलुम त्राविथ मे तंम्य वालिजि छौख लोय ।।
ज़ु बारुन्य आस्य ज़ोरावर पहलवान ।
ज़ेहन गंयि अंस्य करव सिरयस सुतिन मान ।।
अहंकारन पनुन्य यैलि कौंड़ पखन वाश ।
यिछुय तुज ज़ोरु वुफ तोंत वात्य आकाश ।।

जानवर को अपनी ही ओर आते देखा जो सुमेरु की तरह विशालकाय और काफी लम्बा था। वह बहुत भूखा था। अतः उन्हें देखकर वह खुशी में कहने लगा कि आज तो ईश्वर ने मुझे बैठे-बिठाये इतना भोजन भेजा है। तभी अंगद हनुमान से कहने लगा—हनुमान! जटायु भी बिल्कुल इसी की तरह था। यह सुनते ही वह जानवर एकदम गिर पड़ा और कहने लगा कि ज़रा यह बात फिर से कहना, मेरा दिल फट रहा है। २० तब उन्होंने उससे पूछा कि सत्य कहो वह तेरा क्या लगता था। उसने कहा—सुनो, वह मेरा भाई लगता था। इन दो आँखों के प्रकाश के समान वह मेरा छोटा भाई था। मुझे अकेला छोड़कर उसने मेरे कलेजे को आहत कर डाला। हम दो भाई बड़े ही ज़ोरावर (बलशाली) पहलवान थे। हमारी बुद्धि (एक दिन) फिर गयी जो हमने सोचा कि सूर्य से हम टक्कर लें। अहंकार-वश हमने अपने पंखों को फैलाया और ज़ोर से आकश की ओर उड़ चले। सूर्य को क्रोध आया और उसने अपने ताप को तीव्र कर दिया, जिससे उसके

तुलुन तापुन तच्चर सिरयस च्रख आये ।
दज़ुनि लंग्य पर तंमिस रूदुस बु छाये ।। २५ ।।
दंदिम पर तापु सुत्य रूदुम नु कॆंह होश ।
ज़लस कनि अंगुनु जोशस लॊगुस पम्पोश़ ।।
च्रॊदाह शथ वांस गंयि यनु प्यठु मॆ सांपुन ।
वुछान आसम मॆ लोसान चंशमु तस कुन ।।
मॆ ओसुम माजि कॊरमुत नाव समपाट ।
जटायुन नाव तस मेल्यम नु मा ज़ाथ ।।
वुछन यथ कुन बु छुस तथ कुन प्यवन ताफ ।
बिहिथ छम शन हतन क्रूहन नज़र साफ़ ।।
हनूमानन वंनिस तस बांय सुन्द्य कार ।
स्यठाह टोठचोव तस प्यठ रामु अवतार ।। ३० ।।
वॊनुस यामथ ति तंम्य तामथ वदुन आस ।
दॊपुन करि ना मॆ प्यठ तस बांय सुन्द पास ।।
तिमव प्रुछ्हस त्युथुय सुता वुछिथ मा ।
दॊपुख तंम्य बॊनु सॊ छवु दर बागि लंका ।।
जटायुन बोय ओसुस ह्यॊतुन कांपुन ।
परुनि लॊग रामु रामु मॊख्त सांपुन ।।

(जटायु के) पंख जलने लग गये और मैंने उसको अपने पंखों से ढँक लिया।२५
मेरे पंख भी (बाद में) जल गये और मुझे कोई होश न रहा तथा मेरा कमल-जैसा शरीर जल के स्थान पर अग्नि के जोश (ताप) में झुलस गया। इस हालत में मेरी चौदह सौ साल की आयु बीत गयी और तब से मेरी आँखें बराबर उसको (जटायु को) निहारती रहीं। माता ने मेरा नाम संपाट (संपाती) और उसका जटायु रखा था, जो अब कभी भी मुझ से मिल नहीं सकता है। मैं जिधर भी देखता हूँ वहीं (उधर ही) प्रकाश पैदा हो जाता है और यहाँ बैठे-बैठे मेरी नज़र छः सौ कोस तक साफ़ तौर पर जा सकती है। तब हनुमान ने उसको उसके भाई (जटायु) के सुकृत्य की बात कही और कहा कि उसे रामावतार ने खूब प्रेम दिया है।३० जैसे ही उसने (हनुमान ने) यह बात कही तो उसे रोना आ गया और उसने कहा कि काश ! मेरे भाई की तरह वे मुझ पर भी दया करते। तब उन्होंने (वानरों ने) उससे पूछा—तुमने सीता को तो नहीं देखा ? उसने उत्तर दिया—वह नीचे लंका के एक बाग़ में है।

व्रोलुस कांपुन तु सांपुन मोख्त पानुह ।
तिमन सुतायि हुन्द होवुन निशानुह ।।
थोंगिस खंत्य कोहुकिस डीठुख पलस मंज़ ।
जवाहिर ज़न सं लंका तथ ज़लस मंज़ ।। ३५ ।।

ज़लस मंज़ ज़न पुनिम च्रंन्दरमु छि क्याह कथ ।
अमा तोंत वातुनुक मा कांसि ताकथ ।।
तम्युक बंगालु येंलि वुछ आसुमानन ।
सु कर तोंलि ओस फीरिथ चरख ज़ानन ।।
शुराह शथ क्रूह तोंत तामथ तरुन ज़ल ।
शुराह शथ क्रूह तमिकिस दामुनस तल ।।
शुराह शथ क्रूह थोंद छय द्रीठ्य यीवान ।
ज़लस मंज़ सिरियि ज़न आंस शोलु दीवान ।।
हरन ओंश क्याह करन तिम वीर लारन ।
तरन कोंत आंतु किन्य तिम छालु मारन ।। ४० ।।

करन तदबीर यथ किथु पांठ्य लबव तार ।
छु दंरियावाह तरुन यिम दयि सुन्द्य कार ।।
पंरिन्दन पर फुटन डीशिथ तरुन ओस ।
कथा छा केंह शुराह शथ क्रूह तरुन ओस ।।

इस प्रकार जटायु का वह भाई काँपने लगा और राम-राम पढ़ते हुए मुक्ति पा गया। सीता की निशानी उन्हें बताकर उसकी कँपकँपी मिट गयी और वह पूर्णतया मुक्त हो गया। वे सभी एक कोह (पर्वत) की चोटी पर चढ़ गये और उन्हें जल-रूपी पत्थर के बीच में एक जवाहर के समान वह लंका चमकती हुई दिखायी पड़ी, ३५ जैसे जल में पूनम का चन्द्रमा चमक रहा हो। मगर वहाँ तक पहुँचने की किसी में भी ताक़त न थी। आसमान उसको छूता था और (सूर्य) उसके पास से निकलता था। उस तक पहुँचने के लिए १६०० कोस का जल-मार्ग तर जाना था—पूरे सोलह सौ कोस की दूरी! वह (लंका) सोलह सौ कोस की दूरी से ऐसे दिखायी पड़ रही थी, जैसे जल में सूर्य हचकोले ले रहा हो। सभी वीर (मायूस होकर) आँसू बहाने लगे कि अब वे क्या करें, कैसे पार लगें तथा कैसे इतनी दूरी लाँघ सकें? ४० सभी तदबीर (उपाय) खोजने लगे कि कैसे इस दरिया (समुद्र) को तर कर भगवान् के कार्य को पूर्ण किया जाए? इस (विशाल) दूरी को देख परिन्दों तक के

सलाह छारन सलाह छारन थंचिख वाह ।
अकुलि किन्य तिम ज़लस मारुनि लंग्य थाह ।।
वनुनि लोंग अख वुहन कूहन तरस बो ।
दपन ब्याखा त्रुहन ताम वोंठ दिमस बो ।।
दपन ब्याखा बु नमुनमुतन दिमस छाल ।
दोंपुख ज़ोमूवनन व्रदुबाव छुम काल ।। ४५ ।।
वनुनि लोंग लूक ओसुस बालुयावस ।
तुजिम आकाशय वोंठ अंकिसुय हवावस ।।
बु ओसुस वाव ह्यु आकाशय फेरन ।
मेँ डीशिथ आस्य दयतन प्रान नेरन ।।
कंरिम वुह चरख गंज़ुरिथ मनशि लूकस ।
तिथय रेंश्य अंक्य वुछुस बोंनु त्रख अंनिन तस ।।
दित्रुन दारिथ दरुबि तुज्य वुछ तपुक ज़ोर ।
महा बंलियस तिथिस फुटुरोवनम खोर ।।
अंगुद ह्योर गव वंथिथ वुन्य छाल मारस ।
अनन रावुन रंटिथ शुर्य बांत्र मारस ।। ५० ।।
तम्युक ओसुम नु ग़म वुन्य मारुहस छाल ।
अमा खोत्रान छुस वलुनम असोंर नाल ।।

पंख टूट जाते—सोलह सौ कोस को पार करना कोई मामूली बात तो नहीं है ! सलाह-मशविरा करते-करते वे थक गये और अपनी अक़्ल के अनुरूप जल को वृथा पीटने लगे । एक कहने लगा—बीस कोस तक तो मैं जा सकता हूँ—बीस कोस तक । दूसरा कहने लगा—तीस कोस तक मैं छलाँग लगा सकता हूँ । एक और कहने लगा कि निन्यानवे कोस तक तो मैं भी छलाँग मार सकता हूँ । तब जाम्बवान् ने कहा—मैं तो इस समय वृद्धावस्था से गुज़र रहा हूँ ४५ जब मैं बचपन में छोटा था तो एक क्षण में सारे आकाश में उड़ गया था । मैं वायु की तरह आकाश में फिरा था और मुझे देख दैत्यों के प्राण निकल गये थे । मैंने गिनकर मनुष्य लोक के २० चक्कर लगाये और तभी (नीचे) एक ऋषि ने देखा और उसे क्रोध आ गया । उसने कुश का तीर बनाकर मुझ पर अपने तप के ज़ोर से फेंका, जिससे मुझ महाबली का पैर टूट गया । अंगद उछलकर बोला—मैं अभी छलाँग लगाकर उस रावण को पकड़कर लाऊँगा और उसके बाल-बच्चों को मार डालूँगा; ५० मगर मैं डरता हूँ कि कहीं

अंगुद्य दोंपनख में छुम यावुन पनुन पूर।
दिमस वोंठ वुन्य गछ़स शहरस करस सूर॥
हनूमानन दोंपुस छिनु चांन्य यिम कार।
बु येति आसु सुत्य तति कर छय च्रें अनुवार॥
हनूमानन दोंपुख यावुन मु हारिव।
बु मारस छ़ाल यिमु अद्यायि त्राविव॥ ५४॥

लीला

वान्दर छि हनूमानस वनान

वान्दर सारी तस शरन।
हनूमानु अंस्य छिनु दरानी॥
मरुह मरुह कास अंस्य दरुह लंग्य तारन,
वोंपाय तरनुक कर कैंह च्रुय।
दरशनु समन्दर अंस्य सार्‌य खोच़न,
हनूमानु अंस्य छिनु दरानी॥ १॥
ज़ोमूवन बलुवीर सारी वीर गलन,
तवु किन्य अंस्य आयि शरन च्रेय।

वहाँ असुर मेरे गले न पड़ जायँ। वैसे, अंगद ने आगे कहा—मुझमें पूरा यौवन है और मैं अभी उसके शहर (लंका) में जाकर उसका संहार कर डालूँगा। तब हनुमान ने कहा—यह तुम्हारा काम नहीं है। जहाँ पर मैं तुम्हारे साथ हूँ, वहाँ पर तुम्हें किस बात की चिंता है? हनुमान ने कहा—तुम लोग अपना यौवन (धैर्य एवं साहस) न हारो (मन को निराश न करो)। मैं छलाँग मारूँगा, तुम लोग ये (निराशा की) बातें छोड़ दो। ५४

वानरों का हनुमान से विनती करना

सभी वानर उसकी शरण में गये और कहने लगे—हनुमान! हम तो भय से काँप रहे हैं। हमें जो 'मर जायेंगे, मर जायेंगे' का भय लगा है, उसे दूर कर दीजिए और पार उतरने का कोई उपाय निकालिए। समुद्र के दर्शन-मात्र से हम डर रहे हैं—हनुमान! हम तो भय से काँप रहे हैं। १ जाम्बवान् के साथ-साथ सभी वीर गल रहे हैं। अतः हम आपकी शरण में आये हैं। (यदि हम सीता जी की सूचना न ला सके

राम् जुव तु सुगरीव असि मा मारन,
हनूमानु अंस्य छिनु दरांनी ॥ २ ॥

वीरुबल च्रेय छुय समन्दर ज़ालुन,
लालन हारि सुत्य मोंल करिनु कांह ।
रामु जुव मोंल करि च्रेय मोंखतुहारन,
हनूमानु अंस्य छिनु दरांनी ॥ ३ ॥

सुगरीव मोंखतुहार च्रेय कित्य छु वुरन,
अंस्य आयि शरन छी चान्य दास ।
ज़ायि कर पापन हाय हाय करन,
हनूमानु अंस्य छिनु दरांनी ॥ ४ ॥

वांली बलुवीर तस गव शरन,
हरु हरु राथ दोंह करांनी ।
रावुन बलुवीर आयाव शरन,
हनूमानु अंस्य छिनु दरांनी ॥ ५ ॥

रावुन शे र्‌यथ त्रोवुन गीरन,
अंगोचस वलनु आयाव तस ।
अथु त्रोवुन च्रोंल अंछव खून हारन,
हनुमानु अंस्य छिनु दरांनी ॥ ६ ॥

तो) रामचन्द्रजी और सुग्रीव हमको मार डालेंगे—हनुमान ! हम तो भय से काँप रहे हैं। २ हे बलवीर ! आपको ही यह समुद्र जला देना है। भला लाल और कौड़ी का एक ही मोल कौन कर सकता है ? रामचन्द्रजी ही आप-जैसे मोती का मूल्य जानते हैं—हनुमान ! हम तो भय से काँप रहे हैं। ३ सुग्रीव आपके लिए ही मुक्ताओं की माला पिरो रहे हैं। हम आप की शरण में आये हैं। हम आपके दास हैं। आप हमारे पापों को ज़ाया करें (मिटायें)—हनुमान ! हम तो भय से काँप रहे हैं। ४ बालि-जैसा बलवीर उसकी शरण में गया और (रात-दिन) हर-हर कहने लगा। रावण-जैसा बलवीर भी उसकी शरण में आ गया —हनुमान ! हम तो भय से काँप रहे हैं। ५ रावण को उसने अंगोछे में बाँधकर छः महीने के बाद छोड़ दिया था। हाथ से छूटने के बाद वह आँखों से ख़ून बहाता हुआ भागा था—हनुमान ! हम तो भय से काँप रहे हैं। ६ उसकी (बालि की) बुद्धि पापमयी हो गयी थी, जो उसने

पापु बौद गंयस सुगरीव बु मारन,
हनूमान ज़ोमूवन बलुवीर ह्यथ ।
तारा बौड़िथ गंयि मंज़ हबरु कारन,
हनूमानु अंस्य छिनु दरांनी ॥ ७ ॥

रामु जुवुनि तीरु सूत्य पापी मरन,
आह कार तारा लंज्य करुने ।
अंगुद सुगरीव सांपुन शरन,
हनूमानु अंस्य छिनु दरांनी ॥ ८ ॥

सुगरीवु दौपनस क्याह छुख करन,
सूता कौनु छुख छारांनी ।
वान्दर सार्‍य ह्यथ वारह गव शरन,
हनूमानु अंस्य छिनु दरांनी ॥ ९ ॥

वनुनि लोंग हलमुत समन्दर बु ज़ालन,
रावुन बु ज़ालन लंकायि सान ।
प्रकाश तमि सूत्य वेबीशन बु थावन,
हनूमानु अंस्य छिनु दरांनी ॥ १० ॥

हनूमानु सन्द्य कार

वुछव वौन्य रावुनस यॅलि आस इफ़लास ।
तरस वौठ दिथ करस वुन्य सारिसुय डास ॥

हनुमान, जाम्बवान् आदि बलवीरों सहित सुग्रीव को मारने की सोची । तारा (सुग्रीव को) दुबारा जंग करने के लिए आता देख हैरान हो गयी थी—हनुमान ! हम तो भय से काँप रहे हैं । ७ रामजी के तीर से पापी मर जाते हैं, तभी तारा विलाप करने लगी थी । अंगद और सुग्रीव उसकी शरण में आ गये—हनुमान ! हम तो भय से काँप रहे हैं । ८ सुग्रीव से उन्होंने कहा—आप क्या कर रहे हैं । सीता को ढूँढ़ते क्यों नहीं हैं ? तब वे सभी वानरों को लेकर उनकी शरण में चले गये—हनुमान ! हम तो भय से काँप रहे हैं । ९ हनुमान कहने लगा कि समन्दर को जला दूँगा और रावण को लंका सहित जला डालूँगा और उसके प्रकाश में विभीषण का राज्याभिषेक कराऊँगा—हे हनुमान ! हम तो भय से काँप रहे हैं । १०

समन्दर तीरॖ सुॖत्य ग्यव ज़न बॖ ज़ालन ।
छु कस यावुन महारावुन बॖ गालन ॥
अमा आस्यय सौं सुॖता आयि सानॖय ।
नखस क्यथ वुन्य अनन लंकायि सानॖय ॥
वनुन्य ज़ोमूवनन हेंत्य हलमतुन्य कार ।
छु थोंवमुत रामुॖचन्दुरन हलुमुतुय सार ॥
दोंदस सुॖतिन चोमुत मा लोल तंम्य सुन्द ।
वोंन्दस तसुॖंदिस अन्दर मा ओल तंम्य सुन्द ॥ ५ ॥
वनुॖनि लोंग येंलि हलुमुत दोंद चवान ओस ।
सिरियि ड्यूठुन दोंपुन रटॖनुक मनस गोस ॥
तुजिन आकाशिय वोंठ सिरियन यिवन ड्यूठ ।
दोंपुन रोंटनस समीरस तल खंटिथ ब्यूठ ॥
यि कथ सथ क्याह छि तति तस रावुॖनुन्य ज़ोर ।
चॖ केंह वंनिज़्यस नॖ योंत तामथ खस्यस बोर ॥

हनुमान के कार्य (कारनामें)

हनुमान कहने लगा-- रावण का आखिरी समय आ गया है । मैं छलाँग मारकर उसका सर्वस्व नष्ट कर डालूँगा । तीर से समन्दर को घी की तरह जला डालूँगा तथा अपने यौवन (बल) से उस महारावण को जला डालूँगा । यदि वह सीता मेरी पहुँच के भीतर हुई तो उसे लंका-समेत यहाँ कन्धे पर उठा ले आऊँगा । तब जाम्बवान हनुमान के कार-नामों का बखान करने लगा और उसने कहा-- रामचन्द्रजी ने हनुमान को ही अपना सार मान रखा है । (लगता है) उसने (हनुमान ने) दूध के साथ रामचन्द्रजी का प्रेम पी लिया है और दिल के घोंसले में उन्हें छिपाकर रखा है । ५ (एक बार जब शैशवावस्था में) वह दूध पी रहा था तो सूर्य को देखकर उसे पकड़ लेने की इच्छा उसके मन में हुई । उसने आकाश में छलाँग मारी और सूर्य ने जब उसे अपनी ओर आते देखा तो वह कहने लगा कि अब यह मुझे पकड़ (ही) लेगा अतः सुमेरु पर्वत के पीछे छिप गया । (ऐसे बलवीर के सामने) यह सत्य है कि भला उस रावण के ज़ोर क्या काम कर सकते हैं ? आप उससे तब तक कुछ भी न कहना जब तक कि उस पर (पाप का) भार पूर्ण रूप से चढ़ता नहीं है । उपदेश देते हुए (जाम्बवान् ने) आगे कहा-- एक बात मन में रखना कि उसी वेग से आगे बढ़ना, जिस वेग से रवि सुमेरु के पीछे छिप गया था ।

वरन दीवन दोंपुस तिमु कथु मनस थव ।
त्युथुय पख युथ समीरस छुय पकन रव ।।
वुछिथ सूता ख़बर ह्यथ यिज़ि टुकन यूर्‌य ।
सु पानय ज़ानि येलि तिम दोंह यिनस पूर्‌य ।। १० ।।

हनूमानन परुन ह्योंत रामु रामय ।
वनुनि लोंग रामुचन्द्रुन लोल आमय ।।
वंछुस रेंह नारुह तमिसुंदि नावु सूती ।
वोंथन यिछ्‌ रेंह छि नारस वावुह सूती ।।
वदुनि लोंग लोलु सूतिन लोंग हरुनि पान ।
लोंदुन तति रामुचन्द्रुनि दोनि प्यठ कान ।।
करुनि लोंग नालु मोंत बब ज़न च्यतस प्योस ।
निंदरि होंत वुज़ुनावुन निंदरि होंत ओस ।।
रोंटुन तम्य राज़ुह रामुन मोंख मनस याद ।
वंथिथ गव कोह ह्युव पर सांपुनिस बाद ।। १५ ।।

दपन येलि संगरि प्यठु तम्य ज़ोरु दित्र छाल ।
वंसिथ परबत दपान गव ज़ेरि पाताल ।।
सु परबत ज़ुस्तु तम्य सुन्दि सूत्य तल गव ।
अमा तति तल गंछिथ पातालु बोंन गव ।।

सीता को देख उसकी ख़बर लेकर तुरन्त यहाँ आ जाना । उसे (रावण को) स्वयं सब मालूम हो जायेगा, जब उस (पापी रावण) के दिन पूरे हो जायेंगे । १० तब हनुमान राम-राम पढ़ने लगा और कहने लगा कि मुझ में रामचन्द्रजी का प्रेम उमड़ रहा है । (रामचन्द्रजी के) नाम का उच्चारण करते ही उसके अन्दर आग की ज्वाला भड़क उठी, वैसे ही जैसे वायु से आग की लपटें भड़क उठती हैं । प्रेम-पुलकित होकर उसकी आँखों से आँसू गिर आये और वह रामचन्द्रजी की कमान से निकले तीर की तरह वायु को गले लगाता हुआ उड़ गया, जैसे उसे अपने पिता की याद आ गयी हो (पिता मिल गये हों) । अपने इस कार्य से उसने सभी (राक्षसों) की नींद खोल दी । मन में राजा राम का (नाम) मुख बसाकर वह (विशालकाय) पर्वत की तरह वायु को अपने (पंख) बनाकर उड़ता गया । १५ कहते हैं, जब उसने पर्वत से ज़ोर से ऊपर (उड़ने के लिए) छलाँग मारी थी तो वह पर्वत एकदम पाताल में धँस गया था । उसकी छलाँग से वह परबत सोना बन गया और सोना बनकर वह पाताल

सु परबत छालि तंम्य सुन्दि सुत्य सौंन गव ।
अमा तौंत सौंन गंछिथ पातालु बौंन गव ।।
तमी दौंहु चरखु फेरन गंयि नबस ज़ीर ।
अमा बुतरात तमि दौंहु चरखु मा फीर ।।
तिथुय यैंलि वाव ह्युव हलमुत वंथिथ गव ।
गंछिथ लंकायि कुन लंकायि प्यठ प्यव ।। २० ।।
स्यठाह बौंड अजदहा तति डेड़ि प्यठ ओस ।
गंछिथ हलुमुत तंमिस आसस अन्दर गोस ।।
दपान तस रामुचंन्दुरस कुन गौंमुत मन ।
लौंबुन वर हलुमतुन त्रामुव गंयस तन ।।
सौंरुन यैंलि रामु रामु गव सु आज़ाद ।
वंथिथ गव वाव ह्युव दिल सांपुनुस शाद ।।
देवी सपथा छि मा तंमिसुय दपान नाव ।
तसुन्द वीरुथ वुछिथ बलु वीर पथ द्राव ।।
दौंपुस दीवो हनूमानस चु वुछ बल ।
यिथिस दशिरावुनस सुत्य क्या करी छल ।। २५ ।।
चें बल छुय त्यूत युथ पोशी नु कांह ज़ाथ ।
चु गछ टुकान अदु मेली सु कर ज़ाथ ।।

के नीचे चला गया। उसी दिन आकाश में हलचल होने लगी और शायद उसी दिन से पृथ्वी भी चक्कर काटने लगी। इस प्रकार वायु को चीरता हुआ हनुमान उड़ता गया और लंका की ओर जाकर लंका में आन पड़ा (उतरा)। २० उस (लंका) की ड्योढ़ी पर एक बहुत बड़ा अजदहा था, जिसके मुँह के अन्दर हनुमान घुस गया। कहते हैं, उस (हनुमान) का मन चूँकि रामचन्द्रजी में अनुरक्त था अतः आशीर्वाद पाकर उसकी देह तुरन्त ताम्बे की हो गयी। राम-राम का स्मरण कर वह उस (अजदहा) से आज़ाद हो गया और उसका दिल शाद (खुश) हो गया। (आगे चलकर उसका सामना एक ऐसे राक्षस से हुआ) जिसका नाम 'सपथा' था। उसकी वीरता देखकर बड़े-बड़े बलवीर पीछे हट जाते थे। उसने अपने एक साथी दैत्य से कहा— रे देव! तू जाकर देख, हनुमान कितना बलशाली है तथा वह रावण से क्या छल कर सकता है। २५ तेरे पास इतना बल है कि कोई भी तेरा सामना नहीं कर सकता। तू भाग कर जा, अन्यथा वह तुझे (बाद में) मिल नहीं सकता।

वनी कव् पुछ्य सु तथ लंकायि प्यठ आव ।
करुनि मा पाप नाशस रावुनस आव ।।
च़ु गछ वुछ बल तंमिस असुरन सु पोशा ।
गछि नु न्यरबल गछुन अदु मा सु रोशा ।।
पवनु रूपह सु दयत तथ डेड़ि प्यठ ब्यूठ ।
कौरुन जोदू तु दिह दोरुन स्यठाह् क्रूठ ।।
कौरुन वेंखच़ार तंम्य तस रूफ त्युथ होव ।
तसुन्दि रूपुह सुतिन हलुमुत ति खोर्योव ।। ३० ।।
तंलिम वौंठ लंज सौं पातालस सुत्यन ज़ीठ ।
पेंठिम वौंठ दिच़ुन आकाशस स्यठाह् क्रूठ ।।
मौंच़र तंम्य कौर नु तति पानस छि क्या कथ ।
कौंडुन तंम्य काड वाराह ज़्यूठ छुय सथ ।।
हनूमानन परुन ह्यौत रामु रामय ।
यि वेंखच़ारुय वुछिथ लोल चोन आमय ।।
वुछुन यैलि मौंख तसुन्द सोर द्रेंठ तस आव ।
मनुशि लूक येन्दरु लूक द्रेंठ तस आव ।।
वनुनि लौग यि छु राख्युस विद्य दांरिथ ।
अमी रूपु सुती छुनि मा असि मांरिथ ।। ३५ ।।

उससे तू पूछ कि वह किस कारण से लंका में आया है तथा क्या वह पाप का नाशकर रावण का अन्त करने तो नहीं आया है ? तू जाकर उसका बल देख कि क्या वह असुरों का मुक़ाबला कर सकता है ? वैसे उसे निर्बल नहीं होना चाहिए । तब वह दैत्य पवन-रूप धरकर डयोढ़ी पर बैठ गया तथा जादू करके (माया से) अत्यन्त विकराल देह धारण कर ली । उसने भयकंरता दिखाकर अपना ऐसा रूप बनाया कि उसे देखकर हनुमान सहम गया । ३० उसने (उस मायावी दैत्य ने) नीचे छलाँग लगायी तो पाताल तक पहुँच गया, ऊपर लगायी तो आकाश को पहुँच गया । अपनी देह को ऐसा सिमटा दिया कि पहचान में न आया और अँगड़ाई ली तो अत्यन्त लम्बा हो गया । तब हनुमान पे राम-राम पढ़ना शुरू किया और (उस दैत्य की) विकरालता देख उसे (रामचन्द्रजी) याद आ गये । जब उसने उस (दैत्य) का मुँह देखा तो (उसमें) सब कुछ दिखायी दिया— मनुष्य लोक, इन्द्रलोक आदि सभी कुछ । वह (हनुमान) कहने लगा कि यह (ज़रूर कोई) कोई मायावी राक्षस लगता है, जो कहीं अपनी माया से मुझे मार

दोंपुन तस कवु पुछय कोंरथस बु चंचल ।
गछी क्या मंग दिमय मतु करतु युथछल ॥
दोंपुस तंम्य वुछ में वनुसुय छुय चें सामरथ ।
दोंपुस तंम्य क्या गछी कथ कुन चें छय व्रथ ॥
दोंपुस तंम्य चोन मामस गछि में आसुन ।
दोंपुस तंम्य दार आस वुन्य खुर छु कासुन ॥
ति बूज़िथ दोर तंम्य आस कोंरुन मान ।
पज़ुन पोलुन द्युतुन तसुन्दिस मोंखस पान ॥
यि दयि गथ वुछतु येंलि तंम्य तस कोंरुन ग्रास ।
कोंरुस तंम्य छल गोंहिसतानु किन्य न्यबर द्रास ॥ ४० ॥

करुनि लोंग बलुवान तति योंद स्यठाह ज़ोर ।
हनूमानन दोंपुस वोंन्य कोंत चलख ओर ॥
म छम तस रामु चंन्दुरुनि खावि हुंज़ द्रय ।
करथ ब येंत्य शान्त नतु वन पाय क्या छुय ॥
दोंपुस तंम्य कर ख्यमा कोंह मा में मोंगुमय ।
बु गोस मोंख्त चानि दरशनु जय चें बंविनय ॥
में आसन जाय छमना हरमकानस ।
कंरुम आगन्या में दीवव येंथ्य मकानस ॥

न दे। ३५ तब उसने कहा—(रे दैत्य !) तू क्यों मुझे विचलित कर रहा है ? तुझे जो चाहिए, माँग। मैं दे दूँगा, मगर यह छल (माया) न कर। इस पर उसने कहा—मुझे बस तेरा मांस चाहिए। वह बोला—तू मुँह खोल, मैं अभी तेरी क्षुधा को शान्त कर देता हूँ। यह सुनकर उसने मुँह खोला और (हनुमान ने) उसके वचन का मान रखा और सत्य का पालनकर उसके मुँह में अपने आपको दे दिया। दैवगति देखिए, जब उस (दैत्य) ने उसको ग्रास बनाया तो वह (हनुमान) छल करके उसके गुह्यस्थान (मलद्वार) से बाहर निकल आया। ४० इसके बाद वह बलवीर हनुमान उसके साथ काफ़ी ज़ोर से युद्ध करने लगा और कहने लगा कि अब तू भागकर कहाँ जायेगा ? मुझे उन रामचन्द्रजी की खड़ाऊँ की क़सम है कि मैं तुझे यहीं पर शान्त कर देता हूँ, अन्यथा बोल तेरा रहस्य क्या है ? तब उसने कहा—मुझे क्षमा कर दीजिए। मुझे कुछ भी नहीं चाहिए। मैं तो बस आपके दर्शन से मुक्त हो गया, आपकी जय हो। मेरा (असली) निवास देवलोक में है। मुझे वहाँ से यहाँ आने की आज्ञा

में दोपुहम गछ च्रु हलुमुत तति वुछिथ यिन ।
छु बलुवीराह च्रु तमिसुन्द बल वुछिथ यिन ।। ४५ ।।
तवय बापथ में चोनुय बल वुछामय ।
मे बखशुम वोन्य मनस मा केंह लंजी खय ।।
शरन आसय तु पादन बो दिमय मीठ्य ।
च्रे बविनय जय उमुर आसिनय स्यठाह् ज़ीठ ।।
वोदुनि वोथ हलुमतस प्यठ आलुवुन पान ।
करुन लीला तमिस पादन वोन्दुन पान ।। ४८ ।।

लीला

दीवी सपथा राख्युस छु हनूमानु सुन्द्य गोन ग्यवान

जुव पान वन्दहय चान्यन पादन ।
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ।।
रामु जुव्य आगिन्या कर तोरु फेरुनस,
सोरुय समसार छंड़िथ तु आख ।
वाख दोश च्रोल पोश लागय पादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ।। १ ।।

मिली । मुझसे कहा गया—जा और वहाँ हनुमान को देख । वह बलवीर है । उसका बल देखकर आ । ४५ इसी कारण मैंने आपका बल देखना चाहा था । मुझे माफ़ कर दीजिए और मन से मेरे प्रति मैल को निकाल दीजिए । मैं आपकी शरण में आया हूँ और आपके चरणों को चूम रहा हूँ । आपकी जय हो और आपकी आयु सुदीर्घ हो । तब वह उठ खड़ा हुआ और हनुमान पर बलिहारी गया और पादों को चूमकर वन्दना करने लगा । ४८

'सपथा' राक्षस द्वारा हनुमान के गुणों का बखान

तन-मन आपके चरणों पर वारूँ, यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है । रामजी ने आपको यहाँ आने की आज्ञा जैसे ही दी, आप सारे संसार को छानकर यहाँ आ गये, और आपका जन्म धन्य हो गया (बन्दर-योनि में उत्पन्न होने का दोष दूर हो गया)—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है । १ मैं आपके चरणों की शरण में आ गया हूँ, मेरे भाग्य का उदय हो गया है, जो आपने मुझे दर्शन

ज़रुनन चान्यन शरुनुय आसय,
बाग्य आम वोंदुयस लोंबुम दरशुन ।
दरशनु चानि मूख्य गंयम अपरादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ २ ॥

आरुत्य आस्य चान्य आरदना करान,
गाल पाप शाप सन्ताप कामन ।
पास कर छुख ख्यमा सागर ज़ु आसन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ ३ ॥

वोंलुसनु बु आसय छारान छारान,
लारान दीवी तु दीवता ह्यथ ।
बल ज़े द्युतुनय लगुयो पादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ ४ ॥

हलुमतु बलुवीरु क्याज़ि छुख कांपन,
चानि अथु वोंपुकार प्रथ ज़ीवस ।
लयि यितु ल्यूखुमुत छुय यी वादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ ५ ॥

हलुमुत शरन गव अदुह रामु पादन,
सुता रामु रामु लंज परुने ।

दिये । आपके दर्शन से मेरे अपराध (पाप) मुक्त हो गए—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है । २ भक्त लोग आपकी आराधना करते हैं । आप उनके पाप और शाप तथा उनका संताप दूर करनेवाले हैं । हम पर दया कीजिए, क्योंकि आप क्षमा के सागर हैं—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी चाह है । ३ आपको ढूँढ़ते-ढूँढ़ते मैं प्रेम-मग्न हो गया । ढूँढ़ने के लिए अनेक देवी-देवता मेरे साथ थे । (श्रीरामचन्द्रजी) आपको अपार बल दे गये हैं । आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है । ४ हे बलवीर हनुमान ! आप काँप क्यों रहे हैं ? आपके हाथों से प्रत्येक जीव का उपकार होता है । आप अब अपना प्रताप दिखाकर वचन निभायें—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है । ५ हनुमान राम के पादों की शरण में गया और सीता राम-राम पढ़ने लगी । (हे मनुष्य!) तू भी सदैव राम के चरणों की शरण में जा—यह रक्त भी चढ़ाऊँ,

गरि गरि शरन गछ़ अदु रामु पादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ ६ ॥

यूगु तय ग्यानु सुत्य लायतव नादन,
प्रखटुय प्रावख मोखती थान ।
परमानन्दु रूपु प्रावख सादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ ७ ॥

प्रथ जायि आसिथ आहम नु वने,
बलु बोड़ वुछतन मुहु अग्यान ।
पज़ि किन्य पोश ज़न लागुयो पादन ।
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ ८ ॥

मायायि चानि तोर युस हनि हने,
सुय वुछि सनमोख चोनुय ध्यान ।
ध्यान चोन वुछिथ शेर त्रावय पादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ ९ ॥

छ़ोरुमख मुनीशोरु मनु सनि वोंगुनी,
यूगियि यूगु मंजु हावतम पान ।
बखति मंजु ड्यूठमख प्रज़ुलान सादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ १० ॥

मुझे तो बस आपकी ही चाह है । ६ योग और ज्ञान से जो उसे ढूँढ़ेगा, उसे प्रत्यक्ष मुक्ति का धाम मिल जायगा और परमानंद-रूपी सिद्धि प्राप्त हो जायेगी—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, तुझे तो बस आपकी ही चाह है । ७ हर जगह व्याप्त होकर भी आप में अहंकार नहीं है तथा बलशाली होकर भी आप मोह व अज्ञान से दूर हैं । मैं सच्चे मन से आपके पादों पर पुष्प लगाता (अर्पित करता) हूँ—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है । ८ जो आपकी माया में पूर्ण रूप से खो गया, वही आपको ध्यानपूर्वक अपने सम्मुख पायेगा । आपके इस रूप को देखकर मैं अपना शीर्ष आपके पादों पर रखता हूँ—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है । ९ हे मुनीश्वर ! मैंने आपको अपने मन में आगे-पीछे ढूँढ़ा । हे योगी ! अपने योगी-स्वरूप में मुझे अपना रूप दिखाइए । भक्ति में प्रज्वलित हो रही सिद्धि की तरह आप मुझे दिखायी दिये थे—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है । १० आप तक पहुँचने के

मुह ज़ाल रूदुम तोरु च्रें कने,
निशि आसिथुय मे रावुम ज़ान।
मुह ज़ाल कासुवुन च्रुय छुख सादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ ११ ॥

जूती रूफ छुख मुह कासुवोनुय,
गटि मंज़ु बासतम दूफ ज़न मे।
रूफ चोन प्रज़ुलन स्यदन तु सादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ १२ ॥

लोलु नार चोन युस हेयि मंज़ मनय,
सनि क्या तस यस मनि रोज़ि ज़ान।
हान करतु रावुनस छुय चोन वादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ १३ ॥

प्रकाशि चारु क्याह लानिन्यन वादन,
बलु बोंड़ हलमुत वंथित गव।
गरि गरि सोरुवुन सुय रामु पादन,
लादन थावथम तु वन्दुयो रथ ॥ १४ ॥

लिए मेरे (मार्ग में) मोह-जाल खड़ा हो गया। पास में रहते हुए भी आपका परिचय मैं भूल गया था। अब मेरा यह मोह-जाल काटिए, क्योंकि आप सिद्ध हैं—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है। ११ आप ज्योति-रूप में मोह को काटनेवाले हैं। अतः अन्धकार में दीप की तरह प्रकाशित हो जाइए। आपका ही रूप सिद्धों और साधुओं में प्रज्वलित हो रहा है—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है। १२ आपकी प्रीति की अग्नि जो अपने मन में सँजो ले, उसके मन में और कोई भी बात समा नहीं सकती। अब आप अपने वायदे के अनुसार रावण का पतन कीजिए—यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है। १३ 'प्रकाश'[1] कहता है कि कर्म के लेख का कोई चारा नहीं होता। (यह स्तुति सुनकर) बलशाली हनुमान उठ खड़ा हुआ तथा बार-बार राम-नाम का स्मरण करने लगा। यह रक्त भी चढ़ाऊँ, मुझे तो बस आपकी ही चाह है। १४

१ ग्रन्थ के रचयिता 'प्रकाशराम'।

सुतायि हुन्द दरशुन

पकन गव ओस लोंत्य लोंत्य पुर्‌य त्रावन ।
वुछन सुता प्रुछन आवन तु कावन ।।
वुछुन यॅलि शहर लंका आश्चरस गव ।
वनुनि लोंग गत छि चानी ही सदाशिव ।।
वुछुन तति बारि कनि रोंफ सेरि कनि सोंन ।
बिलोरुक्य थम जंरिथ जवहर लबन च्रोंन ।।
पथर खुकन वथुर्‌यमुत्य लाल व याकूत ।
सबुज़ तालव तु तारख मोंखतु ज़मुरूत ।।
वुछुन दरवाज़ु सोंनु तालव पंत्युम वुज़ ।
पचव कनि पंर्‌ययि लांगिथ फ़ोज दर फ़ोज ।। ५ ।।

दनेंश्ट कोंमार वेंशि करुम आंस्य शेरन ।
बरन, दार्‌यन, वोंट्‌यन, ब्रान्दन तु हेरन ।।
हेरा सोंठुकुच वुछिन सांरुय सरापाय ।
दपन सोंरगस अन्दर येंन्दरस नु तिछ़ जाय ।।
वुछुन येंन्दराज़ु सांपुनमुत छु गिलकार ।
संबालान सातु सातु दर तु दीवार ।।

सीता का दर्शन

वह (हनुमान) धीमे-धीमे पग डालता हुआ चलता गया और सीता को (बेचैनी की अवस्था में) पशु-पक्षियों से (कुछ) पूछते हुए देखा। जब उसने लंका शहर को देखा तो आश्चर्य करने लगा और कहने लगा—हे सदाशिव ! यह आप की ही गति (माया) है। उसने पलस्तर की जगह चाँदी और ईंटों की जगह सोना देखा। बिल्लौर के खम्भे देखे तथा चारों दीवारों में जवाहर जड़े हुए देखे। नीचे फ़र्श पर लाल व याकूत (लाल रंग के बहुमूल्य पत्थर) बिछे हुए थे तथा सब्ज़ रंग की छत पर तारकों की भाँति मोती जड़े हुए थे। (उसने) मुख्य दरवाज़े को सोने का देखा, जिसमें लकड़ी की जगह पर्याप्त मात्रा में सोने के तख्ते लगे हुए थे। ५ धनेश, कुमार व विश्वकर्मा (इस भवन के) द्वार, खिड़कियाँ, कमरे, बरामदे व सीढ़ियाँ ठीक कर रहे थे। उसने देखा कि उसने भवन का प्रत्येक भाग चमक रहा है। कहते हैं, स्वर्ग में इन्द्र का स्थान भी ऐसा नहीं है। उसने देखा कि राजा इन्द्र स्वयं गिलकार (राज, मेमार)

दनेॅश्ट कोॅमार वेॅशि करुम ओस बरपा ।
कमर बसतु चव गुलदसतु बं यकपा ॥
येॅती नेरन तोॅतुय बेॅयि आस्य वातन ।
सन्द्यावकतन च्रंन्दुर यिथुकन प्रबातन ॥ १० ॥

तिमन पेॅठ्य किन्य वुछिन तस रावुनस जाय ।
तिथिस असुरस मनशु सुन्द क्याह छु परवाय ॥
दोॅसव कनि रेॅश्य वुछिन लंगिमुत्य सितारन ।
लबन वुछ्य वुछ्य लबन ज़न मोॅख्तु हारन ॥
वुछन गव सारिनुय बाहृवुन्य बरूजन ।
वथुरमुत फ़रुश जन आकाश हन हन ॥
सोॅ लंखिमी वुछिथ लंखिमी वुछिन मगरूज़ ।
यिवान ब्रह्मा करान न्यथ ठोकरस पूज़ ॥
वंनिथ हेॅकिज़्या अंगुन तति ओस वाज़ुह ।
करुम मुहरिर तु नाज़िर दरमु राज़ुह ॥ १५ ॥

शुमालुक वाव तति प्रथ सातु आसन ।
डुवन सुय दादि सुत्य आमन तु खासन ॥

बने हुए थे, जो दरवाज़े और दीवारों को समय-समय पर सम्भालते (ठीक करते)। धनेश, कुमार और विश्वकर्मा कमर कसकर काम पर लगे हुए थे तथा गुलदस्ते की तरह (भवन को) सजा रहे थे। (भवन की बनावट विचित्र थी।) जहाँ (जिस कमरे) से निकलते, वहीं वापस पहुँच जाते, जैसे चन्द्रमा प्रभात-काल में अदृश्य हो कर पुनः सन्ध्या समय दिखायी पड़ता है। १० उसने देखा कि रावण (के बैठने) की जगह सबसे ऊपर थी और ऐसे असुर को भला मनुष्य की क्या परवाह थी। दीवारों में ऋषियों को सितारों की तरह चमकते देखा, जो मोतियों की तरह दिखायी दे रहे थे। हर तरह उस (हनुमान) ने सभी बीसियों बुर्जों को देख लिया, जिनका फ़र्श आकाश (के तारों) से जड़ा हुआ था। (लंका के) वैभव (लक्ष्मी) को देखकर उसने लक्ष्मी का गर्व भंग हुआ पाया। ब्रह्मा नित्य आकर (रावण के) ठाकुरद्वार (स्थापना-गृह) की पूजा करता था। और क्या कहें! अग्निदेव वहाँ ख़ुद बावरची बने हुए थे। कर्म मुहर्रिर व धर्मराज नाज़िर बने हुए थे। १५ शुमाल (उत्तर) की वायु वहाँ हरदम बहती रहती, जो हर आम व ख़ास को नीरोग रखती। वरुण स्वयं पनहारा बनकर वहाँ चला आता और इस

वरुन पान्युर यिवन तौत पान्य पानुह ।
दपन दयि गरु दशिरावुन बहानुह ॥
कंज़ल वन चूकिदर तस क्याह छि मारन ।
नखस क्यथ ज़िन्य गेड़ा ह्यथ पानु लारन ॥
गंमुत्र बुतराथ कं'ड़्य हुर हिश वुछिव छल ।
यिवन पानय प्रबातन ठोकुरस तल ॥
बिहिथ तति रांगिन्या लांगिथ संन्य वांर ।
तिमन सार्‌यन सों सुता वातुनुच तांर ॥ २० ॥

यि केंछा तति ति कर सांरिस जहानस ।
रंटिथ यमुराजु थोवमुत कांदख़ानस ॥
तिमय सामानु येंलि तंम्य पानु तति डीठ्य ।
हनूमानन तंमिस पादन दिमस मीठ्य ॥
स्यठाह ख़ोंश गव वुछिन येंलि जान जाया ।
दोंपुन करुनाव कंम्य यिछ वेंशनु माया ॥
दोंपुस ताम नारुदन वुछ क्या वुछन छुय ।
वोंमा दीवियि दोंहु अकि यी यछा गय ॥
शरन सां'पुन्य शिवस रोंटनस बहाना ।
गछेम आसुन बिहुन क्युत रुत मकाना ॥ २५ ॥

तरह वहाँ सभी कुछ था। चन्दनवन का स्वामी वहाँ स्वयं कन्धे पर लकड़ियों का गट्ठा लेकर चौकीदारी करता। पृथ्वी को (उस रावण ने अपनी शक्ति से प्रकंपित कर रखा था और वह स्वयं प्रभात-वेला में स्थापना-गृह में उपस्थित हो जाती। राज्ञी देवी वहाँ एक ओर बलि के बर्तन में बैठी हुई थी। सभी को बस सीता के आगमन की प्रतीक्षा थी। २० जो कुछ वहाँ (लंका में) था, वह भला सारे जहाँ में कहाँ है। उस (रावण) ने यमराज को पकड़कर क़ैदख़ाने में डाल रखा था। इस तरह जब ऐसे-ऐसे सामान (अनोखे प्रसंग) हनुमान ने वहाँ देखे तो वह प्रसन्न हो गया। एक अच्छे स्थान को देखकर वह बहुत खुश हो गया और कहने लगा कि भला ऐसी माया किसने रची है? (ऐसा सुन्दर भवन किसने बनाया है?) तभी नारदजी ने (प्रकट होकर) कहा—देखो, तुम्हें भी क्या सूझी है? (तब वे आगे कहने लगे—) एक दिन उमादेवी की इच्छा जागी और वह शिवजी की शरण में जाकर उनसे निवेदन करने लगीं—मेरे रहने के लिए एक रुचिकर (सुन्दर) मकान (भनव)

शिवन याम बूज़ुनस यंत्र खौ़श स्यठाह् गोस ।
करन तप रावुनन मोंगमुत यि कर ओस ।।
दनेश्ट कौमार वेशि करुम मंगुनाविन ।
लोदुन गरु त्युथ दपख युथ तम्बुलाविन ।।
पकन गय तिम ज़ु येलि सोरुय छ्ंड़िथ आय ।
प्रज़ा प्रथ जायि निशि परायी दपिथ द्राय ।।
वुछिख येलि बूम तिमव सारुय बराबर ।
वंथिथ आकाश गंयि ड्यूठुक समन्दर ।।
तंती पानिस अन्दर ड्यूठुक ज़ुवाह् जान ।
दोपुख क्या सनु कंम्य कोरमुत छु युथ दान ।। ३० ।।

प्रुछुख ब्रह्मा ज़ुवस सोरुय यि ज़ल ओस ।
ज़लस मंज़ सोरगुदारा पादुह कर गोस ।।
दोपुस ब्रह्मा ज़ुवन येलि ना गरुड़ ज़ाव ।
लंजिस बोछि गव वंथिथ कशफस निशि आव ।।
दोपुन मालिस च़ु केंछा ख्यन टुकन दिम ।
दोपुस तंम्य ख्यन च़ु अख मद होस्त बेयि क्रुम ।।
त्रे हथ क्रुह थंद्य छि तिम तवु खोतु दोगन ज़ीठ्य ।
करुनि लंग्य योद स्यठाह् गरडन तिथय डीठ्य ।।

होना चाहिए। २५ शिवजी ने जैसे ही सुना वे बहुत—खुश हो गये। इधर रावण ने तप कर उनसे (इसे बाद में) माँग लिया। उन्होंने (शिव ने) धनेश, कुमार व विश्वकर्मा को बुलवाया और उन सभी ने ऐसा घर (भवन) बनाया, जिसे देख सभी मचल उठे। उधर वे दोनों (शिव और पार्वती) सभी जगहों को देखते हुए वहाँ आ पहुँचे। प्रजा उन्हें पराया जानकर हर जगह से निकल गयी। जब उन्होंने सारी भूमि एक-जैसी देखी (सर्वत्र यही हाल देखा) तो वे आकाश की ओर उड़ गये और नीचे उन्होंने एक समन्दर देखा। वहाँ पर पानी में उन्होंने एक जीव को देखा। वे कहने लगे भला ऐसा दान किसने किया है? ३० उन्होंने ब्रह्माजी से पूछा कि यहाँ तो सर्वत्र जल था, यह जल में स्वर्ग-द्वार (रमणीक भवन) कब पैदा हुआ? तब ब्रह्माजी ने कहा—जब गरुड़ ने जन्म लिया तो उसे (बहुत) भूख लगी और वह उठकर कश्यप के पास आ गया। उसने अपने पिता (कश्यप) से कहा—जल्दी से मुझे कुछ खाने को दीजिए। उन्होंने कहा—जा, उस मदमस्त हाथी और ग्राह को खा

वंथिथ गव वाव ह्युव ज़ांगिथ गंछ्रिथ प्योख।
पंजन दोंन क्यथ तुलिन आकांश्य ह्यथ गोख ॥ ३५ ॥

दपन तति पारिज़ातुक ओस ना कुल।
वुछिव तंम्य मासूमन कोताह तत्रर तुल ॥
दुज़ोलिस मंज़ येलि तिम ह्यथ थंवुन ज़ंग।
गोंब्यर् सुतिन कुलिस वोंथ च्रुस्तु अख लंग ॥
रंटिन तिम तोंति सुतिन वुछ तसुन्द्य गोंन।
रटुनु योंदवय वंसिथ बुतराथ गछि वोंन ॥
दपन पांनिस अन्दर दांरिथ ह्युतुन लंग।
अलुनि लंज बूम बेंयि आकाशि प्यठु गंग ॥
लंगुक गोंड़ ब्यूठ पातालस सुतिन सुव।
लंजन हर हांगुलन तमिक्यन सपुन ज़ुव ॥ ४० ॥

लोंदुख गरु ईशरस येंलि गंयि मनुशा।
लंगुक कंन ब्यूठ तथ प्यव नाव लंका ॥
लंज़ुख यिछ्र लांक थंज़ डीठुथ च्रे पानुह।
वुछख वोंन्य क्या कर्यस सुता वकानुह ॥

डाल, जो तीन सौ कोस ऊँचे और उससे भी दुगुने लम्बे हैं। वे दोनों युद्ध कर रहे हैं। गरुड़ ने उन्हें देख लिया। वह वायु की तरह उड़ गया और उनपर टूट पड़ा तथा अपने दो पंजों में पकड़कर उन्हें आकाश मार्ग की ओर ले गया। ३५ कहते हैं, वहाँ (स्वर्ग में) जो पारिजात वृक्ष था, उसे काफ़ी दुःख उठाना पड़ा। क्योंकि जब उसने (उनको लेकर) उस वृक्ष के भुजान्तर में अपना पैर रखा तो भार से उस वृक्ष की एक डाल छिलकर टूट गयी। तब उस गुणी (गरुड़) ने उन्हें (हाथी व ग्राह को) अपनी चोंच में थाम लिया और (कहा कि) यदि मैं इन्हें छोड़ दूँ तो कहीं पृथ्वी (इनके भार से) नीचे धँस न जाए! तब उस डाल को उसने पानी में फेंक दिया, जिससे नीचे भूमि और ऊपर आकाश में गंगा हिलने लगी। उस डाल का एक सिरा पाताल के साथ जा लगा और उसके पत्तों व टहनियों में जीवन का संचार हो गया। ४० ईश्वर की मंशा के अनुसार आधार बनाकर—उस पर मकान बनाया गया, जिसका कि नाम लंका पड़ा। ऐसी लंका बनी, जिसे आपने स्वयं देख लिया है। अब आप खुद देखेंगे कि सीता उसकी क्या दुर्गति बनाती है! वह लंका मनुष्य-लोक में अँगूठी के ऊपर नग के समान बन गयी है, जिसे शिव ने धर्म का पालन कर अपना संरक्षण

मनुशि लूकस अन्दर गंयि वाजि प्यठ क्रेंख ।
कंरुस प्रांविश शिवन दरमुक ह्युतुन शेंख ॥
मुनीशर रेंश्य तु ब्रह्मन आयि सालस ।
तिमव दरशुन वुछिथ मंग कंर नु मालस ॥
पौलस्तस सुत्य पुतुर लंकायि येलि चाव ।
शिवन येलि ड्यूठ वाराह खोंश तंमिस आव ॥ ४५ ॥
कंरुन येलि पूज़ पांतुर च्राल व्रोवुन ।
दौंपुन दखिना मंगिव कस क्या गछ्यव ह्युन ॥
दौंपुस तंम्य रावनन लंका मे मंजमय ।
गछ्यम दरमस मे दिन्य बोंड दातु छुख दय ॥
दिच्रुन लवु सारिसुय कंरनस हवालह ।
तनय प्यठु पानु फेरान बालु बालह ॥
सरापा सोंनु सुंज़ कंरनस हवालह ।
यि दीवी दार लागिथ थोंवनु ज़ालह ॥
ह्यवन छुय मुशक प्रथ पोशस बरन लोल ।
स्यठाह च्रालन तु गालन नु कांसि हुंद बोल ॥ ५० ॥
यिमव कंर्य तप तिमन येलि गव अहंकार ।
दपन बोंनु राखिसन ह्युतहख रेंटिथ मार ॥

प्रदान किया। (अनेक) मुनीश्वर, ऋषि व ब्राह्मणों को निमन्त्रण दिया गया, जिन्होंने लंका को देख (दान-दक्षिणा) की कामना न की। पुलस्ति (ऋषि) के साथ जब उसका पौत्र (रावण भवन में) प्रविष्ट हुआ तो शिव उनको देखकर बहुत खुश हो गये। ४५ जब उन्होंने पूजा की तो (शिव ने) कहा—आप जो चाहें दक्षिणा में माँग लीजिए। रावण ने (तुरन्त) कहा—मैं लंका को माँगता हूँ, यह मुझे धर्म के नाम पर मिल जानी चाहिए—आप ईश्वर-रूप में सबसे बड़े दाता हैं। तब उन्होंने चारों ओर पानी छिड़क कर (लंका को) उसके हवाले कर दिया और तब से वे (शिव) स्वयं पर्वत-पर्वत घूमने लगे। सारा सोना व जेवर उसके हवाले कर दिया और इस भवन को सौंपकर उसे (एक तरह से) जाल में फँसा दिया। (पहले पहल) वह (रावण) प्रत्येक फूल (पुष्प) को सूँघकर उस पर प्रेम बरसाता था और सब कुछ सहनकर किसी पर भी हाथ न उठाता था। ५० मगर जब अत्यधिक तप करने के बाद भी कोई अहंकारी बने (तो उसका क्या उपाय हो!) कहते हैं, नीचे राक्षसों ने ब्राह्मणों को पकड़कर

कौरुन त्युथ तौंलि येलि युथ ज़न मनस गोस ।
दौंहय दीवन तु असरन यौंद स्यठाह ओस ।।
असर यैंलि मार्‌य तंम्य यैन्दराज़ु वीरन ।
कौंलव किन्य द्रायि राख्यस बायि यीरन ।।
यौंदस यैन्दराज़ु गव प्यव राख़िसन वाव ।
वुछिव क्यथु पाठ्य च़ुनि फौंति मंज़ु त्यंगुल द्राव ।।
र्‌योशा अख बोंड पौंलस्तु ओस तस नाव ।
प्रबातन वौंथ नंदियि प्यठ बुथ छलनि द्राव ।। ५५ ।।

सौंन्दूका अख वुछुन पांनिस ईरान ओस ।
रौंटुन थफ दिथ अन्दर वुछनुक मनस गोस ।।
वुछुन मुच़ुरिथ ज़ुया डीठुन हंरिथ प्रान ।
दौंयिम तस दौंद चवान कनिखा वुछिन जान ।।
कन्यख खांरुन तु नारी छुनिन त्रांविथ ।
थंवुन पनुनिस गरस मंज़ पानु खांरिथ ।।
नियन गर्‌सुत्य पानस वातुनावुन ।
गरस पनुनिस अन्दर तंम्य वार्‌ थावुन ।।
कंरुन तंम्य यी प्रतेंग्या पानुसुय कुन ।
थवन गोंबरस व्यवाह अज़ मनु सावन ।। ६० ।।

उन्हें पीटना शुरू कर दिया और ऐसे-ऐसे कार्य करने लगे जिससे ब्राह्मणों का मन (कष्ट से) भर आया। उधर, देवताओं और असुरों में युद्ध ठन गया। जब उस वीर इन्द्र ने असुरों को मारना शुरू किया तो नदियों में राक्षसियाँ बहने लगीं। इन्द्र स्वयं युद्ध करने को निकले और राक्षसों की शामत आ गयी। अब देखिए कि कोयले की टोकरी में से कैसे एक अंगारा निकला। कहते हैं, एक बहुत बड़ा ऋषि था, जिसका नाम पुलस्ति था। (एक दिन) वह प्रभातवेला में नदी पर मुँह धोने को निकला। ५५ उसने देखा कि एक सन्दूक पानी में तैर रहा है। उसने उसे पकड़ लिया और उसे खोलने पर उसमें एक स्त्री को देखा जो प्राण त्याग चुकी थी; और दूसरी वस्तु उस स्त्री से (चिपटी) दुग्धपान करती एक सुन्दर कन्या को देखा। कन्या को उसने ऊपर ले लिया और उस स्त्री को फेंक दिया। उस (कन्या) को अपने घर में लाकर रख दिया और वहाँ पर अच्छी तरह उसकी देखभाल की। अपने-आप से उसने यह प्रतिज्ञा की कि इसका अपने पुत्र के साथ विवाह रचाऊँगा। ६० वह

सपन्य यंच टांठ रंछ्य तंम्य आठु नवु मास ।
बंड़िथ बूज़ुन सों आंखुर राखिसेंन्य आंस ।।
वुछिव त्रयि बावु येंलि तस आव यावुन ।
प्रसुनि लंज्य ज़्युठ गोंबुर तस ज़ाव रावुन ।।
वुछिख तस दंह मोंख नरि दह दोंगुनि वुह ।
मोंचर वाराह तु जेछर सासु बंद्य क्रुह ।।
वंनिथ हेंकिज़्या तसुन्द मोंख ओस अंगुनु कोंड़ ।
मोंखस मंज़ दन्द तस ज़न चमुरुव्य मोंड़च ।।
मंज़ुलि मंज़बाग येंलि कोंड़नख ज़ंगन काड़ ।
वोंतर कुन शेर दखिनस कुन दितिन पाद ।। ६५ ।।

ति डीशिथ खूच र्योंश दोंपनस युतुय प्रस ।
तंमिस पतु ज़ाव तस खर देव तु रांण्टस ।।
लोंगुस रस बेंयि कोंम्बु करनस चंटुन नान ।
स्यठाह र्योंश खूच अंगुनस लोंग हुमुनि पान ।।
असर येंलि गोस वीदुक ज़ास वेंबीशन ।
तंमिस पतु थनु प्यव बेंयि वेंशरवन ।।

उसकी लाड़ली बन गयी और आठ-नौ मास तक उसका पोषण किया। जब वह बड़ी हुई तो उसे (बाद में) मालूम पड़ा कि वह तो एक राक्षसी थी। जब (वह) स्त्री-सुलभ यौवन को प्राप्त हुई तो उसका प्रसव हुआ और पहला पुत्र रावण जन्मा। उसके दस मुख और (दस दूने) बीस बाँहें थीं। वह काफ़ी मोटा और हज़ारों कोस लम्बा था। उसके मुँह के बारे में क्या कहें ? उसका मुँह जलते हुए अग्नि-कुण्ड के समान था और उस मुँह के अन्दर दाँत, मानो चमड़े के बड़े-बड़े गट्ठे थे। तब उस (राक्षसी) ने एक अँगड़ाई ली और उत्तर की तरफ उसका सिर और दक्षिण की तरफ उसके पाँव हो गए। ६५ उसका यह रूप देखकर (पुलस्ति) भयभीत हो गया और कहने लगा (निवेदन किया) कि बस, अब तू प्रसवकाल को और आगे न बढ़ा। उसके बाद उससे खर देव (दैत्य) और राक्षसी शूर्पणखा पैदा हुए और फिर कुम्भकरण की नाल काट ली गई। तब वह ऋषि बहुत डर गया और अग्निदेव को आहुतियाँ देने लगा। इस वैदिक रीतिके प्रभाव से विभीषण पैदा हो गया और उसके बाद वेंशरवन (वैश्रवण?) कोख से निकला। (इस प्रकार) दो सत्यकर्मी निकले और चार राक्षसी प्रकृति के निकले, जिनके सिर पर सींग और पैर पीछे की ओर मुड़े

ज़ु करमी ज़ायि राछ्यस द्रायि तिम छोर।
कलस प्यठ ह्यंग पथ कुन हंल्य तिमन खोर ।।
दयस हावुन यि रावुन वुछ कौं बुन्ययाद।
रुम अलमासुक्य कनिव छ्रम अंड़िजि पौवलाद ।। ७० ।।

मनस यी गोस तस ती ओस हावुन।
करुन छुस पानु गव देवानु रावुन ।।
दौपुन तस नारुदस थंवथम च्रे लादन।
हनूमानस वन्दस बो चंशमु पादन ।।
पकन गव ओस तस सुतायि छ्वारन।
लंबुन मा लाल चंशमव मौखतु हारन ।।
लौबुन बाग़ा बिहिशता सौरगु दारा।
वुछिन तति आसु फेरान डानु वाराह ।।
समिथ आस्य सारि समसारुक्य तती गुल।
अमा तति बाग़बान कावुय नु बुलबुल ।। ७५ ।।

वुछुन ह्यौतमुत दिलस प्यठ दाग़ लालन।
दपन दूर्यर बु नो छुस यारु छालन ।।
अंरिन्य खंज्रमुत्र नखस प्यठ दौन पोशन।
दपन जाफुर गौलाबस छुस नु पोशन ।।
यंम्बुर ज़ल बरु गंमुत्र ज़न बरगि कोसम।
दपन कोताह ज़ंरिथ ह्यकु चंशमु लोसम ।।

हुए थे। देखिए, उस रावण को दैव ने कैसी प्रकृति दी थी। उसका रोम-रोम अलमास (जवाहर) का, चमड़ी पत्थर की तथा हड्डियाँ फ़ौलाद की थीं। ७० उसके मन में अहंकार पैदा हो गया, क्योंकि ऐसा ही होना था। करना तो सब-कुछ उन्हें (भगवान् को) होता है, अतः रावण दीवाना (अहंकारी) बन गया। उन्होंने नारद से कहा—आपने मेरी बात रखी और हनुमान के पादों पर ये आँखें वारूँ। (इस तरह) वह (हनुमान) सीता को ढूँढ़ने के लिए चलता गया और उसे (एक स्थान पर) आँखों से मुक्ता (के समान आँसू) बहाते पाया। उसने एक बाग़ देखा जो विहिश्त के समान स्वर्गिक वैभव से युक्त था और जिसके अन्दर बहुत सारी डायनें घूम रही थीं। सारे संसार के गुल वहाँ इकट्ठे थे। वहाँ के बाग़बान कौए थे, बुलबुलें नहीं। ७५ उसने देखा कि गुलेलाला ने अपने दिल पर एक दाग़ ले लिया है और

बबुर बेताब गांमुत्र पान मारन ।
बतख़ लीटिस दपान वुछ गुल अनारन ॥
लडर पोशस दपान वटु फंट्य तु ज़िन्दोर ।
फौलख नय पानु असि वात्या करुन ज़ोर ॥ ८० ॥
वदन पम्पोश आसस चंशमु लोसन ।
तंमिस शमशीर ह्यथ गव लारि सोसन ॥
संमिथ सौम्बुलन सुतिन नरगिस रटन ही ।
दपन तस कारि पंत्य मज़लामु मा छी ॥
सपुन रू ज़र्द सौन्य पोशन स्यठाह होर ।
कौंगन वुछ पोम्पुरे रूज़िथ गंयस खोर ॥
गौलाबस आंस लायान नाद मसवल ।
यितम छम तोर कुन रातस दौहस कल ॥
ग़रज़ सुतायि सौरगुचि हियि गंमुत्र हाय ।
तिथय यिथु पांपियन नरकस अन्दर जाय ॥ ८५ ॥

वह कह रहा है कि अपने यार की दूरी अब सही नहीं जाती। अरिन्य[1] अनार-पुष्प के कन्धे पर चढ़ गयी है और गेंदा गुलाब से कह रहा है कि मैं असमर्थ हो रहा हूँ। नरगिस बर्ग-कोसम[2] की तरह जर्जरित हो गयी है और कह रही है कि मेरी आँखें बुझ गयी हैं, अब मैं ज़्यादा सहन नहीं कर सकती। बबुर[3] बेताबी से शरीर (सिर छाती आदि) पीट रही है और बतख लीटिस[4] से कह रही है कि गुले-अनार की ओर देख। लड़र-पोश[5] से वटुफंटुय[6] और ज़िन्दोर[7] कह रहे हैं कि फूलने के लिए हमें खुद ज़ोर लगाना होगा। ८० कमल की आँखें रोते-रोते बुझ गयीं, उसके ऊपर सोसन[8] ने शमशेर लेकर आक्रमण किया। सुम्बुलों के साथ नरगिस ने 'ही'[9] को घेर लिया और कहा कि उस बेचारी की गर्दन के पीछे (दुःख) दाग़ लगा हुआ है। सौन्यपोश[10] बिछोह में काफ़ी ज़र्द हो गया और पाम्पोर[11] की केसर को देखकर उसके हाथ-पाँव ठिठक गये। गुलाब (राम) से मसवल (सीता) कह रही है कि अब तुम आ जाओ, दिन-रात मुझे तुम्हारी ही चिंता है। ग़रज़ यह कि स्वर्ग की हूर सीता मुरझा गयी थी और जिस प्रकार पापी नरक के अन्दर दुःख उठाता है उसी प्रकार वह दुखी थी। ८५ उसके दिल में दूरी (वियोग) का दाग़ लगा था और तभी रावण बाग़ के अन्दर प्रविष्ट होकर कुछ कहने लगा।

१—१० पुष्पों के नाम।
११ उस स्थान का नाम जहाँ केसर पैदा होती है।

वुछुन ज़ामुत दिलस तस दूरिरुक दाग़ ।
वनुनि लोंग ताम सु रावुन वोत दरबाग़ ॥
कुलिस प्यठ खोत सु हलुमुत छायि होल ब्यूठ ।
यि कँछा कोर तिमव सोरुय ति तँम्य ड्यूठ ॥
वुछिव दरबाग़ यामथ ज़ाव रावुन ।
परियि फुट्य पर ह्योतुन सामानु लावुन ॥
यँम्बुरज़लि नारु सूतिन कारि पँत्य गय ।
पँयस आयीनु पानस डेशुवुन खय ॥ ८९ ॥

लीला

सूता जी हुंज़

ज़ोतुर बोज़ु वेशनु रूपुह नारानो ।
प्रारु कोनु छुहमो छ़ारानो ॥
ज़गि हुन्दि राज़ु श्री बगवानो,
प्रथ ज़ीवु ज़ाच मंज़ छुख आसानो ।
कासतम वेंगुन छस बु थारानो,
प्रारु कोनु छुहमो छ़ारानो ॥ १ ॥
बाग़स बो आसुस फेरानो,
अछि पोश वीर्य पोश सोम्बरानो ।

हनुमान वृक्ष के ऊपर चढ़ गया और छिपकर बैठ गया । उन दोनों के बीच जो संवाद हुआ, वह उसने देख (सुन) लिया । जैसे ही रावण बाग़ में घुसा तो उस (सीता) ने सारा सामान तितर-बितर कर दिया । वह नरगिस (सीता) क्रोध से दहक उठी और उसे (रावण को) देखने पर उसके आईने के समान तन पर ज़ंग लग गई । ८९

सीताजी का भजन

हे चतुर्भुज विष्णु-रूप नारायण ! मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ, आप मुझे ढूंढ़ क्यों नहीं रहे हैं ? हे जगत् के राजा श्रीभगवान् ! आप प्रत्येक जीव-जाति में विद्यमान हैं । आप मेरा विघ्न दूर कीजिए, मैं काँप रही हूँ—मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ, आप मुझे ढूंढ़ क्यों नहीं रहे हैं ? १ मैं बाग़ में विचरण कर रही थी, तथा अछिपोश और वीरिपोश (पुष्प-विशेष) इकट्ठे कर रही थी कि वह रावण भेस बदलकर आ गया—मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ,

रावुन मे आम विह्य दारानो,
प्रारु कोनु छुहमो छारानो ॥ २ ॥
आकाश्य ह्यथ गोम दोरानो,
तनु छस तमि सुत्य लरज़ानो।
मनु छस रामु रामु परानो,
प्रारु कोनु छुहमो छारानो ॥ ३ ॥
कनन मंज़ करनम कनुवानो,
लखिमनु कोनु छुख च़ु बोज़ानो।
च़खि सुत्य वंथित गव दज़ानो,
प्रारु कोनु छुहमो छारानो ॥ ४ ॥
जटायुन ओस नालु दीवानो,
राख्यसु कोनु छुख च़ु ज़ानानो।
यि च़ु छुख पनुन पान गालानो,
प्रारु कोनु छुहमो छारानो ॥ ५ ॥
च़ुय छुख करमु हांड़ कासानो,
च़ुय छुख जग तु ज़ीव बासानो।
तनु मनु छसथ बु छारानो,
प्रारु कोनु छुहमो छारानो ॥ ६ ॥
राख्यसु सुन्द गोम वकानो,
बु आसुस बाग़स पकानो।

आप मुझे ढूँढ़ क्यों नहीं रहे हैं ?२ वह मुझे आकाश में उड़ा ले गया और तब से मैं दुखी हो रही हूँ। मन में मैं राम-राम पढ़ रही हूँ—मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ, आप मुझे ढूँढ़ क्यों नहीं रहे हैं ?३ उसने मेरे कान बहरे बना डाले, हे लक्ष्मण ! तुम सुन क्यों नहीं रहे हो ? वह ग़ुस्से में जलता-भुनता मुझे ले गया—मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ, आप मुझे ढूँढ़ क्यों नहीं रहे हैं ?४ जटायु (अपनी ओर से) बहुत चिल्लाया कि हे राक्षस ! तू समझता क्यों नहीं है ? ऐसा करने से तू अपने आपको गला रहा है—मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ, आप मुझे ढूँढ़ क्यों नहीं रहे हैं ?५ आप ही कर्म का फेर मिटानेवाले हैं, आप ही जग और जीव में व्याप्त हैं। मैं तन-मन से आपको ढूँढ़ रही हूँ—मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ, आप मुझे ढूँढ़ क्यों नहीं रहे हैं ?६ राक्षस मेरे पीछे पड़ गया, मैं बाग़ में घूम रही थी जब

वनु मंज़ु यॆलि गोख च़ु लारानो,
प्रारु कोनु छुहमो छारानो ॥ ७ ॥

प्रथ मनस मंज़ छुख च़ु आसानो,
प्रकाशि गटु छुख च़ु कासानो ।
नरकुनि नारु तारु तारानो,
प्रारु कोनु छुहमो छारानो ॥ ८ ॥

सुतायि तु रावनु सुंद संवाद

दोंपुन तस रावनस लानत च़े लारी ।
बु मारय पान बरथा म्योन मारी ॥
दोंपुस तंम्य तोरु तंम्य सुन्द बीम कम हाव ।
दोंपुस तमि ओय लसुनुच शेंक वोंन्व त्राव ॥
दोंपुस तम्य गोंछ सु योंत युन कासिही व्याद ।
दोंपुस तमि यॆलि यियी योंत तॆलि पॆयी याद ॥
दोंपुस तंम्य रोज़ ख़ोंश वोंन्य गव सु वनुवास ।
दोंपुस तमि ओय वुन्य लंकायि करि डास ॥
दोंपुस तंम्य कर छॆ तस मॆ पोशिनुच बाथ ।
दोंपुस तमि क्याज़ि आहम च़ूरि ह्यथ राथ ॥ ५ ॥

आप उस (जानवर) के पीछे भागते हुए वन में गये--मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ, आप मुझे ढूँढ़ क्यों नहीं रहे है? ७ आप प्रत्येक के मन में रहते हैं और अपने प्रकाश से अंधकार को दूर कर देते हैं, तथा नरक की अग्नि से तार देते हैं—मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ, आप मुझे ढूँढ़ क्यों नहीं रहे हैं? ८

सीता और रावण का संवाद

तब उस सीता ने रावण से कहा—तुझ पर लानत है। मैं अभी अपने आपको मार डालूँगी और तुझे मेरा भर्त्ता मार डालेगा। उसने उधर से कहा—उसका भय ज़्यादा न दिखा। वह बोली—अब तो जीने की आशा छोड़ दे। उसने कहा--वह यहाँ आ जाता और तेरी सारी व्याधियाँ दूर कर देता। वह बोली--वह जब आयेगा, तभी तुझे (याद) मालूम पड़ जायेगा। उसने कहा--तू ख़ुश हो जा। वह तो (पुनः) वनवास को गया है। वह बोली--तेरी लंका को वही नष्ट कर डालेंगे। उसने कहा--उसमें भला मुझसे मुक़ाबला करने की शक्ति कहाँ है? वह बोली

दॉपुस तंम्य रोज़ ख़ॊश वादुक्य शॆ र्‌यथ सूर्‌य ।
दॉपुस तमि वुन्य यियम बरथा पनुन यूर्‌य ।।
दॉपुस तंम्य वॊथ सॊखुक्य सामानु पाराव ।
दॉपुस तमि चोन दॊख डीशिथ त्रॆतस थाव ।।
दॉपुस तंम्य म्योन पूज़ुन छुय ग़ंनीमथ ।
दॉपुस तमि कर च़ु बॆयि दॊह पांशि फ़ुरसत ।।
ग़रज़ तस कुन वुछिथ सुतायि गंयि हान ।
ख़बर छा कोनु पुशरोवुन दयस पान ।।
तंमिस मन्दूदंरी ह्यथ कॊछि क्यथ आस ।
र्‌यतन शन ज़न स तस ज़ामुत्र सतह मास ।। १० ।।

वनुनि लंज्य रावुनस यॊदवय बु बावस ।
अंनिथ सुतायि हुन्द ज़ातुख बु हावस ।।
यि मा मार्‌यम बु मा गछ़ु नरकु वासी ।
तमिक्य सारी लख्यन तस याद आसी ।।
दॉपुन आखुर तंमिस रुसवा गछ़खना ।
यि मारी पान अदु अफ़सूस ख्यख ना ।।
त्युतुय बूज़िथ सु रावुन बॆयि न्यबर द्राव ।
हनूमानन वुछुन सुतायि निश आव ।।

--तो फिर मुझे चोरी से (छिपकर) क्यों लाया था ? ५ उसने कहा--तू अब ख़ुश होजा, वायदे के छः मास भी बीत गए। वह बोली--मेरे भर्त्ता अभी यहाँ आजाएँगे। उसने कहा--उठ और सुख से अपना दामन सजा। वह बोली--मुझे तेरा दुःख देखना होगा, ऐसा याद रख। उसने कहा--मेरा पूजना ग़नीमत जान। वह बोली--अभी तू चार-पाँच दिन के लिए और फ़ुर्सत रख (इन्तज़ार कर)। ग़रज़ यह कि उसे देख सीता को नफ़रत हो गयी और न जाने क्या सोचकर अपने को भगवान् के हवाले न किया (प्राण न त्यागे)। तब मन्दोदरी ने उसे गोद में ले लिया, जैसे वह सात मास की बच्ची (कोमलांगी) उसी की कोख से जन्मी हो। १० वह कहने लगी--यदि मैं सीता की जन्मपत्री लाकर रावण पर यह रहस्य (कि सीता मेरी ही पुत्री है) प्रकट कर दूँ तो वह मुझे मार डालेगा और मेरा वास नरक में होगा, और नरक के सारे लक्षण मुझे याद हैं। इसलिए आख़िर में उसने रावण से कहा--तू (यों छल-बल करेगा तो) रुसवा होगा। यह अपने आपको मार डालेगी और तुझे फिर अफ़सोस होगा। यह सुनते ही वह

वोंदुन तस कुन वुछिथ तन सूरुनोवुन ।
कंड़ुन तस रामु च्रन्दुरुन्य वाज हावुन ।। १५ ।।

अंछिन तमि वाज लाजिन गाश बेयि आस ।
मुदा ओसुस गोमुत शव बेयि ज़ुव च्रास ।।
वोंदुन्य वंछ़ हलुमुतस प्यठ आलुवुन पान ।
वन्दुनि लंज्य रामुच्रन्दुरुनि वाजि ज़ुव जान ।।
ख़ोशी सुतिन करान सुता छि शादी ।
ख़ोशी मंज़ लंज्य वनुनि सारी सों दादी ।। १८ ।।

लीला

सुता जी हुंज़

आव बहार बोलु बुलबुलो ।
सोन वोलो बरुयो शादी ।।
द्राव कठ कोश ग्रयज़ु पां छलो,
ज़रु च्रलुनो वन्दुक्य दादी ।
वुज़ु नेंन्दुरे वुनि छ्यनु सुलो ।।
सोन वोलो बरुयो शादी ।। १ ।।

रावण वापस बाहर निकल आया । जब हनुमान ने यह देखा तो वह सीता के पास आ गया । उसको देखकर वह रोने लगा और रामचन्द्रजी की अँगूठी निकालकर उसको (सीता को) दिखायी । १५ उसने उसे (अँगूठी को) आँखों के साथ लगाया और (उसकी आँखों का) बुझा प्रकाश लौट आया । उसका शरीर शव-जैसा हो गया था, उसमें वापस जीवन समा गया । वह उठ खड़ी हुई और हनुमान की वन्दना करने लगी और रामचन्द्रजी की अँगूठी पर जी-जान निछावर करने लगी । खुशी में वह सीता शादमानी करने लगी और अपने दुःख-दर्द को व्यक्त करने लगी । १८

सीताजी का भजन

बहार आ गयी, बुलबुल ! तू बोल और आ, हम दोनों खुशियाँ मनायें । पाला टल गया । अब तू बेखटके अपने तन को नहला और जाड़े की यातनाएँ भूल जा । तू नींद से जाग, देर न कर—आ, हम दोनों ख़ुशियाँ मनायें । १ कौए, पेंडुकी और पोशनूल गुल से पुकार-पुकार कर फ़रियाद कर रहे हैं कि वह भी मन की कथा व गिले-शिकवे कह डाले—आ,

काव‍ु क़ुमुरी वुछु पोशि नूलो,
आव नालन ज़न फ़र्‌य यादी ।
बाव वॊन्दुक्य ग़म ग़ोसु गुलो ॥
सोन वॊलो बर्‌यो शादी ॥ २ ॥

नावु हियि तन नेर सॊम्बुलो,
ह्यथ ज़ंमीनस खति आज़ादी ।
प्यालु ह्यथ छय यंम्बुरज़लो ॥
सोन वॊलो बर्‌यो शादी ॥ ३ ॥

हाव दरशुन असि न्यरमलो,
छिम मॆ गामुत्य लोलुन्य लादी ।
शीशि करान छी कुलि कुलो ॥
सोन वॊलो बर्‌यो शादी ॥ ४ ॥

व्राव सोंथ तय नब गव खुलो,
बुतुराञ प्यठ ञोल फ़सादी ।
टेकु बटुनि तु यिरु कुम्य फॊलो ॥
सोन वॊलो बर्‌यो शादी ॥ ५ ॥

नाव मन तन त्राव ज़िलु ज़िलो,
द्राव शुहुल पोन्य कमि नागुरादी ।
खसु परबत वसु तुलुमुलो ॥
सोन वॊलो बर्‌यो शादी ॥ ६ ॥

हम दोनों ख़ुशियाँ मनायें । २ (हे राम !) आप राहु पुष्प-जैसे अपने बदन को धोकर सुम्बुल के समान बन जायें और इस ज़मीन के लिए आज़ादी लेकर आयें । मैं नरगिस आपके लिए अधीर होकर प्रतीक्षा कर रही हूँ—आ, हम दोनों ख़ुशियाँ मनायें । ३ मुझे (आप) अपने निर्मल (रूप के) दर्शन दिखायें । मेरे हृदय में प्रेम के अम्बार लगे हुए हैं । अब कहीं यह मन-दर्पण टूट न जाये--आ, हम दोनों ख़ुशियाँ मनायें । ४ बहार आ गयी और आकाश खुल गया, तथा पृथ्वी पर से सभी फ़साद (सारे दुःख-दर्द) दूर हो गये । री टेकबटनी[1] और विरक्योम[2] अब तुम भी खिल उठो—आ, हम दोनों ख़ुशियाँ मनायें । ५ अपने तन-मन को साफ़ कर दे और तन से भय को मिटा दे । झरनों से ठण्डा पानी फूट पड़ा है

१-२ स्थानीय पुष्पों के नाम ।

छाव अछि पोश लछि नावि गुलो,
रुत्र ख़बर दिथ वुछ म्यान्य दादी ।
बाकुय फ़ाज़िल बोज़ डाम्बलो ॥
सोन वौलो बर्‌यो शादी ॥ ७ ॥

हाव प्रकाश गाश हो फौलो,
वुछू सिरियन फीर मुनादी ।
छमनु यिवान रातस ज़ौलो ॥
सोन वौलो बर्‌यो शादी ॥ ८ ॥

लंकायि नार द्युन

हनूमानन दोपुस वुन्य क्यन ह्यमव वथ ।
दपख योदवय बु तस निश वातुनावथ ॥
दोपुस तमि तोरु फीरिथ छुख च्रु सादुह ।
मे वात्यम मोल रावुन यी छु वादह ॥
इंजिस येलि वासुना तथ यी छु दसतूर ।
सोनस सरतल अहंकारस करुन सूर ॥
दोयिम तस रामुचन्द्रुरस रोज़ि पामा ।
नियन अदुह रावुनस निशि चूरि सूता ॥

जो पर्वतों से होता हुआ तोलामुला में बहने लगा—आ, हम दोनों खुशियाँ मनायें । ६ रे लाखों नामों वाले गुल ! तू अच्छी तरह से खिल जा । तू अच्छी ख़बर सुना और मेरे दुःखों को देख । शेष से मुझे कोई मतलब नहीं है—आ, हम दोनों खुशियाँ मनायें । ७ सबेरा हो गया है । अब तू प्रकाश दिखा । देख, सूर्य ने मुनादी की है । मैं रात को एक पल भी नहीं सोती हूँ—आ, हम दोनों खुशियाँ मनायें । ८

लंका को आग लगाना

(तब) हनुमान ने कहा—अब मैं अपना रास्ता पकड़ता हूँ (चला जाता हूँ) । यदि आप कहें तो मैं आपको उन तक पहुँचा दूँ । उसने (सीता ने) उत्तर में कहा—आप कितने सीधे हैं ! रावण मेरा बाप लगता है और यही सत्य है । जब किसी की वासना (नीयत) बिगड़ जाये तो यही दस्तूर (होता) है । अब उसके सोने को पीतल और अहंकार को राख कर देना है । दूसरे, उन रामचन्द्र पर लांछन रहेगा कि उन्होंने

त्रु वनतस म्यानि जॆवि यीतन सु पानय ।
मे नी तन मोकुलाविथ क़ैदु ख़ानय ।। ५ ।।

सु गारत गोस कौत कावस ह्युतुन कान ।
नियस वॊन्य रावुनन ज़ोनुन यि आसान ।।
परुनि लंज्य रामु रामह् हाय क्याह् ग़ोम ।
गंयम परज़न त्रियन सुतिन मे क्याह् कोम ।।
गुलाह् त्युथ यथ नु जामन दाग़ ज्ञामुत ।
यि गुल छुख ना वुछन क्याह् बरु गोमुत ।।
त्युतुय बूज़िथ हनूमान द्राव अज़ बाग़ ।
दोपुन तस रावुनस थवुह् हा दिलस दाग़ ।।
पगाह् यिन रामु लंखिमन तिम करन जोश ।
बु कोंह कथ शायि रूज़िथ आसु ख़ामोश ।। १० ।।

बलावीर अबदु बंद्य आसन तिमन सुत्य ।
जमह् आमुत्य जमह् यिन वुनि कोंह कुत्य ।।

रावण के यहाँ से सीता को चोरी-छिपे छुड़ाया । आप उन्हें मेरी ओर से कहें कि वे ख़ुद आयें और मुझे इस क़ैदख़ाने से निकालकर ले जायें । ५ उनकी वह ग़ैरत (पौरुष) कहाँ गयी, जब उन्होंने उस कौए[1] पर तीर मारा था । अब तो मुझे रावण ने उड़ा लिया है, उसे वे सरल क्यों समझ रहे हैं ? तब वह राम-राम पढ़ने लगी और कहने लगी--हाय ! मुझे क्या हो गया ? यह किन परायी स्त्रियों से मेरा काम पड़ा ? मैं ऐसा गुल हूँ कि जिसकी पंखुड़ियों पर अभी दाग़ नहीं लगा है । आप इसे देख नहीं रहे हैं कि अब यह कैसे मुरझा रहा है । इतना सुनकर हनुमान उस बाग़ से निकल गया और (उसने) कहा कि मैं उस रावण के दिल पर दाग़ लगाऊँगा । कल स्वयं राम-लक्ष्मण आकर अपना जोश (बल) दिखायेंगे और मैं किसी स्थान पर अकेला ख़ामोश बैठा रहूँगा । १० उनके संग असंख्य बलवीर होंगे । असंख्य बलवीर यहाँ इकट्ठे हो जायेंगे और असंख्य वे साथ लेते आयेंगे । तब उसने विचारकर कहा (उस समय मुझे अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने का मौक़ा नहीं मिल सकता, अतः) इसी फ़ुरसत की घड़ी में ग़नीमत है कि मैं अपनी बलवीरता को यहाँ पर दिखाऊँ ।

१ कहते हैं एक बार एक देवता कौए का रूप धारणकर सीता से खेलने लग गया । रामचन्द्रजी ने क्रोधवश उस पर कुश का तीर चलाया ।

त्युथुय गँज़ुरुन दोंपुन वुन्य छुम ग़नीमत ।
बलावीरी पनुन्य हावुन्य छे फ़ुरसत ।।
वोंदुनि वोथ सार्य तिम बाग़ुक्य च्नन्दन कुल्य ।
कड़ुनि लोंग मूलु दयतन छुनिन तुल्य तुल्य ।।
सपुन यंच्र शोर तंम्य दशि रावुनन बूज़ ।
ग्रज़ुनि लोंग राखिसन हुन्द फ़ोज तंम्य सूज़ ।।
हनूमानन तिमन याग़र पछीनन ।
कजेनख लंजि ब्योंन ब्योंन च्नरि बचन ज़न ।। १५ ।।

ख़बर येंलि रावुनन बूज़ुन बराबर ।
नेंचुव सूज़ुन स्यठाह् ह्यथ फ़ोज व लशकर ।।
हनूमानस दपन गंयि ज़ोर पादा ।
थंवुन नु राखिसन लसुनुच वोंमेदा ।।
हनूमानन दपन कंर्य वारुयाह् छल ।
अंनिन हुर मुर कंरिथ थांविन च्नकुजि तल ।।
पंजन तल ह्यथ कंड़िन तिम तानु तानय ।
तिथय यिथु दछ ख्यवान छी दानु दानय ।।
नेंचिव तंम्य सुन्द्य दपान कंर्य वारुयाह् छल ।
ओंनुन छांरिथ च्युतुन दांरिथ पंजन तल ।। २० ।।

वह खड़ा हो गया और उस बाग़ के सभी चन्दन के वृक्षों को मूल से उखाड़ कर दैत्यों के ऊपर उठा-उठाकर फेंकने लगा। इससे इतना शोर हुआ कि उसे रावण ने सुन लिया। वह गरज उठा और राक्षसों की फ़ौज (हनुमान को पकड़ने के लिए) भेज दी। हनुमान ने गीध की तरह उन पिद्दी-सरीखों के अंग-अंग अलग कर डाले। १५ जब रावण को इसकी ख़बर मिली तो अपने पुत्र को बहुत बड़ी फ़ौज व लश्कर सहित भेजा। कहते हैं, हनुमान के अन्दर और ज़ोर पैदा हो गया (बढ़ गया) और राक्षसों के लिए जीने की उम्मीद बाक़ी न रही। हनुमान ने अनेक प्रकार के छल (करतब) किये। कभी सभी को घसीटकर अपने नितम्बों के नीचे दबा देता तो कभी अपने पंजों में पकड़कर उनकी धज्जियाँ उड़ा देता—वैसे ही जैसे अंगूर के एक-एक दाने को खाया (अलग) किया जाता है। उस (रावण) के पुत्र ने भी अनेक छल किये, मगर उसे हनुमान ने ढूंढ़कर अपने पंजों में दबा लिया। २० तब क्रुद्ध होकर रावण ने एक और लशकर भेज दिया तथा अपने बड़े पुत्र इन्द्रजीत को ढूँढ़कर साथ कर

हंज़ीमत रावुनन लशकर ख्यवन डीठ।
ओंनुन छांड़िथ नेंचुव ज्युठ ह्युव यें न्दुरजीठ॥
दोंपुन तस कुन च्रे छुयना दानु इनसाफ़।
वुछन छुखना यि ज़म्बु वारस प्योंवुय ताफ॥
हेंच्रुन लशकर सुतिन येंलि गव सु लारन।
वनुनि लंग्य केंह ख़बर छेनु कुत्य मारन॥
त्युथुय तिम हलुमुतस लारन योंदस आय।
दितिन दांरिथ ब आकाश ज़न नु आयाय॥
जमह सांर्य अबदु बंद्य सांपुन्य छि क्याह कथ।
कडुनि लोंग मूलु कोंह थोंवुन तिमन प्यठ॥ २५॥
स्यठाह तंम्य यें न्दरु जीठन तप कर्यायन।
द्युतुस दरशुन शिवन वर ती मंजायन॥
कमन्द यस बो दिमन दांरिथ गंछिन बन्द।
दयस ओसुस करुन तस यी कोंरुन फन्द॥
दपन तंम्य लांय रज़ हलुमुत कोंरुन बन्द।
सु खोंश सांपुन हनूमानन कोंरुस फन्द॥
कमन्द यामथ तंमिस दांरिथ दिवान ओस।
पंजव सुतिन च्रंटिथ तामथ छुनान ओस॥

दिया। रावण ने उससे कहा—तुझे ज़रा भी इन्साफ़ (का ख़याल) नहीं है कि तेरे बग़ीचे में आग लगी हुई है। तब वह लशकर को साथ लेकर दौड़ता हुआ गया और सभी कहने लगे कि आज न जाने कितने मर जायेंगे। जैसे ही वे भागते हुए हनुमानको मारने के लिए आये तो उस (हनुमान) ने उन्हें आकाश में उछाल दिया, जैसे वे आये ही न थे। इतने में असंख्य राक्षस और जमा हो गये और (हनुमान ने) एक पर्वत को उखाड़कर उन पर छोड़ दिया। २५ इन्द्रजीत ने कठोर तप किया था, जिससे शिवजी ने दर्शन देकर उसे यह वर दिया था कि जिस पर तू इस कमंद (फंदेदार रस्सी) को फेंक देगा वह इसमें बन्द हो जायेगा। दैव को ऐसा ही करना था, अतः ऐसा ही हुआ। कहते हैं, उसने कमंद फेंकी और हनुमान उसमें बंद हो गया। (इन्द्रजीत) अपने इस कृत्य पर बहुत ख़ुश हो गया। इससे पूर्व जब हनुमान पर उसने कमंद फेंकी थी तो वह अपने पंजों से उसे बार-बार काट देता था। तभी नारदजी वहाँ आ पहुँचे और हनुमान से कहा कि तू इसे अब की बार अपनी गर्दन में

त्युथुय ताम वोत नारुद वुछनि कारन।
दोंपुन ताम हलमुतस कुन रठ बं गरदन ॥ ३० ॥
त्युथुय नारुद्य हनूमानस वंनिन सन्द।
म छुन त्रांविथ च़ु रठ वुनिक्यन सपुन बन्द ॥
करुन नरमी तु वंनिनस तति स्यठाह ज़ार।
म छुन त्रांविथ च़ु दिन दांरिथ ब ज़ुनार ॥
सपुन लाचार ब्रह्मा ज़ुव कोंरुन याद।
पकान आव वीद परान येंलि तस ह्युतुन नाद ॥
दोंपुस ब्रह्मा ज़ुवन क्या वन मनस छुय।
दोंपुस तंम्य राखिसन असतुर अपुज़ छुय ॥
दोंपुस तंम्य तोरु येंम्य बो कोंरुस लाचार।
वुछन फुटुवुन तु मे ह्योंतनम दिलस नार ॥ ३५ ॥
सु गव निशि हलमुतस वंनिनस स्यठाह ज़ार।
सपुन ब्रह्मुन ब गरदन रठ यि ज़ुनार ॥
वुछिव ब्रह्मा ज़ुवन कोंर तस नमस्कार।
अंनिन तंम्य रज़ तु लोंग अदु गव गिरफ़तार ॥
रंटिथ तस रावुनस निश वातुनोवुन।
गंडिथ तसुंदिस पलंगस सुत्य थोवुन ॥

ग्रहण कर। ३० उन्होंने हनुमान से आगे कहा—इस बार इसे काटना नहीं, अपितु इसमें बन्द हो जाना। नारद ने नर्मी से व अनुनय-विनय-पूर्वक कहा—इसे न काट तथा ग़ुस्से की अग्नि को छोड़ दे। हनुमान न माना तो लाचार होकर (नारद ने) ब्रह्मा को याद किया। वे, आवाज़ सुनकर वेद पढ़ते हुए वहाँ पहुँच गये। ब्रह्मा ने (नारद से) पूछा—(तुम्हारे) मन में क्या बात है? उसने कहा—इस राक्षसों के सब अस्त्र झूठे हैं (काम नहीं कर रहे हैं।) उन्होंने कहा—इसने मुझे (भी) बहुत लाचार कर दिया है। मेरे दिल में भी अग्नि दहक रही है। ३५ तब वे (ब्रह्मा) स्वयं हनुमान के पास गये और उसे ख़ूब समझाया—तू ब्राह्मण बन जा और इस रस्सी को स्वेच्छा से गर्दन पर ग्रहण कर। देखिए, ब्रह्मा ने उसे नमस्कार किया, रस्सी मँगवाकर उसे गिरफ़्तार करवाया। उसे पकड़कर रावण के पास ले जाया गया और उसके पलंग के साथ उसे बाँधकर रखा गया। तब, विभीषण उसकी बन्दना करता हुआ रावण से कहने लगा कि क़ासिद (दूत) को मारना उचित नहीं है। यह सुनकर रावण

वॆबीशन आव लीला करनि तस कुन ।
दॊपुन तस कर यि कासिद वाति मारुन ।।
ति बूज़िथ यंत्र सपुन क्रूदी सु रावुन ।
मत्रर कोंर तंम्य हनूमान ह्योंतुख पावुन ।। ४० ।।
ति याम वुछ रावुनन कोताह सपुन शाद ।
वनुनि लोंग बर पिसर सद आफ़रीन बाद ।।
दॊपुन असुरन वंथिव थोंद वारु पाव्यून ।
बरस प्यठ पोस्त वालिथ ज़िन्द थाव्यून ।।
तिमन असरन कमी मा कॆंह ति ज़ोरन ।
अमा हरकत मुलय करनखनुनु खोरन ।।
तमना यॆलि तिमन असुरन पनुन सूर ।
वंटुन तंम्य ज़ंग तिम त्राविथ छुनिन दूर ।।
कलस हरकत करुन रावुन वंसिथ प्यव ।
पथर प्यव तख़्त दंरियावस अन्दर गव ।। ४५ ।।
सपुन रुसवा सु रावुन यॆलि वुछुन जोश ।
हनूमान प्यव पथर ज़न गव सु बेहोश ।।
वॊनुन दर बेख़ुदी ज़न पान्य पानस ।
मे कर मारन ख़ॆलिश कासन जहानस ।।
छुन्यम कुस नाल्य कांह परबत बंगरदन ।

बहुत क्रुद्ध हो गया और हनुमान को पछाड़ा (सताया) जाने लगा। ४० यह सब जब रावण ने देखा तो वह बहुत ख़ुश हो गया तथा अपने बेटे को सौ-सौ आफरींबाद (सराहना के शब्द) कहने लगा। (रावण ने) असुरों से कहा कि उठकर उसे पछाड़ डालो और द्वार पर खड़ाकर उसकी चमड़ी ज़िन्दा ही उधेड़ डालो। यों तो असुरों में ज़ोर (बल) की कोई कमी न थी। मगर उस (हनुमान) के पैर तनिक भी हरक़त (हिल) न कर सके। जब उन असुरों की तमन्ना सूख गयी (पूरी न हो सकी) तो उस (हनुमान) ने टाँगे समेट लीं और वे असुर बहुत दूर जाकर गिर पड़े। उसने सिर हिलाया तो रावण गिर पड़ा और तख़्त दरिया में जा गिरा। ४५ वह रावण रुसवा हो गया तथा उसे जोश आ गया। तभी हनुमान नीचे गिर गया, जैसे बेहोश हो गया हो। वह जैसे बेख़ुदी में अपने आपसे कहने लगा—भला, जहान में ऐसा कौन है, जो मुझे मार सकता है ? कौन मेरी पर्वत-जैसी गर्दन में रस्सी

लंटिस कर नार गंडुनम ज़ालुनम तन ।।
टुकन गंयि परबतस सूराख तोरुख ।
सपुन डंडूरुह हलुमुत लोंदुर मोरुख ।।
ओनुख सारिस जहानस फम्ब छारिथ ।
वोलुख तस लचि तु ग्युतहस तील दारिथ ।। ५० ।।

सपुन इरशाद वोन्य तस नार गछि द्युन ।
दज़ुन हेयि जल्द गछि सुतायि निश न्युन ।।
सं येलि डेशस तमिस मशि रामु सुन्द नाव ।
वदुन हेयि क्याज़ि हलुमुत लांकि प्यठ आव ।।
सं सुता येलि दज़न तस डेशि नारह ।
तिमन शेछ सोज़ि कांह यियिन दुबारह ।।
मुदा तस ती कोरुख वुछतव तसुन्द्य कार ।
लुरुन लंका तु गोंडुनस सारिसुय नार ।।
दजवुन दुफ तस सुतायि निश न्यूख ।
वदुनि लंज्य क्याह दयन म्यानिस डेकस ल्यूख ।। ५५ ।।

वदुनि लंज्य युथ सपुन सेलाब सोरुय ।
छि खोत्रान गव यि आलम आब सोरुय ।।

डाल सकता है ! (मैं तो यह सोच रहा हूँ) कि कब मेरी पूँछ को ये लोग आग लगाकर मेरे तन को जला दें। सभी असुर भागकर गये और यह मुनादी की कि हमने पवन-पुत्र हनुमान को मार डाला (वश में कर लिया) है। सारे जहान से वे रूई ढूँढ़कर ले आये और उसकी पूँछ पर लपेट कर उस पर तेल डाला गया। ५० ऐसा आदेश मिला कि अब इस (पूँछ) में आग लगा दी जाये और जैसे ही वह जलने लगे तो उसे सीता के पास ले जाया जाये। जब वह उसे देखेगी तो उसे (अपने आप) राम का नाम भूल जायेगा और (तब वह) रोते हुए कहेगी कि हनुमान लंका में आया ही क्यों था ? वह सीता जब उसे आग में जलता हुआ देखेगी तो उन्हें (राम-लक्ष्मण को) यह सन्देश भेजेगी और फिर उन में से यहाँ कोई दुबारा आने की हिम्मत न करेगा। अन्ततः ऐसा ही किया गया और उस (हनुमान) के कारनामे देखिए। उसने सारी लंका में आग लगा दी और उसे खंडित कर दिया। जलते हुए दीप की तरह उसे सीता के पास ले जाया गया। वह रोने लगी कि दैव ने मेरे भाग्य में यह क्या लिखा था। ५५ वह (सीता) इतना रोयी कि चारों ओर सैलाब आ गया और सभी

अशिकि तमि आवुलुनि वंछ नावि मंज़ बाग़ ।
ज़िन्दय ज़न गाड़ गंयि तत्रि तावि मंज़बाग़ ॥
मुरुनि लंज्य अथु दोंनुवय वुठ छि त्रापन ।
हनूमानो त्रु वोंलखो म्यान्य शापन ॥
त्रे गंडुनय रेंह में गोंडनम जिगरस नार ।
शरन गछ्ठु वनु बु अंगनस वीलु तह ज़ार ॥
अंगुनु राज़ो यि ज़ालुन मुफ़ुत नो छुय ।
छु कासिद रामुत्रंन्दुरुन गुफुत नो छुय ॥ ६० ॥

यि मो ज़ालुन सु मो आकाश ज़ाली ।
अंगुनु अकि ख्यनु मंजु बुनियाद गाली ॥
सु मो बोज़ी यि मो रोज़ी खंटिथ वोंन्य ।
यि तंत्र रेंह नालु प्यठु नेरी फंटिथ वोंन्य ॥
दज़न छुस खोत्र वोंन्य त्रिबुवन बु ज़ालय ।
त्रु नय बोज़ख अशुक संहलाब वालय ॥
में छम तस रामु त्रंन्दुरुनि ख्रावि हुंज़ द्रय ।
येंमिस खोंतु टोठ बेंयि कुनि कांह में नो छुय ॥

डरने लगे कि कहीं सारा आलम जलमग्न न हो जाये। उसकी जीवन-नैया आँसुओं के भँवर में ऐसे फँस गयी, जैसे गर्म तवे के ऊपर ज़िन्दा मछली। वह (बेबसी में) अपने हाथ मसलने लगी तथा होंठ भींच कर कहने लगी--हे हनुमान ! तुम भी मेरे शाप के कारण घिर गये। तुम्हें लपटों में देख मेरा जिगर जलने लगा है। अब (तुझे मुक्ति दिलाने के लिए) मैं अग्निदेवता की शरण में जाऊँगी और उन्हीं से विनती करूँगी। हे अग्निराज ! इसे जलाना मुफ़्त (सरल) नहीं है, यह रामचन्द्रजी का क़ासिद (दूत) है। यह बात किसी से गुप्त नहीं है। ६० इसे तू न जला, अन्यथा वे (राम) सारे आकाश को जला डालेंगे। हे अग्निदेव ! क्षण-भर में तुम्हारी बुनियाद वे नष्ट करके रख देंगे। वे जान जायेंगे, क्योंकि यह बात उनसे छिपी न रहेगी। अब यह (मेरी) लपटें मेरे गरेबान से प्रकट होकर ही रहेंगी। मैं जल रही हूँ। तू कुछ तो डर जा, नहीं तो मैं सारे त्रिभुवन को जला डालूँगी। तू फिर भी नहीं सुनता है तो अपने आँसुओं से मैं सैलाब ला दूँगी। मुझे श्रीरामचन्द्रजी की पादुकाओं की सौगन्ध है, जिन (पादुकाओं) से बढ़कर मुझे कुछ भी प्रिय नहीं है, कि इस (हनुमान) के जलने से मेरा दिल जल रहा है।

में सांपुन असुन्दि सुत्य वालिंजि मंज़ नार ।
ख्यमा कंरुमय मे मा वौन्थ यियि च्रे प्यठ आर ।। ६५ ।।
दज़ुनु निशि अंगुनु असि ज़ोनुख च्रु न्यरलय ।
करय छ्यतु वुन्य ति साख्यात तथ मे छुम दय ।।
थवय नो अंगुनु त्रन बवुनन अन्दर जाय ।
अशिकि संहलाबु सुत्य करु हलुमतुन पाय ।।
दोंपुस अंगनन मे मार्यम दय छु दाता ।
वोंपर छुमनह यि छुम सन्तान माता ।।
ख़बर छ्यना यि हलुमुत बापोंथुर छुम ।
बु ज़ालन लांक महारावुन शेंथुर छुम ।।
यि मा लोस्यम कोंम्बकु बापथ ब योंत आस ।
कोंमारी ड्यकु बंड़ पोंफ मांज क्याह मास ।। ७० ।।
अंगुन तोंलि वाति पुशरुन महा कालस ।
ख़लल योंदवय अंमिस गछ़ि मोयिवालस ।।
च्रु माता वोंन्दु पनुन वोंन्य साविदान थव ।
ननी सोंन नारुह नीरिथ येंलि दज़्यस ज़व ।।

मैंने तो तुझे अब तक क्षमा कर दिया, परन्तु अब मुझे तुझ पर दया नहीं आयेगी। ६५ हे अग्नि देव ! मैं जान गयी कि जलना तेरा सहज स्वभाव है। मैं अभी तेरी यह आग बुझा दूंगी—मुझे साक्षात् ईश्वर की सौगन्ध है। ऐ अग्नि ! मैं तीनों भुवनों में से तुझे उखाड़ कर फेंक दूंगी और अश्कों (आँसुओं) के सैलाब ही से हनुमान के लिए उपाय निकालूँगी। तब अग्निदेव ने कहा—(आप ऐसा न करें, नहीं तो) मुझे वे (राम) मार डालेंगे जो सब के दाता हैं। माता ! यह (हनुमान) मेरे लिए पराया नहीं है, अपितु मेरी अपनी ही संतान है। आप नहीं जानतीं, यह हनुमान मेरा भतीजा है। मैं लंका को (इसके द्वारा) जला डालूँगा, क्योंकि वह महारावण मेरा भी शत्रु है। कहीं यह (हनुमान) थक न जाये, इसीलिए मैं कुमक (मदद) देने के लिए यहाँ आ गया था। आप सौभाग्यवती रहें, आप मेरे लिए भी फूफी, माँ और मौसी आदि के समान हैं। ७० अग्नि को (यानी मुझे) तब आप महाकाल के सुपुर्द कर दें, यदि बाल के बराबर भी मैं व्यवधान उपस्थित करूँ। हे माता ! अब आप अपने हृदय को प्रसन्न रखें। आपको स्वयं मालूम हो जायगा, जब सोना (हनुमान) जलकर कुंदन बन जायेगा। तत्पश्चात्, अग्नि और वायु मिलकर लंका को तहस-नहस करने लगे और उसे आमूल गिराने

दपन अंगुनन तु वावन कौर अथह् वास ।
लुरुनि लंग्य लांक कौरुह्स सारिसुय डास ॥
यि ओसुस सौन ति फुटुरुन तमि संगुरु सुत्य ।
वनुनि लंग्य तथ सौनस तल ग़रक़ गय कुत्य ॥
वनन कुनि जायि मा ओसुस च्रन्दन दार ।
फिरूनस लौंट तु गौंडुनस सारिसुय नार ॥ ७५ ॥

स्यठाह वौथ शोर काह्शथ पोर ज़ालिन ।
सतन गव सूर बैयि तिम च्रोर वालिन ॥
कथा छा काह शथ क्रूह बंड़ पनाह्दार ।
करुन रातस बराबर वुछ तसुन्द्य कार ॥
त्युथुय तंम्य राखिसन जबरूत होवुन ।
बाह्व बुरजव निशन अख बुरुज थोवुन ॥
वदुनि लंग्य राखिसन समुहार चौट गव ।
त्युथुय लंकायि शह्रस अनिगौट गव ॥
करुन सूता तमिस अनि गटि अन्दर लाल ।
लौंदुन तस रामु च्रन्दुरस प्यठ यि सत फ़ाल ॥ ८० ॥

हनूमानु सुंज़ वापुसी

दिच्रुन बैयि छाल तंम्य लंकायि निशि द्राव ।
तसुंज़ तीज़ी वुछिथ शरमंदुह् गव वाव ॥

लगे । जहाँ-जहाँ भी सोना था, उसे तोड़ डाला गया और कहते हैं, उस सोने के नीचे न जाने कितने दब गये । एक स्थान पर चन्दन का द्वार था, उसे पूँछ से उखाड़कर आग लगा दी । ७५ काफ़ी शोर-शराबा हुआ और देखते ही देखते ग्यारह सौ मंज़िलें जल गयीं । सात सौ तो राख हो गयीं और चार सौ गिर गयीं । यह लंका कोई मामूली न थी --ग्यारह सौ कोस लम्बी और चौड़ी ! उसके (हनुमान के) कारनामे देखिए, ऐसी लंका को उसने रात की तरह (काला) बना डाला । तब उस राक्षस (रावण) ने ज़ोर-जब्र किया और बारह बुर्जों में से एक को सुरक्षित कर डाला (जलने से बचाया) ! सारे राक्षस रोने लगे और उनका संहार होने लगा तथा सारी लंका में अंधियारा छा गया । सीता इस अँधियारे में लाल की तरह चमकने लगी तथा इस प्रकार हनुमान ने रामचन्द्र के प्रति अपने कर्त्तव्य को उत्साहपूर्वक निभाया । ८०

नखस क्यथ कोह ह्यथ गव प्यव बराबर ।
तोंतुय ना यथ कोंहस प्यठ ऑस्य वान्दर ॥
तिमव बोंर चाव यॅलि हलुमुत यिवन ड्यूठ ।
गंछ्रिथ सुगरीवुनिस बाग़स कोंरुख लूठ ॥
गंछ्रिथ वोंन पादशाहस बाग़बानन ।
बु क्याह करु छुय नु वोंन्य हलुमुत च्रें मानन ॥
हनुनि सुगरीव लोंग जामन छॅनिस तंन्य ।
ति ज़ोनुन हलमुतन रुच्रुच ख़बर अंन्य ॥ ५ ॥
वनुनि रुच्रुच ख़बर लोंग याम हनूमान ।
पकन गंयि रामु च्रन्दुरस निशि ख़ोंशी सान ॥
तिमन डीशिथ बरुनि लोंग लोल अंकिस अख ।
करुनि लंग्य तिम तंमिस मंज़िल मुबारख ॥
वोंनुख राज़स हनूमान बाख़ोंशी आव ।
बरुनि लोंग रामुजुव सूतायि हुन्द चाव ॥
प्रुछुनि लोंग तस सोंं सूता कस गंमुत्र दास ।
ज़िन्दय छा किनु मंरिथ गंयि क्या बंनिथ आस ॥

हनुमान की वापसी

तब उसने वापस छलाँग मारी और लंका से वह निकल पड़ा। उसकी तेज़ी देख वायु भी शर्मिन्दा हो गया। कन्धे पर एक पहाड़ लेकर वह वहाँ जाकर उतर गया जहाँ पर शेष वानर (उसकी प्रतीक्षा कर रहे) थे। वे ख़ुशी से फूले न समाये जब उन्होंने हनुमान को आते देखा और सभी ने सुग्रीव के बाग़ में जाकर (मारे प्रसन्नता के) लूट मचायी। बाग़बान ने बादशाह (सुग्रीव) के पास जाकर कहा कि हनुमान मान नहीं रहे हैं तथा अब मैं क्या करूँ। सुग्रीव का तन (ख़ुशी के कारण) फूलने लगा और उसके कपड़े फटने लगे। वह जान गया कि हनुमान कोई अच्छी खबर लेकर आया होगा। ५ तब हनुमान ने अच्छी-अच्छी ख़बरें सुनायीं और दोनों ख़ुशी के साथ रामचन्द्रजी के पास गये। उनको देखकर वे (राम-लक्ष्मण) एक-दूसरे पर प्रेम बरसाने लगे और उसको (हनुमान को) मंज़िल पार करने के लिए मुबारकबाद देने लगे। रामचन्द्रजी से कहा गया कि हनुमान ख़ुशी-ख़ुशी वापस आया है और तब रामचन्द्रजी सीता की (शीघ्र) प्राप्ति को जानकर गद्‌गद् हो गये। वे (हनुमान से) पूछने लगे कि वह सीता किस की दासी बनी हुई है (किसके आधीन है।) वह

च़ु येँलि वुछनख च़्यतस मा कैँह कोरुन म्योन ।
सोँखस प्यठ छा तँमिस मा काँसि हुन्द क्रोन ।। १० ।।

वदुनि किनु लंज्य असुनि येँलि लाँकि प्यठ बीठ ।
बु मा प्योसस च़्यतस येँलि रावुनन डीठ ।।
वनन क्याह वन गोँमुत बरथा छुसा याद ।
असन मोँखु आंस किनु तस गोसु बेदाद ।।
सु मा लंखिमन मेँ तस निशि ओस थोँवमुत ।
तँमिस त्रॉविथ सु मेँ पतु ओस आमुत ।।
तसुन्द मा ग़ोसु कैँह तमि वोँननु बायन ।
च़ेँ मा प्रुछ्थस अंमिस मा तिम छि लायन ।।
सोँ दंज़ुमुच़ आंस ना ज़लु अंन्दरु नारह ।
दोँपुन मा वोरु हशि कंरनस अवारह ।। १५ ।।
अपुज़ छुनु माजि मॉलिस चूरि ज़ामुच़ ।
वोँनुन मा कस बु छस बागुनि आमुच़ ।।
ख़बर छा रूज़मुच़ आस्या तँमिस ज़ान ।
यि यामत वोँननु ताम बेँयि तस खस्यस हान ।।

ज़िंदा है या मर गयी है और उसका क्या हाल है ? जब तुमको उसने देख लिया तो क्या मेरी कुछ याद उसे आयी या नहीं ? क्या वह सुखी थी, उसे किसी चीज़ का दुःख तो नहीं था? १० लंका (के सुख-वैभव) को देखकर क्या वह रोयी थी, या हँस दी थी ? जब रावण ने उसे देखा तो क्या मैं उसे याद तो नहीं आया? उसने तुमसे क्या कहा, क्या उसे अपना वनवासी भर्त्ता कुछ याद है या नहीं ? उसके मुख पर हँसी थी या उस पर ग़म व दुःख अंकित था ? मैं लक्ष्मण को अपने पीछे उसके पास छोड़कर आया था और उसे छोड़कर वह मुझे देखने के लिए मेरे पास आया था। उसकी (लक्ष्मण की) कोई शिकायत तो नहीं बयान की उसने ? तुमने उससे यह पूछा कि उसको वहाँ पर (राक्षस लोग) पीटते तो नहीं हैं ? वह पानी में रहकर भी जल तो नहीं रही थी ? उसने यह तो नहीं कहा कि सौतेली सास ने मेरी यह दुर्दशा कर दी ? १५ वह अपने माता-पिता की लाड़ली है--यह असत्य नहीं, उस (लाड़ली) ने यह तो नहीं कहा कि मैं किस मुहूर्त में आयी थी ? (जो मेरी यह हालत हो गयी।) क्या ख़बर उसे (अब) मेरी कुछ जान-पहचान (याद) शेष रही होगी या नहीं ! अगर उसने ऐसा कहा हो तो दोष उसे ही लगेगा। अपनी माँ से उसने सास

दौंपुन मा माजि निशि हशि हुन्द मलालह ।
मे मा रोंट बब तसुन्द कुनि दोंहु नालह ।।
दौंपुन मा वरदनव कनि बुरज़ु छुम नालय ।
बु छुस थारान ति मा बूज़ुम तसुन्द्य मालय ।।
च्रे वोंनथस ना यि गव दय मन्दुछावुन ।
अपुज़ पोंज़ वारिव्युक मालिनि बावुन ।। २० ।।

वन्यन तिमु ग्रावु मा तस माजि मालिस ।
छुनुन मा अंछ वंटिथ अथु सरफु आलिस ।।
दौंपुन मा वीगि प्यठु वनुवास करनस ।
बु आसुस रान्य कमि येंछि दास करनस ।।
ति मा वोंनुनख मे खाली ख्यव वोंपल हाख ।
ति येंलि वोंनुनख तु तमि मा पोल सत वाख ।।
ति मा वोंनुनख मे त्राविथ गव शिकारस ।
कोंरुन तमि आवुहन सूरस तु नारस ।।
बु छुस गंज़ुरिथ यि कथ मा करि स्यठाह तूल ।
अमी कथि सुत्य गलन तस मालिनिक्य मूल ।। २५ ।।

की बुराई तो नहीं की ? वैसे, मैंने तो आज तक कभी उसके पिता से कोई शिकायत नहीं की है। उसने यह तो नहीं कहा कि शादी के जोड़े के बदले मुझे भोजपत्र के वस्त्र पहनने पड़े ? मैं डर रहा हूँ, कहीं यह बात उसके पिता ने तो नहीं सुन ली हो ? तुमने उससे नहीं कहा कि ससुराल की बातें मायके में कहना अनुचित है तथा पति को लजाने के बराबर है। २० उसने अपने माता-पिता से मेरी शिकायत कर जान बूझकर आँखें बंदकर साँप के बिल में हाथ तो नहीं डाला ? उसने यह तो नहीं कहा कि विवाह-मण्डप से उतरते ही मुझे वनवास मिला, मैं तो रानी थी और मुझे यों दासी बनाया गया। उसने वहाँ (सब लोगों से) यह तो नहीं कहा कि मुझे जंगली कन्द-मूल खाकर निर्वाह करना पड़ा ? यदि उसने ऐसा कहा हो तो उसने सत्य (धर्म) का पालन नहीं किया है। उसने (उनसे) यह तो नहीं कहा कि मुझे (अकेला) छोड़कर वे शिकार करने को चले गये ? यदि उसने ऐसा कहा हो तो उसने अग्नि व राख का आह्वान किया है। मुझे लगता है कि उसकी यह बात कोई बवण्डर न खड़ा कर दे और इसी बात पर उसके मायकेवाले समूल गल न जायँ। २५ तब उस (हनुमान) ने रोते-रोते उस सीता का हाल कहा

वदन तंम्य तस वोंनुन सुतायि हुन्द हाल ।
ख़बर छा कोनु ओंन तस ईशरन काल ।।
ख़बर छा नेंछतुरस प्यठ कथ छि ज़ामुत्र ।
ख़बर छा करुनि क्याह ज़नमस छि आमुत्र ।।
स यिछ आवारु बेंयि त्युथ कांह मु आंसिन ।।
मंरिन या दय कंरिन तस व्याद कांसिन ।
कसम छुम चोन छुख प्रथ चीज़ु निशि पाक ।।
प्यवन छुम याद छम वांलिजि लगन श्राक ।
कसम छुम चोन तस निशि छुस बु त्रंहरन ।।
प्यवन छुम याद छिम ज़न प्रान नेरन ।। ३० ।।
वदन यंत्र गाशि निशि डीठुम वुनेमुत्र ।
गंमुत्र अफ़सरदुह ज़न आकाशि पेमुत्र ।।
अमा वुछमस त्रुया अख छस वफ़ादार ।
रछन बेकस तु तस ज़न मांज गमख़ार ।।
गलन यख ज़न छलन अशि सुत्य जामह ।
हरन ओंश तमि पोंरुन ज़न रामु रामह ।।

—क्या ख़बर, क्यों ईश्वर उसके लिए काल को नहीं भेज रहे हैं ! क्या ख़बर वह जन्म लेकर क्या करने आयी है! वह इतनी दुखी है कि उस-जैसी और कोई न हो। या तो वह मर जाय या फिर दैव उसकी व्याधि दूर कर दें। मुझे आपकी क़सम है, आप तो हर चीज़ से पाक (पवित्र) हैं। जब मुझे उसकी वह मूरत याद आती है तो हृदय पर छुरियाँ चलने लगती हैं। मुझे आपकी क़सम है, उसको देखकर मैं विक्षुब्ध हो उठा। जब उसकी याद आती है तो जैसे मेरे प्राण निकल जाते हैं। ३० वह इतना रोयी थी कि उसके (नेत्रों का) प्रकाश रीता हो गया था। वह पूर्णतया जर्जर हो गयी थी, मानो आकाश से गिर गयी हो। हाँ, मैंने उसके साथ एक स्त्री को देखा, जो मुझे (काफ़ी) वफ़ादार लगी। वह उस बेकस की ऐसे देख-भाल (रक्षा) कर रही थी, जैसे उसकी माँ हो। बर्फ़ की तरह वह गलती जा रही थी और अपने वस्त्रों को अश्क से धो रही थी। आँसू बहाते समय बराबर राम-राम रटती जाती थी। मैंने ऐसा ही देखा और आप से ऐसा ही कह रहा हूँ। और भी कुछ बातें उस (हनुमान) ने कहीं, जो (रामचन्द्रजी के दिल के) निशाने पर बैठ गयीं (उनके मर्म को छू गयीं)। ऐसा सुनते ही रामचन्द्रजी बेताब हो गये और

वुछुम यी ती मे वोन्मय बोज़ पानह ।
वन्यन कँह कथु तमिस आयस निशानह ।।
ति बूज़िथ रामु ज़ुव बेताब सांपुन ।
जिगरस नार पानस आब सांपुन ।। ३५ ।।
त्युथुय वोथ शोर आकाश ह्योतनु कांपुन ।
स नारुच रँह वुछिथ सीमाब सांपुन ।। ३६ ।।

।। सॊन्दर कांड समाप्त ।।

उनके जिगर में आग लग गयी और तन पानी-पानी हो गया । ३५ तभी आकाश में शोर हुआ और सभी काँप उठे; वैसे ही जैसे अग्नि की लपट को देख सीमाब काँपता है । ३६

।। सुन्दरकाण्ड समाप्त ।।

योद कांड

लंकायि कुन फ़ोज कशी

ख़बर गयि गरुम सोम्बरोवुख क़शूना ।
कथा वाली तु ज़ामूवन नमूना ।।
पकन मोख़तह छकन वान्दर तु तिम पंज्य ।
दपन कँह छाल मारव कँह तरव मंज्य ।।
समिथ गयि वोत्य तति ड्यूठुक समन्दर ।
वुछिथ पानिस परिंदन फुटुनि लंग्य पर ।।

युद्ध काण्ड

लंका की ओर फ़ौजकशी

ख़बर गर्म हो गयी (यह ख़बर तुरन्त फैल गयी कि रामचन्द्रजी आदि लंका पर आक्रमण करने जा रहे हैं) और फ़ौज को इकट्ठा किया गया । बाली व जाम्बवान् के नमूने (उनके श्रेष्ठ वीर) इकट्ठे हो गये । सभी वानर व प्रवंग मोती बरसाते हुए चलते गये । (ख़ुशी में) कुछ कहने लगे कि हम छलाँग मारेंगे और कुछ कहने लगे कि हम बीच में से होकर पार हो जाएँगे । सभी मिलकर आगे बढ़े और उन्हें समन्दर दिखाई दिया । पानी को देखकर जैसे उनके पर (पंख) टूट गए । तब

करुनि लोंग रामु जुव वरुनस मदारा ।
में यथ पानिस च्रु कुनि किन्य हाव तारा ।।
दिलासा करुनु सुत्य बूज़ुस नु वरुनन ।
तुलुन ताम तीर जल ज़ालन बु हन हन ।। ५ ।।
वरन सांपुन शरन कोरनस दिलासह ।
बं चोनुय बन्दु यामथ ज़िन्दु आसह ।।
कोरुन रद तीर वोंतरा खंडु किन्य प्यव ।
सपुन तति डाक दोंद सोरुय शिन्याह गव ।।
दोंपुस वरुनन दोंबाह अख ओस आसन ।
छलन वसतुर रेंशन जोग्यन संन्यासन ।।
वनस मंज़ वांदुराह अख ओस नल नाव ।
खंच्रुस च्रख दोंब वुछिथ यंच्र तस हसद आव ।।
वनुनि लोंग तस दोंबिस में ति कोंह छलन आस ।
छलख नय छोंलमुतुय में ति कोंह वलन आस ।। १० ।।
नतय पानिस अन्दर छुनुनय छलन कंन्य ।
प्रलुयस ताम गछान आसी नु ज़ाह नंन्य ।।

रामचन्द्रजी वरुण को मनाने लगे कि मुझे इस पानी (सागर) से पार लगने का कोई भी मार्ग किसी भी तरह दिखा दे । अनुनय-विनय करने पर जब वरुण ने कुछ न सुना तो समुद्र का कण-कण जला डालने के उद्देश्य से पानी में वे (रामचन्द्रजी) तीर चलाने को हुए । ५ तभी वरुण शरण में आ गया और दिलासा देकर कहने लगा—मैं जब तक ज़िन्दा हूँ, आपका ही बन्दा बना रहूँगा । तब उन्होंने (रामचन्द्रजी ने) समुद्र में तीर चलाना रद्द किया और उसे उत्तराखण्ड की ओर चला दिया, (और) वहाँ पर सब कुछ जलकर शून्य (वीरान) हो गया । तब वरुण ने कहा—(बहुत पहले) एक धोबी रहा करता था जो ऋषियों, जोगियों, संन्यासियों आदि के वस्त्र धोया करता था । किसी वन में एक वानर रहता था जिसका नाम नल था । धोबी को देखकर उसे क्रोध आया और उसके प्रति ईर्ष्या जागी । उसने धोबी से कहा कि मेरे वस्त्र भी तो धोया कर । यदि धोता नहीं तो (कम-से-कम) ओढ़ने के लिए कुछ धुले कपड़े तो दिया कर । १० अन्यथा तेरे इस धुलाई के पत्थर को मैं पानी में डाल दूँगा और प्रलयपर्यन्त वह तुझे मिल न सकेगा । इस प्रकार उसने धोबी को ख़ूब परेशान (लाचार) किया और तब वह धोबी एक ऋषि के पास जाकर अपना

मुदा तंम्य ती कोरुन दोंब आव लाचार ।
रेंशस निश दोंब वदन गव यंत्र वंनिन ज़ार ॥
कोडुन तंम्य वाक यौसु कंन्य छुनु बं दंरियाव ।
बंरिथ दियि तस ज़लस मंज़ सॉपुनिन नाव ॥
सदाशिवु छुय नु रेंश्य सुन्द वाक फेरन ।
यि केंह पॉनिस अन्दर छुन तंम्य ति ईरन ॥
सु छुय वुनिकचन दिवन लशकरि अन्दर छ्वोह ।
करान खंदमुत सु चॉनी रात तु दोंह ॥ १५ ॥
ति बूज़िथ रामु जुव कोताह सपुन शाद ।
वरुनि लोंग बर वरन सद आफ़रीन बाद ॥
बंठिस प्यठ रामु जुव यॆलि फ़ोज ह्यथ गव ।
तंमिस तामथ बलावीरुन च्यतस प्यव ॥
मुनादी द्रायि सोंथ गंडुनस दियिव छ्वोह ।
अथस क्यथ पंज्य तु वान्दर आयि ह्यथ कोंह ॥
अनन पल नल थंविन पॉनिस अन्दर तंम्य ।
गोंडुन सोंथ ताबं लंका बोंयि यि कोंर कंम्य ॥
खोशी गंयि सारिनुय सोंथ जान क्याह गोस ।
खजर हथ क्रूह ज़ेछर च्चोर हथ ओस ॥ २० ॥

दुखड़ा कहने लगा। ऋषि ने (नल को) शाप दिया कि वह जो भी पत्थर दरिया (पानी) में फेंक देगा वह जल पर नाव की तरह तैरने लगेगा। हे सदाशिव (राम!) ऋषि का शाप कभी फिरता (बदलता) नहीं है। उसने जो कुछ भी पानी में फेंका, वह तैरने लगा। वही (नल) इस समय आपके लशकर में विद्यमान है और आपकी दिन-रात ख़िदमत करता है। १५ यह सुनकर रामचन्द्रजी बहुत प्रसन्न (शाद) हो गये और वरुण को शतशः आफरींबाद कहने लगे। (समुद्र के) किनारे पर जब रामचन्द्रजी फ़ौज लेकर गये तो उन्हें उस बलवीर (नल) की याद आ गई। उन्होंने यह मुनादी कराई कि इस समुद्र पर सेतु बनाने के लिए सभी सहयोग दें और तभी वानर-सेना हाथों में पत्थर लेकर आ गई। नल पत्थरों को पानी में डालने लगा और इस तरह लंका तक सेतु बन गया जिसे अब तक कोई भी न बना सका था। सुन्दर सेतु को देखकर सभी खुश हो गये। इस सेतु की चौड़ाई सौ कोस और लम्बाई चार सौ कोस थी। २० चिहिल रोज़ः (चालीस दिन में ख़त्म होने वाला) काम उन्होंने तीन दिन में तैयार कर लिया और

दौहन वन सोंथ दितुख तंर्य ता चिहल रोज़ ।
व्रें आलम जमह आमुत्य आस्य पोंज़ बोज़ ।।
ख़बर येलि गरुम सांपुन्य दूर व नज़दीक ।
सपुन व्रस रावुनस दौह गोस तारीक ।।
ख़बर बूज़िथ सु रावुन गव ख़बरदार ।
हुकुम कोंर तंम्य गंड़िव लंकायि दीवार ।।
अंगुद पयग़ाम ह्यथ गव बेंयि दुबारुह ।
खोंतुस ज़ांजिन तु वांजिन वारु वारह ।।
दोंपुस तंम्य रावुनन सिर बाव क्याह छुय ।
पथर बेंह वन च्रें आंखुर नाव क्याह छुय ।। २५ ।।
पनुन कुस छुय कंमिस सुत्य छुख कंमिस ज़ाख ।
मरुनि किनु ज़िन्दुह रोज़ुनि क्याह करुनि आख ।।
पोंज़ुय वन क्याह च्रें आंख़ुर कीनुह दरदिल ।
च्रें लूरुथ लांक अमि निशि क्याह च्रें हासिल ।।
असान अंगदन्न जवाबाह द्युतनु दिलख़ाह ।
त्युथुय युथ रावुनस तमि सुत्य सपुन वाह ।।
दोंपुस तंम्य तोरु तंम्यसुय छुस बु ज़ामुत ।
अंगोचस यस च्रु ओसुख वलनु आमुत ।।

(बाद में) सभी उस (सेतु) पर से होकर (पार) उतर गये। उन्हें देखने के लिए तीनों आलम जमा हो गए—यह सत्य है। जब यह समाचार दूर-नज़दीक फैल गया तो रावण बौखला गया और उसका दिन तारीकी (अंधेरे) में बदल गया। यह ख़बर सुनकर वह रावण ख़बरदार हो गया और उसने (तुरन्त) यह हुक्म दिया कि लंका के इर्द-गिर्द एक दीवार बाँधी जाये। जब दुबारा अंगद उसके (रावण के) पास पैग़ाम लेकर गया और धीरे-धीरे मंतव्य समझाने लगा, तब उस रावण ने कहा—तू अपना रहस्य बता (कि तू कौन है?) नीचे बैठकर कह कि तेरा आख़िर नाम क्या है? २५ तेरा अपना कौन-कौन है? तू किस के साथ आया है और किससे जन्मा है? तू यहाँ मरने या जीने या फिर क्या करने आया है? सच-सच कह कि तेरे दिल में क्या मिला है? तूने लंका को जला दिया, इससे तुझे क्या हासिल हुआ? तब अंगद ने इस तरह से हँसते हुए जवाब दिया कि रावण जलभुन उठा। उसने कहा—मैं उससे जन्मा हूँ जिसने तुझे अपने अँगोछे में लपेट लिया था। मैं उसी का जाया (पुत्र) हूँ जो नदी पर

बु छुस तसुन्दुय नंदी प्यठ येम्य कर्योव श्रान ।
अंगोचस वलुनु आख अंय देवि नादान ।। ३० ।।
बु ओसुस दोंद चवान तमि वखुतु मासूम ।
मोंठुय क्यथु म्योन बुथ कर वारुह मालूम ।।
बु ओसुस दोंद चवान आसुस लज़ोमख ।
च्रु न्यूहम अथु तिमव वारा वज़ोमख ।।
तिथह रोंटमख यिथह हूनिस रटन सुह ।
नतह यिथु दोंदु शुर खंजुरस दिवन च्रुह ।।
करुम तंम्य वालियन ऋख अथु त्रावुन ।
पज़्या मे दोंशटु वुनिक्यन ज़ोर हावुन ।।
दोंपुस तंम्य रावुनन कोंत गव सु वाली ।
ज़िन्दय छा किनु कोंरुन तंम्य खानु खाली ।। ३५ ।।
वदन वोंनुनस कोंरुन तंम्य चोन ह्यू पाफ ।
ह्योंतुस ज़ुव रामु चन्दरन कर च्रु इनसाफ़ ।।
दोंपुस तंम्य तोरु फीरिथ अंय बरादर ।
पिसर नय काशके आसुख च्रु दोंख़तर ।।
किथव तस माल्यसुन्द करतूत त्रोवुथ ।
ज़िन्दय आसिथ मरिथ किथु मन्दुछोवुथ ।।

स्नान कर रहा था और रे देव-ए-नादान ! (नादान दैत्य!) जिसके अँगोछे से तू लिपट गया था। ३० उस वक़्त मैं दूध पीता एक मासूम (बच्चा) था। तू मेरा चेहरा क्यों भूल रहा है ? ज़रा अच्छी तरह याद कर। मैं (उस वक़्त) दूध पीता बच्चा था और तुझको मैंने मुंह में डालने की सोची थी कि तभी तुझे मुझसे छीना गया। फिर भी मैंने तुझे पकड़ लिया; वैसे ही जैसे कुत्ते को शेर पकड़ता है, या फिर दूधपीता शिशु जिस तरह खजूर को चूसता है। वह (बाली मुझ पर) चिल्लाया था कि इसे छोड़ दे (अन्यथा मैंने तुझे तभी मार दिया होता)। रे दुष्ट! भला अब तू मुझे क्या ज़ोर दिखायेगा ! तब रावण ने पूछा—वह बाली अब कहाँ है ? क्या वह ज़िन्दा है या उसका खाना ख़ाली हो गया है (यानी मर गया है) ? ३५ रोते हुए (अंगद ने) कहा—उसने तुम्हारी ही तरह पाप किया और रामचन्द्रजी ने उसकी जान ले ली। इसलिए तू भी अब अपने साथ इन्साफ़ कर (यानी सम्हल जा)। इस पर उस (रावण) ने उत्तर में कहा—रे बिरादर ! काश, तू अपने बाप का पुत्र न होकर (दुख्तर) पुत्री होता ! तू

तसुन्द अनुदनु क्यथु परद्यन द्युतुथ ख्योंन ।
च्रे ह्युव सन्तान तस मॉलिस गॊछ़ा ज़्योंन ॥
छुयय ताक़त च्रु पख सुतिन यिमय बो ।
ह्यमव तस ख़ून अज़ अफ़सूनुह जादू ॥ ४० ॥

दिमय हिसु सारिकुय सतुकिन्य बरय लोल ।
गुमान गछ़ि सारिनुय ज़न ज़िन्दु गोंय मोल ॥
दोंपुस तंम्य तोरुह कमज़ातो यि मो वन ।
यिनय गरदन दिनय वुन्य रामु लंखिमन ॥
पोंज़ुय वोंनमय छ्यय इक़बालमंन्दी ।
शरन सांपन मु कर वोंन्य ख़ोंद पसन्दी ॥
त्युतुय बूज़िथ सु रावुन आव दर जोश ।
गोंडुख अंगुद दोंपुख अंगदुन कंरिव होश ॥ ४५ ॥

में योंदवय मारुहम क्याह चोन पाये ।
पतव लाकन लगख म्याने बलाये ॥
वोंदुनि वोंथ ताज पॉविथ न्यूनस अज़ ज़ोर ।
कलस द्युतनस अखाह सांपुन स्यठाह शोर ॥

कैसे अपने उस पिता की स्मृति को (प्रतिशोध लेने की भावना को) भूल गया। ज़िन्दा रहकर भी तू (एक तरह से) मरा हुआ है। तुझ पर धिक्कार है! तूने उसके (अपने पिता के) अन्न व धन को परायों के खाने के लिए क्यों सुलभ कराया। तुझ जैसी संतान को उस पिता से कभी जन्म नहीं लेना चाहिए था। यदि तुझ में ताक़त है तो मेरे साथ चल और उस (रामचन्द्र) से ख़ून का बदला ले। ४० मैं तुझे सब में अपना हिस्सा दे दूँगा और तुझ पर प्रेम रखूँगा, जिसे देखकर सभी को यह गुमान होगा कि जैसे तेरे पिता ज़िन्दा हो गए हों। इस पर उसने कहा—रे कमजात! तू ऐसा न कह। वे राम-लक्ष्मण अभी आते ही होंगे और तेरी गर्दन उड़ा देंगे। मैं सच कहता हूँ, यदि ख़ैर (इक़बाल, ख़ुशी) चाहता है तो उनकी शरण में चला जा और ख़ुद-पसन्दी (अहंमन्यता) का अनुकरण न कर। यह सुनकर वह रावण जोश में आ गया तथा अंगद को बाँध लिया गया। ४५ उसने (अंगद ने) कहा—मुझे यदि मार देगा तो तेरा कोई चिह्न भी न रहेगा और आख़िरकार मेरी वजह से ही बलि हो जायगा। तब वह (अंगद) खड़ा हो गया और ज़ोर से (बलपूर्वक) उस (रावण) का ताज गिरा दिया तथा उसके सिर पर प्रहार किया, जिससे काफ़ी शोर मचा। राक्षस जमा

जमा राख्यस सपुन्य तस आवुरुख तन ।
मथन मारन वंथिथ गव छालु मारन ॥
अथस क्यथ ताज ह्यथ राजस निशह् गव ।
शरन सांपुन तु पादन तल परन प्यव ॥ ४९ ॥

वेबीशन सुंद शरन युन

दपन येलि रावुनस न्युव ज़ोरु तंम्य ताज ।
वेबीशन तेलि कोरुन तंम्य मुल्कु इखराज ॥
प्रुछानस तंम्य वनुम यथ क्या छु तदबीर ।
दोपुस तंम्म तोरु पानस छुय यि तक़सीर ॥
सहल ज़ानिथ कथा आस आसान ।
सपुन्य मुशकिल तु मन्दुछोवुथ पनुन पान ॥
सोखस प्यठ दोख वुछिथ पानय पशुन ओय ।
वुछिथ शमशेरि कुन गरदनि कशुन ओय ॥
च्रें क्या ग़म छुय यि गोलुथ राखिसन ब्योल ।
गछी वोंन्य ल्युथ यि ज़ोलुथ ना पनुन ओल ॥ ५ ॥
वन्यानस पंज़ नंसीहत ज़हरि क़ातिल ।
वनुन आसां अमा बोज़ुन छु मुशकिल ॥

हो गए तथा उसके तन को खसोटने लगे और वह सबको मारता हुआ छलाँग मारकर निकल गया । हाथों में ताज लेकर वह राजा (रामचन्द्र) के पास गया और उनकी शरण में जाकर उनके पादों में प्रणाम करने लगा । ४९

विभीषण का शरण में आजाना

कहते हैं जब उस (अंगद) ने बलपूर्वक रावण का ताज ले लिया तब उस (रावण) ने विभीषण को मुल्क से निकाल बाहर कर दिया । (रावण ने विभीषण से पूछा था कि) अब इसकी क्या तदबीर करें, तो उसने कहा था कि यह आपका ही दोष है । आपने इस (बड़ी) बात को सहल (सरल) जाना जिससे अब आपके लिए मुश्किल हो गई है और आपकी दुर्गति बन गई है । सुख को आपने स्वयं दुःख में बदल दिया है और शमशेर देखकर आपकी गर्दन में स्वयं खुजली मची है । आपको क्या ग़म है । गला तो राक्षसों का बीज है । अब (शीघ्र ही) आप ख़ाक में मिल जायेंगे और आपका घोंसला जल जायेगा । ५ अपनी ओर से उस

अमी कथि सुत्य रावुन शोरुनोवुन ।
वदुनि लोंग जहलु सुतिन जीगु त्रोवुन ।।
कोरुन आवारुह तमि गरु बारु निशि गव ।
शरन गव रामु च्रन्दुरस प्यठ परन प्यव ।।
द्युतुस तम्य रामु च्रन्दुरन रावुनुन ताज ।
दोपुन तस च्रे दिमय लंकायि हुन्द राज ।। ९ ।।

रावुनस तु सुगरीवस दरिम्यान ख़त व किताबत

तबल वोयुख योंदस प्यठ द्रायि ख़ोशदिल ।
पकुनि लंग्य लांकि कुन मंन्ज़िल ब मंन्ज़िल ।।
योहय येलि रावुनन पयग़ाम बूज़ुन ।
सोंखासोंर वान्दुरन ह्यथ नामु सूज़ुन ।।
मुदा यी लोंदनु सुगरीवस नमस्कार ।
मे छुम ती याद छुम सुगरीव मा यार ।।
अमा बूज़ुम च्रे कंम्य तामथ बंरी कन ।
तवय मारुनि ह्यथ आहम च्रु दुशमन ।।
यि छुयना याद येलि तंम्य बोय मोरुय ।
ति बूज़िथ राखिसन वोंथ सारिनुय हुय ।। ५ ।।

(विभीषण) ने भली नसीहत दी, मगर वह (उसके लिए) ज़हरे-क़ातिल सिद्ध हो गई, क्योंकि कहना सरल है और सुनना मुश्किल। इस बात से रावण जल-भुन उठा तथा ग़ुस्से में आकर उसने आभूषणों को पटक दिया। (विभीषण को उसने) घर-बार से च्युत कर दिया और वह रामचन्द्रजी की शरण में जाकर प्रणाम करने लगा। रामचन्द्रजी ने उसे रावण का ताज दिया और कहा तुझे मैं (बहुत जल्दी) लंका का राज्य दे दूँगा। ९

रावण और सुग्रीव के दरम्यान ख़तो-किताबत

तबला (ढोल) बजाया गया और युद्ध करने के लिए सभी ख़ुशदिल होकर लंका की ओर मंज़िल-ब-मंज़िल चलने लगे। जब यह पैग़ाम रावण ने सुना तो सुखासुर के हाथों वानरों के पास एक नामा (ख़त) भेजा जिसमें सुग्रीव के लिए नमस्कार भेजा गया था (और लिखा था) कि मैं बस यही जानता हूँ कि सुग्रीव मेरा यार है। मैंने सुना कि तुम्हारे कान किसी ने मेरे विरुद्ध भरे हैं, इसलिए तुम मेरे दुश्मन का साथ देकर मुझे मारने को आ रहे हो। क्या तुम्हें याद नहीं है कि (जिसका तुम

च़ु योदवय मेथुर छुख वोलु यावरी कर।
संमिथ शेथरस ह्यमव ख़ूनि बरादर॥
च़े कोंह कमि सातु मारी छयनु केंह बात।
ग़नीमथ छुय च़लिथ वोलु योत मे निश वात॥
यियी नय वथ यिनस पथ च़ल खंटिथ रोज़।
दज़न छुम दिल पोज़ुय वोनमय पोज़ुय बोज़॥
च़ु नय यिख डेश अदु चरबस करय गूल।
तमी सुत्य ज़ालु यथ लंकायि प्यठ ज़ूल॥
गछीयय ज़िन्दगी गछि आन मानुन्य।
ख़बर करमय ख़बर गछि शरथ ज़ानुन्य॥ १०॥
सपुन दिल ख़स्तु तंम्य मावुज़ु तम्युक ल्यूख।
कोरुख सर बसतु निशि तस रावनस न्यूख॥
मुच़ुरुन येलि पोरुन चेशमव होरुन ख़ून।
अछर शमशीर तम्युक मज़मून छोकस नून॥
मुदा यी ल्यूखुनस पंज़्यकिन्य च़ु छुख दोस्त।
अमा फ्यूरुख च़े वालुन वोन्य पज़ी पोस्त॥

साथ दे रहे हो) उसने तुम्हारे भाई को मारा है। इस छल को देखकर (उस वक़्त) सभी राक्षस क्रुद्ध हो उठे थे। ५ यदि तुम मेरे मित्र हो तो आकर मुझे सहयोग दो ताकि हम दोनों मिलकर बिरादर (भाई) के ख़ून का प्रतिशोध लें। तुम्हें न जाने वह किस वक़्त मार डालेगा, कह नहीं सकता। तुम ग़नीमत जानकर मेरे पास चले आओ। यदि यहाँ आने का रास्ता तुम्हें न सूझे तो आने से पीछे हट जाना और छिप जाना। मेरा दिल जल रहा है, सच कह रहा हूँ और तुम भी इसे सच ही मान लेना। यदि तुम न आये तो तुम्हारी चर्बी को निकालकर उससे लंका में दीपमाला जलाऊँगा। यदि तुम ज़िन्दगी चाहते हो तो मेरा कहना मान लो। मैंने तुम्हें ख़बर भेज दी है और इसे ही शर्त मान लेना। १० तब ख़स्ता-दिल से उस (सुग्रीव) ने उस ख़त का उत्तर लिखा और उसे रावण के पास ले जाया गया। जब (रावण ने) उसे खोलकर पढ़ा तो उसकी आँखों में ख़ून उतर आया। उस (ख़त) का एक-एक अक्षर शमशेर की तरह तथा उसका मज़मून घावों पर नमक छिड़कनेवाला था। ख़त में लिखा था कि सचमुच तुम मेरे दोस्त हो, मगर तुम्हारी बुद्धि फिर गई है। अतः तुम्हारा पोस्त (ख़ाल) उधेड़ा जाना चाहिए। हमारे भगवान् बेपरवाह (निश्चिंत) हैं। वे सब कुछ शून्य (उजाड़) कर सकते हैं, उन्हें किस

छु बे परवा दया वनुनुच छै क्या जाय।
शिन्या करि सार्य्सुय तस क्या छु परवाय ॥
छु क्या अदु म्योन पाय या चोन तस ग़म।
गछ्यस दर्य्यावु मंजु अख पां फ्यौरा कम ॥ १५ ॥
न्यरंजन बोंड छु नारायन न्यराकार।
करुन छुस पानु लूकन प्यठ लदन बार ॥
करुन यी तस च्रै राख्यस वासुना फीर।
फंरुय येंलि ज़्यव कंरुय येंलि नारुदन ज़ीर ॥
में क्या मटि चान्य गर्दन चोन ज़ुव जान।
बु पनुनी पापु सुत्य छुस हालि हारान ॥
छु नारायन वुछान मौख़तार पानय।
ख़ौशी आस्यस तु करि सोरुय बहानय ॥
ख़बर कर कंह च्रै छय कस सुत्य गंयीकाम।
वुछन छुख त्रुयि नज़ुरि छय नौशि हुंज़ ज़ाम ॥ २० ॥
च्रु छुख पापी च्रै कर वाती अंगुन ह्यौन।
च्रु वातख अंछ कंड़िथ होन्यन ज़िन्दय ख्यौन ॥
छियय कंह ज़ोर हावुन्य हाव वुन्यक्यन।
नतय वौलु गुल्य गंन्डिथ लीला दयस वन ॥

बात की चिंता है ? उन्हें मेरी क्या ज़रूरत या तुम्हारा क्या ग़म (भय) है ? (मेरे न रहने से) उनके शक्ति-रूपी दरिया में जैसे एक बूँद कम हो जायेगी। १५ वे निरंजन व निराकार नारायण हैं। करना तो सब कुछ स्वयं उन्हीं को है और नाहक़ (हम) लोगों पर (श्रेय का) भार डालते हैं। उन्हें तो यही करना था तभी तुम्हारी वासना (बुद्धि) फिर गई। नारद के कहने में आकर तेरी जीभ ने स्वयं तुझे ठग लिया। मुझे भला तेरी गर्दन व जी-जान से क्या सरोकार है। मेरा तो ख़ुद अपने पापों से हाल ख़राब है। नारायण स्वयं सब कुछ स्वतंत्र रूप से देख रहे हैं। यदि वे ख़ुश हो जायें तो सब कुछ कर सकते हैं। तुम्हें भला यह कहाँ ख़बर है कि तुम्हारा किस से वास्ता पड़ा है। तुम जिस पर पत्नी की नज़र रखते हो, वह तो तुम्हारी पुत्र-वधू की ननद है (यानी तुम्हारी पुत्री है)। २० तुम पापी हो। तुम्हें तो ज़िन्दा ही आँखें निकलवाकर कुत्तों को खाने के लिए छोड़ देना चाहिए। यदि तुम कुछ ज़ोर दिखाना चाहते हो तो दिखा देना। अन्यथा (अभी भी समय है) हाथ जोड़कर

च़ु नय यिख आयी अंस्य लंका गछ़ी हेंन्य ।
अदय तथ पाफ केंह् तिम चानि गरुदन्य ॥
यि खत येंलि रावुनन पोंर पानुसुय ओत ।
दपन ताम रामु च़ंन्दुरुन फ़ोज तोंत वोत ॥ २४ ॥

रावुनन्य बाज़्यगंरी

ति बूज़िथ गव सु रावुन बाज़्य हावुन ।
करुन माया तु सूता तम्बुलावुन ॥
कोंरुन तंम्य रामुच़ंन्दुरुन शेर वारह् ।
मुकटु गोंडनस तु छ़ुनिनस मोंखतु मालह् ॥
ओंनुन सूतायि निशि वोंनुनस यि रोंयदाद ।
यि मा ओस चोन बरथा गोस बेदाद ॥
लड़ुनि आयाव में सूतिन चानि बापथ ।
सिपाह् सालार आंसिस पंज़्य तु हापथ ॥
ब येंलि गोसस योंदस च़ोंल खून हारन ।
मंरिथ गंयि केंह् तु केंह् लंग्य कोहसारन ॥ ५ ॥
च़ु कर शांदी सोंखुक्य सामानु पाराव ।
ग़मुक मल च़ोंल तु प्रांनी व्याद मंशराव ॥

भगवान् की शरण में आ जाओ। यदि तुम नहीं आते तो हम आजायेंगे और तुम्हारी लंका पर छा जायेंगे। उसमें जो भी पाप बनेंगे वे तुम्हारी ही गर्दन पर लगेंगे। यह खत रावण ने अकेले पढ़ा और कहते हैं इस बीच रामचन्द्रजी की फ़ौज वहाँ पहुँच गई। २४

रावण की बाज़ीगरी (माया)

यह सुनकर वह रावण बाज़ीगरी करने लगा और माया दिखाकर सीता को ललचाने लगा। उसने रामचन्द्रजी का सिर बनाया और उस पर मुकुट लगाकर मुक्ताओं की मालाएँ पहनायीं। उसे सीताजी के पास ले जाकर कहने लगा कि यही तुम्हारा भर्त्ता तो नहीं था? यह तुम्हारे कारण मेरे साथ लड़ने को आया था और इसके सिपाहसालार बानर और रीछ थे। मैं जब युद्ध करने गया तो सब खून बहाते हुए भाग खड़े हुए। कुछ तो मर गए और कुछ पहाड़ों की ओर चले गए। ५ अब तू खुश हो जा और सुख के सामान जुटा। ग़म की मैल अब धुल गई है, तू पुराने दुःखों को भूल जा। सीता ने उस (सिर) को यथावत् देखा

वुछुन सुतायि यॆलि ड्यूठुन यथावत ।
ब आयीनु सुय तमिस नज़ि कॆंह तफ़ावत ॥
रॊटुन यॆलि नालु वुछिनस वाल्य ज्रालह ।
खत्रस ज़ालह दॊपुन तन नारु ज़ालह ॥
मुरुनि लंज्य अथु करुनि लंज्य नालु फ़रियाद ।
गुलालन दॊन कॊरुन अज़ दाग़ बेदाद ॥
दॊपुन कीकियि यॆलि कॊरनख चु वनवास ।
बु हेत्रथस सुत्य लखिमन रूद असि दास ॥ १० ॥
सु दशरथ राज़ु असि पत्यकिन्य मरिथ गव ।
करिथ राजुत स्यठाह दूर्यर ज़रिथ गव ॥
डंडक वनस अन्दर राख्यस चे गालिथ ।
दुशमन वालिथ रॆशन हुन्द्य वाक पालिथ ॥
त्वत्रर होवुथ तिमन दयतन कॊरुथ डास ।
तपोवन मंज़ु बिहिथ मारिथ शुराह सास ॥
बु अनिनस रावुनन तमि शायि च़ूरे ।
दज़ुवुन नार थॊवथम लावि मूरे ॥
मे बूज़ुम यॆलि तमिस दयतस कड़िथ प्रान ।
टुकन त्रोवुथ चे कशकिंदायि प्रस्तान ॥ १५ ॥

(रामचन्द्रजी के समान देखा), जैसे आईने की तरह वही उसकी नज़रों के सामने हो। जब उसने उसे (रामचन्द्रजी को) गले से लगाया तो उसके कुण्डल देख लिये। वह विक्षुब्ध हो उठी और कहने लगी कि मैं भी अब अपने इस तन को जला दूँगी। वह हाथ मलने लगी और फ़रियाद करने करने लगी तथा इस अत्याचार से आहत हो गई। वह सोचने लगी (हे राम !) जब कैकेयी ने आपको वनवास दिया तो मुझे साथ ले लिया और लक्ष्मण हमारा दास बना रहा। १० वह राजा दशरथ बहुत दिनों तक राज्य करने के बाद हमारी दूरी (वियोग) को न सहकर मर गया। दण्डकवन में आपने कितने ही राक्षसों को मार डाला। दुश्मनों का गर्व भंगकर आपने ऋषियों के वचन पाले। अपनी शक्ति दिखाकर आपने बड़े-बड़े दैत्यों को नष्ट कर डाला और वन में बैठकर (रहकर) सोलह हज़ार राक्षसों को मार डाला। मुझे रावण उस जगह (वन) से चोरी-छिपे उठाकर ले आया और (जीवन को) मेरे लिए दहकती आग बना गया। मैंने सुना था कि आपने जैसे ही उस दैत्य (बालि) के प्राण हर लिये तो आपने तुरन्त किष्किन्धा से प्रस्थान कर लिया था। १५ हनुमान ने यहाँ आकर मेरा

हनूमान वोत यौंत कौंरनम मदारा ।
बु आंसुस मौंरदु कंरनस ज़िन्दु वाराह ।।
दज़न छस यंत्र में वुन्यक्यन क्याह् बंनिथ आम ।
बु आसा ज़िन्दु त्रु आसख मौंरदु श्रु राम ।।
जिगर त्रोंटथम त्रें रोंटथम दूर मांदान ।
मंरिथ गछ़ु वुन्य तंरिथ सीनस लोंगुम कान ।।
दोंयुम येंलि बोज़ि कोशल्या यि अहवाल ।
वदन छेंत्य लाल गछ़ुनस तेंलि यियस काल ।।
त्रेंयिम तिम बांय यामथ चोन बोज़न ।
गछ़न तिम शांत अदु मा ज़िन्दु रोज़न ।। २० ।।
यि च्रूरिम छम लगन सीनस में तलवार ।
सु राजुत डाक गछ़ि कैंह् ओय ना आर ।।
यि नय पूंत्रिम करुन तस ईशरस ओस ।
शेंयिम शंका गंजिम वोंन्य दंय में खुर कोस ।।
संतिम सथ यी बु सूता पान मारह ।
गंयस आवारु वोंन्य कैंह् छुम नु चारह ।।
अष्ट बांरव त्रें प्रारान दरशनस छी ।
शोंबह दरशनु अमर्यतु वरशनस छी ।। २४ ।।

उत्साह बढ़ाया था। मैं तो मुर्दा हो गई थी मगर उसने मुझे ज़िन्दा कर दिया था। अब मेरा हृदय जल रहा है कि यह मेरे ऊपर क्या बीत गई है। आप मुर्दा हों और मैं ज़िन्दा—भला यह कैसे हो सकता है ? आप मुझसे दूर हो गये, मुझसे मेरा जिगर कट रहा है। अब मैं भी मर जाऊँगी, क्योंकि इस सीने पर (आपकी जुदाई का) तीर लगा है। दूसरा, जब यह अहवाल कौशल्या सुनेगी तो रोते-रोते उसकी आँखें सफ़ेद हो जायेंगी और उसे काल आजायेगा (यानी मृत्यु को प्राप्त होगी)। तीसरा, जब आपके भाई सुनेंगे तो वे शान्त हो जायेंगे और ज़िन्दा नहीं रहेंगे। २० चौथा, मेरे सीने पर जैसे तलवार चल रही है कि आपको मुझ पर ज़रा भी दया न आई। पाँचवा, शायद उस भगवान् को यही करना था। छठा, मेरी शंका दूर हो गई है और अब भगवान् ही मेरी दुविधा दूर कर सकते हैं। सातवाँ, सत्य यही है कि मैं सीता अपने आप को मार डालूँगी क्योंकि अब मैं असहाय हो गई हूँ, और अब (इसमें) कोई चारा नहीं रहा है। अष्ट भैरव आपके दर्शनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वे आपके शुभदर्शन और अमृत-वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। २४

सुता व्यलाप करान

श्री रामु यथ कामि क्या ओस कारन,
छारान च्रेय पतु लारान छस ।
कीकियि हुंदि वाकु लंग्य कोहुसारन,
तोंत कोनु बरुथ शतुरगुन आव ।
तमि किन्य लजायि अंस्य जंगलन तु खारन,
छारान च्रेय पतु लारान छस ।। १ ।।
रोशि रोशि फेरान आंस्य पोशि ज़ारन,
वुछान हनि हनि वैशनु माया ।
बाग़न तु नागन तु दीवी दारन,
छारान च्रेय पतु लारान छस ।। २ ।।
बाज़्य हांवनम राखिसन बांज़्यगारन,
आवारु करनस तु फिरुनम राय ।
व्यनत करमय तु गोहस लारन,
छारान च्रेय पतु लारान छस ।। ३ ।।
कथु स्यानि गयि कोचन तु बाज़ारन,
शेरस प्यठ आसिनम चान्य जाय ।
वुछिनस तु बुछिनस कालु शहमारन,
छारान च्रेय पतु लारान छस ।। ४ ।।

सीता का विलाप करना

हे श्रीराम ! इस बात के पीछे कौन-सा कारण था, मैं तो आपको ही ढूँढने के लिए भागती-फिरती रहूँगी । हम कैकेयी के कहने से उन पर्वतों की ओर गये थे । वहाँ पर भरत और शत्रुघ्न भला क्यों नहीं आये । उन्हीं की वजह से तो हम इन जंगलों व खारों (काँटों) की ओर लगे थे । मैं तो आपको ही ढूँढ़ने के लिए भागती-फिरती रहूँगी । १ हम गुमसुम होकर पुष्पों की वाटिकाओं में फिरते थे और विष्णु की माया को बाग़ों, झरनों व देवी-द्वारों में देखते थे । मैं तो आपको ही ढूँढ़ने के लिए भागती-फिरती रहूँगी । २ मुझे बाज़ीगर राक्षस ने बाज़ीगरी दिखाई । उसने मुझे असहाय कर दिया तथा मेरा उत्साह भंग कर डाला । मैंने (भूल से) विनती की थी और तू उस पर टूट पड़ा । मैं तो आपको ही ढूँढ़ने के लिए भागती-फिरती रहूँगी । ३ (अब) मेरी बातें कूचों और

ह्यसु निशि डांजिनस येंम्य समसारन,
गांजिनस तु ज़ांजिनस क्याह छु म्योन पाय।
रावुन आम ब्रह्मनु विह दारान,
छारान च्रेय पतु लारान छस ॥ ५ ॥

कीशव रंटिथ गोम ह्योर ह्योर खारन,
जटायुन आयोस तु कोरनस न्याय।
तीज़ी क्याह हांव तंम्य ज़ोरवारन,
छारान च्रेय पतु लारान छस ॥ ६ ॥

केंह रेशय वुछ्य दयि सुन्द द्यान दारन,
केंच्रन नु ज़्यनु मरनुक परवाय।
केंह वेंशन मंत्य केंह वावु हारन,
छारान च्रेय पतु लारान छस ॥ ७ ॥

क्रूदु सान नियिनस तंम्य बदकारन,
अशक वन मंज़ मे कंरनम जाय।
सनु गोम वनु कस तनु छस बु थारान,
छारान च्रेय पतु लारान छस ॥ ८ ॥

बाजारों में फैल गई हैं। मेरे सिर पर आपका स्थान (सलामत) रहे। मुझे काले नाग ने देखकर डस लिया है। मैं तो आपको ही ढूँढने के लिए भागती-फिरती रहूँगी। ४ उसने मुझे इस संसार से (एक तरह से) दूर कर दिया। मुझे गलाया और जलाया, अब भला मेरा क्या उपाय हो सकता है? रावण ब्राह्मण के वेश में आया था। मैं तो आपको ही ढूँढने के लिए भागती-फिरती रहूँगी। ५ वह मुझे केशों से पकड़कर ऊपर की ओर ले गया। जटायु न्याय की माँग के लिए आया और ज़ोरावर ने (अपनी ओर से) काफ़ी तेज़ी दिखाई। मैं तो आपको ही ढूँढ़ने के लिए भागती-फिरती रहूँगी। ६ कुछ ऋषियों को भगवान् के नाम का स्मरण करते देखा मगर कुछ को जन्म-मरण की कोई परवाह नहीं है। कुछ विषयों (दुष्प्रवृत्तियों) के पीछे पागल हैं और कुछ विपन्नता के मारे दुखी हैं। मैं तो आपको ही ढूँढ़ने के लिए भागती-फिरती रहूँगी। ७ वह बदकार (दुराचारी) मुझे क्रोध में आकर ले भागा और अशोकवन (वाटिका) में मुझे डाल गया। मैं अत्यन्त क्षीण हो गई हूँ। किससे (अपना दुखड़ा) कहूँ। मेरा यह तन भी काँपने लग गया है। मैं तो आपको ही ढूँढने के लिए भागती-फिरती रहूँगी। ८ (हे राम!) आप

थोंद वोंथ कन थाव कथन नारान,
लसनुच बाथ छमनु बसनुच जाय।
छांरिथ गामन तु बेंयि शहारन,
छारान च्रेंय पतु लारान छस ।। ९ ।।
प्रकाशि गाश अन मूहु अन्दुकारन,
दयि सुन्द नाव रठ क्या छु परवाय।
मेंत्रि हुंद मोंल ज़ान मोंहरन तु द्यारन,
छारान च्रेंय पतु लारान छस ।।१०।।

सोंरमा सुतायि दिलासु दिवान

ति डीशिथ गव सु रावुन ख़ोंश न्यबर द्राव।
करुनि लोंग शांद्य वाराह लोंग बरुनि चाव ।।
दपन सोंरमा तंमिस सुतायि आयस।
वनुनि लंज्य तस प्यवान छख ना च्रु पायस ।।
यि रावुन छुय च्रे हावान बाज़्यगारी।
कवय बापत कंरुथ पानस च्रे खारी ।।
सपन ख़ोंशदिल दपन योंत रामु जुव वोत।
वुछख वुन्य रावुनस मूलस दियस द्रोत ।।

उठिए और मेरी बातों की ओर कान धरिए। मेरे लिए अब जीवित रहने के लिए कोई स्थान नहीं रहा है। मैं आपको गाँवों में व शहरों में ढूँढूँगी। मैं तो आपको ही ढूँढ़ने के लिए भागती-फिरती रहूँगी। ९ मोह में पल रहे अंधकार-वासियों को अपने प्रकाश की छटा दिखाइए। भगवान् का नाम पकड़ लेने से फिर कोई परवाह नहीं है। (हे मनुष्य!) मुहरों (अशर्फ़ियों) और धन को तू मिट्टी के समान जान। मैं तो आपको ही ढूंढने के लिए भागती-फिरती रहूँगी। १०

सुरमा (त्रिजटा) का सीता को ढाढस बंधाना

यह देखकर वह रावण ख़ुश होकर बाहर निकल आया तथा पर्याप्त ख़ुशी व आनंद मनाने लगा। कहते हैं, सोंरमा (त्रिजटा) उस सीता के पास आगई और कहने लगी तू अभी तक बात को समझ नहीं सकी है। यह रावण तुझे अपनी बाज़ीगरी दिखा रहा है। तूने भला क्यों अपनी यह दुर्दशा कर डाली है। तू दिल को ख़ुश रख। कहते हैं, रामजी यहाँ पहुँच गये हैं और तू अभी देखेगी कि कैसे उस रावण को समूल उखाड़

न्यरंजन पानु नारायन छु श्री राम।
येँमिस दशि रावुनस थवि यावुनस पाम ॥ ५ ॥
मदारा कोँरनु तस केँह छुय नु परवाय।
नियी पानस सुत्यन वातक च्रु बरजाय ॥ ६ ॥

येन्दुर जेठु सुन्द जंग

समन्दर रामु जुव शहरस अन्दर च्राव।
अंगुद साँपुन अंगुन हलमुत लोँदुर वाव ॥
खोँवुर्‍य किन्य तिम ज़ु ज़ंन्य मारुनि लंग्य दीव।
दँछिन्य किन्य द्राव जोमूवन तु सुगरीव ॥
पकुनि लोँग रामुजुव अंन्द्य अंन्द्य पलाटन।
टुकन द्राव ब्रोंठ सार्‍यन पानु लंखिमन ॥
लंज़ुन सुतायि शेँछ अंस्य आयि ख़ोँश रोज़।
ह्यमव ज़ुव रावनस बँयि सातु अकि बोज़ ॥
युहय येँलि रावुनन पयग़ाम बूज़ुन।
नेँचुव ज़्युठ ह्युव सिपाह ह्यथ तोर सूज़ुन ॥ ५ ॥
संमिथ तिम अबदु बंद्य राख्यस ति तैयार।
इन्दुर जीटस सुतिन लारेयि यकबार ॥

देते हैं। श्रीराम स्वयं निरंजन नारायण हैं और इस दश-रावण के यौवन को नष्ट करके रख देंगे। ५ इस तरह उसने उसे धीरज बँधाया कि चिंता करने की कोई भी बात नहीं है। वे जल्दी ही तुझे अपने साथ ले आएँगे। ६

इन्द्रजीत के साथ जंग

समन्दर को पारकर रामचन्द्रजी शहर के अन्दर प्रविष्ट हुए। अंगद अग्नि बन गया और हनुमान और रुद्र वायु बन गए। बाएँ ओर वे देवों (राक्षसों) को मारने लगे और दाएँ ओर से जाम्बवान् व सुग्रीव आगे निकल पड़े। रामचन्द्रजी आगे-आगे बढ़ रहे थे और उनके दाएँ-बाएँ पलटन चल रही थी। तभी लक्ष्मण दौड़कर सब के आगे निकल गये। उन्होंने सीता को समाचार भेजा कि तुम अब ख़ुश हो जाओ, हम आ गये हैं। इस रावण की हम जान लेकर ही रहेंगे—यह तुम अच्छी तरह जान लेना। जब यह पैग़ाम रावण ने (भी) सुना तो अपने ज्येष्ठ पुत्र (इन्द्रजीत) को सिपाहियों के सहित वहाँ भेजा। ५ वहाँ अरबों (असंख्य) राक्षस तैयार

गछ्न कुनि विह्य कंरिथ अन्दीर्‌य लागन ।
पकन कुनि वरनु बदुलिथ ख्रूर ज़ागन ।।
गछ्न कुनि नारु वुज़ुमलु कुनि गछ्न विह्य ।
गछ्न कुनि आंस्य हापथ कुनि गछ्न सुह ।।
गछ्न कुनि पंज़्य तु कुनि तिम सांपुनन जिन ।
ओ़बुर लागन तु वालन रूद या शीन ।।
यॊदस यॆलि मीत्य तिम राख्यस तु वान्दर ।
तिमन असरन सपुन ज़न कोरि खांदर ।। १० ।।

वुछिथ ज़ोमूवनस ग़ांरथ स्यठाह आस ।
खंच्रुस च्रख यंच्र तु मांरिन सासु बंद्य सास ।।
हनूमानन असर यॆलि मांर्‌य वाराह ।
इन्दुरजीठ वनुनि लोंग यथ क्याह छु चारा ।।
खंसिथ गव बर हवा तंम्य तीर त्रांविन ।
स्यठाह मांरिन तु वाराह च्रलु नांविन ।।
वनुनि लोंग रामु च्रंन्दुरस कुन वॆंबीशन ।
ख़बरदांरी कंरिव गछि मारु लंखिमन ।।
यियस जादू कंरिथ दांरिथ दियस तीर ।
गछ्यस हलमुत सिपर द्युन यी छु तदबीर ।। १५ ।।

थे जो इन्द्रजीत के साथ एकदम चले आए। कभी वे राक्षस माया रचकर चारों ओर अन्धेरा कर देते, कभी वर्ण बदलकर छिप जाते। कभी आकाश में बिजली चमक उठती और कभी वे रीछ और कभी शेर बन जाते। कभी वानर बन जाते और कभी जिन्न। कभी बादल बनकर वर्षा या बर्फ़ गिराते, आदि-आदि। जब राक्षस व वानर युद्ध करने को परस्पर मिले तो वही हाल हुआ जो पुत्री के विवाह पर होता है (यानी ख़ूब शोर-शराबा हुआ)। १० जाम्बवान् का पुरुषार्थ उत्तेजित हो उठा और उन्हें ग़ुस्सा आया तथा हज़ारों राक्षसों को उन्होंने मार डाला। हनुमान ने जब अनेक असुरों को मारा तो इन्द्रजीत कहने लगा कि अब इससे कोई चारा नहीं रहा। वह हवा में उड़ा और तीर चलाने लगा जिससे कई वानर मरे और कई भागे। तब विभीषण रामचन्द्रजी से कहने लगे—ख़बरदार रहें, (लगता है) लक्ष्मण मारे (आहत हो) जाएँगे। (इन्द्रजीत) जादू करके उन पर तीर फेंक देगा जिसे हनुमान को अपने सिर पर रोकना होगा। १५ बस, यही उनके बचने की एक तदबीर है। तब हनुमान

हनूमानस वनुनि लोंग रामु अवतार।
सूतिन पख लंखिमनस रोज़ुस ख़बरदार॥
बहिकमत रात दोंह तस सूत्य सूत्य ओस।
क़ज़ा यॆलि आस परहेज़ुक मंशिथ गोस॥
नॆन्दुर पॆयि हलमुतस ख़ोंश गव इन्दुरजीठ।
बंरिश लांयिन तु सय तस लंखिमनस बीठ॥
ग़रज़ लंखिमन ब ज़ख़मे तीरे जादू।
सपुन बेहोश तस होशुक नु अख मू॥
ख़बर यॆलि बूज़ मरुनुच राजि रामन।
मथुनि लोंग ख़ाक द्युत तंम्य चाक जामन॥ २० ॥

वदुनि लोंग ज़ोरुह वाविन नालु फ़रियाद।
दोंपुन क्याह कोंर मे आकाशन यि बेदाद॥
वदन यी राज़ु दशरथ ग़म ख्यवन गव।
तंमिस पतु प्यालु ज़हरुक लंखिमनन चव॥
तंमिस पतु पान मारुन म्योन आसान।
ब मांरिथ पान सुता आसि हांरान॥
तंमिस यॆलि लुख वनन दियि नार पानस।
तिथुय वदि युथ गछ़न छलु आसमानस॥

से रामावतार कहने लगे—तुम लक्ष्मण के साथ-साथ रहना और उसकी ख़बर रखना। हुक्म के मुताबिक़ वह रात-दिन उनके साथ-साथ रहा। मगर जब दुःख की वह घड़ी आई तो परहेज़ (ख़बर) रखना वह भूल गया। हनुमान को नींद आ गई और इन्द्रजीत ख़ुश हो गया। उसने शक्ति-बाण चलाया और वह लक्ष्मण को लग गया। ग़र्ज़ यह कि उस जादू के तीर से लक्ष्मणजी ज़ख़्मी हो गये और बेहोश हो गये—होश ज़रा भी न रहा। जब राजा राम ने (लक्ष्मण के) मरने (आहत होने) की ख़बर सुनी तो वे अपने तन पर ख़ाक मलने लगे। २० वे रोने लगे और ज़ोर-ज़ोर से फ़रियाद करने लगे कि आकाश (ऊपर वाले) ने मेरे साथ यह क्या अन्याय किया है! (पहले तो) राजा दशरथ ग़म खाते व रोते हुए गये और अब उनके पीछे लक्ष्मण ने ज़हर का प्याला पी लिया। मैं तो उसके बिना अपना यह शरीर मार डालूँगा और मुझे मरा देख सीता हैरान रह जायेगी। जब लोग उसे (सीता को) यह समाचार कहेंगे तो वह अपने आपको जला डालेगी और इतना रो देगी कि आसमान टूट

तम्युक ओसुम नु ग़म यी छुम यिवन आर।
पतव लाकन वेॅब्रीशन गछि गिरिफ़तार ॥ २५ ॥

यि क्या करि ज़ानि वोंन्य कथ शायि रूज़िथ।
दियस कर सोंख सु रावुन हाल बूज़िथ ॥
वोंदुन वाराह बरुथ योंद आसिहम योर।
मे प्यठ कर वाति हे युथ कांसि हुन्द ज़ोर ॥ २७ ॥

लंखिमनु सुन्द ज़िन्दु गंछिथ इन्दुर जीठ मारुन

वेॅबीशन वनुनि लोंग कुस आसि त्युथ वीर।
कमर गंडि वुन्य वनस दवुहुक बु तदबीर ॥
छु गासा अख वनन अमर्यत संज़ीवन।
कोंहस प्यठ रात क्युत प्रज़लन शमा ज़न ॥
अने कांछा गंछिथ सुबहन प्रबातन।
सिरी खसुनय सु बेॅयि गछि ज़िन्दु लंखिमन ॥
अमा तोंत ताम गछुन वाराह छु मंज़िल।
शुराह शथ क्रूह बेॅयि योंत युन छु मुशकिल ॥
मन्दुछि होंत ओसना हलुमुत टुकन द्राव।
त्युथुय तुल तंम्य क़दम युथ छुय वुफन वाव ॥ ५ ॥

जायेगा। मुझे उसकी (भी) कोई चिंता न थी मगर इस विभीषण पर दया आ रही है कि यह गिरफ़्तार हो जायेगा (इस पर मुसीबत आयेगी) २५ यह भला क्या करेगा और कहाँ रहेगा? वह रावण इसे कहाँ सुख देगा? वे बहुत रोने लगे (और कहने लगे), आज अगर भरत यहाँ होता तो मेरे ऊपर भला किसका ज़ोर चल सकता था! २७

लक्ष्मण का ज़िन्दा होकर इन्द्रजीत को मारना

तब विभीषण कहने लगा कि (हममें) ऐसा कौन वीर है जो कमर कस ले। मैं अभी उसे तदबीर बताता हूँ। एक घास है जिसे अमृत संजीवनी कहा जाता है। यह पहाड़ पर रात के समय शमा की तरह चमकती है। यदि कोई जाकर उसे प्रभात होने से पूर्व ला दे तो सूरज चढ़ने से पहले ही लक्ष्मण ज़िन्दा हो सकता है। हाँ, वहाँ तक की मंज़िल (सफ़र) काफ़ी लम्बी (लम्बा) है। सोलह सौ कोस पार करके लौटना मुश्किल है। (यह सुनकर) हनुमान फ़ुर्ती से निकल गया और ऐसे क़दम उठाने

रुमाह तथ परबतस प्यठ वोत यकबार ।
वुछुन तति राखिसव दिथ थोवमुत नार ।।
दपन येलि रावुनन बूज़ुन यि रोयदाद ।
सपुन बेह्यस तु कालु यमनस ह्युतुन नाद ।।
वनुनि लोंग तस च़ु गछ़ संनियास लागिथ ।
करिथ आसन च़ु बेह तथ जायि ज़ागिथ ।।
करुन बांबुरि नतु गछ़ि अनि सु अवशद ।
सपुनि नोव ज़िन्दु लंखिमन गव स्यठाह बद ।।
च़ु छुख ग़मख़ार गछ़ शेरस गंडय ताज ।
दिमय ओड़ राज ज़ांह थावथ नु मोहताज ।। १० ।।

त्युतुय बूज़िथ सु गव तोत वोत यकबार ।
मोलुन बसमाह वंजिन सुह च़म जटादार ।।
करन तपसी अथव सुमरन फिरान ओस ।
वुठव सुतिन अपुज़ पोज़ कंह ज़पान ओस ।।
हनूमान वोत येलि तथ जान जाये ।
र्योशाह ड्यूठुन सु पुरिथ बुरज़ु काये ।।
परन प्यव तस र्‍येशिस कोरनस नमस्कार ।
शरन संपुन तु वंनिनस वीलु तह ज़ार ।।

लगा जैसे वायु दौड़ती है। ५ अत्यल्प समय में वह एकदम उस पर्वत पर पहुँच गया। वहाँ पर उसने देखा कि राक्षसों ने आग लगा दी है। इधर, कहते हैं, जब रावण ने यह बात सुनी (कि लक्ष्मण को जीवित करने के लिए संजीवनी बूटी मँगवायी जा रही है) तो उसने कालनेमि को बुलवाया और उससे कहा कि तू एक संन्यासी बनकर वहाँ चला जा और वहीं कहीं जगह ढूंढकर घात में बैठ जा। जल्दी कर, नहीं तो वह (हनुमान) जाकर औषधि ले आयेगा, जिससे लक्ष्मण ज़िन्दा हो जायेगा और यह (हमारे लिए) ठीक न होगा। तू मेरे ग़मों को दूर करनेवाला है। जा, मैं तेरे सिर पर ताज लगाऊँगा और आधा राज्य दे दूँगा। तुझे फिर किसी बात की मुहताजी (परतंत्रता) नहीं रहेगी। १० यह सुनकर वह एकदम वहाँ (उस पर्वत पर) पहुँच गया और भस्म मलकर व जटा-जूट धारण कर उसने शेर की खाल ओढ़ ली। तपस्या में लीन होकर वह हाथों में माला फेरने लगा और होठों पर सच-झूठ (जो भी उसे याद था) जपने लगा। हनुमान जब उस सुन्दर स्थान पर पहुँचा तो उसने वहाँ पर

स्यठाह ज़ारी करिथ मुछ्यनस यि तंम्य वाख ।
लोंकुटि वान्दुरु च्रु कमि आशायि योत आख ।। १५ ।।

दोपुस तंम्य तोरु सूज़ुस रामुच्रन्दुरन ।
बंरिशि सुतिन गोमुत तस मारुह लंखिमन ।।
तंमिस प्योमुत नज़ा दशि रावुनस सुत्य ।
लछन ह्रंज़ कथ छे क्याह तति मारुह गंयि कुत्य ।।
तसुन्दी मरनु छुम वाराह में दिल रेश ।
ग्रजन छुस छम दज़न वांलिज लंजिम त्रेश ।।
निमस अवशद सु गछ़ि नोंव ज़िन्दु पानह ।
में दिम रोंख़सत तु फ़ुरसत छम नु दानह ।।
दोंपुस तंम्य रेश्य म गछ़ अज़ रोज़ रातस ।
बं पानय वातुनावथ तोंत प्रबातस ।। २० ।।

ग़माह त्रांविथ च्रु गछ़ चतु त्रेश नागन ।
दमाह दम दिथ ख़ोशी छ्य फेर बाग़न ।।
यि ज़ल छुम च्रूरि यंन्दराज़स में ओंनमुत ।
तपुकि बलु सुत्य छुम योंति सर में खोंनुमुत ।।

एक ऋषि को देखा जिसने भोजपत्र के वस्त्र धारण कर रखे थे। उस ऋषि को नमस्कार कर वह उसके चरणों में गिरा और शरण में जाकर अपना दुखड़ा कह सुनाया। काफ़ी अनुनय-विनय के बाद उसने ज़ुबान खोली और कहा—रे बालवानर ! तू यहाँ किस कारण से आया है ? १५ उसने उत्तर में कहा—मुझे श्रीरामचन्द्रजी ने भेजा है, क्योंकि तीर से उसका लक्ष्मण मर गया है। उसका वास्ता वहाँ रावण से पड़ा है। लाखों का तो क्या कहना, वहाँ पर असंख्य अब तक मर चुके हैं। उस (लक्ष्मण) के मरने से मुझे भी बहुत दुःख है। मेरा दिल जल रहा है और अपार प्यास लगी हुई है। मैं उसके लिए (यहाँ से) औषधि ले जाऊँगा, जिससे वह नयी ज़िन्दगी पायेगा। अतः मुझे रुख़सत कीजिए, क्योंकि मुझे और अधिक कुछ कहने की फ़ुरसत नहीं है (समय बहुत कम है)। उस ऋषि ने कहा—अभी न जा। आज तू यहीं रह जा। मैं स्वयं तुझे प्रभात-वेला में पहुँचा दूँगा। २० ग़म भूल जा और जाकर उस सोते का पानी पी। थोड़ा-सा सुस्ता कर इन बाग़ों में ख़ुशी के साथ घूम। इस स्रोत का जल मैं इन्द्र के यहाँ से चोरी करके लाया हूँ और तप के बल से इस स्रोत को मैंने यहाँ पैदा किया है। तू इसकी लम्बाई व

गछुस ज़ेछर खजर छारुस तु लारुस ।
ह्यकख नय वांत्य किन्य अदु छालु मारुस ॥
ज़लस कुन वोथ तु मनु किन्य ओस दिल तंग ।
क्रुमा अख ओस ज़लु मंज़ु तंम्य रंटुस ज़ंग ॥
बंठिस खोरुन कलस लायिनि लोंगुस टाफ ।
तंसुन्दि दरशनु सुतिन च्रौल तंमिस शाफ ॥ २५ ॥

सपुन आशच्रर तु वंनिनस वारुह वारह ।
स्यठाह लीला तु कोरनस ज़ारुह पारह ॥
मे ओसुम शाफ ती कोरथम बराबर ।
वनय वोंन्य अख कथा तथ कर च्रु बावर ॥
यि र्‌यौश वुछथन यि छुय राख्युस दग़ाबाज़ ।
करन छुय रोंट नि अवशद कर च्रु परवाज़ ॥
ति बूज़िथ गव तंमिस दयतस हनूमान ।
रोंटुन ज़ागिथ च्रोटुन ब्योंन च्राविनस तान ॥
सु मारिथ कोर नु गन्दवरन सुतिन न्याय ।
छुनिन मारिथ तु कॅंह ओसुस नु परवाय ॥ ३० ॥
दपन संज़ीवनस लार्‌यव बज़ूदी ।
हेंच्रुस तंम्य छ्यफ तु सांपुन वारुह क्रूदी ॥

चौड़ाई देख और प्रसन्न होकर इसका पानी पी । जैसे ही वह (हनुमान) जल में उतरा तो एक ग्राह ने जल में उसकी टाँग पकड़ ली । (हनुमान) उसको तट पर ले आया और उसके सिर पर प्रहार किया । तभी उस (ग्राह) का शाप उस (हनुमान) के द्वारा दूर हो गया । २५ (हनुमान को) आश्चर्य हुआ और उस (ग्राह) ने उसकी पर्याप्त वंदना और भक्ति की तथा कहा—मुझे शाप मिला था जिससे आपने मुक्त कर दिया । अब मैं आपको एक बात बताता हूँ, आप उस पर ध्यान दें । जिस ऋषि को आपने अभी देखा है, वह दरअसल दग़ाबाज़ है । वह आपको रोकना चाहता है, अतः आप औषधि लेकर तुरन्त उड़ जायें । यह सुनकर हनुमान उस दैत्य के पास गया और उसको पकड़कर उसके टुकड़े-टुकड़े कर डाले । उसको मारकर उसने अन्य राक्षसों को भी मार डाला और उनकी परवाह न की । ३० तब वह संजीवनी को ज़ोर से उखाड़ने लगा, मगर वह छिप गई, जिससे उसको और भी क्रोध आया । उसने सोचा यदि (संजीवनी नहीं मिली) तो वे ईश्वर (राम) मुझे अपराधी मानेंगे और

दोंपुन गछनय सु ईशर मा लद्यम बोर।
दोंयिम दपनम मेँ वान्दर द्राख कमज़ोर॥
सलाह छुम यी निमन परबत कुल्यव सान।
बोंज़न प्यठ वातुनावन तोंत बु आसान॥
तुलुन परबत नखस क्यथ आव आकांश्य।
नबस सांपुन बुन्युल तिम करनि लंग्य कांश्य॥
बरुथ बेदार सांपुन तम्बुलिथ द्राव।
वुछुन आकांश्य येँलि ड्यूठुन च्रलन वाव॥ ३५॥
नखस क्यथ ह्यथ च्रलन ज़न सोँनु सुंज़ लांक।
द्युतुन तस तीर आंसुस रावनन्य शेंख॥
हनूमानस सु बरथुन तीर येँलि आव।
वुछिव क्यथु पांठ्य प्यव बुतरांच्र प्यठ वाव॥
परुनि लोंग रामु रामु क्या यि बेदाद।
यि जिन छा देव छा किनु आदुमी ज़ाद॥
त्युतुय बूज़िथ बरुथ गव नालु त्रावन।
सियाह तन गंयि कोंसतूर्यन तु कावन॥
तसुंज़ि ज़ेँवि बांय सुन्द येँलि नाव बूज़ुन।
पत्थर प्यव यंच्र वोंदुन बेताब सांपुन॥ ४०॥

दूसरा, मुझे अपने ही (भाई) वानर कमज़ोर बतलायेंगे। अच्छा यही है कि इस पर्वत को ही वृक्षों समेत ले चलूँ और भुजाओं पर उठाकर वहाँ पर पहुँचा दूँ। तब उसने उस पर्वत को कन्धे पर उठाया और आकाश-मार्ग से चल पड़ा, जिससे नभ में जैसे भूचाल आ गया। भरतजी जाग गये और वे हड़बड़ाकर (कुटिया से) बाहर निकल आये। उन्होंने आकाश में वायु के वेग की तरह किसी को कन्धे पर सोने की लंका जैसा कोई भवन उड़ाते हुए देखा। ३५ उन्होंने तीर चलाया क्योंकि उन्हें सन्देह हो गया था कि वह रावण ही होगा। हनुमान को भरत का वह तीर जब लगा तो वह पवनपुत्र आहत होकर पृथ्वी पर राम-राम जपते हुए गिर पड़ा और कहने लगा कि न जाने यह किस जिन्न, देव या आदम-ज़ाद ने मुझे गिरा दिया। यह सुनते ही भरत उसके पास आर्त्तनाद करते हुए गये और (तभी से) कोयल व कौए की देह स्याह (काली) हो गई। उस (हनुमान) के मुँह से जब उसने अपने भाई का नाम सुना तो वे रोते हुए गिर पड़े व अत्यन्त बेताब (अधीर) हो गये। ४० रोते

वदन वोंनुनस छु क्याह् तस बाय सुन्द हाल ।
मे तस निशि दूर गोमुत वोत यंच्रकाल ।।
हनूमानन वोंनुन तस हाल सोरुय ।
सु लंखिमन इन्दरजीटन राथ मोरुय ।।
तसुन्दि लसुनुक दवा यथ परबतस ओस ।
च्रे द्युतथम तीर परबत ह्यथ वंसिथ प्योस ।।
दोंपुस बरथन तम्युक नो यारु छुय ग़म ।
बु तीरस प्यठ छुनथ तोंत निथ ब यकदम ।।
तुलख परबत करख यामथ कुनी कथ ।
च्रु तीरस प्यठ बु लंका वातुनावथ ।। ४५ ।।
हनूमानस ति बूज़िथ खोंश सपुन मन ।
वंथिथ गव कोह ह्यथ प्यव दर अशक वन ।।
वेंबीशन आव छोरुन नवशदादो ।
द्युतुख चोंन लंखिमनस तस च्रोंल सु जादो ।।
सपुन बेंयि ज़िन्दु लंखिमन द्रायि आवाज़ ।
कोंरुख हलमुत लोंदुर तामथ सरफ़राज़ ।।
सु याम गव ज़िन्दु बोंयिस गाश बेंयि आस ।
खंजर ह्यथ पानु वोंथ असरन कोंरुन डास ।।

हुए उन्होंने पूछा कि मेरे भाई का क्या हाल है ? मुझे उनसे दूर हुए काफ़ी समय हो गया है। तब हनुमान ने उन्हें सारा हाल कह सुनाया और बताया कि कल रात लक्ष्मण को इन्द्रजीत ने मारा था। उसके स्वस्थ होने की दवा इस पर्वत पर थी मगर आपने तीर मारकर मुझे पर्वत समेत नीचे गिरा दिया। भरत ने कहा--तू चिंता न कर। मैं अभी तीर पर बिठाकर तुझे वहाँ एकदम पहुँचा दूंगा। तू पर्वत को उठाकर जब तक एक बात करेगा तब तक तीर पर बिठाकर तुझे लंका में पहुँचा दूंगा। ४५ यह सुनकर हनुमान का मन खुश हो गया और पर्वत को उठाकर वह अशोकवन में जा गिरा। विभीषण ने आकर उस घास (औषधि) को ढूँढ़ा और उसका रस लक्ष्मण को पिलाया, जिससे उसकी मूर्च्छा (बेहोशी) हट गई। लक्ष्मण फिर ज़िन्दा हो गया—यह आवाज़ चारों ओर से आने लगी और पवनपुत्र हनुमान की प्रशंसा की जाने लगी। वह पुनः ज़िन्दा हो गया तो उसके भाई (राम) (के नेत्रों) का प्रकाश जैसे लौट आया। तब वह (लक्ष्मण) खंजर लेकर राक्षसों को नष्ट

वेंबीशन लंखिमनस सुत्य रूद पानह ।
इन्दुरजीठुन तंमिस होवुन निशानह ।। ५० ।।
सं याम लंखिमन जुवन बाज़ीगरी डीठ ।
खंटिथ छोरुन रंटिथ मोरुन येंन्दुरजीठ ।।
अंगुद बेंयि ज़ोमूवन हलमुत लोंदुर द्राव ।
गंछिथ पेंयि राखिसन संहलाब ज़न आव ।। ५२ ।।

कोंम्बुकरनस सुत्य ज़ंग

सपुन देवानु रावुन तरानु लोर्‌यव ।
इन्दुरजीठुन्य ख़बर बूज़िथ सु मोर्‌यव ।।
दपान तस ओस बोयाह अख दिलावार ।
शें र्‌यथ सूरिथ गछान ओस नेंन्दरि बेदार ।।
महा बंलिया स्यठाह सुय ओस बलुवान ।
ज़िराअत श्यन र्‌यतन हुन्द ओस च्रापान ।।
सपुन क्रूदी तु मनु किन्य ओस बे ह्वस ।
दोंपुन वीरन गंछिव निशि कोंम्बु करनस ।।
बज़ारी थोंद तुलिथ वंन्य तोस रोंयदाद ।
ब ग़यरत यियि द्यवु असि कासि यिछ व्याद ।। ५ ।।

करने के लिए (रणक्षेत्र में) उतरा। विभीषण लक्ष्मण के साथ-साथ सहायता के लिए रहे और इन्द्रजीत पर निशाना लगाने की तरकीब बताई। ५० जब (इन्द्रजीत की) माया उसने देख ली तो ढूँढ़कर उसे पकड़ लिया और मार डाला। अंगद, जाम्बवान्, हनुमान, रुद्र आदि भी निकल पड़े, और राक्षसों के ऊपर टूट पड़े, जैसे वे सब सैलाब में घिर गये हों। ५२

कुम्भकर्ण के साथ जंग

रावण इन्द्रजीत की (मृत्यु की) ख़बर सुनकर दीवाना हो गया और जैसे मर गया। कहते हैं उसका एक दिलावर भाई था जो छः मास के बाद नींद से बेदार हो जाता था। वह महाबली बहुत ही बलवान् था और छः मास का भोजन एक ही बार चबा जाता था। रावण अत्यन्त क्रुद्ध हो गया तथा मन उसका डूबने लगा। उसने अपने वीरों से कहा कि कुम्भकरण के पास जाओ और विनती कर उसे सारा वृत्तान्त कह सुनाओ। शायद उसकी ग़ैरत (स्वाभिमान) जागे और हमारी व्याधि

ति बूज़िथ द्रायि तिम सॉरी ब यकबार ।
वंज़ीर तु वीर तिम गाटुल्य तु हुशियार ॥
वुछुख कॉम्बुकरुन ज़न ओस कोहि कॉलास ।
शोंगिथ ड्यूठुख प्योमुत तिम ब्रोंठ कुन आस ॥
हवावय नसति हुन्दि तिम च्रलुनॉविन ।
पलन छॉविन तु गरि निशि दूर त्रॉविन ॥
कंरिथ तदबीर लंग्य तिम करुनि ततु कार ।
फिर्योह्स हंस्य तु गुर्य प्यठु गव नु बेदार ॥
अंनिख दंह सास कनिकन हुन्द्य स्यठाह जान ।
ज़ंगन ज़ंगूलह मोंख ज़न सिरियि ताबान ॥ १० ॥

नोंच्रुख त्युथ युथ नच्रन तावूस बागस ।
मुशुक त्युहुन्दुय तंमिस बोंनु गव द्यमागस ॥
अमी सुत्य गव वंथित ज़न व्यन्दुह परबत ।
ओंनुख ख्योंन चोंन तंमिस वीरव वनय कथ ॥
शुराह सास ज़ीव तंम्य तति बोछि हंत्य खेंय ।
शराबुक्य सास नंट्य तंम्य त्रेशि हंत्य चेंय ॥
वोंनुख तस कॉम्बुकरनस हाल सोरुय ।
इन्दुरजीठ त्युथ नेंचुव रामन च्रे मोरुय ॥

(मुसीबत) दूर कर डाले । ५ यह सुनकर वे सभी एकदम चल पड़े । उनमें वज़ीर, वीर, बुद्धिमान व प्रबुद्ध, सभी थे । उन्होंने देखा कि कुम्भकरण कैलास (पर्वत) की तरह सोया पड़ा है और वे उसके निकट आ गये। (ख़र्राटे मारने से उसकी नाक से) जो हवा निकलती थी, उससे कुछ पत्थरों से जा टकराये और कुछ दूर जा कर गिरे। उसको जगाने के लिए वे सभी मिलकर कोई तदबीर निकालने लगे। उसके ऊपर से हाथी व घोड़े फिराए गये, मगर वह बेदार न हुआ। दस हज़ार सुन्दर कन्याएँ (नर्तकियाँ) बुलाई गईं, जिनके पैरों में (ज़ंगुल) घुंघरू बँधे थे और जिनके मुख सूर्य के समान चमक रहे थे। १० वे ऐसे नाचीं जैसे बाग़ में ताऊस (मोर) नाचता है। उनकी मुश्क (सुगंध) उसके दिमाग़ में चली गई जिससे वह विंध्याचल पर्वत की तरह उठ खड़ा हुआ। वीर उसके लिए खाने-पीने की सामग्री ले आए। उस भुक्खड़ ने सोलह हज़ार जीव खा डाले और प्यास बुझाने के लिए शराब के एक हज़ार मटके पी डाले। तब (उन्होंने) उस कुम्भकरण से सारा हाल कह डाला

कंरुन तीज़ी स्यठाह राख्यस कंरिन पथ।
सपुन दिलखसतु रावुन चानि बापथ ।। १५ ।।
कमर गंड़ नेर वॊन्य वीरुत पनुन हाव।
करुख तिम शान्त सारी नाव पनुन थाव ।।
तिमन लॊग सथ करुनि बुय व्याद कासस।
पकन गव वोत मंज़ तथ आम व ख़ासस ।।
तंमिस डीशिथ वंथिथ थॊद गव सु रावुन।
वुछुन तस मॊख तु तखतस बेंहनोवुन ।।
दोंपुन तस बायि म्याने कोनु छुय आर।
में वोत संहलाब खॊरन तल च़ु द्यू तार ।।
ख़बर छय ना इन्दुरजीठ क्याह पहलवान।
तिथिस ज़ोरावरस द्युत लंखिमनन कान ।। २० ।।
तनय प्यठु गोस यंच़ आवारुह ड्यूठुम।
गलन छुस शीन ज़न मो दूर रोज़ुम ।।
दोंपुस तंम्य तोरु छुय ना होश पानस।
च़े छुय यमराज़ु थोंवमुत कांद ख़ानस ।।

कि इन्द्रजीत जैसा तुम्हारा पुत्र राम ने मार डाला है। वह तेजी से आगे बढ़ रहा है और राक्षस परास्त हो रहे हैं। तुम्हारे अभाव में रावण अत्यन्त असहाय हो रहा है। १५ कमर कसकर अब निकल पड़ और अपनी वीरता दिखा तथा उन सभी को शांत करके अपने नाम को सार्थक बना। तब वह (कुम्भकरण) उनको सांत्वना देने लगा कि मैं उसकी (रावण की) सभी व्याधियों को दूर कर डालूँगा तथा वह स्वयं चलकर उस दरबार (आम व ख़ास) में जा पहुँचा। उसको देखकर रावण खड़ा हो गया और उसका मुख देखकर उसे (कुम्भकरण को) तख़्त पर बिठाया। उसने उससे कहा—हे भाई! तुम मुझ पर दया क्यों नहीं करते हो ? मैं सैलाब में घिर गया हूँ, अब तुम ही पार लगा सकते हो। तुम्हें ख़बर नहीं कि इन्द्रजीत जैसे पहलवान व ज़ोरावर को लक्ष्मण ने तीर मार दिया। २० तभी से मैं विक्षुब्ध हो उठा और बर्फ़ की तरफ गल रहा हूँ। अब तुम भी मुझसे दूर न रहो। तब उसने (कुम्भकरण ने) कहा—तुम्हें क्या इस बात का होश (ध्यान) नहीं है कि तुमने अपने क़ैदख़ाने में यमराज को डाल रखा है। तुम तो वीर हो और उन सभी का नाश कर सकते हो। इन्द्र भी तुम्हें शाबाशी देता है।

च़ु छुख वीराह तिमन सार्यन करख नाश ।
करान यन्दुराज़ु छुय शाबाश शाबाश ॥
मे योदवय हुकुम फ़रमावख बु लारख ।
रटख गरदन च़टख छ़ारख तु मारख ॥
स्यठाह सख़्ती करिथ येलि वुज़ुनोवुन ।
वदुनि लोग तस पनुन अह्वाल बोवुन ॥ २५ ॥

दोपुस तम्य कोम्बुकरनन कर च़ु फ़ुरसथ ।
बु यामथ नेन्दरि वोथु तामथ चमख रथ ॥
कोडुन तरकश ज़िरह जबु जामु तम्य वल्य ।
नखस प्यठ ह्यथ कमानाह द्राव बल्य बल्य ॥
अछिन फश फश दिवन लारन योदस आव ।
खेलिस मंज़ बाग पादर सुह ज़न च़ाव ॥
रटन यस तस च़टन सर ज़न कपर थान ।
करन पारह दुबारह कुनि नु तस जान ॥
वुछन यस तस बुछन अंजदर ह्यवन जान ।
च़लन युस तस वलन ज़न मारि पेचान ॥ ३० ॥

तुलन यस तस दिवन दारिथ ब आकाश ।
दपन तस कुनि न रोज़न बसुनुच्य आश ॥

यदि तुम मुझे हुक्म दोगे तो मैं उनके पीछे पड़ूँगा तथा उन्हें गर्दन से पकड़कर व ढूँढ-ढूँढकर मार डालूँगा । बड़ी कठिनाई से जगाए हुए उस (कुम्भकरण) के सामने रावण रो-रोकर अपना अहवाल सुनाने लगा । २५ तब कुम्भकरण ने कहा—तुम (फ़ुरसत) धैर्य रखो । मैं नींद से जाग गया हूँ और अब उनका रक्त पी जाऊँगा । तरकश निकालकर उसने ज़िरिह-बक्तर पहन लिया और कन्धे पर कमान लेकर जल्दी-जल्दी निकल पड़ा । आँखों को मसलता-मसलता वह युद्ध करने आया जैसे रेवड़ (भेड़ों) के बीच में बबर-शेर घुस पड़ा हो । जिसे भी वह पकड़ लेता उसका सर वह कपड़े के थान की तरह काट देता और फिर उसके टुकड़े-टुकड़े कर उसकी जान ले लेता । जो भी नज़रों के सामने पड़ता अज़्दहा की तरह उसकी जान ले लेता था और जो भाग जाता उसे नागपाश के समान जकड़ लेता था । ३० जिसे उठा लेता उसे आकाश की ओर फेंक देता और फिर उसके जीने की आशा बाक़ी न रहती । इस तरह उसने कितनों को मारकर दूर फेंक दिया, कितनों को पकड़कर निगल डाला । वह तेज़ी

स्यठाह मांरिन तु मांरिथ दूर त्रांविन ।
रंटिन वाराह रंटिथ तिम न्यंगुलांविन ।।
कंरुन तीज़ी तु ख़ूनरीज़ी करन आव ।
कंरिन मांदान ख़ाली ज़न नु कांह ज़ाव ।।
पथर पेयि सांर्य वान्दर ख्योख हज़ीमथ ।
ति सुगरीवन वुछुन नेतरन खोंतुस रथ ।।
खंत्रुस येलि त्रख तंमिस लारन योंदस आव ।
तिथय तिम मील्य यिथु नारस सुत्यन वाव ।। ३५ ।।

सपुन आकाश मेंत्र बुतराथ गंयि कंन्य ।
तिथय मा शीशि नागस थर गंयस नंन्य ।।
कमान फंट तीर सूरिथ द्रायि शमशीर ।
चंटिख ज़बु जामु थफ लांयिख रंटिख गीर ।।
गरा लथ अख अंकिस लायन गरा मुश्त ।
गरा बुथि किन्य प्यवन तिम पुश्त बर पुश्त ।।
गराह गुर्य सांपुनन इसतादुह रोज़न ।
गराह त्रापन बदन ख़ूनी गछन तन ।।
गराह तिम ज़र ककव लागां खसां ह्योर ।
प्यवान बुथि किन्य वंसिथ येलि यंत्र यिवान ग्यूर ।। ४० ।।

व ख़ूँरेज़ी करता हुआ आगे बढ़ता गया और मैदानों को ख़ाली करता गया, जैसे वहाँ कोई जन्मा ही न था। सभी वानर नीचे गिर गये और वे भयातुर हो उठे। यह हाल जब सुग्रीव ने देखा तब उसकी आँखों में रक्त चढ़ आया। उसे क्रोध आया और वह युद्ध करने के लिए दौड़ता हुआ उसके (कुम्भकरण के) सामने गया। वे दोनों ऐसे मिले जैसे अग्नि के साथ वायु। ३५ आकाश में मिट्टी उड़ी और पृथ्वी पत्थर बन गई और जैसे (पृथ्वी को धारण करनेवाले) शेषनाग की पीठ नंगी हो गई। जब दोनों की कमानें टूट गईं और तीर समाप्त हो गये तो दोनों ने शमशीरें निकालीं। दोनों ने एक-दूसरे के बक्तर फाड़ डाले तथा झपटकर एक-दूसरे के गले को पकड़ लिया। कभी एक-दूसरे पर लात मारते; कभी मुक्के। कभी मुँह के बल गिर जाते और कभी पीठ के बल। कभी घोड़े बनकर खड़े हो जाते, कभी (एक-दूसरे का) बदन चबाते और और दोनों के तन ख़ून से लथपथ हो जाते। कभी जानवर (पक्षी) के सामान ऊपर उड़ जाते और चकराकर मुँह के बल गिर नीचे जाते। ४० कभी बकरे

गराह कठ साँपुनन जबरूत हावन ।
दिवान दख अख अँकिस कुन कलु छावन ।।
सतन दोहन सतन रांत्रन कौरुख जंग ।
दितिख पातालु पंद्य आकाशि किन्य ह्यंग ।।
पतव लाकन असुर साँपुन ज़बरदस्त ।
छ्युतुन दारिथ पथर सुगरीव गव पस्त ।।
सपुन बेहोश येलि बुथि किन्य वंसिथ प्यव ।
कंरुस कौम्ब कौम्बु करनन ह्यथ तंमिस गव ।।
रंटिथ येलि वान्दुरन हुन्द पादशाह न्यून ।
अंगुद हलमुत पतय गंयि याम तिमव च्यून ।। ४५ ।।

सपुन साथा गंछिथ बेदार सुगरीव ।
वुछुन ह्यथ कौछि क्यथ ओसुस त्रलान दीव ।।
दंदव सूत्य नस रंटुनस दौन अथन कन ।
कंड़िन तस मूल त्राविन परबथा जन ।।
पकन गव रामुचंन्दुरस निशि असान ओस ।
सु राख्युस त्युथ कंरिथ लारन पतय गोस ।।
पकन गव रथ छकन येलि वान्दुरव मंज़्य ।
वुछिनि लंग्य तस बुथिस ज़न छिस पेमुत्य पंज़्य ।।

बनकर अपनी शक्ति दिखाने लग जाते और सिर धुनते । इस तरह सात दिनों और सात रातों तक वे जंग करते रहे तथा आकाश व पाताल को उन्होंने एक कर दिया । अन्ततः उस असुर (कुम्भकरण) ने ज़बरदस्ती की और सुग्रीव को नीचे पटक दिया जिससे वह पस्त (हतोत्साह) हो गया । मुँह के बल गिर जाने से वह बेहोश हो गया और कुम्भकरण बाहों में भरकर उसे ले भागा । जब वानरों के बादशाह को वह ले गया तो हनुमान व अंगद उसके पीछे दौड़ पड़े । ४५ कुछ देर के बाद सुग्रीव बेदार हो गया (होश में आ गया) और उसने देखा कि देव (कुम्भकरण) उसे बाहों में भरकर कहीं भगाकर ले जा रहा है । दाँतों से उसने उसकी नाक पकड़ ली तथा दो हाथों से कान और उन्हें समूल उखाड़कर फेंक दिया, जैसे पर्वत फेंके हों । तब वह रामचन्द्रजी के पास लौट आया और वह राक्षस भी उसके पीछे भागता हुआ आया । जब वह रक्त गिराता वानरों के बीच में होकर निकला तो सभी ने उसके मुख को देखा जिस पर जैसे खड्ढे पड़ गये हों । जो कोई उसकी ओर देखता वह ख़ौफ़ खा

वुछन यिम आंस्य तस कुन तिम छि खोज्रान ।
टुकन वोंथ रामुजुव ताम तस द्युतुन कान ।। ५० ।।
सुमीरा ह्युव वंसिथ बुतरात्र प्यठ प्यव ।
फुटुस हन हन तु अंडिजन सौरमु तस गव ।।
ख़बर बूजिथ तबर ज़न रावनस आय ।
स्यठाह गव आशत्र्रस छारुनि लौंग पाय ।।
स्यठाह लाचार यैलि सांपुन सु रावुन ।
गंयस यी बौंद दयस ती ओस हावुन ।।
ति यैलि बूज़ रावुनन त्युथ ह्युव असुर प्यव ।
सपुन बांबुरि वैंगुनु सुत्य शीन व्यगल्यव ।।
सलाह कौर तंम्य दिलस यथ क्याह छु चारह ।
यि शैछ बूजिथ गछन छिम पारुह पारह ।। ५५ ।।
अमा कस ह्यकु वंनिथ वुठ छुस बु फेशन ।
पनुन्य गरदन बु छुस पोलाद डेशन ।।
हौंखन मौंख छुम दज़ान ज़हराह ख्यवान छुस ।
गंजिम कान राखिसन हुंज वैंह ख्यवान छुस ।।
सिलाह सारी अथव निशि व्यलुरन छिम ।
अंमिस रामुन्य जखुम वालिजि लगन छिम ।।

जाता । तब रामचन्द्रजी तुरन्त उठे और उस पर तीर चलाया । ५० वह सुमेरु की तरह पृथ्वी पर गिर पड़ा और उसका अंग-अंग टूट गया तथा हड्डियों का सुरमा (बुरकुस) बन गया । यह ख़बर सुनकर रावण पर जैसे कुल्हाड़ी का प्रहार हुआ । वह अत्यन्त आश्चर्य करने लगा और कोई उपाय ढूँढने लगा । वह रावण बहुत लाचार हो गया और भगवान् की करनी पर रुष्ट हुआ । जब उसने सुना कि उस (कुम्भकरण) जैसे असुर का पतन हो गया तो वह हड़बड़ाया और विघ्न को आते देख बर्फ़ की तरह गलने लगा । तब उसने दिल में सलाह की कि अब इसमें कोई चारा नहीं रहा । यह ख़बर सुनकर मेरे दिल के टुकड़े-टुकड़े हो रहे हैं । ५५ अब मैं अपना दुःख भला किससे कहूँ, मेरे होंठ सूखते जा रहे हैं । (फिर भी) मुझे अपनी गर्दन फ़ौलाद जैसी लग रही है । मेरा मुख सूख रहा है और भीतर ही भीतर ज़हर के घूँट पीकर जल रहा हूँ । राक्षसों का वंश गल रहा है—यह देखकर (दिल में) जहर उमड़ रहा है । हाथों से सभी उपाय निकलते जा रहे हैं और इस राम द्वारा दिये गये

यि लौंदुनम नामु पांगाम सुय में पोलुम ।
डौलुम कथ शायि कलु सौंनु लांक रांवुम ।। ५९ ।।

महिरावुनस मदद मंगुन

यि रावुन ह्यौत पनुनि बौंज़ नांशिरावुन ।
वनुनि लौंग यी में छुम गौंर महिरावुन ।।
सु छुम लायक तु संगरामस दियम दाय ।
यैंन्दुरु पदुवी निश तस छम बसन जाय ।। ।।
तमिस सुत्य वांसि हुंज़ छम दोसदांरी ।
गछ़स बावस पनुन्य अह्वाल सांरी ।।
वोंथुस गटुकार गुमानन डांजिरोवुय ।
वुछिव पनुने असुरु बौंज़ नांशिरोवुय ।।
तिथय गव तस निशन वौंनुनस यि अह्वाल ।
कौंम्बु करनस तिथिस रामन औंनुन काल ।। ५ ।।
हुकुम तंमिसुन्द त्युथुय वावस ति नठ आंस ।
वुछिथ रावुन महाकालस ति नठ आंस ।।
खबर छ्यना सु क्याह सुह ओस ग्रज़ान ।
तसुन्दी बीमु पृथ्वी आंस लरुज़ान ।।

ज़ख्म दिल को कचोट रहे हैं । जो उस (राम) ने कहा था वैसा ही होता दिख रहा है । न जाने मेरी मति कहाँ फिर गई जो यह सोने की लंका मुझ से छूटती जा रही है । ५९

महिरावण से मदद माँगना

अपनी ही बुद्धि से जब रावण का नाश होने लगा तो वह कहने लगा कि मेरा गुरु महिरावण (अभी शेष) है । वह (सर्वथा) योग्य है तथा मुझे युद्ध के लिए कुछ उपाय सुझा सकता है । वह इन्द्र की पदवी के समान रहता है । इस तरह अन्धकार में वह (रावण) इधर-उधर हाथ-पाँव मारने लगा और देखिए अपनी ही राक्षसी बुद्धि ने उसका नाश कर दिया । तब वह उस (महिरावण) के पास गया और सारा अहवाल कहा कि उस कुम्भकरण (जैसे वीर) के लिए राम काल ले आया । ५ जिस (रावण) के हुक्म से वायु काँपती थी । जिस रावण को देखकर महाकाल थर्राता था—(उसकी आज यह शोचनीय स्थिति है ।) आपको खबर ही है कि वह (कुम्भकरण) किस तरह गर्जता था । उसके भय से पृथ्वी काँपती

तसुन्दी मरनु छुम वाराह जिगर रेश ।
गंयम सोंनु लांक हुन्य अंजदंर्य द्युतुम फेश ॥
हनूमानन सों लंका नारु ज़ांजिन ।
दोंयिम तंम्य राखिसन हुंज़ कान गांजिन ॥
संमिथ नेरव तिमन सुत्य योंद करव ज़्याद ।
कथा छा रावुनुन गरु गछ़ि बरबाद ॥ १० ॥
त्युथुय कर कैंह तिलिसमा युथ हटावुन ।
तगी युथ त्युथ च़ु कर रावुन बचावुन ॥
दोंपुस तंम्य तोरु तस सुत्य चोन छुनु पाय ।
सलाह कर वुनि तिमन सुत्य छोंपु कर माय ॥
यि गव पथ कुन तु तथ मतु तुलतु परखाश ।
महारावुनु करी मा रामु जुव नाश ॥
युथुय वोंनुनस त्युथुय यंच़ आव दर जोश ।
वनुनि लोंग वोंन्य बु करुह जहरे हिलाल नोश ॥
त्युथुय जहलस सपुन आतश रोंटुन जेब ।
वनुनि लंग्य नरकुनिशि बोंन नार गव ग़ेब ॥ १५ ॥
रंफ़ीक़ा युथ वनुन कर ओस दसतूर ।
रंफ़ीक़ सुय युस रफ़ाक़ंच़ सुत्य सपुनि पूर ॥

थी (वही मर गया!); उसके मरने से मेरा जिगर और छलनी हुआ है। मेरी सोने की लंका समाप्त हो गई, उसे हनुमान ने जला डाला। दूसरा, उसने राक्षसों के वंश को जला डाला। आइए, अब मिलकर उनसे युद्ध करें। वे भला रावण के घर को यों कैसे बर्बाद कर सकते हैं? १० कोई ऐसा (तिलस्म) जादू कीजिए जिससे वे रास्ते से हट जाएँ तथा जैसे भी हो रावण को बचा लीजिए। तब उस (महिरावण) ने कहा— तुम उनके सामने ठहर नहीं सकते। अब तुम चुपके से उनके साथ सुलह कर लो। जो पीछे हो गया उससे अब वापस रंजिश न बढ़ाओ, क्योंकि वह राम महिरावण तक का नाश कर देगा। जब उसने ऐसा कहा तो (रावण को) जोश आया और कहने लगा कि अब मैं (अभी) जहर खा लूंगा। वह अत्यन्त क्रुद्ध हुआ तथा आग बरसाने लगा, जिससे नरक की अग्नि ग़ायब हो गई। १५ मित्र ऐसा कहे—यह कहाँ का दस्तूर है? मित्र वह है जो मित्रता का निर्वाह कर समय पर काम आ जाये। तुम्हें क्या ग़म (चिंता) है, तुम अपने पलंग पर बैठे रहो। सारे जहान में लज्जित तो

च्रे क्याह छुय ग़म पलंगस बेह च्रु पानस ।
खंजिल ज़दुह गछि पगाह रावुन जहानस ॥
मर्‌द नामर्‌द गोख दर वक़्त मरदी ।
लज़ा छयना च्रे श्रावुन खेंयि सरदी ॥
मो लाग कमज़ोर पनुन्य मंजलिस गरुम छय ।
ज़िन्दय रावुन ति वुनि वाराह शरुम छय ॥
हनूमाना पहलवाना तिमन छुय ।
तगी योदवय च्रु गोडुनी मारुनुय सुय ॥ २० ॥

दिलावारन अन्दर ड्यूठुम दिलावार ।
दिलावारी किनी असुरन दितुन मार ॥
न बोडुवुन पानि न दज़ुवुन छु नारह ।
न होखुवुन तापु न मरुवुन हंथ्यारह ॥
त्रहरवुन मा दनुरडण्ड छुस गिरांबार ।
सिपाहन फ़ोजदारन हुन्द छु सालार ॥
शनाई राम सुय आथम बन्योमुत ।
शरीरस रामु लंखिमन तस सन्योमुत ॥
कलमु सुतिन लीखिथ गोमुत दर्म छुस ।
करुम छुस रामु लंखिमन बोड़ सरुम छुस ॥ २५ ॥

सिलाह सोरुय दिमय सुतिन योदस नेर ।
मंकर केंह तार टुकन साना पनुन्य शेर ॥

रावण होगा । मर्द होकर भी तुम ऐन मौक़े पर नामर्द बन गये । श्रावण में ही मुझे सर्दी खा जाए, क्या तुम्हें यह अच्छा लगेगा ? तुम कमज़ोर न बनो । अभी बहुत कुछ शेष है । अभी रावण भी ज़िन्दा है । तुम चिन्ता न करो । उनके साथ हनुमान नाम का एक पहलवान है । यदि तुम उसको सबसे पहले मार सको (तो मैदान हमारे हाथ है) । २० वह दिलावरों में दिलावर मुझे दीखा। अपनी दिलावरी से उसने (असंख्य) राक्षसों को मार डाला । वह न पानी में डूबता है और न अग्नि में जलता है । न वह ताप से सूखता है और न हथियार से मरता है । उसके साथ त्रस्त करनेवाला धनुर्दण्ड के समान एक भारी शस्त्र रहता है और वह सिपाहियों व फ़ौजियों का सिपाहसालार है । उसकी आत्मा राममय हो गई है और उसके शरीर में राम-लक्ष्मण सने हुए हैं । धर्मराज अपनी क़लम से राम-लक्ष्मण का कर्म उस पर लिख गये हैं । २५ मैं तुम्हें सारे सामान साथ दे दूँगा । तुम बस

महा बहादुर महा बलवान सांना चार ।
रथन वेंशि वोंलंग तुल सपदि नाचार ।।
च़ु शेरस ताज लाग राजुत छु चोनुय ।
च़ दिख सम्पात तिमन ताजुथ छु चोनुय ।।
गॅंडिव जबु जामु वुन्य नेरव योंदस ज़ूद ।
ख़बर शहरस सपुन्य रावुन नशा मूद ।।
तबल वांयिव छॆ बलवान सांन्य लशकर ।
पकव बुतराथ च़टन सांरी बराबर ।। ३० ।।

अराबा त्युथ करव युथ कांपि आकाश ।
महे रावुनु नतह रावुनस सपुनि नाश ।।
तुलव तीरव सुतिन आकाश तोंत ताम ।
च़लन तिम युथ वनन खेंनि आयि कम ताम ।।
अंनीखा फ़ोज ह्यथ डेशन तिम यामथ ।
मजाल छा तोंत ह्यकन यिथ पथ च़लन पथ ।।
यि शेंछ बूज़िथ वनुनि लोंग महिरावुन ।
ख़ोंशी कर रावुनो योंद छुनु थावुन ।।
छु क्याह दोंरलब तिथ्यन मनुशन सुत्यन योंद ।
कुनुय अथु छुख स्यठाह कंम्य रावुरुय बोंद ।। ३५ ।।

युद्ध के लिए निकल पड़ो। देर न कर जल्दी से अपनी सेना तैयार करो। अत्यन्त बहादुर व बलवान सेनापति की तरह तू तूफ़ान पैदा कर। तू अपने सिर पर ताज लगा, यह राज्य तेरा ही है। तू उन सब को मिटा दे, यह ताजोतख़्त भी तेरा ही है। अस्त्र-शस्त्र सम्भालकर तू मेरे साथ अभी युद्ध को निकल, ताकि शहरवाले जान जाएँ की रावण अभी मरा नहीं है। तबला बजाओ (ढिंढोरा पीटो) कि हमारा लशकर बलवान है। जब हम निकल पड़ेंगे तो पृथ्वी हिल उठेगी। ३० हमारा रथ ऐसा होगा कि आकाश काँप उठेगा, हे महिरावण! अन्यथा रावण का नाश हो जायेगा। हम तीरों पर आकाश को तब तक उठा लेंगे जब तक कि वे यह कहते हुए डरकर भाग न जाएँ कि कोई हमें खाने को आ रहे हैं। जब (हमारी) असंख्य फ़ौज को वे देखेंगे तो क्या मजाल कि वे सामने आएँ। वे पीछे भाग जाएँगे, पीछे! यह बात सुनकर महिरावण कहने लगा—हे रावण! तू ख़ुश हो जा। युद्ध ज़्यादा देर तक नहीं चलेगा। उन मनुष्यों से युद्ध करना कोई कठिन (दुर्लभ) नहीं है। उनके लिए (मेरा) एक हाथ ही काफ़ी है।

तिमन हिह्य सासु बंद्य छिम आचुमना ।
हृदय हावय न्यंगुलमुत छुम जहाना ।।
वनुनि लोग वौन्य करख बरबाद सोरुय ।
वुछिथ मोख म्योन छुनन तिम पानु मोरुय ।।
महारावनु चु फ़ुरसथ करतु रातस ।
गछी मालूम पगाह् सुबहस प्रबातस ।।
मं बोंड वेगनन अन्दर कवु छुख ख्यवन वेह ।
चु गछ राजुत करुनि लंकायि प्यठ बेह ।।
वतन तंहंज़न ज़मीनस चुह् दिमखना ।
यियम युस ब्रोंठ तस तति रथ चमख ना ।। ४० ।।

खेलिस मंज़ बाग पादर सुह दोरख ।
मजाल छा कांह कुने अदु ज़िन्दु छोरख ।।
पकुनु म्याने बुन्युल सपन्यख जहानस ।
चिकार क्याह र्यय छि अंज्ञदर्हहनिस दहानस ।।
च्रे क्याह छुय ग़म चु पानस बेह ख़ोशी सुत्य ।
दिमख शबख़ू करख यिरुह रतस सुत्य ।।
त्युथुय नेरव योंदस जबरूत हावव ।
जहानस आलमस मंज़ नाव थावव ।।

तू मतिभ्रष्ट क्यों हो रहा है ? ३५ उन जैसे हज़ारों मेरे लिए आचमन के बराबर हैं, तू मेरे हृदय (पेट) को देख, मैंने जहान भर को निगल डाला है। वह कहने लगा कि अब मैं उनका सब कुछ बर्बाद कर डालूँगा और मेरा मुख देखते ही वे स्वयं अपने आपको मार डालेंगे। हे महारावण! तुम बस रात भर के लिए और इन्तजार करो। कल सुबह (प्रातःकाल) को तुम्हें सब कुछ मालूम हो जायेगा। तू चिन्ताओं में डूबकर ज़हर न खा। तू जा और राज्य करने के लिए लंका के सिंहासन पर बैठ। (वे जिन मार्गों से आएँगे) उन मार्गों की ज़मीन को मैं चूस लूँगा और जो कोई सामने आयेगा उसका रक्त पी लूँगा। ४० उनकी भेड़ों के झुण्ड-रूपी सेना में मैं बबर शेर की तरह दौड़ पड़ूँगा। मजाल है कि फिर किसी को ज़िन्दा छोड़ूँ। मेरे चलने से जहान में भूकंप आयेगा। अज़्दहा के मुँह के सामने भला चींटी की क्या बिसात ? तुझे किस बात का ग़म है, तू ख़ुशी से यहाँ बैठ। रात को उनपर अचानक आक्रमण कर मैं उन्हें काटकर रक्त में बहा दूँगा। युद्ध में हम वीरता दिखाएँगे तथा अपना नाम रखेंगे। हम करोड़ों और अरबों की संख्या

करोर तुह अब्दु बंद्य नेरव सवारह ।
बसुम सपन्यख सिपाहन अकि इशारह ।। ४५ ।।
गौंडन्य यिम पादशाह छिख तिम ज़ु बालख ।
सहलु पांठिन तिलिसमु सूत्य सम्बालख ।।
ख्यमख सांना चमख रथ यम प्यमख ज़न ।
पगाह डेशख कुनी तति रामु लंखिमन ।।
त्युतुय बूज़िथ सु रावुन लांकि प्यठ गव ।
महि रावुन तंमिस पतु कोर कुन गव ।।
अंनिन तदबीर दान दोंपनख दियिव राय ।
सपुन रावुन गिरिफ़तार क्याह छु यथ पाय ।।
कंरिव तदबीर कंछाह ठीकुरांविव ।
स्यहर या बांज़्य या तदबीर हांविव ।। ५० ।।
नतय रावुन मंरिथ गछि छुस बु खोच्रन ।
महि रावुन पतव कर अदुह छु रोज़न ।।
तबल वांयिव त्युथुय नेरव अराबस ।
अनव मदहंसत्य हुकुम सोज़व शराबस ।।
तिमव वोंनहस वुन्यक्यन योंद करव नह ।
योंदस वशि ख़बर तति मा दरव नह ।।

में निकलेंगे तथा उनके सिपाहियों को एक इशारे से भस्म कर डालेंगे । ४५ सर्वप्रथम जो उनके राजा हैं, उन दो बालकों (राम व लक्ष्मण) को तिलस्म (माया) से सम्भाल लूँगा । उनकी सेना को खा डालूँगा और जो भी आगे आयेगा उसका रक्त पी डालूँगा । कल तू राम-लक्ष्मण को भी न देखेगा । यह सुनकर वह रावण लंका में गया और उसके पीछे महिरावण भी चला गया । तब उस (महिरावण) ने अपने सलाहकारों को राय देने के लिए बुलाया और कहा कि रावण कठिनाई में गिरफ़्तार हो गया है, उसके लिए कोई उपाय बताओ, कोई तदबीर बताओ । (सिह्र) माया, बाज़ीगरी या कोई तदबीर बताओ । ५० मैं डर रहा हूँ कि अगर रावण मर गया तो फिर महिरावण ज़िन्दा रहकर क्या करेगा । तबला बजाओ और हम रथों पर सवार होकर निकल जाएँ । मदमस्त हाथियों को बुलाएँ और शराब के लिए हुक्म (आदेश) भेजें । तब उन्होंने (सलाहकारों ने) कहा कि इस समय हम युद्ध न करेंगे, क्योंकि लगता है कि हम युद्ध में टिक न सकेंगे । हे महिरावण ! राम से युद्ध करना सरल नहीं है । यदि आप

महि रावुनु रामुन योंद छुनह गुप़्त ।
सलाह योंदवय छु कांली हुंद करव ज़फ ॥
अंनिख ब्रह्मण तु सोंम्बरांविख पंडित ज़न ।
मनुश हुमुनस लगी अख रामु लंखिमन ॥ ५५ ॥
च़ु कर फ़ुरसथ ज़पुक हंगामु लागव ।
संहल पांठ्य पादशाहन च़ूरि ज़ागव ॥
ह्यसस रोज़न नु यामथ वाति अड़राथ ।
नखस क्यथ तिम गछ़न वालुन्य ब यकसाथ ॥
शोंगिथ तिम बर संगि मर मर छि आसन ।
कंरिव गफ़लत तिमन आमन तु खासन ॥
तिछ़ुय बांज़्याह कंरिव गांफ़िल बनांव्यूख ।
गछ़न बे ह्यस तु नेंन्दुरा मस्त पांव्यूख ॥ ५९ ॥

रामु लंख्यमन च़ूरि निन्य

कंरुख मुक़रर यिहय कथ आयि ब्रह्मन ।
निशे तस रामु च़ंन्दुरस गव वेंबीशन ॥
शरन सांपुन तु वंनिनस सांर्‌य कारन ।
महि रावुन तु रावुन बांज़्य छ़ारन ॥

सलाह दें तो सभी मिलकर काली माता का जाप करें। तब ब्राह्मणों को बुलाया गया और पण्डितजनों को एकत्र किया गया। नर-बलि देने के लिए राम-लक्ष्मण उचित पात्र ठहराये गये। ५५ (सलाहकारों ने कहा—) आप धैर्य रखें। अभी जाप का हंगामा शुरू कर देंगे और फिर सुगमता से उन दो बादशाहों (राम-लक्ष्मण) को चोरी उड़ा लाएँगे। रात को (वे दोनों) नींद में होंगे तो कन्धे पर उन्हें उठाकर एक-साथ ले आना चाहिए। वे संगेमरमर के फ़र्श पर सोते हैं (उनके बाहर सुरक्षा के पर्याप्त साधन रहते हैं) आप उन रक्षकों को किसी तरह गफ़लत में डाल दें (चकमा दें)। आप कोई ऐसी बाज़ीगरी दिखाएँ कि वे गाफ़िल बन जाएँ तथा नींद में मस्त होकर बेहोश हो जाएँ। ५९

राम-लक्ष्मण को चोरी ले जाना

यह बात मुक़र्रर कर ब्राह्मणों को बुलाया गया। और इधर, रामचन्द्रजी के पास विभीषण गये और शरण में जाकर कहने लगे कि महिरावण और रावण बाज़ीगरी करनेवाले हैं। सन्ध्या समय से लेकर

सन्ध्या समये प्यठय तामथ प्रबातस ।
ख़बरदारी करुन्य गछि रात्य रातस ॥
सिपाहन हुन्द गंडिव अंन्द्य अंन्द्य पलाटन ।
महाराजा पलाटन दर पलाटन ॥
युतुय बूज़िथ ति हलुमुत मंगुनोवुन ।
सिपाहन सारिनुय सालार थोवुन ॥ ५ ॥
हुकुम सांपुन युथुय रूज़िव ख़बरदार ।
ख़बरदार रात्यरातस रोज़ि बेदार ॥
त्युथुय तंम्य हलमुतन अंन्द्य अंन्द्य गोंडुन गेर ।
वनुनि लोंग रामुचन्द्रुन हुकुम छुम शेर ॥
दयूगत वुछ तिमन सारिन्य नेन्दुर पेय ।
महि रावुनस तमी बहानु गव ख्यय ॥
करुन छुस पानु नाहक़ हान खारन ।
यि मा छुय समुयि पुछ्य बहानु छारन ॥
छु पानय बुलबुल व गुलज़ार पानय ।
छु पानय सोंबुल व सबज़ार पानय ॥ १० ॥
छु पानय सिरियि तेज़ पानय छु न्यरमल ।
छु पानय लछ करोर पानय छु कीवल ॥
छु पानय दय ब्रह्मा वेशन छु पानय ।
छु पानय श्री कृष्ण श्री राम पानय ॥

प्रभातागमन तक हमें रात भर ख़बरदार रहना चाहिए। चारों ओर से एक मोर्चा बाँध लेना चाहिए और इस मोर्चे के बाहर एक दूसरा मोर्चा तैयार करना चाहिए। यह सुनकर उन्होंने हनुमान को मंगवाया (बुलवाया) और उसे सभी सिपाहियों का सिपाहसालार नियत किया। ५ उन्हें यह हुक्म दिया कि रातभर ख़बरदार रहना तथा जागते रहना। तब उस हनुमान ने चारों ओर से एक दीवार बनाई और कहने लगा कि रामचन्द्रजी का हुक्म सिर पर है। दैवगति देखिए कि उन सभी को नींद आ गई और महिरावण को क्षय (नष्ट) होने का बहाना मिल गया। भगवान् करते तो सब कुछ स्वयं हैं और दूसरों को यों ही दोषी बना देते हैं। वे दरअसल, समय के अनुसार बहाने ढूँढते हैं। वे स्वयं बुलबुल और स्वयं ही सब्ज़ज़ार हैं। १० स्वयं ही तेजपूर्ण हैं और स्वयं ही निर्मल भी हैं। स्वयं ही लाख-करोड़ हैं और स्वयं ही

छु पानय यात्रा पानय दीवीदार ।
छु पानय दीवुह रूफ बंविनस नमस्कार ।।
छु पानय पानु दय आसन बहानह ।
न्यराकारन थोवुन आकार निशानह ।।
मुडो सथ ज़ान त्रन तारन ज़गुच सुय ।
ज़रस ज़ेरस शरीरस छुय प्रकंत्र सुय ।। १५ ।।

ज़गत रखिपाल छुय वोंपुकार तंम्यसुन्द ।
शेरीर म्योनुय यि छुय प्रकाश तंम्यसुन्द ।।
नरायन दोंन अंछन मंज़ गाश चोनुय ।
नरायन आश छम प्रकाश चोनुय ।।
महि रावुन यि वुछतन क्याह कों बुनियाद ।
बराबर अरदु रातन प्यव तंमिस याद ।।
सु दयत यँलि पनुनि मंजलिसि मंजु न्यबर द्राव ।
यंन्दुरु पदुवी तु यंन्दुराज़स बुन्युल आव ।।
छ्यपुनि यंन्दराज़ु लोंग यामत सु खोंत ह्योर ।
सपुन ग़रकि अरक यंत्र आस ज़न ग्यूर ।। २० ।।

सपुन असतस सिरियि त्रंन्दरमु यि क्याह गव ।
महि रावुन खंसिथ दरथियि प्यठ प्यव ।।

केवल भी हैं । स्वयं देव, ब्रह्मा और विष्णु हैं और स्वयं ही श्रीकृष्ण व श्रीराम हैं । स्वयं यात्रा व स्वयं देवी-द्वार (तीर्थ) हैं । स्वयं देवता स्वरूप हैं, उनको नमस्कार हो । भगवान् स्वयं हर चीज़ के निमित्त होते हैं और निराकार में आकार का रूप भरते हैं । रे मूर्ख ! तू यह सत्य जान कि तीनों भुवनों में वही है और प्रत्येक जड़ व चेतन की प्रकृति में वही व्याप्त है । १५ वह जगत् की रक्षा करनेवाला उपकारी है । यह शरीर मेरा है, मगर (उसमें दिखाई देनेवाला) प्रकाश उसका है । हे नारायण ! इन दो खिड़की-रूपी आँखों में तुम्हारी ही ज्योति है । हे नारायण ! मुझे आपके ही प्रकाश का आसरा है । तब महिरावण को आधी रात को (अपना काम) याद आया और वह दैत्य अपनी मजलिस (अपने स्थान) से बाहर निकला, जिससे इन्द्र का सिंहासन व स्वयं इन्द्र हिल उठा (भूकंप आ गया) । जैसे ही (महिरावण पाताल से) ऊपर आया तो राजा इन्द्र छिपने लग गया और पसीने से तर होकर चकराने लगा । २० सूर्य और चन्द्रमा अस्त होने लगे और कहने लगे कि यह क्या हो गया जो महिरावण

सितारह पेयि वंसिथ ज़न ज़ूनि लोंग ग्राह ।
महि रावुन गंछिन नाशस छु बदख़ाह ।।
मुदा तोत वोत शोंगिथ डीठुन स सांना ।
वनुनि लोंग रावुनन बेयि लंब सों लंका ।।
सपुन यंत्र ख़ोश तु आकाशस तुजिन छाल ।
अंछिन मंज़बाग तुलिन नेतरन हुन्दी लाल ।।
तुलिन असतह दपान जुसतह वंथिथ गव ।
वंथिथ गव जायि पनुने प्यठ टुकन गव ।। २५ ।।

थंविन तिम वारुह पांठिन आसुनस प्यठ ।
वनुनि लोंग यिम ज़ु छिम ख़ुरकासुनस प्यठ ।।
सपुन साथा गंछिथ बेदार वेबीशन ।
वुछिनि लोंग ब्रोंठह पतु कति रामु लंखिमन ।।
वुछिन सेना सों गांमुत्र मस्त मदहोश ।
वनुनि लोंग वुन्य बु करुह ज़हरे हिलाल नोश ।।
जिगंरस रेह लंजिस दज़ुवुनि लशि सुत्य ।
मे दोंप गव नार छ्यतु नरकस अशि सुत्य ।।
ग्युतुन शेंखा सपुन्य बेदार सेना ।
शब्द बूज़िथ तु रूज़िथ गंयि ब यक पा ।। ३० ।।

धरती पर आ गया । सितारे टूटने लगे और चन्द्रमा को ग्रहण लग गया । (सभी कहने लगे) महिरावण का नाश हो, वह बदख़्वाह (बुरा चाहनेवाला) है । इस तरह वह वहाँ (जहाँ राम-लक्ष्मण आदि थे) पहुँचा तथा सेना को नींद में पाया । वह कहने लगा कि अब रावण को वह लंका वापस मिल गई । वह अत्यन्त ख़ुश होकर आँखों के बीच में से पुतलियों की तरह उन दो (राम-लक्ष्मण) को उठाकर ले उड़ा । उन दो को उसने धीरे से उठाया और अपने स्थान की ओर दौड़ता हुआ गया । २५ उन्हें उसने सम्भालकर आसन पर रखा और कहने लगा कि अब इन्हीं से हमारी सारी दुविधाएँ दूर हो जाएँगी । थोड़ी देर के बाद जब विभीषण बेदार हो गया तो आगे-पीछे देखने लगा कि राम-लक्ष्मण कहाँ चले गए । उसने देखा कि सेना मस्त-मदहोश हो गई है । तब वह कहने लगा कि अब मैं ज़हर पी लूँगा । उसका जिगर जलने लगा और उसके आँसुओं से नरक की अग्नि बुझ गई । उसने शंख बजाया जिससे सेना बेदार हो गई । शंख-ध्वनि सुनकर (जब सेना जागी) तो सभी

वुछिनि लंग्य अख अंकिस कुन पानु वांनी ।
ख्यवन अफ़सूस कौंत गंयि वीर सांनी ॥ ३१ ॥

सांरी छि वदान तु व्यलाप करान

हरुनि लंग्य वावुह पोंह्य पन,
कौंत गंयि रामु लंखिमन ।
बरूनख सीनुह लोलन,
रुमु रुमु रामु बोलन ।
नून ज़न प्योख ज़खमन,
कौंतू गव रामु लंखिमन ॥ १ ॥
सीनस वोंन्य दितुख चाख,
पानस लंग्य मथुनि खाक ।
पान मारान वेंबीशन,
कौंतू गंयि रामु लंखिमन ॥ २ ॥
सारिवुय ह्योंतुख रीवुन,
लोल आव रामु ज़ुवुन ।
पापु दशि सुत्य लोंग छ्यन,
कौंतू गंयि रामु लंखिमन ॥ ३ ॥
बेंयि दियिना सु दरशुन,
अमुर्यतु शोंबु वरशुन ।

हक्का-बक्का रह गए । ३० सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगे और अफ़सोस करने लगे कि हमारे (दो) वीर कहाँ चले गये । ३१

सभी रोते और विलाप करते हैं

सभी सूख गए, जैसे पतझर में पत्ते सूख जाते हैं; (और कहने लगे) जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गए ? उनके सीने (हृदय) में (राम का) प्रेम उमड़ आया तथा उनका रोम-रोम राम बोलने लगा—जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गये । १ उन्होंने सीना चाक कर डाला और शरीर पर ख़ाक मलने लगे । विभीषण शरीर (सिर) पीटने लगा—जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गये ? २ सभी रोने लगे और सभी में रामचन्द्रजी का प्रेम उमड़ आया । जाने किस पाप के कारण यह बिछोह हो गया—जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गये ? ३ जाने वे कब पुनः मिलेंगे

वुछान लंज्य ज़ून चेशमन,
कोंतू गंयि रामु लंखिमन ॥ ४ ॥
बावु किन्य आंस्य छारान,
नेतरव ख़ून हारान।
फ़िराक़ह ज़ून छि गलन,
कोंतू गंयि रामु लंखिमन ॥ ५ ॥
गंलुनि लंग्य लोलु सूती,
अलुनि लंग्य होलु सूती।
अंगुद सुगरीव ज़ोमूवन,
कोंतू गंयि रामु लंखिमन ॥ ६ ॥
वांलिजि गंयख पारह,
बेंयि यिन ना दुबारह।
शोंछि प्रुछान कावन,
कोंतू गंयि रामु लंखिमन ॥ ७ ॥
प्रंयमु पुछि लंज्य रुमन र्‌यय,
दरशुन हाविना दय।
सिरी छारोन प्रबातन,
कोंतू गंयि रामु लंखिमन ॥ ८ ॥
गटि मंज़ु दूफ छु प्रज़ुलन,
रामु ज़ुव बेंयि लंखिमन।

तथा अमृत की शुभ वर्षा करेंगे ? (उनकी राह देखते-देखते) आँखों में झाँई आ गई—जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गये ? ४ आर्द्र भाव से (प्रेमार्द्र होकर) वे उन्हें ढूँढने लगे और नेत्रों से ख़ून बहाने लगे। इस जुदाई में चन्द्रमा भी गलने लगा—जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गये ? ५ सभी बिछोह में गलने गगे। निराशा में अंगद, सुग्रीव व जाम्बवान् भी काँपने लग गए—जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गये ? ६ सभी के हृदयों के टुकड़े-टुकड़े हो गए (और कहने लगे) क्या अब वे दुबारा नहीं आयेंगे। (सभी) कौवों से समाचार पूछने लगे—जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गये ? ७ बिछोह में उनका रोम-रोम सिहर उठा। काश ! हमारे भगवान् (राम) हमें दर्शन देते। प्रभात तक हम अपने सूर्य (राम) को ढूँढ लेंगे—जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गये ? ८

प्रकाश ती छु यछन,
कोतू गंयि रामु लंखिमन ।। ९ ।।

सारिय सेना छि पानस ह्यंत्रर लदान तु वदान

सपुन्य शरमंदुह ह्यंत्रर पानस लदुनि लंग्य ।
शरन गंयि रामुचन्दुरस यंत्र वदुनि लंग्य ।।
रतस माजस लंजिख सुसर रुमन रुयय ।
संमिथ सारी बलांवीरी निश प्यय ।।
मोंहा हलमुत तिमन मंज़ ओस बलुवान ।
सपुन तस दीदुह गिरयान सीनु बिर्यथान ।।
सांपुनुक त्रस वदुनि येलि लोंग हनूमान ।
अशे वाने सपुन नंदियन ति अवमान ।।
त्युथुय हाला वुछिथ दीवन ति त्रस गव ।
सिरियि शीतल ति तमि रफ़तारुह निशि प्यव ।। ५ ।।

संमिथ सार्यन दोंदुख नारुह बदन ज़न ।
थुपुर आयख वदन अंछ दाद्य लद ज़न ।।
खत्रख यमु ज़ालु ज़न यिछु ह्योतुख कांपुन ।
बज़ारी आयि सारी हलमुतस कुन ।।

अन्धकार में जिस प्रकार दीप जलता (प्रज्वलित) होता है उसी प्रकार राम-लक्ष्मण भी (कहीं) प्रज्वलित हो रहे हैं। 'प्रकाश' भी यही चाहता है—जाने हमारे राम-लक्ष्मण कहाँ चले गये ? ९

सारी सेना का अपने ऊपर दोष लादना व रोना

(सेना) शर्मिन्दा हो गई तथा अपने ऊपर दोष लादने लगी और खूब रोकर रामचन्द्रजी की शरण में गई। उनका रक्त व मांस रोमांचित हो गया और रोम-रोम सिहर उठा। सभी अपनी बल-वीरता भूल गए। उनमें जो हनुमान बलवीर था उसकी नज़रें झुक गईं और सीना फटने लगा। जब हनुमान रोने लगा तो सभी बिलख पड़े और आँसुओं की धार देखकर नदियाँ भी शर्मा गईं। यह हाल देखकर दैत्य भी पिघल गए और सूर्य शीतल बन गया व अपनी रफ़्तार भूल गया। ५ सभी के बदन मिल कर जैसे अग्नि में जल उठे। सभी की आँखें रो-रोकर बीमारों की-सी हो गईं। सभी के (शरीरों से) जैसे मृत्यु की कँपकँपी छूटने लगी और

वौंन्दस वेशह स्यठाह तिम आस्य ग़मगीन ।
शरन सांपुन्य हनूमानस सपुन्य लीन ।।
महाराजा चु रछ पनुन्यन परन तल ।
छै चांनी कांम गछि हावुन पनुन बल ।।
मु बौंड ख्यूवन अन्दर वौंथ नेर ज़लथ त्राव ।
बलांवीरो बलांवीरी पनुन्य हाव ।। १० ।।
यि क्याह गव रामु लंखिमन दूर सांपुन ।
जिगरस दंदिमुतिस क्यथु सूर सांपुन ।।
च्रंटुख सीनुह रंटिख तस हलुमुतुन्य पाद ।
चु छांडुन रामु लंखिमन दाद व बेदाद ।।
वनुनि लंग्य हलुमुतस कुन थाव असि कन ।
मंगन छी दयि निमित अंस्य रामु लंखिमन ।।
जिगर दोंदमुत कन्यन प्यठ ज़न दिवन फेश ।
यछान दरशुन मंगान छी त्रेशि हंत्य त्रेश ।।
छि होंखिमुत्य अंस्य गंमुत्य लब तशनु सांरी ।
मंगान छी रामु लंखिमन अंस्य बज़ारी ।। १५ ।।
कंरुख आंही दोंपुख रामुन लंगिन राज ।
शें खंडह दीव महा रेंशन छि तिम ताज ।।

सभी हनुमान के पास विनती करने के लिए आ गए। उन सभी का दिल अत्यन्त ग़मगीन था और सभी हनुमान की शरण में आकर लीन हो गए। हे महाराज! आप (हम) सबकी अपने पंखों तले रक्षा कीजिए। यह (अब) आपका ही काम है, आपको अपना बल दिखाना चाहिए। आप सोच में न पड़ें और उठकर आलस्य त्याग दें। हे बलवीर! अपनी बल वीरता दिखाइए। १० यह क्या हो गया जो राम-लक्ष्मण (हम से) दूर हो गए और हमारे जिगर को जलाकर राख कर गए। सभी ने अपने सीने फाड़ डाले और हनुमान के पाद पकड़कर कहने लगे कि आप राम-लक्ष्मण को कहीं से भी ढूँढकर ले आइए। वे हनुमान से कहने लगे कि आप ज़रा कान धरकर सुनिए—हम तो भगवान् के नाम पर बस राम-लक्ष्मण को माँगते हैं। उन सभी के जिगर जल गए और पत्थरों को (जीभ से) चाटने लगे। उन प्यासों को बस (राम-लक्ष्मण के) दर्शनों की चाह थी। उन सभी के मुँह सूख गए थे और होंठ ऐंठ गए थे तथा सभी विलाप करते हुए राम-लक्ष्मण की इच्छा प्रकट कर रहे थे। १५ सभी ने (मिलकर)

त्युथुय बूज़िथ वदुनि लोंग तां हनूमान ।
च्रोंटुन जिगर ज़मीनस प्यठ मोंथुन पान ।।
वनुनि लोंग वीलुह ज़ार तस कुन दिच्रुन तन ।
हरुनि लोंग ओंश सोंरुनि लोंग रामु लंखिमन ।। १८ ।।

हनूमान् संज़ वीलुज़ारी

वोंदय सांपुन हृदय फोंलुनाव ।
रामु लंखिमनु शोंबु दरशुन हाव ।।
दयासागरुह च्रुय दयावानो,
शामु रूपुह रामु च्रन्दुरु नारानो ।
च्ररनन तल रछ परवन पोन्य त्राव,
रामु लंखिमनु शोंबु दरशुन हाव ।। १ ।।
अंस्य छी आंरुत्य करान वीलुज़ार,
कंल्य गंयि बोलुवुन्य जानावार ।
सथ मंगलु सुत्य असि ति वारुह बोलुनाव,
रामु लंखिमनु शोंबु दरशुन हाव ।। २ ।।

प्रार्थना की और कहा—रामचन्द्रजी का राज (सर्वव्यापी) हो क्योंकि छहों खण्डों के वे देवता और महर्षियों के वे ताज हैं। ऐसा सुनते ही हनुमान रोने लगा और जिगर फाड़कर ज़मीन पर लोट गया। वह अपने मन का दुख-दर्द कहने लगा और राम-लक्ष्मण का स्मरणकर (आँखों से) आँसू बहाने लगा। १८

हनुमान का विलाप

आप उदित हों और हमारे हृदय को खिला दें—हे राम-लक्ष्मण ! हमें अपना शुभ-दर्शन दीजिए। हे दया के सागर ! आप दयावान हैं। श्याम रूप में नारायण के (अवतार) आप ही हैं। अपने चरणों में (आश्रय देकर हमारी) रक्षा कीजिए और पानी टपकाकर (हमारी प्यास बुझाइए)—हे राम-लक्ष्मण ! हमें अपना शुभ दर्शन दीजिए। १ हम सभी भक्त विलाप कर रहे हैं। चहचहाते पक्षी भी (आपके वियोग में) गूंगे हो गये हैं। अपने प्रताप से उनके साथ-साथ हमें भी बुलवाइए—हे राम-लक्ष्मण ! हमें अपना शुभ दर्शन दीजिए। २ हम भक्त (आपकी शरण में) आए हैं, हमारे क्लेश दूर कर दीजिए। हम सब आपके पैरों के दास हैं। हम दासों पर दया कीजिए तथा यह दुःख हमें और न भुगतवाइए—

आरुत्य अंस्य आयि आरच़र सोन कास,
सपुन्य अंस्य चानि खोरु तलुकी दास।
दासन पास कर क्रेछर मु बूगुनाव,
रामु लंखिमनु शोबु दरशुन हाव ॥ ३ ॥
दरथी तु वरथी सर्व्स्रेष्ट चानी,
आकाशि वंछ दीवु दृष्ट चानी।
ओसुख च़ुय असि चोनुय चिकुचाव,
रामुलंखिमनु शोबु दरशुन हाव ॥ ४ ॥
योदु कामुनायि यियि रावुन फ़ोज ह्यथ,
राख्यस यिन विह्य दारिथ कुत्य।
तारवुन च़ुय छुख यथ नंदियि वोलंगाव,
रामुलंखिमनु शोबु दरशुन हाव ॥ ५ ॥
गव शरन लोग वनुनि हलुमुत त्युथ ग्यान,
बावु सुत्य टोठ्योस श्री नारान।
ना हक़ जन्मु पुछ्य हलुमुत मंदुछाव,
रामुलंखिमनु शोबु दरशुन हाव ॥ ६ ॥
नोन नेर समुयस रावनस गछि नाश,
आश छम गाशि प्रारुह फोलि प्रकाश।

हे राम-लक्ष्मण ! हमें अपना शुभ दर्शन दीजिए। ३ यह धरती और पाताल सब आपके ही सर्वश्रेष्ठ परिणाम हैं। आकाश से उतरने वाली दैव-दृष्टि भी आपकी ही है। हमारे तो बस आप ही एक थे और हम आप (के ही भरोसे) पर कूदते-फाँदते थे--हे राम-लक्ष्मण ! हमें अपना शुभ दर्शन दीजिए। ४ युद्ध की कामना से अब रावण (पुनः) फ़ौज लेकर आयेगा और कितने ही राक्षस भेष बदलकर मुक़ाबले के लिए आयेंगे, आप ही तो इस नदी से तारनेवाले हैं, अतः हमें उल्लंघवाइए--हे राम-लक्ष्मण ! हमें अपना शुभ दर्शन दीजिए। ५ (इस प्रकार राम-लक्ष्मण की) शरण में जाकर हनुमान ऐसी-ऐसी ज्ञान की बातें करने लगा जिससे उसकी भक्ति पर श्रीनारायण प्रसन्न हो गये। नाहक़ ही हनुमान अपने जन्म को लजाने लगा था (चिंतित होने लगा था)--हे राम-लक्ष्मण ! हमें अपना शुभ दर्शन दीजिए। ६ (नारायण ने कहा--) तू समय को पीछे छोड़कर आगे निकल जा, तभी रावण का नाश होगा। मुझे पूर्ण आशा है और मैं प्रतीक्षा करूँगा कि प्रकाश पुनः फूटे। आईने की जंग दूर हो

ज्रलि खय आयीनस अमुर्यत ज़ल चाव,
रामुलंखिमनु शोंबु दरशुन हाव ॥ ७ ॥

हलुमुत छु वदान

वदुनि हलुमुत लोंग अशि कनि होंरुन खून ।
नरायनु चोन दूर्यर छुम छोंकस नून ॥
सिरी रूपुह च्रु साथा हावतम पान ।
शोंबु दरुशनु सूत्य शोंद गछि हनूमान ॥
च्रु हाव दरशुन फुलय लगि जेठु पोशन ।
संगरमालन तु बालन अंद गोशन ॥
बसंत येंलि आव हार्यन गोंल वंदुक मल ।
फोंलिथ यिन मस्त दपन शीनस च्रु पथ त्रल ॥
यियख यावुन तु श्रावुन मुशक त्रावन ।
मुशुकु सूत्य सूत्य बदन अदुह फोंलु नावन ॥ ५ ॥
बहादुर प्यथ छुहक च्रुय खीरु सागुर ।
दुवत्राह वोंपुनिशदन हुंद च्रु आगुर ॥
प्रयिमु अमुर्यतु बोंरनख सीनुह लोलन ।
अशोच्रुक मोंख वुछिथ शोलन तु बोलन ॥

जायेगी और अमृत-जल का सभी पान करेंगे--हे राम-लक्ष्मण ! हमें अपना शुभ दर्शन दीजिए । ७

हनुमान का विलाप (क्रमशः)

इस प्रकार हनुमान रोने लगा और आँसुओं के बदले खून बहाने लगा —हे नारायण ! आपकी दूरी मेरे लिए ज़ख्मों पर नमक छिड़कने के समान है । हे सूर्य-रूप ! आप क्षणभर के लिए मुझे दर्शन दीजिए ताकि आपके शुभ दर्शनों से हनुमान शुद्ध हो जाय । आप दर्शन दें ताकि जीठ-पोश (ज्येष्ठ मास में खिलनेवाले पुष्प विशेष) खिल जाएँ । पर्वत-मालाएँ और उसके अंचल खिल उठें । बसंत जब आया तो मैनाओं के (दिल से) जाड़े की मैल (पीड़ा) गल गयी और फूल मस्त होकर खिल गये तथा बर्फ़ से कहने लगे कि अब तुम पीछे हट जाओ । श्रावण रूपी यौवन के आ जाने पर (पुष्प) मुश्क (सुगन्धि) विकीर्ण करने लगे । ५ भाद्रपद के रूप में आप ही क्षीरसागर हैं तथा सार गर्भित उपनिषदों के आप ही (आगार) हैं । प्रेम के अमृत से हमारे (स्रोत) सीने भर दीजिए । क्योंकि हम

कतक वातिथ छि सरदी पान हावन ।
बतख नेरन छि कर तिम पूर्य त्रावन ॥
मगर क्याह करि मगरमछ फेरि दरथस ।
दन्यशटस साथ छुस क्याह डास करतस ॥
पोंह्स डीशिथ दोहन तिथ्य जामु छुन्य नाल्य ।
गंछिथ तर चश्मु दरशुन हावि यंच्र काल्य ॥ १० ॥
पेयस अदु माग न्यरमल करु पनुन पान ।
तसुन्द दरशुन वुछिथ सार्यन च्रलन हान ॥
फगन वातिथ लगन छुय इज़तिराबस ।
दिवान जवहर तु ज़ेवर आफ़ताबस ॥
च्रिथुर वातिथ सु करि सार्यन शेतर नाश ।
असुर पथ च्रलि सिरियस गछि नोन गाश ॥
वह्यख वातिथ छु पानिस पोन्य मेलन ।
खोशी सुतिन असन गिन्दन तु खेलन ॥
दिलुक मल छल गुन्यानुक करतु दरबार ।
यथावथ पानु ईशर छुक च्रु अवतार ॥ १५ ॥

शोक का मुख देख-देखकर व्यथित हो रहे हैं । कात्तिक के आने पर सर्दी अपना रूप दिखाती है । बत्तखें (पानी में) निकल पड़ती हैं—तट पर पैर रखती ही नहीं । परन्तु मगरमच्छ का क्या करें जो उनके पीछे-पीछे, उन्हें नष्ट करने के लिए लगा रहता है । पौष के आने पर दिन ऐसे जामे (वस्त्र) धारण कर लेता है कि आँखें तर हो जाती हैं; क्योंकि अब वह (दिन) देर से दर्शन देने लगता है (रातें लम्बी हो जाती हैं) । १० माघ (मास) के आने पर मैं अपने शरीर को निर्मल कर डालूँगा और उनके दर्शन से सभी का दुःख मिट जायेगा । फाल्गुण के आने पर सभी की (इज़्तिराब) बेचैनी बढ़ गई है और सभी सूर्य को जवाहर व ज़ेवर भेंट करते हैं । चैत्र के आगमन पर सभी शत्रुओं का नाश होगा तथा असुर (-रूपी मेघ) पीछे हटकर सूर्य के उजाले को प्रत्यक्ष कर देंगे । वैशाख के आने पर पानी के साथ पानी मिल जायगा (बर्फ़ गलनी शुरू हो जायेगी) और वह पानी हँसते-खेलते ख़ुशियाँ मनाते हुए बहेगा । दिल का मैल धो डालिए और ज्ञान का स्मरण कीजिए क्योंकि आप स्वयं यथावत ईश्वर के अवतार हैं । १५ मेरे दुःखों व ज़ख़्मों की दवा आप ही देंगे । मुझे यही आशा है कि आप मुझे अपने चरणों में रखेंगे । मेरी प्रकृति ऐसी है कि मैं बार-बार आपसे यही दान माँगूगा कि हे नारायण !

दवाह् द्राद्यन छोंकन म्यान्यन दिह्‌म च्रुय ।
मे छम यी आश च्ररनन तल ह्यह्‌म च्रुय ॥
प्रकृत छम म्यान्य गरि गरि यी मंगय दान ।
नरायनु शरमि रांछी सारिनुय सान ॥
कोंखंडेंन्न म्यानि सुतिन कवुह खोंटुथ पान ।
दितम दरशुन नरायनु कासतम हान ॥
मे वोतुम जान बर लब जामु अज़ तन ।
मरुनु वक्तन सोंरुन गछि रामुलंखिमन ॥
दिलो जानम फ़िदाये रामुलंखिमन ।
सरे मन ज़ेरि पाये रामुलंखिमन ॥ २० ॥

सरफ गाम नाल्य करिह्‌म आल्य जिगरस ।
जिगर पारुह मे गंयि परकाल्य जिगरस ॥
बु छुस प्योमुत पथर वुनिक्यन यितम ब्रोंठ ।
ज़नुम खंडेंन्न सुत्यन सोरुय दितुम चोट ॥
नरायनु वोंन्य च्रे रोंसतुय कांह गोंछुम नुह ।
च्र रोंसतुय कांसि कुन कीवल वोंनुम नुह ॥
च्रु छुख ना तरन तारन आलुमन दोंन ।
च्रु छुख त्रेयिलूकु सामी च्रुय थवुम कन ॥

आप हम सब की शर्म (लाज) की रक्षा करना । मेरी एक भूल के कारण आपने क्यों अपने आपको छिपा दिया । हे नारायण ! अब दर्शन दीजिए और मेरे दुःख दूर कीजिए । मेरी जान तन से निकलकर लब पर आ गई है और मरते समय भी मैं राम-लक्ष्मण का स्मरण कर रहा हूँ । मैं दिलो-जान से राम-लक्ष्मण पर फ़िदा हूँ तथा मन कर्म से राम-लक्ष्मण का हूँ । २० मेरे गले में सर्प लटक गए हैं जो जिगर में बिल बना रहे हैं जिससे मेरे जिगर के टुकड़े-टुकड़े हो गए हैं तथा उसमें छेद हो गये हैं । मैं इस वक़्त नीचे गिर गया हूँ, आप आगे बढ़कर मेरा उद्धार कीजिए । इस खण्डित-जन्म (भूल) ने मेरा सब-कुछ बिगाड़ दिया है । आपके सिवाय, हे नारायण ! अब मुझे और कोई भी न चाहिए । आप को छोड़ और किसी को मैंने 'केवल' नहीं माना । आप दोनों आलमों से तारने-वाले हैं, आप त्रिलोक के स्वामी हैं—आप ज़रा कान धरिए । (हे भगवान्) इस मन को आपके बिना और कुछ न सूझे और आपके पादों के नीचे यह मेरा माथा (हमेशा) टिका रहे । २५ मैंने जीवन-भर के लिए

यि म्योनुय मन च्रे रोंसतुय कँह मु बासिन ।
पदन चान्यन तलुय डचकु म्योन आसिन ।। २५ ।।
रोंटुम दामानुह चोनुय सारि वांसे ।
च्रे रोंसतुय कर बु लारय पतुह कांसे ।।
यि मन पनुनुय च्रे क्युत रंछुरुम बंदुरपीठ ।
च्रु छुख ना आसुवुन सोंन्दर तु रूपीठ ।।
ह्यमथ वोंन्दि मंज़ ठोकुरुह गोंड दिमयना ।
छलय दोंदुह खोंर चरनामरत चमयना ।।
दोंयिम माता च्रे प्रारान दोंद दियी ना ।
कोंसेंल्या रामुलंखिमनु खोंनि हेंयीना ।।
सों मा आसी वदान वुनि राजि ज़ादन ।
यिनम ना रामलंखिमन सूत्य सादन ।। ३० ।।

च्रु दिख दरशुन बबन दोंद ठेंचि नेर्‌यख ।
वोंन्दुकि दादे वंनिथ सिरमाय फेर्‌यख ।।
यिमय छम श्राकु जिगरस बाकि वदुना ।
हटिकि रतु रामु च्रन्दुरस नामु लदुना ।।
त्रेयिम मा राज़ु दशरथ आसि प्रारान ।
यियम मे त्रेश दियम कर हरि नारान ।।

आपका दामन पकड़ रखा है, आपको छोड़ मैं किसी और के पीछे कभी न जाऊँगा । इस मन को मैंने आपके लिए ही सुरक्षित रखा था क्योंकि आप सुन्दर और कमनीय हैं । मैं आपको अपने दिल के स्थापना-गृह में रखकर आपकी पूजा किया करूँगा तथा दूध से पैर धोकर चरणामृत पिया करूँगा । माता आपको दूध पिलाने के लिए प्रतीक्षा कर रही होगी तथा राम-लक्ष्मण को गोद में लेने के लिए आकुल हो रही होगी । कहीं वे आप दोनों युवराजों की ख़ातिर रोती ही न रह जायँ और सोचती ही रह जायँ कि राम-लक्ष्मण आते ही होंगे । ३० आप उन्हें दर्शन दें और देख लें कि किस तरह उनके स्तनों से दूध की धारा फूटेगी । दिल का दर्द कहकर कैसे आपके प्रति उनकी प्रीति का स्रोत बहेगा । उनके जिगर पर छुरियाँ चल रही होंगी तथा दिल उनका ज़ोर से रोने को व्यग्र हो रहा होगा । वे गले को काटकर अपने रक्त से रामचन्द्रजी को नामा (संदेश) भेजने को तत्पर हो रही होंगी । तीसरी बात यह कि कहीं राजा दशरथ भी राह न देख रहे हों कि कब नारायण रूप (मेरे लाल श्रीराम) आएँ और मेरी प्यास

यि च़ूरिम याम सूता बोज़ि अह्वाल ।
मरुनु ब्रोंठ्य तमिस बुथ हावि मा काल ।।
मोखस सपुन्यस बदल रंग तनि गछ्यस सूर ।
वेशामेतुरस रेशिस वनि क्याह ओनुथ खूर ।। ३५ ।।

यि पांच़िम मेतरु बावह छुय वेबीशन ।
छु शेरस लोगमुत तम्य रामुलखिमन ।।
तमिस क्याह पाय शरनागत छु चोनुय ।
वोपाय शरनागतन पतुवथ छु चोनुय ।।
शेयिम छुय शेतुर रावुन पेयि सु गालुन ।
सतिम सथ यी छु सूता मोकुलावुन्य ।।
अशटु बेरव छि प्रारान दरशनस च्येय ।
शोबह दरशनु अमर्यतु वरशनस च्येय ।।
त्रपिथ नवदार थव प्रज़लुनु यियी दूफ ।
यतन करिथ रटुन छारुन सिरी रूफ ।। ४० ।।

दह्युम दिशायि किन्य छुख दश सोन्दरु चुय ।
मोदुर वानी तु ईकादश लोदुर चुय ।।

बुझाएँ । चौथी बात यह कि जैसे ही सीता यह अहवाल सुनेगी तो मरने से पहले ही वह काल-कवलित हो जाएगी । उसके मुख का दूसरा ही रंग हो जायेगा और उसकी तन राख जैसी हो जायेगी तथा विश्वामित्र ऋषि से कहेगी कि यह आपने मेरे लिए कौन-सा संकट खड़ा किया ! ३५ पाँचवी बात यह है कि विभीषण मैत्री-भाव निभा रहा है और उसने राम-लक्ष्मण को अपने सिर पर धारण कर लिया है । अब उस (बेचारे) का क्या हाल होगा ? वह तो आपकी शरण में आया हुआ था । अतः शरणागत के लिए उपाय ढूंढ़ना आपका कर्तव्य है । छठी बात यह है कि रावण शत्रु है अतः उसे गलाना ज़रूरी है । सातवीं बात यह है कि सीता को मुक्त करना है, यह सत्य है । अष्ट-भैरव आपके दर्शनों के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं, आप के शुभ दर्शनों व अमृत वर्षा के लिए ! नव-द्वारों को बन्द कर दीजिए तभी जीवन-दीप प्रज्वलित हो जायगा । यत्न करके सूर्य रूप को ढूंढ़ निकालिये । ४० दसवीं बात यह कि सभी दिशाओं में आप सबसे सुन्दर हैं । मीठी वाणी और एकादश रुद्र भी आप ही हैं । ग्यारहवीं बात यह कि लंका पर आपका राज्य है और बारहवीं बात यह कि छहों खण्डों में आपका साम्राज्य है । तेरहवीं बात यह है कि (अब)

कंहिम लंकायि प्यठ राजुत छु चोनुय।
शे खंडहक्यन रथन ताजुत छु चोनुय॥
त्रंयोदशि सिरियि वॊन्य यंत्र शीन गालुन।
च्रॊंदुश च्रंन्दुरमु सुता मॊकुलावुन॥
बहव बुरजव निशन छुम गाश चोनुय।
दितम दरशुन तु कासतम ज़ूनि ग्रोनुय॥
पुनिम हुन्दि रामु जुवु मॊख हाव शहारस।
अनोनय राजुह दशरथ ज़ारुह पारस॥ ४५॥

रामु लंखिमन सुन्द तलाश

वनुनि लॊग हलमुतस कुन यी वॆबीशन।
दिमय वुन्य नेब कति छी रामुलंखिमन॥
नतु सारी मरन हलमुतु खंती र्‌यन।
प्रलय मा सपनि वुनि छुखना च्रु नेरन॥
वॆबीशन लॊग वनुनि तस वीरु बॊदुरस।
च्रु गछ ट्‌कान पकन बॊन पातालस॥
त्युतुय बूजिथ हनूमान आव लारन।
वंथित गव वाव ह्युव श्री राम छारन॥

आप सूर्य बनकर (रावण रूपी) बर्फ़ को गला दीजिए और चौदहवीं के चन्द्रमा के समान सीता को मुक्त करा दीजिए। सभी ओर से मुझे आपका हीप्रकाश (अवलम्बन) दिख रहा है। आप दर्शन देकर मुझ चन्द्रमा पर लगे ग्रहण को कर दूर कर दीजिए। हे पूनम के रामचन्द्र! आप शहरनिवासियों को (हम सबको) अपना मुख दिखाइए। हम (आपके लिए) राजा दशरथ को अनुनय-विनय के लिए लाये हैं। ४५

राम-लक्ष्मण की तलाश

(तब) विभीषण हनुमान से कहने लगे—मैं तुम्हें अभी पता बताता हूँ कि राम-लक्ष्मण कहाँ गए हुए हैं। (तुम तुरन्त वहाँ जाओ) अन्यथा हम सभी मर जाएँगे और इसका पाप तुम पर चढ़ेगा (लगेगा)। तुम नहीं जाओगे तो कहीं प्रलय न हो जाए, अतः तुरन्त निकल पड़ो। विभीषण ने उस वीरभद्र (हनुमान) से कहा—तुम भागकर नीचे पाताल की ओर जाओ। यह सुनते ही हनुमान दौड़ता हुआ गया और श्रीरामचन्द्रजी को ढूंढने के लिए (पाताल) में पहुँच गया। उसका मन ख़ूब चंचल (उद्विग्न) हो

स्यठाह् ज़ंज़ल गोमुत ओसुस पनुन मन ।
दिवन ब्रंन्य संन्य वोंगुन्य वुछहन् नरायन ।। ५ ।।

ख़बर छा ज़न्मु पुछ्य कव् हाज़ कंरथम ।
लोंगुम खोंरुह खूंत नाहक़ काछ कोंरथम ।।
रोंटुन पाताल डीठुन जान जाया ।
वुछिन बंड़ बारगाह अंन्द्य अंन्द्य कलाया ।।
तरीका लांकि हुन्ज़ तथ जायि प्यठ मा ।
वुछुन अख बालुकाह तति डीड्य वाना ।।
असुनि हलुमुत लोंग यामत सु ड्यूठुन ।
असन तामत वनुनि लोंग बालुकस कुन ।।
च़ु गछ पानस अन्दर अज़्नस मे दिम वथ ।
में छुम पयग़ाम न्युन कंह छम करुन्य कथ ।। १० ।।

असुनि बालुक लोंगुस यामत यि बूज़ुन ।
योंदस वेशे दपान इसतादुह सांपुन ।।
हनूमानन दोंपुस क्याह छुय ख़यालाह ।
मं गछ इसतादुह चावथ ज़हरु प्यालाह ।।

रहा था तथा वह आगे-पीछे, दाएँ-बाएँ हर तरफ़ नज़रों को घुमाने लगा ताकि उसे कहीं नारायण (रामचन्द्रजी) दिख जाएँ। ५ (वह मन में कहने लगा--) जाने किस जन्म का पाप सामने आया है जो थोड़ी-सी ग़लती के लिए इतना दुःख उठाना पड़ रहा है। पाताल में पहुँचकर उसने एक सुन्दर स्थान देखा जहाँ एक बहुत बड़ा भवन था और उसके इर्द-गिर्द एक दीवार खड़ी थी। उसका तरीका (उस भवन की शैली) लंका से मिलती-जुलती थी। उसने (हनुमान ने) देखा कि उस भवन का द्वार-पाल एक बालक है। उसे देख हनुमान हँसने लगा और हँसते हुए (उस बालक से) कहने लगा--(रे बालक !) सामने से हट और दूर चला जा, मुझे अन्दर जाने का रास्ता दे, मुझे भीतर एक पैग़ाम ले जाना है तथा कुछ बातें करनी हैं। १० यह सुनकर वह बालक हनुमान के कथन पर हँसने लगा और युद्ध करने की मुद्रा में (हनुमान के सामने) खड़ा हो गया। (तब) हनुमान ने कहा कि तेरा ख़याल क्या है ? यों मुझे न ललकार वर्ना तुझे जहर का प्याला पिला दूँगा (मौत के घाट उतार दूँगा), मेरा वज्र (शस्त्र) भयानक है। इससे तुझे कौन छुड़ाएगा ? और कौन तुझे यहाँ दुग्धपान कराएगा ? (तू अभी दूध पीता बालक है अतः मुझसे न टकरा)

बयानक छुम वज़ुर कुस मौंकुलावी ।
कुसू अदुह यौत यियी दौंदुह दाम चावी ।।
पियादह छुख सवारन सुत्य दिवान राद ।
च्रु पथ च्रल नतु दिमथ सुत्य गरदि बरबाद ।।
च्रु बेंह पानस शॆमिथ कवुह छुख मंगन म्रत ।
गछ़ख ज़ख्मी अंगव अंगव छकख रथ ।। १५ ।।

मशान खेल सुत्य वीरन मारु सपनख ।
हशान च्रुय शीर खार आवारुह सपनख ।।
त्युतुय बूज़िथ सु बालुक आव दर जोश ।
वनुनि लौंग वुन्य दोदुक्य पाठिन करथ नोश ।।
च्रु क्याह वीराह पनुन वीरुत छुख हावन ।
गॅंज़ुरथस शुर तवय छुख तम्बुलावन ।।
त्युथुय पथ फ्यूर कौंरनस कानु वरशुन ।
हनूमान लौंग मंगुनि रामुन सौंदरशुन ।।
त्युथुय वीरुत वुछिथ त्रंहर्यव हनूमान ।
शरन सांपुन तु अंगनस लौंग हुमनि पान ।। २० ।।

वुछिथ तस कुन गलुनि लौंग होलु सुती ।
रटुनि लौंग तीर तंम्यसुन्द लोलु सुती ।।

तू तो अभी प्यादा है, सवारों से क्यों जूझता है ? पीछे हट, वर्ना अभी धूल में मिला दूँगा। तू शांत होकर बैठ, भला क्यों (जान-बूझकर) मौत को बुला रहा है। (मेरे हाथों) ज़ख्मी हो जाएगा और फिर तेरे अंग-अंगों से रक्त बहेगा। १५ वीरों से टकराकर तू सारी सिट्टी-पिट्टी भूल जाएगा, अतः मुझ से न भिड़, नहीं तो काँटों में मिलकर कहीं का न रहेगा। यह सुनकर वह बालक जोश में आ गया और कहने लगा कि युद्ध में तुझे नष्ट कर डालूँगा। रे वीर ! तू यों अपनी वीरता का क्यों बखान कर रहा है ? शायद तू मुझे बच्चा समझता है और इसीलिए फूलता जा रहा है। यह कहते हुए वह (बालक) पीछे हटा और उस (हनुमान) पर तीरों की वर्षा करने लगा। तब हनुमान ने (मन में) रामचन्द्रजी के सुदर्शन चक्र की कामना की। उस बालवीर की वीरता देख हनुमान ठिठक गया और अग्निदेव की शरण में चला गया। २० (उस बालवीर की वीरता से प्रभावित होकर) हनुमान स्नेहवश द्रवित होने लगा और उसके तीरों को प्रेम के साथ रोकने लगा। वह (हनुमान) मन में कहने लगा कि इस

वनुनि लोंग नालु रटुहन लोल बरुहस ।
गंछिथ नखु दौन गुलालन बोसु करुहस ॥
वनुनि लोंग लोलु सुतिन क्यथु दिमस तीर ।
गोंछुम आसुन युथुय नेंचुवाह् बलावीर ॥
तुलुन तरकस तु तस कुन बीम होवुन ।
मोंखस तसुन्दिस प्यठ कर तीर त्रोवुन ॥
कोंडुन कश तरकशस सीनस दितुन चाक ।
दपान प्रुछुहस गंछिथ कति आख कस ज़ाख ॥ २५ ॥
वनुनि लोंग यि छु बालुक दीवता रूफ ।
प्रज़लवुन गटु कुठिस मंज़बाग ज़न दूफ ॥
प्रबातुक सिरियि ज़न प्रज़लन प्रज़ाये ।
करन गटु दूर परन ओम नमः शिवाये ॥
यियम कर अथि अथन वुछिहस बु अछर ।
लबन लब लागुहस क्या सनु लबन कर ॥
ह्यमन वौन्दि मंज़ खौनि मंज़ आपुरस शीर ।
करिथ वालिज वंछ हावस दिलुक्य सीर ॥
अनन छ्वारिथ थवन मंज़बाग अतरस ।
जिगर पारस जिगर दीबाचि वथरस ॥ ३० ॥

(बालक) को गले से लगाकर इस पर प्रेम बरसाऊँ और इसके दोनों गालों को चूम लूँ । (हनुमान प्रेमार्द्र होकर कहने लगा—) भला ऐसे वीर पर कैसे तीर चलाऊँ । काश ! मेरा भी ऐसी ही बलवीर पुत्र होता । उसने तरकश सम्भाला और मात्र भय दिखाने की गर्ज़ से उस बालक के मुख पर तीर चलाने की कोशिश की । तभी उसने तरकश को दूर फेंक दिया और सीना चाक कर डाला । मन में आया कि उससे पूछे कि तू कहाँ से आया है और किससे जन्मा है ? २५ (तभी आकाशवाणी हुई कि) यह बालक देवतास्वरूप है और अन्धकार के बीच में दीप की तरह प्रज्वलित हो रहा है । प्रभात के सूर्य की तरह यह प्रज्वलित होता है और नित्य ओम नमः शिवाय पढ़ता हुआ अँधियारे को दूर करता है । (हनुमान सोचने लगा—) काश, यह मेरे हाथों में पड़ता ताकि इसकी बाहों पर खुदे अक्षरों को मैं देख लेता ! जाने मैं इसे पा सकूँगा भी या नहीं ? (यह मेरे पास आ जाता तो) गोदी में झुलाकर इसे दूध पिलाता और अपने दिल को खोलकर इस पर सारे रहस्य प्रकट कर देता । इसे अपने दिल में बिठा लेता और इस जिगर के टुकड़े पर अपना दिलोजान निछावर कर देता । ३० इसे

रंटिथ निमुहन तु वुछिहस लोलु माये ।
यि करिना ग्राय लगुहस पोंत छाये ॥
अमा क्याह करुह यि दूफ गोंछ नु छ्यतु गछुन ।
यि गोंछ वोंन्य रामुचंन्दुरुन नाव यछुन ॥
यि लोलुच रेंह स्यठा प्रसन्द छि थावन ।
करन रुसवा यि खलकत ह्यस नु थावन ॥
वुछिव वोंन्य लोलु नार कोताह तुलन जोश ।
करन सूर शेंसतुरस थावन नु केंह होश ॥
वोंन्दस वशये तमिस यी गव प्रयूज़न ।
योंदुक हीथा करिथ तनि लागुहस तन ॥ ३५ ॥
वोंनुन यी जन्मु त्यागस प्यठ लंज़ुन लथ ।
शिकारा ह्युव सु लार्यव शमुअस पथ ॥
खंटुन पोंपूर्य तन ड्यूठुन सु शमह ।
वतन छुस सोंत पथ कर फेरि दमाह ॥
गोंडन्य छुस वरनु आश्रम पान तारुन ।
पतो छुस रामु चंन्दुरुन रूफ छारुन ॥

पकड़कर इस पर अपना स्नेह बरसाता और इसका प्रेम देखता । यह जब प्रेममग्न होकर केलि करता तो इसकी छवि पर बलिहारी जाता । पर क्या करूँ ! कहीं यह दीप बुझ न जाए । काश, रामचन्द्रजी के नाम के प्रति इसकी प्रीति बढ़ जाती ! प्रेम की अग्नि व्यक्ति को प्रसन्न भी करती है और कर्त्तव्य से हटाकर कभी-कभी रुसवा भी कर देती है । देखिए, इस (वात्सल्य) प्रेम की अग्नि ने कितना जोश (तूफ़ान) पैदा किया कि लोहा तक राख हो गया और उस (हनुमान) के होश उड़ गए । दिल (के जज़्बातों) से वशीभूत होकर उस (हनुमान) ने सोचा कि (अब) युद्ध के बहाने से ही उसके तन से अपने तन को मिला सकता हूँ । ३५ उसने कहा कि वह (वीर बालक) जन्म-त्याग के लिए अड़ा हुआ है, अतः अपने शिकार पर टूट पड़ा जैसे शमा पर शलभ (पतगा)। जब उसने उस (बालक का) शमा रूपी तन देखा तो शलभ (हनुमान) पीछे हटने को हुआ । मगर उस शलभ का वतन वसंत है, अतः वह भला पीछे कहाँ हट सकता था ? पहले तो उसे उत्तरदायित्व से मुक्त होना है और दूसरा रामचन्द्रजी के रूप को ढूँढ़ना (देखना) है । वह (बालवीर) हनुमान को निशाना बनाकर कुशल तीरंदाज़ की तरह तीर फेंकने लगा । तब दिलावर (हनुमान) ने (उस बालवीर की वीरता देख) शाबाश ! शाबाश !!

लदुनि लोंग तीर तीर अन्दाज़ि कामिल ।
हनूमानस निशानस प्यठ मुकाबिल ॥
दिलावारन कोरुस शाबाश शाबाश ।
दिला दिलदार बरख़ोरदार तू बाश ॥ ४० ॥

चु लस वीरो करख हो वीरुनी कार ।
बबस माजे तिथिस बंव्यनय नमस्कार ॥
गोंबुर बब पानुवानी माछि खेलन ।
नतुह छुय पोन्य पोनिस सुत्य मेलन ॥
नतुह पानस हनूमान छुय बरन लोल ।
योंदुकि बहानु कासान जिगुरस होल ॥
फुटिथ तदबीर तीर लायिथ कमन्दह ।
फरुक शमशीर गिन्दन शेरे दरिन्दह ॥
सतन दोहन सतन रात्रन कोरुख योंद ।
पथुरि प्यठ प्यव हनूमान गव ज़ख़ुम ज़द ॥ ४५ ॥

दितुस मा लोलु तीरन शानु पथर ।
ज़खम ज़द गव ज़खुम ज़द गव सु अबतर ॥
परुनि लोंग रामु रामह शाद सांपुन ।
दमाह दिथ बेंयि दपन यिसतादु सांपुन ॥

कहा । हे दिलदार ! बरखुरदार !! तू ज़िन्दा रह । ४० हे वीर ! तू चिरायु हो और वीरतापूर्ण कार्य करता रह । तेरे माता-पिता (जिन्होंने तुझ जैसे बालवीर को जन्म दिया है) धन्य हैं, उन्हें मेरा नमस्कार ! (वे दोनों शायद यह नहीं जानते थे कि) पुत्र और पिता आपस में खेल (लड़) रहे हैं और पानी से पानी मिल रहा है । हनुमान प्रेममग्न होकर युद्ध के बहाने उस बालवीर के बार-बार सामने आ रहे थे और अपने जिगर के दर्द को दूर कर रहे थे । जब तरकश से सभी तीर निकल गए तो दोनों ने दरिन्दों की तरह शमशेरों से खेलना (लड़ना) शुरू किया । सात दिनों व सात रातों तक वे युद्ध करते रहे और हनुमान ज़ख़्मी होकर पृथ्वी पर गिर पड़ा । ४५ शायद वात्सल्य के तीर ने उसे नीचे गिरा दिया और वह (जगह-जगह) ज़ख़्मी हो गया । वह राम-राम पढ़ने लगा और (तभी) प्रसन्न (शाद) हो गया तथा कुछ ही देर बाद पुनः खड़ा हो गया । तब वह (उस बालवीर के) पीछे ऐसे भागा जैसे वायु, और उछलकर कहने लगा कि अब मैं इसे पकड़कर मार ही डालूँगा । हनुमान को बहुत गुस्सा

त्युथुय लार्योव युथ छुय वाव लारन ।
वोनुन वोठ दिथ रटन तामथ बु मारन ॥
करुन सख थफ हनूमानस खशुम आव ।
त्युथुय खेलन युथुय नारस सुतिन वाव ॥
अखा दिच्नुस कलस त्रोवुन पथुरि प्यठ ।
कोडुन खंजर कोरुन स्योद यंत्र खंचुस टचठ ॥ ५० ॥

पंजन तल ह्यथ सु बालुक येलि कोरुन गीर ।
वुछिव तस बालुकस कोसु वासुना फीर ॥
त्युथुय वोनुनस मे वाती बब हनूमान ।
सु योद बोज़ी यि कथ मारी हेयी प्रान ॥
सों कथ बूज़िथ हनूमान आछरस गव ।
वोनुन तस वारु वनतम मे यि क्याह गव ॥
च्रे कमि कारुनु वाती बब हनूमान ।
बु नो मारथ तम्युक वन नेबो निशान ॥
चु योदवय पोज़ वनख शरबत बु चावथ ।
कोठिस प्यठ कलु रंटिथ बो ललुनावथ ॥ ५५ ॥

तमिस कति त्रय शिन्याह प्यठु छा फोलन गुल ।
तम्युक दिम नेब अदु मारथ नु बिलकुल ॥

आया और उसने उसे जोर से पकड़कर दबाया। दोनों लड़ने लगे जैसे वायु के साथ अग्नि। (हनुमान ने) उसके सिर पर एक (थप्पड़) जमाया तथा वह नीचे गिर पड़ा और तब वह ख़ंजर निकालकर वार करने लगा। ५० पंजों में जकड़कर जब उस बालक को उसने दबा लिया तब (देखिए) बालक की वासना (प्रकृति) बदल गई और वह बोल पड़ा—हनुमान मेरा पिता है, वह यदि सुनेगा (देखेगा) तो तेरे प्राण हर लेगा। यह बात सुनकर हनुमान आश्चर्य करने लगा और कहने लगा कि यह बात ज़रा फिर कहना। हनुमान किस कारण से (किस प्रकार से) तुम्हारा पिता लगता है? मैं अब तुझे मारूँगा नहीं मगर इस बात का सारा नेबो-निशान बता दे। यदि तू सच कहे तो मैं तुझे शर्बत पिलाऊँगा और गोद में लेकर तुझे झुलाऊँगा। ५५ मगर, उसकी तो कोई त्रिया (पत्नी) ही नहीं है, फिर भला शून्य में गुल थोड़े ही खिल सकते हैं? तू मुझे सारी बात बता दे, फिर मारूँगा नहीं और तुझे अपने पिता से मेल करा दूँगा जो सूर्य की तरह नभ (आकाश) में चमक रहा है। तब उस (बालवीर ने)

दौंयिम दिमय कंरिथ म्युल तस बबस सुत्य ।
सिरियि सुन्द्य पाठ्य युस चमकन नबस सुत्य ॥
दौंपुस तंम्य मौंखतुसर पाठ्य थावतम कन ।
च्रे रोंसतुय कस बु वनु कुस वौंन्य थव्यम कन ॥
ज़न्मु अन्तर यि कैंह बूज़ुम ति बावय ।
मे छम द्रुय चान्य कैंह कर छायि थावय ॥
दपन यैलि हलमुतन लंकायि गोंड नार ।
बलावीरन असर मांरिन बं यकबार ॥ ६० ॥

दंज़िथ लंका वुफिथ आकाश्य वंथिथ गव ।
अरकु होंत ओस शोंकुर बौंनु तस वंसिथ प्यव ॥
समन्दरु आस गाड़ा आस दांरिथ ।
सु अमर्यत ब्यन्द तमि छुन न्यंगुलाविथ ॥
ख़बर कैंह छमनु योंत कोंत आस कस ज़ास ।
लोंगुस शाठन कमन क्रूडन वलुनु आस ॥
स छम माता प्यता हलमुत छु म्योनुय ।
यियम कर सनु कास्यम ज़ूनि ग्रोनुय ॥
महाराजा च्रु वुन्यक्यन थवतु लादन ।
सगर वुज़नावतम प्यमुहख बं पादन ॥ ६५ ॥

मुख़्तसर (संक्षेप) रूप में कहा, ज़रा कान धरिए--अब आप के बिना मैं और किससे अपनी बात कह सकूँगा और कौन मेरी बात पर कान धरेगा। जन्म लेने के अनन्तर जो कुछ मैंने सुना, उसे कह दूँगा। मुझे आपकी क़सम है जो मैं कुछ भी छिपाऊँ। कहते हैं, जब हनुमान ने लंका में आग लगा दी और उस बलवीर ने अनेकों असुरों को एक बार में मार डाला। ६० तो वह लंका को जलता हुआ छोड़ आकाश में उड़ गया। (वह वहुत थक गया था) उसके शरीर से स्वेद-रूपी शुक्राणु नीचे गिर गये। नीचे समुद्र में कोई मछली मुँह खोले थी। वह अमृत-बिन्दु (अणु) वह (मछली) निगल गई। उसके वाद मुझे यह ख़बर नहीं कि मैं यहाँ कैसे आया और किससे जन्मा ? किन घाटों से टकराया और किन विपत्तियों से जूझा। वह हनुमान ही मेरा माता-पिता है। न जाने वह कब आयेगा और मुझ चाँद का ग्रहण दूर करेगा। हे महाराजा ! इस समय मुझ पर ज़रा दया करना। वे (मेरे पिता) जब आएँ तो मुझे जगाना ताकि मैं उनके पादों में गिर जाऊँ। ६५ हे महाराजा ! उनके

महाराजा तिहुंज़ि पुछि छुस परेशान।
ख़बर कॉसु हान छम बब छुस नह डेशान॥
ज़न्मु खंड्यत्र लोंगुस कति अंजदहन मंज़।
हनूमानस च्रु वनतम द्यवु कर्यम संज़॥
वनुनि लोंग युस बबस निशि परह छ्यॉन गव।
वनन क्या व्यथु वावस न्यथु नोंन गव॥
यिमन वहेंक्य फुलय लगि सारि पोशन।
अशोत्र वांतिथ छि रोज़ान अद् गोशन॥
यिवन ज़ेठ पोन्य फेरान नागुरादन।
कतक वांतिथ बतख़ लंट्य गंयि मज़ारन॥ ७०॥

गलन हांर्य तुलुकतुर आशाड़ डेशन।
अलन मांग्य वावुह मूर पोहु ज़ालु खसन॥
बहादुर बेबहा बूज़ुम हनूमान।
मकर दोंज़ छुस बु तसुन्दुय टोठ सन्तान॥
फगन येंलि वोत बेशक तेंलि प्यवन ताफ।
त्रिथुर वांतिथ गल्यम दुशमन त्रल्यम पाफ॥
हनूमानन पोंजुय बूज़ुन यि रोयदाद।
त्रोंटुन जिगर कोंरुन फ़र्यियाद फ़र्यियाद॥

बिना मैं परेशान हूँ। न जाने किस शाप से मैं अपने पिता को नहीं पा रहा हूँ। जन्म खण्डित कर मैं न जाने क्यों इन अजदहाओं (राक्षसों) के बीच में आन पड़ा। आप ज़रा हनुमान से (मेरी स्थिति) कह दें ताकि वे कोई उपाय निकालें। वह आगे कहने लगा—जो अपने पिता से बिछुड़ गया वह मानो ठण्डी वायु के सामने नंगा हो गया हो। ये वैशाख के पुष्प मेरे लिए काँटों के समान दुःखदायी हो रहे हैं। ज्येष्ठ के आने पर झरनों में पानी बहने लगता है तथा कार्तिक के आगमन पर 'बतख लेट्य' (पुष्प-विशेष) मज़ारों के आस-पास खिलते हैं। ७० आषाढ़ के आने पर (पहाड़ों पर जमी) बर्फ़ गल जाती है और माघ में सभी काँपते हैं तथा पौष में वृक्षों से पत्ते गिर जाते हैं। मैंने सुना है कि हनुमान बहुत बहादुर हैं और मैं मकरध्वज उन्हीं की संतान हूँ। फाल्गुन के आ जाने पर बेशक धूप और चैत्र के आने पर मेरा दुश्मन गल जायगा तथा मेरा शाप दूर हो जाएगा। हनुमान को यह सारा वृत्तान्त सच लगा और उसने जिगर फाड़कर फ़रियाद की। उसने (उस बालवीर) की ओर देखा जो नेत्रों से आँसू बहा

वुछन तस कुन नेंतरव ओंश हरन ओस।
नरायेंन्य सारिनुय असि अनि गोंट कोस।। ७५ ।।

कवो आंयीनस दिवान ज़ंगारु दूर्यर।
कवो जहलस दिवान मिलुच्रार दूर्यर।।
वोंनुन तस बालुकस बो छुस हनूमान।
शरन गछ रामु च्रन्दुरस सुत्य गंयी ज़ान।।
तितुय बूज़िथ वंथिथ गव प्योस पादन।
करुन तोंता तु बावुक्य पोश लागन।। ७८ ।।

हनूमानस ज़ांरी करान

करुन तोंता बबस कुन वंनिनु ज़ांरी।
हनूमानो लगय पादन बु पांरी।।

मेँ दर्शनु चानि सुतिन अन्दुकार च्रोंल,
च्रोंलुम मंलच्रार बेंथि राख्युस मनुक गोंल।
गंछिथ न्यरमल वनान च्रेय कुन बं ज़ांरी,
हनूमानो लगय पादन बु पांरी।। १ ।।

रहा था। नारायण ने उन दोनों का अन्धकार दूर कर दिया। ७५
जाने क्यों आईने में ज़ंग दूरी ले आती है! (उसकी बिम्बशक्ति में न्यूनता लाती है!) (वह बालवीर हनुमान का ही प्रतिबिम्ब था मगर जाने क्यों वह उसे पहचान न सका!) और जाने क्यों मैत्री में जहालत (क्रोध) दूरी ले आती है! तब उसने उस बालक से कहा कि मैं ही हनुमान हूँ। अब तू रामचन्द्रजी की शरण में जा क्योंकि उनसे अब तेरा परिचय होनेवाला है। यह सुनते ही वह (बालवीर) उठ खड़ा हुआ और उसके पादों में जा गिरा तथा उस (हनुमान) की पुष्पों से वंदना करने लगा। ७८

हनुमान की वंदना करना

वह अपने पिता की वंदना कर विनती करने लगा—हे हनुमान! आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। आपके दर्शन से मेरा अन्धकार दूर हो गया तथा मेरे मन का राक्षस व कालुष्य (मैल) गल गया। अब मैं निर्मल होकर आपसे विनती करता हूँ—हे हनुमान! आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। १ आपके दर्शन से मेरा दिल शाद हो गया और आपके आने से राक्षसों में तूफ़ान आ गया। मैं सभी पुष्पों को इकट्ठा कर आपके

मेँ दर्शनु चानि सुत्य दिल शाद सांपुन,
यिनह चानि राखिसन तूफ़ान सांपुन।
बु सोम्बरिथ शेरि लागय पोश सारी,
हनूमानो लगय पादन बु पारी ॥ २ ॥

च्रु छुख बलुवीर छुस बो लीन च्रेय कुन,
शरन गोमुत स्यठाह् पनुनिस बबस कुन।
परन प्यमुह रामु च्रन्दुरस आम अवतारी,
हनूमानो लगय पादन बु पारी ॥ ३ ॥

मेँ दर्शनु चानि सुतिन आम प्रकाश,
वुछिथ येति मो च्रलुम आम दोन अछिन गाश।
लगय ना च्ररनु कमुलन पार्‌य पारी,
हनूमानो लगय पादन बु पारी ॥ ४ ॥

महिरावुनस सुत्य जंग

करुनि लंग्य नालुमंत्य ग़म गोसु त्राविख।
मनुक्य हथ होल जिगरुक्य हाल बाविख॥
मोंखस तंम्य बोसु कोरनस गोसु मा छुय।
छलय खोर दोदुह सुतिन लोसु मा छुय॥

शीर्ष पर लगाऊँगा—हे हनुमान ! आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। २ आप बलवीर हैं और मैं आपके प्रति लीन हो गया हूँ। अब मैं अपने पिता की शरण में आ गया हूँ। मैं रामचन्द्रजी को प्रणाम करूँगा जो अवतार धारणकर मेरे यहाँ आए हैं—हे हनुमान ! आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ३ आपके दर्शन से मुझे प्रकाश मिला जिससे मेरा मोह (अन्धकार) दूर हो गया तथा इन दो आँखों में (नई) ज्योति आ गई। आपके चरण-कमलों पर बलिहारी क्यों न जाऊँ—हे हनुमान ! आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ४

महिरावण के साथ जंग

दोनों ग़म व गिला छोड़कर एक-दूसरे के गले लगे और मन का भार व जिगर का हाल (एक दूसरे पर) प्रकट करने लगे। तब उस (हनुमान) ने उसके मुख को चूमकर कहा—अब कोई गिला तो नहीं है तुझे। मैं दूध से तेरे पैर धो डालूँगा। (इसके बाद) हनुमान ने उससे सारा अहवाल

हनूमानन तंमिस अहवाल बोवुन ।
शंथुर रावुन तु महिरावुन छु पावुन ।।
ति वोंबरोवुन वंनिथ ताम डेडि तमि ज्राव ।
कंरुन शादी सोंरुनि लोंग रामुसुन्द नाव ।।
तमी दोंहु रामुच्रन्दरन कोंरनु समवाद ।
सुत्यन तस लंखिमनस हलमुत कोंरुन याद ।। ५ ।।

सु गछ्छिना पादुह क्या सनु वातिना योर ।
सु करिहे पाय कंछाह हाविहे ज़ोर ।।
नतय वोंन्य लंखिमनो यथ क्याह छु चारह ।
दोंनुवय अंस्य गंमुत्य योंति यंच्र अवारह ।।
नतय वोंन्य लंखिमनो कंछा च्रु कर पाय ।
मनुश हुमुनस परोह्यत ब्रोंठ कनि आय ।।
दोंपुस तंम्य तोरुह बगवानो प्रनय क्याह ।
महा यूगीशोंरो वीरो वनय क्याह ।।
यि कंह करुनुय ति करुनुय छुय च्रे पानय ।
मनोशन प्यठ लदन कवु छुख यि हानुय ।। १० ।।

च्रु छुख पानय न्यरन्ज़न बोंड न्यराकार ।
तपन वीदन ज़पन हुन्द सवु आकार ।।

कहा और बताया कि महिरावण उसका शत्रु है जिसे हमें मार गिराना है। यह कहकर वह (हनुमान) ड्योढ़ी के भीतर गुस्सा और शाद होकर रामचन्द्र जी का नाम स्मरण करने लगा। (उधर यज्ञमण्डप के सामने बलि चढ़ाए जाने हेतु राम व लक्ष्मण बैठे हुए थे) आज रामचन्द्रजी कुछ भी संवाद नहीं कर रहे थे (वे चुप थे)। बस (मन-ही-मन) लक्ष्मणजी के साथ हनुमान को याद कर रहे थे। ५ काश! वह (हनुमान) पैदा हो जाता और यहाँ आ जाता व अपने ज़ोर दिखाकर (हमारी मुक्ति का) कोई उपाय निकालता। नहीं तो, हे लक्ष्मण! अब कोई चारा नहीं रहा (कि हम ही कोई उपाय निकालें); हम असहाय हो गए हैं। हे लक्ष्मण! अब तुम ही कोई उपाय निकालो क्योंकि नर-बलि कराने के लिए पुरोहित-गण भी सामने आ गए हैं। इस पर उसने उत्तर दिया--हे भगवन्! आपसे क्या छिपाऊँ। हे योगेश्वर वीर! आपसे क्या कहूँ। जो कुछ भी होना है, वह आपको ही अपने आप करना है। आप मनुष्यों पर उसका भार क्यों लादते हैं? १० आप निरंजन और निराकार हैं तथा कहते हैं वेदों और शास्त्रों के सर्वेसर्वा

छि यिम तफ ज़फ यंगुन्य च्रेय निशि बन्यामुत्य ।
करुम कुशमांड च्रेय निशि छी नन्यामुत्य ।।
यि कमि पुछ्य छुख लुकन प्यठ बोर खारन ।
खोंशी कर आसि हलुमुत यूर्य लारन ।।
तिथय गव अख इशाराह वोत हलुमुत ।
तिमव यामथ सु वुछ तामथ असुन ह्योत ।।
वुछिनि हलुमुत लोंग डीठुन कुनी तन ।
अतीथा हिव्य छि गामुत्य रामु लंखिमन ।। १५ ।।

सु कति सनु प्रंग पलंग कति पासबानी ।
सं कति सनु पादुशाही हुकुमरानी ।।
सु कति सनु जाह व हशमत माल व दवलत ।
सं कति सनु शानु शवकत आंश व अशरत ।।
सिरियि च्रंन्दरस छु कीतन नाल वोलमुत ।
दुबारह जन डन्डक वन मंज़ छु च्रोलमुत ।।
वुछिथ हलुमुत करुनि लोंग त्राहि त्राहे ।
वुछुन येलि गोंट गोमुत सिरियि प्रज़ाये ।।
असुनि लंग्य बाय बारुन्य येलि सु तोंत वोत ।
हनूमान तंहुन्दि दर्शनु पुछ्य गोमुत क्रोंत ।। २० ।।

भी आप ही हैं। ये तप, जप, यज्ञ आदि सब आपसे ही बने हैं। कर्म और कर्मकाण्ड भी आपसे ही निकले हैं। आप भला लोगों पर क्यों भार लादते हैं ? (क्योंकि उन्हें कर्त्ता बनाते हैं, सब कुछ करनेवाले तो आप ही हैं) तभी एक इशारे (एक पल में) हनुमान वहाँ पहुँच गए। उन्होंने (राम-लक्ष्मण ने) जब उसे देखा तो वे मुस्करा दिए। हनुमान उनके विवस्त्र तन को देखने लगा और उसने राम-लक्ष्मण को लाचारी की स्थिति में पाया। १५ वह तख़्त कहाँ, आराम के लिए वह पलंग कहाँ, वह बादशाही कहाँ, वह हुक्मरानी कहाँ, वह मालो-दौलत कहाँ, वह शानो-शौक़त कहाँ और वह ऐशो-इश्रत कहाँ ? सूर्य व चन्द्रमा को जैसे केतु ने घेर लिया हो और जैसे वे दुबारा दण्डक-वन में आ गए हों। हनुमान त्राहि-त्राहि करने लगा, जब उसने प्रज्वलित होते हुए सूर्य को अन्धकार-ग्रस्त देखा। वे दोनों भाई उसे देख मुस्कराने लगे और उधर हनुमान उनके दर्शनों के बिना काफ़ी विकल हो गया था। २० दर्शन पाकर उसने उनके पादों पर अपनी आँखें बिछाईं तथा आँसू बहाकर राम-लक्ष्मण का स्मरण करने लगा।

कौरुन दर्शुन मथुनि लौंग पाद चंशमन ।
हरुनि लौंग ओंश सौंरुनि लौंग रामु लंखिमन ।।
ज़पुक सामानु डीशिथ आछरस गव ।
नमस्काराह करिथ राज़स परन प्यव ।।
शरन सांपुन यौंदस प्यठ कौंडनु इरशाद ।
स्यठाह दिल ख़ौंश सपुन पर सांपुनिस बाद ।।
वुछुन दयतन हुन्दुय अंन्द्य अंन्द्य तिमन गेर ।
स्यठाह ख़ौंश गव यौंदस प्यठ द्राव चूं शेर ।।
तिमन मंज़ शेरि नर ह्युव ग्रज़ुनि लौंग ।
अरुदु रातन नकाराह ज़न वज़ुनि लौंग ।। २५ ।।

पियादह अबदु बंद्य लछि बंद्य सवारह ।
पकन बुतराथ च्रटन तिम संगि खारह ।।
सपुन्य गगराय ऋख तंमिसुन्ज़ बं क्रूदी ।
तमी गगरायि सूतिन दयत मूदी ।।
कौंडुन गौंरज़ह दपन दयतन कौंरुन ख्यय ।
स्यठाह तति मूद्य वाराह ज़खुमज़द गय ।।
जमा सारी सपुन्य राख्यस तु मिमबर ।
सिलाह गंन्ड्य गंन्ड्य हनूमानस बराबर ।।
सियाह रोयह सियाह तन तिम रवन्दह ।
सियाह जामह वंलिथ ज़हरुन्य गज़न्दह ।। ३० ।।

जप (यज्ञ) का सामान देखकर वह आश्चर्य करने लगा और उसने नमस्कार कर राजा (रामचन्द्रजी) को प्रणाम किया । शरण में जाकर उसने युद्ध करने के लिए आदेश प्राप्त किया और उसका दिल ख़ुश हो गया तथा उसके पर (पंख) वायु बन गए । दैत्यों ने उसे चारों ओर से घेर रखा है--यह देखकर वह और भी ख़ुश हुआ तथा युद्ध करने के लिए जैसे शेर की तरह कूद पड़ा । उन (दैत्यों) में वह बबर शेर की तरह गर्जने लगा जैसे अर्द्धरात्रि में नक्कारा बज रहा हो । २५ अरबों, लाखों पैदल व सवार पत्थरों को काटते-तोड़ते हुए भूमि पर चलने लगे । उस (हनुमान) की आवाज़ ही उनके लिए गर्जना-समान थी जिससे वे दैत्य एक-एक करके मरने लगे । उसने अपनी गदा उठाई और दैत्यों का क्षय करके लगा । अनेकों मर गए तथा अनेकों ज़ख़्मी हो गए । तब सभी (प्रधान) राक्षस व दैत्य अस्त्र-शस्त्र बाँध कर हनुमान के सामने जमा हो गए । उनका

तिमन क्याह् मांज्रुह् क्रूलाह् त्युथ ख़यालस ।
पज़िनह् वनुन तिहुन्ज़ नठ आस कालस ।।
तिथ्यन दयतन मनुश क्याह् यिन ख़यालस ।
गंमुत्य आसी अवेज़ान मोयिवालस ।।
दपन तिम दयथ येलि सारी संमिथ आय ।
हनूमान लोंग वनुनि श्री रामु कर पाय ।।
हनूमानस दितुन बल वीरुनुय हुन्द ।
करुनि लोंग पानु वरशुन तीरुनुय हुन्द ।।
यिवन युस ब्रोंठु तस ज़न सुह् चवन रथ ।
यिवन युस पतु तस दारिथ दिवन पथ ।। ३५ ।।
दिवन कंेज्रन कमन्द कंेज्रन दिवन तीर ।
दिवन कंेज्रन ख़न्जर मारन बलावीर ।।
वुछिथ गारथ तिमन दयतन सपुन तेज़ ।
हंज़ीमत ख्यथ सारी गंयि ख़ूनरेज़ ।।
करुनि लंग्य बाज़्यगारी सार्य ब्योंन ब्योंन ।
हनूमान रामचन्द्रस निश कुनुय ज़ोंन ।।
हनूमानन सं येलि वुछ बाज़्य गारी ।
अनुनि लोंग कोह् कोहन तल करिनु सारी ।।

तन स्याह व उनका मुख स्याह था। स्याह वस्त्र पहनकर वे जैसे ज़हर उगल रहे थे। ३० उनके ख़याल में हनुमान एक पिद्दी से बढ़कर न था। सच तो यह है कि काल भी उनसे डरता था। ऐसे दैत्यों को भला इस मनुष्य (हनुमान) से क्या चिंता हो सकती थी? वे सभी वार करने के लिए तैयार हो गए। कहते हैं, जब वे (असाधारण) दैत्य इकट्ठे हो कर (युद्ध करके को) आए तो हनुमान (मन में) राम-कृपा की प्रार्थना करने लगा। तब हनुमान को (असंख्य) वीरों जैसा बल प्राप्त हो गया और वह तीरों की वर्षा करने लगा। जो कोई सामने आता उसका रक्त सिंह की तरह पी जाता और जो कोई पीछे से आता उसको पीछे धकेल देता। ३५ किन्हीं पर कमन्द से प्रहार करता और किन्हीं पर तीर से और किन्हीं पर खंजर से वह बलवीर वार करता। उसका यह (बल) देखकर उन दैत्यों की ग़ैरत तेज़ हो उठी और रीस खाकर वे सब के सब ख़ूँरेज़ी पर उतर आए। सभी अलग-अलग बाज़ीगरी (माया) करने लगे और हनुमान रामचन्द्रजी के सामने अकेले रह गए। हनुमान ने जब उनकी यह बाज़ीगरी (माया) देखी तो वह एक कोह (पर्वत) उठा लाया और

हंज़ीमथ ख्योख अबुदु बंच्य मारु येलि गंय।
हनूमानुनि प्रचंडु आवारुह तिम गंय ॥ ४० ॥

दपन ज़न तुलुकतुरिस प्योख तौंत ताफ।
बंयकसात सारिय गालिन छनु कैंह बाथ ॥
महे रावुनस निशे गंयि कैंह छकन रथ।
हनूमानन लंबुन साथाह फ़रागथ ॥
नखस प्यठ रामुलंखिमन तति तुलिथ न्यून।
महे रावुनस दपन ज़न प्यव छौंकस नून ॥
दज़ुनि लोंग अंगनु कौन्ड तसुन्दिस मोंखस मा।
हनूमानन छुनुस ज़हराह छौंकस मा ॥
तिथुय लारन पतय बौंनु क्रख करन आव।
बौंरुन चाव तस निशि छुय आदमी खाव ॥ ४५ ॥

तिथुय पथ फ्यूर कोंरनस अख इशाराह।
कजे नस लंजि तु कंरिनस पारुह पारह ॥
दौंयिम यिम यिम तंमिस सुतिन रंटिन तिम।
पंजन तल ह्यथ पनुन्य पाठिन च्रंटिन तिम ॥
पकन रतु कौंलु दपन बेदाद सांपुन।
वनुनि लंग्य राखिसन तूफ़ान सांपुन ॥

उस कोह के नीचे सभी को दबा दिया। रीस खाकर (परजय का मुँह देख कर) अरबों दर अरबों (दैत्य) मारे गए और हनुमान के प्रचण्ड बल के आगे वे असहाय हो गए। ४० कहते हैं, उन दैत्यों की काया रूपी बर्फ़ पर जैसे हनुमान के बल की गर्म धूप पड़ी, जिससे वे एक-साथ गलने लगे। कुछ (दैत्य) महिरावण के पास रक्त गिराते हुए चले गए और हनुमान को क्षण भर के लिए फराग़त (फ़ुर्सत) मिल गई (विश्राम के लिए समय मिल गया)। वह राम-लक्ष्मण को कन्धे पर बिठाकर वहाँ से ले गया और (यह समाचार सुनकर) महिरावण के ज़ख्मों पर जैसे नमक छिड़क गया। वह जलभुन उठा और उसका मुख जैसे एक अग्निकुण्ड बन गया, क्योंकि हनुमान ने उसके ज़ख्मों पर ज़हर गिराया था। तभी वह ज़ोर से चिल्लाता हुआ उनके पीछे दौड़ा और (अपने शिकार को देखकर) चाव भरने लगा, प्रसन्न होने लगा। ४५ मगर तभी (हनुमान ने) पीछे मुड़कर एक क्षण में उसको पकड़कर उसके अंग-अंग उखाड़कर तोड़ डाले। दूसरे जो उसके साथ थे उनको भी पकड़ लिया और पंजों के नीचे ज़कड़कर धागे की तरह

बलावीर रामुचंन्दरन वुछ हनूमान।
थ्यकुनि लोंग लंखिमनस कुन वोंनुन असान॥
च़ वुछ लंखिमनु कम गंयि वीरुनी कार।
दोंपुस लंखिमन जुवन छुख पानु अवतार॥ ५० ॥

महाराजा च़ें निश कतरह लबव न।
समन्दर चांनिसुय अन्तर लबव न॥
यि केंह करुनुय ति पानस पानु मा छुय।
बलावीर हलमतुय बहानु मा छुय॥
ग़रज़ येंलि शथुर नाशस गव यि समान्त।
खंसिथ पातालु हलुमुत आव बंयकसात॥
मकानस प्यठ थंविन तंम्य रामु लंखिमन।
असन खेलन गिन्दन तोंत वोत वेंबीशन॥
संमिथ सांरी त्रुज़गतुक्य दीवताह आय।
निशे तस रामुचंन्दरस दर्शनस च़ाय॥ ५५ ॥

कंरिथ दर्शुन सपुन हलुमुत सरफ़राज़।
मुबारकबाद छुवु बंयि क्यथु लोंबुवु तार॥
अन्यख तस पेशकंशी पोशि मालह।
छुनेहस नांल्य गंजेहस वांल्य च़ालह॥

उन्हें काट डाला। रक्त की नदियाँ बहने लगीं और सभी कहने लगे कि राक्षसों के ऊपर तूफ़ान आ गया है। हनुमान की बल-वीरता देख रामचन्द्रजी लक्ष्मणजी से मुस्कराते हुए बड़ाई करने लगे—हे लक्ष्मण! देखो, ऐसे होते हैं वीरों के कार्य! तब लक्ष्मण ने कहा—आप स्वयं अवतार हैं। मैं क्या जानूँ। ५० हे महाराज! आपसे न क़तरा अलग है और न समुद्र ही। जो कुछ भी होना है, वह आप ही करवाते हैं। यह बलवीर हनुमान तो बहाना-मात्र है। ग़र्ज़ यह कि जब शत्रु (महिरावण) का अंत हो गया तो हनुमान (राम-लक्ष्मण को लेकर) पाताल से एकदम ऊपर आ गया। एक मकान (स्थान) पर राम-लक्ष्मण को रखा और तभी वहाँ पर विभीषण हँसते-खेलते पहुँच गए। त्रिजगत् के देवता मिलकर वहाँ आ गए और रामचन्द्रजी के दर्शन करने लगे। ५५ सभी का दर्शन कर हनुमान का उत्साह बढ़ गया और उसे सभी मुबारिकबाद देने लगे, क्योंकि उसी की वजह से राम-लक्ष्बण को निस्तार मिला था। उसके लिए पुष्पमालाएँ लाई गईं और उसके गले में डाली गईं तथा कानों

यिवन यिम तिम करन मंन्ज़िल मुबारक ।
मुबारक सद मुबारक सद मुबारक ।।
वनुनि लोंग दीवताहन कुन वेंबीशन ।
नेंथुर छुवुह हलुमतुन अख रामु लंखिमन ।।
योंदस शेरि गरां नेरान हनूमान ।
लोंकुट आंसिथ मुकटु शेरान हनूमान ।। ६० ।।

बरुगि सबज़ा वरुन ह्यथ हलुमुतस आव ।
लंदुर यथ छी वनान पोंज़ बोज़ कन थाव ।।
ति येंलि बूज़ हलुमुतन होवुन निशानह ।
तुजिन कंन्य तान्य फुटरुन दानु दानह ।।
वुछुन पतु ब्रोंठु सोरुय क्या यि रोंयदाद ।
ति फीरिथ राज़ु वरुनन कोंर नु समवाद ।।
दिलस टकराह लोंगुम बावुम यि अन्तर ।
अन्यामय पेशकंशी वांलिज हुन्द हर ।।
करन ज़ांरी वनुनि लोंग तस यि हलुमुत ।
मनस गोम रामु रामह आसि मा युत ।। ६५ ।।

तवय फुटरुम तु बंर्य बंर्य ग्युतमु पथर ।
चें क्या छुय ग़म ख्यवन छुख क्याज़ि ख़तर ।।

में कुण्डल पहनाए गए । जो-जो भी वहाँ आता, मंज़िल को (सकुशल) पार कराने के लिए (हनुमान को) सौ-सौ बार मुबारिकबाद देता । तब (पधारे हुए) देवताओं की ओर (देखकर) विभीषण कहने लगा—हनुमान राम व लक्ष्मण की आँखों का तारा है । युद्ध में वह शेर की तरह गर्जता हुआ निकलता है तथा सब से छोटा होते हुए भी मुकुट धारण करने के योग्य है । ६० तब बहुमूल्य मोतियों की माला लेकर वरुण हनुमान के पास आया और इसकी श्रेष्ठता का बखान करने लगा । जब हनुमान ने यह सब सुना तो निशाना साधकर एक पत्थर से उसे खण्ड-खण्डकर दिया; उन टुकड़ों को उसने आगे-पीछे हर ओर से देखा । राजा वरुण ने यह देखकर कहा—इस कृत्य से मेरे दिल को ठेस लगी है । तुमने ऐसा क्यों किया ? जरा इसका रहस्य तो बताना । मैं तो तुम्हारे लिए दिल से यह सौग़ात (पेशकश) लाया था । तब हनुमान विनम्रतापूर्वक कहने लगा—-मेरे मन में यह विचार आया कि इन (मोतियों) में शायद राम-राम निहित हो । ६५ इसीलिए इस(माला)को तोड़ा और पृथ्वी पर पटक दिया ।

महावरनस लंजिस र्‌यय ज़न हौंखिथ गव ।
शरीरस छा लेंखिथ समवाद ती गव ।।
हनूमानन ति बूज़िथ कोड़नु जामुह ।
तुलुन थोंद पोस होवुन रामु रामह ।।
ति येंलि वुछ सारिवुय शरमन्दु सांपुन्य ।
पद्यन तसुन्द्यन तल बोसह हेंतिख दिन्य ।।
संमिथ तसुन्द्यन पद्यन तल आयि यकजा ।
सौंरुनि लंग्य रामु लंखिमन कंरुख लीला ।। ७० ।।

लीला

हलुमतु बलुवीरु च़ुय बागिवानो ।
रामु लंखिमन पानु नारानो ।।
ब्रह्मा वरुन लौंदरु गन मरुत गन,
सारी बावु किन्य छी च़े छारान ।
सारुगी तौंता गीत गावानो,
रामुलंखिमन पानु नारानो ।। १ ।।
दय लयि यियि असि रावुन गछि नाश,
दास छी चान्य मतु करतु लतुवास ।

आप भला क्यों ग़मग़ीन हो रहे हैं और क्यों बिगड़ रहे हैं ? इस पर महावरुण जलभुन कर जैसे सूख गए और (व्यंग्यपूर्ण वाणी में) कहा--तेरे शरीर पर उसका नाम लिखा हो तो मानें ! यह सुनते ही हनुमान ने वस्त्र हटाकर अपनी खाल (पोस्त) को उधेड़ा और राम-राम दिखाया । सभी ने जब यह (हृदय) देखा तो वे शरमिन्दा हो गए और उस (हनुमान) के तलवों को चूसने लगे । सभी मिलकर उसके पादों के क़रीब आ गए और राम-लक्ष्मण का स्मरण कर उसकी वंदना करने लगे । ७०

भजन

हे हनुमान ! हे बलवीर ! आप भाग्यवान् हैं तथा राम-लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं । ब्रह्मा, रुद्रगण, मरुतगण सभी भावमग्न होकर आपको ही ढूँढ रहे हैं और सभी आपकी स्तुति के गीत गा रहे हैं—राम-लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं । १ दैव की जब अनुकम्पा होगी तब रावण का नाश हो जायगा । हम आपके दास हैं, आप हम से रूठना नहीं और हमारे हृदयों

हृदयस म्यांनिस मंज़ दितु थानो,
रामु लंखिमन पानु नारानो ॥ २ ॥
वोंपनीशिदनुय मंज़ छुख च्रु सार,
अनुग्रहु पनुने कास अन्दुकार।
यिहुन्दि सोंरूपुह सुत्य दीश प्रज़ुलानो,
रामु लंखिमन पानु नारानो ॥ ३ ॥
दासस गंयि दास रेंश तु बेंयि स्यद तु साद,
अन्थस चांनिस छिनु लबान आद।
द्यानु दारुनायि प्रानु च्रेंय सोंरानो,
रामु लंखिमन पानु नारानो ॥ ४ ॥
दीवु रूपु जीवुज़ात कंरुथ वोंतपत,
नष्ट कंरुथ ओसुख च्रुय पतुवथ।
अन्तर ज़ीवु दीवु छुख सादानो,
रामु लंखिमन पानु नारानो ॥ ५ ॥
बोंड छुख तु दरमस कुन असि वथ हाव,
महा बयि समसारुह निशि मोंकुलाव।
आरुत्यन आंरच्रर छुख च्रु कासानो,
रामु लंखिमन पानु नारानो ॥ ६ ॥
बावुह सुत्य चावुह सुत्य आव वेंबीशन,
शेरस लोगुमुत छु रामु लंखिमन।

में निवास करना—राम-लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं। २ उपनिषदों के आप सार हैं। अपने अनुग्रह से आप हमारा अन्धकार दूर करना। आपके स्वरूप से ही देश-देशान्तर प्रज्वलित होते हैं—राम-लक्ष्मण स्वयं नारायण [illegible]। ३ कितनें ही दासों के दास, ऋषि, सिद्ध व साधु आपके आदि व [illegible]त का रहस्य न पा सके। ध्यान, धारणा व प्राणों से हम आपको [illegible]ण कर रहे हैं—राम-लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं— ४ दैवरूप में आप [illegible]ों की उत्पत्ति करते हैं और आप ही अनादि काल से उन्हें नष्ट भी [illegible]ी आ रहे हैं। जीव के अन्तर्मन को आप ही सुलाते या जगाते हैं—[illegible]म-लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं। ५ आप महान् हैं, हमें धर्म की ओर [illegible]वृत्त करें तथा संसार के महाभय से मुक्त कराएँ। आप याचकों का तव [illegible]-दर्द दूर करनेवाले हैं—राम-लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं। ६ विभीषण प्रकट [illegible]न होकर आपके पास आया है। उसने राम-लक्ष्मण को शिरोधार्य

हृटिके रतु सुत्य गोंड़ दिवानो,
रामु लंखिमन पानु नारानो ।। ७ ।।

दय यॆलि यॆलि यियि सांपुनि शंतरुनाश,
सिरियि खोंत पृथ्वी प्यव प्रकाश ।
आयि ग्रायि मारान द्रायि थॆकानो,
रामु लंखिमन पानु नारानो ।। ८ ।।

च्रुय छुख आकार च्रुय छुख न्यराकार,
च्रुय छुख शामु रूपु रामु अवतार ।
च्रुय छुख छायि रॊस्त दुफ चमकानो,
रामु लंखिमन पानु नारानो ।। ९ ।।

ही कंबीरुह, ही वीरुह, ही श्री रामो,
ही यादवुह ही कृष्णु नामो ।
ही मादवु पांछ तोंत च्रु आसानो,
रामु लंखिमन पानु नारानो ।।१०।।

हनूमानन सु बालुक मंगुनोवुन ।
पद्यन प्यठ रामुचन्द्रुरस निशि थोवुन ।।
करुनि बालुक स्यठाह लोंग वीलु तह ज़ार ।
हनूमान लोंग थॆकुनि तस बालुकुन्य कार ।।

कर रखा है । वे अपने गले के रक्त से राम-भक्ति के मूल को सींच रहे हैं—राम-लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं । ७ जब-जब दैव (भगवान्) अवतार लेंगे तब-तब शत्रु का नाश होगा तथा (नव) सूर्य का उदय होकर पृथ्वी पर प्रकाश फैलेगा । सभी (देवतादि) प्रसन्न होकर वहाँ से चल दिए । —राम लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं । ८ (सभी कहने लगे—) आप ही साकार और ही आप निराकार हैं । आप ही श्याम रूप रामावतार हैं । आप ही छाया रहित दीप की तहर चमकनेवाले हैं—राम-लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं— ९ हे कबीर ! हे वीर ! हे श्रीराम ! हे यादव ! हे कृष्ण ! हे माधव ! पाँच तत्व आप ही हैं—राम-लक्ष्मण स्वयं नारायण हैं । १०

(तब) हनुमान ने उस बालक को मँगवाया और उसे रामचन्द्रजी के चरणों के समक्ष नवाया । वह बालक प्रार्थना व विनम्रता के भाव प्रकट करने लगा और हनुमान बालक के कारनामों का बखान करने लगा । सुनकर रामचन्द्रजी बहुत प्रसन्न हुए और उस बालक को देख उनकी आँ

ति बूज़िथ रामुज़ुव वाराह् प्रसन्द गोस ।
वुछुन बालुक वुछिथ तस शानु वौंगन्योस ॥
रटिथ तम्य मौखतु मालाह् नाल्य छुनिनस ।
कनन कनुदूर सौंनुसुन्द्य वाल्य छुनिनस ॥
प्रसन्द गोस महिरावुनुन राज द्युतनस ।
मुकटु गोंडुनस कलस प्यठ ताज थौवुनस ॥ ५ ॥
महिरावुनुन राज तस ठीकुरोवुन ।
पलंगस महिरावुनुनिस बेह् नोवुन ॥
गंलिथ राख्यस गन्दरब वशस अन्दर गंय ।
गरुम बाज़ार दरमुक राज बौविनय ॥ ७ ॥

मंकीशोरुह् सुन्द कुसु

ख़बर बूज़िथ तबर ज़न रावुनस आय ।
स्यठाह् गव आछरस छ़ारुनि लोंग पाय ॥
स्यठाह् लाचार यैलि सौंपुन सु रावुन ।
गंयस यी बौंद दयस ती ओस हावुन ॥
ख्यवान अफ़सोस यंच्र च्रापुनि लौंग ज़्यव ।
मोंठुस क्या वौंन्य च्यतस तस प्यव सदाशिव ॥
स्यठाह् कांप्योव यंच्र तस प्योस तलवास ।
ओंनुन पोसतुक तु गव बर कोहि कोलास ॥

फूल गई। उसके गले में उन्होंने मोतियों की माला डाली तथा कानों में सोने के कुण्डल पहनाए। प्रसन्न होकर उन्होंने उसे महिरावण का राज दिलाया और ताज पहनाकर उसे पलंग पर बिठाया। ५ राक्षस गल गए गन्धर्व वश में आने लगे, तथा इस प्रकार धर्म का बाजार गर्म होने लगा। ७

मक्केश्वर का क़िस्सा

(महिरावण के पतन का) समाचार सुनकर रावण के (पैरों पर) जैसे कुल्हाड़ी गिरी तथा वह आश्चर्य करने लगा और कोई अन्य उपाय ढूंढने लगा। अपनी कुबुद्धि के कारण जब वह रावण बहुत लाचार हो गया तब अफ़सोस (रंज व ग़म) के कारण अपनी जीभ चबाने लगा (विवशता प्रकट करने लगा।) सब कुछ भूलकर उसे सदाशिव की याद आ गई।

शरन सांपुन शिवस वोनुनस बज़ारी ।
परन प्योस पादिकमुलन लोग सु पारी ।। ५ ।।
दोपुन तस रामुचंन्दुरन कोरमु बेदाद ।
दितिन बारव वोदुन फ़रियाद फ़रियाद ।।
परन तल गव महादीवस परन प्योस ।
शरन सांपुन प्रखुट शिव पानु टोठ्योस ।।
मंकीशोर तस दितुन गछ लांकि प्यठ वात ।
थवुन तति रामु जुव वाती नु तोत ज़ात ।।
अमा येति थावुहन तति थोद वोथी नह ।
मुलय तमि जायि अदुह हरक़त करी नह ।।
मंकीशोर सुत्य पानस येलि सु ह्यथ आव ।
वुछिव क्यथु पांठ्य तस नारुद प्रक्रंच्र चाव ।। १० ।।
यि गव छल आव ज़ल तस लोग वुछिनि दूर ।
दोपुन कांछाह गोछुम रटिहम यि ठोकूर ।।
वुछुन बुड ब्रहमुना ड्यूठुन यिवन ताम ।
दोपुन तस कुन रटुम ठोकुर मे ज़ल आम ।।

वह काँपता व छीजता हुआ उठा तथा कैलास पर्वत (कोह) की ओर च[ल]
दिया। शिवजी की शरण में जाकर उसने विनती की और उनके पा[द]
कमलों की वंदना करने लगा। ५ उसने (शिवजी से) कहा—रामचन्द्र [ने]
मुझे क्षुब्ध कर डाला है। उसने रो-रोकर फ़रियाद की और अपना दुखड़[ा]
सुनाया। महादेव को प्रणाम कर उस (रावण) ने उन्हें तुष्ट किया औ[र]
वे प्रसन्न होकर प्रकट हो गए। मक्केश्वर (शिवलिंग का एक स्वरूप)
उसके हवाले कर (महादेव ने) कहा—इसे लेकर लंका लौट जा (युद्ध [में]
यह लिंग तेरी विपत्तियों से रक्षा करेगा)। इसे तू अपने पास र[ख]
रामचन्द्रजी तेरा कुछ भी न कर सकेंगे। मगर हाँ, मार्ग में यदि तू इसे
कहीं धर देगा तो फिर यह (लिंग) वहाँ से उठेगा नहीं—लाख प्रयत्न करने
पर भी हरकत न करेगा (यह बात याद रखना)। जब वह (रावण) उस
मक्केश्वर को लेकर लौटा तो देखिए कैसे नारद ने उसकी दुर्गति बना
दी। १० उसने छल किया और रावण को लघुशंका जाने की आवश्यकता
हुई। वह मन में कहने लगा—काश ! कोई मिल जाता ताकि इस लिंग
को उसे पकड़ाता (क्योंकि यदि इसे नीचे रखता हूँ तो फिर यह वापस
उठेगा नहीं)। तभी उसने एक बूढ़े ब्राह्मण को सामने से गुज़रते हुए देखा।

दॊपुस तंम्य तोरु दानवुह ओरु कनि फेर ।
मे छुम मंन्ज़िल गछुन वाराह गछ्यम च़ेर ॥
दॊपुस तंम्य तोरु रठ यिमु पान नाविथ ।
दॊयिम गंर येलि गछ्यम तॆलि छुन च़ु त्राविथ ॥
रॊटुस तंम्य येलि सु रावुन गव न्यबर द्राव ।
पकुनि लोंग ज़ल तंमिस दंरियाव दंरियाव ॥ १५ ॥

सपुन लाचार रावुन लोंग रिवाने ।
दिच़ुन ऋख ज़ोरुह ज़ल आव कोरु कने ॥
दॊपुस तंम्य ब्रहमुनन वॊन्य सूर वादह ।
थॊवुन ठोकुर मालक इसतादह ॥
वुछिव क्यथु पाठ्य रावुन छ़लुरोवुन ।
मुनीशोर गव मंकीशोर वॊदनि थोवुन ॥
लजाव तस ठोकुरस रावुन वन्दुनि रथ ।
वॊथुम थोंद तंम्य मुलय कंरनस नु हरकत ॥
मंकीशोर सूत्य न्युन सूरुस तमन्ना ।
तसली गोस फीरिथ गव बं लंका ॥ २० ॥

उसने उससे कहा--कृपा कर इस लिंग को थाम लेना। मैं अभी लघुशंका से निवृत्त होकर आता हूँ। उस (बूढ़े) ने उत्तर दिया--रे दानव! अपना रास्ता नाप। मेरी मंजिल बहुत दूर है, अतः मुझे देर हो जायेगी। (तब) उस (रावण) ने पुनः कहा--मैं अभी पल भर में लौटकर आता हूँ। यदि ज़रा भी देर हो जाती है तो तुम इस लिंग को नीचे रख देना। १५ इस पर उस (वृद्ध ब्राह्मण) ने उस (लिंग) को पकड़ लिया और रावण (लघुशंका से निवृत्त होने के लिए) चला गया। रावण का (जल) पेशाब [दर]िया की तरह चलने लगा (समाप्त ही न हुआ) और वह लाचार होकर बड़-बड़ाने लगा। वह चिल्लाया--पेशाब ज़ोरों से चल रहा है (अभी आता हूँ)। इस पर ब्राह्मण ने आवाज़ दी--अब वायदा टूट गया और उसने लिंग को नीचे रख दिया। देखिए, किस तरह से रावण के साथ छल किया गया। मुनीश्वर चला गया और लिंग वहीं पर खड़ा रह गया। रावण उस लिंग पर अपना रक्त वारने लगा मगर वह ज़रा भी न हिला और न हरकत ही की। आखिर, मक्केश्वर को साथ लेने की रावण की तमन्ना (आशा) सूख गई और निराश होकर पुनः (खाली हाथ) लंका की ओर चल दिया। २०

रावनुन हवन करुन

ओनुन छांरिथ शोंकुर ओसुस पनुन गोर ।
दोंपुन तस क्याह करव रूदुमनु कैंह ज़ोर ।।
छुखय गोर म्यान पोंज़ुय वोंनमय पोंज़ुय बोज़ ।
दपुस तंम्य संकलप कंरिथ खंटिथ रोज़ ।।
यि कथ सथ छय सतन दोंहन अंगुन ज़ाल ।
जंपिथ मनथुर हुमुन पोरी नु जांह काल ।।
असा योंदवय यि ज़फ करि कांह अवारह ।
शेंतरु सुन्दि मोंखु तोंलि सांपुनिनु मारह ।।
खंनिन तंम्य संन्य गोंफाह मंज़बाग़ तथ ब्यूठ ।
अंगुन ज़ोलुन तम्युक दुह बांय तस ड्यूठ ।। ५ ।।
गंछिथ तंम्य हलमुतस ह्योंत हाल बावुन ।
च़ु गछ रावुन अंगुनु निशि नांशिरावुन ।।
गंयस लारान अंगुद हलमुत वेंबीशन ।
वुछुख रावुन तपस प्यठ मूदुमुत ज़न ।।
मुलय थोंद वोंथ नु तस असरस दितुख मार ।
करुनि लोंग जफ तपस तसुन्दिस नमस्कार ।।

रावण का हवन करना

तब वह (रावण) अपने गुरु शुक्र को ढूंढ लाया और उससे कहा कि अब मैं क्या करूँ । मेरे ज़ोर अब रहे नहीं । आप मेरे गुरु हैं । सच कह रहा हूँ और इसे सच ही मानिए । (इस पर शुक्र ने कहा—) गुप्त-वास करके आप एक संकल्प (यज्ञ) कीजिए । यह सत्य है कि यदि आप सात दिनों तक अग्नि को होम देकर जाप-मन्त्र करते रहेंगे तो काल आपका कुछ भी नहीं कर सकता। जो कोई मन से इस जाप(यज्ञ)को करेगा उसके शत्रु कभी भी मार नहीं सकेगा । तब उसने एक गहरी गुफा खोदी और उसके बीच में बैठकर अग्नि जलाई जिसका धुआँ उसके भाई (विभीषण) ने देख लिया । ५ वह(तुरन्त)हनुमान के पास गया और उससे सारा हाल समझाकर कहा कि (शीघ्र) जाकर रावण को तप (यज्ञ) से वियुक्त करो । इस पर अंगद, हनुमान और विभीषण भागकर उसके पास गए और उन्होंने रावण को तप में पूर्णतया निमग्न पाया । उसको उन्होंने ख़ूब पीटा मगर वह लाख प्रयत्न करने पर भी वहाँ से हिला नहीं और जाप में लगा रहा । उसके जाप को नमस्कार हो ! तब हनुमान से विभीषण कहने लगा—तू

हनूमानस वनुनि लोंग यी वेंबीशन ।
च़ु गछ़ मन्दूर्दरी सख़्ती स्यठाह् अन ।।
सु गव मन्दूर्दरी ओंनुनस सितेज़ह् ।
दोंपुन तस वुन्य छ़ुनय वालिजि नेज़ह् ।। १० ।।

करुनि लोंग ना सज़ा मन्दूर्दरी कुन ।
गंछ़िथ तमि हाल सोरुय रावुनस वोंन ।।
यिवन छिम पंन्ज़्य तु वान्दर छिम परन फ़ाश ।
च़ोलुम त्राविथ गोबुर वोंन्य छम कंहुंज़ आश ।।
कोरुन फ़रियाद नेतरव़ किन्य होंरुन रथ ।
ति बूज़िथ द्राव रावुन आस गारथ ।।
वोंदुन वाराह् ड्यकस पनुनिस दिच़ुन च़ण्ड ।
दयस ओसुम करुन तपुसुय गंयम खंण्ड ।।
दोंपुस मन्दूर्दरी वोंन्य छुय नु ताक़त ।
दोंह्य वोंनमय च़ें ज़ाँह् बूज़ुथ नु काँह् कथ ।। १५ ।।

दोंपुस तंम्य रावुनन यिम रामु ज़ुव्य मार्‌य ।
तिमव यिय पाप कंरिमुत्य आस्य तिम हार्‌य ।।
ख़बर छय ना नारायन पानु अवतार ।
मुदा छुम मोंखत गछ़ुन यिथ्य छुस करन कार ।।

वह मन्दोदरी के पास गया और उसे जाकर मन्दोदरी पर सख्ती ला। खूब कष्ट देकर कहा कि अब मैं तेरे कलेजे में अभी नेज़ा (भाला) घुसेड़ दूँगा। १० वह मन्दोदरी को खूब परेशान करने लगा जिससे वह रावण के पास गई और उससे सारा हाल कहा--बन्दर और रीछ आ-आकर मेरा अपमान करते हैं। पुत्र भी मुझे छोड़कर चला गया, अब मुझे किस की आशा है। फ़रियाद कर वह नेत्रों से रक्त बहाने लगी। यह सुनकर रावण की ग़ैरत खौल उठी और वह (गुस्से में) बाहर निकल आया। बाद में, वह खूब रोया और माथा पीटकर कहने लगा कि दैव को ऐसा ही करना था तभी तो मेरा तप खंडित हो गया। तब मन्दोदरी ने कहा कि अब आपमें ताक़त नहीं रही। मैं आपको हर बार समझाती रही, मगर आपने मेरी बात कभी न मानी। १५ तब वह रावण कहने लगा--जो-जो रामचन्द्रजी द्वारा मारे गए उन्हें अपने पापों का फल मिल गया। तुमको ख़बर नहीं कि उनके रूप में स्वयं नारायण ने अवतार लिया है। मुझे भी उन्हीं के द्वारा मुक्त होना है, अतः ऐसे-वैसे

सिलाह सोरुय गोंन्डुन सुतिन तंमिस द्राव ।
दज़न तस दिल ग्रज़न सुह ज़न योंदस आव ॥ १८ ॥

लीला

श्री रामुसुन्द नाव युस हेंयि तनु मनु ।
सुय आसि वयकोंठु वांसिये ॥
बगवत माया रंगु रंगु आसुवुन्य,
कासुवुन्य अन्दुकांरियन अन्दुकार ।
सुय युस त्रुजगत आसुवुन आसी,
सुय आसि वयकोंठु वांसिये ॥ १ ॥
बगवान छु पानय अवतार दांरिथ,
असि पांपियन गछि पाप हांरिथ ।
लोलु सुत्य चावान अमर्यतु खांसी,
सुय आसि वयकोंठु वांसिये ॥ २ ॥
मोंख्त गछि बगवानु सुन्दि अथु सुतिन,
कांपुनु गमु मंज़ु क्याह् नेरे ।
आशा चांन्य छम आनन्दु वांसी,
सुय आसि वयकोंठु वांसिये ॥ ३ ॥
नेरुहानु नेरुनस कोंह छुनु चारुह,
क्या सना व्यन्दि ना व्यच्रारुह ।

कार्य कर रहा हूँ । (इसके बाद) उसने अस्त्र-शस्त्र धारण कर लिये और जलते दिल से सिंह की तरह गरजता हुआ युद्ध के लिए निकल पड़ा । १८

भजन

जो श्रीराम का नाम तन-मन से लेगा, वह वैकुण्ठवासी होगा। भगवत् माया अपरंपार है, वह अन्धकार-वासियों का अन्धकार दूर कर देती है। वही त्रिजगत् में व्याप्त है--वह वैकुण्ठवासी होगा । १ भगवान् ने स्वयं अवतार धारण कर लिया है और हम पापियों के पाप अब दूर हो जाएँगे। प्रेम से वे सबको अमृत के प्याले पिलाएँगे--वह वैकुण्ठवासी होगा । २ भगवान् के हाथों से (सब) मुक्त हो जाएँगे, अतः ग़म में कांपने से क्या निकलेगा ? हे आनंदवासी ! मुझ (रावण) को आपकी ही आशा है--वह वैकुण्वासी होगा । ३ मैं (युद्ध करने के लिए) निकलता नहीं, पर

नॆन्दुर छम तु पतु मन छुम वॊदासी,
सुय आसि वयकॊंठु वासिये ।। ४ ।।
लोलु सुतिन चान्य लीला करुहा,
मरुहा नाव चोन गॊडु सॊरुहा ।
युस सॊरि बगवान बागिवान सु आसी,
सुय आसि वयकॊंठु वासिये ।। ५ ।।
वॆबीशन हलुमुतस कुन ओस वनान,
रावुन छु छारान बगवानस ।
अमि तपु निशि प्योस अमिस युथ नासी,
सुय आसि वयकॊंठु वासिये ।। ६ ।।
ताक़त छुमनु कॆंह यॊद करुहानह,
पापव मूजूब तुरु हा नह ।
आपदा पानु तस बगवान कासी,
सुय आसि वयकॊंठु वासिये ।। ७ ।।
ही नारायनु चानि नामु सुमुरनु सुत्य,
मॊख्त गामुत्य वुनि बॆयि गछन कुत्य ।
चानिस दरशनस प्रारान आसी,
सुय आसि वयकॊंठु वासिये ।। ८ ।।
पापु दशि सुतिन मन छुम मे लरज़न,
परज़ुनावान छुसनु कांछाह नॊव ।

मैं नींद में हूँ तथा मन उदास है--इसमें अब कोई चारा नहीं; क्योंकि इन कुविचारों का क्या करूँ । वह वैकुण्ठवासी होगा । ४ मैं प्रेम से आपकी स्तुति करता तथा मरने से पूर्व आपके नाम का स्मरण करता । वास्तव में जो भगवान् का स्मरण करेगा वह भाग्यवान् है--वह वैकुण्ठवासी होगा । ५ विभीषण हनुमान से कहने लगा--रावण अब भगवान् को ढूँढ रहा है । उसे तप (हवन) से निराशा ही हाथ लगी है--वह वैकुण्ठवासी होगा । ६ (रावण कह रहा है--) मुझ में अब युद्ध करने की ताक़त नहीं रही । अपने पापों पर मैं लज्जित हूँ । भगवान् अब स्वयं मेरी आपदाएँ दूर कर देंगे--वह वैकुण्ठवासी होगा । ७ हे नारायण ! आपके नाम का स्मरण करने से कितने ही मुक्त हो गए और कितने ही मुक्त होंगे । मैं आपके दर्शन की प्रतीक्षा कर रहा था--वह वैकुण्ठवासी होगा । ८ पाप के कारण मेरा मन काँप रहा है और मुझे कुछ भी नया नहीं सूझ रहा है । पाप का

पापुक सुतायि हुन्द बहानु आसी,
सुय आसि वयकोंठु वांसिये ।। ९ ।।
'प्रकाशि' पनुनि सुत्य अनिगोट कासतम,
प्रेयमुह सुत्य हावतम गटि मंजु गाश ।
तस क्याह छु यस चोन प्रकाश आसी,
सुय आसि वयकोंठु वांसिये ।।१०।।

वाज़ि हुंज़ सुता मारुन्य

कंरुन जोदूगंरी वुछतव तसुन्द्य कार ।
कंरुन मायायि हुंज़ सुता नमूदार ।।
कनन कनुदूर तनि तस सोंरगु जामह ।
वनेमञु अंछ पोंरुन तमि रामु रामह ।।
पुनिम चन्दरमुह मोंख तस शोलु दीवान ।
अमा दशि रावुनस प्यठ आंस रीवान ।।
लंजुन शेंछ तस वोंदुन वाराह कंडिन केश ।
बदन दोंदुमुत छि हावान छम नु कुनि लेश ।।
रथस खांरिथ अंनिन सांनायि मंज़ बाग ।
ति डीशिथ रामस गव श्रावुनस माग ।। ५ ।।

बहाना सीता बन गई--वह वैकुण्ठवासी होगा। ९ (हे भगवान्) अब अपने प्रकाश से मेरा अन्धकार दूर कर दीजिए और प्रेम से उसमें अपनी ज्योति जलाइए। फिर उसको क्या चिंता है जिसे आपका प्रकाश प्राप्त हो जाय--वह वैकुण्ठवासी होगा। १०

बाज़ीगरी (माया) की सीता को मारना

तब उस (रावण) ने जादूगरी (माया) रचकर करतब दिखाए और एक अन्य सीता को नमूदार किया। उसके कानों में कुण्डल और तन पर स्वर्गिक वस्त्र थे। द्युतिहीन आँखों से वह राम-राम पढ़ने लगी। उसका मुखमण्डल पूनम के चन्द्रमा के समान आलोकित हो रहा था और वह दशरावण पर जैसे रो रही थी। वह खूब रोयी और रो-रोकर उसने अपने केश उखाड़ डाले। उसका बदन जल रहा था और त्राण का कोई उपाय नज़र न आ रहा था। तब रथ पर चढ़ाकर (रावण) उसे सेना के बीच में (घसीटकर) लाया जिसको देख रामचन्द्रजी स्तम्भित रह गए। ५ वह राक्षस (रावण) युद्ध करने पर (पुनः) आमादा हो गया

यौंदस प्यठ आव राख्युस यंत्र गौंमुत शेर ।
तुजिन शमशेर तस त्रोवुन च्रंटिथ शेर ।।
ति याम बूज़ रामुच्रन्दुरन लौंग वनुनि ज़ार ।
वौंदांसी गव तु ह्यौंतनस सांरिसुय नार ।।
दिच्रुन क्रख ज़ोरुह क्याह रोदाद सांपुन ।
यैंमिस सुतायि हुन्द बेदाद सांपुन ।।
असुन्दि बापथ बु फ्यूरुस च्रौंन दैंशायन ।
च्रंटिम मंज़िल तु गरि छ्यनु गोस बायन ।।
ख्यमाकांरी ज़नख राज़ुन्य कौंमांरी ।
मंरिथ गंयि छंर्य मे सांपुन्य तीरु नांरी ।। १० ।।

बु किशकन्दायि यैंलि सपुनुस रवानह ।
हनूमान सूज़ुमस लौंदुमस निशानह ।।
दौंपुन तस रामुजुव यथ जायि यियितन ।
नरुकु मंज़ बाग मौंकुलांविथ मे नियितन ।।
बु क्याह करुह खंच्र सं सौंरगस प्यठ व्यमानस ।
पकन गछु फेरु वौंन्य सांरिस जहानस ।।
वैंबीशन आव कौंरनस ज़ारुह पारह ।
च्रु कवु बापथ सपुनमुत छुख अवारह ।।
बु गछु पानस च्रलन वान्दर किनारन ।
वनन मंज़ वंन्य दिमस प्रथ जायि छारन ।। १५ ।।

और उसने शमशेर उठाकर उस (सीता) के शीर्ष को अलग कर डाला। जब रामचन्द्रजी ने यह देखा तो वे विलाप करने लगे तथा बहुत उदास हो गए। वे ज़ोर से चिल्लाए कि यह क्या हो गया। मेरी सीता का यह क्या हाल हो गया। इस (सीता) के लिए मैं चारों दिशाओं में फिरा। अनेक मंज़िलें पार कीं और यहाँ तक कि अपने भाइयों से भी बिछुड़ गया। हे जनक राजा की कुमारी ! मुझे क्षमा करना। तू मर गई (और मैं देखता ही रह गया), मेरे तीर ख़ाली चले गए। १० मैं जब किष्किन्धा वन से रवाना हुआ था तो मैंने हनुमान को तेरे पास अपनी निशानी देकर भेजा था। तब तूने उससे कहा था कि रामचन्द्रजी जल्दी यहाँ आ जाएँ और मुझे इस नरक से मुक्त करा के ले जाएँ। अब मैं क्या करूँ। तू विमान में बैठकर स्वर्ग चली गई। मैं तो अब सारे जहान में (उदास) डोलूँगा। तब विभीषण आ गए और ख़ूब अनुनय-विनय

लीला

मनु नोम होंस्त गंड़ कांद कर लूबस ।
खंड्ह खंड्ह छांडोन श्री बगवान ।।
पानय ईशर छुख अवतारस,
आकाशि दीवताह छी तोंतान ।
पानय लोंगमुत छुख व्यवहारस,
खंड्ह खंड्ह छांडोन श्री बगवान ।। १ ।।
कुनि बोंद वाति नु यथ दयि कारस,
पानय कामि करुवुन आसान ।
ज़ुव पान वन्दुहा गंगादारस,
खंड्ह खंड्ह छांडोन श्री बगवान ।। २ ।।
यूत छा मूह् ब्रम यथ समसारस,
ग़म त्राव कोनु छुख दम दिवान ।
पम्पोश लागुहय पूज़ि ओमकारस,
खंड्ह खंड्ह छांडोन श्री बगवान ।। ३ ।।

कर उन्हें सांत्वना दी--आप क्यों विचलित हो रहे हैं ? मैं और वानर उसे वनों में तथा हर स्थान पर ढूंढ ही निकालेंगे (आप निश्चित रहें) । १५

भजन

मन-रूपी हाथी को बाँध व लोभ को क़ैदकर हम अपने श्रीभगवान् को प्रत्येक खण्ड (स्थान) में ढूँढेंगे । आपने स्वयं ईश्वर के रूप में अवतार धारण किया है । आकाश में देवतागण आपकी ही स्तुति करते हैं । (ईश्वर होकर भी) आप सांसारिकता (व्यवहार) में लगे हुए हैं--हम अपने श्रीभगवान् को प्रत्येक खण्ड (स्थान) में ढूँढेंगे । १ दैव की गति को सीमित मनुष्य-बुद्धि समझ नहीं सकती है । करना-धरना सब उनको ही होता है (मनुष्य तो बहाना मात्र है) यह जी-जान, हे भगवान् (गंगा-धारी) आप पर निछावर करूँ--हम अपने श्रीभगवान् को प्रत्येक (स्थान) में ढूँढेंगे । २ इस संसार का मोह-भ्रम क्या इतना प्रबल है (जो आप हमारी सुध नहीं ले रहे हैं ?) ग़म छोड़कर आप दम क्यों नहीं भर रहे हैं (हम पर प्रसन्न क्यों नहीं हो रहे हैं) हे ओंकार-स्वरूप ! पूजा में आपको कमल (पंकपुष्प) लगाऊँ--हम अपने श्रीभगवान् को प्रत्येक खण्ड (स्थान) में ढूँढेंगे । ३ सीता बीच गुलज़ार में बैठी हुई है । क्षण-क्षण उसे आपके ही ध्यान का स्मरण हो आता है तथा वह दिन-रात आपको ही मनाने में

सूता छै बिहिथ मंज़ गुलज़ारस,
ख्यनु ख्यनु द्यान चोन मनि सौरान।
द्यन रात लंजमुत्र च्रेय ज़ारुह पारस,
खंडुह खंडुह छांडोन श्री बगवान।। ४ ।।

पछ मु कर रावुनस जोदूगारस,
रंगु रंगु माया छुय हावान।
टंगु आयि अंस्य ति सोज़ुन सु यमु दारस,
खंडुह खंडुह छांडोन श्री बगवान।। ५ ।।

लंडुनस नेर ज़न द्राख शिकारस,
छ़ारुन तु मारुन लायुस कान।
वालुन येंति ज़ालुन नारस,
खंडुह खंडुह छांडोन श्री बगवान।। ६ ।।

प्रकाशि गाश अन मुहु अन्दुकारस,
वथ हावतम सथ व्यच्रारु सान।
न्यथ पूज़ुहथ प्रथ ठोकुर दारस,
खंडुह खंडुह छांडोन श्री बगवान।। ७ ।।

रावुनस सूत्य जंग

ति बूज़िथ वोंथ योंदस लार्योव यकबार।
अंगुद सुगरीव सांपुन छतरुह बरदार।।

लगी हुई है--हम अपने श्रीभगवान् को प्रत्येक खण्ड (स्थान) में ढूँढेंगे। ४ आप इस जादूगर रावण (की शक्ति) का भरोसा न करें। यह तरह-तरह की माया दिखा रहा है। अब हम इससे बहुत तंग आ गए हैं, कृपया इसे यमद्वार भेज दीजिए--हम अपने श्रीभगवान् को प्रत्येक खण्ड (स्थान) में ढूँढेंगे। ५ आप इसके साथ वैसे ही लड़ने के लिए निकलें जैसे आप शिकार खेलने के लिए निकले हों। ढूँढकर इसे तीर द्वारा मार दीजिए ताकि यह जलकर राख हो जाए--हम अपने श्रीभगवान् को प्रत्येक खण्ड (स्थान) में ढूँढेंगे। ६ 'प्रकाशराम' कहते हैं (हे श्रीरामचन्द्रजी!) आप हमारे मोह-रूपी अन्धकार में प्रकाश लाएँ ताकि सुविचारों से हमारा पथ प्रशस्त हो जाए और आपको हर जगह हम पूजते रहें। ७

रावण के साथ जंग

यह सुनकर वे (रामचन्द्रजी) युद्ध करने के लिए तुरन्त उठ खड़े हुए

गोंडुन वसतुर मुकटु शेरस सम्बोलुन ।
कमान ह्यथ वोथ तु असुरन ब्योल गोलुन ॥
वंदुनि लोंग लंखिमन ज़ुव जान पादन ।
तंमिस मोंरुछलु करुनि लोंग गन्दुमादन ॥
हनूमान ज़ोमूवन तिम द्रायि सारी ।
कोंरुख त्युथ योंद कन्यन गव ख़ून जारी ॥
वेंबीशन फ़ोज ह्यथ पोंक वारुह वारह ।
ति डीशिथ रावुनस गंयि पारुह पारह ॥ ५ ॥
मुकाबलु द्राव तस डीशिथ सु पानह ।
वनुनि लोंग तस कडथ वोंन्य तानुह तानह ॥
च़ें पानय पान्य पानस बाज़्य खारुथ ।
च़ु पापी छुख महारथ म्योन होरुथ ॥
करुनि लंग्य योंद अंकिस अख तीर लायन ।
च़लन राख्यस गलन शमशेर वायन ॥
सपुन श्री राम क्रूदी तीर त्रोवुन ।
पथर पोवुन तु प्यठ बुतराच़ सोवुन ॥
ब जलदी मन्दुछि होंत बेंयि थोंद वंथिथ गव ।
सपुन रुसवा स्यठाह च़ापुनि लोंग ज़्यव ॥ १० ॥

और अंगद व सुग्रीव उनके छत्रबरदार (छत्रधारी) बने। वस्त्रादि पहन कर तथा शीर्ष पर मुकुट धारणकर वे हाथों में कमान लिये असुरों का बीज नष्ट करने के लिए चल दिए। लक्ष्मणजी उनके पादों पर जी-जान निछावर करने लगे तथा गन्धमादन (एक बलवीर वानर) मोर-पंख डुलाने लगा। हनुमान, जाम्बवान् आदि सभी निकल पड़े और ऐसा युद्ध हुआ कि पत्थरों से ख़ून निकलना जारी हो गया। विभीषण फ़ौज लेकर धीरे-धीरे आगे बढ़ता गया और उसे देख रावण का जिगर टुकड़े-टुकड़े हो गया। ५ उसे देख वे (श्रीरामचन्द्रजी) स्वयं मुक़ाबला करने को निकले और कहने लगे कि अब इस (रावण) का अंग-अंग समूल उखाड़ना ही होगा। (वे रावण से आगे कहने लगे--) तूने स्वयं अपनी बाज़ी अपने हाथों से गँवा दी। तू पापी है, मेरा कहना तूने टाल दिया। इस प्रकार दोनों युद्ध करने लगे और एक-दूसरे पर तीर फेंकने लगे जिससे राक्षस भाग गए और शमशेर चलाते-चलाते गल गए। तब श्रीराम क्रुद्ध हो गए और उन्होंने एक तीर चलाया जिससे वह (रावण) नीचे गिर गया और पृथ्वी पर लोटने लगा। वह खिसियाकर पुनः जल्दी उठ खड़ा हुआ।

तुलुन असतुर तु वान्दर मारुह सांपुन्य ।
मंरिथ गंयि कैंह तु कैंह आवारुह सांपुन्य ।।
कंरुन यंत्रकाल तामथ ज़ोरवांरी ।
दोंपुन ख्यमुह वेंह असर गंयि मारुह सांरी ।।
कुनुय ज़ोंन यॆलि सु गव गांटन अन्दर काव ।
गंयस हुन्य लांक यिरुवुन्य सांपुनिस नाव ।।
संगुरि प्यठु सिरियि लूसुस अनिगोंट गोस ।
बदन आट्युक अमा फवलाद होंट गोस ।।
तबल वांयिख अराबन प्यठ यॊदस द्राव ।
हरन यंत्र ओंश पकन दंरियाव दंरियाव ।। १५ ।।
समय सोरुय वोंलुन पानस क़बाह ज़न ।
त्रह मोंछि आकाश वोंथ पृथ्वी निशि बोंन ।।
कमां क्रूदुच कमन्द अज़ काम लांजिन ।
सिपर मायायि सुत्य सखती सम्बांजिन ।।
रथाह लूबुक लोंदुन रज़ि प्यठ अहंकार ।
टिकन गव ब्यूठ सूरस तल खंटिथ नार ।।

वह ख़ूब रुस्वा हुआ तथा मारे बेबसी के जीभ चबाने लगा । १० तब उसने अस्त्र उठाये जिससे अनेक वानर मारे गए । कुछ मरे और कुछ ज़ख़्मी हो गए । काफ़ी समय तक (वह) रावण ज़ोरावरी दिखाता रहा (प्रतिकार करता रहा) मगर जब सभी असुर मारे गए तो वह कहने लगा कि अब मैं ज़हर खा लूँगा । जब वह चीलों के बीच में अकेला कौआ रह गया तो उसकी आशाएँ मिट गईं और उसकी जीवन-नैया इधर-उधर भटकने लगी । उसके जीवनरूपी क्षितिज से आशा का सूर्य डूब गया और उसे चारों ओर अन्धकार दिखने लगा । उसका सारा बदन गुँधे आटे की तरह नर्म बन गया, मगर गर्दन उसकी फ़ौलाद की तरह (सख़्त) हो गई । तब नगाड़े बज उठे और रथ पर सवार होकर (आख़िरी बार) युद्ध करने को निकल पड़ा । (मार्ग में) वह आँसू बहाने लगा जिससे दरिया उमड़ पड़े । १५ सभी अस्त्र-शस्त्र लेकर वह गुफ़ा में घुसा और आकाश (ऊपर) से पृथ्वी में वह तीस मुष्टिकाएँ नीचे रहा । वह क्रोध-रूपी कमान को काम में लाने लगा और माया का सिपर सम्हाल कर सख़्ती बरतने लगा। लोभ-रूपी रथ में अहंकार की रस्सियाँ बाँधी और भागकर पृथ्वी के भीतर छिप गया, जैसे राख में चिनगारी । उसने ज़िरह-बख़्तर पहन लिया और पृथ्वी में ख़ंदक बनाकर उसमें छिप गया। उसके रथ को जो कोई भी खींचता,

वोंलुन जबु जामुह रेंश्य खन्दुच दिच्रुन खूद्य ।
रथस यिम लंग्य लमुनि तिम ग़म ख्यवन मूद्य ।।
वदन बुतराथ येंलि बदज़ाथ ड्यूठुन ।
सर्पानुस च्रस दोंपुन बुथ हावु कसकुन ।। २० ।।

पकन येंलि गव वुछुन सारिस जहानस ।
कुनुय रावुन तु प्यतुरुन प्योस पानस ।।
कमां क्रूदुच तुजिन याम लायि हे तीर ।
दपन तामथ अंछिन तस बीठ अंन्दीर्य ।।
ति डीशिथ पंज़्य तु वान्दर आयि लारन ।
सु पंज़्य किन्य रामुच्रंन्दरस ओस छ्रारन ।।
शरन सांपुन्य परन नारायनस पेंय ।
वुछिथ तस राखिसस पानस लंजिस रेंय ।।
वनुनि लंग्य तस छु रावुन वीह दारिथ ।
त्युथुय युथ सारिनुय छुनि न्यंगुलाविथ ।। २५ ।।

महाराजा दया कर छुख नारायन ।
छि अंस्य सार्य वीर गलन च्रंचल मु सांपन ।।
यि मरतबु रावुनन मोंगमुत ति दिख च्रुय ।
यि द्युत मुत छ्युय तंमिस सोरुय ति निख च्रुय ।।

वही ग़म खाकर मर जाता। पृथ्वी ने जब इस बदज़ात (रावण) को अपने भीतर समाया हुआ देखा तो वह रोने लगी; वह दुःखी हो उठी तथा कहने लगी कि अब मैं किसको अपना मुँह दिखाऊँ। २० जब (रामचन्द्रजी) उसको सारे जहान में ढूँढते-ढूँढते वहाँ पहुँचे (जहाँ रावण छिपा था) तो रावण ने उनको देख लिया। क्रोध की कमान उठाकर जैसे ही वह तीर चलाने को हुआ, कहते हैं तभी उसकी आँखों के सामने अन्धेरा छा गया। यह देखकर वानर और रीछ भागते हुए आ गए। वह (रावण) वास्तव में रामचन्द्रजी को ढूँढ रहा था। वह उनकी शरण में गया और उन नारायण को प्रणाम किया। तभी उसका राक्षसी शरीर भेद खोलने लगा जिसे देखकर (वानर व रीछ रामचन्द्रजी से) कहने लगे कि इस रावण ने स्वाँग रचा है और यह हम सबको निगलनेवाला है। २५ हे महाराजा! हम पर दया करिए, आप स्वयं नारायण हैं। हम सब वीर गल रहे हैं, आप (कृपा कर) चंचल न हों। रावण (अपने कर्मलेख में) जो गति माँगकर लाया है उसे वह आपके द्वारा ही प्राप्त होनी है।

समन्दर छुख च़ु अंस्य छी पां बुबर ज़न ।
हवावाह वोंथ च़ु दवा पानु सांपन ॥
टुकन वोंथ रावुनस सुतिन च़ु कर छल ।
नारायनु रछ च़ु असि पनुन्यन परन तल ॥
छु बूगुन यूत क्रेछर छु ताकत ।
नारायनु हाव रुच़रस कुन पनुन्य वथ ॥ ३० ॥
नारायनु गटु कासिथ हावतम गाश ।
नारायनु छुय वनान लीला यि 'प्रकाश' ॥ ३१ ॥

लीला
(सारी छी रामचंन्दरस ज़ारी करान)

नेशकलु नेशकामह ।
बजन कर रामुह रामह ॥
गोंरु सुन्द द्यान सोंरुन,
तंथी प्यठ गछि दरुन ।
ती गव मान करुन,
निरावमान रामु रामह ॥ १ ॥

और जो कुछ आपने उसे दिया है, उसे आप ही उससे ले लेंगे । आप समुद्र हैं और हम पानी के बुदबुदे । आप बवंडर की तरह उठिए तथा हमारी दवा (रक्षा) कीजिए । जल्दी कीजिए और रावण से (आप भी) कोई छल रचिए । हे नारायण ! उठिए और हम सबकी अपने परों तले रक्षा कीजिए । लगता है हमें अभी थोड़ा-सा कठिन समय और देखना है । हे नारायण ! हम सबको अच्छाई का पथ दिखाइये । ३० हे नारायण ! हमारा अन्धकार दूर कर हमें प्रकाश दिखाइए । हे नारायण ! यह भजन आपके लिए 'प्रकाशराम' गा रहा है । ३१

भजन
(सभी का रामचन्द्रजी से विनती करना)

निष्फल और निष्काम भाव से राम-राम का भजन कर गुरु का ध्यान कर तथा उसी पर डटा रह, क्योंकि उसका मान करना निरभिमानी राम का मान करना है । १ गणपति डचोढीवान है और वह भवानी की रक्षा कर रहा है । उससे तू (हे जीव!) परिचय बढ़ा, क्योंकि वही आदि-शक्ति राम हैं । २ अन्दर

गनुपत छु डीडच वानुय,
तस सुत्य थाव च़ु ज़ानुय ।
यॊस छय मांज बवानी,
आदि शखुत्य रामु रामह ।। २ ।।

अंन्दरी अच़ू अन्दर,
तति छुय शिवु मन्दर ।
तंथ्य अन्दर शामुसॊन्दर,
न्यरमल रामु रामह ।। ३ ।।

वॆशनु रूपुह हाव मॆं दरशुन,
शॊबु अमर्यतु वरशुन ।
करुयो पोशि वरशुन,
ख्यनुह ख्यनुह रामु रामह ।। ४ ।।

शान्त गव मनि शमुन,
शॆमि यॆलि छुसनु ब्रमुन ।
वासुनायि निशि हमुन,
हनि हनि रामु रामह ।। ५ ।।

वांनी सथ बवानी,
नंव नंव छय नवानी ।
प्रज़ुनिथ सॊय प्रमानी,
बॊज़ वॆशि रामु रामह ।। ६ ।।

गॊरस मीलिथ बु कुनुय,
तति क्याह रोज़ि ब्यॊनुय ।

से तू और अन्दर चला जा । वहाँ पर तुझे शिवमन्दिर दिखेगा । और वहीं पर निर्मल श्यामसुन्दर राम हैं । ३ हे विष्णु-रूप ! मुझे दर्शन दीजिए । मैं अमृत व पुष्पों की वर्षा प्रतिक्षण राम के ऊपर करता रहूँगा । ४ शांत होने का मतलब है मन का शांत हो जाना । जब मन शांत हो जायेगा तो फिर भरमाएगा नहीं और वासना (कुबुद्धि) से, राम-कृपा से धीरे-धीरे पीछे हट जाएगा । ५ सत्यवाणी द्वारा नित्य नवीन सुखों की प्राप्ति होगी और उसी से परमात्म-सिद्धि, बुद्धि-वेत्ता राम की कृपा से मिल जाएगी । ६ गुरु से मिलकर मैं एक हो गया तथा फिर कोई भेद न रहा और रामचन्द्र के प्रकाश से सत्-स्वरूप प्रत्यक्ष हो गया । ७

सथ सौंरूप द्राव नौंनुय,
सौं प्रकाश रामु रामह ॥ ७ ॥

असथ ज़ानुन यि माया,
माया बेंयि काया ।
ठोंर पनुन कास च्रु छाया,
सौं प्रकाशि रामु रामह ॥ ८ ॥

तीज़ येंलि मेलि तीज़स,
वनतु हान कथ चीज़स ।
दवाह सुय प्रथ मंरीज़स,
वीदुह मोंखु रामु रामह ॥ ९ ॥

ह्यमु गोंरुह ध्यान चोनुय,
सुय में अमर्यथ ज़ोनुय ।
वन्दुयो सोर क्रोनुय,
च्ररुनन रामुह रामह ॥ १० ॥

वेंवीक थव सथ व्यच्रारस,
वातख मूखि दारस ।
मेलुन छु बालुयारस,
नाथु म्यानि रामु रामह ॥ ११ ॥

छुस नु च्रिहन छुय सु आंदी,
न्यर व्यवाद न्यरवोंपांदी ।
मानह तथ ज़ानि सांदी,
सथज़न रामुह रामह ॥ १२ ॥

इस माया को असत्य जान । इस माया को व इस काया को भी । तू (आँख की) फुल्ली को (इस माया को) रामचन्द्र के प्रकाश द्वारा दूर कर । ८ जब तेज से तेज मिल जाता है तो फिर किस चीज की कमी रह जाती है ? वही वेदमुख श्रीराम हर मरीज़ की दवा हैं । ९ हे गुरु ! मैं आपका ध्यान धरूँ । इसमें युझे अमृत प्राप्त होगा । हे राम ! आपके चरणों पर सारा कुटुम्ब निछावर करूँ । १० (रे जीव!) विवेक द्वारा सत्विचारों को जमाकर, तभी मुख्यद्वार (परमसिद्धि) तक (निर्विघ्न रूप से) पहुँच पायेगा और तब तुझे नाथों के नाथ श्रीराम मिल जाएँगे । ११ उनका कोई चिह्न नहीं है, वे आदि हैं । वे निर्विवाद व निरुपाधि हैं । श्रेष्ठ साधु-संतों व

मव गछ मूहु ब्रमस,
लय कर सू हमस ।
सांपुनी ज़्यादुह कमस,
शब्दु ब्रह्मु रामु रामह ।। १३ ।।

तमी वोंनुमय च़ु थव कन,
सतस सुत्य आंशरुन मन ।
सोंनस छत गाल हन हन,
यूगु तलु रामु रामह ।। १४ ।।

ज़ानु खय छुख च़ु सथ बाव,
सतुची कथि कन थाव ।
अपज़िस प्यठ मह वर चाव,
सथ सोंबावुह रामुह रामह ।। १५ ।।

तिछ बोंद कति अंतिरे,
सथ सोंरूप प्रज़ली च़े ।
प्रज़ुनिथ सुय च़ु बंतिरे,
मनु किन्य रामुह रामह ।। १६ ।।

यस नु खसि रामुह रूफुय,
न्यर लीफ न्यर अंलीफुय ।
त्रेया त्युथ अन अंतीथुय,
नामुह रूपुह रामुह रामह ।। १७ ।।

सज्जनों का भी श्रीराम के सम्बंध में यही कहना है । १२ तू मोह के भ्रम में न उलझ तथा सोऽहम् से प्रीति रख, उसी से तेरी विपन्नता सम्पन्नता में बदलेगी । (इस कार्य में) शब्द ब्रह्म रामचन्द्रजी भी तेरे सहायक होंगे । १३ इसीलिए कह रहा हूँ, तू ज़रा कान धर । सत्य के साथ अपने मन को मिला दे तथा योगी रामचन्द्रजी की कृपा से अपनी सोने की (काया को) तपाकर उसका सारा मैल गला दे । १४ यदि (हे जीव !) तू जाने, तो तू जानकार है । सत्य की बात पर ज़रा कान रख और रामचन्द्रजी की भाँति सत्-स्वभावी बनकर असत्य पर रीझ न । १५ वह बुद्धि तुझ में जाने कब आएगी जब सत्स्वरूप तेरे मन में प्रज्वलित हो उठे और रामचन्द्रजी की कृपा से उसे मन में पहचानकर तुझे आत्मज्ञान हो । १६ राम का कोई रूप नहीं है । वे निर्लिप्त व निर्लेप हैं । ऐसे रामचन्द्रजी के स्वरूप को अपने मन में (रे जीव !) तू बिठा । १७ उनका रूप मेरी

नाम रूफ लोंग में दीहस,
काम क्रूद गछि बे ह्यस ।
अमर्यत बनि वेंहस,
लूब गंलिथ रामुह रामह ॥ १८ ॥

मान मो ज़ान अवमान,
सोंय छय देंहस प्यठ हान ।
त्वख छुख पान परज़ान,
बोंज़ अन्दर रामुह रामह ॥ १९ ॥

ज़रुन येंलि गछि जामह,
छिस दिवान लूख पामह ।
छुस नु कुनि आरामह,
नेंशिवुन रामुह रामह ॥ २० ॥

मुरुख मन गछि मारुन,
सथ असथ व्यच्चारुन ।
अब्यासुचि हेरि खारुन,
ज़ेरि ज़ेरि रामुह रामह ॥ २१ ॥

सथ ज़लुह मन छलुन,
सुय गव ब्यन गलुन ।
पोशि बाग़ हेंयि फोंलुन,
समु बावु रामुह रामह ॥ २२ ॥

देह में समा गया जिससे काम-क्रोध अचेत हो गए और रामचन्द्रजी की कृपा से लोभ गल गया व विष अमृत बन गया । १८ मान (अभिमान) को तू अपना न समझ । इसी से तेरी देह नष्ट हो जायेगी । यदि तू प्रबुद्ध है तो रामचन्द्रजी की कृपा से बुद्धि द्वारा अपने आपको पहचान । १९ जब यह तेरी काया जीर्ण हो जायेगी तो लोग (हर कोई) तेरा तिरस्कार करेंगे और तुझे कहीं पर भी आराम नहीं मिलेगा । रामचन्द्रजी द्वारा ही तू पार लग सकता है । २० मूर्ख मन को मारकर सत्य-असत्य का विचार करना चाहिये तथा रामचन्द्रजी की कृपा से उसे अभ्यास की सीढ़ी पर धीरे–धीरे चढ़ाना चाहिये। २१ सज्जल से मन को धोना चाहिये, उससे द्वैतभाव मिट जायगा और (मन में) पुष्पों के बाग़ रामचन्द्रजी की कृपा से लहलहा उठेंगे । २२ तब तेरा पशुभाव दूर हो जायेगा और तेरी पशुवृत्ति गल जायेगी । शिव को तू रामचन्द्रजी की कृपा से सर्वत्र व्याप्त जान । २३

पशि पंश्य फल च्रे च्रली,
पंश्य बाव येंलि गली।
शिव ज़ान थलि थली,
शेंशिकलुह रामुह रामह ॥ २३ ॥

दींह अकि दीह च्रु त्रावख,
पंश्य बावुह पशितावख।
टाठ्यन निशि रावख,
प्रावख रामुह रामह ॥ २४ ॥

मींमता सार त्रावुन,
परम पद प्रखुटावुन।
हृदयि कमल फौंलुनावुन,
सौंयम्बरुह रामुह रामह ॥ २५ ॥

कोताह छस बु दुयन,
ज़नमस कांह मु यियिन।
गाश हो आम लुयन,
सौंप्रकाशि रामुह रामह ॥ २६ ॥

बालुबावुह गिन्दुम हारन,
यावुन ओस दूरि प्रारन।
बुजर आम पतुह लारन,
छेंति केशु रामुह रामह ॥ २७ ॥

युस गव दयि वते,
ज़नुम तंम्य खोर रथे।

एक दिन तुझे यह देह छोड़ देनी होगी और तब तू अपनी पशुवृत्ति पर पछतायेगा तथा प्रियजनों से विमुख होकर रामचन्द्रजी को प्राप्त हो जायेगा। २४ सकल ममता को त्यागना होगा तभी परम-पद प्राप्त हो जायेगा और हृदय में (तेरे) रामचन्द्रजी की कृपा से कमल खिल उठेंगे। २५ (जन्म लेकर) मैं कितना दुःखी हुआ था। मगर रामचन्द्रजी के प्रकाश से मेरा अंग-अंग प्रज्वलित हो उठा (प्रकाशित हो उठा, मैं आनन्द का अनुभव करने लगा)। २६ बचपन मैंने खेलने में बिताया तथा (बाद में) यौवन ने मेरा इन्तिजार किया। इसके बाद बुढ़ापा आया और (रामचन्द्रजी) का स्मरण करो—करते) मेरे केश-श्वेत हो गये। २७ जो ईश्वर-मार्ग पर चला उसने

कालस लोंग नु अथे,
ज्ञरि ज़ीवु रामुह रामह ।। २८ ।।

सुय छुय मूखी दाता,
मोल मांज बन्द तु ब्राता ।
तस रोंस केंह नु बाथा,
रछि वुन रामुह रामह ।। २९ ।।

सोंदामुन कोंम फोंलुय,
त्रुबवन ह्यथ सु ज्रोंलुय ।
तोति तंम्य लोग कोंलुय,
नेंश बोंद रामुह रामह ।। ३० ।।

मनस कर सूरुह सेकल,
आयीनुह गछि न्यरमल ।
वुछुन पानय सु नेंशकल,
नेंशचल रामुह रामह ।। ३१ ।।

पकुन गछि बजि वते,
सोंर थाव गोंरुह कथे ।
रोवुमुत यियि अथे,
पानय रामुह रामह ।। ३२ ।।

युस छटि कमि नेरी,
अब्यासुचि ज़ेरि ज़ेरी ।
रुत फल ह्यथ सु नेरी,
हेंलि हेंलि रामुह रामह ।। ३३ ।।

अपने जन्म को सँवार लिया और काल के मुँह का रामचन्द्रजी की कृपा से वह (जीव) ग्रास न बना । २८ वही मुक्तिदाता हैं, वही माँ, बाप व भ्राता हैं । उनके बिना और कोई बात नहीं है । रामचन्द्रजी ही रक्षाकारी हैं । २९ सुदामा के तण्डुल चुराकर वही तीन भुवनों में भागे और फिर भी कृतज्ञता प्रकट करते रहे । रे निष्बुद्ध ! रामचन्द्रजी की महिमा समझ ! ३० अपने मन को राख से माँज । तब वह (मन) आईने की तरह निर्मल होगा और उसमें तुझे स्वयं निष्कल व निश्चल रामचन्द्रजी दिख जायेंगे । ३१ सदैव श्रेष्ठ पथ पर चलना चाहिये और गुरु के कथन पर ध्यान देना चाहिये जिससे तेरा खोया हुआ रामचन्द्रजी की कृपा से प्राप्त हो जायेगा । ३२ जो सांसारिक झंझटों से निकलकर अभ्यास द्वारा

तस क्याह करि करुम,
ज़ोन यॆम्य सूर ज़नम ।
मांनिथ ती मॆ वॊनुम,
साख्यात रामुह रामह ।। ३४ ।।

मो गछ बांबुरे,
कालु बयि तन हरे ।
दीह नाव क्यथु दरे,
गण्डुह रंज़ रामुह रामह ।। ३५ ।।

दयि लोन यी मॆ ओसुम,
ती नाव कांसि कोसुम ।
ज़ोंक मोंदुर ज़ालुन छुम,
करमु फलु रामुह रामह ।। ३६ ।।

दीह दपान छुमनु अबाव,
मॆय मंज़ सोर प्रबाव ।
पांञ्चन तां लोंगुम नाव,
पांञ्चु ज़नु रामुह रामह ।। ३७ ।।

वासुनायि रंस्य यिमय,
ज़ानान तस छि तिमय ।
यस छु वोंदयुन समय,
तस ति नष्ट रामुह रामह ।। ३८ ।।

धीरे-धीरे मन को साधने लगेगा उसे रामचन्द्रजी की कृपा से विपुल मात्रा में श्रेष्ठ फल की प्राप्ति होगी । ३३ उसे भला भाग्याधीन रहने की क्या ज़रूरत है जिसने अपने जन्म को पहचान लिया हो । इसीलिए मैं तुझसे कह रहा हूँ कि रामचन्द्रजी की साक्षात् कृपा का पात्र बना । ३४ (रे जीव !) तू व्यर्थ जल्दी न कर, इससे तेरा तन सुख न पायेगा और फिर तेरे देह की नाव बिना रामचन्द्रजी की कृपा-रूपी रस्सी द्वारा कैसे बँधी रहेगी ? ३५ जो मेरे (तेरे) भाग्य में लिखा है, वह कोई भी मिटा नहीं सकता । रामचन्द्रजी द्वारा निर्दिष्ट कर्मफल के खट्टे—मीठे अनुभवों को सबको भोगना ही है । ३६ (अहंकर, वश) देह कहती है कि मुझे कोई अभाव नहीं है, मुझमें सब प्रभाव हैं । इसीलिए रामचन्द्रजी की कृपा से मेरा नाम पंचभूत पड़ा । ३७ जो वासना-रहित हैं वही उसको जान सकते हैं । जिनका समय (भाग्य) उदय पर हो वे भी रामचन्द्रजी के इशारे पर

यियि हम त्र्यथ लये,
सुमुरनि चानि दये।
च्रलि ह्यम कालु बये,
ज़नमु ज़नमु रामु रामह ॥ ३९ ॥

गुन्यानुच लय च्रु करि ज़े,
वेंगन्यानु थ्यत च्रु बंर्य ज़े।
मूहु स्यन्दि कोनु तंरिज़े,
वोंटि अकि रामुह रामह ॥ ४० ॥

प्रंयमुचि हांकले,
लयि गछ प्रज़ले।
गलि तति मूहु मले,
त्र्यथ वेंमरशि रामुह रामह ॥ ४१ ॥

शीन ज़न छुस बु गलन,
नोंव नोंव दीह छु फोलन।
कालु बयि तोतु कलन,
बोलुवुन रामुह रामह ॥ ४२ ॥

तस क्याह वेंत्रि वनुन,
येंम्य नु ज़ोन ज़ीव पनुन।
नारुह विज़ि क्रूर खनुन,
मुरखु बोज़ रामुह रामह ॥ ४३ ॥

नष्ट हो सकते हैं। ३८ रामचन्द्रजी का स्मरण करने से तेरे सभी दुःख दूर हो जायेंगे तथा काल के भय से तेरा निवारण होगा, व जन्म-जन्म के लिए तू सुखी हो जायेगा। ३९ ज्ञान से तू प्रीति रख तथा अज्ञान से दूर रह। तब रामचन्द्रजी की कृपा से तू मोह की नदिया को एक ही छलाँग में पार कर जायेगा। ४० यदि तू प्रेम की साँकल को पकड़कर लीन हो जाए तो तेरा (चित्त) प्रज्वलित हो उठेगा और रामचन्द्रजी की कृपा से तेरा चित्त निर्मल होकर मोह का मैल गल जायेगा। ४१ बर्फ़ की तरह मैं गल रहा हूँ पर फिर भी यह देह नित्य नवीन गुल खिलाती रहती है। काल के भय से जो वाणी अवाक् हो जाती है वही रामचन्द्रजी की कृपा से सवाक् हो उठती है। ४२ उपदेश उसे भला क्या करे जिसने अपने जीव (मन) को जाना न हो। रे मूर्ख-बुद्धि ! आग लगने के समय कुआँ खोदने से क्या लाभ ? ४३ रे मन ! तू भला क्यों भरमाया ? तू सत्य के साथ घुला

हा मनु क्याजि ब्रम्योख,
सतस सूत्य कोनु शम्योख।
गौरस पथ कोनु नम्योख,
न्यर अबिमानु रामुह रामह ॥ ४४ ॥

तिम बंखुत्य कति आसन,
नैशकल न्यरवासन।
त्यांगित सूर फासन,
लूब ह्यथ रामुह रामह ॥ ४५ ॥

च्यतु निशि च्यहन वूज़े,
वैमरुश कर बौज़े।
वानी द्रायि पूज़े,
तथ सथ रामुह रामह ॥ ४६ ॥

शब्द द्राव शिनि मंज़य,
यिमु शैछि गौर संजय।
सथ सौरूप सौरसंज़ुय,
ब्यन्दु नादुह रामुह रामह ॥ ४७ ॥

सुतायि आयि बजे,
आपुदायि दूर च्रजे।
असरन लारुह लजे,
दयतन ति रामुह रामह ॥ ४८ ॥

रुत फल बूमि बौवन,
सथ ज़न कोनुह नवन।

क्यों नहीं ? रामकृपा पाकर गुरु के सामने नमन क्यों नहीं किया ? ४४ ऐसे भक्त भला कहाँ मिल सकते हैं जिनका मन शुद्ध और वासना-रहित हो तथा जो रामकृपा से लोभ को त्यागकर संन्यासी बन जायें। ४५ (शुद्ध) चित्त से (शुद्ध) चेतना उपजती है तथा शुद्ध विमर्श से शुद्ध वाणी उदित होती है और फिर तत्सत् का साक्षत्कार हो जाता है। ४६ शून्य में से शब्द निकला, शब्द से गुरु की बात निकली और फिर रामचन्द्रजी की कृपा से (परम शक्ति का) सत् स्वरूप प्रकट हो गया। ४७ सीता चिरायु हो (उसी के कारण) आपदाएँ दूर हो गईं और असुर व दैत्य रामचन्द्रजी की कृपा से भाग गये। ४८ भूमि पर उन्होंने (रामचन्द्रजी ने)

आशरस छुय त्रुबोंवन,
सथ सोंबावुह रामुह रामह ॥ ४९ ॥

मनि मंज़ जाय करय,
अंछिन हुन्दि गाशरय ।
करुयो च़ामरय,
दीपुह दूपुह रामुह रामह ॥ ५० ॥

दरियाव येंलि बन्योम,
सागर तेंलि नन्योम ।
मान अवमान छेन्योम,
हनि हनि रामुह रामह ॥ ५१ ॥

दूपस त्रे तोंथ छि आंसिथ,
च्रोंग ग्यव बेंयि सोंयथ ।
ज़ालुतन तु च्रलि दोंयथ,
गाशि चानि रामुह रामह ॥ ५२ ॥

च्रोंग दिल बंखुत्य रोगन,
सोंयथ परान द्रायि रोशन ।
दूपस रेंह छि तोशन,
गटु कास रामुह रामह ॥ ५३ ॥

जोय वंछ आगरय,
छोंख लोंगुम आरुबलय ।
संगम गोम यारुबलय,
बूल येंलि रामुह रामह ॥ ५४ ॥

श्रेष्ठ फल (बीज) बोये ऐसे सत्स्वभाव वाले सज्जन के समक्ष हर कोई नमन क्यों न करे और त्रिभुवन आश्चर्य क्यों न करे ! ४९ आपको मैं अपनी आँखों में बिठाऊँगा और आँखों की पलकों से चँवर डुलाऊँगा व रामकृपा पाकर धूपदीप जलाऊँगा । ५० दरिया को देखकर मुझे सागर का अनुभव हुआ और मान-अपमान की भावना धीरे-धीरे रामकृपा से लुप्त हो गई । ५१ दीप के तीन अवयव होते हैं—दीप, घी और बाती । (रे जीव!) तू उसे जलाये तो रामकृपा से तुझे प्रकाश की प्राप्ति हो जायेगी । ५२ दिल को तू दीप मान व भक्ति को घी । फिर दीप से जो लौ झूम उठेगी वह रामकृपा से अन्धकार को दूर कर देगी । ५३ हृदय के स्रोत से झरना फूट

योंत यिथ क्याह् में कोंरुम,
दयि नाव कोनु सोंरुम ।
ज़ोनुम नु चूर फोंरुम,
कों वासुनायि रामुह् रामह् ॥ ५५ ॥

कहुवचि नेरि सोंनुय,
सोंन गालुन छु मनुय ।
वस्त बनि शूबुवुनुय,
रम्बुवुन रामुह् रामह् ॥ ५६ ॥

मोंखतु यॆलि जॆरिज़ि सोंनस,
शूबुवुन वस्त बन्यस ।
तिथय पाॅठ्य आत्मु दीहस,
बीदाबीद रामुह् रामह् ॥ ५७ ॥

बीद यॆलि रोज़ि ब्योंनुय,
अंबीद द्राव ब्रह्म कुनुय ।
ब्रह्मु रूप द्राव नोंनुय,
न्यरमायि रामु रामह् ॥ ५८ ॥

समसार क्रूड ज़ालुय,
कॆंच्रन वोंलनु नालुय ।
कॆंह् रूद्य अन्द खोंशहालुय,
बहालि रामुह् रामह् ॥ ५९ ॥

पड़ेगा और सारा शरीर उसमें आप्लावित हो जायेगा और फिर रामकृपा से एक संगम का प्रादुर्भात होगा। ५४ यहाँ (इस संसार में) आकर मैंने कुछ भी न किया। भगवान् के नाम का स्मरण भी नहीं किया। मैं भगवत् नाम से अनभिज्ञ रहा, तभी मैं लुट गया और रामकृपा से मुख मोड़कर कुवासना में उलझ गया। ५५ मन रूपी सोने को गलाकर उसे (विवेक की) कसौटी पर कसना है और तब रामकृपा से एक सुन्दर आभूषण गढ़ा जा सकता है। ५६ सोने पर जब मोती जड़े जायेंगे तो एक सुन्दर आभूषण बन जायेगा। इसी प्रकार रामकृपा से भेद–अभेद मिट जायेगा और मन निर्मल हो जायेगा। ५७ भेद जब मिट जायेगा तो फिर केवल अभेद रूपी ब्रह्म रह जाएँगे और फिर रामकृपा से ब्रह्म का यही रूप स्थायी (प्रत्यक्ष) हो जाएगा। ५८ संसार में आकर कुछ माया के जालों में पूरी तरह से उलझ गए और कुछ रामकृपा से निर्लिप्त रहकर ख़ुशहाल बने रहे। ५९

वुछुम येंलि समदुरुय,
पकुनस कैंह नु ठोंरुय।
शंमिथ आनन्द बोंरुय,
यैंन्दुरियव रामुह रामह ॥ ६० ॥

यूगियन छि करमु कलुय,
सुय छु अमर्‌यतु फलुय।
यूग तस दिथ छु दलुय,
दोंयि प्रानुह रामुह रामह ॥ ६१ ॥

प्रंत्र यैंलि प्योस सोंरस,
शरन गोस सथ गोंरस।
म्यूलुस बु त्ररा त्ररस,
थुलु सुखिमुह रामुह रामह ॥ ६२ ॥

समसार सोंपनुमाया,
पवुनस प्यठ छि काया।
वनुनुच छनुह जाया,
यमुह नेमुह रामुह रामह ॥ ६३ ॥

समसार छुनु दोंरुय,
मव ज़ान मस तु मोंदरुय।
कंम्य तति गरुह कोंरुय,
आदि रोंस रामुह रामह ॥ ६४ ॥

जब मैंने (ध्यान-मग्न होकर) भगवत् कृपा प्राप्त की तो मैं आगे बढ़ता ही गया (ध्यान करता ही गया) और मुझे अपार आनन्द की प्राप्ति हो गई। ६० (परम) योगी कर्म में विश्वास रखता है और उसी से उसे अमृत—फल की प्राप्ति हो जाती है और फिर योग के सहारे व रामकृपा से उसके मन से द्वैतभावना दूर हो जाती है। ६१ जब मुझे प्रत्यक्ष ध्यान हुआ तो मैं सतगुरु की शरण में चला गया और फिर रामकृपा से चराचर के साथ मिल गया। ६२ यह संसार स्वप्न—माया है तथा (मनुष्य की) काया पवन पर आधारित है। (इस सम्बंध में) तो बहुत कहा जा सकता है पर रामकृपा से कहा कुछ भी नहीं जा रहा है। ६३ संसर टिकाऊ नहीं है अतः संसार की खुशियों को अधिक मधुर न समझ। यहाँ कोई भी रामकृपा के बिना सुदृढ़तपूर्वक घर न कर सका। ६४ यह संसार एक भँवर है अतः इससे दूर ही रह। इस भव-सागर से मात्र भक्तिभाव द्वारा व रामकृपा द्वारा पार

समसार आवुलुनुय,
तमि निशि रोज़ ब्योंनुय।
बखति बाव तारुवुनुय,
बवु सरुह रामुह रामह ॥ ६५ ॥

वोंशे त्रावुन ज़हरज़न,
यिथुह क्रोंछ त्रोव सरफन।
दयस कर च्रु पान अरपन,
सातु सातु रामुह रामह ॥ ६६ ॥

रूपु किन्य नाव मनुश प्योम,
नफसुन गोम गुदोम।
क्रूठ ती च्रालुन प्योम,
ज़रुह कूत रामुह रामह ॥ ६७ ॥

व्यच्रारुच क्रय कंरिज़े,
आत्मुच थ्यथ बंरिज़े।
रिन्दय छुख ज़िन्दु मंरिज़े,
ज़िन्दु ज़ान रामुह रामह ॥ ६८ ॥

दीवकी ज़ाख नन्दुन,
ह्योंतनय कलुह वन्दुन।
मोंलुनय छोंत च्रन्दुन,
ड्यकु श्री रामुह रामह ॥ ६९ ॥

उतरा जा सकता है। ६५ (संसार की ख़ुशियों को देख) आहें भरना ज़हर उगलना है जैसे साँप केंचुली बदलता है। तू बस अपने आपको भगवान् को अपर्ण कर। ६६ आकार-प्रकार से मेरा नाम मनुष्य पड़ा और नफ़स (सांसारिक जंजाल) की रस्सी गले में पड़ गई जिसे सहन करना मेरे लिए मुश्किल हो गया है। हे राम! अब मैं इसे और अधिक कितना सह पाऊँगा। ६७ सुविचारों का आधार लेकर तू (हे मनुष्य!) परमात्मा को ढूँढ। यदि तू सहृदय (रिन्द) है तो रामकृपा द्वारा तू (वास्तव में) ज़िन्दा रह पाएगा। ६८ देवकी के यहाँ जब नन्दन-रूप में आपने जन्म लिया तो सभी आप पर बलिहारी हुए। तब शुभ्र चन्दन आपके माथे पर (रामकृपा) से मला गया। ६९ दैव (भगवान्) का नाम सभी स्मरण करें तथा उसे किसी को न सुनाएँ (मिथ्या-प्रदर्शन न करें) तब अमृत पीकर रामकृपा से हर कोई जीव-जाति जी उठेगी। ७० यह गीत भक्त वासुदेव ने कहा है जिसे

दयि नाव सोंरिज़ि रसय,
यिनुह कांह बोज़ि ठसय।
अमुर्यथ च्यथ बु लसय,
ज़ीवु ज़ाथ रामुह रामह ॥ ७० ॥

बंखुत्य वंन्य वासुदीवन,
वेंशनुह पाद मनि सीवन।
अमर गछ़ि नारायन,
सों प्रकाशि रामुह रामह ॥ ७१ ॥

पद्यन प्यठ शेरुह निशि त्रोवुख अमामह।
परुनि लंग्य पं`ज़्य तु वान्दर रामुह रामह ॥
वदुनु सूत्य पान येंलि नोवुख वंनिख ज़ार।
शरन गंयि ईशरस त्रोवुख अहंकार ॥
स्यठाह गोख साविदां मन गोंलखु दुशमन।
शंमिथ बीठ्य वारुह संतूशस दिच्रुख तन ॥
लबख पोंज़ अन्त थावख योंद यि कथ याद।
गली राख्युस तु अदुह सांरुय ज़ली व्याद ॥
कुनी कथ बोज़ मनु गछ़ ईशरस कुन।
परुन अद्‌या सतुच हावी सु दरशुन ॥ ५ ॥

सुनकर मनुष्य को विष्णु-पाद के प्रति भक्ति जागेगी तथा नारायण की कृपा से वह अमर हो जाएगा और रामकृपा से उसे स्व-प्रकाश (आत्मशांति) प्राप्त हो जाएगा। ७१

(तब) सिर से (अपने-अपने) दस्तार उतारकर और उन्हें रामचन्द्रजी के चरणों के सामने रखकर सभी वानर राम-राम पढ़ने लगे। रो-रोकर और दुखड़ा कहते-कहते जब उनका शरीर धुल गया तो स्व-अस्तित्व भूलकर (अहंकार छोड़कर) वे ईश्वर की शरण में चले गए। तदुपरान्त उनका मन प्रसन्न होने लगा और (भयरूपी) दुश्मन गलने लगा। वे (वानर) संतोषवृत्ति का अनुसरण कर एकाग्रचित्त होकर बैठे रहे। सच है, व्यक्ति को तभी परमार्थ की प्राप्ति हो सकती है, तभी उसका (दुष्प्रवृत्ति रूपी) राक्षस गल सकता है और सारी व्याधियाँ मिट सकती हैं यदि वह एक बात याद रखे। (सौ बात की) एक बात यह है कि व्यक्ति उस ईश्वर की शरण में चला जाए और सत्य को न छोड़े। तब वे दर्शन (अवश्य) देंगे। ५ कहते हैं, जब रामचन्द्रजी ने रावण को देखा

दपन यॆलि रामु च्रंन्दुरन ड्यूठ रावुन ।
यिमव युथ वुछ तिमन त्युथ ओस हावुन ।।
वनुनि लॊग वान्दुरन कुन क्याह छु चारुह ।
असुर डीशिथ गछ्न बुतरांत्र पारुह ।।
वंनिव वुनिक्यन कंमिस छिवु रावुनुनी ज़ोर ।
अंनिव तस कलु च्रंटिथ समुयस कंरिव दोर ।।
दपान सार्यन तिमन सांपुन्य ज़बान बन्द ।
हुमुनि लंग्य पान यिथुह अंगनस हुमन कन्द ।।
शरन सांपुन्य परन तिम रामुह रामह ।
छॆ असि चानी दया श्री रामुह रामह ।। १० ।।

लीला

सारी छि रामजियस ज़ारु पारुह करान

च्रॊतुर बोज़ुह वॆशनु रूपुह च्रराचरो ।
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ।।
आदिशक्ति हुन्दे आदिकारो,
यॆमि बवुसरुह मंज़ु असि द्यू तार ।
समसारुह सागरुह मंज़ु छुख सारो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ।। १ ।।

तो उन्होंने उसे वैसा ही पाया जैसा औरों ने देखा था। तब वे वानरों से कहने लगे—अब इसमें कोई चारा नहीं रहा, इस असुर को देख भूमि भी खण्ड-खण्ड होने लगी है। अतः इसका पतन करना आवश्यक है। बोलो, तुम में से किसमें इतने जोर हैं जो रावण को धराशायी कर सके और उसका सिर काटकर काल-विजयी बन जाए। यह कहते-(यह सुनकर) उन सभी (वानरों) की ज़ुबान बन्द हो गई और रामचन्द्रजी के समक्ष अपने-आपको अर्पण करने लगे जैसे हवनाग्नि में घृत, कंद आदि। वे सभी राम-राम पढ़ते हुए रामचन्द्रजी की शरण में गए और कहने लगे हम सब तो बस, आपकी ही दया पर टिके हुए हैं। १०

भजन

सभी का रामचन्द्रजी को अनुनय—विनय करना

हे चतुर्भुज ! विष्णु—रूप ! चर-अचर में निवास करनेवाले! आपकी जय—जयकार हो। १ हे आदि—शक्ति के अधिकारी! इस भवसागर से हमें

पांच प्रान सांन्य छी च्रेय गारानो,
तारान च्रुय छुख नारानो।
शामु रूपुह रामु जुवुह बडि बगवानो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ॥ २ ॥

हलमुत लोंदुर ओस ओंश हारानो,
थारान रावुनुनि अन्दुकारु सुत्य।
दयतन हुन्द योल छुख गालानो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ॥ ३ ॥

यथ ज़गुतस मंज़ छुख च्रु शूबानो,
शूबायि सुत्य छुख च्रु बोंड बगवान।
शोडशी कलायि सुत्य जय बगवानो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ॥ ४ ॥

वुछतन यि समसार प्रानी वांसे,
परज़ुनावान छुनुह कांह कांसे।
यिथि अन्दुकारुह निशि रछ्तु नारानो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ॥ ५ ॥

ब्रह्मा पनुनि पानु मायायि सुती,
कायायि निशि छुनु कांछाह दूर।
माया च्रेय निशि गोंडुह वोंपुदानो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ॥ ६ ॥

पार उतारिए। आप इस सागर-रूपी संसार के सब-कुछ हैं—आपकी जय-जयकार हो। १ हमारी पँच-इन्द्रियाँ आपको ही ढूँढ रही हैं। इस संसार से पार लगानेवाले आप ही हैं। श्याम-रूप रामचन्द्रजी! आप बहुत बड़े भगवान् हैं—आपकी जय-जयकार हो। २ हनुमान और उसके साथी अश्रु बहा रहे हैं और रावण के अन्धकार (प्रकोप) से काँप रहे हैं। दैत्यों का बीज तो आपको ही गलाना है—आपकी जय-जयकार हो। ३ आप इस जगत् में सुशोभित हो रहे हैं और अपनी शोभा से आप बहुत बड़े भगवान् हैं। षोड़श कलाओं से युक्त, हे भगवान्! आपकी जय-जयकार हो। ४ इस संसार की पुरानी रीत देखिए (थोड़ी-सी उन्नति करने पर) कोई किसी को पहचानता भी नहीं है। हे नारायण! ऐसे अन्धकार से हमारी रक्षा कीजिए—आपकी जय-जयकार हो। ५ ब्रह्मा अपनी माया से ही कुछ हैं और सारे जीवों की काया भी इसी (माया) द्वारा क्रियाशील

आपुदा कोनु छुख असि कासानो,
बासान च्रुय छुख हृदुयस मंज़ ।
बासान व्याद वॆगुन छुख कासानो,
आंसिनय च्रॆय सोन जय जयकार ।। ७ ।।

ओमकार शबुद चोन मनि ज़पानो,
ओमुकुय शब्द तारुह तारानो ।
त्रुज़गत दीव छी च्रॆय सुत्य आसानो,
आंसिनय च्रॆय सोन जय जयकार ।। ८ ।।

ही कृष्नु ही रामु ही बारगवरामो,
दॊखु क्रूदु निशि रछतु सुबह शामो ।
चानि नावु सुत्य सोर जगत मॊकुलानो,
आंसिनय च्रॆय सोन जय जयकार ।। ९ ।।

सुगरीव अंगुद छी च्रॆय छारानो,
रावुनुनि मुहु निशि तिम ति थारान ।
अन्दुकारुह निशि छुख बॊन वालानो,
आंसिनय च्रॆय सोन जय जयकार ।। १० ।।

असारुह समुसारु निशि वॊन्य मॊकुलाव,
पनुने अनुग्रह सुतिन वथ हाव ।
कामु क्रूदु लूबु निशि रछु बगुवानो,
आंसिनय च्रॆय सोन जय जयकार ।। ११ ।।

रहती है । यह माया सर्वप्रथम आपके द्वारा ही उत्पन्न की गई—आपकी जय-जयकार हो । ६ हमारी आपदा आप दूर क्यों नहीं कर रहे हैं ? आप तो हमारे हृदय में बसे हुए हैं । अब हमारी व्याधियों और विघ्नों को दूर कर दीजिए—आपकी जय-जयकार हो । ७ आपके ओंकार शब्द से ही पार लगा जा सकता है । त्रिजगत् के देवता आपके ही संग रहते हैं—आपकी जय-जयकार हो । ८ हे कृष्ण ! हे राम ! हे भार्गव-राम! हमारी दुःख व क्रोध से सुबह-शाम रक्षा कीजिए । आपके नाम-मात्र से सकल जगत् मुक्त हो सकता है—आपकी जय-जयकार हो । ९ सुग्रीव और अंगद आपको ही ढूँढ रहे हैं । रावण की मोह माया से वे भी भय खा रहे हैं (काँप रहे हैं) आप अन्धकार से मुक्त करने वाले हैं—आपकी जय-जयकार हो । १० इस असार संसार से अब हमें मुक्ति दिलाइए और अपने अनुग्रह से सत्पथ दिखाइए । काम, क्रोध और लोभ से हमारी रक्षा कीजिए—आपकी जय-जयकार हो । ११

सोरुय ज़गत च्रेय नमुने आमुत,
च्रामुत यथ दौंखु गरुसुय मंज़।
मायायि अन्दुकारु सुत्य छुनु ज़ानानो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ॥ १२ ॥

कात्या आयि कुत्य गंयि पकानो,
कात्या मूद्य कुनि रोज़ुवुन नु कांह।
कात्या दयत चानि अथु मरानो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ॥ १३ ॥

बंखुत्यन यिथु छुख प्रसन्द रोज़ानो,
सोरुय छुख तिमन मंज़ बासान।
प्रेयमु बावु तिम छी च्रेय ज़ानानो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ॥ १४ ॥

प्रकाशि पनुनि छुख गट्टु कासानो,
बासान तिमन छुख मंज़ हृदुयस।
अनि गटि मंज़ छुख गाश हावानो,
आसिनय च्रेय सोन जय जयकार ॥ १५ ॥

श्री राम छु रावुन मारान

दपन येंलि रामु च्रन्दुरन बूज़ लीला।
वोंदुनि वोंथ ह्यथ अथस क्यथ त्रुशीला ॥

सारा जगत् आपको नमन करने आया है। सकल जगवासी अत्यन्त दुःखी हो रहे हैं क्योंकि माया के अन्धकार के कारण उन्हें कुछ भी नहीं सूझ रहा—आपकी जय-जयकार हो। १२ कितने ही (दैत्य) आए और कितने ही चलते बने। कितने ही मरे और कहीं कोई न रहा। अब कितने ही दैत्य और आपके हाथों से मरनेवाले हैं—आपकी जय-जयकार हो। १३ आप अपने भक्तों पर सदैव प्रसन्न रहते हैं और उनमें अपनी प्रति-छाया देखते हैं। वे भी आप में प्रेम-भाव देखते हैं–आपकी जय-जयकार हो। १४ अपने प्रकाश से आप (भक्तों का) अन्धकार दूर कर देते हैं और उनके हृदय में वास करते हैं। घने अन्धकार में आप उन्हें प्रकाश दिखाते हैं—आपकी जय-जयकार हो। १५

श्रीराम का रावण को मारना

कहते हैं, जब रामचन्द्रजी ने यह स्तुति-गीत सुना तो हाथों में एक

पकान गव पानु दयतन लोंग करुनि डास ।
ति येंलि वुछ रावुनन बेंयि ब्रोंठ कुन आस ।।
ज्रटुनि लोंग कलु दंह तस तीरुह सुती ।
तमी तीरु सुत्य अदु कुत्य दयत मूदी ।।
सु कांह्युम कलु ज्रटुनि लोंग तस सु बगवान ।
दपन सुय कलु तस मा ओस गोंनुवान ।।
ज्रंटिथ दहं कलु बेंयि तस गंयि बराबर ।
त्युथुय ओस सामियन द्युतमुन तंमिस वर ।। ५ ।।

प्रबातन न्यथ वोंथान पूज़ाह करान ओस ।
ज्रंटिथ दंह कलु शिवु पूज़ा परान ओस ।।
दोंह अकि पानु शिव जी तस प्रसन्द गव ।
ज्रटुनि लोंग कलु कांह्युम दोंपनस युथुय थव ।।
तमी विज़ि ओस महाकाल तति गोंमुत दूर ।
गंयस व्यसुरिथ बोंद अदुह सांपुनुस सूर ।।
दपन येंलि रामुज्रंन्दुरन वुछ यि अहवाल ।
वनुनि लोंग रावुनस किथु पांठ्य यियसकाल ।।

त्रिशूल लेकर वे उठ खड़े हुए। वे आगे बढ़ते गए और दैत्यों को दलित करते गए। यह हाल जब रावण ने देखा तो वह (प्रतिकार के लिए) सामने आया। तब (रामचन्द्रजी ने) तीरों से उसके दस सिर काट डाले और इन तीरों से और भी कितने दैत्य मर गए। तब वे भगवान् (रामचन्द्रजी) उसका ग्यारहवाँ सिर काटने को प्रस्तुत हुए। कहते हैं, उसका वही सिर गुणवान था। (इतने में) कटे हुए दस सिर पुनः बराबर हो गए--क्योंकि स्वामी (शिव) ने उसे ऐसा ही वर दिया था। ५ वह रावण नित्य प्रभातबेला में जागकर पूजापाठ किया करता था तथा अपने दस सिर काटकर वह शिवपूजा किया करता था। एक दिन स्वयं शिवजी उसपर प्रसन्न हो गए। (उन्हें देखकर) वह ग्यारहवाँ सिर भी काटने को उद्यत हुआ मगर तभी शिवजी ने उसे रोका और इसे यथावत् रखने का आदेश दिया। उस समय महाकाल जाने कहाँ दूर निकल गए थे। अतः (रावण की) बुद्धि चकरा गई और उसका पतन निश्चित हो गया। इधर, रामचन्द्रजी ने जब यह अहवा (हाल) देखा (कि रावण के कटे सिर पुनः जीवित हो जाते हैं) तो वे कहने लगे कि जाने इस रावण का काल कैसे आ सकता ! सभी (वानर आदि) डरकर उनकी (रामचन्द्रजी) की शरण में चले गए और यह देखने को प्रस्तुत हो गए कि अब रावण की क्या दुर्गति होनेवाली है। १०

शरन सांपुन बेयन पुछ्य खूत्र पानुह।
वुछख वोन्य रावुनस क्या गछि वकानुह॥ १०॥
त्रटुनि तस कलु दंह लोंग बेयि दुबारह।
त्रंटिथ ब्योंन ब्योंन त्रांविनस वारह वारह॥
यि कांह्युम कलु त्रटुनि येलि लोंग तमिस यी।
दपान तान रावुनन होवुनस पनुन वीह॥
त्युथुय अदुह आव नारुद गुल्य गंन्डिन तस।
दोपुन तस रामुत्रंन्दुरस बस युतुय बस॥
छु अमुर्यतु नोट अंमिस हृदुयस मंज़बाग।
प्रसन्द रोज़ तीर ह्यथ अंमिसुय अंती ज़ाग॥
नतय शिवु वर छुनह ज़ांह कांसि फेरन।
तमी वरुह कर अंमिस छी प्रान नेरन॥ १५॥
कंरिव तोंह्य द्यान शिवुसुन्द पानु सोंर्य तव।
सलाह ज़ानिव तसुन्द व्रथ पानु वंर्यतव॥
यि कथ बूज़िथ शिवुह मन्थुर परुनि लोंग।
करुनि लोंग ज़फ तु व्रथ तंम्य सुन्द वरुनि लोंग॥
तिथय तस आव शिव जी पानु लारन।
वुछुन बगुवान तंमिसुन्द द्यान दारन॥

तब (रामचन्द्रजी) उस (रावण) के सिरों को दुबारा काटने के लिए प्रस्तुत हुए और उन्हें अलग-अलग काटकर नीचे गिरा दिया। जब उसका ग्यारहवाँ सिर काटने को वे तैयार हुए तो कहते हैं उसी समय रावण ने अपना अत्यन्त विकराल रूप दिखाया। तभी नारदजी हाथ जोड़कर प्रत्यक्ष हो गए और रामचन्द्रजी से कहने लगे—बस कीजिए, बस! इस (रावण) के हृदय के बीच में एक अमृत का घड़ा है। आप प्रसन्न हो जाइए और तीर द्वारा इसी स्थान को भेदने की ताक में रहिए। अन्यथा शिव का वर फिर नहीं सकेगा और उस वर के फलस्वरूप इसके प्राण नहीं निकल सकेंगे। १५ आप भी स्वयं शिव का ध्यान और स्मरण करें और इस उपाय को सार्थक बनाएँ। यह बात सुनकर वे (रामचन्द्रजी) शिव मन्त्र जपने लगे और इस जाप द्वारा उनकी (शिवजी की) अनुकंपा का व्रत साधने लगे। तब शिवजी स्वयं उनके पास भागते हुए आ गए और उन्होंने देखा कि भगवान् (रामचन्द्रजी) ने उनका ध्यान (तन-मन से) धारण कर रखा है। तब प्रणाम करके (शिवजी) नारायण (रामचन्द्रजी) की शरण में चले गए और अत्यन्त ख़ुश होकर वापस जाने के लिए रुख़सत (आज्ञा)

शरन सांपुन परन नारायनस प्यव।
स्यठाह खोंश गव तु बेंयि रोंखसत हेंनि गव॥
तमी विज़ि रावुनस गव नाश पानुह।
करुन ओसुस तु तंम्य कोंरनस बहानुह॥ २०॥
मुकाबलु द्राव तस सुतिन सु पानुह।
वनुनि लोंग तस कडथ बो तानु तानुह॥
च्रे पानय पान्य पानस बार्‍य खारिथ।
च्रु पानय छुख स्यठाह मारिथ तु खारिथ॥
सपुन श्री राम क्रूदी तीर त्रोवुन।
पथर पोवुन तु प्यठ बुतराच्र सोवुन॥
ब जलदी मन्दछिहोंत येंलि थोंद वंथित गव।
स्यठाह रुसवा सपुन च्रापुनि लोंग ज़्यव॥
तुलुन असतुर तु वान्दर मारु सांपुन्य।
मंरिथ गंयि कोंह तु कोंह आवारुह सांपुन्य॥ २५॥
ति डीशिथ रामुजुव वोंथ गोस लारान।
सिपर लाजिन तंमिस लायिनि लोंग कान॥
दया कंर रामु च्रन्दुरन याम तिमन प्यठ।
तिथय वोंथ रावुनस तामथ खंच्रुस नठ॥

माँगने लगे। उस समय रावण का (सचमुच) नाश ही हो गया क्योंकि उसने देखा कि (शिवजी ने) उनके साथ अच्छा बहाना बनाया है। २० इसके बाद रामचन्द्रजी उस (रावण) के साथ मुक़ाबला करने के लिए निकले और कहने लगे–अब तेरी बोटी–बोटी उखाड़ डालूँगा। तूने स्वयं अपने ऊपर इतने पाप चढ़ाए, कितनों को मरवाया और कितनों को ऊपर भिजवाया। क्रुद्ध होकर रामचन्द्रजी ने तीर छोड़ा जिससे वह रावण पृथ्वी पर गिर पड़ा और लोटने लगा। शरमिन्दा होकर वह जल्दी से वापस उठ खड़ा हुआ और रुसवा होकर (जीभ) होंठ चबाने लगा। उसने पुनः अस्त्र सम्भाले जिससे वानरों पर आफ़त आ गई। कुछ तो मर गए और कुछ इधर–उधर भाग गए। २५ यह देखकर रामचन्द्रजी उसके पीछे भागे और निशाना साधकर उसपर तीर छोड़ने को हुए। मगर उसी क्षण रामचन्द्रजी ने उसपर दया की और रावण काँपता हुआ वहाँ से निकल भागा। तब एक बार फिर उन्होंने (रामचन्द्रजी ने) कमान को घुमाया और उस पापी को निशाना बनाकर तीर छोड़ा। सत् विचारों के पथ को प्रतिष्ठित करने के लिए उस (पापी) की गर्दन पर ऐसा तीर मारा

तुजिन क्रूदुच कमान तस रावुनस कुन।
निशानस पापियस प्यठ तीर त्रोवुन॥
व्यचारुच वथ वुछिथ द्युतुनस बंगर्दन।
रतस सुत्य म्यूल त्युथ ह्युव दशिरावुन॥
ब्रह्मह असतरुह सुत्य दंह सर तमिस पेय।
त्रचस वुह नरि श्री रामन लोबुन जय॥ ३०॥

दपन आकाशि प्यठु वोयुख नकारह।
सपुन्य तिम पंज़्य तु वान्दर ज़िन्दु दुबारह॥
तिथिस वीरस बन्यव क्या हालि बे हाल।
नतह छुय गछ्र दयस पथ ज़ुव पनुन गाल॥
वुछिव येलि रामु च्रन्दुरन मोर रावुन।
दपान तामत वोनुन तस लंखिमनस कुन॥
च्रु गछ्र निशि रावुनस तामत वनुस यी।
च्रें मा महाराज केंह अबिलाश ओसुय॥
दपान तामत सु लंखिमन तस निशह गव।
दोपुन तामत बु कस करुह येति आलव॥ ३५॥

तिथय तामत तमिस शेरस खंसिथ गव।
वनुनि लोग गत छि चानी ही सदाशिव॥
दशि रावुनु बु सूज़ुस रामु च्रन्दुरन।
दपूनम गछ्र च्रु रावुनस निश यि कथ वन॥

जिससे वह दशरावण रक्त के साथ मिल गया। ब्रह्मास्त्र द्वारा (उन्होंने) उसके दस सिर गिरा दिए और बीस भुजाएँ काट डालीं और इस प्रकार रामचन्द्रजी को विजयश्री की प्राप्ति हो गई। ३० कहते हैं, तभी आकाश में नक़्क़ारे बज उठे और वे वानर और रीछ वापस जीवित हो गए। देखिए, कैसे उस वीर का हाल बेहाल हो गया। सत्य है, दैव गति के सामने किसी की कुछ नहीं चलती। जब रामचन्द्रजी ने रावण को धराशायी कर दिया तो कहते हैं, उन्होंने लक्ष्मणजी से कहा—तुम रावण के पास जाकर यह पूछ लो कि हे महाराज! आपकी कोई अभिलाषा तो नहीं है? कहते हैं, तब वह लक्ष्मण रावण के पास गया और सोचने लगा कि यहाँ पर किससे क्या पूछूँ। ३५ तथा उस (रावण) के शीर्ष की ओर जाकर खड़ा हो गया। वह (लक्ष्मण) कहने लगा–हे दशरावण! मुझे रामचन्द्रजी ने यह कहने के लिए भेजा है कि रावण से यह बात पूछ कि

त्रे मा महाराज कैंह ओसुय अबिलाश ।
गछ़स शेछ ह्यथ छु क्या सुय पानु आकाश ।।
मुदा त्रेयि लटि यी वोनुनस कनस तल ।
वंनिव महाराज मे गव च़ेर छुम गछ़ुन जल ।।
दपन तंम्य तोरु फीरिथ कैंह नु वोनुनस ।
त्युथुय फीरिथ सु आव निशि रामु च़्रन्दुरस ।। ४० ।।
गंण्डिथ गुल्य तंम्य दोपुन ती रामु च़्रन्दुरस ।
दोपुस तंम्य तोरुह किथु पाठिन त्रे वोनुथस ।।
दोपुस तंम्य तोरुह फीरिथ रामुच़्रन्दुरन ।
ख़बर कैंह छय नु कुस ओस दशिरावुन ।।
दोपुस तंम्य तोरुह शेरस किन्य बु गोसस ।
मुदा तंम्य तोरुह कैंह वोनुनम नु वापस ।।
बं क्रूदी तंम्य त्युथुय तामत दोपुस पय ।
त्रे प्रकरमु दिथ गंडिथ गुल्य बेयि दोपुस यी ।।
परन प्यथ दशिरावुनस लोंग वनुनि ज़ार ।
गोनाह बखशुम बु क्या छुस यंच़्र गिरिफतार ।। ४५ ।।
मुदा गरि गरि परन प्यथ येलि वोदुन ।
स्यठाह खोंश गव तंमिस प्यठ दशिरावुन ।।

'हे महाराज ! आपकी कोई अभिलाषा तो नहीं है?' मैं उनके पास आपका सन्देश लेकर जाऊँगा (और वे उसे पूर्ण कर देंगे) क्योंकि वे सर्वशक्तिमान हैं। मुद्दा यह कि यह बात उस(लक्ष्मण) ने उस (रावण) के कान में तीन बार यों कही–'हे महाराज ! जल्दी कहिए क्योंकि मुझे देर हो रही है। कहते हैं उस (रावण) ने उत्तर में कुछ भी न कहा और वह (लक्ष्मण) लौटकर रामचन्द्रजी के पास आ गया। ४० और हाथ जोड़कर रामचन्द्रजी से सारी बात ज्यों-की-त्यों कही इस पर रामचन्द्रजी ने लक्ष्मण से कहा कि तुमने उससे किस तरह बात की। तुम्हें ख़बर नहीं कि वह दशरावण कौन था ! तब उस (लक्ष्मणजी) ने कहा–मैं सिर की ओर से उसके पास गया था मगर उसने अनेक प्रयत्न करने पर भी कुछ न कहा। तभी क्रुद्ध होकर (रामचन्द्रजी ने) उपाय सुझाते हुए कहा–जाकर उसकी तीन परिक्रमाएँ लगाओ और हाथ जोड़कर पुनः निवेदन करो। तब उस (लक्ष्मण) ने दशरावण का प्रणामकर विनती की–मेरे गुनाह बख़्शिए-क्योंकि मैं इनमें गिरफ़्तार हो गया था। ४५ मुद्दा यह कि जब बार-बार रोते हुए उसने प्रणाम किया तो उस पर दशरावण बहुत ख़ुश हो गया।

गंछिथ खोंश रावुनस फीरिथ वन्योनस ।
वनुनि लोंग ती दपान यी ब्रोंठ वन्योनस ।।
दोंपुस तंम्य तोरुह त्रेय आसिम मे अबिलाश ।
गोंडन्य यी अंगनुह राज़स दुह करस नाश ।।
करन कांछाह प्रेयमुह पुछ्य हुम यंगुनि ज़फ ।
अनान सोंम्बरिथ तंमिक्य चीज़ वारुह बोज़ख ।।
बिहान तिम ज़फ करुनि ब्रह्मन पंडित ज़न ।
दुहुकि ज़ोरुह प्यूंत्र ओंश यकसां छु सपनन ।। ५० ।।
दोंयुम ओसुम बं आकाश तान्य लदन हेर ।
यूगी कांह सोंरगु लूकस खसि चूं शेर ।।
त्रेयुम ओसुम सोंनस करुहा मुशुक जान ।
यिथय पोठिन गुलन छुय मुशुक आसान ।।
त्युथुय मुशकाह सोंनस युथ ताज़ु हियि गोंन ।
नतय यकसान क्याह सरतल तु बेंयि सोंन ।।
अमा क्याह करुह करुन दयस नु खोंश आम ।
बु क्याह करुह हा मे गव बर मन्दियन शाम ।।
ह्योंतुन रोंखसत तंमिस निश आव लारन ।
पकान ओस वति मनुकिन्य ओस थारन ।। ५५ ।।

रावण को ख़ुश देखकर उस (लक्ष्मण) ने वही दुहराया जो वह पहले कह चुका था । तब उस (रावण) ने कहा–मेरी तीन अभिलाषाएँ थीं । प्रथम यह कि अग्निराज के धुएँ का नाश कर दूँ । कोई प्रेम से यज्ञ रचकर अग्नि को होम देता है । कई तरह की सामग्री व अन्य चीजें इधर–उधर से जमा करता है । जाप करने के लिए ब्राह्मण व पंडित बिठाता है । मगर इस धुएँ से आँखों में आँसू आ जाते हैं और आँखें दुखने लग जाती हैं । ५० दूसरी अभिलाषा यह थी कि आकाश तक एक सीढ़ी बनाऊँ ताकि कोई भी योगी (बिना किसी कठिनाई के) स्वर्ग–लोक में चला जाए । तीसरी अभिलाषा यह थी कि सोने में मुश्क (सुगंध) रूपी जान डालता वैसे ही जैसे गुलों में मुश्क (ख़ुशबू) होता है । वैसी ही (सुगंध) जैसी ताज़ा चम्पा में होती है, अन्यथा पीतल और सोने में एक जैसी न दिखनेवाली बात ही क्या रहती है ! अमां (परन्तु) अब क्या हो सकता है ! दैव को मेरा यह सब ख़ुश न आया । अब मैं कर ही क्या सकता हूँ ? अब तो मेरी भरी दुपहरी शाम में बदल गई है । तब (रावण से) रुख़सत लेकर वह (लक्ष्मण) भागकर लौट आया । मन उसका काँप रहा था । ५५ जैसे ही वह

त्युथुय वोंथ रामुचन्दुरस निश परन प्यव ।
परन प्यव हालि हाली करनु कांप्यव ॥
त्युथुय वोनुनस यि वंन्यतव क्याह यि बने ।
यि तंम्य वोनुनम ति अज़ तान्य कोंरनु कांसे ॥
तिथय वोनुनस छे कोंसु कथ क्याह नु बने ।
दपख यी बनि नु बंखतियि सुत्य बने ॥
कनव बोज़ कथ यि रावुन ओस बंखती ।
करान पूज़ा संमीरस प्यठ शिवहु नी ॥
च्रटान दंह कलु लागान ओस शिवस ।
दोंहय पूज़ा करान ओस प्यठ संमीरस ॥ ६० ॥
कंरिथ पूज़ा दपान येंलि ओस मोंकुलन ।
कलु दंह बेंयि बराबर आंस्य सपुनन ॥
यि कथ बूज़िथ सु लंखिमन आशच्ररस गव ।
वोंनुस वोंपुदीश श्री रामन च्यतस थव ॥
वुछिव रावुन महारथ क्युथ बलावीर ।
मरुन ओसुस तु कथ कुन सांपुनिस ज़ीर ॥
च्र कर दयि दयि पयस वातख लबख वथ ।
असथ त्रावख तु अदु प्रावख सतुच गत ॥

रामचन्द्रजी के पास पहुँचा तो उसने प्रणाम किया और कहा कि आप ही कहें कि ऐसा भला कैसे हो सकता था ! जो कुछ भी उस (रावण) ने कहा वह तो आज तक कोई भी नहीं कर सका है। तब (रामचन्द्रजी ने) कहा—ऐसी कौन-सी बात है जो न बन सके। सच तो यह है कि हर बात बन सकती है और अटूट भक्तिभाव रखने से बन सकती है। (हे लक्ष्मण!) कानों से सुन (ध्यान से सुन)—यह रावण (बहुत बड़ा) भक्त था। नित्य शिव की पूजा सुमेरु पर करता था। अपने दसों सिर काटकर शिव को भेंट करता था। यह पूजा वह नित्य किया करता था। ६० कहते हैं, जब पूजा समाप्त हो जाती तो उसके दस सिर पुनः बराबर (जीवित) हो जाते। यह सुनकर लक्ष्मण आश्चर्य करने लगा और रामचन्द्रजी ने उसे उपदेश दिया जिसे (हे मनुष्य !) भू भी याद रख—देखिए, उस जैसे महाबलवीर रावण का क्या हो गया। उसे मरना था (उसका पतन होना था) अतः उसका मन बिगड़ गया। हे मनुष्य ! यदि तू ईश्वर का नाम लेता रहे तो तुझे सत्पथ की प्राप्ति होगी और असत्य त्यागने पर तुझे सद्गति मिल जाएगी। इसके बाद सभी ने ख़ुशियाँ मनायीं और विभीषण को ताज

कंरुख शांदी मुनांदी द्रायि दिथ ताज।
वेंबीशन लांकि प्यठ गव दरुम का राज ॥ ६५ ॥
दपान योंत तान्य छु ताबान सिरियि च्रंन्दुरम ।
कोंरुन राजुत बंलंका कोंह नु तस ग़म ॥
सपुन योंलि लांकि प्यठ असुरन यि समुहार ।
दपान फीरिथ पकान गव रामु अवतार ॥
रंटिथ योंलि तिम असर तति मूद्य सांरी ।
सपुन्य तिम पंज़्य तु वान्दर ज़िन्दु सांरी ॥ ६८ ॥

सीताजी हुंज़ अंगुनु पंरीख्या

वन्दुच सरदी वुछिथ हंन्दुर्योव बुलबुल ।
तवय गुल छारुनस तंम्य कोंर तग़ाफ़ुल ॥
ति मा ज़ोनुन हरुद अछ़ुनय गुलालन ।
वन्दस मा नारु सुतिन चशमु ज़ालन ॥
बबुर छ्यफ दिथ खंटिथ रूज़िथ यंम्बुरज़ल ।
तिथय यिथु पांठ्य सबुज़ी कोंलु बठ्यन तल ॥
गुलि कोसम तु बोंयि वटु फंट्य तु ज़िन्दोर ।
च्रलन पानस ज़ंमिसतानस लदन बोर ॥

पहनाया गया तथा लंका में धर्म का राज्य स्थापित हो गया। ६५ कहते हैं, (रामचन्द्रजी ने यह आशिष दी) जब तक सूर्य और चन्द्रमा चमक रहे हैं तब तक विभीषण लंका में राज्य करता रहे। और उसे किसी प्रकार का ग़म न रहे। लंका पर सभी असुरों का संहार कर, कहते हैं, रामावतार (श्रीराम) वापस मुड़ गए। (युद्ध में) जितने भी असुर मर गए थे उनके स्थान पर वानर और रीछ पुनः ज़िन्दा हो गए। ६८

सीताजी की अग्नि-परीक्षा

जाड़े की सर्दी देख बुलबुल[1] (श्रीराम) दुःखी हो गया था। गुल को ढूँढने में उसने कोई कसर शेष न रखी थी। मगर उस (बेदर्दी) ने यह नहीं जाना कि उधर जाड़े-भर (बुलबुल की तलाश करते–करते) गुल (सीताजी) की आँखें कैसे बुझ गई होंगी। (जाड़े में) बबुर[2] छिप गई थी और येम्बुरज़ल[2] भी नज़रों से ओझल हो गई थी वैसे ही जैसे सरिता-तट पर से सब्ज़ा ज़ार

१ कश्मीरी साहित्य में बुलबुल को पुल्लिग माना गया है।

२ पुष्पों के नाम-विशेष।

संमिथ सारी बहारुक्य गुल बद यखहाल ।
वन्दुक बोज़न खंटिथ रोज़न बं पाताल ।। ५ ।।

गुमां गव तस वन्दन मा कोंर गुलन लूठ ।
त्युथुय वुछ दरम बूगुन ज़नुम छुय क्रूठ ।।
टकुर दूर्यर शीशस ककुर प्योस ।
वन्दुक बहानु मन तस पानु हंन्दुर्योस ।।
मनस मा गव तंमिस सुतायि करतां ।
बु छस रातस दोंहस च्रंन्दरमुह प्रज़ुलान ।।
बु नय नेरख छि तारख पान मारन ।
संमीरस सारिसुय छुम सिरियि छारान ।।
स्यठाह ओसुस गोंमुत तीज़ुक अहंकार ।
मे प्यठ देवानुह गोमुत रामु अवतार ।। १० ।।

वोंनुन मन्दूदंरी मातायि याने ।
च्रु वनतम क्याह मे ओसुम करमलाने ।।
यि कोंसु व्यद गंयि मे गव मालिनि त्रांविथ ।
यि क्या रेंश्य ख़न्दह कंरिथ गव मन्दु छांविथ ।। १२ ।।

(हरियाली जल के अभाव में) लुप्त हो जाता है। गुले-कोसम,[1] वट्-फंट्य[2] और ज़िन्दोर[3] सभी लुप्त हो गए थे। बहार में खिलने वाले ये सभी गुल जाड़े के आगमन का समाचार सुनते ही पाताल में छिप गए थे। ५ उस (सीताजी) के बहार जैसे जीवन को भी (इसी) जाड़े ने लूट लिया था और उसे यह सब भोगना पड़ रहा था। जाड़े के बहाने से उसकी हँसती-खेलती जीवन-कली पर तुषारपात हुआ था और उसका मन दुःखी हो गया था। उसे (शायद) यह गुमाँ हो गया था कि मैं रात-दिन चन्द्रमा के समान चमकती हूँ (अतीव सुन्दर हूँ) मैं यदि नहीं निकलूँ तो तारों का कोई मूल्य नहीं और पहाड़ों से निकलकर सूर्य मुझे ही ढूँढता है। उसे ख़ुद के तेज (रूप-लावण्य) पर बहुत अहँकार हो गया था और वह सोचती थी कि मेरे ऊपर रामावतार (श्रीराम) जैसे (महापुरुष) दीवाने हो गए हैं। १० वह ख़ूब रोयी और मन्दोदरी (याने अपनी माता) से कहने लगी—आप ही बतलाइए कि मेरे कर्मलेख में क्या लिखा है। यह कौनसी रीत है कि वे (रामचन्द्रजी) मुझे मायके में छोड़कर चल गए और वनचारी (महर्षि) बनकर मेरा मख़ौल उड़ाया। १२

१, २, ३,—पुष्पों के नाम—विशेष

सुता जी छि लीला परान

दियिना दरशुन तु यियि ना सोन।
करुसय पोशि वरशोनुये ।।

तापुह सूत्य शीन ज़न तन छम गलन,
करनम गिलन तु क्याह छु म्योन पाय।
हाव्रलन लोगनम काव्रु जूनि ग्रोन,
करुसय पोशि वरशोनुये ।। १ ।।

कमि शाठुह लाजनस कौंतुय गोम त्राविथ,
कस ह्यकु वांसे हाल बाविथ।
सायि रुछि ज़ोलुनम तापुह ताल्योन,
करुसय पोशि वरशोनुये ।। २ ।।

शाह पसन्द्य खावुन्द्य खन्दु हय कौरनम,
वनुहस वौन्दुह मंज़ुह वारिव्य ग्राव।
सोम्बुरिथ वन्दुहस मालिन्य क्रोन,
करुसय पोशि वरशोनुये ।। ३ ।।

माह दरुह लाजिनस नाह नाह गंजिम,
ज़ाह ति नय ज़्यथ कुनि ओसुम करार।
क्या सना ल्यूखुनम ड्यकु करमुलोन,
करुसय पोशि वरशोनुये ।। ४ ।।

सीताजी का भक्तगीत गाना

जाने वे कब आएँगे और दर्शन देंगे। (वे आते तो) मैं उन पर पुष्प-वर्षा करती। विरह-ताप से मेरा तन बर्फ़ की तरह गल रहा है। वे मुझे छोड़ गए, भला अब मेरा क्या उपाय हो ? उस निठुर के कारण मेरी चन्द्रकाया को ग्रहण लग गया—(वे आते तो) मैं उनपर पुष्प-वर्षा करती। १ मुझे बीच मंझधार में छोड़कर जाने वे कहाँ चले गए ! भला अब मैं किससे अपना हाल कह सकूँगी। छाया के अभाव में मेरा सिर विरह-ताप के कारण जल रहा है—(वे आते तो) मैं उन पर पुष्प-वर्षा करती। २ उस भीरु खाविन्द ने मुझे कहीं का नहीं रखा। वे मिल जाएँ तो मैं उन्हें दिल के गिले-शिकवे कह डालूँ तथा मायकेवालों को सकुटुम्ब उन पर निछावर कर दूँ—(वे आते तो) मैं उन पर पुष्प-वर्षा करती। ३ प्रतीक्षा करते-करते मेरा अंग-अंग गल गया है। जन्मकाल से लेकर अब तक मुझे कभी

प्रकाश प्रथ जायि कति छारोन,
सुबुहुक सिरियि रम्बुवोनुय ।
ज़लवुन थोवनम नार ललुवोन,
करुसय पोशि वरशोनुये ।। ५ ।।

सुतायि हुंज़ मांज (मन्दोदरी) छि वनान

दपन तमि लोलु सुतिन दोंप तंमिस कुन ।
यिथय पांठिन ज़नुम सार्यन छु बूगुन ।।
तवय बापथ च्रे लांजिथ नारुह वुज़ुमल ।
खंटिथ च्रन्दुरमु थोवुथ तारुकन तल ।।
कवय बापथ च्रे लोगुथ अंशकु पेचान ।
मतय वदुतम क्यथय खोरुथ रज़े पान ।।
कवय बापथ यंम्बुरज़ल बरुह करथम ।
होंरुथ रथ वारुयाह ब्यब नारु बंरथम ।।
कवय बापथ च्रें नीलेयी वोंज़ुल्य नम ।
ख्यवन छख ग़म गछी अमि सुत्य क्याह कम ।। ५ ।।
कवय बापथ वदन छख मोंखतु हारन ।
कवय सोसन कंरिथ दोंन गुलि अनारन ।।

भी क़रार (आराम) न मिला। जाने विधाता ने मेरे कर्मलेख में क्या लिखा है–(वे आते तो) मैं उन पर पुष्प-वर्षा करती । ४ 'प्रकाश' कहते हैं कि सुबह का लुभावना सूर्य भला हर समय कहाँ देखने को मिलता है। वह (निठुर) मुझे विराहग्नि को सहन करने के लिए छोड़ गया— (वे आते तो) मैं उन पर पुष्प-वर्षा करती । ५

सीता की माता (मन्दोदरी) का संलाप

कहते हैं (तब) उस (मन्दोदरी) ने प्रेम में विह्वल होकर उससे कहा- (दरअसल) इसी तरह (हम) सबको जन्म भोगना था। तभी तू बिजली की तरह चमकी (अत्यन्त रूपवती बनी) और चन्द्रमा-तारकों के बीच छिप गया। री ! अब तू ज़्यादा न रो और अपनी लतारूपी कोमल तन को यों न सुखा। री ! अब तू क्यों अपने नरगिसी बदन को जर्जरित कर रही है, तू रक्त के आँसू ख़ूब रोयी है। अब चुप हो जा। री ! (शक्तिहीन होकर) तेरे लाल-लाल नाख़ून अब नीले पड़ गए हैं। तू मात्र ग़म खा रही है, इससे भला तेरा दुःखदर्द कैसे कम हो जाएगा ? ५ री ! किस कारण से

कंमी दोंपनय लोंकट्य आवारुह् सांपन।
कंमी दोंप रावुनस हीमाल फोंज्य वन॥
कंमी दोंपनय मकर कुनि जायि आरामं।
कंमी दोंपनय च्रें गंछिनय मन्दुन्यन शाम॥
में बूज़ुम ही नियम बोंनु नांगिरांयी।
यि कंम्य योंछनम ज़िन्दय गंछिनवु जुदांयी॥
बु नय वोंन्य चोन ग़म ख्योंन यूत च्रालय।
यितम सुतिन यिमय करु तस हवालय॥ १०॥

वदन मन्दूदरी गंयि यंच्र वंनिन ज़ार।
वोंदुन त्युथ युथ ज़ि नरुकस छ्यतु गव नार॥ ११॥

लीला

नारायनु छुख च्रु न्यराकांरी।
पादन लगय पांर्य पांरिये॥
त्रंयि लूकुक राजि च्रय माजि ज़ामुत,
लंखिमन शंतुरगुन ह्यथ आमुत।
बरथ राज़ु आमुत शंखु च्रंकुर दांरी,
पादन लगय पांर्य पांरिये॥ १॥

अब तू रो-रोकर आँखों से मोती बहा रही है। क्यों इन दो नयन-कमलों को तूने इतना दुर्बल बना डाला ? री ! किस कारण से तू इस भरी जवानी में ही विपत्तियों का शिकार हो गई। भला किसने रावण को यह बताया था कि वन में चम्पाकली खिली है। री! किसने तुझे यह कहा (शाप दिया) कि तुझे कहीं भी आराम न मिले, किसने यह बददुआ दी कि भरी दुपहरी में ही तेरी सन्ध्या हो जाए। मैं तो तुम दोनों की सुख–समृद्धि चाहती थी, जाने यह किसने चाहा कि जीते जी तुम दोनों की जुदाई हो। अब मैं तेरा इस तरह से ग़म खाना सहन न करूँगी। तू मेरे साथ चल और तुझे उस (रामचन्द्रजी) के हवाले कर दूँ। १० इस प्रकार वह मन्दोदरी ख़ूब रोने लगी और (रो-रोकर) अपने उद्गार व्यक्त किए। वह इतना रोई कि नरक की अग्नि भी बुझ गई। ११

भजन

हे नारायण ! आप निराकार हैं। आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। हे त्रिलोक के राजा ! आपने लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ जन्म लिया है।

वुछहथ हरुदयकि कोचि किन्य नेरुहा,
फेरुहा ज़ज़ल मन शेरुहा ।
दरशुन हावतम ज़लिहम ख्वारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ २ ॥

सुगरीव पादुशाह च़े करुनोवथन,
मनुनावथन तारा माता ।
जान पान वन्दुहय छम ज़ीवुह दारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ ३ ॥

दशरथ राज़ुह बैंयि कौंसल्या माता,
नाव चोन सौंरान हर सातय ।
प्रयम चोन ओसुख वंरिथख सारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ ४ ॥

वाली वुछतन क्या ओस बलुवान,
रावुन तस निशि ओस लरुज़ान ।
मौंख्त गव रामुच़न्दुरुनि तीरुह कारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ ५ ॥

ब्रशबस खंसिथ च़ुय छुख आसुवुन,
कासान च़ुय छुख पापियन पाप ।
च़ुय छुख आसुवुन गरुडा सवारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ ६ ॥

शँख व चक्रधारी भरत भी आपके साथ ही पधारे–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। १ आपको हृदय के कूचे में देख लेती और (फिर) उस कूचे में घूमती-फिरती तथा अपने चंचल मन को संयत कर लेती। अब मुझे दर्शन दीजिए ताकि मेरी इच्छा पूर्ण हो जाए–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। २ सुग्रीव को आपने ही बादशाह बनाया और तारा माता का–आपने ही उद्धार किया। आप पर यह जान और माल निछावर करूँ–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ३ राजा दशरथ और माता कौशल्या हर समय आपका ही नाम स्मरण करते थे। उन्हें आपसे अत्यधिक प्रेम था–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ४ बाली को देखो, वह कितना बलवान था। रावण भी उससे काँपता था। मगर वह भी रामचन्द्रजी के तीर से ही मुक्त हो गया–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ५ आप सर्वत्र व्यप्त हैं और पापियों के पाप दूर करनेवाले हैं। गरुड के सवार भी आप ही हैं–आपके पादों पर

पादन पनुन्यन तल रछ बगवानो,
नादन सान्यन कन दारतो।
च्रुय छुख शंखु च्रंकुरु गदादारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ ७ ॥

लंखिमन च्रेय सूत्य छुय आसुवुन,
लंखिमी सौंसति सानि बगवानो।
दरशनु चानि सूत्य मौखत गछ्न सारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ ८ ॥

मायायि निशि न्यर माया छी तिम,
यिम दरशनु पनुनि सूत्य वर्‌यथक।
येमि बवुसरुह मंज़ुह तार्‌यथक सारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ ९ ॥

असि तार पनुनी अनुग्रह सूती,
कूती आरती गामुत्य छी।
चानिस दरशनस सारी लारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ १० ॥

वसुदीव राज़ुनि बावुनायि पारी,
येति आख कृशनु जुव अवतारी।
कमुसा सौंर त्यूत गव समुहारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ ११ ॥

बलिहारी जाऊँ। ६ हे भगवान्! अपने पादों तले हमारी रक्षा कीजिए और हमारे आर्त्तनादों पर कान धरिए। आप ही शँख व चक्रधारी हैं–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ७ लक्ष्मण आपके साथ हैं पर लक्ष्मी (सीताजी) हमारे यहाँ हैं। आपके दर्शनों से सभी मुक्त हो जाते हैं–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ८ जिनको आपने अपने दर्शनों से उपकृत किया वे माया से मुक्त हो गए। आपने कितनों को ही इस भव-सागर से पार लगाया–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ९ हमें भी अपने अनुग्रह से तार दीजिए, हम कितने निःसहाय हो गए हैं। आपके दर्शनों के लिए हर कोई तड़प रहा है–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। १० वासुदेव राजा के यहाँ कृष्णजी के रूप में अवतार लेकर आपने उसकी भक्तिभावना को सार्थक बना दिया और कंसासुर जैसे दुर्दान्त (राक्षस) का संहार कर दिया–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ११

कमि कारनु गोख सुता त्रु त्राविथ,
यिम दाद्य कर ह्यकु ललुनाविथ।
जय आसिनय छुख त्रराचारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ १२ ॥

हीथ ओसुय चोन वनवास गछुन,
मूल ओसुय ब्योल राखिसन गालुन।
बगवान तवय आख रामु अवतारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ १३ ॥

रंगु रंगु करिथम रंगु रंगु विह्य त्रे,
रंगु रंगु दरशनस आयिसय त्रे।
त्रेयिलूकुक्य दीवता त्रे सुत्य सारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ १४ ॥

त्रे पतुह सुता ह्यथ बो द्रायस,
यिम दीव कोनु छी यिवान दायस।
त्रुय छुख कृश्नु जुव परवोपुकारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ १५ ॥

हात्रलु सुता कवुह गोख त्राविथ,
यिम दोख वोन्य ह्यकुह कस बाविथ।
बोज़न यिमुकथु दिन पामु सारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ १६ ॥

जाने किस कारण से आप सीता को छोड़कर चले गए। वह (बेचारी) इस जुदाई की पीड़ा को कैसे सहन कर सकेगी। हे चराचर में बसने वाले! आपकी जय हो–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। १२ वनवास जाना मात्र एक बहाना था। दरअसल, आपको राक्षसों का बीज व मूल गला देना था। हे भगवान्! तभी आप रामावतार के रूप में आए–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। १३ आपने समय-समय पर तरह-तरह के रूप धारण किए और इन्हीं रूपों को देखने के लिए मैं आई हूँ। त्रिलोक के सभी देवता आपके साथ हैं–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। १४ मैं सीता को आपके पास लाने के लिए निकली हूँ। जाने अन्य देवता आपको इस सम्बंध में कुछ मशविरा क्यों नहीं दे रहे हैं? आप ही हे परोपकारी! कृष्ण जी भी हैं–आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। १५ हे सद्बुद्धि! सीता को यों छोड़कर कहाँ चले जा रहे हैं? वह बेचारी अपने दुःख भला अब

अमि खोंतुह मारतम छसय कलु दारिथ,
सुता त्रावुन्य बं मा बोज़य ।
दोनुवय माजि कोरि छय करान ज़ारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ।। १७ ।।

नार गोंडथम छम मन तन दज़ान,
यिथु पाठ्य अंगुन राज़ु दज़ान छुय ।
येमि वदुनु छ्यतुह गंयि अंगनु कोंड सारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ।। १८ ।।

मालिनि त्रावथन शेछ फीर नंगुरस,
अमि कथि सुतायि होल छुम जिगुरस ।
हरु हरु करन दित्य तमि पानु मारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ।। १९ ।।

सोंख तु दोंख वनुहय मनुकिन्य बोज़तम,
यिमु कथु थाव्यथ पतुह फरुनय ।
बे वंसीलन हुन्द छुख न्यराकारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ।। २० ।।

त्रेयिलूकियि प्यठ कांसि मु बंनिन,
कूर कांसि फीरिथ ज़ाँह मु यियिन ।

किससे कहेगी ? जो कोई यह बात सुनेगा वही उलाहना देगा—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । १६ इससे तो अच्छा यह है कि आप मुझे ही मार डालिए, मैं अपना सिर ख़म किए हूँ । पर सीता को यों छोड़ देना मैं कभी भी स्वीकार न करूँगी । हम दोनों माँ और पुत्री विनती कर रहे हैं—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । १७ आपकी बेरुखी से मेरा मन व तन ऐसे जल रहा है जैसे अग्निराज जलते हैं । इधर, अब इस रोने से सारे अग्नि-कुण्ड भी बुझ गए—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । १८ आपने इसे (सीता को) मायके में छोड़ रखा है, यह समाचार सारे नगर में फैल गया है और (मेरी) सीता के जिगर पर इस बात से तीर-सा लगा है । हर-हर जपते वह बेचारी मार्ग में ही अपने आपको मारने लगी है—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । १९ मैं आपको अपना सुख और दुःख सुना रही हूँ, ज़रा मन से सुनिए । इन बातों को आप अच्छी तरह याद रखना । असहायों के, हे निराकार ! आप ही (सहायक) हैं—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । २० संपूर्ण त्रिलोक में कभी किसी के साथ ऐसी न बीती कि उसकी पुत्री

तमि खोंतु जान छुस पकुन यमुहदारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ २१ ॥

तस मनुशस गछ़ि अलमास ख्योंन जान,
यस मनुशस आसि कूर सन्तान ।
येमिस कोरि बरथा छुख च़ु अवतारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ २२ ॥

करमुच हान कोनु छुख कासानी,
असि वोंन्य च़ुय छुख ही सामी ।
च़ुय छुख आसुवुन नरसिहम अवतारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ २३ ॥

हान कासुवुन छुख च़ु बगवानु पानय,
ज़ानय नु केंह कमु कथु बावय ।
ज़ारुह पारुह म्योन बोज़ वराह अवतारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ २४ ॥

ज़ारुह पारुह करुहय रोज़तम च़ु साथा,
पादन दोंन मन वन्दुहय च़्येय ।
छुखना च़ु आसवुन कुमु अवतारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ २५ ॥

दयावान च़ुय छुख आसुवुन बगुवान,
रगु पान वन्दुहय पादन बंय ।
बगुवान बोंड छुख मछु अवतारी,
पादन लगय पार्‌य पारिये ॥ २६ ॥

पुनः अपने मायके आ गई हो । उससे तो अच्छा यह है कि वह यमद्वार में प्रवेश कर जाए (अपना अंत कर दे) आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । २१ उस मनुष्य के लिए ज़हर खा लेना ठीक है जिसकी संतान पुत्री हो । हमारी पुत्री के हे रामावतार ! आप ही भर्त्ता हैं—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । २२ आप हमारे कर्म के कुलेख को क्यों मिटा नहीं रहे हैं ? हमारे तो अब आप ही स्वामी हैं । नृसिंह अवतार भी आप ही हैं—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । २४ मैं विनती करती हूँ, क्षण भर के लिए इधर आ जाइए । आपके दो पादों पर अपने मन को वारूँ । कूर्म अवतार भी आप ही हैं—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । २५ हे भगवान् !

मनुकिन्य करुहय लीला तु वीला,
गंगादर छुय सुत्य त्रिशीला।
येछि मायि सुत्य आख वामनु अवतारी,
पादन लगय पार्य पारिये ॥ २७ ॥

वोन्य आख च्रोतुर बोज़ वेशनुरूफ दारिथ,
असि पापियन गछ पाप हारिथ।
आहम दयावान रामु अवतारी,
पादन लगय पार्य पारिये ॥ २८ ॥

ही कृश्नु शामु रूपु दरशुन हावतम,
गाश आव चानि लोलुचि वेरे।
बोज़तम विलुज़ार बोंदु अवतारी,
पादन लगय पार्य पारिये ॥ २९ ॥

लीला करान आस ओंश आस हारान,
चानिस दरशनस आस प्रारान।
रात्य रातस आस करान बेदारी,
पादन लगय पार्य पारिये ॥ ३० ॥

प्रकाशि पनुनि सुत्य अन्दुकार कासतम,
गाश हावतम पनुनि प्रकाशि सुत्य।

आप दयावान हैं। आप पर इस तन को अर्पण करूँ। हे भगवान्! आप ही मत्स्यावतार भी हैं—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। २६ मैं मन से आपकी स्तुति व वंदना कर रही हूँ। त्रिशूल लेकर गंगाधर कहलाने-वाले आप हैं। धरा के पाप हरने के लिए आप ही वामनावतार के रूप में आए—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। २७ विष्णु के चतुर्भुज रूप को आपने ही धारण किया है। हम पापियों के पाप कृपया दूर कीजिए। हे दयावान रामावतार! आप से हमें बड़ी आशाएँ हैं—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। २८ हे कृष्ण व श्याम-रूप! अब हमें दर्शन दीजिए। आपकी भक्ति से प्रकाश फैलने लग गया है। हे बुद्धावतार! मेरी विनती सुन लीजिए—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। २९ सीता आपकी याद में आँसू बहाती रही तथा आपके दर्शन की प्रतीक्षा करती रही। रात-रात भर (बेचारी) जागती रही—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ। ३० अब अपने प्रकाश से मेरा अन्धकार दूर कर दीजिए

दरशुन चोन छम बखतावारी,
पादन लगय पा़र्य पा़रिये ।। ३१ ।।

लीला

सुता जी हुंज़ मांज छे रामजीयस कुन वनान

परुयो लोलु यँछि रामु रामु ।
मो रोश शामु सौंन्दरो ।।
बरुयो लोलु मसकी प्यालु,
चतुमो रामुचन्दरो ।
परुयो लोलु यँछि रामु रामु,
मो रोश शामु सौंन्दरो ।। १ ।।
यि छयो बुतुराथ च़ु छंहस नब,
मव दिस दब डंगुनी मार ।
यि छयो तन च़ु छंहस जामु,
मो रोश शामु सौंन्दरो ।। २ ।।
च़ु छुखो हियि अंन्दरुक दानु,
यि छयो पानु यंम्बुर ज़ल ।
करि क्या बरुह करथम खामु,
मो रोश शामु सौंन्दरो ।। ३ ।।

और दिव्य-ज्योति दिखलाइए । आपके दर्शनों की मैं कब से प्रतीक्षा कर रही हूँ—आपके पादों पर बलिहारी जाऊँ । ३१

भजन

सीताजी की माँ रामचन्द्रजी से कह रही है

मैं प्रेम-मग्न होकर राम-राम पढ़ रही हूँ, हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए । मैंने आपके लिए प्रेमामृत के प्याले भरकर रखे हैं, हे रामचन्द्रजी ! इसे आप पीजिए । मैं प्रेम-मग्न होकर राम-राम पढ़ रही हूँ, हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए । १ यह (सीता) भूमि हैं और आप नभ (आकाश) हैं । अब इस पर और अधिक वृष्टि न कीजिए—यह आपकी तन है और आप इसके वस्त्र हैं—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए । २ आप नरगिस के पराग हैं और यह स्वयं नरगिस । आपने इसे अधखिला ही छोड़ दिया, अब (बेचारी) यह करे

च़ु छुखो सिरियि यि छयो ज़ून,
दूर्यर चोन छु छौंकस नून।
गमु चानि गोस मन्दिन्यन शामु,
मो रोश शामु सौन्दरो ॥ ४ ॥

च़ु छुखो माजि हुंद नुन्दुबोन,
यि छयो जान मीरा जान।
लानि ओसुस ती मे नेक पूर च़ामु,
मो रोश शामु सौन्दरो ॥ ५ ॥

दशिरावुनुन गोम बहानु,
बु आसुस पानु पंरी ज़ात।
कवज़ान दयस खौश क्याह् आमु,
मो रोश शामु सौन्दरो ॥ ६ ॥

यि छयो माजि हुंज़ शीर खारु,
आवारुह् करथम मालिने।
वुनि छम दौद चवान दामु दामु,
मो रोश शामु सौन्दरो ॥ ७ ॥

ओसुस लानि द्रायम क्रानि,
करमु लान्य ल्यूखनम यी।
दौपनम तस यी मे लेछामु,
मो रोश शामु सौन्दरो ॥ ८ ॥

तो क्या करे—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए। ३ आप सूर्य हैं और यह चन्द्रमा। आपकी जुदाई इसके लिए ज़ख्मों के ऊपर नमक के बराबर है। आपके ग़म में इसकी दुपहरी शाम में बदल गई है—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए। ४ आप अपनी माँ के लाडले हैं तो यह भी परी-जात (सुन्दरी लाड़ली) है। इसके भाग्य में यही लिखा था तभी ऐसा सब-कुछ हुआ—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए। ५ दशरावण का बहाना हो गया, अन्यथा मैं स्वयं एक अप्सरा थी। जाने दैव को यह सब ख़ुश क्यों न आया !—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए। ६ यह अपनी माँ की दुलारी है और ऐसी (लाडली) को आपने मायके में (असहायावस्था) में छोड़ दिया। देखिए, यह अभी भी (मेरे स्तनों से) दूध के घूँट चूस रही है—हे श्याम-सुन्दर! आप यों रूठकर न जाइए। ७ मेरे कर्मलेख में (सम्भवतः) यही लिखा था तभी इसे इतना दुःख देखना

गंजेमस कंन्य छुन्यायम कौंलि,
दप्योम ज़ौंलु पेयस ना ।
शहरु लंबुथन किनु कुनि गामु,
मो रोश शामु सौंन्दरो ।। ९ ।।

अज़ुलुकि बागि आयी लानि,
च्रे पतुह लागि च्रौंज़ तु दास ।
पास कर पितुरेंनि दिन मा पामु,
मो रोश शामु सौंन्दरो ।। १० ।।

हारान अशिने जोयि,
लारान सुत्य सुता ह्यथ ।
ख़ौंश यिवनि रामु ख़ौंश अन्दामु,
मो रोश शामु सौंन्दरो ।। ११ ।।

डंडक वन मंज़ रावुन आस,
छ्वंलुरिथ च्रूरि नियन दर बाग़ ।
ह्यथ गोस गंयि बे आरामु,
मो रोश शामु सौंन्दरो ।। १२ ।।

रिवान मन तस येंलि लूसुस,
प्रकाश गोस अंरिने रंग ।

पड़ा । इसके कर्मलेख के बारे में मैंने कभी ऐसा न सोचा था—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए । ८ मैंने इसके गले में पत्थर बाँधकर इसे नदी में फेंका था और यह सोचा था कि यह चिरनिद्रा में खो जाएगी । मगर इसे आपने जाने किस गाँव अथवा नगर में ढूँढ लिया—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए । ९ (तब) यह आप के भाग्य में आई और आपके पीछे इसने ख़ूब दुःख देखे । अब पितरों के वास्ते इस पर दया कीजिए—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए । १० आँसुओं की धाराएँ बहाते तथा सीता को साथ लेकर मैं (आपके पास) आ रही हूँ । हे प्रसन्नवदन ! आप हम पर ख़ुश हो जाइए—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए । ११ दण्डक-वन में रावण इसे चोरी-छिपे उठाकर ले गया और इसे बाग़ (अशोक-वाटिका में डाल दिया जिससे यह बेचारी) बेआराम (दुःखी)हो गई—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए।१२ जब रोते-रोते उसका मन बैठ गया तो 'प्रकाशराम' कहते हैं कि वह अरिन्य (पीले रंग का एक पुष्प-विशेष) की तरह पीली पड़ गई । मन

मन गोस संग तन तस त्रामु,
मो रोश शामु सौंन्दरो ।। १३ ।।

लीला
मन्दूर्दरी वनान

नामु लगु शामु रूपु लोल आम चोन ।
बेंयि वौलु सोन रामु च्रंन्दुरो ।।
छारान छारान लूसिम में पाद,
वति वति संन्य वौगुन्य दिवान च्रेय नाद ।
नंन्य गाम सीर यारु चारुह नो में ज़ोन,
बेंयि वौलु सोन रामु च्रंन्दरो ।। १ ।।
अकि छुय अख सुय दौयिम कौसु छे जाय,
त्रेयि त्रिगुनु त्रियि हुन्द कर च्रु वौपाय ।
च्रूर्युम च्रराच्रर छुख च्रु आसुवोन,
बेंयि वौलु सोन रामु च्रंन्दरो ।। २ ।।

उसका संग (पत्थर) बन गया और तन उसकी ताम्बा बन गई—हे श्याम-सुन्दर ! आप यों रूठकर न जाइए । १३

भजन

मन्दोदरी कहती है

हे श्याम-रूप ! आपके नाम पर बलिहारी जाऊँ, आपकी लगन बढ़ती ही जा रही है । हे रामचन्द्रजी ! अब आप पुनः हमारे यहाँ आजाएँ । आपको ढूँढते-ढूँढते मेरे पाद थक गए । रास्ते में हर जगह पर मैंने आपको इधर-उधर ढूँढा और आवाज़ें दी । अब मेरा रहस्य (सीता को नदी में फेंकवाना) खुल गया है । (आपके सिवाय) अब मेरा कोई चारागर नहीं रहा—हे रामचन्द्रजी ! अब आप पुनः हमारे यहाँ आजाएँ । १ एक, आप ब्रह्म-स्वरूप हैं और एक हैं । दूसरा, ऐसी कौन-सी जगह है जहाँ पर आप नहीं हैं । तीसरा, मुझ त्रिगुणी त्रिया (सत्त्व, तम व रज गुणों से युक्त मुझ साधारण नारी) का कोई उपाय कीजिए । चौथा, चर-अचर में आप समान रूप से रहते हैं—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आजाएँ । २ पाँचवा, मेरे प्राण आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं । छठा, हर शै में आपको ही ढूँढ रही हूँ । सातवाँ, अब आपके सरल स्वभाव से ही मेरा कर्मलेख बदल सकता है (मेरी मुक्ति हो सकती है)—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आ

पुन्त्रिम यि प्रान म्यान्य प्रारान छी,
शंयि शिवु शायि शायि छारान छी।
सथ संत्युम सौंबाव चोन छुम मे करमुलोन,
बेंयि वौंलु सोन रामु च्रन्दरो ॥ ३ ॥

कष्ट कासि अष्ट बयरव करि रखिपाल,
नव दार त्रोपरिथ ध्यानु दूफ ज़ाल।
नवि कोनु नवि कोनु योंद सु आसि प्रोन,
बेंयि वौंलु सोन रामु च्रन्दरो ॥ ४ ॥

दंह दिशि मंज़बाग सौंन्दुरु वलो,
दंह तु अख ईकादशि लोंदुरुवोंलो।
बाह बुरजि मन्ज़बाग बाग़ छाव म्योन,
बेंयि वौंलु सोन रामु च्रन्दरो ॥ ५ ॥

त्रयोदशि सिरियि वौंन्य अबिमान म कर,
च्रोंदुश ज़ूनि सुतायि हान म कर।
पुनिम हुन्दि रामुच्रन्दुरु कासतम ग्रोन,
बेंयि वौंलु सोन रामु च्रन्दुरो ॥ ६ ॥

रावुन छु येति लूब बहानु मु हाव,
रामु रामु रामो मनस कथ च्रु थाव।
रावि येंलि हावि क्याह हेंयि मन्दुछोन,
बेंयि वौंलु सोन रामुच्रन्दुरो ॥ ७ ॥

जाएँ। ३ नवद्वारों को बंदकर मैं ध्यान का दीप जलाए हुए हूँ ताकि अष्ट भैरव मेरा कष्ट दूर कर मेरी रक्षा करें। ऐसी योग-साधना से पुराना भी नया बन जाता है—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आ जाएँ। ४ हे सुन्दर ! आप दसों दिशाओं के बीच में से होकर आजाएँ। हे (दस और ग्यारह) एकादश रुद्र ! आप आजाएँ। बारहवाँ बुर्जों के बीच में मेरे मन के बाग़ को खिला दीजिए—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आजाएँ। ५ तेरहवाँ, हे सूर्य (श्रीरामचन्द्रजी) अब आप ज़्यादा अभिमान न करें और चौदहवीं का चाँद जैसी सीता को यों न दुखाएँ। हे पूनम के रामचन्द्र ! अब मेरा कलंक दूर कर दीजिए—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आजाएँ। ६ लोभी रावण अब यहाँ नहीं रहा, इस बात को हे राम ! आप मन में रखिए (और चले आइए) आकर मुझ भटकी हुई को सही मार्ग दिखाइए—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आजाएँ। ७ आपके लिए मैं अपने तन को

थावय मुशकु सुत्य तन नाविथ,
बावय सीर सीनु मुच्रावथ ।
रोवुय च्रे यंत्रकाल अज़ बोज़तु म्योन,
बेंयि वौलु सोन रामुच्रन्दुरो ।। ८ ।।

केकी कौं कोम वोरु मांज छयो,
यौत यौत गछ्ख तौत सं पतुलारियो ।
रोशि वौलु करुयो पोशि वथुरोन,
बेंयि वौलु सोन रामुच्रन्दुरो ।। ९ ।।

हलु मुतु बलुवीरु यूर्य वौलो,
लौकुचारु बाज़्यगारुह डांबलो ।
व्यसु दायि छम करान पितुरेनि तोन,
बेंयि बौलु सोन रामुच्रन्दुरो ।। १० ।।

च्रुय छुख प्रकाश च्रुय छुख रव,
च्रुय छुख ज़ल अंगुन तु च्रुय छुख ग्यव ।
च्रुय छुख बगवान कुय दौद तु दोन,
बेंयि वौलु सोन रामुच्रन्दुरो ।। ११ ।।

सुतायि हुन्द नारु मंज़ु नेरुन

मुदा मन्दूदरी सुतायि ह्यथ गंय ।
वदुनि लंज रामु अवतारस परन पेंय ।।

सुगन्ध (मुश्क) से सँवार कर रखूँगी तथा अपने रहस्य आप पर छाती खोल-कर (स्पष्ट रूप से) व्यक्त कर दूँगी। काफ़ी समय हो गया है, अब ज़रा आज मेरी सुन लीजिए—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आजाएँ। ८ कैकेयी आपकी सौतेली माँ थी तभी उसने कुकर्म किया (आपको वनवास दिलाया) और आपके पीछे पड़ी रही। हे निष्ठुर ! अब आप आजाएँ, मैं आप पर पुष्पों की वर्षा करूँगी—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आजाएँ। ९ हे बलवीर हनुमान ! तुम भी यहाँ आजाना। ये मेरी सखियाँ और दासियाँ मुझे ताना दे-देकर कष्ट पहुँचा रही हैं—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आजाएँ। १० आप ही प्रकाश हैं, आप ही सूर्य हैं। जल आप हैं, अग्नि और घी भी आप ही हैं। आप ही भगवान् हैं और आप ही दूध और मक्खन भी हैं—हे श्याम-सुन्दर ! हमारे यहाँ आजाएँ। ११

वोंदुन वाराह तु वोंनुनस म्योन कर पाय ।
दोंपुस तंम्य छय च्रें वयकोंठस अन्दर जाय ॥
कंरुस तमि लीला सं बूज़ुन ।
दिलासा दिथ तिथय लंकायि सूज़ुन ॥
दोंपुन सुतायि कुन यी रामुचंन्दुरन ।
च्रें कुन वुछ्य वुछ्य में कोताह मन छु हंन्दुरन ॥
गोंडन्य तंम्य राखिसन दरदिल कंरुय जाय ।
छोंट्योवुय मन तम्युक मा छुय च्रें परवाय ॥ ५ ॥
दोंयुम ओसुय गोंमुत तीज़ुक अहंकार ।
में प्यठ देवानु गोमुत रामु अवतार ॥
त्रेंयुम त्रुयि वरनु आसुखना ब लंका ।
दपन सांरी कुनी जंन्य आस सुता ॥
यि च्रूरिम चोन बुथ डीशिथ में डोंल मन ।
पोंज़ुय बोज़ख पोंज़ुय लूकव बंरिम कन ॥
प्रयमस सूर गव सूरिम तमना ।
ति बूज़िथ लंज्य वदुनि कोताह सों सुता ॥

सीता का आग में से निकलना

मुद्दा यह है कि मन्दोदरी सीता को लेकर (रामचन्द्रजी के पास) गई और रोते हुए रामावतार के सामने प्रणाम किया । वह ख़ूब रोयी और कहने लगी कि अब मेरा कोई उपाय कीजिए । इस पर वे (रामचन्द्रजी) बोले—तेरी जगह वैकुण्ठ में होगी । उस (मन्दोदरी) ने बहुत विनती की जिसे उन्होंने (रामचन्द्रजी ने) सुना और दिलासा देकर उसे लंका भिजावा दिया । तब सीता की ओर सम्बोधन कर रामचन्द्रजी ने कहा—तुझे देखकर मेरा मन अत्यन्त दुःखी हो रहा है । अव्वल तो उस राक्षस (रावण) ने तुझे दिल में जगह दी थी जिससे तेरा मन अपवित्र हो गया है, जिसकी तुझे परवाह नहीं हैं, (शायद तू यह नहीं जानती है ।) ५ दूसरा, तुझे अपने तेज (रूप) का अहंकार हो गया था कि तेरे ऊपर रामावतार दीवाने हो गए हैं । तीसरा, तू त्रिया-रूप में लंका में रही और सभी कहते (जानते) हैं कि सीता वहाँ अकेली थी । चौथा, तुझे देख जाने मेरा मन क्यों डोल (शंकित हो) रहा है । सच तो यह है और तू इसे सच मान कि लोग (तेरे विरुद्ध) मेरे कान भर रहे हैं । हा ! मेरा प्रेम राख हो गया और मेरी तमन्नाएँ लुट गईं । यह सुनकर वह सीता ख़ूब रोई और

दोंपुन तस कुन सतुच सांखी अनय वुन्य।
त्रकूटी दीवताह सांरी अनय वुन्य ।। १० ।।
वुछुन आकाश कुन वंछ तोरु वांनी।
छें पापव निशि जुदा ईं लालि कांनी ।।
प्रछुन सिरियस तु तंम्य वाराह कसम हांव्य।
च्र छख न्यरमल अपुज़ दोंरज़न हेंया नांव्य ।।
दोंपुन यंन्दुरस पोंज़ुय नारान नंनिथ वन।
में मा ज़ांह रामुच्रंन्दुरस रोंस डोंल मन ।।
कसम यंन्दराज़ुह हावान ता बदीं हाल।
कन्यक सुता में छुम साख्यात महाकाल ।।
वदन सुतायि दोंपनस छुख च्रु अवतार।
क़सम छुम यी च्रें पतु गछ्रु नेंन्दुरि बेदार ।। १५ ।।
च्रें रोंसतुय योंद वुछम पानय त्रकारन।
यिमन रातस दोंहस सांरी छी छारन ।।
कसम छुम यी च्रे रोंसतुय कांह नु ख़ोंश आम।
सहा आसुम च्रु वोंन्य कासुम परुज़ पाम ।।

कहने लगी कि मैं सत्य की साक्षी प्रस्तुत करने के लिए त्रिलोक के देवताओं को अभी यहाँ बुला लेती हूँ। १० तब उसने आकाश की ओर देखा और वहाँ से यह वाणी गूँजी—यह (सीता) पापों से जुदा है और खान में लाल (माणिक) की तरह निर्मल है। तब वह सूर्य से (अपनी सच्चरित्रता के बारे में) पूछने लगी। उसने भी कसमें खा-खाकर कहा—तू निर्मल है, उस दुर्जन से तुम्हारे सम्बंध की बात झूठी है। तब वह इन्द्र से पूछने लगी—नारायण के निमित्त आप भी सच-सच कहें कि रामचन्द्रजी को छोड़ क्या मेरा मन कभी किसी दूसरे पर आया ? इस पर इन्द्र कसमें खाने लगा और कहने लगा—महाकाल को साक्षी मानकर मैं कहता हूँ कि लंका में सीता कन्या की तरह (पवित्र) रही। इस पर रोते-रोते सीता ने (रामचन्द्रजी से) कहा—आप स्वयं अवतार हैं। आपको छोड़ यदि मैंने कभी त्रिकारणों, जिनके लिए रात-दिन हर कोई भागता-फिरता है, की इच्छा की हो तो मैं क़सम खाती हूँ कि मुझे वह पाप लगे जो पत्नी को पति के बाद नींद से बेदार होने (जागने) में लगता है। १५ क़सम खाती हूँ, आपके बिना मुझे और कोई ख़ुश (पसन्द) न आया। अब आप ही मेरे सहायक हैं, मेरा उद्धार कर इस लाँछन से मुझे उबारिए। इस तरह वह ख़ूब रोयी और (कहते हैं) तब राजा दशरथ पैदा हो गए और उसने अपने पुत्र

वोँदुन यंत्र गोस दशरथ राज़ु पादा ।
दोँपुन गोँबरस पोँज़ुय न्यरमल छेँ सुता ।।
दोँपुस तंम्य रामुचंन्दुरन रठ यि कथ याद ।
वनय वोँन्य पोँज़ तवय सारुय च्रली व्याद ।।
अंनिथ येँलि वोँन्य सतुच साखी दितिथ लाफ ।
च्रु अछ नारस अन्दर सोरुय च्रली शाफ ।। २० ।।

स्यठाह रुत वोँन सराफ़स कुन सोँनरुय बोज़ ।
ननी सोँन नारु नीरिथ यारुह ख़ोँश रोज़ ।।
च्रु अछ नारस अन्दर योँद छी च्रे रुत्य गोँन ।
तती मालूम गछि सरतल छेँ या सोँन ।।
शमाह गरदन गंयस हंज्य लंज्य वदाने ।
ति ज़ानख यस यि गव तस क्याह सपाने ।।
मुनादी द्रायि यी नोसूरुय लद तान ।
बलुन या नारुह ज़ालुन तस छु ती जान ।।
वदन सुता जमाह गंयि पंज़्य तु वान्दर ।
अंगुन शीतन क्रुहन ज़ोलुख बराबर ।। २५ ।।
मुदा मुशखस सपुन सुतायि द्युन नार ।
वनुनि लंग्य केँह गछि मा अथ अन्दर ख़ार ।।

(रामचन्द्रजी) से कहा कि सीता निर्मल है, इसे सत्य मान। तब रामचन्द्रजी ने (सीता से) कहा—अच्छा, एक बात कहता हूँ, इसे याद रखना। असली (सत्य) बात यही है और इसी से अब तेरी सारी व्याधियाँ दूर हो जाएँगी। तूने सत्य की साक्षी में कइयों को प्रस्तुत किया। अब तू (ज़रा) अग्नि के अन्दर प्रवेश कर, इससे तेरे सभी शाप दूर हो जाएँगे। २० सर्राफ़ (सीताजी) से सुनार (रामचन्द्रजी) ने क्या ही ठीक कहा—चिंता न कर (ख़ुश होजा) आग में तपकर सोने की परख हो जाएगी। यदि तू गुणवती है तो आग के अन्दर प्रवेश कर जिससे मालूम हो जाएगा कि तू सोना है या पीतल। यह सुनकर उस सीता की शमा जैसी गर्दन (इस अप्रत्याशित व्यवाहार से) टेढ़ी हो गई और वह रो पड़ी तथा उसकी स्थिति अत्यन्त दयनीय हो गई। यह मुनादी कराई गई कि सीता अग्नि में प्रवेश करेगी। उद्धार या आग में जलना—यही दो विकल्प अब उसके पास शेष रहे हैं। रो रही सीता के इर्द-गिर्द वानर और रीछ जमा हो गए। आग जलाई गई जो बराबर अस्सी कोस तक फैल गई। २५

दपन कोंह नार दज़ि वुन्य पोंपुरिस तन ।
दपन कोंह आसि प्रज़ुलन वुन्य शमाह ज़न ॥
दपन कोंह च्राथि सोंरगुच हूर नारस ।
दपन कोंह वाति पानय सोंरगु दारस ॥
दपन कोंह असुरु सुन्द्य पुछ्य गोस युथ हाल ।
दपन कोंह पॅरियि अजदर मा वल्यस नाल ॥
दपन कोंह क्या सना क्युथ सांपुन्यस रंग ।
दपन कोंह दूरि यिथ दुनियाह गछ्यस तंग ॥ ३० ॥
दपन कोंह रामुचन्दुरन ह्योंत अमिस ख़ून ।
दपन कोंह नेरिह वुन्य ज़न ओंबरुह तलुह ज़ून ॥
दपन कोंह तस छु यी यस पाप आसन ।
दपन कोंह काँह नु करमुच हान कासन ॥
पकन गंयि पानु आमुच्र मूह माया ।
पकन फीरिथ वुछन छय छायि छाया ॥
पकन गंयि पानु ईरन आयि सुता ।
तिथिस नारस अन्दर ज़न वंछ ब दरिया ॥

इस प्रकार सीताजी के लिए आग ख़ूब भड़क उठी जिसे देख कुछ कहने लगे कि कहीं वह (सीता) इसके अन्दर जलकर राख न हो जाए। कुछ कहने लगे कि अभी शलभ (सीता) का तन जल उठेगा। कुछ कहने लगे कि अभी वह शमा की तरह प्रज्वलित हो उठेगी। कुछ कहने लगे—देखो, कैसे स्वर्ण की हूर अग्नि में प्रविष्ट हो रही है। कुछ कहने लगे कि उसे स्वर्ग-द्वार की प्राप्ति हो जाएगी। कुछ कहने लगे उस (दुष्ट) असुर (रावण) के कारण इस (निर्दोष) का ऐसा हाल हो गया। कुछ कहने लगे कि अग्निरूपी अज़दहा इसे अभी निगल जाएगा। कुछ कहने लगे कि जाने जलने के बाद इसका रंग कैसा हो जाएगा? कुछ कहने लगे कि अब इसके लिए दुनिया के सारे सुख लुप्त हो जाएँगे। ३० कुछ कहने लगे कि रामचन्द्रजी ने इस (निर्दोष) का ख़ून किया, इसे (मरवाया)। कुछ कहने लगे कि यह अभी प्रत्यक्ष हो जाएगी जैसे बादलों के पीछे से चन्द्रमा उदित होता है। कुछ कहने लगे कि उसका यही हाल होता है जो पाप करता है। कुछ कहने लगे कि कर्म का लेख कोई भी मिटा नहीं सकता है। तब सभी की जननी वह सीता आग की तरफ़ धीरे-धीरे बढ़ने लगी और बार-बार सबको पीछे मुड़-मुड़कर देखने लगी। वह सीता अपने शरीर को लहराती हुई आगे बढ़ती गई और आग के अन्दर दरिया

करान मोरु छलु आयस नारु प्यठु रेंह।
करव कथु रथ वन्दय साथा येंत्यथ बेंह ॥ ३५ ॥

रगन हुन्दि लोलु रतु सुतिन छलय खोर।
शेंरीरुचि शेरि प्यठ येंति त्रावुतम पोर॥
दंज़िथ गव तस वुछिथ सोरुय चन्दन काठ।
सौं तीज़ुच रेंह वुछिथ दुह च्रौंल दिवान लाठ॥
सु गारिथ नार डीशिथ पथ गव अज़ नूर।
गंयस कुनि च्रुनि केंच्रस बसुम गव सूर॥
रिवान सुता प्यवान तस प्यठ त्यंगल कुत्य।
रटान गुल ज़न च्रटान कोसम अथव सुत्य॥
दंज़िथ येंलि नार गव ता चारदह रोज़।
च्रौंदुश च्रंन्दुरमु सांपुन माहि दिलसोज़ ॥ ४० ॥

तिथय मा कुत्य च्रंन्दुरावुन छि च्रापन।
अमी सुतिन गछ़न छुख नाश पापन॥
अंछन लंज्य ज़ून वुछ वुछ च्रंन्दुरमस कुन।
वनुनि लंग्य कमि संगरि प्यठु हावि दरशुन॥
सपुन च्रंन्दुरमु ज़न शामन नमूदार।
वुछिथ तस कुन च्रौलुख सार्‌यन अन्दुकार॥

(पानी) की तरह प्रविष्ट हुई। तभी आग की लपटें मोरछल डुलाने लगीं और उससे कहने लगीं— ३५ तुम पर बलिहारी! क्षण-भर के लिए हमारे पास रुकना। हम अपनी नसों के प्रेम-रक्त से तुम्हारे पैर धोएँगी, हमारे शरीर के शीर्ष पर तुम (निःसंकोच) बिराज जाना। उसे देख चन्दन की सारी लकड़ी जल गई और उसके तेज की प्रचण्डता देखकर धुआँ भी दुम दबाकर भाग गया। उस सीता के ऐसे नूर को देख आग भी पीछे हट गई और वह भस्मीभूत हो गई। रोती हुई सीता पर जो अंगारे गिरते उन्हें वह गुलों (कुसुमों) की तरह हाथों पर ग्रहण कर लेती। इसी तरह जब चौदह दिनों तक आग जलती रही तो चौदहवीं का चाँद (सीताजी का सौन्दर्य) दिल को और भी लुभावने वाला बन गया। ४० उस (सीता)ने इस परीक्षा द्वारा जाने कितने चाँद्रायण व्रतों को पीछे छोड़ दिया और इस (परीक्षा) से उसने अपने सभी पापों का नाश कर डाला। उस चन्द्रमा (सीताजी) को देख-देखकर सभी की आँखें दुखने लगीं (अमित दिव्यज्योति के कारण) और सभी कहने लगे कि अब न जाने वह किस

वुछुख तस क्रूद गोमुत ड्यकु निशि दूर ।
दोंपुख लंखिमी छि मा ब्रह्मा जुवुन्य कूर ।।
वंलिथ वसतुर सतुक्य यैलि द्रायि सुता ।
शुराह सामानु तिम सारी सरापा ।। ४५ ।।
वोंन्दुक त्रोल गुसु ग़म सांपुन सोंखस तल ।
गोंलाबस मीज बैंयि बागुच यंम्बुरज़ल ।।
त्रंलिथ गव शीन छ्चफ दिथ रूद बर कोंह ।
ज़ंमिसतान सूर सोंतुन्य आयि रुत्य दोंह ।।
रंटिथ तस विर्यकोंमिस दित्य न्नाव्य पाज़ार ।
अंरिनि पोशस सपुज़ हियि माल बेज़ार ।।
वोंनुख यी टेकुबटुन्यव गिलि टूर्यव ।
वुछिव तस सोसुनस द्रामुत्र फंटिथ ज़्यव ।।
असुनि लंग्य पानुवान्य वटुफंट्य तु ज़िन्दोर ।
कोंगस वुछ पोम्पुरय रूज़िथ गंयस खोर ।। ५० ।।
लडर पोशस अनारन कोंर गुलन लूठ ।
वनन कंठस हसा असि कांसि मा ड्यूठ ।।

पर्वत-शिखर से उदित होकर दर्शन देगी । ऐसा लगा जैसे शाम को चन्द्रमा नमूदार हो गया हो जिसे देख सभी का अन्धकार दूर हो गया । जब सभी ने देखा कि उसके माथे से क्रोध दूर हो गया है (वह सती-साध्वी तथा तेजवती बन गई है) तो सभी कहने लगे कि यह ब्रह्मा की पुत्री लक्ष्मी तो नहीं है ? जब सत्य के वस्त्र धारण कर वह सीता बाहर आई तो उसका शरीर सोलह सामानों (श्रृंगारों) से युक्त था । ४५ जाड़े का ग़म-गुस्सा सुख में बदल गया तथा गुलाब (रामचन्द्रजी) को पुनः नरगिस मिल गई ! (जाड़े की) बर्फ़ (यंत्रणा) गल गई और पर्वतों पर जाकर छिप गई । पाला टल गया और बसंत के सुहाने दिन आ गए । 'विर्यक्योम' पुष्प की हालत ऐसी हो गई जैसे उसे जूते मारे गए हों । 'अरिनि' और 'हियमाल' पुष्प की आपस में ठन गई । 'टेकबटनी' और 'गिलिटूर्य' आपस में कहने लगे कि देखो, 'सोसन' पुष्प की जीभ कैसे फटने को (बाहर) निकल आई है । 'वटु फंट्य' और 'ज़िन्दोर' पुष्प आपस में हँसने लगे । केसर ने जब यह हाल देखा तो उसके पैर पाँपोर में ही रुक गए । ५० 'लडर' पुष्पों का अनार के पुष्पों ने बुरा हाल कर दिया (उन पर छा गए और उन्हें शोभाहीन बना डाला) तथा 'कंठ' पुष्प से कहने लगे कि अब तक हम किसी को भी दिखाई नहीं दे रहे थे (दुःख व अन्धकार में खोए

असन कोसम खसन ज़ुव हंदि पोशन।
व्रसन ज़ंबक वदन मसुवल छे तोशन॥
छे पम्पोशस वनान ही आसुमानी।
मे सुत्य केंछा थवुन्य गछि पार्यज़ानी॥
बबुर लारान तबुर ह्यथ ग़ार जिनसन।
मुशिकु सुतिन छौन्डुन समसार हन हन॥
दपन अछि पोश शशबरगस ज़ि गुलज़ार।
तिमव डीशिथ पंशिथ तति लोग बेमार॥ ५५॥
शंमिथ वोन कारिपंत्य शुर्‌य पान मारव।
खंटिथ रोज़व दोंपुख अदुह हारि तारव॥
बहारुक्य गुल ति फोल्य नंन्य द्रायि सारी।
संमिथ सुतायि पादन लंग्यसा पारी॥
तिमव पोशव सुतन येलि सबुज़ गव गुल।
गुलस प्यठ छालु मारुनि लोग सु बुलबुल॥ ५८॥

हुए थे। मगर अब समय पाकर खिल उठे हैं! अब हमारे सुख और सौन्दर्य को कोई छीन नहीं सकता)[1]। इधर, 'कोसम' मुस्कराने लगी और उधर 'हंदि' पुष्पों के प्राण निकलने लगे। इधर, 'जबक' के पुष्प मुरझाने और रोने लगे और उधर 'मसवल' खुशियाँ मनाने लगी। 'पम्पोश' (कमल) 'आसमानी ही' (चमेली-विशेष, जो मुरझा गई है) से कहने लगा—तुझे मेरे साथ परिचय बनाए रखना चाहिए था (मेरा कहा मानती तो तेरी यह हालत न होती) बबुर ग़ैरों के लिए कुल्हाड़ी लेकर तैयार बैठ गई और मुश्क (सुगंध) से संसार का कण-कण ढूँढ मारा (सुगंधित बना डाला)। 'अछि पोश' 'शशबरग' से कहने लगा (इस महकते गुलज़ार को देख कहीं और जाने की इच्छा नहीं हो रही है, अतः) क्यों न हम दोनों बीमारी का स्वाँग रचें। ५५ 'कारि पंत्य' पुष्प कहने लगे कि अब हमें अपना जीवन समाप्त कर देना चाचिए या फिर कहीं छिपकर बैठ जाना चाहिए, हमारे लिए अब यही दो उपाय निस्तार के लिए रह गए हैं। (इस प्रकार) बहार के सारे गुल खिलकर प्रकट हो गए और सीता के पादों में निछा-वर हो गए। इन पुष्पों से जब गुलज़ार सब्जा (महक) गया तो बुलबुल मस्त होकर उसमें अठखेलियाँ करने लगा। ५८

॥ लंकाकाण्ड समाप्त ॥

---

१ अभिप्राय यह है कि नाना प्रकार के पुष्प भी सत्य की विजय पर हर्ष प्रकट करने लगे तथा असत्य को फटकारने लगे।

वोतर कांड

वापस अजोद्यायि युन

बिहिथ ग़म ख्यथ स्यठाह माता कौसल्या ।
वंनिन तस रामुचंन्दुरस कुन यि लीला ।।

लीला

तन गंजिम कन नादन दितम ।
पान वंदय दरशुन दितम ।।
गोख यनु प्यठु बुरजु गंण्डिथ,
आख तनु कोनु कौह बाल छंण्डिथ ।
शाख गंयि शमशादन यितम,
पान वंदय दरशुन दितम ।। १ ।।
तोशि कथ रोशि गोहम नीरिथ,
होशि डंजिस आहम नु फीरिथ ।
पोशि कौंत लांन्य वादन यितम,
पान वंदय दरशुन दितम ।। २ ।।

उत्तर काण्ड

वापस अयोध्या आजाना

बहुत ग़म खायी–हुई (अत्यन्त दुःखी) माता कौशल्या रामचन्द्रजी के (वियोग में) यह भजन गा रही थी ।

भजन

मेरा तन गल गया, अब मेरे आर्त्तनाद पर कान धरना । यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । जब से तुम भोजपत्र धारणकर चले गए तब से (एक बार के लिए भी)पर्वत फाँदकर तुम क्यों न आए ? मेरी शमशाद (एक वृक्ष-विशेष) जैसी देह खण्ड-खण्ड हो गई—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । १ तू मुझसे रूठकर चला गया, मैं भला ख़ुश कैसे रह सकती थी ? तू लौटकर नहीं आयेगा (यह जानकर) मेरे तो होश ही उड़ गए । मेरी सामर्थ्य समाप्त हो चुकी है, अब तो तू

आव मेँ वोँन्दु स्यठाह फंटिथ,
त्राव मलालु यिम परदुह च्रंटिथ ।
हाव दरशुन मेँ गोम सितम,
पान वंदय दरशुन मेँ दितम ॥ ३ ॥

कुत्य गलान छी चानि वेरे,
कुत्य बलान तमना नेरे ।
सुत्य स्यदन तु सादन यितम,
पान वंदय दरशुन मेँ दितम ॥ ४ ॥

ग्राव वोलिजि अन्दर क्रोनुय,
बाव ग़म गोसु गोँय क्याह म्योनुय ।
हाव मोँख थाव लादन यितम,
पान वंदय दरशुन मेँ दितम ॥ ५ ॥

राज़ु होंज़ाह लोँग येँति ज़ालह,
बोज़तम कस बु कंरथस हवालह ।
दितु दरशुन फीरिथ यितम,
पान वंदय दरशुन मेँ दितम ॥ ६ ॥

छुम मेँ अरमान वोलिजि अन्दर,
बरुह कंरथस बु शामु सोँन्दर ।

आजा—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । २ मेरा हृदय फटने को आया है, अब तू नाराज़गी छोड़ और सभी पर्दे तोड़कर आ जा । मुझे दर्शन दे दे, मुझ पर बहुत सितम हो चुके हैं—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । ३ कितने ही तेरे (दर्शन के) लिए गल गए और कितने ही तेरे दर्शन से पार लग गए (उनकी तमन्नाएँ पूरी हो गईं) अब तू मेरी साध को भी पूर्ण कर दे—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । ४ मेरे हृदय में (तेरी जुदाई का) ग़म समाया हुआ है । तुझे मुझ से क्या गिला-शिकवा है—यह तू कह दे । अब तू अपना मुख दिखा (दर्शन दे) और मुझे उपकृत कर—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । ५ मैं हंसी यहाँ जाल में फँस गई हूँ । अब मेरी पुकार सुन, मुझे तू किसके हवाले कर गया ? (यहाँ मेरा कौन सहायक है ?) अब तू लौटकर मुझे दर्शन दे—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । ६ मेरे दिल में यही एक अरमान है (कि तू आ जाए), रे श्याम-सुन्दर ! तूने मुझे मुरझा दिया । अब तू मुझे यादकर

याद करतम तु मे नाद दितम,
पान वंदय दरशुन मे दितम ॥ ७ ॥

चानि पुछ्य मे सूरुम अंछिन गाश,
चानि यिनुच आसुम नु केंह आश ।
सुत्य सुता ह्यथ यूर्य यितम,
पान वंदय दरशुन मे दितम ॥ ८ ॥

दसतु करुयो गोलाब पोशन,
गंछिथ च्रु रूदहम छायि अन्द गोशन ।
लोल छुम होल गोमुत यितम,
पान वंदय दरशुन मे दितम ॥ ९ ॥

चोन दूर्यर ह्यकु नो ज़रिथ,
मतु गछतम जुदाय करिथ ।
जान जिगर वन्दुहय यितम,
पान वंदय दरशुन मे दितम ॥ १० ॥

पाद छोनिम मुलुक छंडान,
येलि ओसुहम दोद दामु चवान ।
छुख च्रु गोमुत कोरकुन यितम,
पान वंदय दरशुन मे दितम ॥ ११ ॥

दोख तु दोद छुम स्यठाह गोमुत,
लोलु छटे छुम डोठ प्योमुत ।

और आवाज़ दे—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । ७ तेरी ख़ातिर मेरी आँखों की ज्योति रीती हो गई क्योंकि तेरे लौटने की मुझे कोई आशा न थी । अब तू सीता सहित यहाँ आ जा—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । ८ मैंने तेरे लिए गुलाब के पुष्पों के गुलदस्ते बनाए पर तू मुझसे दूर जाकर छिप गया । अब तेरी लगन सताने लग गई है—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । ९ तेरी दूरी मुझसे सही न जा सकेगी । अब तू मुझसे जुदा होकर न जा । यह जान व जिगर तुझ पर निछावर है, अब तो आ जा—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । १० मुल्कों (देश-देशान्तरों) में तुझे ढूँढते-ढूँढते मेरे पाद घिस गए। (मुझे उस समय की याद आ रही है) जब तू मेरे स्तनों से दूध पीता था । अब जाने तू किस ओर चला गया है—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना । ११

होल चानि न यिनु छुम यितम,
पान वंदय दरशुन मे दितम ॥ १२ ॥

हरदु छस ज़न पोहु पन हरान,
मनु किन्य छस रामु रामु सोरान ।
सरवुह कदुह शाख शमशादु यितम,
पान वंदय दरशुन मे दितम ॥ १३ ॥

सिरियि प्रकाश रूदहम च़ु खंटिथ,
नेर न्यबर लछ परदुह च़ंटिथ ।
मोल प्रारान छुय त्रेशि यितम,
पान वंदय दरशुन मे दितम ॥ १४ ॥

सपुन्य यॆलि सरो सबज़ुय सार बुतुराथ ।
यछा सांपुन्य गरस तस द्राव रुत साथ ॥
वंथिथ आकाश्य गव बर तख़त रवान ।
पकान येन्दुरस थ्यकान तोंत वांत्य शादान ॥
सोमॆतरा आयि दोपनस गोसु द्रावुय ।
सु च़ोलुमुत रामु जुव अज़ यूर्य आवुय ॥

दुःख और दर्द से मैं ग्रस्त हो चुकी हूँ और मेरे वात्सल्य प्रेम पर ओले गिर
चुके हैं यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे दर्शन दे देना। १२ पतझर
की तरह मेरे शरीर से पत्ते झर रहे हैं (मैं दुर्बल होती जा रही हूँ) परन्तु
फिर भी मन से राम-राम का स्मरण कर रही हूँ। रे सरो क़दवाले!
(सुन्दर आकृतिवाले) अब तो आ जा—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब
मुझे दर्शन दे देना। १३ रे सूर्य-प्रकाश! तू जाने कहाँ छिप गया?
(सभी) लाख पर्दे काटकर तू सामने आ जा। देख, तेरा पिता पानी के
लिए तेरी प्रतीक्षा कर रहा है—यह देह तुझ पर बलिहारी, अब मुझे
दर्शन दे देना। १४

जब सकल पृथ्वी (वासंती फ़िज़ाओं से) स्निग्ध और सब्ज़ाज़ार
(हरी भरी) हो उठी तो उचित मुहूर्त्त देखकर उन्हें (श्री रामचन्द्र को)
अपने घर जाने की इच्छा हुई। आकाश में तख़्त (विमान) पर उड़कर वे
लोग (अयोध्या के लिए) रवाना हो गए और आकाश-मार्ग में इन्द्र से
अपने विमान का बखान करते वे ख़ुशी-ख़ुशी (अयोध्या) पहुँच गए।
(उन्हें देख) सुमित्रा ने (कौशल्या से) कहा—आज तेरा दुःख दूर हो गया।
तेरा बिछुड़ा हुआ रामचन्द्र आज लौट आया है। उसके आने से अन्धकार

तसुन्दी यिनु सुत्य गव अनि गोंट दूर।
तसुन्दी यिनु सुत्य गाश आव पछिम पूर॥
पकान तोंत वोत येंति ना आंस तस मोज।
सु वांतिथ वोत लंखिमन सुत्य ह्यथ फ़ौज॥ ५ ॥
सोंमेंतरा आयि अंन्द्य अंन्द्य ग्रायि मारान।
लंजिख ब्योंन ब्योंन वन्दांने चेंशमु पादन॥
बिहिथ गम- ख्यथ स्यठा माता कौसल्या।
असान आयस वनुनि तस लंज्य सोंमेंतरा॥
गंज़र यस आसि तस ह्युव रोववुमुत लाल।
लबन येंलि क्याह गछन तथ कुन वुछिथ हाल॥ ८ ॥

लीला

सोंमेंतरा छि कौसल्यायि कुन वनान

हारिये बोज़ पोशि नूलुनि बाशे।
आशे रंसित्यन गाश हय आव॥
दम छुय दुनिया खंटिथ वालु वाशे,
ज़ालु लगि राज़ुहोंज़ कथन कन थाव।
रामु जुव्य शोंछ हय लंज़ अन्द गाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव॥ १॥

दूर हो गया है और पूर्व से लेकर पश्चिम तक प्रकाश विकीर्ण हो गया है। वे (रामचन्द्रजी) सर्वप्रथम उस ओर चले जहाँ पर उनकी माता थी। उनके पीछे-पीछे फ़ौज सहित लक्ष्मणजी भी चल दिए। ५ सुमित्रा भी भाव–विह्वल होकर वहाँ पहुँच गई और उनके पादों की वंदना करने लगी। माता कौशल्या अत्यन्त ग़मगीन मुद्रा में बैठी थी। तभी सुमित्रा हँसती हुई उसके पास आई और कहने लगी—सुनो, रामचन्द्रजी जैसा लाल जिस माँ का खो गया हो यदि वह उसे मिल जाए तो उसे देख जाने उस माँ का क्या हाल हो ! ९

सुमित्रा कौशल्या से संबोधन कर रही है

री मैना ! तू पोशनूल (पक्षी-विशेष) के बोल सुन। देख, आज (हम) हताशों के प्रकाश आ गए हैं। इस दुनिया के दम (जीवन) का शिकारी छिपकर बैठा हुआ है और एक न एक दिन राजहंस उसके जाल

कन थाव कथन बोज़ ज़न गव सु राशे,
अन ब्रोंठ क़दम नेर मन तन नाव ।
वोंनमय युथनु कोंह गछ़न खन्दु बाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ॥ २ ॥

ब्रूंठिम आश छ़य नेंन्दुरे नाशे,
सेंन्दुरे थम सोन आंगन च़ाव ।
नेंदुरे वुज़ुनस कर तलाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ॥ ३ ॥

ललुवुन लालु फोंल म कर शुर्य बाशे,
सुलुवुन सुलुविथ हाल तस बाव ।
मोंलुवुनि गछ़व अंस्य फोंलुवुनि गाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ॥ ४ ॥

पातालु खोंत किनु वोंथ आकाशे,
प्रकशि तंहंन्दि सुत्य असि गाश आव ।
नाव छ़ुस अज़लु प्यठु अबदुकि गाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ॥ ५ ॥

वोंथ तय बोज़ी करतस ज़ारी,
रामु जुव बोज़िना यियिना सोन ।

में फंस ही जायेगा, यह बात ज़रा ध्यान से सुन–देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं । १ मेरी बातों पर कान धर तथा तन को स्वच्छ कर । उन (रामचन्द्रजी) का स्वागत करने के लिए क़दम आगे बढ़ा । मैं यह (सत्य) कह रही हूँ, इसे मज़ाक न समझ--देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं । २ पहले हम निराशा में भटक रही थीं, किन्तु अब सिन्दूर–सा दमकता स्तम्भ (श्रीरामचन्द्रजी) हमारे आँगन में प्रविष्ट हुआ है, अतः नींद से जागने का उपक्रम कर—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं । ३ वे लुभावने लाल हैं, उन्हें ऐसा-वैसा न जान । गोद में उठाकर उनसे अब अपना हाल कह डाल । हम सब का अब छिटकते प्रकाश की तरह मूल्य बढ़ गया—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं । ४ (कौन जाने) वे पाताल से निकल आये हैं या आकाश से उतरे हैं ? उनके प्रकाश से हम आलोकित हो उठे हैं । असीम प्रकाश के उस पुंज के जाने कितने (असंख्य) नाम हैं--देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं । ५ अब उठ और उनसे अनुनय-विनय कर । हमारे यहाँ

ज़ारु पारु करतस बोज़िना बाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ।। ६ ।।

कीकी तु कौसल्या आयि ब्रोंठु लारान,
बूज़ुख ज़ि रामुजुव तु लंखिमन आय ।
कन थाव कथन बोज़ तु बोलु बाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ।। ७ ।।

सौमेतरायि दोंपनख वंनितव वारय,
पोंज़ छा अपुज़ छा रामुजुव आव ।
अनि गोंट गोंमुत ओस वोंन्य आव गाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ।। ८ ।।

पानु तंम्य कोंरुन दरुम तय दानुय,
नंगुरुक्य लूख गंयि त्रफ्त सारी ।
जानुवार बोलुनि लंग्य कर्यख बोलु बाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ।। ९ ।।

संमिथ सारी आय तोंत लारान,
दीवता सार्य तोंता करने लंग्य ।
सारिवुय संमिथ वोंन आव अज़ प्रज़ि गाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ।। १० ।।

आकर वे हमारी बातें ज़रूर सुनेंगे। ऐसा हो ही नहीं सकता कि ख़ूब अनुनय-विनय करने पर भी वे हमारी न सुनें! देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं। ६ जब उन्होंने सुना कि श्रीराम और लक्ष्मण आ गये हैं तो कैकेयी और कौशल्या (प्रसन्न होकर) स्वागत के लिए निकल पड़ीं। आगे की बातों पर कान धर और उन्हें (ध्यान से) सुन—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं। ७ सुमित्रा (से न रहा गया, उस) ने कहा–क्या यह सच है या झूठ कि रामचन्द्रजी आए हैं? हम अँधियारे में डूबी थीं, अब प्रकाश आ गया–-देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं। ८ (श्रीराम आदि के आगमन पर) ख़ूब धर्म-दान किया गया जिससे नगर के सारे लोग तृप्त हो गये। जानवर तरह-तरह की बोलियाँ बोलने लगे—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं। ९ सभी (लोग) वहाँ पर दौड़ते हुए आ गये तथा सारे देवता उन (श्रीराम) की स्तुति करने लगे। सभी मिलकर कहने लगे कि आज प्रजा के लिए प्रकाश का आगमन हुआ है—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं। १०

कामुदीनि सुह आव गासु ह्यथ पानय,
शाल गंब हांर ब्रांर आसु यकजा।
सांरी छि करन पनुनि बोलु बाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ॥ ११ ॥

ग्यानु ज़ोन सारिवुय ज़ानन वाल्यव,
आमुत छु बगवान पानु ज़नुमस।
बाहन सिरियन हुन्द छुय तस प्रकाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ॥ १२ ॥

रामु जुव येंलि ब्यूठ तखतस पानय,
दीवताह सांरी संमिथ आय।
प्रथ जायि सांपुन्य नगुमु तु नाचे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ॥ १३ ॥

ज़ूनु पछि नवुम च्रितुरस क्यूतुय,
बोंदवार रूह्यन वरशि लंगुन ओस।
अरदु राथ गंमुत्र आंस बेंयि आव गाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ॥ १४ ॥

प्रबाथ फोल तय बूज़ येंलि राज़न,
खोंश गव दशरथ व्यठुने लोंग।

कामधेनु के लिए (स्वयं) सिंह घास लेकर आया; गीदड़, भेड़, मैना, बिल्ली (सभी) यकजा (इकट्ठे) शांतिपूर्वक रहने लग गये तथा सभी अपनी-अपनी बोलियाँ (प्रेम से) बोलने लगे—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं। ११ सभी जाननेवालों को यह ज्ञान हुआ कि (दरअस्ल) भगवान् ने स्वयं (रामचन्द्रजी के रूप में) जन्म लिया है। उनका (तेज) प्रकाश बारह (चमकते) सूर्यों के समान है—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं। १२ जब रामचन्द्रजी सिंहासन पर बिराजे तो सारे देवता इकट्ठे होकर आ गये। हर जगह नाच और नग़मे होने लगे—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं। १३ चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी, वृष लग्न, बुधवार का दिन और रोहिणी नक्षत्र--उसी दिन आधी रात बीत जाने पर (हमारे) प्रकाश का उदय हुआ (रामचन्द्र जी का जन्म हुआ)—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं। १४ प्रभात होने पर राजा ने जब यह समाचार सुना तो मारे खुशी के वे फूले न

वंसशठन दोंपुस ज़ाव फोंलुवुनि गाशे,
आशे रंसित्यन गाश हय आव ।। १५ ।।

माता कौशल्या छि प्रसंद सपदान

वोंथी वनु नांव्य तोस वांलिजि शर द्राव ।
सु च्रोंलुमुत रामुजुव सुतायि ह्यथ आव ।।
ति याम बूज़ुन तंमिस किथु पांठ्य ओंशरूद ।
वंसिथ पेंयि ज़न सु दशरथ राज़ु तोंलि मूद ।।
दोंपुन सार्यन च्रंलिथ गव दय मे वंन्यतव ।
लबन किथु पांठ्य तंम्य सुन्द पय मे वंन्यतव ।।
मे वोंनुमुत तंम्य छु येंलि वुछिहन च्रु दरशुन ।
तमी विज़ि नाद दिज़ि अदु दशरथस कुन ।।
तंमिस वनुहा मे कम कम दोंख बन्यायम ।
सु छांडान कमु कनि खोरन सन्यायम ।। ५ ।।
तिथय तमि दांद्य वंन्य गंछ्यनस बलाय दूर ।
ति बूज़िथ सांपुनुनि लोंग शेंशतुरस सूर ।।
दोंपुन लूकन सु च्रोंलुमुत यार अंन्य तोम ।
सु च्रोंलुमुत रामुजुव तस ज़ार वंन्य तोम ।। ७ ।।

समाये और वसिष्ठजी से कहने लगे कि हम सब के लिए छिटकता प्रकाश उदित हुआ है—देख, आज हम हताशों के प्रकाश आ गये हैं।[1] १५

माता कौशल्या की प्रसन्नता

उठो री, उनका स्वागत करो। हृदय में लगा तीर (शर) अब निकल गया है--वे प्रवासी रामजी सीता समेत आ गए हैं। यह सुनते ही (कौशल्या की आँखों से) अश्रु-वर्षा फूट पड़ी और कहने लगी—मैं उन्हें (दशरथ को) कहाँ से बुलाऊँ! उन्होंने (प्राण त्यागते समय) कहा था कि जब उस (रामजी) के दर्शन हो जाएँ (वे लौटकर आ जाएँ) तो उसी समय मुझे भी आवाज़ देकर बुला लेना। (वे आ जाते तो) मैं उनसे कहती कि मेरे ऊपर क्या-क्या दुःख आन पड़े और उसे (रामचन्द्रजी को) ढूँढते-ढूंढते पाँव में कितने काँटे चुभे। ५ इस प्रकार उस (कौशल्या) ने अपने अनेक दुखड़े कहे—उसकी बला (विपत्ति) दूर हो! जिन्हें सुनकर लोहा भी (गलकर) राख बन गया। लोगों से वह कहने लगी कि उस

---

१ यह भजन अयोध्यागमन से सम्बंधित न होकर राम-जन्म से सम्बंधित लगता है।

कौसल्या लीला करान

मूमच़ि ज़ंमीनि बेंयि ज़ुव च़ाव ।
बहार आव तय वनु नांव्य तोस ॥

रामु रामु परान जामु हय वन्योम,
यियिहम नज़ि आम तमना में द्राम ।
ह्यमुना मनस पानुह बगवान ओस ।
बहार आवतय वनुनांव्य तोस ॥ १ ॥

लोसु नांवनस बु क्याह गोसु ह्यथ च़ोंलुम.
तोसु बोंम्बूर्‌य हय में थोंवनम दाग़ ।
बोसु दिमस पादन गोसु मा गोस ।
बहार आव तय वनुनांव्य तोस ॥ २ ॥

कवु गोम त्रांविथ बुज़ि पान मारय,
नज़ि पज़ि वनुनी वोंन्य पंतिम ग्राव ।
दज़ु दज़ु छुम वोंन्दस तिज़ि वंन्यतोस ॥
बहार आव तय वनुनांव्य तोस ॥ ३ ॥

प्रवासी यार (रामजी) को अब जल्दी (मेरे पास) ले आइए तथा उस प्रवासी रामजी से मेरी प्रार्थना कहिए। ७

कौशल्या का भजन

मृत (सूखी) ज़मीन में पुनः प्राण-संचार हुआ। बहार आ गई, आओ, उसका स्वागत करें। राम-राम रटते (तथा अश्रु बहाते) मेरे वस्त्र गीले हो गए। काश, वे तुरन्त आजाते और मेरी तमन्ना पूरी कर डालते! मेरा मन भला दुःखी क्यों न होता? वे स्वयं भगनान् जो थे। बहार आ गई, आओ, उसका स्वागत करें। १ प्रतीक्षा करते-करते मेरी आँखें मुरझा गईं। जाने कौन-सा गिला-शिकवा (मन में) पालकर पशम से भी कोमल वह भौंरा मेरे गात को दाग़ लगाकर भाग गया था। अब मैं उसके पादों पर बोसा देकर उसको मनाऊँगी—बहार आ गई, आओ, उसका स्वागत करें। २ जाने वह क्यों मुझे छोड़कर चला गया था। अब भी वह नहीं आता तो (मैं शायद) अपने प्राण दे देती। मुझे अब पिछले गिले-शिकवों को भूल जाना चाहिए। (यह जानते हुए भी) अन्तर मेरा जल रहा है। बस इतनी-सी बात उससे कोई कह दे—बहार आ गई, आओ, उसका स्वागत

ज़नुमुक दूफ असि दरमुक गाश ।
मरमुक नगीन असि रामुसुन्द नाव ॥
असिनय करमुक खुर कांसि कोस ।
बहार आव तय वनु नाव्य तोस ॥ ४ ॥

दिम सोखु नाद में दोंख छुम गोमुत ।
यिमु शेछि वनिहस बुलबुल तु काव ॥
सोंनु जामु गंडिथ रामु जुव पादु गोस ।
बहार आव तय वनु नाव्य तोस ॥ ५ ॥

दज़ु दज़ु कासतम कालु सोंन्दरे ।
अज़ छम ताज़ु सोंन्य पोशन ति क्राव ॥
प्रछुहस सोंन्दुरो तनु कति ओस ।
बहार आव तय वनु नाव्य तोस ॥ ६ ॥

अनिगटि गाश आव प्रकाश हावतम ।
त्रावतम मलालु तु छुख च्रु दरियाव ॥
रोंपु तनि पूरथम रूस्य कचि पोस ।
बहार आव तय वनु नाव्य तोस ॥ ७ ॥

करें । ३ श्रीराम का नाम हमारे लिए जीवन-दीप, धर्म-प्रकाश, व मर्म रूप नगीने के समान है । अब (उसके विना) हमारे कर्म के फेर को भला कौन सुलझा सकता है ! बहार आ गई, आओ, उसका स्वागत करें । ४ मुझ पर अब सुख की वर्षा हो, दुःख तो मैं ख़ूब भुगत चुकी हूँ । (प्रमाण-स्वरूप) मेरे दुःख की कहानी ये बुलबुलें और कौए कह देंगे । स्वर्ण-वस्त्र धारी रामजी अब आने ही वाले हैं— बहार आ गई, आओ, उसका स्वागत करें । ५ अन्तर की अग्नि से मैं काली-सुन्दरी (श्याम-वर्ण की) हो गई हूँ, इसे अब मिटा देना । मेरी यह 'सोंन्यपोश' (पुष्प-विशेष) जैसी ताज़ी तन मुरझा गई है । (वह आता तो मैं) उससे पूछती कि रे सुन्दर ! अब तक तू कहाँ रहा ?— बहार आ गई, आओ, उसका स्वागत करें । ६ (तेरे आने से) अन्धकार, प्रकाश में बदल गया । अब मलाल छोड़ दे क्योंकि तू दरिया (उदार) है । मेरी हिरनी जैसी (पोस्त) चमड़ी को (तेरे आने से) पुनः कांति प्राप्त हुई है— बहार आ गई, आओ, उसका स्वागत करें । ७

कौसल्या तु रामुजुव समुखान

कौरुख यैलि नालु मौत दौनुवय वंसिथ पैय ।
ऑनुख यंत्र ज़ोर लोलन बे ख़बर गंय ।।
गौबुर यस आसि तस ह्युव रोवुमुत लाल ।
लब्यस यैलि क्याह गछ्यस तसकुन वुछिथ हाल ।।
रौटुन नालुह सपुन्य यंत्रकाल बेहोश ।
गुमां यी गोख कौरुन ज़हरे हिलाल नोश ।।
वौदुन त्युथ युथ अंछिन रूदुस नु कैंह गाश ।
अंछिव ड्यूठुन गौबुर कर आस तस आश ।।
वदुनु सुतिन बदन दौनुवुन्य वुनेयस ।
बन्दन प्यठ बन्द निसतर ज़न सनेयख ।। ५ ।।
रुमाह रूज़िथ सपुन्य बेदार माता ।
टुकन थौंद गंयि वंथिथ आयस सौमेंतरा ।।
सौमेंतरा आयि अंन्द्य अंन्द्य ग्रायि मारन ।
पकन ही ज़न छकन नबु क्यन सितारन ।।
वदुनि लंज्य लोलु सुतिन अदु सौमेंतरा ।
करुनि लंज्य रामु अवतारस यि लीला ।। ८ ।।

कौशल्या और रामजी का मिलन

जब वे (एक दूसरे के) गले मिले तो दोनों जैसे (भावविभोर होकर) गिर पड़े। वात्सल्य ने ऐसा ज़ोर मारा कि दोनों बेख़बर हो गए। जिस (माता) का ऐसा लाल सरीखा पुत्र खो गया हो और फिर उसे वह पा ले, तो उसे देखकर उसका ऐसा हाल क्यों न हो? (रामचन्द्रजी को) गले से लगाकर वह काफ़ी देर तक बेहोश रही। उसे को गुमाँ हुआ जैसे उसने ज़हर पी लिया हो (मर गई हो)। वह इतनी रोई कि उसकी आँखों की ज्योति रीती हो गई। आँखों से वह अपने पुत्र को देखेगी, इसकी भला उसे आशा कहाँ थी! रोने से दोनों के बदन गीले हो गए और अंगों में जैसे नश्तर चुभने लगे। ५ कुछ समय के बाद (कौशल्या) बेदार हो गई और उठ खड़ी हुई। तभी सुमित्रा आ गई। वह धीरे-धीरे क़दम डालती हुई प्रेम-विह्वल होकर मालती के फूल जो नभ के सितारों की तरह लगते थे, बिखेरते हुए आगे बढ़ने लगी। प्रेम में मग्न होकर वह (सुमित्रा) रोने लगी और रामावतार की वंदना करने लगी। ८

सोंमेंतरा लीला करान

राम् च्रंन्दुर् हरि नारानुह ।
लागय दानु दानय ही ॥
मनस मा कोंह च्रें रोंटथम गोसुह ।
लगुयो तोसु पोमबुरे ॥
लंखिमी सुत्य छय नारानुह ।
लागय दानु दानय ही ॥ १ ॥

खोंतुहम पूर्य सिरियि रूपु ।
च्रोंलुम मूरे अलुरुन ॥
च्रुय छुख म्यानि जुवुक जानु ।
लागय दानु दानय ही ॥ २ ॥
च्रुय छुख अनु च्रुय छुख दनु ।
च्रुय छुख मनु मंजुक सीर ॥
च्रें क्याह वनय तु बु क्याह ज़ानु ।
लागय दानु दानय ही ॥ ३ ॥

मोंखतुह हार च्रेंय छुय हटि ।
छसय मटि पालोनी ॥
वुछिनय चानि वोंगन्योम शानु ।
लागय दानु दानय ही ॥ ४ ॥

सुमित्रा का भजन

हे रामचन्द्र-रूपी हरि-नारायण ! तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । तुमने मन में कोई गिला-शिकवा तो नहीं पाल रखा है ? आ, तुम्हारे पशम से कोमल शरीर पर वारी जाऊँ । हे नारायण ! —तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । १ लक्ष्मी के साथ (तुम) ख़ूब सुशोभित हो रहे हो । हे सूर्य-रूप ! मेरे जीवन में तुम पूर्व दिशा से उदित होनेवाले सूर्य की तरह आए हो । तुम्हारे आने से मेरी कँपकँपी (मेरा मानसिक संताप) दूर हो गई । मेरे शरीर की तुम ही जान हो— तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । २ तुम ही (मेरे) अन्न और तुम ही (मेरे) धन हो तथा मन के भीतर रहनेवाला मर्म भी तुम ही हो । तुम से भला मैं क्या कहूँ ? मैं जानती ही क्या हूँ— तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । ३ तुम्हारे गले में मुक्ताओं का हार है । मुझे पालने की ज़िम्मेदारी अब तुम्हारे ही ऊपर है । तुम्हारे दर्शनों से मेरा सीना फूल गया— तुम पर

चुय छुख माजि ज़ामुत राजि ।
चुय छुख वाजि नगीनह ।।
चुय छुख पानु दयावानु ।
लागय दानु दानय ही ।। ५ ।।
चुय छुख हेरि चुय छुख बोनु ।
दप्याम मनु वुछिहथ बो ।।
वेशनु रूपु श्री बगुवानु ।
लागय दानु दानय ही ।। ६ ।।
चुय छुख हियि अन्दुरुक दानु ।
चुय छुख जानु मीरु जान ।।
मे च्रोल वोंदु निशि अरमानु ।
लागय दानु दानय ही ।। ७ ।।
वोथुम ताज लागुम शेरि ।
वोन्दुक नेरि तमन्ना ।।
खोतुम पाप ह्योतुम तानु ।
लागय दानु दानय ही ।। ८ ।।
दरशनु चानि च्रंजिम गटु ।
गंड्यो त्वंट्य तु मालु बो ।।
येछी युस नु सुय हारानु ।
लागय दानु दानय ही ।। ९ ।।

मालती के फूल चढ़ाऊँ । ४ अपनी माँ के तुम राजा-बेटे हो, अँगूठी में नगीने के समान हो तथा हे दयावान् ! तुम स्वयं (भगवान्) हो— तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । ५ अन्दर भी तुम हो और नीचे भी तुम ही हो । मैंने मन में तुम्हें हे विष्णु-रूप श्रीभगवान् ! देखना चाहा था— तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । ६ मालती का पराग तुम ही हो तथा (हम सबको) जान से भी तुम प्यारे हो । (तुम्हारे आने से) मेरे दिल के अरमान निकल गए— तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । ७ उठो और अब अपने सिर पर ताज धारण करो ताकि (हमारे) दिल की तमन्ना निकल जाए । मैंने ताने दे-देकर (अपने ऊपर ख़ूब) पाप चढ़ाए हैं— तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । ८ तुम्हारे दर्शन से मेरा अन्धकार दूर हो गया । आ, तुम्हें हार और मालाएँ पहनाऊँ । (ऐसे मौके पर भला कौन प्रसन्न न होगा !) जो

प्रकाशि चानि च्रोंलुम दाग़ ।
शिहिलि नागुरादो वे ॥
गंयम अज़ में बंरुत्य बानु ।
लागय दानु दानय ही ॥ १० ॥

श्री रामसुंद राज

तंमिस सुतायि बेंयि दोंन राजि ज़ादन ।
लंजिख ब्योंन वंदांने चंशमु पादन ॥
कोंठिस प्यठ कलु ह्यथ तिम ललुनाविन ।
दिलासा दिथ समबालिन सुलुनाविन ॥
सपुन्य बेदार यॆलि वंनिनख स्यठाह ज़ार ।
जमाह गव नगर सारी गंयि ख़बरदार ॥
जमाह सारी ख़लुक यॆलि आयि यकबार ।
संमिथ तस रामुच्रंदुरस यी वंनिख ज़ार ॥
शतुरगुन बरथ बेंयि लूख आयि सारी ।
लगुनि लंग्य रामु च्रन्दुरस पार्‌यपारी ॥ ५ ॥
तुलुख मोंरुछलु कंर्‌य कंर्‌य लोगुहस ताज ।
ज़ंमीनदारन कोंरुख मोक़ूफ़ ह्योंन बाज ॥

नहीं होगा वह हैरान (दुःखी) बना फिरता रहेगा— तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । ९ तुम्हारे प्रकाश से मेरा (जुदाई का) दाग़ मिट गया और मुझे जैसे बहते झरने के पास की शीतल-छाया मिल गई । आज मेरे सभी बर्त्तन भर गए (मैं संतुष्ट हो गई)— तुम पर मालती के फूल चढ़ाऊँ । १०

श्रीराम का राज

(तब) उस सीता और उन दो राजकुमारों के पादों पर वह (कौशल्या) नेत्र बिछाने (वारने) लगी । घुटनों पर तीनों के सिर लेकर उन्हें डुलाने लगी और (धीरे-धीरे) पुचकार कर उन्हें सुलाने लगी । जब वे बेदार हुए तो उस (कौशल्या) ने अपने दुखड़े सुनाए जिससे सारा नगर ख़बरदार होकर वहाँ जमा हो गया । जब सारे (ख़लक़) लोग एक-साथ जमा हो गए तो उन्होंने ने भी मिलकर रामचन्द्रजी को अपने दुखड़े सुनाए । शत्रुघ्न, भरत और अन्य सारे लोग आ गए और रामचन्द्रजी पर बलिहारी जाने लगे । ५ तब मोरछल डुला-डुलाकर

तंपीशॊर रेंश तु यूगी जूग्य ब्रह्मन ।
स्यठाह गंयि साविदान तस कुन गॊमुत मन ॥
अंनिन गं‍ जीनु मुच्रॊविन ख़ज़ानह ।
दितिन दरमस ग़रीबन पान्य पानह ॥
सपुन ख़ॊशदिल समय अज़ अदल दरदाद ।
वनुन छुनु केंह ज़ंमीनदार गंयि आबाद ॥
सपुन्य मशहूर यॆलि यिछ़ हुकुमरानी ।
सु अमुर्यथ चथ लुकव लंब ज़िन्दुगानी ॥ १० ॥
कंरुन यंच्रकाल तामथ हुकुमरानी ।
मरुन मोकूफ सां‍पुन दर जवानी ॥
कंरुन यंच्रकाल तामथ पादुशाही ।
तंमिस सारी करान आसी यि आही ॥
वनन यी आस्य ईशर व्याद कासिन ।
लंसिन असि राज़ुह राज़स तीज़ आसिन ॥ १३ ॥

॥ वोतरकांड समाप्त ॥

उन्हें ताज पहनाया गया और इसी के साथ ज़मींदारों से लगान लेना माफ कर दिया गया। तपीश्वर, ऋषि, जोगी और ब्राह्मण सभी प्रसन्न हो गए। खज़ानों के द्वार खोल दिए गए तथा स्वयं (श्रीरामचन्द्रजी ने) ग़रीबों के लिए दान-कर्म किया। सभी खुशदिल हो गए और समय बड़ा ही सुखद बन गया। और क्या कहें, जमींदार आबाद (खुशहाल) हो गए। (श्रीरामचन्द्रजी की) हुक्मरानी (राज्य) मशहूर हो गई और जनता ने अमृत-पान कर नई ज़िन्दगी प्राप्त की। १० उन्होंने (रामचन्द्रजी ने) काफी (लम्बे) समय तक हुक्मरानी की तथा (उनके राज्य में) कोई भी व्यक्ति बीच जवानी में कभी न मरा। उन्होंने बहुत दिनों तक बादशाही की। सभी उन्हें यह आशिष् देते रहे कि ईश्वर उन्हें नीरोग रखे तथा हमारे राजा दीर्घ काल तक तेजवान् बने रहें। १३

॥ उत्तरकाण्ड समाप्त ॥

लव-कोश काण्ड

ज़ाम हुन्द दाह

मंगान आस्य लूख जगतुक्य यी दयस वर।
लंसिन श्री राम आसिन सायि बर सर॥
ति मा गंज़रुख छु अंमिसुन्द तीज़ सोरुय।
अमा बोंज़वान सुय यैम्य मोल गोरुय॥
तिमन दन बाग्य यिम बब मोज गारन।
कथन यिम माजि मालिस अथु दारन॥
सुमा सन्तान गव यस रोज़ि न ज़ान।
मुरुखि बोंज़ आसि मालिस माजि मारान॥
तंमिस गोंबरस बरि नु कांछाह वोंपर लोल।
वदन यस मोज आसी ज़िन्दु बेंयि मोल॥ ५ ॥
यिथी छी यूगियन सन्तान आसन।
तिमय यिम माजि मालिस खुर छि कासन॥
दोंह अकि रामुचंन्दुरस बब च्यतस प्यव।
बबन दोंपुनस गोंबरु सुन्द ग़म कंम्य ख्यव॥

लव-कुश काण्ड

ननद की जलन

जगत् के लोग भगवान् से यही वर मांग रहे थे कि श्रीराम दीर्घायु हों और उनका साया उनके सर पर बना रहे। उन्होंने यह नहीं जाना कि इन (श्रीराम) की ही तो यह सब माया है। दरअसल, बुद्धिमान वही है जिसने अपने पिता को सम्मान दिया। उनका भाग्य धन्य है जो माता-पिता का सम्मान करते हैं तथा उनके हर वचन का अनुपालन करते हैं। वह सन्तान ही क्या जिसे माता-पिता की याद न रहे और जो मूर्ख-बुद्धि से माता-पिता को मारती (पीटती) रहे ! उस पुत्र से कोई भी प्रीति न रखेगा जिसके माता-पिता जीते जी रो रहे हों। ५ योगियों की सन्तान (श्रेष्ठ होती है और) अपने माता-पिता की दुविधा दूर करने-वाली होती है। एक दिन श्रीराम को अपने पिता याद आए। उन्हें

अंनिन रेंश्य नाद दिथ वोंनुनख पनुन हाल ।
दोंपुन गछि दोंन अंछन आसुन त्रेयुम लाल ।।
वसेंशटन ह्योंत करुन ताम जगि अशमीद ।
दितुख सुतायि अमर्यथ चोंन पंरिथ वीद ।।
बहारुक्य दोंह ज़मीन आंस ज़ाफ़रांनी ।
अबर नेसान तुलुन ताम लालि कांनी ।। १० ।।
दिच्नुन येंलि तन रंटुन हांगिनि अन्दर जाय ।
दपन वोंथ हांगिन्यन हांगिनि सुत्यन न्याय ।।
दयोगत वुछत् पांनिस सांपुनन लाल ।
कमुय गव वुनि ति तामथ गवनु यंत्रकाल ।।
शहनशाहस पुरुब्य अदु आव नादस ।
द्युतुन फ्युर दफतरन कुन लोंग फ़सादस ।।
वुछिव बाकुय तु फांज़िल ओस पानह ।
करुन छुस पानु छारान कम बहानह ।।
ह्योंतुन बाकुय कडुन येंलि जमह खारुन ।
ह्योंतुन मुजरा पनुन गरुह रथि खारुन ।। १५ ।।

लगा जैसे पिताजी कह रहे हों कि पुत्र का ग़म (पुत्र के वियोग की पीड़ा) कौन दूर कर सका ! (अभिप्राय वात्सल्य की मार्मिकता को वर्णित करना है) उन्होंने (श्रीरामचन्द्रजी ने) ऋषियों को बुलवा लिया और उनसे अपना हाल कहा कि इन दो नेत्रों के लिए अब तीसरे नेत्र (प्रकाश) की इच्छा हो रही है। तब वसिष्ठ ने अश्वमेध यज्ञ रचना शुरू किया और वेदपाठ के उपरान्त सीता को अमृत पिलाया गया। दिन बहार के थे और ज़मीन (प्रकृति) ज़ाफ़रानी (केसरिया) रंग की हो गई थी। इधर, अभ्र (बादल) से निकलकर अमृत की एक बूँद अपने तन को सीपी में ढालकर मोती का स्वरूप धारन करने लगी। १० अन्य सीपियाँ उस सीपी को देख ईर्ष्या करने लगीं। दैव गति देखिए, पानी (का वह क़तरा) लाल बन गया। अभी ज़्यादा समय नहीं बीता होगा कि (एक बार) शाहंशाह (रामचन्द्रजी) को एक दूत ने (राज्य में हो रही किसी अनियमितता) की ख़बर दी। तब उन्होंने स्वयं सम्बंधित दफ़्तर की जाँच-पड़ताल की और इस प्रकार फ़साद (कटुता) ने जड़ पकड़ ली। देखिए, वे ख़ुद ज्ञाता और सर्वज्ञ थे। किन्तु नियति के चक्र के बहानों (कारणों) से वे भी बच न सके। (नियति ने) बाक़ी कौर-क़सर भी निकालनी शुरू की और उनके घर में फूट पड़ने लगी। १५

तंमिस सुतायि मा आसुस लोंकुट ज़ाम ।
तमी क्याह् कोंर तंमिस बर मंदिन्यन शाम ।।
स्यठाह् ओसुस गोंमुत सुतायि ह्रुन्द वार ।
लोंबुन येंलि दस्तगाह् प्यव तस कोंठ्यन पार ।।
रशक ओंनुनस वुछिव तस क्याह् यि वोंनुनस ।
प्रंगस खारुन तु तंल्य किन्य चाह् खोंनुनस ।।
च्रु मा छख ज़ाँह् ति कांमा म्यान्य बोज़न ।
पनुन्य आसिथ व्यंदान ह्य छख मे दुशमन ।।
प्रुछ्य पंज़्य किन्य गछ्यम लीखिथ मे हावुन ।
बसूरथ ओस क्युथ ह्युव दशिरावुन ।। २० ।।

सों आसना तस निशन वाराह गरज़मन्द ।
दोंयुम ज़ोनुन नु केंह मा अमि कोंरुम फन्द ।।
त्रेंयिम त्रुयि वरनु तस वनुनस नु चारह ।
कंरुन आवारु सुता बयि दुबारह ।।
तंमिस सुतायि मा बोज़ुनु पोंज़ुय आव ।
दोंयुम ज़ोनुन नु ब्यन सुय सांपुनुस वाव ।।

(कहते हैं), उस सीता की एक छोटी ननद थी जिसने उस (बेचारी) की भरी दुपहरी को शाम में बदल डाला। सीता से उसका वैर खूब बढ़ गया था। उसको जब उसने (रानीजी के समान) सुख-भोग करते देखा तो उसके घुटने जैसे टूट गए। रश्क ने ज़ोर मारा और देखिए, उसका क्या हाल कर दिया। उसे तख्त पर चढ़ाकर नीचे उसके लिए खंदक खोद डाली। (ननद एक दिन बोली—) तुमने आज तक मेरी कोई बात नहीं मानी। अपनी होकर भी मुझे दुश्मन मानती रही। (आज मैं कुछ चाहती हूँ) सच-सच लिखकर मुझे बता देना। वह दशमुखरावण सूरत से भला कैसा था ? २० उस (सीता) के सामने वह खूब गरजमंद बनी। इधर, वह (सीता) यह न जान सकी कि यह मेरे गले में कौन-सा फंदा डाल रही है। उसने सीता की दुबारा खूब मनुहार की और वह (सीता) त्रिया होने के कारण (स्त्री सुलभ स्वभाव से) मजबूर हो गई। अव्वल, उस सीता को सच्चाई (असलियत) दिखाई न पड़ी। दूसरा, उसने (सरल स्वभाव के कारण) अपने में और ननद में कोई भिन्नता नहीं जानी और तीसरा यही उसके लिए संकट का कारण बना। चौथी बात यह कि शायद उसके सुखों में बढ़ोतरी हो गई थी,

यि चूरिम कथ सोखस मा तस त्रर्यर गब ।
अहंकारस करान यी छुय सदाश्यव ॥
न तुह पुंत्र्युम पनुन तस यी मुदा ओस ।
गोंबुर थाविथ गछुन गरुह त्रेर मा गोस ॥ २५ ॥
शेयिम शंका करुन लूकन फरुम ज़ाम ।
संतिम सथ रामुत्रन्दुरस दोब्य दित्रुन पाम ॥
अमा अष्टम प्रुछोनस रामु त्रन्दुरन ।
वनुम वुनिक्यन त्रें मा छुय कोंह मंगन मन ॥
दोंपुस तमि छम गंमुत्र वोंन्य यी मनस राय ।
गंछिथ तिम रेंश बु वुछिहा बेंयि तिहिंज़ जाय ॥
नंविम निशि वातिथुय टीकायि द्रायस ।
दंहिम दीवियि सुतायि वरनि आयस ॥
यि काहिम कथ कुनी कर क्याह छु लारुन ।
खंटिथ बेंह वन्य रंटिथ बगवान छारुन ॥ ३० ॥
नतुह बोजख सोंखस मा तस त्रर्यर गव ।
अहंकारस करान छुय यी सदाश्यव ॥
मुदा तमि लीछ सूरत तस दोंपुन डेश ।
छु रावुन नरकु वासी वेंह ख्यवान डेश ॥

जभी अहंकार का सदाशिव ने यह हाल कर दिया। अन्यथा पाँचवीं बात यह कि उसकी स्वयं की यह इच्छा रही होगी कि पुत्र को जन्म देकर जल्दी से घर (माँ वसुंधरा के पास) चली जाऊँ। २५ छठी बात यह कि वह लोगों को ननद के दुर्व्यवहार से आतंकित कराना चाहती थी। सातवीं बात यह कि उधर, श्रीरामचन्द्रजी को धोबी ने भी उलाहना दिया था। आठवीं बात यह कि शायद रामचन्द्रजी ने पूछा हो कि 'माँग, इस समय क्या माँगती है' और उस (सीता) ने कहा हो कि मेरे मन की यही राय (इच्छा) है कि मैं पुनः ऋषियों के स्थान (वन) को देखना चाहती हूँ। नौवीं बात यह कि (अयोध्या) पहुँचकर उसकी खूब टीका (टिप्पणी) होने लगी थी। दसवीं बात यह कि वह सीता के वर्ण में देवी अवतरित हुई थी। ग्यारहवीं बात यह कि (शायद) उसने सोचा हो कि (अब अत्यधिक) सुखानंद से क्या मिलने वाला है, अतः वन में बैठकर भगवान् को ढूँढ लूँ। ३० अन्यथा जान लीजिए कि उसे अपनी सुख-समृद्धि पर अहंकार हो गया था और अहंकार का सदाशिव यही हाल कर देते हैं।

अंनिन तमि तोंत त्युथुय बायिस सं हावुन ।
वुछिव क्यथु पांठ्य सुता मारुनावुन ॥
दोंपुन तस कुन यि वुछ बायो यि क्याह छुय ।
दोंहय सुता वुछिथ यथ कुन तुलान हुय ॥
मे नीमस चूरि पतु आसि पान मारन ।
वदन वाराह तु नेंतरव खून हारन ॥
वोंने बोज़्यम यि कागज़ुन नियम ज़ाम ।
छुन्यम मारिथ गंयम डागिनि सुत्यन काम ॥ ३६ ॥

सुतायि हुंज़ जलावतनी

ति बूज़िथ रामु जुव क्रूदी स्यठाह गव ।
तमी क्रूदुकि बदुलु बोंन कोंश तु बेंयि लव ॥
ति बूज़िथ रामु जुव बेताब सांपुन ।
ओंनुन लंखिमन वोंनुन सोरुय तंमिस कुन ॥
वोंनुन लंखिमन जुवस सुता छुनुदन वन ।
नतुह मारुन तंती योंति लूख नु बोज़न ॥

मुद्दा यह कि उस (सीता) ने उस (रावण) की सूरत बनाई और (ननद को) दिखाकर कहा— देख, कैसे नरकवासी रावण ज़हर खा रहा है। तभी उस (रेखा-चित्र) को वह भाई के पास ले गई और उसे दिखाया। देखिए, कैसे सीता को (उस ननद ने) मरवा डाला (आफ़त में डाल दिया)। वह (भाई से) बोली— देखो भैया, यह क्या है! सीता रोज़ इसे देख-देखकर विलाप करती है। जब से इस (चित्र) को मैंने उसके यहां से चुराया है, वह ख़ूब छाती पीटने लगी है। ख़ूब रो रही है तथा नेत्रों से ख़ून (के आँसू) बहा रही है। ३५ यदि वह जान जाय कि उसका यह कागज (रेखा-चित्र) ननद (मैं) ने चुरा लिया है तो वह मुझे मार ही डालेगी, ऐसी (डाकिन) है वह। ३६

सीता को जलावतन करना

यह सुनकर रामजी अत्यन्त क्रुद्ध हुए और उसी क्रोध के बदले (जवाब में) संभवतः कुश और लव को पैदा होना था। यह सुनकर रामजी बेताब (चिन्ताकुल) हो उठे और लक्ष्मण को बुलवाकर उससे सब कुछ बताया और कहा— सीता को वन में छोड़ आ, अन्यथा मैं उसे वहाँ पर मार डालूंगा जहाँ किसी को कानों-कान खबर तक न होगी। ऐसा सुनकर

ति बोज़ुनु सुत्य गव तस लंखिमनस ज़ाफ ।
दप्योनस क्याह सना सुतायि खोंत पाफ ।।
अमा ओसुस नु तस निशि न करुन वार ।
गोंडूनस जिगरस यकबारगी नार ।। ५ ।।
दोंपुस तंम्य लंखिमनन रूदुय नु इन्साफ़ ।
संती सुता छे वनतम क्याह खोंतुस पाफ ।।
कर्यानस ज़ारु पारु बूज़नस नु दानह ।
करुन छुस पानु कम छांडन बहानह ।।
संपुन लाचार लखिमन हुकुम मोनुन ।
कंड्न सुता तु कड्नस नु चारु ज़ोनुन ।।
कंडिथ सुता वनस मंज़ निथ छुनिन दूर ।
मनुश ज़ातव कंडिथ छुन्य सोंरगु निशि हूर ।।
दपन वाराह सु लंखिमन जुव वदन ओस ।
पकन पथकुन नज़र फीरिथ दिवान ओस ।। १० ।।
वदुनु सुत्य गोस गश गोंड्नस दिलस नार ।
वुछन ओस सातु सातह ह्यवु यियस आर ।।
वदन सुतायि वोंनुनस वारु वारह ।
च्रु वनतम कंम्य कंरुस कीवल अवारह ।।

लक्ष्मणजी तनिक उग्र हो उठे और कहा कि सीता को यह किस पाप की सज़ा दी जा रही है? परन्तु उन (रामजी) के आगे उनकी एक न चल सकी तथा उनका जिगर एकबारगी दहक उठा। ५ लक्ष्मणजी पुनः बोले— आपको ज़रा भी इन्साफ़ न रहा। सीता सती हैं, उस पर भला कौन-सा पाप चढ़ा है। (जो आप उसे यह कठोर दण्ड दे रहे हैं) अपनी ओर से उस (लक्ष्मण) ने खूब विनती की, मगर उन्होंने कुछ भी नहीं माना। दरअसल, उस (भगवान्) को ऐसा करना था, जिसकी यह घटना बहाना-मात्र बन गई। लाचार होकर लक्ष्मण ने हुक्म को मान लिया और सीता को अपने साथ न ले जाने के लिए उसे कोई चारा (उपाय) नज़र आता न दिखा। (घर से) निकालकर सीता को वन में फेंक आने को वह जाने को हुआ। देखिए, कैसे मनुष्यजाति के लोगों ने स्वर्ग की हूर को निकाल बाहर कर दिया। कहते हैं, वह लक्ष्मण खूब रोने लगा तथा (बार-बार) पीछे मुड़कर देखने लगा (ताकि रामचन्द्रजी को दया आ जाए और वे उन्हें रोक लें)। १० बहुत रोने से उसका दिल दहलने लगा और वह ग़श खा गया। (होश में आने पर) वह धीरे-

लतन हुन्द रथ वतन लार्योम क्याह गोम ।
बु छस ज़ानन यि वोंपदीश मा कोंरुम ज़ाम ॥
दोंपुस लंखिमन ज़ुवन साथा येंत्यथ बेंह ।
बं मारह पान वोंन्य गंडुनम दिलस रेंह ॥
यि कथ बूज़िथ पथर सुता वंसिथ पेंय ।
खव्रस यमु ज़ालु तस पानस लंजिस रेंय ॥ १५ ॥
अंछिन गोस गाश कम लंज दिनि कन्यन फेश ।
दोंपुन तस त्रावुतम गोंडुह चावतम त्रेश ॥
सु गव पानिस ओंनुन तंम्य पोन्य दूरे ।
वुछिन सोंरगुच नेंन्दुर तस पंरियि हूरे ॥
नेंन्दरि हंत्र ज़न पथर बुथिकिन्य पेंमुत्र आस ।
पथुरि प्यठ पोशि थंर ज़न बरुह गंमुत्र आस ॥
वुछिन येंलि शोंगिमुत्र ब्रह्मा ज़ुवुन्य कूर ।
ग़ंनीमत ज़ोन तंम्य तस निशि त्रलुन दूर ॥

धीरे पीछे की ओर पुनः (कातर नज़रों से) देखने लगा कि शायद उनको अब भी दया आ जाए। तब रोते हुए सीता धीरे-से बोली— (रे लक्ष्मण !) तू ही बता कि किस बात की यह सज़ा मुझे दी जा रही है ? (अब तक) रास्ते छानते-छानते क्या मेरे पैर कम घिसे थे ? जानती हूँ यह उपदेश (शायद) ननद द्वारा इन्हें दिया गया है। तब लक्ष्मण बोला— आप थोड़ी देर के लिए यहाँ बैठ जाइए, मैं अपने-आप का अंत कर देता हूँ क्योंकि (आपकी दशा देख-देखकर) मेरा दिल जल रहा है। यह बात सुनकर सीता नीचे पृथ्वी पर गिर पड़ी। उसके शरीर से तीव्र कँपकँपी छूटने लगी तथा देह पर जैसे चींटियाँ रेंगने लगी। १५ आँखों की ज्योति कम हो गई और वह पत्थरों को चाटने लगी। वह (लक्ष्मण से) बोली— मुझे छोड़ जाने से पहले ज़रा पानी तो पिला देना। तब वह पानी लेने के लिए गया और जब बहुत दूर से पानी ले आया तो उसने देखा कि स्वर्ग की वह हूर-परी (सीता) निद्रा में डूबी हुई है। गहरी नींद में वह ऐसे निमग्न थी जैसे मुँह के बल गिर पड़ी हो या फिर जैसे फूल की डाली सूखकर पृथ्वी पर गिर पड़ी हो। जब (लक्ष्मण ने) ब्रह्माजी की पुत्री (सीता) को पृथ्वी पर यों सुसुप्तावस्था में देखा तो उसने इसी में ग़नीमत जानी कि अब वह (सीता को छोड़) उससे दूर निकल जाए। पानी के लोटे को वृक्ष (की डाली) पर लटका दिया और उस (सीता के) मुँह पर पानी की बूँदें धीरे-धीरे

थोंवुन पां लोटु आवेज़ां कुलिस कुन ।
ह्योंतुन तां तस बुथिस प्यठ पोन्य पशपुन ।। २० ।।
त्युथुय फीरिथ सु लंखिमन आव रिवन ।
युथुय ज़न कांसि छी मारुनि निवन ।।
वदुनु सुत्यन पथर बुथ्य किन्य प्यवान ओस ।
ति मा तसुन्द्यन पद्यन रोंखसत ह्यवान ओस ।।
दया करतम छ्या सथ किनु हंरिथ प्रान ।
बन्या तस यस मे ह्युव युथ आसि सन्तान ।।
वोंमा दीवी ख्यमा करतम खोंतुम पाफ ।
मे छुम वांलिजि छोंख आमुत च्रे छुय ज़ाफ ।।
मे कर ताक़त च्रे कुन वुछ्यनस दुबारह ।
ह्यमय रोंखसत पद्यन तल पान मारह ।। २५ ।।
च्रे येति त्रांविथ अंछिन थोंप दिथ बु कोंत आस ।
शरन छुस मांज गोंबरस प्यठ करन पास ।।
मे कर गोंछ रामुचंन्दुरुन हुकुम बोज़ुन ।
बु कर तस वातुहा यथ कामि सोज़ुन ।।

टपकने लगी । २० इसके उपरान्त, लक्ष्मणजी रोते हुए लौटने लगे वैसे ही जैसे किसी को मारने के लिए (सूली की ओर) बढ़ाया जाता है। रोते-रोते वह इतना क्षीणकाय हो गया कि (बार-बार) मुँह के बल गिर जाता मानों (सीता के) पादों से रुख़सत (बिदाई) माँग रहा हो। (मारे ग्लानि के वह मन-ही-मन कहने लगा—) मुझ पर दया रखना, हम सब को आपकी ही जीवनाशा है। भला उसका क्या हाल हो जिसकी मुझ जैसी (निष्ठुर) सन्तान हो। हे उमा देवि ! मुझे क्षमा करना, मैंने पाप किया है (आपको वन में छोड़ आने की बात मैंने मान ली)। आपको इस अवस्था में देखकर मेरा कलेजा छलनी हो रहा है, अब दुबारा आपको देखने की ताक़त मुझ में कहाँ ? मैं आपके चरणों के सान्निध्य से रुख़सत हो रहा हूँ— ऐसा सोच मृत्यु जैसे मुझे काटने को आती है। २५ आपको (यों अकेला) छोड़ने के लिए जाने मैं क्यों यहाँ आ गया ? अब, हे माता ! मैं आपकी ही शरण में हूँ। मुझपर (पास) दया करना। मुझे रामचन्द्रजी का हुक्म नहीं मानना चाहिए था और न ही इस काम के लिए उन्हें मुझे यहाँ भेजना चाहिए था। मुझे वे वहीं पर शमशेर से मार डालते, यदि मैं आपको साथ ले चलने के उनके हुक्म

नतुह तंत्य कोनु मार्‌योनस ब शमशेर ।
ब खारी येंलि हुकुम कोंरनम च्रे सुत्य नेर ।।
नतय माता च्रे ओसुय करमु लाने ।
अरुथ यथ यी छु छारुन क्याह छु माने ।।
पकन गव तोंत सु च्रन्दुरमु रंबुवुन रव ।
नमस्काराह करिथ शहरस अन्दर गव ।। ३० ।।

सपुन्य बेदार सुता पां फेंर्‌यव सुत्य ।
गुमव गरमव सुतिन वस्तुर वने मुत्य ।।
वुछुन लंखिमन सु गोमुत तस निशन दूर ।
गलुनि लंज्य यंच्र अलुनि लंज्य वावु सुत्य मूर ।।
दोंपुन क्याह गोम कंम्य सरफन वोंलुम नाल ।
प्यनम मा काव नतु वोंन्य मा ख्यनम शाल ।।
वदुनु सुतिन अंछिन तस गाश कम गोस ।
सु येंलि लंखिमन तंमिस त्रावित्थ च्रलान ओस ।।
रिवान डयूठुन यिवान ज़न पानुसुय कुन ।
रुमाह रूज़िथ नज़ुरिह तलु गाब सांपुन ।। ३५ ।।

वनुनि लंज्य पान्य पानस कुन सोंन्दरमाल ।
वदुनि सुतिन छेंनिम मा दोंन अंछिन लाल ।।

को न मानता, तो ज़्यादा अच्छा था । अन्यथा, लगता है हे माता ! यह सब आपके कर्म-लेख में बदा था जिसका अर्थ स्पष्ट होता जा रहा है । इस प्रकार (खिन्न मन से) वह लुभावना चन्द्र (लक्ष्मण) चलता गया और नमस्कार करते हुए शहर (अयोध्या) के अन्दर पहुँच गया । ३० इधर, सीता (लोटे में रखे) पानी की बूँदों से बेदार हो गई । उसके वस्त्र गर्मी के कारण पसीने में भीग गए थे । जब उसने देखा कि लक्ष्मण उससे दूर हो गया है तो वह गलने लगी तथा वैसे ही काँपने लगी जैसे वायु से पेड़ की टहनी । वह बोली— हाय ! यह क्या हुआ ? यह किन (मुसीबतों) सर्पों ने मेरे गले को घेर लिया । अब कहीं कौए और गीदड़ मुझे (इस निर्जन में) खा न जाएँ ! लक्ष्मण द्वारा इस प्रकार छोड़ देने पर रोते-रोते उसकी आँखों की ज्योति कम हो गई । कभी उसे लगता जैसे दूर से (लक्ष्मणजी) उसकी ओर आ रहे हों किन्तु (दूसरे ही क्षण) नज़रों से वे ग़ायब हो जाते । ३५ (तब) अपने आप से वह सुन्दरी (सीता) कहने लगी कि बहुत ज़्यादा रोने से इन दो पुतलियों का प्रकाश

तवय मा छुम मेँ लंखिमन ड्रेन्ठ इवन ।
बिहिथ लंज्य पकुनु क्यन सदुहन थोंवुन कन ।।
रुमा रूज़िथ सुमा ज़ोनुन गरह गोम ।
मेँ त्राविथ च़ूरि करमस हूरि क्याह गोम ।।
वनुनि लंज्य दांद्य सिर वोंन्य ख़ाक सांपुन्य ।
लबन शंथरन कन्यन ज़न चाख सांपुन्य ।।
वदुनु सुत्य जानावारन आव संहलाब ।
वनस निशि मन डंलिख च़ंल्य वांत्य पंजाब[1] ।। ४० ।।

गुलव येंलि वुछ तसुन्द बुथ ज़न पेंयख हाय ।
खोंतुख ज़र वावु सुत्य मेंत्रि तल रंटुख जाय ।।
तने तनहा सं सुता क्याह कुनी ज़ंन्य ।
कंड्यन काठन सुत्यन यकसान सांपुन्य ।।
अख यिछ्र नोज़ुक बदन बेंयि तिछ्र गरां बार ।
त्रेंयिम त्रयि वरनु बरथा रुस्त आवार ।।
यि च़ूरिम च़ूरि ज़न मन्दूदंरी ज़ाय ।
ज़नख राज़स बबस लंगिनस स्यठाह आय ।।

मद्धिम पड़ गया है। तभी शायद वे लक्ष्मण मुझे दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। वह बैठकर (ध्यान से) चलने की आहट पर कान धरने लगी (आँखों की ज्योति पर विश्वास न कर आहट का अवलम्ब लेने लगी) किन्तु क्षणभर के बाद (किसी की भी आहट न पाकर) वह समझ गई कि वे (लक्ष्मण) उस हूर को छोड़कर चोरी-छिपे घर चले गए होंगे। तब अपने को ख़ाक में मिला देख वह अपने दुखड़े सुनाने लगी जिन्हें सुन (वन के) पत्थर भी जैसे फट गए (चाक हो गए)। उसके रोने से ऐसी अश्रु-धारा बही जिससे सैलाब आया तथा (बेचारे) पशु-पक्षी वन छोड़कर भागते हुए पंजाब पहुँच गए। ४० गुलों ने जब उसका मुख देखा तो उनपर जैसे कालिख पुत गई। बहती वायु में भी वे सूख गए तथा (धराशायी होकर) मिट्टी के नीचे छिप गए। (उस वन के बीचों-बीच) उस अकेली सीता की हालत (सूखे) काँटों व घास-फूस की तरह हो गई। एक तो नाज़ुक बदन, दूसरा यह अकेलापन। तीसरा त्रिया (पत्नी) होकर भी अपने भर्त्ता के सुख से वंचित। चौथा, मन्दोदरी के गर्भ से चोरी-छिपे जन्म लेना और फिर राजा जनक का पिता बन उसका

१ कवि की कल्पना द्रष्टव्य है।

अंछिव किन्य ओंश अथव खोरव होंरुन खून ।
प्यवन वंस्य वंस्य पथर चंशमन लंजिस ज़ून ।। ४५ ।।
वदुनि लंज्य ज़्यव गंयस कंज दादि लंज्य पेंन्य ।
वनस कुन च्रंज्य गंयस हंज्य अंज़ गरदन ।।
वनन मंज़ यी वोंनुन गंछ्य नय कनन बोज़ ।
छु सथ वोंपदीश कथ तथ खोत्र पथ रोज़ ।।
ख़बर कोंह छमनु कर फुटुरुम तंमिस मन ।
तवय मा तापु सुतिन गंज्य मे हन हन ।।
ख़बर कोंह छमनु कमि दोंहु तस कोंरुम वाद ।
कंड्यव सुतिन मे नीलेयम वोज़ुल्य पाद ।।
ख़बर कोंह छमनु कर ग्यूलुम अंतीतन ।
तवय दोंपहम च्रु बे परतीत सांपन ।। ५० ।।
ख़बर कोंह छमनु कर ग्यूलुम कंमिस तां ।
बहारस मे तवय कोंरनम ज़ंमिसतान ।।
ख़बर कोंह छमनु कस सुतिन कोंरुम न्याय ।
तवय सोंरगुचि हियि यिछ मा पेंयम हाय ।।
ख़बर कोंह छमनु कम कांछान मे ओंसी ।
तवय दोंपहम तिमव सांपन वोंदासी ।।

पालन-पोषण करता— (आशय यह है कि सीता को जन्म से ही तरह-तरह के कष्ट देखने पड़े) आँखों से वह आँसू और हाथ-पैरों से ख़ून बहाने लगी । (बेचारी) बार-बार गिर जाती तथा उसकी आँखों में जाले पड़ गए । ४५ रोते-रोते उसकी ज़ुबान गूँगी हो गई तथा पीड़ा से तड़फने लगी । वह भीतर वन की ओर चल दी । (दौर्बल्य के कारण) उसकी हंसी जैसी गर्दन टेढ़ी हो गई । वन में जाकर उसने जो बात कही, रे मनुष्य ! उसे तू कान लगाकर सुन । वह सदुपदेश है तथा उसको हृदयंगम कर और असत्य से पीछे हट । (वह बोली—) ख़बर नहीं किस घड़ी मैंने उनका मन तोड़ा जो (आज) काँटों पर चलकर मेरे पाद यों छलनी हो रहे हैं । ख़बर नहीं किस घड़ी मैंने अतीत में (अभिमान-वश) किसी का मज़ाक उड़ाया जो (आज) मेरी बहार में यों वीराना छा गया । ५० ख़बर नहीं किस घड़ी मैंने किसी पर अन्याय किया जो (आज) स्वर्ग की चमेली पर कालिख पुत गई । ख़बर नहीं किस घड़ी किसने मुझे बददुआ दी जो मैं (आज) यों उदास फिरने लगी हूँ । ख़बर

खबर केंह छमनु कस बाविम पनुन्य सीर।
तवय द्युतहम बंरिथ बालिजि युथ तीर॥
खबर केंह छमनु कस सुतिन द्युतुम लाफ।
तवय ल्युथ गोम नतु युथ क्याह खोंतुम पाफ॥ ५५॥
वदुनि लंज्य गव सु कोंत येम्य नारु ज़ाजिस।
सु कोंत गव येम्य बु करमुकि शाठु लाजिस॥
सु कोंत गव येम्य करुस तमि तारु मंज़ु सोंन।
सु कोंत गव येम्य करिथ यकसान द्युत दोंन॥
सु कोंत गव येम्य करुस वुनिक्यन अवारह।
सु कोंत गव येम्य दिच्रनस बु नारह॥
सु कोंत गव युस मे योंत ताम सुत्य द्युतनम।
बु ज़ाज्यनस यंत्र जिगर क्यथु नारु बोंरनम॥
बु कस आसुस कुनुय ओसुख चु म्योनुय।
गंयम जोंलु पापु सुत्य मोंल नो मे ज़ोनुय॥ ६०॥
कंमिस लदु राह पनुन यी लानि ओसुम।
यि छुम बूगुन ति कर वोंन्य कांसि कोसुम॥
अमा क्याह करुह गंयस वोंन्य यंत्र अवारह।
वदुनु सुतिन बन्दन गाम पारु पारह॥

नहीं किसको मैंने अपने रहस्य बता डाले जो (आज) हृदय में यों तीर लग गया। ख़बर नहीं किसके साथ मैंने धोखा किया जो (आज) मेरी यह दुर्गति हुई अन्यथा मेरा पाप ही क्या था! ५५ वह रोते हुए कहने लगी— कहाँ गया वह जिसने मुझे आग में धकेल दिया, कहाँ गया वह जिसने मेरे कर्म-लेख को पलटा दिया। कहाँ गया वह जिसने मुझे आग में तपाकर सोना (कुन्दन) बनाया। कहाँ गया वह जो हम दोनों (सीता-राम) को यकसान (एक समान) समझता था। (आज) वह मुझे यों निःसहाय छोड़कर कहाँ चला गया? जो मेरे साथ यहाँ तक आया था, वह कहाँ गया? उसके इस प्रकार चले जाने से मेरे जिगर में आग धधकने लगी है। वह मेरा एकमात्र था, किन्तु अब वह भी चला गया। दरअसल, पाप (दुर्भाग्य) के कारण मेरी आँख लग गई और मैं उसका मूल्य जान न सकी। ६० अब किसको दोष दूँ, मेरे भाग्य में ऐसा ही बदा था। जो मुझे भोगना होगा उससे अब भला कौन मुझे दूर कर सकता है! (बस, एक बात है) यहाँ अकेले में तनिक बेबस पड़ी हूँ।

पकन गंयि रथ छकन कोताह सों सुता ।
वनुनि लंज्य रामु अवतारस यि लीला ।। ६३ ।।

लीला

गोम त्राविथ दिल छुम में दज़न ।
छम नु वज़न सेतारुह नये ।।
यारु म्यान्यो चु बोज़ू वारह ।
छी में गछ़ान वालिंजि पारह ।।
येलि सुबहन सों द्रायि दज़न ।
छम नु वज़न सेतारुह नये ।। १ ।।
यारुबलु प्यठु तन आयि नाविथ ।
नंगरु निशि हा छुनिथन च्रे त्राविथ ।।
आगरु रोंस कोंल अदु कर छे ग्रज़न ।
छम नु वज़न सेतारुह नये ।। २ ।।
लंजि कर यिन सोंबुलु बाग़स ।
खंजि लाजन गुलालु दाग़स ।।
खंजि गछ़ुनि तस क्यथु पज़न ।
छम नु वज़न सेतारुह नये ।। ३ ।।

रो-रोकर सारे अंग टूट गए हैं । इस प्रकार वह सीता रोते हुए तथा रक्त बहाते हुए चलती गई और रामावतार के प्रति यह भजन गाने लगी— । ६३

भजन

वह मुझे जलता छोड़कर चला गया, तभी (आज) इस सितार (हृत्तन्त्री) के सुर बज नहीं रहे हैं। यार मेरे ! (हे राम !) ज़रा ध्यान से सुनना। उस सुबह मुझे अकेला छोड़ जब वह (लक्ष्मण) चला गया तब से मेरा दिल तार-तार हो गया—तभी (आज) इस सितार (हृत्तन्त्री) के तार बज नहीं रहे हैं। १ तेरे लिए नदी (सीता) नहा-धोकर आई थी किन्तु तू ने उसे नगर से दूर मुड़वा दिया। अब भला बिना स्रोत के नदी क्या गरजेगी (झूमेगी) ?—तभी (आज) इस सितार (हृत्तन्त्री) के तार बज नहीं रहे हैं। २ अब मेरे इस सुम्बुली बाग में भला क्या डालियाँ खिलेंगी ! गुल-लाला (तेरी सीता) खण्ड-खण्ड हो गई है तथा उस पर यहाँ-वहाँ दाग़ ही दाग़ लग गए हैं। (तेरी सीता के

शहर् निशि येंलि गंयि आवारह ।
आंस हारान ओंश वारु वारह ॥
लशि गंजिनम तस शेंछ लज़न ।
छमनु वज़न सेतारुह नये ॥ ४ ॥

दयि संज़ुय कथ वाति मानुन्य ।
गछि कुमत ब्योंन ब्योंन ज़ानुन ॥
डूरय खासन तु क्यमखाबु गज़न ।
छमनु वज़न सेतारुह नये ॥ ५ ॥

सिरियि प्रकाशि करतम वोंपाये ।
लांय वोंठ तमि तत्रि तीलु क्राये ॥
पशपु पनुन्य त्रंट्य त्रंट्य छें नेरन ।
छमनु वज़न सेतारुह नये ॥ ६ ॥

च़ु बोज़न कोनु छुख छुयना यिवन आर ।
मेंं क्याह कोंरमय बु करथस यंत्र गिरिफ़्तार ॥
च़ु आसख मसनन्दस प्यठ तति खोंशी सान ।
बु शूबा येंति कंड्यन प्यठ हालि हांरान ॥

लिए) भला यह दुरवस्था उचित थी क्या ?—तभी (आज) इस सितार (हृत्तन्त्री) के तार बज नहीं रहे हैं । ३ शहर से जब (तेरी सीता) निराश होकर निकली तो उसकी आँखों से असंख्य आँसू बहने लगे । कितनी ही बार उसने संदेश भेजा किन्तु बदले में उसे मिली केवल विरहाग्नि—तभी (आज) इस सितार (हृत्तन्त्री) के तार बज नहीं रहे हैं । ४ (अब मैं निराश होकर इस निष्कर्ष पर पहुँची हूँ कि) दैव (भगवान) की बात (होनी) को सर्वोपरि मानना चाहिए तथा अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग बातों की कीमत को जानना चाहिए । अब मेरे लिए किमखाब व ज़री-गोटे के वस्त्रों का क्या महत्त्व रहा ! तभी (आज) इस सितार (हृत्तन्त्री) के तार बज नहीं रहे हैं । ५ 'प्रकाश' कहते हैं कि हे सूर्य ! अब (सीता का) कोई उपाय कीजिए । वह खौलती कढ़ाई में कूद पड़ी है तथा उसके तलवे अब पूर्णतया खंडित हो चुके हैं—तभी (आज) इस सितार (हृत्तन्त्री) के तार बज नहीं रहे हैं । ६

(हे रामचन्द्रजी !) आप मेरी पुकार सुन क्यों नहीं रहे हैं, (मेरी यह हालत देख) क्या आपको मुझ पर दया नहीं आ रही ? मैंने आपका

खोंतुम क्याह पाफ वोंन्य रछतम परन तल ।
गंयस आवारुह वाराह कुन्य तु कीवल ।।
वनन आंसिम ज़नखराज़ुन्य कोंमारी ।
वुछुम वुनिक्यन कंरुम मा कांसि यांरी ।।
वुछन छुखना गंमुत्र क्याह छस अवारह ।
वदुनु सुतिन बदन गोम पारुह पारह ।। ५ ।।

वुछन छुखना अंछिव रथ छस बु हारन ।
यि वथ रांवुम तु वुनि मा कांह ति हावन ।।
च्रें वोंनथमना च्रु छख नोज़ुक गुल अन्दाम ।
वुछन छुखना में वुनिक्यन क्याह बंनिथ आम ।।
च्रें वोंनथमना च्रु छख न्यरमल वुनिसताम ।
वुछन छुखना में सांपुन मंदिन्यन शाम ।।
च्रें वोंनथमना च्रु छख नोज़ुक हियितन ।
वुछन छुखना में डीशिथ कांड्य छि खोच्रन ।।

क्या बिगाड़ा था जो मुझे यों गिरफ्तार (परवश) कर डाला। आप वहाँ पर खुशी के साथ (प्रसन्नमुद्रा में) मसनद के सहारे लेटे होंगे और यहाँ (आपकी पत्नी सीता का) काँटों पर डोलना क्या आपको शोभा देता है ? कौन सा पाप किया था मैंने ? (अब आप ही मेरे सहायक हैं) अपने चरणों के बीच में मेरी रक्षा कीजिए। अकेली मारी-मारी फिरकर मैं बहुत असहाय हो गई हूँ। मैं राजा जनक की कुमारी कहलाती थी मगर देखिए, इस समय किसी ने भी आगे बढ़कर मेरी यारी (सहायता) नहीं की। देख नहीं रहे हैं आप, मैं कैसे दुःख में डोल रही हूँ। रोते-रोते मेरा बदन तार-तार हो गया है। ५ आप नहीं देख रहे कि कैसे आखों से रक्त बहा रही हूँ। रास्ता भूल गई हूँ और अब तक कोई उसे दिखा नहीं रहा है। आप ने ही तो कहा था कि मैं एक नाज़ुक व कोमल गुल हूँ। मगर (इस समय) मुझ पर क्या बीत रही है, क्या यह आप नहीं देख रहे ? आपने ही तो कहा था कि मैं निर्मल (पवित्र) हूँ। मगर (इस समय) मेरी दोपहर कैसे शाम में बदल गई है, क्या यह आप नहीं देख रहे ? आपने ही तो कहा था कि मेरा तन चमेली जैसा नाज़ुक है। मगर (इस समय) मुझे देख काँटे भी डर रहे हैं, क्या यह आप नहीं देख रहे ? आपने ही तो कहा था कि मैं सबकी आखों की ज्योति हूँ। मगर (इस समय) मेरी ही आशा (ज्योति) टूटती जा रही है,

च्रे वोंनथमना च्रु छख सारचन अंछन गाश ।
वुछन छुखना में मा वोंन्य कांसि हुंज़ आश ॥ १० ॥
च्रे वोंनथमना च्रें कोसल्या रछी जान ।
वुछन छुखना तमि ति मा म्योन रोंछ जान ॥
च्रे वोंनथमना च्रें वोंन्य केंह छय नु गांगल ।
वुछन छुखना गछान क्याह छुम कंड्यन तल ॥
च्रे वोंनथमना च्रु गछ बागुच बबुर लाग ।
वुछन छुखना दिलस क्याह छिम गछान त्रांग ॥
कुनी आंसुस कुनुय ओसुख च्रु म्योनुय ।
गंयम ज़ोंलु पापु सूत्य वोंन्य मोंल में ज़ोनुय ॥
कंमिस लंदु राह पनुन यी लानि ओसुम ।
यि छुम बूगुन ति मा वोंन्य कांसि कोसुम ॥ १५ ॥
अमा छुम यी तमाह करिना ख्यमा वोंन्य ।
मनस थाव्यम तु मंशराव्यम नु ज़ांह वोंन्य ॥
मशी योंदवय प्रेंयम वुछ क्याह गंयम राय ।
में मंशरांविथ तु त्रांविथ छुय नु केंह पाय ॥
बु योंततामथ कडन अज़तन यि जामह ।
परान आसय बु तोंत ताम रामु रामह ॥

क्या यह आप नहीं देख रहे ? १० आपने ही तो कहा था कि कौशल्या मुझे अच्छी तरह पालेगी। मगर (इस समय) वह भी मेरी रक्षा नहीं कर रही, क्या यह आप नहीं देख रहे ? आपने ही तो कहा था कि मुझे किसी बात की चिंता नहीं करनी चाहिए। मगर (इस समय) काँटों के बीच मेरा क्या हाल हो रहा, क्या यह आप नहीं देख रहे ? आपने ही तो कहा था कि मैं बाग में खिलने वाली जूही की कली हूँ, मगर (इस समय) मेरा दिल कैसे फटा जा रहा है, क्या यह आप नहीं देख रहे ? मैं एक थी और आप एक भी, बस, मेरे ही थे। मगर जाने किस पाप ने मेरा यह हाल कर दिया। अब किसे दोष दूँ, मेरे भाग्य में यही तो लिखा था। जो मुझे भोगना है वह भला कैसे टल सकता है ! १५ बस, अब एक ही तमन्ना है कि आप मुझे क्षमा करना, मन में मुझे बिठाकर रखना तथा भूलना नहीं। यदि मेरे प्रेम को आप भूल जाएँगे तो उसका परिणाम भी देख लेना क्योंकि मुझे बिसार कर आप उपायहीन हो जाएँगे। मैं जब तक इस जामे में

मशम नु तॆलि गछ्यम यॆलि सा्यसुय सूर ।
नरुक दूर्यर मे छुम सॊरगुच दंज़ुस हूर ।।
प्रलय यॆलि सा पुन्यम तॆलि तन बु नावय ।
मुञारिथ सीनुह यिम सूराख हावय ।। २० ।।
प्रलय तॆलि यॆलि पनुन्य तन नारु ज़ालह ।
गंयस तॊताम दयस कॊरमख हवालह ।।
च़ु छुख आकाश मेंच़ि वात्या करुन ज़ोर ।
यि मा गंज़ुरुथ मे शानन प्यठ खस्यम बोर ।।
ति पॊज़ यस पाफ खॆत्य तस वाति हॆन्य प्रान ।
अमा पज़ि नज़ि त्रुयन प्यठ यिछ़ करुन्य हान ।।
मे पापव रॊसतुय कॊरथम सितेज़ह ।
यितम तवु खॊतु करतम रेज़ु रेज़ह ।।
ति मा वॊनुमय मे मा मार्यम हॆयम रथ ।
च़े मा कंरथम ख्यमा कॆंह छय नु तयनत ।। २५ ।।

रहूँगी (जीवित रहूँगी) तब तक राम-राम रटती रहूँगी। जब तक (मेरी देह) राख नहीं हो जाती तब तक आपका नाम भूल न सकूँगी। (जाने क्यों) नरक भी मेरे लिए दूर होता जा रहा है और मैं जो कभी स्वर्ग की हूर कहलाती थी (आज) जलती जा रही हूँ। जब प्रलय होगा तब अपना तन धो डालूँगी और यह सीना खोलकर अपने सूराख (दुखड़े) दिखाऊँगी। २० सम्भवतः प्रलय तब होगी जब इस तन को अग्नि में जला डालूँगी। तब तक आपको भगवान् के हवाले कर मैं (बहुत दूर) चली जा रही हूँ। आप आकाश हैं और मैं पृथ्वी। आकाश का मिट्टी (पृथ्वी) पर (इस तरह) ज़ोर-जब्र करना शोभा नहीं देता। इससे आपके (कन्धों) पर भार ही बढ़ेगा— ऐसा आपने शायद जाना नहीं। यह सच है कि जिसने पाप किया हो उसके प्राण निकाल लिये जाने चाहिए किन्तु स्त्रियों पर ऐसा आतंक (बलवीरों को) शोभा नहीं देता। (वैसे) मैंने कोई पाप नहीं किया था, फिर भी (ख़ूब) सितम ढाए आपने। इससे तो अच्छा था कि ख़ुद अपने हाथों से मेरे टुकड़े-टुकड़े कर डालते। मैंने चाहा था कि आप स्वयं मुझे मार कर मेरा रक्त निकाल लेते किन्तु लगता है शायद आप मुझे क्षमा कर गए हैं और अपने मन से आपने मालिन्य को निकाल दिया है। २५ कहीं ऐसा तो नहीं कि आपने सोचा हो कि

ति मा गंज़ुरुथ में मा मन्दुछनु यियम नाव ।
वनन मा लूख यि कंमि संज़ि त्रुयि बंनिथ आव ।।
वन्यम कांह कथ ज़ंमीनस छुय मकानह ।
दपस बुथ्य किन्य पेंयस वुन्य आसमानह ।।
वन्यम वन पोंज़ चु वोंन्य क्याह छी वनन नाव ।
दपस सार्यन गछुन रोज़ुनि कुस आव ।।
वन्यम अदुह क्याज़ि छख ओंश यूत हारन ।
दपस छसु ओंश हरन किनु मोंखतु हरन ।।
वन्यम अदु कति गछी आसुन्य बिहिन्य जाय ।
दपस सार्यन गछुन तथ जायि येंति आय ।। ३० ।।
नतह बूज़िन यि दय बेयि कांह मु बूज़िन ।
यिमन सीरन में निश तवु परदुह रूज़िन ।।
स्यठाह रुत वोंन तिमव दानूतरव यी ।
पज़ि नु पोंत्र सोपनानुय जेफु फुटुरी ।।
वेंशामेतरन बबस दोंपनम छु अवतार ।
चु दिस नेथुर करी रुत्य रुत्य पोंतुरु कार ।।

मेरा साथ निभाने में आपकी बदनामी होगी और लोग यह कहेंगे कि यह किस की पत्नी है जो यों (दर-दर) भटक रही है। यदि मुझसे कोई पूछे कि तुम्हारा मकान किस ज़मीन (जगह) पर है तो उससे कहूँगी कि मैं अभी-अभी आसमान से मुँह के बल गिर पड़ी हूँ। यदि कोई पूछे कि सच-सच बताओ कि तुम्हारा नाम क्या है तो उससे कहूँगी कि सब को (एक दिन) चले जाना है, यहाँ (स्थायी रूप से) कौन (नामधारी) रहा ! यदि कोई पूछे कि तुम (इस प्रकार) आँसू क्यों बहा रही हो तो उससे कहूँगी कि ये आँसू कहाँ, ये तो मोती हैं। यदि कोई पूछे कि तुम अब कहाँ रहोगी तो उससे कहूँगी कि सब को वहीं जाना है जहाँ से वे आए हैं। ३० अन्यथा, भगवान् ऐसा करें कि मेरे इस रहस्य को (कि पति ने मुझे निर्वासित किया है) कोई जान न पाए और इस पर पर्दा बना रहे। विज्ञों ने बहुत ही ठीक कहा है कि निरंतर सम्पर्क के बाद ही किसी के बारे में कुछ कहा जा सकता है। विश्वामित्र ने मेरे पिता से कहा था कि वे (श्री रामचन्द्र जी) अवतार हैं, उन्हें आप लड़की दें। वे श्रेष्ठ कार्य करने वाले (वर) पुत्र हैं। मगर उन्हें (मेरे पिता को) क्या ख़बर थी कि वे (श्रीरामचन्द्रजी) सीता को यों छोड़ देंगे और अपयश के कारण वह सात जन्मों तक

ति मा आंसुस ख़बर सुतायि त्राव्यम ।
सों सुता सथ ज़न्म मा मन्दुछाव्यम ॥
ति मा गंज़ुरुन यि मा दोंदुशुर्य मिज़ाजह ।
अमी बोंज़ सुत्य ज़गि हुंद मा सु राजह ॥ ३५ ॥
वनन गंयि यी सनन खोरन खमूरे ।
नबुच लंज्य तांव तंत्र ज़न लावि मूरे ॥
प्यवन वंस्य वंस्य गछ़न ज़दुह गुलालन ।
अथव सुत्य थफ करान आंस क्रूड़ ज़ालन ॥
पकान गंयि रथ छकान कोसम अथव सुत्य ।
कन्यन सूराख गंयि तंहंज़व कथव सुत्य ॥
वनस मंज़बाग वुछुन अख रेंश मकानाह ।
कंरिथ बुरज़ुक सु थांविथ तापु दाना ॥
अथव खोरव अंछव लारन पकन गय ।
र्योंशा अख परज़ुनोवुन ज़न लोंबुन दय ॥ ४० ॥
सु वालमीकी रंखीशर मांल्य सुन्द गोर ।
जहानस फेरुवुन वातान च्रवापोर ॥
न्यर आशा यंत्र गंछिथ येंलि तस निशन आय ।
रंछिन कंरनस अंछिन मंज़बाग तंम्य जाय ॥

डोलती फिरेगी । लगता है उन्होंने (मेरे पिता ने) यह निर्णय (जल्दी में) सहज-भाव से लिया और श्रीराम की बुद्धि की श्रेष्ठता पर विश्वास कर लिया । ३५ वह यह सब कहती जा रही थी और उसके पैरों में कंकड़ अड़ते जा रहे थे । ऊपर नभ तवे की तरह तपने लगा जिसकी आँच से वह (बेचारी) झुलसने लगी । वह बार-बार नीचे गिर पड़ती और उसे देख-देख गुल-लाला पीड़ित हो उठते । झाड़-झंखाड़ को पकड़ कर वह पुनः उठ खड़ी होती । कुसुमों जैसे हाथों से रक्त बहाती हुई वह आगे बढ़ती गई तथा उसकी बातें सुन-सुनकर पत्थरों के भी सूराख़ हो गए । वन में (एक स्थान पर) उसने एक ऋषि का मकान (आश्रम) देखा जो भोजपत्रों से बना हुआ था । वह (सीता) तेज़ कदमों से आगे बढ़ने लगी । जब उसने वहाँ एक ऋषि को देखा तो उसे जैसे भगवान् मिल गए । ४० वे वाल्मीकि ऋषीश्वर थे—उसके पिता के गुरु । जहाँ-भर में फिरने वाले तथा चारों ओर पहुँचने वाले । निराशा से दुःखी होकर जब वह (सीता)

कंरुन सीवा रेंशिस मनुकिन्य कोरुन बाव ।
सोंरन आंस सातु सातह रामुसुन्द नाव ॥
दोंहस रातस तंमिस रामस शरन आंस ।
वुछिव कति ईशरन तस अनि गटु कांस ॥ ४४ ॥

लवुन तु कोशुन ज़नुम

सुबह फोल गटु सूरिथ गाश बेंयि आव ।
प्रज़लुवुन सिरियि ज़न परबतु तलु न्यबर द्राव ॥
बराबर आयि ना सुता यि नव मास ।
महा रुपीठ सन्ताना तंमिस ज़ास ॥
लंगुन दन तीश बेंयि त्रय आंस गोंर वार ।
स्यठाह दनु स्वस्त हसित्यन हुन्द ख़रीदार ॥
लख्यन यी लंगुनु किन्य खेंतरी वरन द्राव ।
महावीरन बबन मारुनि मा आव ॥
वरुनु दीवुह ज़ात तीशुक गोंन त्रेंयिम त्रेंय ।
मरन यिम ईशरस तिम ज़िन्दुह करुन्य पेंय ॥ ५ ॥

उनके पास पहुँची तो उन्होंने उसका रक्षण किया तथा आँखों पर जगह दी। सीता ने महर्षि की मन से ख़ूब सेवा की और समय-समय पर राम का नाम भी स्मरण करती रही। दिन-रात वह राम की शरण में रहती। देखिए, किस प्रकार ईश्वर ने उसका अन्धकार दूर कर दिया। ४४

लव और कुश का जन्म

सुबह हुई और अन्धकार दूर होकर पुनः प्रकाश छितराया और प्रज्वलित होता सूर्य पर्वत के पीछे से निकल आया। इधर, सीता के (गर्भ के) नौ मास बराबर हो आए और एक महारूपवान सन्तान ने जन्म लिया। धन लग्न, पुष्य नक्षत्र, तृतीया एवं गुरुवार—ऐसे लक्षणों से युक्त धन-धान्य, हाथी-घोड़ों का मालिक (ख़रीदार) वह बालक (ज्योतिष के हिसाब से) क्षत्रिय वर्ग का बैठा तथा महावीर पिताओं (राम, लक्ष्मण, भरत आदि) को मारने वाला बतलाया गया। वर्ण (रंग) से देवताओं जैसा व महागुणी वह बालक इस लिए ज़िंदा (पैदा) हुआ कि ईश्वर (श्रीराम) को मार सके। ५ उसके हाथों

अथन लीखिथ अछर करि परबतन सूर।
पद्यन यी पादि रुख गोंडु ज़ेनि लोहूर ॥
तसुन्द मोख डेशिवुन खोंट मोंख प्रबातन।
सिरियि सुतायि ज़न खोंत अरदु रातन ॥
सिरियि च्रंन्दुरमु तंमिस केन्दुरस गोंमुत जान।
सपुनि योंमि हुनिशि लूकुक बब यि सन्तान ॥
प्रबातन योंलि प्रज़लुवुन सिरियि ह्युव ज़ाव।
च्रंजिस गटु दोंन अंछिन तस गाश ज़न आव ॥
तंमिस मोंख त्युथ छु युथ अड्फोल वोंज़ुल पोश।
खटन तथ वुठ वंटिथ थाविथ रंटिथ जोश ॥ १० ॥

मनस वुछिनस तंमिस शंका खंटिथ आंस।
वन्दुच सरदी वुछिथ थोवन वंटिथ आंस ॥
वुछन तस नस अलमासुच कलम त्राश।
महावीरन वुछिथ लसुनुच छोंनिख आश ॥
बुमन दोंन कश कंडिथ थाविथ कमानन।
शिकारस प्यठ तफावत कोंह नु ज़ानन ॥

में (ऐसे) अक्षर (रेखाएँ) लिखे थे कि वह पर्वतों को राख कर देगा और पादों में (ऐसी) पाद-रेखा अंकित थी कि वह लाहौर[1] तक को जीत के रहेगा। उसका मुख देखते ही प्रभात ने अपना मुख छिप दिया और जैसे सीता के जीवन-आकाश में अर्द्धरात्रि को सूर्य उग आया। उसकी जन्म-कुण्डली में सूर्य और चन्द्रमा अच्छे केन्द्रों में पड़े हुए थे जिसके प्रभावस्वरूप वह सन्तान (बालक) लोक का पिता बन गया। प्रभात को उगने वाले सूर्य की तरह वह जन्मा और (सीता) की आँखों का अन्धकार दूर होकर उसमें जैसे (नव प्रकाश) आ गया। उस (बालक) का मुख ऐसा था मानों अधखिला लाल-पुष्प! बन्द होठों के बीच में जैसे जोश को छिपाकर रखा गया हो। १० मन में उसके कोई शंका छिपी थी और (शायद) जाड़े की सर्दी देख उसने अपना मुँह बन्द कर रखा था। नाक उसकी ऐसी थी मानो अलमास को कलम से तराशा गया हो। महावीर जब उसे देखते तो उन्हें (अपने) जीने की आशा टूटती दिखाई देती। भौंहें उस कमान जैसी थीं जो शिकार पर संधान करने के लिए ज़रा भी सकुचाती न हों। यदि वह (उस कमान से) एक बरौनी रूपी तीर भी चलाए तो न जाने

1 कवि की कल्पना दृष्टव्य है।

सु योंदवय कश कडी तथ अख अंछिरवाल ।
मरन सुगरीव बेयि बोंनु सासन बब मांल्य ॥
ज़ु अंछ बादामु खोंतह आसु ज़ेबा ।
ति डीशिथ रूस्य कचि गंयि ना शकीबा ॥ १५ ॥

सु बुथ डीशिथ सपुन्य मसवल गुलालन ।
तवय दिज्ञ रातक्युत छ्यफ आफ़ताबन ॥
ख़बर यॆलि गंयि रॆशिस दोंपनस वदव छय ।
सदाशिव टोठिनय वोंन्य आंसिनय जय ॥
गोंडुन ज़ातुख दोंपुन लंखिमी च्रॆ कुन फीर ।
सिरियि वनि ओय ज़नमस प्यठ बलावीर ॥
दुती बोंद छुस मकर च्रन्दुरस गंमुज्ञ जाय ।
स्यठाह दियि मार शंतरन छुस नु परवाय ॥
त्रुतीय ब्यूठुस शनशचर कोंम्बि प्यठ कीत ।
बबस प्यठ बद स्यठाह मशरबु करि हीथ ॥ २० ॥

शोंकुर छुस मीनि प्यठ क्यन्दुरस स्यठाह जान ।
यिवन खोंश सारिनुय ज़न सिरियि ताबान ॥
ब्रहस्पत मीशि पूंज्रिमि जायि कांमिल ।
स्यठाह खोंश आसि आसान तस पनुन दिल ॥

कितने सुग्रीव और उसके हजारों बाप-दादा (उससे भी बड़े वीर) मर जाएँगे। उसकी दो आँखें बादामों से भी बढ़कर सुशोभित (ज़ेबाँ) हो रही थीं जिन्हें देख मृगी भी शर्मिंदा हो गई। १५ वैसा चेहरा देख गुलेलाला भी पीला पड़ गया और यही वजह है कि आफ़ताब भी रात को छिप गया। जब ऋषि (वाल्मीकि) ने यह ख़बर सुनी तो उसने (सीता को) बधाई दी और कहा कि तुम्हारी जय-जयकार हो। सदाशिव तुम पर प्रसन्न हो गए हैं। उपरान्त, उन्होंने (बालक की) जन्मपत्री बनाई और कहा कि अब लक्ष्मी (सुख-समृद्धि) इस ओर फिर गई है। (साक्षात्) सूर्य ने इस बलवीर के रूप में जन्म लिया है। द्वितीय भावका बुध मकर राशि में चन्द्रमा के साथ बैठा है जिससे यह (बालक) शत्रुओं को ख़ूब मार (पीट) देगा और ख़ुद इसे कोई परवाह न होगी। तीसरे भाव का शनिश्चर कुम्भ राशि में केतु के साथ बैठा है जिसका फल इसके पिता के लिए बुरा होगा और भूल ही इसका मुख्य कारण होगी। २० ये दोनों अपग्रह कोई-न-कोई बवंडर जरूर खड़ा कर देंगे। मीन राशि

शेयुम छुस शेथुर गलुवुन व्रेशि प्यठ बोम।
गछ्यस राज़स त्रकुर वरतस सुत्यन काम॥
नविमि किन्य आसि आयुत करि दरुम दान।
दहन वातिथ बबस प्यठ गलि जुव जान॥
ति बूज़िथ मन तमिस सुतायि खोश गव।
दोपुस तम्य राज़ु पोतरस नाव कर लव॥ २५॥
वनन सुता अनन छारिथ वोपल हाख।
थवन गोबरस रेशिस निशि आस बेबाक॥
बिहिथ र्‌योश ईशरस सुतिन गंडिथ मन।
गछ्न खोश येलि थवन बाशन तमिस कन॥
गोंज़ुर सुतायि पतु आस्यम यि छारन।
रेशिस मा वदनु सुत्य चंचल गछ्यम मन॥
दोहु अकि गयि तमिस ह्यथ लोलि मंज़बाग।
करन र्‌योश ओस ना तस होशि किन्य ज़ाग॥

का शुक्र केन्द्र में चला गया है और बड़ा ही उत्तम है जिससे यह (बालक) चमकते सूर्य की तरह सब को प्रिय लगेगा। मेष राशि का बृहस्पति पाँचवे भाव में चला गया है जिससे इसका दिल हमेशा खुश रहा करेगा। वृष राशि का भौम छठे भाव में चला गया है जिससे यह शत्रुओं को जलाने वाला सिद्ध होगा तथा चक्रवर्ती राजा से इसका काम पड़ेगा। नवमांश के अनुसार यह दीर्घजीवी होगा तथा खूब धर्म-दान करेगा। यह दस (साल) का होगा तो पिता के लिए जी-जान गलाएगा। यह सुनकर उस सीता का मन खुश हो गया। उस (ऋषि) ने आगे कहा कि इस राजपुत्र का नाम लव रखा जाए। २५ कहते हैं, सीता वन से जंगली शाक (कंद-मूल) ढूँढ-ढूँढ कर लाती और अपने पुत्र व ऋषि के सामने रख देती। इधर, ऋषि ईश्वर के ध्यान में मन लगाकर बैठे रहते तथा इस बालक की (तुतली) भाषा को सुन-सुनकर बहुत खुश हो जाते। एक दिन सीताजी सोचने लगीं कि (मैं वन चली जाती हूँ और) यह मेरे पीछे मुझे ढूँढने के लिए (बहुत) रोता होगा जिससे ऋषि का मन (ध्यान से हटकर) चंचल हो उठता होगा। अतः वह उस (बालक) को गोद में लेकर अपने साथ (वन में) ले गई। ऋषि उस बालक की होश से (खूब) निगरानी रखते थे। (उस दिन) आदत के अनुरूप जब उन्होंने (बालक की कोई) आवाज़ न सुनी तो नज़र उठाकर देखा। वहाँ (बालक को)

ब आदत यॆलि नु कॆंह बूज़ुन सदा तॆम्य ।
नज़र त्रॉवुन कॊरुन अफ़सोस न्युव कॆम्य ।। ३० ।।
गुमां तस यी सपुन न्युव जानवारन ।
यियम सुता तु आस्यम पान मारन ।।
वदुन तॆम्य सुन्द दॊपुन ह्यकुहा नु च्रालिथ ।
तुलुन अख दरबि काना ताम सम्बालिथ ।।
मंजिन आही वनुनि लोग ही सदाशव ।
गंछिन यथ दरबि बालुख युथ तमिस लव ।।
वंनिन लीला शरन सांपुन दयस कुन ।
दरुबि बालुख प्रज़लवुन पादु सांपुन ।।
थॊवुन तॆम्य ज़ोरु पाठिन वारु सॉविथ ।
दपन ताम आयि सुता पान नॉविथ ।। ३५ ।।
सॊ सुता आयि फीरिथ ह्यथ वॊपलहाख ।
वुछुन यॆलि बालुखा तति लॆंज्य वननि वाख ।।
अंछिन लॆंज्य फिशि करुनि हॆल्य छिम अंछिर वाल ।
अंकिस अंछ पादु क्यथु पाठ्य गोम दॊयुम लाल ।।
रॆशिस आसना मनस पनुनिस पनुन्य शॆंक ।
नज़र त्रॉवुन वुछुन तति वाजि प्यठ क्रॆंक ।।

न पाकर वे अफ़सोस करने लगे कि उसे कोई उठाकर तो नहीं ले गया! ३० उन्हें यही गुमाँ हुआ कि (शायद कोई जंगली) जानवर उसे उठाकर ले गया होगा। अब सीता आ रही होगी और आते ही शरीर पीटेगी। वे सोचने लगे कि उसका रोना भला मैं कैसे सह सकूँगा और तभी (दर्भ) कुश की एक सींक को (हाथों में) उठाकर उसे संभालते हुए वे (ईश्वर से) यह आशीर्वाद माँगने लगे—हे सदाशिव! दर्भ का वैसा ही बालक बने जैसा लव था। ईश्वर की शरण में जाकर उन्होंने खूब प्रार्थना की और तभी उस दर्भ से एक प्रज्वलित होता हुआ बालक पैदा हो गया। उसे तब (ऋषि ने) अच्छी तरह सुला दिया और कहते हैं, तभी सीता नहा-धोकर तथा हाथों में कंद-मूल लिये (वन से) वापस आ गई। ३५ जब उसने वहाँ पर उस बालक को देखा तो आँखों को मलते हुए कहने लगी कि यह मेरी आँखों का दूसरा लाल (तारा) कहाँ से पैदा हो गया। ऋषि का मन चूँकि पहले से ही शंकित था, अतः उन दोनों पर नज़र डालकर मुस्कराते हुए कहने लगे—

असन दोंपनस वुछन गछ़ि दयि सुन्द्य कार ।
यिमन दौंन मा तफ़ावत वुछ च़ु ज़ि नहार ।।
सपन ख़ोंश मनु किन्य च़ुय कोंश करुस नाव ।
दयूगत वुछ तु सीरुच कथ मनस थाव ।। ४० ।।
रंछ़िन तिम दोंनुवय यिथु छी रछ़न लाल ।
प्रज़लुवुन लव तु कोंश येलि गव स्यठाह काल ।।
रेंशिस डीशिथ तपस कुन सांपुनुक खोंय ।
सिफ़त छुय सोहबतस पोशस पनुन बोंय ।।
न ख्यनु सूतिन गुलाबन गंयि लेंदुर्य पोश ।
ति याम वुछ रेंश तु लोलन यंच़ दितुस जोश ।।
कंरन हारिंज गासुव दरबि हुन्द्य कान ।
दितिन पंर्य पंर्य तिमन वुछ़ितव सु गोंर जान ।।
द्युतुन तंम्य वाख यस प्यठ यियि यिहुन्द तीर ।
तंमिस म्रत वाति योंदवय आसि बोंड वीर ।। ४५ ।।
त्युथुय बूज़िथ शिकारन आंस्य नेरन ।
प्यवन युस ब्रोंठ़ु तस बेवायि मारन ।।

इसे भगवान् ! की इच्छा जानो और उसके कार्य देखते जाओ। इन दोनों में तू कोई भेद न जान—ये दो नहीं, एक ही हैं। तू मन में खुश हो जा और इसका नाम कुश रख। इसे दैवगति समझ कर रहस्य की बात को मन में ही छिपाकर रखना। ४० उन दोनों को आँखों के तारे मान उस (सीता) ने उनकी (जी-जान से) रक्षा (परवरिश) की। कुछ काल (समय) बीत जाने के बात दोनों लव और कुश प्रज्वलित होने लगे (तनिक बड़े होकर और तेजस्वी बन गए)। ऋषि को देख तप के प्रति उनकी भी इच्छा जागी। दरअसल, सोहबत (संगत) की यही विशेषता है। पुष्प अपनी सुगन्धि से आकर्षित किए बिना नहीं रहता। (तप में) उपवास रखने के कारण उनका गुलाब जैसा तन पीला पड़ने लगा। यह हाल जब ऋषि ने देखा तो (उनके मन में) प्रेम (कर्त्तव्य) ने जोश मारा। दर्भ के तीर बनाकर तथा गुरु पद सम्भालते हुए उन्होंने उनको (लव कुश को) तीरों का संधान करना सिखाया। उन्होंने उनको यह आशीर्वाद (वरदान) दिया कि जिस किसी को इनका तीर लगेगा, वह भले कितना बड़ा वीर हो, मरेगा वह अवश्य ही। ४५ वे दोनों शिकार खेलने जब

गछ्न लारन तिमन सार्यन शिकारन ।
गुलन तु सोंम्बुलन मंज़बाग़ फेरन ।।
सुहन लारन तुहन कूहन करन लार ।
शिकारन खेँल्य करन अंडिजन गंडिक वार ।।
तिमन वुछ वुछ करुनि लंज सोँख तु आनन्द ।
वुछिन गाटुल्य तु ज़ोरावार फरज़न्द ।।
तिमन वुछ वुछ सोँ सुता शाद सांपुन्य ।
दुबारह लांक ज़न आबाद सांपुन्य ।। ५० ।।

अशमीद गुर

दपन येँलि रामुचंन्दुरस निशि जुदा गंय ।
सोँ सुता ना वोँमेदी ह्यथ रोँटुन दय ।।
कँरिन तंम्य रामु चंन्दुरन चाक जामन ।
चँटिन ज़द गुल गिरेबान ता बदामन ।।
वनुनि लोँग क्याह सना सुतायि क्याह गव ।
ज़िन्दय आस्या सना किनु खेँयि शालव ।।
वँनिथ कस ज़ानि येँम्य कोँर पानु युथ कार ।
बोँडुस यथ सेँन्दि वोँन्य क्यथु पाठ्य लबस तार ।।

निकलते तो जो भी सामने आते उन्हें बेतहाशा मार (भगा) देते। कभी शिकारों के पीछे भागते (किसी को भी नहीं छोड़ते) तथा गुलों व सुम्बुलों के बीच घूमते रहते। सिंहों को तीस कोस तक भगा देते तथा इस प्रकार शिकार करते-करते उन्होंने हड्डियों के ढेर लगा दिए। वह (सीता) सुख-आनन्द से अभिभूत हो उठती जब अपने फ़रज़न्दों (पुत्रों) को इतना प्रबुद्ध व ज़ोरावर (बलिष्ठ) पाती। उन्हें देख-देख वह सीता शाद हो उठती जैसे वह वन पुनः आबाद हो गया हो। ५०

अश्वमेध घोड़ा

कहते हैं जब वह सीता रामचन्द्रजी से जुदा हो गई तो उसने ना-उम्मेदी में भगवान् को ही अपना सहारा माना। इधर, रामचन्द्रजी ने दामन से गिरेबाँ तक गुलों की तरह अपने वस्त्र चाक कर डाले और कहने लगे कि जाने सीता के साथ क्या हुआ होगा! कौन जाने वह ज़िन्दा भी होगी या (वन के) गिद्ध उसे खा गए होंगे। अब मैं कहूँ भी तो किस से कहूँ क्योंकि मेरे द्वारा ही यह सब कार्य हुआ है। मैं स्वयं

हरुनि लोंग दानु ओश आरामु निशि रूद ।
पतव अदु चरुख द्युन क्याह छुस नफ़ा सूद ॥ ५ ॥
ख़बर सांपुन्य वसेशठस आव लारन ।
छोंकस क्युत तस दवा ह्यथ आव लारन ॥
दोंपुस तंम्य वदुनु सूत्य वोंन्य क्याह छु चारह ।
छुनिथ त्राविथ यियी क्यथु वोंन्य दुबारह ॥
समय छुय बाज़्यगर भ्रम दिथ ब बाज़ार ।
बलावीरन दिवन मंल्य ह्यथ बंल्य आज़ार ॥
दुकानदारा लुकन बरदाश्त खारन ।
करुज़ गोंबरन तु अदु लंठ्य ह्यथ छु लारन ॥
तिथय मंत्रुरन तु मंत्रुराविथ दिवन ओज ।
दपन सार्यन योंहय मा बब तु बेंयि मोज ॥ १० ॥
पतव शतरंज तति शाह रोंख छु हावन ।
अकाबीरन वंज़ीरन मारुनावन ॥
कंरिन सारी यिथय पाठिन अवारह ।
त्रु येलि कोंरनख बेंयन हुन्द क्याह छु चारह ॥

सिन्धु में डूबा हूँ अब भला मेरा निस्तार कैसे हो सकता है? वे (मोती के) दानों की तरह आँसू बहाने लगे तथा आराम (मानसिक शांति से) से जगते रहे। जीवन उन्हें (निःसार) बिना नफ़ा व सूद के दिखने लगा। ५ वसिष्ठ (ऋषि) को जब इस बात की ख़बर हुई तो वे भागते हुए आए और अपने साथ जख़्मों के लिए दवाई भी लेते आए। वे बोले—रोने से अब क्या होगा? आपने ही तो उसे त्याग दिया, अब भला वह दुबारा कैसे आएगी? समय बाज़ीगर के समान है जो सरेबाज़ार (सब को) भ्रम में डाल देता है। बड़े-बड़े बलवीर उसके सामने (बिना मूल्य के) बिक जाते हैं तथा कष्ट में पड़ जाते हैं। वह (समय) ऐसा दुकानदार है जो लोगों (ग्राहकों) को उधार तो दे देता है किन्तु बाद में वह कर्ज़ डण्डे मार-मार कर (लड़-झगड़ कर) उनके पुत्रों से चुकवाता है। लाड़-प्यार जताकर तथा दिल खोलकर ख़ूब मीठी-मीठी बातें करता है जिससे लगता है कि वह हमारे माता-पिता के सदृश है। १० किन्तु बाद में शतरंजी चाल चलता है तथा रुख़ से शह देकर बुद्धिमान बज़ीरों तक को मरवा देता है। इस (समय) ने जाने कितनों को इसी प्रकार दुविधा में डाल दिया है। आप जैसे जब दुविधा में पड़ गए तब भला दूसरों का

खबर छा कुस शिकस्त बेंयि ओय इदबार।
अपुज़ वोंनुहय बुथिस पनुनिस छुनुख नार।।
ख़बर छा मेंथुर कुस कांह शेंथुर मा ओस।
च्रे क्याह वोंननय तु पानस मा गज़ब गोस।।
मनस छुय दोंख वनय अथ क्याह दवा छुय।
करुन अशमीदु जग तथ यी रवा छुय।। १५।।

च्रें च्रलुनय पाफ सारी रोज़ चालाक।
गछ्ख त्युथ पाफ वरज़िथ माजि युथ ज़ाख।।
च्रें च्रलुनय पाफ सारी कर टुकन पुन।
सोंम्बुर सामानु मन थव ईशरस कुन।।
वोंनुख येंलि तंम्य ओंनुख गुर खेलुनोवुख।
दिच्रुन लशकर सुतिन तस अथु त्रोवुख।।
बरथ राज़न नियन लशकर स्यठाह सुत्य।
लछन हुन्द्य लछ सवारह प्यादु गंयि कुत्य।।
बरथ राज़स सुतिन गव बेंयि शेंतुर गुन।
छंडिथ समसार सोरुय आयि हनहन।। २०।।

क्या चारा (उपाय) हो! क्या खबर किस दारिद्र्य (तामस) ने आप को घेर लिया था। कहने वालों ने (सीता के बारे में) आपसे झूठ कहकर अपना ही मुँह जला डाला है। क्या ख़बर कौन-सा मित्र शत्रु बन गया जो आपसे न जाने क्या-क्या कह गया और यह गज़ब ढा गया। आपके मन में जो दुःख है उसके लिए मैं एक दवा (उपाय) बताता हूँ। आपको एक अश्वमेध यज्ञ करना होगा क्योंकि इसके लिए यही दवा (उचित) है। १५ इससे आपके सभी पाप दूर हो जाएँगे, अतः चालाक (उद्यमी) बनिए। पापों से ऐसे मुक्त हो जाएँगे जैसे माँ से दुबारा जन्म ले लिया हो (जन्म लेते समय व्यक्ति निर्मल होता है)। आप जल्दी यह पुण्य-कार्य कीजिए ताकि आपके सारे पाप दूर हो जाएँ। जब ऐसा उस (ऋषि) ने कहा तो तुरन्त एक घोड़े को मँगवाया गया और एक लशकर साथ करके उसको छोड़ दिया गया। भरतराज उस लशकर के साथ थे। (लशकर में) लाखों सवार और जाने कितने प्यादे (पैदल) शामिल थे। भरतराज के साथ शत्रुघ्न भी चले गए तथा संसार का चप्पा-चप्पा उन्होंने छान मारा। २० उनको यह गुमाँ हुआ कि भला किसको उनके साथ जंग करने की

गुमां तस कुस में सुत्य आस्यस जंगुक ताब ।
लसी कुस तस वुछिथ कोहन सपुनि आब ।। २१ ।।

लव कौंशुन जंग बरथ राजस सुत्य

वुछिव येंलि तस गुरिस आयस पंतिम दोंह ।
बयाबानन छुंडिथ लार्योव सु बर कोंह ।।
तोंतुय ना यथ कोंहस प्यठ लव तु कोंश ओस ।
पकन गव पांन्य पानय क्याह गज़ब गोस ।।
बिहिथ तति कोंश कुनुय ज़ोंन लव गोमुत वन ।
बेंयन रेंश बालुकन सुत्य छालु मारन ।।
कोंशन ड्यूठुन क़शोनाह शोर बूज़ुन ।
प्रछुनि लोंग तां होवुन बालुकन कुन ।।
तिमव येंलि वुछ सों लशकर ब्रंल्य खंटिथ रूद्य ।
बठ्यन बेरन कंड्यन तल रूद्य ज़न मूद्य ।। ५ ।।
कोंशन गुर ड्यूठ तस गुर्य आंस्य यंब्र टांठ्य ।
गुरिस लार्योव पादर सुह सुन्द्य पांठ्य ।।

सामर्थ्य होगी क्योंकि उन्हें देख पर्वत भी आब (पानी-पानी) हो जाते हैं । २१

लव-कुश का जंग भरतराज के साथ

देखिए, जब उस घोड़े के अंतिम दिन (निकट) आ गए तो बियाबानों को छान मारते-मारते वह उस कोह (पहाड़) पर जा पहुँचा जिस पर लव और कुश रहते थे। (वह घोड़ा) ग़ज़ब (भावी आफ़त) की चिंता किए बिना आगे बढ़ता गया। वहाँ पर अकेला कुश अन्य ऋषि-बालकों के साथ खेल रहा था, लव वन में गया हुआ था। कुश ने (दूर से) सेना को आते देखा तथा कुछ शोर भी सुना। बालकों को दिखाकर वह उनसे इसके बारे में पूछने लगा। जब उन्होंने उस लशकर को अपनी ओर ही आते देखा तो वे सभी भागकर (इधर-उधर) छिप गए। कुछ पत्थरों के नीचे, कुछ झाड़ियों के नीचे ऐसे छिप गए जैसे मर गए हों। ५ कुश ने जब घोड़े को देखा तो उसे वह बहुत प्यारा लगा क्योंकि घोड़े उसे बहुत प्यारे लगते थे। वह तुरन्त उसके पीछे बबर-शेर की तरह पड़ गया। उसने उसे (गर्दन से) पकड़कर चक्रवत् घुमाया। सिपाहियों ने जब यह देखा

रोंटुन थफ दिथ ह्योंतुन तति चरखु फेरुन ।
सिपाहव ड्यूठ हेंतिनख प्रान नेरुन ।।
वुछिव आश्चर यि पां फेंर्य रोंट यि दंरियाव ।
त्रबूवनु ज़ल छंडिथ कमि शाठु लंज नाव ।।
कोंशस गव खोंश गुराह ड्यूठुन स्यठाह जान ।
सोंनुक साज़ाह कंरिथ ज़न सिरियि ताबान ।।
रंटुन लाकम गुरिस थफ दिथ कोरुन बन्द ।
वनुनि लंग्य तिम कोंशस गछि आपुरुन कन्द ।। १० ।।
गुराह त्युथ युथ नु वावस कुन दिवन तन ।
वुछिव क्यथु पांठ्य रोंट तंम्य शीर खारन ।।
यि येंलि वुछ सांयिसव शरमन्दु सांपुन्य ।
असुनि लंग्य तस वुछिथ तिम कोह ज़न हुन्य ।।
वुछिव क्याह वाव ह्युव लारन गुरिस आव ।
स्यठाह शाबाश छुस तस माजि यस ज़ाव ।।
वनुनि लंग्य दीवता दय व्याद कांसिन ।
यि ज़ामुत यस तंमिस दन बाग्य आंसिन ।।
सिरियि च्रन्दुरमु छा किनु नोंव छु अवतार ।
महावीरस बबस बंविनस नमसकार ।। १५ ।।

तो उनके जैसे प्राण निकलने लग गए। आश्चर्य देखिए! पानी के एक कतरे (कुश) ने कैसे एक दरिया को रोक दिया तथा त्रिभुवन के जल को छान मारने वाली नाव यहाँ (पहुँच कर) कैसे तूफ़ान में फँस गई! सुन्दर घोड़े को (वश में कर) कुश ख़ुश हो गया। उस (घोड़े) के ऊपर सोने के आभरण सूर्य की भाँति चमक रहे थे। घोड़े की लगाम थाम उसने उसे पकड़कर बन्द कर दिया। उधर, (कुश की वीरता देख सिपाही (आपस में) कहने लगे—इस बालक के मुँह में कन्द (शक्कर) डालना चाहिए। १० घोड़ा ऐसा जो वायु को भी कभी पीठ न दिखाए। पर देखिए, कैसे उस शीर-ख़्वार (दूध पीते बच्चे) ने उस जैसे (घोड़े) को पकड़ कर बाँध लिया! (सिपाही कहने लगे—) उस माँ को शाबाशी, जिसकी कोख से ऐसा वीर (बालक) जन्मा है। देवता भी कहने लगे कि भगवान् इसकी व्याधियाँ दूर करे तथा उस (माँ) का भाग्य धन्य है जिसके ऐसा (वीर) जन्मा है। क्या यह सूर्य है या चन्द्र या फिर कोई नया अवतार तो नहीं

असान दोंपुह्स मसा कर कॅंह गुरिस सुत्य ।
दोंपुख तंम्य पथ च्रंलिव नतु बेंयि मंरिव कुत्य ।।
दोंपुख तंम्य गोंड मे निश युस ज़िन्दु रूज़िव ।
सु अदु म्यान्य बेंयि यिम व्यसतार बूज़िव ।।
यि वोंबरोवुन वंनिथ मुच्ररुन सु तरकश ।
कंरिन कॅंह खंश्य मंकुर्य केंच्रन कोरुन खश ।।
स्यठाह यॅलि मार्य तंम्य पथ फीर लशकर ।
बरुथ लार्यव बापोंथरस बराबर ।।
तसुन्द दरशुन वुछिथ बेह्वस बरुथ गव ।
वनुनि लोंग रंतुन छा किनुह् रम्बुवुन रव ।। २० ।।
कंमिस निशि ज़ाव कस निशि करुह् बं मोलूम ।
युथुय ओस रामुजुव यॅलि ओस मोसूम ।।
तंमिस डीशिथ मनस बरथस बिना गोस ।
वनुनि लोंग क्या सना गोंबरा युथुय ओस ।।
ति मा आसुस ख़बर कॅंह छुम यि फ़रज़न्द ।
अमी दावायि बापथ गुर कोरुन बन्द ।।

है ? १५ तब, हँसते हुए (वे सिपाही) उससे कहने लगे—देखो बेटा, इस घोड़े को (छोड़ दो), इसे छेड़ो मत। इस पर वह बोला—पीछे हट जाओ अन्यथा (इसके साथ) न जाने कितने और मर जाएँगे ! मेरे वार से यदि कोई ज़िन्दा बच भी गया तो उसे आगे ज़िन्दा बचने की आशा नहीं रखनी चाहिए। मेरा भाई भला उसे कहाँ छोड़ने वाला है ! यह कहते ही उसने तरकश ढीलाकर (तीर निकाल कर) कइयों को क्षत-विक्षत कर डाला तथा कइयों को मार-भगाया। जब उसने अनेक (सिपाही) मार डाले तो लशकर पीछे हट गया और भरत अपने भतीजे से जूझने के लिए आगे आया। उस (कुश) का दर्शन करते ही भरत बेहोश हो गया और कहने लगा कि जाने यह कोई रत्न है या चमकता सूर्य। २० यह किस से जन्मा है, कैसे मालूम हो सकता है ? राम जी भी (बिल्कुल) ऐसे ही लगते थे जब वे मासूम (बालक) थे। उसे देख भरत के मन में यह बात बैठ गई और कहा कि सचमुच पुत्र हो तो ऐसा हीहो। मगर भला वह क्या जाने कि उसका फ़रज़न्द यही तो है और इसी सम्बन्ध को सिद्ध करने के लिए उसने उनका घोड़ा बन्द करने की हिम्मत की थी। (वात्सल्य के वेग के कारण) उस (भरत) की नसें तन गईं तथा रोएँ-रोएँ पर जैसे चीटियाँ रेंगने लगीं और उसकी

तम्मना गोस नखु वुछिहस गुलाबस ।
रगन दग र्‌यय लंजिस प्रथ मोयि वालस ।।
बरन छुस लोल लोलुक लौंग वरुनि बाग ।
दोंपुन थवुहन रंटिथ वांलिजि मंज़ बाग ।। २५ ।।
ति मा ज़ोनुन अंमिस निशि छमनु कँह बाथ ।
कर्‌यम मा मरदि बेज़क बन्द शह मात ।।
ति मा ज़ोनुन यि मा सुतायि ज़ामुत ।
छु मा असि सारिनुय मारुनि आमुत ।।
ति मा ज़ोनुन दूदस्तह यिम दिलावार ।
सु दस्तह बांज़्य मा गछि रंगि नादार ।।
बरुथ लौंत लौंत पकान ताम तस निशन गव ।
कौंशन द्युत तीर रथु निशि डौंल वंसिथ प्यव ।।
ख़बर छयना च़े बरथुन्य क्युथ बलावीर ।
सम्बोलुन दम कौंशस लोयुन ड्यकस तीर ।। ३० ।।
सपुन बेहोश यौंलि बुथ्य किन्य वंसिथ प्यव ।
रथस प्यठ तुल सु बरथन ह्यथ तंमिस गव ।।

यह तमन्ना जागी (इच्छा हुई) कि क़रीब जाकर उस गुलाब (कुश) को देख ले। उस पर वह (भरत) अपने प्रेम-उद्यान (बाग़) का सारा प्रेम बरसाने लगा और कहने लगा कि काश इसे पकड़ कर अपने कलेजे के भीतर छिपाकर रख सकता! २५ मगर उसने यह नहीं जाना कि इसके आगे उसकी भला क्या चलेगी! वह इसे (भरत को) बन्द कर (कुछ ही क्षणों में) शह और मात दिखलाएगा। उसने यह भी नहीं जाना कि यह सीता (की कोख) से जन्मा है तथा हम सबको मारने आया है। उसने यह भी नहीं जाना कि केवल दो हाथों से यह दिलावर (वीर) उसके समस्त लशकर के हाथों से बाज़ी छीनकर उन सबको नाकाम बना देगा। भरत धीरे-धीरे चलकर उसके पास गया और (तभी) कुश ने तीर मारा जिससे वह (भरत) रथ से नीचे गिर पड़ा। भरत की बल-वीरता की किसको ख़बर नहीं! दम सम्भालकर उसने कुश के माथे पर तीर मारा जिससे वह बेहोश होकर नीचे मुँह के बल गिर पड़ा। ३० तब भरत उसे उठाकर रथ में ले गया। कन्दराओं के पीछे ऋषि-बालक यह सब हाल देख रहे थे। उन्होंने जाकर सीता से सारा वृत्तांत कहा कि तुम्हारा लाल (कुश)

बठ्यन तल आस्यना रेंश शुर्य वुछन हाल।
गंछ्थि सुतायि वोंनहस खोंट गोंवुय लाल॥
ति बूज़िथ गव तंमिस सुतायि बे दाद।
कोंरुन फ़ंरियाद गोंबरस लंज सों दिनि नाद॥
वदुनि लंज ताम तोंतुय पांदा सपुन लव।
कोंशुन बूज़िथ कशोनस प्यठ पकन गव॥
दपन तोंत ताम कोंशन बोंयि दम सम्बोलुन।
बरथ राज़न तंमिस इसबन्द ज़ोलुन॥ ३५॥

दवा मोंथनस तु शरबत दामु चोवुन।
कोंठिस प्यठ कलु ह्यथ तंम्य ललुनोवुन॥
लवन आलव कोंरुस कंम्य रावुरुय वथ।
वुछू हंतियारि वुन्य क्यथु पांठ्य मारथ॥
लवन आलव कोंरुस अंत्य रोज़ वीरह।
बसुम गछ्रि परबतन अमि चानि तीरह॥
अंमिस सुतिन चें कवु पुछ्रि वेर ओसुय।
अकुय गोंछ्ना गछुन कोनो चंजी दुय॥
शुर्यन सुत्य पांपियव गछियो करुन न्याय।
सुहुय क्यथु तीर द्युन फीरुय नु कोंह माय॥ ४०॥

खोटा (बुरी तरह ज़ख़्मी) हो गया है। यह सुनकर वह सीता अत्यन्त दुःखी हो गई तथा फ़रियाद करने लगी व अपने पुत्र को बुलाने लगी। वह (ख़ूब) रोने लगी और तभी उसके सामने लव पैदा हो गया (आ गया)। कुश के बारे में सुनकर वह तुरन्त उसे छुड़ाने के लिए सेना के पीछे चल दिया। कहते हैं, इस बीच कुश ने भी दम सम्भाल लिया। (उसे देख) भरतराज ने अतीव प्रसन्नता व्यक्त की। ३५ तथा (उसके घावों पर) दवा मलकर शरबत के घूँट पिलाए। घुटने पर (उसका) सिर लेकर उसे डुलाने लगा। (तभी) लव ने (पीछे से) आवाज़ दी—रे हत्यारे ! तू यहाँ कैसे रास्ता भूल गया ? अब देख कैसे तुझे अभी मार डालता हूँ। लव ने (कुश को) आवाज़ दी—ठहर जाना वीर ! तेरे तीर से तो पर्वत तक भस्म हो जाएँगे। (फिर भरत को आवाज़ दी—) इस मासूम से तेरा क्या बैर था ? (लड़ना ही था तो) एक-एक करके उसके सामने जाते। बच्चों के साथ, रे पापी ! क्या यह न्याय (व्यवहार) उचित है ? तूने उसे तीर से पछाड़ा

वौंवुथ युथ त्युथ मे निशि लोनख तम्युक फल ।
मे वोंनमय बोज़ पोंज़ या रोज़ या च़ल ।।
बरथ राज़न नज़र दिच़ ताम सु ड्यूठुन ।
वुछिनि लोंग सातु सातह् तस कोंशस कुन ।।
वननि लोंग कस सना वनु कुस थव्यम कन ।
अंकिस सूरंच़ ज़ु सूरंच़ छुस बु डेशन ।।
अंछन लोंग फश करुनि मोंन्य मा गंयम रेश ।
अंकिस डेशान ज़ु छुस क्याह हावुनम दरेश ।।
सु गव अथ फ़िकिरि लव गव लोयनस तीर ।
छुनुन त्राविथ पथुरि प्यठ त्युथ बलावीर ।। ४५ ।।
कोंशन लंब वथ च़ंलिथ बायिस निशन आव ।
बंरुन शादी स्यठाह् ज़न माजि नोंव ज़ाव ।।
लवन तामथ कोंशस कुन ह्योंत वनोनुय ।
वोंथू वोंन्य हो गछव अंस्य गरु पनोनुय ।।
लवन दोंपनस गछव गरु कुन ख़ोंशी सान ।
वदान तति मांज मारान आसि मा पान ।।

(रे निर्मम !) क्या तेरा हृदय पसीजा नहीं ? ४० अब उठ और इसका फल मुझसे प्राप्त कर। मैं यह सब सच कह रहा हूँ। अब या तो सामने आ, या भाग जा। भरतराज ने (पीछे) नज़र डाली और उस (लव) को देखा। तभी वह (ध्यान से) कुश को भी पुनः देखने लगा। वह (मन में) कहने लगा— (आश्चर्य की बात है) एक ही सूरत की मैं दो सूरतों को देख रहा हूँ। अब किसी से (यह बात) कहूँ भी तो भला कौन कान धरेगा! वह (भरत) आँखें मलने लगा और सोचने लगा कहीं मेरी बुद्धि सठिया तो नहीं गई है जो एक के बदले मुझे दो दिख रहे हैं। वह इसी फिक्र में डूब गया कि लव ने उस पर तीर चला दिया और उस जैसे बलवीर को नीचे पृथ्वी पर गिरा दिया। ४५ कुश को रास्ता मिल गया और वह भागकर अपने भाई के पास आ गया तथा इतना शाद हो गया मानो उसे नया जन्म मिल गया हो! तब लव ने कुश से कहा—चलो अब अपने घर चले चलें। लव ने (आगे) कहा—चलो, ख़ुशी के साथ घर चलें। वहाँ पर माँ रो-रोकर शरीर धुन रही होगी। कुश (की वीरता को देख) घोड़ा ख़ुश हो गया (मारे ख़ुशी के) वह कूदने फाँदने लगा तथा उससे कहने लगा कि मैं भला

कौंशस गुर ख़ौंश गोंमुत डुलुगंन्य हेंतिन दिन्य ।
दोंपुन तस कर में ख़ाली गरु बन्यम युन ॥
कौंशस गुर ख़ौंश गोंमुत मेंत्र लोंग लदाने ।
पथुरि प्यठ पान त्राविथ लोंग वदाने ॥ ५० ॥

ख़बर कर केंह चें छय क्याह छुख गुराह जान ।
सोंनुक साज़ाह करिथ ज़न सिरियि ताबान ॥
में रोंटमुत ओस येंम्य न्यूनम सु मारन ।
रटख गरदन चटख प्यादन सवारन ॥
बरुथ तंबुलिथ वौंदुनि वोंथ हाल बोवुन ।
वनुनि लोंग हाल बूज़िथ तस कौंशस कुन ॥
गछू पानस हतो नेंचव्यो यि मो वन ।
कडायो तीर दिथ वुन्य मूलु गरदन ॥
लवन याम बूज़ द्युतनस तीर दारिथ ।
छुनुन तमि तीरु सुतिन बरुथ मारिथ ॥ ५५ ॥
लवन याम बूज़ त्रोवुन तीर तस कुन ।
मन्दियन सिरियि तंम्य सुन्द अस्त सांपुन ॥
खंचुस त्रख जहलु सुत्य लशकरि कौंरुन डास ।
कथा छनु कुत्य मारिन सासु बंद्य सास ॥

घर खाली कैसे जा सकता हूँ। कुश की वीरता देख कर घोड़ा (अगरचे बहुत) ख़ुश हुआ किन्तु वह शरीर पर मिट्टी मलने लगा (मायूस हो गया) तथा पृथ्वी पर देह को पसार कर (लोटकर) रोने लगा। ५० (तब कुश घोड़े से बोला—) तुझे नहीं ख़बर कि तू कितना अच्छा घोड़ा है! सोने का साज़ोसामान धारण कर तू सूर्य की भाँति चमक रहा है। तुझे मेरी पकड़ से जिसने छुड़ाया है, मैं उसे मार ही डालूंगा तथा उसके (लशकर के) प्यादों व सवारों की गर्दनें पकड़ कर काट डालूंगा। तभी भरत हड़बड़ा कर उठ खड़ा हुआ और कुश की बातें सुनकर उससे कहने लगा— रे बालक! ऐसी बड़ी-बड़ी बातें न कर अन्यथा तीर द्वारा अभी तेरी गर्दन समूल उखाड़ कर फेंक देता हूँ। लव ने जब यह सुना तो उस पर एक तीर चलाया और उस तीर से वह भरत मारा गया। ५५ लव ने एक और तीर उस पर चलाया जिससे उसकी भरी दुपहरी का सूर्य पूर्णतया अस्त हो गया। मारे क्रोध के सारे लशकर को उस (लव) ने नष्ट करने की ठान ली और

कौंशन ह्युत तीर तंम्य मोरुन शतुर गोंन ।
त्युथुय रथ प्यव मेंत्रिव मांदान गंयि सोंन ।।
तसुन्दी बीमु सुतिन सासु बंद्य मूद्य ।
च्रंलिथ गंयि ज़िन्दु योंदवय पांछ दंह रूद्य ।।
हंज़ीमत ख्यव सिपाहव च्रूरि तिम च्रंल्य ।
च्रंलिथ तिम रामुच्रंन्दुरस वांत्य बंल्य बंल्य ।। ६० ।।

लंखिमन जी सुंद मारु गछुन

वदन गंयि रामुच्रंन्दुरस निशि वंनिख ज़ार ।
दोंयव रेंश्य बालुकव क्याह कोंर युथुय कार ।।
शतुरगोंन बरथ राजह मारु सांपुन्य ।
मंरिथ तिम सार लशकर ख़ार सांपुन्य ।।
असन वोंन रामुच्रंन्दुरन यिम वनन क्याह ।
दोंपुन लंखिमन ज़ुवस कुन गव यिमन क्याह ।।
असुनि लोंग रामुजुव यामत यि बूज़ुन ।
करुनि कथु सरु लंखिमन जलुद सूज़ुन ।।
च्रु वोंथ थोंद गछ टुकन कर पानु मोलूम ।
वदन तंम्य लंखिमनन वोंन तिम ज़ु मोसूम ।। ५ ।।

हज़ारों (सैनिक) मरते गए। पाँच-दस ज़रूर ज़िन्दा रह गए किन्तु वे (जान बचाकर) भाग खड़े हुए। बचे हुए वे सैनिक हार खाकर चोरी-छिपे भाग गए और भागकर श्रीरामचन्द्र जी के पास पहुँच गए। ६०

लक्ष्मणजी का मारा जाना

वे रोते हुए श्रीरामचन्द्रजी के पास गए और उनसे फरियाद की कि (उन) दोनों ऋषि-बालकों ने हमारे साथ क्या-क्या किया। शत्रुघ्न और भरतराज मारे गए और उनके मर जाने पर सारा लशकर नष्ट हो गया। तब (उनकी बात पर विश्वास न कर) रामचन्द्रजी हँसते हुए बोले--जाने ये कौन-सी बात कर रहे हैं! उन्होंने लक्ष्मणजी से कहा--ज़रा देखना तो कि इनके साथ क्या हुआ है। रामजी उनकी बात सुनकर पुनः हँसने लगे और वास्तविकता को जानने के लिए उन्होंने लक्ष्मण को कहा—तुम जल्दी उठकर भागते हुए वहाँ जाओ और ख़ुद वास्तविकता को मालूम करके आओ। तभी

वदुन ह्योंत लखिमनन फीरिथ यि वोनुनस।
वोदुन वाराह पथर प्यव ज़ाफ़ ओनुनस।।
मे तोलि वोनुमुत च्रे येलि सुता करुथ खार।
सं तन ज़ालिथ शिकमु निशि त्रावि त्युथ नार।।
वोथन तिम सारिची रुमराठ गालन।
करन त्युथ जोश सथ दरियाव ज़ालन।।
च्रु बेपरवा दया छुख छुय बराबर।
यियी नय पछ्र मे सुत्य पख चारु केंह कर।।
यि वोबरोवुन वनिथ लशकरि सुतिन गव।
वनस मंज़ बाग ड्यूठुन कोश तु बेयि लव।। १०।।
वुछिन तिम रामुचन्दुरुनि मछि हुन्द्य लाल।
च्यतस बेयि प्योस तस सुतायि हुन्द हाल।।
वनुनि लोग क्याह सना यिम कम सना छिम।
अलुनि लोग लोग वनुनि छिम लोलु पत्य यिम।।
अलुनि लोग यंत्र च्रलुनि लोग दूर पानय।
गलुनि लोग यंत्र मलुनि लोग सूर पानय।।

उन दो मासूमों के सन्दर्भों से परिचित होकर वह लक्ष्मण खूब रोया। ५ और लड़खड़ाकर नीचे गिर गया—मैं ने आपसे तभी कहा था जब सीता को आपने असहाय बनाकर छोड़ दिया था, कि वह अपना तन जलाकर अपने पेट से ऐसी अग्नि (सन्तान) छोड़ देगी जिससे चारों ओर सब-कुछ समूल नष्ट होकर गल जाएगा। वह (सन्तान) ऐसा जोश दिखाएगी कि सातों दरिया तक जल (सूख) जाएँगे। आप हमें सब के भगवान् और समदर्शी हैं। फिर भी यदि आपको विश्वास नहीं होता तो मेरे साथ चलकर देखें और कोई उपाय (चारा) निकालें। यह कहकर (वह लक्ष्मण) लशकर साथ लेकर चल पड़ा और वन के बीच में कुश और लव को देखा। १० उन दो लालों को उसने बिल्कुल रामचन्द्रजी की दो प्रतिमूर्तियों के रूप में पाया और इसी के साथ उसे दुबारा सीता का वह हाल याद आया। (भाव-विभोर होकर) वह कहने लगा कि वास्तव में ये वही हैं (रामचन्द्रजी के पुत्र हैं)। वह बहुत विह्वल हो गया और आगे कहने लगा—ये वात्सल्य के (साक्षात्) पुंज हैं। तभी वह डगमगाने लगा तथा (स्वयं ही) दूर चला गया। मारे ग्लानि के वह (मुँह पर) राख मलने लगा और कहने लगा—जाने इनकी उस माता (सीता) का क्या हाल है जिसके गर्भ

वनुनि लोंग क्याह् सना तस माजि क्याह् गव ।
येंमिस सांपुन्य वोंदय यिम रम्बुवुन्य रव ॥
वनुनि लोंग क्याह् सना तमि मा वोंनुख म्योन ।
छुनिम येंलि गरि कंडिथ दरुह् ज़ूनि लोंग ग्रोन ॥ १५ ॥
तिमन वुछ वुछ अनान छुस लोल यंत्र जोश ।
प्यवन सुता च्यतस रोज़न नु केंह् होश ॥
तिमन वुछ वुछ दज़ान यंत्र लोलु सुतिन ।
प्यवन सुता च्यतस गोंल होलु सुतिन ॥
ग़मन ओंन ज़ोर तस लोंग दिनि वुठन फेश ।
स्यठाह् दोंद तस जिगर अदु लोंग मंगुनि त्रेश ॥
वनुनि आकाश लोंग तस लंखिमनस यी ।
मं वद बापोंतुर प्रारान त्रेश ह्यथ छी ॥
मशख क्यथु मांज चावुमुत्र छय यिमन त्रेश ।
यिनय मावुज़ु दिनय कोंरमुत यियी पेश ॥ २० ॥
लवन येंलि दित्र नज़र ड्यूठुन यिवान फ़ोज ।
असन बायिस दोंपुन वुछ बा यिमन मोज ॥
लवन येंलि दित्र नज़र डीठिन यिवान तिम ।
असन बायिस दोंपुन वुछ बा छि कम यिम ॥

से ये दो चमकते सूर्य प्रकट हुए हैं। वह (आगे) कहने लगा—कहीं उसने इन्हें मेरे बारे में तो नहीं कुछ कहा होगा ? मैं ही तो उसे घर से निकालकर यहाँ (वन में) लाया था जो उस खिले चन्द्रमा को ग्रहण लग गया। १५ उन दो बालकों को देख उसके हृदय में (वात्सल्य) जोश मारने लग गया और सीता की याद आते ही होश उड़ने लग गये। उन्हें देख-देख वह वात्सल्य के कारण दहकने लगा और सीता की याद आते ही दुःख से गलने लगा। ग़म ने ज़ोर मारा और उसके होंठ सूखने लग गए। जिगर ख़ूब जला जिससे वह पानी माँगने लगा। तब आकाश लक्ष्मण से कहने लगा— तू रो मत, भतीजे तेरे लिए पानी लेकर प्रतीक्षा कर रहे हैं ! तू ने भी तो इनकी माँ को (ख़ूब) पानी पिलाया है—यह बात भला ये कैसे भूल सकेंगे ? ये उसका मुआवज़ा (ज़रूर) चुकाएंगे और जैसा तूने किया है वैसा वे भी पेश आएँगे। २० लव ने जब नज़र दौड़ाई तो अपनी ओर फ़ौज को आते देखा। तब हँसते हुए उसने भाई से कहा—ज़रा इनकी शक्ल तो देखना ! लव

कौंशो ख़ौंश रोज़ बेंयि कम ताम छि लारन ।
खोंशी कर आस्य अंस्य यथ जायि प्रारन ।।
कौंशो ख़ौंश रोज़ वाराह् लूख छि लारन ।
पनुनि अथु सूत्य पनुन म्रत हो छि छारन ।।
तुलुन ताम तीर दिञ तंम्य लंखिमनन तन ।
दोपुन मार्यम छल्यम पापव निशि मन ।। २५ ।।
कडुनि लोंग ज़ोरु लायिनि तीर तस लवं ।
वनन छी लंखिमनस वीरस ति क्याह् गव ।।
सपुन्य कैंह् मारु कैंह् मा ञूरि येंलि गय ।
ञ्लिथ तस रामु ञन्दुरस प्यठ परन प्यय ।।
स्यठाह् येंलि मा्र्य तंम्य लशकर ञलुनि लंज ।
तसुन्दी बीमु सूत्य मूर ज़न अलुनि लंज ।।
हंज़ीमत ख्यव सिपाह्व गंयि अज़कार ।
वदन गंयि रामु अवतारस वंनिख ज़ार ।। २९ ।।

श्री रामस सुत्य जंग

यि बूज़िथ रामुजुव बुथि किन्य वंसिथ प्यव ।
वनुनि लोंग लंखिमनस वीरस ति क्याह् गव ।।

ने जब उस (फ़ौज) को अपनी ही ओर आते देखा तो हँसते हुए भाई से कहा—ज़रा देखना तो ये कौन हैं। लगता है, कुश, कुछ और (मरने को) इधर लपक कर आ रहे हैं। चलो अच्छा हुआ कि हम यहीं पर उनको मिल गए। रे कुश! अपने हाथों स्वयं अपनी मृत्यु ढूंढने के लिए ये बहुत सारे लोग दौड़ते हुए आ रहे हैं। तब उस (लव) ने तीर फेंका और लक्ष्मण ने (जानबूझ कर) यह सोचकर (उस तीर को) अपनी तन पर ले लिया कि यदि मुझे यह मारता है तो पापों से मेरा मन धुल जाएगा। २५ इस प्रकार लव ज़ोर-ज़ोर से उस पर तीर बरसाने लगा (और लक्ष्मण सब कुछ सहता रहा)। सभी कहने लगे कि लक्ष्मण जैसे वीर को यह क्या हो गया! कुछ सैनिक मारे गये और कुछ चोरी छिपे भाग खड़े हुए तथा रामचन्द्रजी के पास पहुँच गये। (लगभग) सारा लशकर मारा गया तथा उन (लव-कुश) के भय से शेष बचे खुचे सिपाही टहनी की तरह थरथराने लगे। वे भागकर रामावतार के पास गए और उनसे फ़रियाद की। २९

श्रीराम के साथ जंग

यह सुनकर रामजी मुँह के बल गिर पड़े और कहने लगे कि (हाय!)

ति बोज़ुनु सुत्य क्रूदी सिरियि सांपुन ।
ज़लस मंज़ पवुनु सुतिन ह्योंतुन कांपुन ।।
वदुनि लोंग लंखिमनस वीरस यि क्याह गव ।
वंसिथ आकाश मा दरथियि प्यठ प्यव ।।
वोंदुनि वोंथ द्रायि तस सुत्य तिम पहलवान ।
अंगुद, सुगरीव, ज़ोमूवन हनूमान ।।
परुनि लोंग त्राहि त्राहे ओंश हरन द्राव ।
पकन लशकर सुती दंरियाव दंरियाव ।। ५ ।।

तेंलिकि खोतन सि चन्दां फ़ोज ह्यथ आस ।
कोंरुन ना येंलि गंछिथ लंकायि तंम्य डास ।।
वुछिव दयि गत यि मंज़िल ज़्यूठ क्याह आस ।
कुलाह डीशिथ वंसिथ प्यव कोहि कैलास ।।
अंगुद वोंथ क्याह वनन यिम लुख फ़सानह ।
कडख वुन्य यिम ज़ु बालक तानु तानह ।।
जहल ओंनुनस स्यठाह लारन योंदस आव ।
कोंशन द्युत तीर तस लटि किन्य फंटिथ द्राव ।।

लक्ष्मण जैसे वीर को यह क्या हो गया ! उनके इस कथन से जैसे सूर्य भी क्रुद्ध (आर्द्र) हो उठा तथा जल में पवन के कारण काँपने (हिलने) लगा। (अभिप्राय यह है कि सूर्य भी लव-कुश के विरुद्ध हो गया तथा श्रीरामचन्द्रजी के प्रति सहानुभूति दिखाने लगा)। वह भी रोता हुए कहने लगा कि लक्ष्मण जैसे वीर को यह क्या हो गया ! अब कहीं यह आकाश पृथ्वी पर तो नहीं जा गिरेगा। तभी (श्रीरामचन्द्रजी) उठ खड़े हुए और उनके संग जाने कितने पहलवान (योद्धा) चल दिए—अंगद, सुग्रीव, जाम्बवान्, हनुमान आदि उनमें प्रमुख थे। वे (श्रीराम) आँसू बहाते हुए त्राहि-त्राहि कहने लगे और उनके साथ दरिया की तरह लशकर (बहने) चलने लगा। ५ लंका को जब उन्होंने नष्टकर डाला था, उस समय से भी बहुत ज़्यादा फ़ौज साथ लेकर वे चल दिए। देखिए, उनकी मंजिल में कैसा विघ्न आन पड़ा। उन्होंने एक वृक्ष को देखा जो कैलास कोह की तरह उनके बीच में (बाधास्वरूप) गिर पड़ा। तब अंगद (जोश में आकर) उठा और कहने लगा कि भला लोग क्या समझेंगे ! मैं अभी इन दो बालकों की बोटी-बोटी उखाड़कर रख देता हूँ। अतीव आक्रोश के साथ वह युद्ध करने को लपका। तभी कुश ने उस पर ऐसा तीर मारा जो उस (अंगद) की पूँछ की तरफ से जा निकला। जब

वुछिनि सुगरीव लोंग ड्यूठुन अंगुद मूद।
कुलाह् अख व्रूरि ह्यथ ज़ागुनि तस रूद ॥ १० ॥

लवन दोंप कुस सना वान्दुर छु ज़ागन।
च्युतुस तंम्य तीर सुवुनस तथ सुतिन तन ॥
यि वुछ ज़ोमूवनन आकाश्य दिच्र छाल।
कंरिख तल दोंनुवय वुछतव तिहुंद हाल ॥
गंयस लारन तिमव तंल्य किन्य च्युतुस तीर।
तिमन प्यठ प्यनु कनि ह्योंर कुन गंयस ज़ीर ॥
तुलुख तीरव सुतिन आकाश्य यंच्रकाल।
पथर प्यव तोंलि बदन यॆंलि गोस गिरबाल ॥
तोंतुय ताम वोत हलुमुत रंग ड्यूठुन।
ति डीशिथ त्राम आंसिथ संग सांपुन ॥ १५ ॥

कोंरुन तदबीर यथ क्याह् वोंन्य छु चारह्।
दोंयव रेंश्य बालुकव अंस्य कंर्य अवारह् ॥
सलाह् कोंर तंम्य दिमख परबुत बं दारिथ।
छुनख तथ परबतस तल यिम ज़ु मारिथ ॥

सुग्रीव ने देखा कि अंगद मर गया तो (हाथों में) एक वृक्ष लेकर (उन बालकों) पर वार करने की ताक में रहा। १० जब लव को ज्ञात हुआ कि कोई वानर उसपर वार करने की ताक में बैठा हुआ है तो उसने एक ऐसा तीर चलाया जिससे उस (सुग्रीव) का तन उसी (तीर) के साथ उलझ गया। जब जाम्बवान् ने यह सब देखा तो उसने आकाश में छलांग मारी। उसका हाल देखिए, उसने दोनों को लपेटकर दबाने की कोशिश की। इधर, वे दोनों (फ़ुर्ती से) भागकर निकल गये और नीचे से ही एक तीर उन्होंने उस पर दे मारा जिससे वह उनपर गिरने के बजाय ऊपर ही उड़ता गया। तब तीरों से उन्होंने आकाश में काफ़ी देर तक धूम मचा दी और वह (जाम्बवान्) गिर पड़ा, क्योंकि उसका बदन बुरी तरह छलनी हो गया था। तभी हनुमान भी (घटनास्थल पर) पहुँच गया और उसने रंग (स्थिति) को देख लिया। उसका ताम्बे की तरह चमचमाता चेहरा संग (पत्थर) का हो गया (हतप्रभ हो गया)। १५ वह तदबीर (विचार) करने लगा कि अब कोई चारा (उपाय) नहीं रहा। इन दो ऋषि-बालकों ने तो हमें ख़ूब परेशान कर डाला। तब उसने यह सलाह की कि इनपर अब मैं एक परबत ही गिरा दूँ, ताकि

त्युथुय पथ फ्यूर तुल तंम्य सख़्त बालाह ।
करोरु बंद्य खार ज़न अख मोयि वालाह ।।
दपान ब्रोंठुय तिमव ज़ोनुख सु कोंत गव ।
तोंतुय लोंत लोंत पतय ओसुस गोंमुत लव ।।
तुलुन तंम्य बाल थोंद दोंनुवय करख तल ।
वुछिव तंम्य मासूमन ताम क्याह कोंरुस छल ।। २० ।।

जहलु सुत्य तीर लोयुन तस गुल्यन दोंन ।
संमीरस तल दपान त्रामस सपुन सोंन ।।
ति हसरथ रामुचन्दुरन ड्यूठ पानुह ।
सपुन क्रूदी होंरुन ओंश दानु दानुह ।।
कमान तुज तंम्य दोंपुन वोंन्य कोंश बं मारन ।
असुनि लोंग क्याह सना यथ ओस कारन ।।
वदुनि लोंग दादि सुत्य तंम्य च्रोंट पनुन पान ।
अमा दादिस दवा छांडुन नु आसान ।।
वुछिन बालक पनुन्य आवारुह डीठिन ।
अछिन मंज़ मनि फंल्य ज़न वारुह डीठिन ।। २५ ।।

ये दोनों इस परबत के नीचे (दबकर) मर जाएँ। तभी वह पीछे मुड़ा और उसने करोड़ों खरवार[1] वाले (वज़नी) एक सख्त व विशाल परबत को (सिर के) एक बाल की तरह ऊपर उठाया। कहते हैं, उन दोनों (लव-कुश) ने यह पहले ही जान लिया था कि वह (हनुमान) कहाँ गया है। क्योंकि लव चुपके-चुपके उसके पीछे चला गया था। देखिए, जैसे ही उसने दोनों को कुचलने के लिए परबत को ऊपर उठाया वैसे ही उस मासूम (कुश) ने किस छल (चाल) से काम लिया! २० कुपित होकर उसने उस (हनुमान) के दोनों हाथों पर तीर चलाया जिससे, कहते हैं, वह सुमेरु के तले दबकर ताँबे से सोने की तरह चमकने लगा। यह आश्चर्य जब रामचन्द्रजी ने स्वयं देखा तो वे क्रुद्ध होगये तथा अश्रु के दाने बहाने लगे। तब उन्होंने कमान उठाई और कहा कि अब मैं इस कुश को मार ही डालूँगा। पर तभी वे हँसने लगे—जाने इस सबके पीछे कौन-सा कारण है। मारे पुत्र (-पीड़ा) के वे शरीर धुनने लगे। (वास्तव में) इस रोग (पीड़ा) की दवा ढूँढना आसान नहीं। उन्होंने देखा (पाया) कि यों दर-दर भटकने वाले वे (बालक) उनके ही दो पुत्र

---

१ एक खरवार में लगभग ४० सेर होते हैं।

पनुन्य डीठिन गंमुत्य तति शांत सारी।
कंड्यव पेंठ्य आंस्य फेरान ननुवारी॥
मंरिथ गोमुत तंमिस सोरुय कंबीलह।
दयस रोंस्तुय तिमन मा कांह वंसीलह॥
गंमुत्य तिम मांल्यसुंज़ि शफ़क़ंच़ निशुह दूर।
करान छ्यपु छ्यप वनस मंज़बाग ज़न च़ूर॥
वनस मंज़बाग मादरज़ाद फेरन।
ति डीशिथ तस बबस ज़न प्रान नेरन॥
गछ्न क्रूदी यीदुचि रज़ुह आंस्य वाटन।
प्रेंयमस कुन वुछन वांलिजि प्राटन॥ ३०॥
द्युतुन तंम्य ज़रुब लोलुक पान्य पानस।
कोंरुन पानय तु प्यतुरुन प्योस पानस॥
दोंपुन सन्तान छिम पादन दिमख म्यूठ।
ति मा ज़ोनुन पनुन मंज़िल मे छुम क्रूठ॥
वनुनि लोंग यिम मे वोंन्य सन्तान पालन।
ति मा ज़ोनुन मे मा दसतार वालन॥

है। उन्हें वे अपनी आँखों की पुतलियों की तरह लगे। २५ इधर, उन्होंने देखा कि उनके (अपने भाई आदि) सारे शांत हो चुके हैं और उधर वे (दो बालक) काँटों पर नंगे पैर डोल रहे हैं। उधर उनका सारा कबीला मर चुका था और भगवान को छोड़ अब कोई वसीला (उपाय) उनके लिए शेष न रह गया था; और उधर वे पितृ-प्रेम से अनभिज्ञ चोरों की तरह वन में छिपे-छिपे (निःसहाय) फिर रहे थे। वन में डोलने वाले उन मादर-ज़ादों (मात्र माँ पर आश्रित रहने वाले उन बालकों) को देख उस पिता (रामचन्द्रजी) के मानो प्राण निकलने लगे। एक ओर तो वे युद्ध के लिए सामान तैयार करने लगे और दूसरी ओर संतान-प्रेम के वशीभूत होकर उनका हृदय जैसे छलनी हो रहा था। ३० दरअसल, उनको वात्सल्य के प्रहार से आहत होना पड़ रहा था, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी थे और अब उसका फल भुगत रहे थे। वे कहने (सोचने) लगे कि ये मेरी ही संतान तो हैं, इनके पादों को चूम लूँ। परन्तु उन्होंने यह नहीं जाना कि उनकी स्वयं की मंज़िल कठिन है। वे कहने (सोचने) लगे कि अब मैं अपनी इस संतान को (अच्छी तरह) पालूँगा। परन्तु उन्होंने यह नहीं जाना कि यही (उनकी संतान ही) उनकी पगड़ी (दस्तार) उतारेगी। पुत्र के पैर में यदि कभी काँटा

गबूरस कोंड योंद खोरस अच्रन छुय ।
अंछिव सूत्य बब तमिस सुय कोंड़ कड़न छुय ।।
गोंबुर योंदवय वदन अंश्य कतरुह व्रावन ।
तसुन्द बब छुय कलस अदु कनि छावन ।। ३५ ।।

दप्योनख तोह्य मु पंक्यतव ननुवारी ।
ति मा ज़ोनुन यिमय मारन में सारी ।।
पज़िनु प्यादन सवारन सूत्य खेलुन ।
यि गव बुतराञ्च प्यठ आकाश मेलुन ।।
पंथुरि प्यठ ननुवारी पंद्य मु थवितव ।
योंदुक सामानुह छुवु यियितव तु नियितव ।।
रथस म्यानिस खंसिथ लंड़ितव में सूतिन ।
हेछुवुह क्याह दुशमनुत कर्‌यतव में सूतिन ।।
लवन दोपनस च्रु छुख यिमु बाजि हावन ।
च्रे ज़ानिथ शुर्‌य तवय छुख तंबुलावन ।। ४० ।।

शेतुरु सुंजि नंदियि निशि कर त्रेश गछि चेन्य ।
पज़्या शेतरस ति लादन शेतुरु सुंज़ हेन्य ।।
शेतुर नय छुख च्रे सूत्य क्याह ओस ह्योन द्युन ।
गोछ्रा युथ फ़ोज ह्यथ मारुनि असि युन ।।

चुभता है तो पिता उस काँटे को आँखों (की पलकों) से निकाल लेता है। पुत्र यदि कभी रोकर आँसू के क़तरे बहाता है तो उसका पिता (मारे दु:ख के) अपने सिर को पत्थरों से धुनता है। ३५ तब उन्होंने (रामचन्द्रजी ने) उन (बालकों) से कहा—तुम दोनों यों नंगे पैर न चलो। किन्तु उन्होंने यह नहीं जाना कि यही उनको मार डालेंगे। (रामचन्द्र जी ने उन्हें समझाया—) तुम्हारा प्यादों व सवारों से खेलना उचित नहीं है (तुम अभी बालक हो और बिना अस्त्र-शस्त्र के लड़ना तुम्हारे लिए वैसे ही असम्भव है) जैसे पृथ्वी से आकाश का मिलना। मेरे पास युद्ध का सामान रखा है, आकर इसे ले जाओ और फिर मेरे रथ पर चढ़कर मेरे साथ लड़ाई करो। तुम लोगों ने क्या सीखा है, ज़रा अपनी दुश्मनी तो दिखाओ। तब लव ने कहा—लगता है, तुम हमें चकमा देना चाहते हो तथा बालक समझकर हमें ललचाना चाहते हो। ४० शत्रु की नदिया से भला कब पानी पीना चाहिए तथा शत्रु को शत्रु का एहसान कब मानना चाहिए। तुम हमारे शत्रु नहीं तो तुम्हारा हमसे क्या लेना-देना और

च़े क्याह् असि सुत्य ओसुय बांगुरावुन ।
कमन गोंछ राज़ु आयोंद थ्यकुनावुन ।।
में द्रुय तसुंज़ुय छि यस मालिस निशन ज़ास ।
करय लशकरि तु शहरस सारिसुय डास ।।
में द्रुय तसुंज़ुय छि यस तनि बुरज़ु छुम नाल्य ।
करथ वुन्य शांत येत्य योंछमय पनुन्य माल्य ।। ४५ ।।

च़े निशि यिमु योंत बं दिमु येमि टेंगु तलु लाफ ।
छुनय कोंरमुत में तमि मातायि केंह पाफ ।।
बु छुस प्योमुत च़ु कर इसतादुह थावथ ।
में चानी द्रुय छें कर वोंन्य ज़िन्दु त्रावथ ।।
वनन छुस लाफ दिथ दीवी में छम सोज ।
अकी रेंहि अंगनु सुत्य सोरुय दज़ी फ़ोज ।।
वनय वोंन्य लाफ दिथ योंछुमय पनुन्य माल्य ।
सरफ माज़स अन्दर वोंन्य येरुनय आल्य ।।
सों पोंतरन सुत्य हो राज़ो गंयी कांम ।
पयिनु आमुत्र छयो किनु कोन्दु छय आंम ।। ५० ।।

फिर हमें मारने के लिए इतनी सारी फ़ौज लेकर आने का क्या मतलब ? हमारे साथ तुम्हें क्या लेना-बाँटना था जो ये राजसी आयुध (अस्त्र-शस्त्र) हमें दिखाने आए। मुझे उस पिता की क़सम है जिसने मुझे पैदा किया कि तेरे इस सारे लशकर व शहर का नाश करके ही रहूँगा। मुझे उसकी कसम है जिसने तन पर भोजपत्र के वस्त्र धारण किए हैं (सीता की ओर संकेत है) कि यदि पिता (भगवान्) ने चाहा तो तुझे अभी यहीं [प]र शांत किये देता हूँ। ४५ इस पहाड़ी को एक ही छलाँग में पारकर अभी तेरे पास आता हूँ क्योंकि मेरी माता ने कोई पाप नहीं किया है। मैं गिर पड़ा हूँ, भला तुझे कैसे खड़ा रहने दूँ ! (मैं अनाथ हूँ, तुझे भी अनाथ बनाऊँगा।) मुझे तेरी क़सम है कि अब तुझे ज़िन्दा कभी न छोड़ूँगा। मैं विश्वास के साथ कहता हूँ कि मेरी माता देवी-सदृश है तथा (उसके तेज की) एक लपट से तेरी सारी फ़ौज जल जाएगी। मैं यह भी विश्वास के साथ कहे देता हूँ कि यदि मेरे पिता (भगवान्) ने चाहा तो तुम्हारे इस (शरीर के) मांस में सर्प के बिल बनाऊँगा। हे राजा ! (शायद तुम नहीं जानते) तुम्हारा काम सपूतों से पड़ा है। अब तुम ही बताओ कि तुम्हारी शरीर-रूपी भट्ठी में कितना दम है ? ५०

च़े गंज़ुरिथ लांकि ह्‌य्‌ राख्यस छि मारुन्य ।
च़े मारुनि आयि ज़नमस आस्य ज़ु बारुन्य ॥
वोनुथ वॊन्य रथु रथु अनुनुच श्रदा छम ।
बं सिरियस मंगु वुन्य यौत वातनाव्यम ॥
लद्यम नय सिरियि तीरव सूत्य ज़ालन ।
अंनिथ च़ेय निशि वुन्य आकाशि वालन ॥
दोपुन सिरियस यॊदुक सामानु सोज़ुम ।
मे छुम येति यॊद करुन च़ु मु दूरि रोज़ुम ॥
यॊदुक सामानु सिरियन लोंदसु सोरुय ।
यि अनिगोट गव तु गोबरव मोल मोरुय ॥ ५५ ॥
प्रज़लुनि लोग तु तिम बारुन्य असन आस्य ।
कलस प्यठ कनि थविथ होल ज़न खसन आस्य ॥
खंच़ुस च़ख जहलु सुतिन लोयिनख कान ।
तिमन कुनि आव नु ज़खमी गोस पनु न पान ॥
सिलाह सारी तिमन प्यठ सोरुनाविन ।
सपुन कमज़ोर सारी ज़ोर हाविन ॥
दपान येंलि फल फंलिस निशि ह्योल न्यबर द्राव ।
सपुन खाली सु फल तथ ब्योल लोग नाव ॥

तुमने सोचा होगा कि लंका के राक्षसों को मारना है, मगर (तुम नहीं जानते) तुम्हें मारने के लिए हम दो भाइयों ने जन्म लिया है। तुमने जो रथ (व अस्त्र-शस्त्र) देने का प्रस्ताव रखा है उसके लिए (निवेदन है कि) मैं सूर्य से सब माँग लूँगा। यदि वह भेजता नहीं है तो तीरों से उसको जला डालूँगा और आकाश से उतारकर उसे तुम्हारे सामने प्रस्तुत कर दूँगा। तब उसने सूर्य से कहा—मेरे लिए युद्ध का सामान भेज क्योंकि मुझे यहाँ युद्ध करना है। इसपर सूर्य ने युद्ध का सारा सामान भेजा और पिता व पुत्रों में (घोर) यूद्ध ठन गया जिससे चारों ओर अन्धेरा छा गया। ५५ उधर, वे (रामचन्द्रजी मारे क्रोध के) प्रज्वलित होने लगे और इधर ये दोनों भाई मुस्कराने लगे। क्रुद्ध होकर रामचन्द्रजी ने उनपर तीर चलाया जो उन्हें न लगा अपितु वे (रामचन्द्रजी) ही स्वयं ज़ख्मी हो गये। उन्होंने सभी अस्त्र-शस्त्रों को उन (लव-कुश) पर समाप्त किया तथा ज़ोर दिखाते-दिखाते कमज़ोर पड़ गये। कहते हैं, जिस प्रकार दाने से बाली बनती है और फिर बाली का ही (सूखकर) समयांतर से नाम बीज पड़ता है, ठीक उसी प्रकार पुत्र पिता से जन्म

छुना बब गोंबरु सुन्दि पुछ्य पान गालन ।
गोंबुर नेरन बबस दसतार वालन ॥ ६० ॥
वुछुख येंलि शीन ह्युव गोमुत वींज़ुल गुल ।
सबुज़ फोजा तिमन सुत्य ओस पथ ञोल ॥
संमिथ आयस तु द्युतहस ज़ोरु त्युथ कान ।
वंसिथ प्यव बर ज़ंमीन नारान नारान ॥
सपन्य खोंशदिल वंछुक आकाशि वांनी ।
तंमिस सुतायि ञंज वोंन्दु निशि गरांनी ॥
ति बूज़िथ खोंश स्यठाह सांपुन्य ज़ु बारुन्य ।
हेंतिख आंठन ज़न्यन हुंद्य ताज छारुन्य ॥
अंनिख सोंम्बरिथ तिमन सारिन्य कोंरुख बार ।
असान गंयि माजि निशि आंसुख गंमुञ खार ॥ ६५ ॥

सुतायि हुंद्य व्यलाफ

वनुनि लंग्य माजि अंस्य हय नंव्य ज़ायी ।
अमा रुत जान चीज़ा ह्यथ ञें आयी ॥
दोंपुख तमि माजि लंगिनवु रुमुरेशुन आय ।
अंन्युव हांव्यूम क्याह छुवु छोंपु कंरिव माय ॥

लेता है और पिता पुत्र के लिए ख़ूब कठिनाई देखता है, मगर बदले में पुत्र अपने पिता की ही पगड़ी (दस्तार) उतार देता है ! ६० लाल-गुल (श्रीराम) को बर्फ़ की तरह सफ़ेद हुआ देख उनके साथ आई सब्ज़ (हरे रंग की वर्दी पहने) फ़ौज पीछे हट गई । तब वे दोनों इकट्ठे आए और उनपर जोर से तीर चलाया जिससे वे नारायण-नारायण कहते ज़मीन पर गिर गए । वे (बालक) ख़ुश हो गए और उन्होंने आकाशवाणी सुनी कि अब सीता के दिल का मलाल दूर हो गया । यह सुनकर वे दोनों भाई बहुत ख़ुश हो गए और आठों जनों के ताज ढूँढने लग गए । उन्हें ढूँढकर उनका गट्ठर बनाया और हँसते-गाते व थके-माँदे माता के पास गए । ६५

सीता का विलाप

वे माता से कहने लगे—आज हम नये जन्मे हैं (बाल-बाल बचे हैं) और तुम्हारे लिए एक बहुत ही अच्छी चीज़ लाए हैं । माँ ने उनसे कहा—(तुम चिरजीवी बनो) लोमस ऋषि की आयु तुम्हें लगे । हाँ, ज़रा वह चीज़ तो दिखाना जो तुम (मेरे लिए) लाए हो । तब वे उस

अंनिख तिम बॊखचि तस निशि मुञ्रराविख ।
तुलिख तिम ताज ब्यॊन ब्यॊन माजि हाविख ॥
वुछिथ सुतायि यॆलि तिम प्रजुनाविन ।
सपुन्य देवानु सत सामानु व्राविन ॥
तुलिथ ब्यॊन लंजिख हावुनि गॊबूरन ।
लंजिख तिम सीर तॆलि बावुनि गॊबूरन ॥ ५ ॥

यि मोरुवु सुय बं यॆम्य मारुस गुनुस्य ज़न ।
बुछिस यॆम्य बालु पानय कालु सरफन ॥
यि मोरुवु सुय मॆ सुत्य युस ओस आमुत ।
यि मोरुवु सुय तंमिस सुत्य युस छु ज़ामुत ॥
यि मोरुवु यॆम्य लॊकुट कंरनस अवारह ।
यि मोरुवु यॆम्य सं लंका ज़ांज नारह ॥
यि मोरुवु सुय दुबारह लांक यॆम्य नाश ।
यि मोरुवु सुय पकन युस ओस आकाश्य ॥
यि मोरुवु यॆम्य सु वाली मारुनोवुन ।
कॊरुवु क्याह कार ज़नमस कर गॊछवु युन ॥ १० ॥

गट्ठर को माँ के सामने लाए और उसे खोलकर ताजों को अलग-अलग उठाकर माँ को दिखाने लगे। जब सीता ने उन्हें (ताजों को) उठाकर पहचाना तो दीवानी होकर सब-कुछ भूल गई। उन ताजों को अलग-अलग उठाकर वह पुत्रों से उनकी बातें व रहस्य बताने लगी— । ५ (अलग-अलग ताजों की ओर इंगित कर) यह तुमने उसी को मारा है जिसने गोनस की तरह मुझे डसा तथा मेरी जवानी को काले साँप की तरह काट लिया (श्रीराम)। यह तुमने उसको मारा है जो मेरे साथ यहाँ आया था (लक्ष्मणजी), यह तुमने उसको मारा है जो उसके साथ ही जन्मा था (शत्रुघ्न), यह तुमने उसको मारा है जिसने छोटी आयु में ही मुझे काँटों में ढकेल दिया था (भरत), यह तुमने उसको मारा है जिसने लंका को आग से जला दिया था (हनुमान), यह तुमने उसको मारा है जिसने दुबारा लंका को नष्ट कर डाला था (अंगद), यह तुमने उसको मारा है जो आकाश में चलता था (जाम्बवान्), यह तुमने उसको मारा है जिसने बाली को मरवाया था (सुग्रीव), (फिर, राम का मुकुट पहचानते ही सीता बोलीं—) यह तुमने क्या कर डाला? भला इसीलिए तुमने जन्म लिया था क्या? १० चलो, मुझे दिखाओ, कहाँ तुम लोगों

पंकिव हांव्यूम तोंह्य कति क्याह कंरुवुह कांम ।
बु ज़ालस पान तस सुतिन दंज़ुस आंम ।।
तिथय वंथ्य यिथु यछस छी यार रावन ।
अज़ांन्य अवलाद मांलिस माजि मारन ।।
पकन गंय तिम ज़ु बारुन्य पान मारन ।
पतव लाकन अज़ांनुय मन्दुछावन ।।
वुछुनि लंग्य माजि कुन शरमंदुह सांपुन्य ।
हंरिथ रथ ओंश स्यठाह दरमांदुह सांपुन्य ।।
सु गुर युस शीनु रंगु ड्यूटुथ नफ़स छुय ।
मं त्रावुस बर अंमिस मन दरक़फ़स छुय ।। १५ ।।
ग़नीमत ज़ान वुन्यक्यन ज़ान हो ज़ान ।
पगाह आसख नु मांलिस निशि पशेमान ।।
गछी ख़ोंश येंलि वेंशन खेलुनावी ।
बबस पनुनिस सुत्यन अदुह मेलुनावी ।।
पतव लाकन अनी येंलि ज़ांन्य हुन्द जोश ।
व्यसर शीनस गछी रोज़ी नु कोंह होश ।।

ने यह कर्म किया है। मैं उन्हीं के साथ यह शरीर जिन्दा जला डालूँगी। तदुपरान्त वे (सभी) तुरन्त उठ खड़े हुए और वैसे ही विकल हुए जैसे यक्ष अपने यार से बिछुड़ने पर (विकल) होता है या अनजाने में औलाद अपने माता-पिता को मार देती है। वे दोनों भाई शरीर पीटते हुए चलते गए। दरअसल, अनजानेपन के कारण ही उनकी यह दुर्दशा हुई। वे (दोनों भाई) माँ की ओर देखकर शरमिन्दा हो गए तथा रक्त के अश्रु बहाकर पशोमान हो गए। (सीताजी अपने पुत्रों को आगे समझाने लगीं—) बर्फ़ के रंग का वह घोड़ा जिसे तुम देख रहे हो, नफ़्स (सांसारिक माया) के समान है। उसके ऊपर अपने मन को कदापि न लाना क्योंकि ऐसा करने से वह कफ़स (क़ैद) में फँस जाएगा। १५ इस घड़ी को ग़नीमत समझो क्योंकि कल अपने पिता से तुम (दोनों) पशेमान न रहोगे (आशय यह है कि दुःख की यह घड़ी जरूर दूर हो जाएगी और लव-कुश अपने पिता से मिलेंगे)। यदि विष्णु ख़ुश हुए (यदि भगवान् की कृपा हुई) तो वे तुम्हारा मनोरंजन अवश्य करेंगे तथा अपने पिता से तुम्हें ज़रूर मिला देंगे। आख़िरकार, पुरानी जान-पहचान (वात्सल्य की भावना) बर्फ़ के समान पिघलकर जोश मारेगी और तुम सबको कुछ भी होश न रहेगा। इस प्रकार, कहते हैं, ऐसा कहकर वह सीता बेहोश हो गई और उसकी आँखों से

दपन सुतायि यॆलि वुछिनय यि हसरत ।
सपुन्य बेहोश अंछव ह्योतनस पकुन रथ ।।
तिमव यॆलि वुछ तुलुख यंत्र नालु फ़र्‌ययाद ।
दपन वुछतव पतव अंस्य ना खलफ़ ज़ाद ।। २० ।।

पकन गंयि तिम ज़ु बारुन्य माजि सुत्य द्राय ।
वनुनि लंग्य ईशरस कुन वॊन्य च़ु कर पाय ।।
नियख तोंत मांज तमि यॆलि वुछ सु हसरथ ।
वुछिथ सुतायि नॆतरव किन्य हॊरुन रथ ।।
कॆरुन लीला शरन सांपुन्य दयस कुन ।
नरायनु वातुनाव असि वॊन्य पयस कुन ।।
नरायनु बे ख़बर छी अंस्य वनान ज़ार ।
नरायनु हाव दरशुन कास अन्दुकार ।।
करुनि लंग्य नालमंत्य तस लंग्य वनुनि ज़ार ।
मे क्याह कॊरमय च्रॅ कॆरथस वॊन्य स्यठाह ख़्वार ।। २५ ।।

सं सुता रामु च्रन्दुरस आंस छारन ।
अंछिव किन्य ओंश दॆज़िथ रथ आंस हारन ।। २६ ।।

रक्त बहने लगा। उन दो (बालकों) ने जब यह देखा तो वे भी ज़ोर-ज़ोर से विलाप व फ़रियाद करने लगे। कहते हैं, भला वे ऐसा क्यों न करते। आख़िर, कुलीन वंश की संतान जो ठहरी। २० वे दोनों भाई माता के साथ चलते गए और ईश्वर से प्रार्थना करने लगे—अब आप कोई उपाय निकालें। जब माता को वे उस स्थान पर ले गये तो वह स्तम्भित रह गई तथा उन सबको धराशायी देखकर नेत्रों से रक्त बहाने लगी। तब भगवान की शरण में जाकर स्तुति करने लगी कि हे नारायण ! हमें भी परमधाम तक पहुँचा दें। हे नारायण ! हम बेख़बर (मासूम) बिनती कर रहे हैं, हे नारायण ! हमें दर्शन दीजिए और अन्धकार मिटा दीजिए। वह (सीता) भगवान् को गले से लगाकर ख़ूब विलाप करने लगी—मैंने भला आपका क्या बिगाड़ा था जो मुझे असहाय कर डाला। २५ विकल होकर वह सीता रामचन्द्रजी को चारों ओर ढूँढने लगी। उसकी आँखों में आँसू सूख गए तथा रक्त बहने लगा। २६

लीला सुता जी छै व्यलाफ करान

अशि कनि जोयि जोयि रथ छस बु हारान ।
सुता रामुचंन्दुरु प्रारान छय ।।
लशि नार गौंडथम प्यव अशि बारान ।
पशि कोनु हन हन नार नार गय ।।
चारु कर तारु तरि च्रंन्दुरन तु तारन ।
सुता रामुच्रंन्दुरु प्रारान छय ।। १ ।।
च्रुय छुक आरु रौस्त वॉलिजि सारान ।
च्रेंय छय प्रान म्यान्य गालुनुच प्रय ।।
च्रुय ज़िन्दु करान च्रुय छुख मारान ।
सुता रामुच्रंन्दुरु प्रारान छय ।। २ ।।
वतु चानि वुछान पतु पतु लारान ।
लसुनुक तु मरनुक त्रॉविथ बय ।।
दज़ुना लोलु नारु रज़ि पान खारान ।
सुता रामुच्रंन्दुरु प्रारान छय ।। ३ ।।
तन नारु दज़ान मनु किन्य छि छारान ।
वनु कस सनु गोम प्रुछान चोन पय ।।

सीताजी विलाप करती हैं

अश्रु के स्थान पर मैं रक्त की धाराएँ बहा रही हूँ, हे रामचन्द्रजी ! यह सीता आपकी प्रतीक्षा कर रही है। तन मेरा जल रहा है और आँसुओं के जैसे झरने फूट रहे हैं। मैं भला उद्वेलित क्यों न होऊँ, मेरा अंग-अंग झुलस रहा है। अब आप ही कोई चारा कीजिए ताकि मैं इस भव-सागर को पार कर लूँ—हे रामचन्द्रजी ! यह सीता आपकी प्रतीक्षा कर रही है। १ आप निर्दय बनकर मेरे दिल को ठुकरा रहे हैं। मगर फिर भी मेरे प्राण आपके ही पीछे गलने को आतुर हैं। आपही ज़िन्दा करते हैं और आपही मारते भी हैं—हे रामचन्द्रजी ! यह सीता आपकी प्रतीक्षा कर रही है। २ जीवन और मरण का भय छोड़ आपकी राहें देखते-देखते मैं आपके पीछे-पीछे हो चली थी। (अब जबकि आप मुझे छोड़कर चले गये हैं) मैं भला आपके विछोह में क्यों न अपने आपको जला डालूँ और फंदे पर लटक जाऊँ—हे रामचन्द्रजी ! यह सीता आपकी प्रतीक्षा कर रही है। ३ तन को ज़लाकर मैं मन से आपको ढूँढ रही हूँ। अब भला किससे क्या कहूँ, आपका पता पूछते-पूछते तो मैं क्लांत

च़ुनि गंयम जिगरस वुनि छस बु थारान ।
सुता रामुच़्रंन्दुरु प्रारान छय ॥ ४ ॥
प्रकाशु ननि श्राकि बुथ छस बु दारान ।
क्रूठ गछि तुलुन बार म्यूठ आसि मय ॥
ज़्यूठ ज़ान समसार मनु सौंर नारान ।
सुता रामुच़्रंन्दुरु प्रारान छय ॥ ५ ॥

लीला सुता जी हुंद बेंयि विलाफ करुन

मारथस मदुनो वुनि छुय आदन ।
पादन वन्दुयो ज़ुव तय जान ॥
कन थाव मनु किन्य यिमन समवादन ।
बुलबुल तु बेंयि गुल नालान छी ॥
यी येंलि वखुन वोंनुमुत वोंसतादन ।
पादन वन्दुयो ज़ुव तय जान ॥ १ ॥
वोंथ प्रुछ पनुन्यन दोंन राजि ज़ादन ।
यिम द्रायि चानि खोंतु बंड्य पहलवान ॥
क्या सना वनन लूख यिमन अवलादन ।
पादन वन्दुयो ज़ुव तय जान ॥ २ ॥

हो गई। मेरा जिगर (जलकर) कोयला बन गया है और शरीर से (मृत्यु की) कँपीकँपी अभी भी छूट रही है—हे रामचन्द्रजी ! यह सीता आपकी प्रतीक्षा कर रही है। ४ 'प्रकाश' कहते हैं कि वह सीता नंगी तलवार के सामने अपना मुख किए हुए है (आत्म-हत्या करने को प्रस्तुत है) इस सबका जो भी कठोर परिणाम निकलेगा, उसके लिए आप उत्तरदायी होंगे। (कवि कहता है—) रे जीव ! संसार को विशाल (दुखों से परिपूर्ण) समझ। अतः (इससे पार होने का एक ही उपाय है कि) सब को नारायण का स्मरण करना चाहिए। हे रामचन्द्रजी ! यह सीता आपकी प्रतीक्षा कर रही है।

सीता जी का और विलाप करना

रे मदन ! तूने मुझे मार डाला। मौक़ा अब भी (हाथ से) गया नहीं है (मुझे अपना बना ले)। तेरे पादों पर यह जी-जान निछावर कर दूँ। मेरे इन संवादों (उद्‌गारों) पर मन से कान धरना। देख, ये गुलों-बुलबुल भी तेरे लिए मायूस हो रहे हैं। क्या तेरे उस्ताद (गुरू)

प्रछोम सारिनुय स्यदन तु सादन।
क्या सना ज़ल्यम ना वौन्दुक अरमान ।।
कैंह ति नो चारु लगि लानिन्यन वादन।
पादन वन्दुयो ज़ुव तय जान ।। ३ ।।
येंम्बुर ज़ल वन्दुयो दौंन पोशि पादन।
अथु रौंट करुम छुम स्यठाह अरमान ।।
कथुकर मदुनो वुनि छुय आदन।
पादन वन्दुयो ज़ुव तय जान ।। ४ ।।
सरवु कदु लगुयो शाख़ शमशादन।
रौंपु तनि सनी मा थौंद तुल पाद ।।
वथुरय सबज़ी प्यठ नागु रादन।
पादन वन्दुयो ज़ुव तय जान ।। ५ ।।
कन थाव तनु मनु यिमन फ़र्‌ययादन।
मनशि बावु प्रथ कांसि प्यठ छु गुज़रान ।।
ज़ालु वौल जानुवर समयि सयादन।
पादन वन्दुयो ज़ुव तय जान ।। ६ ।।

ने यही वचन तुझसे कहे थे ?—तेरे पादों पर यह जी-जान निछावर कर दूँ। १ उठ और इन अपने राजज़ादों (राजकुमारों) की सुध ले। ये तुझसे भी ज़्यादा पहलवान हैं। (तू न रहा तो) लोग तेरी औलाद को जाने क्या-क्या कहेंगे—तेरे पादों पर यह जी-जान निछावर कर दूँ। २ मैंने सारे सिद्धों व साधुओं से पूछा था कि, क्या मेरे दिल के अरमान निकल सकेंगे ? (सभी ने कहा—) भाग्य के लेख के सामने कोई उपाय (चारा) चल नहीं सकता—तेरे पादों पर यह जी-जान निछावर कर दूँ। ३ तेरे पाद-पुष्पों पर यह नरगिसी बदन निछावर कर दूँ। मेरा हाथ अब थाम ले। दिल में (अधूरे) अरमान बहुत हैं। रे मदन ! कुछ बोल तो, अभी भी मौक़ा (हाथ से) गया नहीं है—तेरे पादों पर यह जी-जान निछावर कर दूँ। ४ तेरी सरो-वृक्ष जैसी सुन्दर देह-मणि पर अपना यह शमशादी बदन निछावर कर दूँ। कहाँ तेरा यह रुपहला तन और कहाँ यह पथरीली ज़मीन। उठ, तुझपर झरने का सब्ज़:ज़ार वारूँ—तेरे पादों पर यह जी-जान निछावर कर दूँ। ५ तन-मन से मेरी इन फ़रियादों पर कान धरना। मनुष्य-भाव (मानवीय-दुर्बलताएँ) हरेक में रहती हैं। तभी जानवर को असमय ही सैयाद ने जाल में फाँस लिया है—तेरे पादों पर यह जी-जान निछावर कर दूँ। ६ 'प्रकाश' कहते हैं—

प्रकाशि चारु नो लानिन्यन फ़सादन ।
(उबाल) देना । उसपर शम का ढक्कन देना व सब्र का सरपोश लगाना । (मन की) गुफा के अन्दर छिपकर ध्यानरत बैठ जाना । तब तुम्हारी सारी इच्छाएँ सोख जाएँगी और अन्तर का तेज कभी समाप्त न होगा । यदि आज ये (रामचन्द्रजी) अमृत भी पिलाएँ तो वह मेरे लिए ज़हर के समान होगा । मुझे उन दिनों की याद आरही है जब उन्होंने मुझे कहीं का न रख छोड़ा था । उनके अपार सुखों को नमस्कार हो ! क्या मालूम वे मुझे पुनः उसी तरह लाचार कर दें । ३५ (यदि मैं उनके साथ जाती हूँ तो) मुझे अपने साथ लेकर वे ज़रूर कोई और चाल चलेंगे । एक बार पुनः कोई बहाना बनाकर मुझे छलेंगे और फिर मैं कहीं की न रहूँगी । वे मुझे त्यागकर कहीं चले गए तो मैं उन्हें कहाँ ढूँढूँगी । इसलिए (अच्छा यह है कि) मैं ही कहीं चली जाऊं ताकि मुझे ढूँढने के लिए वे मेरे पीछे-पीछे भागते फिरें । मेरे सुखों पर दुःख (हमेशा) शमशेर की तरह प्रहार करता रहा तथा प्रेम भीतर-ही-भीतर हृदय को छलता रहा । अब मैं दोनों को गर्दन से पकड़कर छिप जाना चाहती हूँ क्योंकि मेरे दिल में कोई भी तमन्ना व अरमान अब शेष नहीं है । उनका ग़म खाकर मेरे दिन (हमेशा) रातों में बदले । (इतना

तसुंद गम ख्यथ दौंहस येंलि सांपुन्य रात ।
मुलय कर थफ तुल्यम दर वाज़ु प्यठु ज़ात ।। ४० ।।
यि बूज़िथ रामुज़ुव गव यंत्र अवारह ।
वनुनि लोंग तस रेंशिस यथ क्याह छु चारह ।।
यछ्रा आंस ईशरस बोज़ुनु क्याह आम ।
लोंगुस दरदाम नाहक़ गोस बदनाम ।।
दोंपुस तंम्य रेंश्य त्र्यु छुख अवतार पानह ।
करुन ओसुय लुकन हुन्द गव बहानह ।।
संती सुता छें ज़न्मस बूम आमुत्र ।
ज़नख राज़स यि मेंत्रि तलु आंस द्रामुत्र ।।
स्यठाह ज़ारी करन च्रेय कुन गंडिथ मन ।
वन्दन द्यन रात च्रेंय ज़ुव जान पादन ।। ४५ ।।
छुनिथ त्रांविथ च्रें मंशरावुथ अंमिस माय ।
ति मा गंज़ुरुथ वनस मंज़ क्याह अंमिस पाय ।।
त्र्यु गछ नंगरस अन्दर गम गोसु वौंन्य त्राव ।
तयारी कर जगुक्य सामानु सोंबुराव ।।
च्रें पतु ज़ारी कंरिथ तोंत वातुनावन ।
मदारा वारुह वारह मनु नावन ।।

सुनकर भी अब वे) क्या इस दरवाज़े से हटेंगे नहीं। ४० (कहते हैं) यह सुनकर रामजी विक्षुब्ध हुए और ऋषि से कहने लगे कि (सीता को साथ ले जाने का) और कोई अन्य उपाय (चारा) नज़र नहीं आ रहा है। लगता है, ईश्वर की यही इच्छा थी जो मुझे कुछ भी दिखाई नहीं दिया (उचित-अनुचित का विवेक नहीं रहा) तथा मैं निराश्रय होकर नाहक़ ही बदनाम हो गया। (तब) ऋषि ने उनसे कहा—आप स्वयं अवतार हैं। यह सब आपको करना ही था जिसके लिए यह लोक बहाना बन गया। सीता सती है तथा भूमि के रूप में प्रकट हुई है और राजा जनक को मिट्टी के नीचे से मिली है। वह आपकी ही स्तुति करती रही और मन को भी उसने आपके ही प्रति लगा रखा था। वह दिन-रात आपकी ही बंदना करती रही है तथा आपके पादों पर ही जी-जान निछावर करती रही है। ४५ आपने उसे त्यागकर उसकी प्रीति को भुला डाला। मगर यह नहीं सोचा कि इस (बेचारी) का वन में क्या हाल होगा। आप (अब) ग़म गिला छोड़कर नगर की ओर चले जाएँ और यज्ञ की तैयारी करने के लिए सामान (सामग्री) जुटाएँ। आपके

दोहस रातस वनस कमकम बहानह ।
अनन सुतिन यिमस तोंत ताम बं पानह ।। ४९ ।।

सुता छे गछान ज़मीनस मंज़ ग़ाब

यि शेंछ बूज़िथ पकान सोंन रोंफ छकान द्राय ।
रेंशिस रोंख़सत ह्योंतुरव अजोद्यायि मंज़ व्राय ।।
करन शादी मुनादी द्रायि बा ज़ोर ।
समिथ रेंश्य आयि यंगन्यस प्यठ च़ोवापोर ।।
करुख जाया मुक़र्रर बीठ्य ब्राह्मन ।
करुनि लंग्य ज़फ गंडिथ वेंशनस सुतिन मन ।।
दपन बोंनु पूरि किन्य तति ब्यूठ सन्यास ।
पछिमि किन्य अख वसेंश्ठ महार्य्योंश तु बेंयि व्यास ।।
दखिनु किन्य अगस्त नारद मुनीशर ।
वोंतुर्य किन्य सारि समसारुक्य रंखीशर ।। ५ ।।
बेंयन तरफन बिहिथ आथमु ग्यानी ।
गुन्यान हावन तु थावन पार्य ज़ानी ।।
समिथ आमुत्य तपीशर स्यद तु बेंयि साद ।
कोंरुख आनन्द तुलुख यकबार समवाद ।।

पीछे मैं इससे विनती करूँगा तथा समझा-बुझाकर व रिझा-मनाकर आपके पास ले आऊँगा। दिन-रात कई तर्क (बहाने) बनाकर मैं स्वयं उसके साथ चलकर आपके पास उसे लेता आऊँगा। ४९

सीता का ज़मीन में ग़ायब हो जाना

यह सुनकर वे सभी ऋषि के पास से रुख़सत लेकर सोने-चाँदी की बर्षा करते हुए चलते बने और अयोध्या में दाख़िल हुए। ज़ोर-ज़ोर से प्रसन्नता-पूर्वक मुनादी कराई गई और यज्ञ रचने के लिए चारों ओर से ऋषि मिलकर आ गए। एक जगह मुक़र्रर करके ब्राह्मण बैठ गए और विष्णु (भगवान्) के ध्यान में मन लगाकर जप करने लगे। संन्यासी वर्ग (मण्डप) के नीचे पूर्व की ओर बैठ गया। पश्चिम की ओर महर्षि वसिष्ठ और व्यास जी बैठे थे, दक्षिण की ओर अगस्त व नारद मुनीश्वर बैठे थे, तथा उत्तर की ओर संसार के सभी परिकाँक्षी बैठे थे। ५ दूसरी तरफ़ों में आत्मज्ञानी बैठे थे जो ज्ञान के प्रसंगों से सबका परिचय करा रहे थे। सभी तपेश्वर, सिद्ध व साधु इक्ट्ठे हो गए थे। सभी आनंदित

अंगुन ज़ालिथ मगन ज़न ध्यान दारान ।
फिरन संमुरन परन नारान नारान ॥
वनुनि लंग्य रामुचन्द्रस कुन ब यकपा ।
यंगुनि मंडुलिस च्रे सुतिन शूबि सुता ॥
सतुच साखी छे यी त्रय सुत्य आसुन्य ।
सपुनि अशमीद सौफल हेंयि व्याद कासुन्य ॥ १० ॥

दरुम पोलुन पोंज़ुय यामत यि बूज़ुन ।
शॅतुर गॉन अनुनि तस सुतायि सूज़ुन ॥
हुकुम बूज़ुन सु तौंत वोत लारान ।
र्योशाह ड्यूठुन प्रखुट ज़न पानु नारान ॥
परन प्यव तस तु वंनिनस सार्य कारन ।
संती सुतायि छुय श्री राम छारन ॥
दया कर वौंथ में सुता मनुनावुन ।
च्रु यिस सुतिन तंमिस निशि वातुनावुन ॥
ति बूज़िथ गव सु र्योश तस करुनि ज़ारी ।
गमुक मल च्रोल च्रु छख न्यरमल कौमारी ॥ १५ ॥

वंतिम्य ग़म गोसु छुन त्रांविथ न्यबर नेर ।
गरस कुन पख च्रु वोंन्य पनुनिस सौरस फेर ॥

होकर एक साथ लयबद्ध रूप में मन्त्रोच्चारण करने लगे। अग्नि के समक्ष सभी ध्यानमग्न होकर 'नारायण-नारायण' जपने लगे। तब सभी ने एक साथ रामचन्द्र से कहा— यज्ञ-मण्डप पर आपके साथ सीता सुशोभित होनी चाहिए। त्रिया का (इस शुभवसर पर) सत्य की साक्षी के लिए (आपके) साथ रहना आवश्यक है। इसी से यह अश्वमेध यज्ञ सफल माना जायगा और आपकी (सारी) व्याधियाँ दूर हो जाएँगी। १० इसे अपना धर्म मानकर उन्होंने सत्य की पालना की और शत्रुघ्न को बुलाकर उसे सीता को लिवा लाने के लिए भेजा। हुक्म सुनकर वह भागता हुआ वहाँ (वन) गया और वहाँ पर ऋषि (वाल्मीकि) को देखा जो साक्षात् नारायण के समान लग रहे थे। उन्हें प्रणामकर उसने सारा कारण (मंतव्य) बताया कि सती सीताको श्रीराम बुला रहे हैं। दया कीजिए और उठकर सीता को मनाइए तथा साथ चलकर उसे उन तक पहुँचाइए। यह सुनकर ऋषि उसके पास गया और विनती की—ग़म की मैल धुल गई, तू निर्मल कुमारी है। १५ बीते ग़मों-गिलों

संती सुतायि बूज़िथ त्राव थदि बाख ।
वदुनि लंज्य यिथु कंन्यन सांपुनि लंग्य चाख ।।
दोंपुन क्यथु पांठ्य गछ़ु तथ अजोद्याये ।
कंडिथ छ़ुनिमुत्र दपन वौन्य पानु आये ।।
मशन छुम वौन निशन हव गोम बेदाद ।
पशन छस यंत्र हशन क्याह बाव रौयदाद ।।
अमाह क्याह करुह यि र्‌योश छुम इस्तादह ।
दियम मा शाफ गछ़ु मा खार ज़्यादह ।। २० ।।
ति वोंबरोवुन वंनिथ ताम तस सुतिन द्राय ।
शतुर गौन सुत्य ह्यथ अजोंद्यायि मंज़ त्राय ।।
जगस वालमीक यामत वोत लारन ।
तमिस पतु पतु सुता आस लारन ।।
यिवन येलि डीठ सुता रामुचंन्दुरन ।
जगस प्यठ वात्र मनु किन्य आस हरशन ।।
परन पेयि रामुत्रंन्दुरस लंज्य वनुनि ज़ार ।
प्रंयम बोरनस स्यठाह कोरनस नमस्कार ।।
वनुम क्याह छुम हुकुम वुनिक्यन बं आयस ।
फंरुस पानस कोरुम क्याह माजि ज़ायस ।। २५ ।।

को त्याग दे और बाहर आ। अपने घर की ओर चल एवं तनिक होश में आ। सती सीता ने जब यह सुना तो वह ऊँचे कंठ से रो दी। वह इतना रोयी कि पत्थरों के सीने भी चाक हो गए। वह बोली--भला मैं कैसे अयोध्या जा सकूँगी। (मैं तो निर्वासित की गई हूँ। अब चली गई तो वे लोग कहेंगे कि मैं स्वयं ही लौटकर आ गई हूँ, साथ ही) मैं यह भला कैसे भूल सकती हूँ कि उन सभी परिजनों के रहते मुझे यह सारा अत्याचार सहना पड़ा। मैं (यह भी) सोच रही हूँ कि वहाँ चली गई तो सासों को क्या मुख दिखाऊँगी। असमंजस में हूँ कि अब क्या करूँ। इधर, ये ऋषि खड़े हैं। कहीं मुझे शाप न दे दें। तब तो मैं ज़्यादा प्रताड़ित हो जाऊँगी। २० ऐसा कहकर उसने चल देना ही उचित समझा और उस शत्रुघ्न के साथ अयोध्या में प्रविष्ट हुई। यज्ञ में सम्मिलित होने के लिए वालमीकि भी पधारे और उनके पीछे-पीछे सीता थीं। जब रामचन्द्र ने देखा कि सीता यज्ञ-मंडप पर पहुँच गई है तो वे मन-ही-मन हर्षित हुए। सीता ने रामचन्द्र को प्रणाम किया और (इशारों-ही-इशारों में) अपने दुखड़े कहे। उन्होंने उस पर बहुत प्रेम बरसाया और

दोंपुस तंम्य तोरु न्यरमल कर पनुन पान ।
रेंशन हुंज़ हाव द्रुय सारुय चली हान ॥
ति बूज़िथ लंज्य वनुनि नारायनस कुन ।
नरायनु क्याह मे प्यठ रोंयदाद सांपुन ॥
गंयस आवारुह् यंत्र ईशरुह न्यबर नेर ।
अदरि समसारुह निशि वोंन्य सांपुनिस सेर ॥
दज़न यंत्र छस रज़न क्याह पान खारह ।
चु दिम साखी पनुन्य तन नारुह ज़ालह ॥
छसय न्यरमल मे येंत्य द्रेंशटान्त हावुम ।
येंती आमुत्र बु छस तोंत वातुनावुम ॥ ३० ॥

सं सुता यी वनन वुठ आस फेशन ।
पशन तिम रेंश्य ति यामत आस्य डेशन ॥
नरायन गोस बूज़िथ ओस रुत सात ।
जुदा सांपुन्य तमी विज़ि पानु बुतरात ॥
प्रखुट गंयि बूम तस सुतायि आयस ।
वदुनि लंज्य चारु छुनु कोंह लान्य न्यायस ॥
स्यठाह त्रोलुथ सफ़र रावुन त्रे गोलुथ ।
संती रूज़ुख तु दरमुक वादु पोलुथ ॥

मस्कार किया। (तब सीता ने कहा—) मैं आगई हूँ; कहिए, या हुक्म है। २५ वे बोले—(पहले) ऋषियों के सामने अपने तन के निर्मल ोने की साक्षी दे, इसी से तू (सबके सामने) दोषरहित सिद्ध होगी। यह ुनकर वह (सीता) नारायण के प्रति (सम्बोधन कर) कहने लगी—हे ारायण! यह मेरे ऊपर क्या बीत रही है! हे ईश्वर! मैं (पहले ही) हुत दुःख देख चुकी हूँ तथा इस असार संसार से अब तंग आ चुकी हूँ। ीतर-ही-भीतर सुलग रही हूँ, जाने अब मेरा क्या हाल हो! मैं निर्मल या नहीं, आप साक्षी बनिए और मैं अपने आप को जला डालती हूँ। जहाँ से आई हूँ, मुझे वहीं पहुँचा दीजिए। ३० ऐसा कहकर उस ीता के होंठ सूखने लग गए और उन ऋषियों के सामने पश्चाताप करने गी। (कहते हैं) मुहूर्त्त अच्छा था। नारायण ने उसकी सुन ली ौर उसी वक्त स्वयं पृथ्वी (बीच में) जुदा हो गई (फट गई) (धरती-माँ ीता से कहने लगी—) कर्मलेख को कोई मिटा नहीं सकता। तूने बहुत ुःख देखे। रावण का अन्त कराया, सती रहकर धर्म के वायदे पाले

पकन वौंथ वौंन्य टुकन खस प्यठ व्यमानस ।
सतुच लय थाव वौंलु पनुनिस मकानस ।। ३५ ।।

लीला— सुता जी छै लीलाकरान

नरायनु वैशनु रूपु श्री रामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।।
गोविन्दु परमानन्दु शामय ।
न्यराकार छुख न्यर नामय ।।
वामुनु वासु दीव संहस्रनामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। १ ।।
पंथ कालि ईशरस राज मंजामय ।
रावुन गालुनुच आंसुम प्रय ।।
ज़नख राजुनि जन्म दार्यामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। २ ।।
हनि हनि तनि पुरिम बुरज़ु जामय ।
वनु वनु फेरान वंन्य दितिमय ।।
मनि मंज़ु वनि आम अन्तरयामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। ३ ।।

आदि । अब जल्दी कर और मेरे पास आ, ताकि मैं तुझे विमान में बिठाऊँ । तूने सत्य को हमेशा पाला । चल आ, अपने मकान (वास्तविक निवास) की ओर आ । ३५

सीताजी द्वारा स्तुति करना

नारायण व विष्णु के रूप, परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । हे गोविन्द, परमानंद, श्याम ! आप निराकार व निर्नाम हैं । हे वामन, वासुदेव, सहस्रनाम वाले ! परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । १ मैंने ईश्वर से राजकुल में प्रवेश माँगा था क्योंकि मेरे ऊपर रावण को जलाने का उत्तरदायित्व आ गया था । तभी जनक राजा के यहाँ जन्म धारण किया—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम! आपकी जय हो २ इस तन के अंग-अंग को भोजपत्रों से सजाया और बन-बन फिरकर आपको ही ढूंढा । अब मन में मुझे मेरे अन्तर्यामी मिल गए—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । ३ तदुपरांत ईश्वर

तवु पतु ईशरन राज लज़ामय ।
कीकियि वासुना फीरिथ गंय ॥
वनवास करुनुय मनि तस आमय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ ४ ॥

त्रांव्य सामानु अदु प्रांव्य बुरज़ु जामय ।
लंखिमन सुत्य ह्यथ नीरिथ गंय ॥
पतु पतु शहर द्राव बे आरामय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ ५ ॥

जंगुलन मंज़ सथ संग बोज़ामय ।
कम कम वीद कम कम न्यरनय ॥
श्रूत्र बूज़्य बूज़्य यंत्र में कन श्रोत्रामय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ ६ ॥

वनु मंज़ु राख्युस द्रेंठ आयामय ।
लारुनस तस पतु व्यनत करमय ॥
लंखिमन जुव पतु तोर सोज़ामय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ ७ ॥

रावुन आम बडि विहि क्रूदु कामय ।
लंकायि नियिनस हावुनम नय ॥

ने मुझे राजसी वैभव सम्भलाया, किन्तु कैकेयी की वासना (मति) फिर गई और उसके मन में आपको वनवास देने की बात आई—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । ४ तब (हम) दोनों ने आभरणों को छोड़ भोजपत्र के वस्त्र धारण कर लिये तथा लक्ष्मण को साथ लेकर चल दिए। (हमारे) पीछे-पीछे सारा शहर बेआराम होकर निकल पड़ा था—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । ५ जंगलों में सत्संग का लाभ किया तथा वेद-शास्त्रों को सुना । पवित्र-वाणी सुन-सुनकर मेरे कान बहुत ही पवित्र होगए—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । ६ वन में मुझे एक राक्षस दिखा जिसके पीछे भागने के लिए मैंने आपसे विनती की। बाद में (मैंने) लक्ष्मण को वहाँ (आपके पास) भेजा था—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । ७ रावण ने भेस बदलकर क्रोध-काम के वशीभूत होकर मुझे लंका में लेजाकर छोड़ दिया। जला-जलाकर उसने मेरी दुर्गति कर डाली—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । ८ दर्प में उसने

ज़ांजिनस तु गांजिनस लांजिनस दामय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ ८ ॥
दम दी दी तंम्य ब्रम दित्रामय ।
करमस क्याह करु बूज़ुनम नय ॥
दरमस प्यठ मन में द्रड थाव्यामय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ ९ ॥
गदु गदु वांनियव यंच्र दज़ामय ।
क्याह सना बोज़ुना चोनुय पय ॥
हलुमुत आव ओंननम पयगामय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ १० ॥
दोंपनुम पानु योंत वाति श्रूरामय ।
दूरी हुन्द्य दोंह पूरी गंय ॥
तंमिसुन्दि वनुनु सुत्य बेंयि ज़ुव त्रामय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ ११ ॥
आख येंलि लंकायि प्यठ बोज़ामय ।
गोलुथ रावुन कोंरथस ख्यय ॥
सुत्य नियिथस तु गम गोसु द्रायामय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ १२ ॥
गरु वांत्य नंगुरवय ब्रोंठु द्रायामय ।
नंगुरस सांरिसुय शोंहरत गंय ॥

मुझे अनेक तरह से भरमाना चाहा। पर कर्म-लेख का क्या करूँ ! उसने मेरी एक भी न मानी। मैंने धर्म पर अपने मन को ख़ूब दृढ़ रखा—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो। ९ यह गद्‌गद वाणी (समाचार) सुनने के लिए मैं सदैव तरसती रही कि आप कैसे हैं ? तब हनुमान आपका पैग़ाम लेकर आया—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो। १० उसने कहा कि दूरी के दिन दूर हो गए हैं और श्रीराम स्वयं यहाँ पहुँच रहे हैं। उसके ऐसा कहने से मेरे मृत शरीर में जैसे पुनः जीवन संचार हो गया था—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो। ११ जब आप लंका में आए तो मैंने सुना कि आपने रावण को जलाकर उसका क्षय कर डाला। तब आप मुझे अपने साथ ले गए और मैं सभी गिले-शिकवे भूल गई—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो। १२ घर पहुँचकर नगरवाले

बरथ राज़ु नीरिथ आव नन्दुगामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। १३ ।।

दोंह पांशि गंयि क्याह पाफ खज्ञामय ।
कोंह ज़ानि कंम्य कोंह क्याह वोंनुनय ।।
परु त्रावुथस बरु करथस खामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। १४ ।।

सन्ताप त्राविथ सोंख प्राव्यामय ।
क्याह करुह मरु मरु छुम मरु हय ।।
पनुन्यव तु परुद्यव दिज्ञुहम पामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। १५ ।।

लंखिमन ज़ुव बेंयि मुज़ुरुनि आमय ।
वनस नियिनस डेशाम पय ।।
त्राविथ गोम गोम मन्दियन शामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। १६ ।।

जंगुलस मंज़ फ़रियाद दिज्ञामय ।
व्याद क्याह आंसुम पय दर पय ।।

हमारा स्वागत करने को सामने आए और सारे नगर में हमारे आने की खबर फैल गई। भरतजी 'नन्दिग्राम'[1] से तुरन्त चले आए—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो। १३ पाँच दिन बीते और जाने कौन-सा पाप मेरे आगे आ गया। आपसे जाने किसने क्या कहा जो आपने मुझे त्याग दिया व मुझे कच्ची आयु में ही मुरझा दिया—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो। १४ मुझे संताप के पश्चात् (बहुत दिनों के बाद) सुख देखने को मिला था किन्तु अपने व परायों ने तरह-तरह के उलाहने दे-देकर मेरी ऐसी हालत कर दी कि मैं हरदम मृत्यु को प्राप्त होने के लिए तड़फती रही—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो। १५ लक्ष्मणजी तरकीब से मुझे वन में छोड़ने के लिए चले। जब वे मुझे वन में छोड़कर चले गए तो मेरी दुपहरी शाम में बदल गई—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो। १६ जंगल में मैंने (खूब) फ़रियाद की। मेरी व्याधि क्या थी, इसे आप अच्छी तरह जानते थे। किसी ने भी मेरी आवाज़ नहीं सुनी और मेरे

---

१ कश्मीर का एक गांव।

नाद कांसि बूज़ुम नु पाद विलुरामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। १७ ।।

बाक बाक दी दी चाक गयामय ।
ज़ोनुम नु फीरिथ ज़िन्दुगी गंय ।।
गुन्यानु वॅगन्यानु व्यछार आमय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। १८ ।।

रात दोंह ईशरस यी मंजामय ।
ही दयि आंसिनम चांनी प्रय ।।
चाख गंयम जिगुरस आख नंन्य द्रामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। १९ ।।

वालमीक र्‌योंश बूज़िथ तोरु द्रामय ।
गरु नियिनस तु गंयम दरमुच प्रय ।।
ज्ञान हांव तंम्य तु अदु मान प्राव्यामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। २० ।।

दोंह अकि ब्रहस्पत वोंदुयस आमय ।
अरदु रातुक ओस समय ।।
गोसु द्राम सोरुय लव तु कोंश ज़ामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। २१ ।।

पैर (चलते-चलते) थक गए—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । १७ रोते-रोते मेरा गला चाक हो गया और मुझे ज़िन्दगी से कोई मोह नहीं रहा । हाँ, ज्ञान-अज्ञान का विचार ज़रूर जाग गया—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । १८ रात-दिन मैं ईश्वर से यही माँगती रही कि आपके प्रति मेरी प्रीति बनी रहे । मेरा जिगर चाक हो गया और उसमें ज़ख्म नमूदार हो गए—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । १९ वालमीकि ऋषि ने मेरी सुनी और वे (अपनी कुटिया से) निकल आए तथा मुझे अपने घर ले गए । मेरी धर्म के प्रति प्रीति बढ़ी और उन्होंने मुझे ब्रह्म-ज्ञान से परिचित कराया जिसमें मेरा अन्तर मुखरित हुआ—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । २० एक दिन ऐसा आया कि मेरे भाग्य का बृहस्पति उदित हुआ । अर्द्ध-रात्रि का समय था और लव-कुश ने जन्म लिया, जिससे मेरे मन के सारे गिले-शिकवे (ग़म) दूर हो गए—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । २१ जैसे ही ये दो भाई जन्मे तो मैं सब

दौंख मंशराविथ सौंख प्राव्यामय ।
यैमि विज़ि यिम ज़ु बारुन्य थनु पैय ।।
बयि त्राविथ वारु पाठ्य यछामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। २२ ।।

वुनिक्यन पादन तल नम्यामय ।
पानु छुख आसुवुन ज़ेतेन्दरेय ।।
आवारु कंरुथस शहरु तु गामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। २३ ।।

युथ सांपिथ तोति दिञुनम पामय ।
शुर्य लाज़ु राज़ुह कोनु मशान छय ।।
ह्युतथम तीर ब्रूठ्य थंर किन्य द्रामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। २४ ।।

कवुह ज़ानु ईशरन क्याह लेछामय ।
चोनुय दूर्यर कर बं ज़रय ।।
वुन्य वसु बूमि तल बूम गछि त्रामय ।
परमु दामय बंविनय जय ।। २५ ।।

प्रकाशु हावुतम साल्यग़ामय ।
दीवुह दारन वंन्य वंन्य दितिमय ।।

दुःख भूलकर सुख की प्राप्ति में खोगई तथा सभी भय त्यागकर उनकी कुशलता की इच्छा करने लगी—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । २२ इस समय मैं आपके पादों तले झुकी हुई हूँ । आप स्वयं जितेन्द्रिय हैं । आपने ही मुझे शहर-व-गाँवों में दर-दर भटकाया है—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । २३ (जितेन्द्रिय) होते हुए भी आपने मुझे तरह-तरह के उलाहने दिये । हे राजा ! यह बच्चों जैसी चंचल प्रकृति आपको कहाँ शोभा देता है ! आप भूलते क्यों नहीं हैं ? आपने ऐसा तीर मुझे मारा है जो मेरी पीठ के पीछे से निकल आया—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । २४ क्या जानूँ कि ईश्वर ने मेरे कर्मलेख में क्या लिखा था ? (दिल में एक ही ग़म है कि) आपकी यह दूरी भला मैं कैसे सह पाऊँगी ! बस, अब मैं इस भूमि में प्रवेश करती हूँ—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो । २५ हे शालिग्राम ! मुझे प्रकाश दिखाइए । मैं अनेकों देवी-

मतु रोशतम तोशतम श्रु रामय ।
परमु दामय बंविनय जय ॥ २६ ॥

ति वोंबुरोवुन वंनिथ मां दारिकिन्य द्राय ।
रेंशन सांखी मंजिन तां बूमि मंज़ त्राय ॥
विलुनि लंज्य खंत्र प्रंगस वंछ बूमि मंज़बाग ।
वंसिथ गंयि रामु त्रंन्दुरुन ह्यथ दिलस दाग़ ॥
तती प्यठु अज़ दोंहस ताम तिम त्रेंकारन ।
दिवन वंन्य संन्य वोंगुन्य प्रथ जायि छारन ॥
वसन पाताल अख छारन बं आकाश ।
त्रेंयुम समुयस वुछन प्रथ जायि प्रकाश ॥
संमिथ आकाश्य दीव आयि करनि दरशुन ।
करुनि सूतायि लंग्य तिम पोशि वरशुन ॥ ५ ॥
रेंशिस प्रुछ अदु तिमव खंत्र कमि गामह ।
हरन ओंश येंलि परन गंयि रामु रामह ॥
दोंपुक तंम्य डूरि शेंकर पोरि मंज़बाग ।
वंसिथ गंयि बूमि तल सांपुन तंती नाग ॥

द्वारों (तीर्थस्थानों) में फिर चुकी हूँ। हे श्रीराम ! अब मुझसे न रूठिए, तुष्ट होजाइए—परमधाम के स्वामी हे श्रीराम ! आपकी जय हो। २६

यह कहकर वह मण्डप से उतर ऋषियों को साक्षी बनाकर भूमि में प्रविष्ट हुई। कातर मुद्रा में सिंहासन पर बैठकर वह भूमि के गर्भ में दाख़िल हुई और रामचन्द्रजी (की जुदाई) का दाग़ लिए नीचे चली गई। तभी से आज दिन तक त्रिकारण उसे हर जगह ढूँढने में लगे हुए है। एक पाताल में ढूँढ रहा है, दूसरा आकाश में और तीसरा भूलोक में हर जगह उसे खोज रहा है। आकाश से सारे देवता उसका दर्शन करने के लिए व पुष्पों की वर्षा करने के लिए आए। ५ ऋषि (वाल्मीकि) से उन्होंने (देवताओं ने) कहा कि किस ठौर पर आँसू बहाकर व राम-राम पढ़ते वह परमधाम को चली गई ! तब उस (ऋषि) ने कहा कि शंकरपुर (गाँव) में एक स्थान पर भूमि अन्दर धँस गई और वहीं पर वह सीता भूमिगत होगई। बाद में वहाँ पर एक सरोवर बन गया। कुर्‌यगाम[1] वहाँ से

१ गांव-विशेष। कवि का जन्म-स्थान।

क्रूहा अख ओस तौंत ताम अज़ कुरी गाम।
वंसिथ यैंलि गंयि स तैंलि बोज़ुनु मे आम ॥
वुछुम तति दोरि मंज़ अख नागुरादाह।
ह्योंतुम सुतायि कुन लायुन मे नादाह ॥
दोंपुम माता संती सुता न्यबर नेर।
छु प्रारान रामुजुव कोंरथस स्यठाह च्रेर ॥ १० ॥

त्युथुय तथ नागुरादस वोथ तलोतुम।
ति बूज़िथ शोरु सुत्य कांप्योम रुम रुम ॥
छैयय यछ गछ वुछुन हावी सं दरशुन।
पैंयी अदुह बूमि प्यठ तैंलि सोंनु वरशुन ॥
वनय क्याह अज़ अज़ल यी ता अबद राम।
सौंरी युस सातु सातह तस छु आराम ॥
वदुनि लोंग क्याह मे कोंर सुतायि युथ हाल।
हंरिथ रथ यंच्र च्रंलिथ गंयि ज़ेरि पाताल ॥
रेंशव याम बूज़ कोंरहस ज़ारह पारह।
बदन छोंलहस तु वोंलहस खासुवारह ॥ १५ ॥

रशव तामत कोंरुख तस दम दिलासह।
संती सुता प्रंखुटुय बूमि कासह ॥

एक कोस की दूरी पर स्थित है। सीता का उस स्थान पर भूमिगत हो जाना मैंने खुद अपनी आँखों से देखा। उस स्थान के निकट मैंने एक झरना बहता हुआ देखा। सीता को जब मैंने बहुत आवाज़ें दीं—"माता सीता बाहर आ। देख, रामजी तेरी प्रतीक्षा कर रहे हैं, उन्हें देर हो रही है। १०" तभी वह झरना (सरोवर) भयंकर रूप से झकझोर उठा, जिसके शोर को सुनकर मेरा रोम-रोम प्रकंपित हो गया। (तभी आकाशवाणी हुई—) "जिसका मन इच्छापूर्ण (श्रद्धावान्) है उसको वह सीता ज़रूर दर्शन देगी और भूमि पर तब सोने की वर्षा होगी। और कहाँ तक कहें। राम ही आदि और अन्त हैं। जो उसका मन से समय-समय पर स्मरण करेंगे, उन्हें आराम मिलेगा"। तब वे (रामचन्द्रजी) रोने लगे और कहने लगे कि उस सीता का मैंने यह क्या हाल कर दिया जो वह खून के आँसू बहाकर पाताल चली गई। जब ऋषियों ने उनकी यह आर्त्तपुकार सुनी तो विनती कर व समझा-बुझाकर उनका बदन धोया और रेशम के वस्त्र पहनाए। १५ ऋषियों ने उनको खूब दिलासा दिया

वनुनि लंग्य तस गौंडन्य कंरथन च्रे मारह ।
कर्यथ शुर्य लाजुह गरि कंरथन अवारह ।।
संती यिछ आंस न्यरमल पानु होवन ।
सपुन्य शीतल तु पानस मान थोवुन ।।
पतव लाकन परवीजुन यस यि ल्यूखुन ।
करुन तस ती छु ज़नमस अदु ति बूगुन ।।
यंती आमुच्र तोंतुय गंयि छुसनु कंह पाफ ।
यंगुन्य समाफ कर वौंन्य त्राव सन्ताफ ।। २० ।।

तिमव यामत यि वौंनुहस आव होशस ।
करुनि लोंग नालमंत्य तथ अंगुनु जोशस ।।
छुनिन दरवाजु वंथ्य तंम्य प्रथ खज़ानस ।
गंरीबन तु अनाथन द्युतनु दानस ।।
मदारह वारुह वारह मनुनोवुख ।
गुन्यानुक शब्द दिथ तस ख्यूब कोसुख ।।
सु वालमीक र्योंश गुन्यान तस बोज़ुनावान ।
पतव समसार छुय ब्रम बांज़्य हावान ।।

और समझाया कि सीता सती थीं और भूमि के कष्ट दूर करने के लिए अवतरित हुई थीं। वे (ऋषि) उनको (आगे) कहने लगे—अव्वल तो आपने ही उसे बेसहारा बना दिया। बच्चों की सुध नहीं ली और घर से उसे (सीता को) निकाल दिया। वे ऐसी सती थीं कि प्रत्यक्षतया अपना निर्मल रूप सबको दिखाकर शीतल (शांत) हो गईं और अपने मान की रक्षा की। दरअसल, जिसके भाग्य में जो बदा होता है, उसे वही करना होता है और जन्म-भर वही भोगना पड़ता है। वह जहाँ से आई थी, वहीं चली गई है, क्योंकि उसने कोई पाप नहीं किया था। अब आप संताप त्यागकर यज्ञ को पूरा कर लीजिए। २० जब उन्होंने ऐसा कहा तो वे (श्रीराम) कुछ होश में आए और उस (यज्ञ की) अग्नि के जोश को गले लगाने लगे (यज्ञ में पूरी तरह से रम गए) खज़ानों के दरवाज़े खोल दिए गए और ग़रीबों व अनाथों को ख़ूब दान दिया गया। धीरे-धीरे वे ग़म भूलते गए और ज्ञान की बातें सुन-सुनकर उनका विक्षोभ मिटता गया। वाल्मीकि उन्हें तत्त्व-ज्ञान से परिचित कराने लगे कि अन्ततः यह संसार भ्रम व माया है, आदि। यज्ञ-समाप्ति के उपरान्त रामचन्द्र जी ने भरत और लक्ष्मण को बुलवाया और सभी ने मिलकर

यंगुन्य मौंकलिथ तिमव याम ख्योख बूज़न ।
बरुथ लंखिमन अंनिन तंम्य रामुच्रंन्दुरन ॥ २५ ॥
रेंशन जोग्यन द्युतुन सौंन मौंख्तु ज़ारी ।
मंगुनि आंहियि लोंग यिछ्र कंरुन ज़ारी ॥
सपुन्य खौंश ज़ूग्य ब्रह्मन खंत्य व्यमानस ।
पकन गंयि वांत्य तिम पनुनिस मकानस ॥
सु गव फारिग़ अंनिन तिम टांठ्य फ़रज़न्द ।
हरुनि लोंग ओंश करुनि लोंग यी तिमन सन्द ॥
लंसिव तोंह्य वौंन्य मेंछिवु ज़ुवजानु खौंतु टाठ्य ।
हुकुमरांनी कंरिव यंन्दराज़ु सुन्द्य पांठ्य ॥
तंमिस सुतायि हुन्द दौंख दूर त्रांविव ।
ग़मुक मल च्रोंल सौंखस मंज़ पान नांविव ॥ ३० ॥
मुकटु गौंडनख कलस गंछिनवु बलाय दूर ।
कौंशस कांशी लवस तंम्य द्युतनु लाहूर ॥
करुनि लंग्य पादशांही गोसु त्रांविख ।
गंरीबन ब्रह्मनन दरमारथ थांविख ॥
अनाथन यंच्र करन बख़शिश ज़रो माल ।
करन तिम पादशांही आंस्य यंच्रकाल ॥

भोजन किया। २५ ऋषियों व जोगियों को स्वर्ण और मोती दक्षिणा के रूप में मिले और उनसे वे (रामचन्द्रजी) विनतीपूर्वक आशीर्वाद की कांक्षा करने लगे। सभी जोगी, ब्राह्मण आदि ख़ुश हो गए और विमानों में बैठकर अपने मकानों (आश्रमों) की ओर चल दिए। इधर, वे (श्रीराम) जाकर अपने प्यारे फ़रज़न्दों को लिवा लाए और आँसू बहाकर उन्हें असीस देने लगे—चिरंजीव रहो, अब तुम दोनों ही मेरे जी-जान हो। उठो, इन्द्रराज की तरह हुक्मरानी करो (राजकाज का काम सम्भालो) और उस सीता के दुःख को दूर करो। ग़म की मैल धुल गई। उठो और सुख में अपने तनों को सराबोर करो। ३० मुकुट उनके सिर पर बाँधकर उन्होंने (श्रीराम ने) कहा—तुम्हारी बलाएँ दूर हों। कुश को काशी और लव को लाहौर-राज्य दिए गए और वे दोनों निश्चिंत होकर बादशाही करने लगे। ग़रीबों व ब्राह्मणों के लिए धर्मार्थ सहायतावृत्तियाँ दी जाने लगीं तथा अनाथों को बहुत सारा जरो-माल बख़शीश के रूप में दिया जाने लगा। काफ़ी दिनों तक उन्होंने बादशाही की और सारा आलम सभी ग़म भूलकर आनंद भरने लगा तथा

परान ओस रामु रामह सोर आलम ।
बोरुख आनन्द व्रोवुख सारिकुय ग़म ।।
दपन बोनु रामु च्रेन्दुरन वुछ यि सत फाल ।
ओनुन लंखिमन वोनुन सोरुय तंमिस हाल ।। ३५ ।।
करुन छुम आशरत खोशदिल बु रोज़य ।
मकानस मंज़ बिहिथ अज़ सोज़ बोज़य ।।
च्रु बोज़न गछ्ठ हुकुम म्योनुय बराबर ।
दोपुस लंखिमन जुवन छुसना बु चाकर ।।
वनुम क्याह छुम हुकुम छुस इस्तादह ।
दोपुस तंम्य रामुच्रेन्दुरन यी छु वादह ।।
दियिव डंडूरुह शहरस मंज़ रवा रव ।
दियिव दान ब्रह्मनन टोठ्यव सदाशिव ।।
सपुन्य आयीनु बन्दी कोचि बाज़ार ।
करन शादी खलायिख आस्य बिस्यार ।। ४० ।।
गरन मंज़ सारिवुय कोर शादियानह ।
क़दुरुह मूजुब अनाथन द्युतुक दानह ।। ४१ ।।

श्रु रामजुवुन सोरगस खसुन

तमी विज़ि नारुदन पयग़ाम बूज़ुन ।
त्युथुय ब्रह्मा जुवस निशि नामु सूज़ुन ।।

राम-राम पढ़ने (जपने) लगा। (तभी एक दिन) रामचन्द्रजी ने उचित मुहूर्त्त देखकर लक्ष्मण को बुलवाया और उससे सारा हाल कहा। ३५ मेरी इच्छा अब ख़ुशदिल होकर व संगीतादि सुनकर आनन्द में जीवन के आखिरी दिन बिताने की है। तुम मेरे इस हुक्म को बराबर ध्यान से सुनो। लक्ष्मणजी बोले—मैं आपका चाकर हूँ। कहिए, क्या हुक्म है ? मैं आज्ञा-पालन के लिए तैयार खड़ा हूँ। रामचन्द्रजी बोले—सदाशिव की मुझपर कृपा हो गई है, तुम शहर जाकर तुरन्त यह ढिंढोरा पिटवाओ कि सभी ब्राह्मणों को ख़ूब दान दिया जाएगा। तब आज्ञानुसार कूचों व बाज़ारों में मुनादी कराई गई और असंख्य लोग (इस समाचार को सुनकर) शादमानी करने लगे। ४० अपने-अपने घरों में सभी ने ख़ुशियाँ मनायीं और अनाथों की क़द्रदानी कर उन्हें ख़ूब दान दिया गया। ४१

श्रीरामजी का स्वर्गारोहण

उधर, नारद ने (लक्ष्मण को दिया) पैग़ाम सुन लिया और उसी

दपन तमि वखतु ब्रह्मा जी शोंगिथ ओस ।
नेंन्दुरि वुज़ुवुन तु पादन तल परन प्योस ॥
दोंपुस ब्रह्मा जुवन कति गोख पयदा ।
गोंमुत छुख आरु कोन्तुय वन गछी क्याह ॥
प्रसन्द रूज़िव वंनिव क्याह छुवुह गोंमुत कस ।
दोंपुस तंम्य रामुचंन्दुरुन राज कर बस ॥
तुलिन तंम्य वारुयाह कष्ट चान्य द्रुय छम ।
च्रंलिथ सुता गंयस मेंच्रि तल रंटिथ ग़म ॥ ५ ॥

त्युथुय बूज़िथ सु ब्रह्मा गव स्यठाह शाद ।
तमी विज़ि तंम्य महाकालस द्युतुन नाद ॥
च्रु गछ अजोंद्यायि श्रु रामस वनुस ज़ार ।
दपुस ब्रह्मा जुवन लोंदनय नमस्कार ॥
दपुस वोंथ पख च्रु खस वोंन्य प्यठ व्यमानस ।
ख़ोंशी कर वोंन्य च्रु खस पनुनिस मकानस ॥
त्युथुय बूज़िथ वरुन बदलिथ न्यबर द्राव ।
र्‌योंशाह लांगिथ अजोद्यायि मंज़ च्राव ॥

वक़्त ब्रह्मा के पास निवेदन करने के लिए चले गए । कहते हैं, उस वक़्त ब्रह्माजी सोए हुए थे । उन्हें उन्होंने नींद से जगाया और पादों तले प्रणाम किया । ब्रह्माजी ने उनसे कहा—कैसे पैदा (उपस्थित) हुए । बड़े परेशान-से लग रहे हैं आप ! कहिए, आपको क्या चाहिए ? प्रसन्न हो जाइए और मंतव्य कहिए कि किस पर क्या आन बनी हैं ? तब उन्होंने (नारद जी से) कहा—रामचन्द्रजी से अब राज्य करने की (बस) इति करवाइए । आपकी क़सम उन्होंने बहुत कष्ट उठाए हैं । सीता भी उनसे विमुख हो गई और ग़म खाकर मिट्टी के नीचे छिप गई । ५ यह सुनकर ब्रह्मा जी बहुत शाद हो गए और उसी क्षण महाकाल को आवाज़ दी—तुम अयोध्या जाकर श्रीराम से निवेदन करो कि ब्रह्माजी ने नमस्कार कहलवाकर विनती की है कि उठिए और विमान पर बैठकर ऊपर चले चलिए । ख़ुश हो जाइए और अपने मकान (परमधाम) की ओर प्रयाण करें । यह सुनकर वे (महाकाल) वर्ण बदलकर बाहर निकल आए और ऋषि का रूप धारण कर अयोध्या में पहुँच गए । कहते हैं, इधर एक दिन श्रीराम बड़ी दिलशाद (प्रसन्न) मुद्रा में बैठे थे कि उनके सामने वैकुण्ठ चलने का निमन्त्रण प्रत्यक्ष हो गया । १० दरअसल,

दपन श्रू राम दोंहु अकि ओस दिलशाद ।
प्रखुट सांपुन तंमिस वयकोंठु प्यठु नाद ॥ १० ॥
उमुर सांपुन्य बराबर कंरिन काह सास ।
दपन यमराजुह लागिथ ब्रह्मना आस ॥
वुछिथ ब्रह्मुन वंथिथ गव प्योस पादन ।
वनुनि लोंग तस च्रें क्यथु थोंवथम यि लादन ॥
परसन्द रूज़िव वंनिव कति छवु बसन जाय ।
कुन्युक माछुम हुकुम यिनु मन खंयव ग्राय ॥
दोंपुस तंम्य मोख़्तुसर वोंथ कर च्रु दरबार ।
वनय कोंह कथु अदु सांपुनख ख़बरदार ॥
ति यान्य बूज़ुन कोंरुन मोकूफ ह्योंन ह्युन ।
ब खलवत पांठ्य गव तस सुत्य कुन ज़ोंन ॥ १५ ॥
यि कंह वोंनुनस त्युथुय तंम्य पानु बूज़ुस ।
दोंपुन ब्रह्मा जुवन च्रेय निशि सूज़ुस ॥
दोंपुम तंम्य स्यानि ज़ोंवि कंरयज़्यस नमस्कार ।
न्यरंजन बूमि प्यठ आमुत छु अवतार ॥
उमुर सांपुन्य बराबर तुल टुकन पूर ।
में दिम रोंखसत पकुन मंज़िल में छुम दूर ॥

ग्यारह हज़ार वर्षों की उनकी उम्र बराबर होने को आरही थी और कहते हैं, यमराज ब्राह्मण बनकर उनके सामने आए। ब्राह्मण को देखकर वे (श्रीराम) उठ खड़े हुए और उनके पादों में गिरकर कहने लगे—प्रसन्न हों, आप कहाँ रहते हैं और यहाँ आने का कैसे कष्ट किया ? क्या हुक्म है—नि:संकोच कहिए। मन में कोई दुराव न रखिए। तब उस (ब्राह्मण) ने मुख़्तसर (संक्षेप) में कहा—आप उठिए और तैयार हो जाइए। मैं आपसे कुछ (रहस्य की बात) कहने वाला हूँ जिससे आप ख़बरदार हो जाएंगे। यह सुनकर उन्होंने सब काम छोड़ दिए और अकेले में उनके साथ बात करने के लिए चल दिए। १५ जो कुछ भी उस (ब्राह्मण) ने कहा, उसे उन्होंने ध्यानपूर्वक सुना। (ब्राह्मण ने कहा—) मुझे ब्रह्मा जी ने आपके पास भेजा है। उन्होंने कहलवाया है—"मेरी तरफ़ से उन्हें नमस्कार करना, वे निरंजन और भूमि के अवतार हैं। (फिर निवेदन करना कि) उनकी उम्र पूरी हो चुकी है, अत: वे तुरन्त यहाँ चले आएँ।" अब मुझे रुख़सत करें, मेरी मंज़िल दूर है और मुझे

नतय छुय यूर्य रोज़ुन असि मु लद बोर।
जंयस वातिथ दयस प्यठ मा लदव बोर॥
कौरुथ वीरुथ ग्रुतुथ सोन मौख्तु दानस।
दया कर वौन्य च़ु खस पनुनिस मकानस॥ २०॥

ति बूज़िथ आरुवल ज़न तस मौखस गव।
सपुन बांबुरि सौखस त्राविथ दौखस गव॥
नरायन पानु आमुत तस ति गव क्रूठ।
वुछिव समसार सार्यन क्याह लगन म्यूठ॥
कौरुन रौख़सत तमिस नगुरस ख़बर गय।
संमिथ तिम द्रायि त्राविथ सारिची प्रय॥
वंलिथ तनि पाट्य वस्तुर रामु जुव द्राव।
बरुथ लंखिमन शौतुर गौन सुत्य सुत्य आव॥
असन तिम द्रायि सारी गंयि नु शूकस।
पकुनि लंग्य तस सुतिन खंत्य सौरगु लूकस॥ २५॥

वनय क्याह शोर वौथ सारिस जहानस।
खंसिथ येंलि रामुजुव गव प्यठ व्यमानस॥
पोंज़ुय बोज़ख ति सोरुय छुय सु पानह।
करुन छुस यी करन छ़ारन बहानह॥

बहुत दूर जाना है। हाँ, यदि आप स्वयं ही यहीं रहना चाहते हों तो बाद में हमें दोष न देना। आपने ख़ूब वीरता दिखाई है और स्वर्ण व मोती दान में दिए हैं। अब हम पर दया कीजिए और अपने मकान (परमधाम) की ओर चलिए। २० यह सुनकर उन (रामचन्द्र जी) का मुख पीत-पुष्प जैसा हो गया और अनवस्थित होकर व सुख त्यागकर दुखी हो गए। देखिए, वे स्वयं नारायण थे किन्तु फिर भी कठोर स्थिति में पड़ गए। दरअसल, यह संसार सभी को बड़ा मीठा लगता है। उस (ब्राह्मण) को रुख़सत करने के बाद सारे नगर में ख़बर फैल गई। नगर-वासी सब कुछ भूल गए और इकट्ठे होकर चले आए। उधर, रामजी तन पर हल्के वस्त्र धारण कर चल दिए। उनके साथ-साथ भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न आदि थे। सभी हँस रहे थे, कोई भी शोकमग्न न था। सभी उनके साथ चल दिए और स्वर्गलोक की ओर प्रयाण करने को तैयार हुए। २५ क्या बताऊँ, सारे जहान में शोर मचा, जब रामजी विमान में जाकर बैठने को हुए। सच तो यह है कि वे ही सब कुछ करनेवाले हैं और

यछा योंद छय च़ु गछ नेरी तमन्ना ।
शरन गछ त्युथ यिथय कंन्य गंयि सं सुता ।।
दोंपुन तस ब्रह्मनस कुस छुख पोंज़ुय वन ।
दोंपुस तंम्य बूज़ितव तोंह्य दारितव कन ।।
ति बूज़िथ रूफ तान्य तंम्य ब्रह्मनन होव ।
तसुन्द बुथ डेशिनु सामानु तंम्य त्रोव ।। ३० ।।

दोंपुन तस कुन च़ु गछ शादी करन नेर ।
मे सुतिन योंद पकख वाराह गछी च़ेर ।।
ति बूज़िथ ब्रह्मनन तान्य कोंर नमस्कार ।
ह्योंतुन रोंखसत तु लारन गव ब यकबार ।।
वोंनुन ब्रह्मा जुवस सोरुय सु कारन ।
दोंपुस ब्रह्मा जुवन यंन्दुरस गंछिथ वन ।।
दपुस यी वारु पाठ्य व्यमान शीरिव ।
निशह तस रामुच़्रंन्दुरस ह्यथ सु दूरिव ।।
त्युथुय यमुराज़ु लारन गव बज़ुवदी ।
दोंपुन यंन्दुरस वोंनुय ब्रह्मा जुवन यी ।। ३५ ।।
च़ु गछ अजोद्यायि मंज़ व्यमान सोज़ुन ।
हुकुम तति रामुचंन्दुरुन वाति बोज़ुन ।।

यह सब करने के लिए बहाने ढूँढते रहते हैं। हे जीव ! यदि इच्छा है कि तेरी सारी तमन्नाएँ पूरी हो जाएँ, तो तू उनकी शरण में चला जा, जैसे सीता चली गई है। उधर, श्रीराम ने उस ब्राह्मण को वापस बुलाकर पूछा—सत्य कहिए, आप कौन हैं ? वह बोला—सुनिए, कान धरकर सुनिए और इसीके साथ उस ब्राह्मण ने अपना वास्तविक रूप दिखाया। उसका मुख देखकर वे (रामचन्द्रजी) प्रसन्न हो गए ३० और उससे कहा कि आप ख़ुश व निश्चित होकर शीघ्र वापस चले जाएँ। (मैं आ रहा हूँ)। यदि आप मेरे साथ चलेंगे तो देर हो जाने की सम्भावना है। यह सुनकर उस ब्राह्मण ने नमस्कार किया और रुख़सत लेकर एकदम वहाँ से चल दिया तथा ब्रह्माजी से सारा वृत्तांत कहा। ब्रह्माजी ने उससे कहा कि जाकर (तुरन्त) इन्द्र को यह समाचार दो ताकि वे विमान को ठीक तरह से सजाएँ और रामचन्द्र जी के पास भागकर चले जाएँ। तभी यमराज फ़ुर्ती से भागे और इन्द्र से ब्रह्माजी का सन्देश कहा। ३५ आप अयोध्या जाकर विमान को सजाएँ तथा जाकर रामचन्द्रजी के हुक्म

त्युथुय यन्दुरन करुन जलदी न्यबर द्राव ।
गंडिथ व्यमान वंथिथ अजोध्यायि मंज़ च़ाव ॥
तमिस डीशिथ सपुन श्रू राम बेताब ।
त्युथुय युथ सांपुनन बर ज़र छु सीमाब ॥
दपूनख राज़ु रामुन हुकुम बूज़िव ।
सौरगु लूकस अन्दर शुर्य बाच़ सूज़िव ॥
तमी विज़ि तख़्तु प्यठु वौथ रामु अवतार ।
शेतुर गौन बरुथ सारी द्रायि यकबार ॥ ४० ॥

दौपुन तस लंखिमनस शेंखा टुकन वाय ।
दपन तंम्य शेंख वोयुन लूख तौत आय ॥
बजल्दी आयि सारी नालु दीवान ।
वुछिख यन्दुरस सुतिन आस्य कूत्य व्यमान ॥
दपूनख राज़ु रामन क्रूद त्राविव ।
कवव बापथ बौडन ख्यूबन अन्दर छिव ॥
करिव ब्योंन ब्योंन स्यठाह शादी जहानस ।
खौशी सुतिन खंसिव वुनिक्यन व्यमानस ॥
दपन सारी खलायिक दीव व इन्सान ।
व्यमानन प्यठ बिहिथ रूदी खौशी सान ॥ ४५ ॥

दपन यन्दुरस त्युथुय वौन राज़ु रामन ।
कंडिव व्यमान पकुनस कुन दियिव तन ॥

को अंगीकार करें। यह सुनते ही इन्द्र जल्दी से वाहर निकले और विमान सजाकर नीचे अयोध्या में प्रविष्ट हुए। उन्हें देख श्रीराम वेताब (चंचल) हो उठे, वैसे ही जैसे ज़र और सीमाब। (इन्द्र ने सभी से कहा—) राजा राम का हुक्म सुनिए और (उनके साथ) स्वर्गलोक में चलने के लिए सपरिवार तैयार हो जाइए। उसी समय रामावतार तख़्त से उठ खड़े हुए और शत्रुघ्न, भरत आदि सारे उनके साथ एकदम चलने को तैयार हो गए। ४० लक्ष्मण से (रामचन्द्र जी ने) कहा कि जल्दी से शंख बजाओ। शंख बजते ही सारे लोग जल्दी-जल्दी रोते हुए वहाँ पहुँच गए। लोगों ने देखा कि इन्द्र अपने साथ बहुत सारे विमानों को लाए हैं। इधर, राजा राम ने उन सब से कहा—क्रोध त्याग दीजिए। आप क्यों क्षोभग्रस्त हो रहे हैं? ख़ुशी के साथ आप भी इन विमानों में बैठ जाइए। ४५ कहते हैं तब इन्द्र से राजा राम ने कहा—अब जल्दी कीजिए और विमान चलाइए।

असन तिम द्रायि सारी गंयि शूकस ।
खंसिथ येलि रामु जुव गव वैशनुलूकस ॥
शेतुर गोन बरुथ लंखिमन नालु रंट्य तंम्य ।
व्यमानस प्यठ बिहिथ ज़ारी करान तिम ॥
पकान गव वाव ह्युव व्यमान आकाश्य ।
सोरुगु लूकस अन्दर लंग्य तिम करुनि आश ॥
त्युथुय बूज़िथ वेबीशन आव लारन ।
पकन प्रथ जायि गव श्री राम छारन ॥ ५० ॥
करुन देवानुगी वाराह मोथुन ख़ाक ।
स्यठाह ग़मनाक गव जामन चुतुन चाक ॥
वनुनि लोग राज़ु रामस कुन वेबीशन ।
कोखंडेत्र म्यानि सुतिन कवुह खंटुथ तन ॥
यितम दरशुन दितम क्याह गोय मलालह ।
जिगुरस सूर गोम रट्हथ बं नालह ॥
वदन छुस लोलु वालिजि श्राख दित्रथम ।
खंटिथ रूदहम तु वाराह दिल कतुरथम ॥
वनय क्याह अज़ अज़ल बोंड ता अबद राम ।
सोर्यस युस सातु सातह तस छु आराम ॥ ५५ ॥

वे सभी हँसते हुए रामचन्द्रजी के साथ विष्णुलोक की ओर चल दिए। शत्रुघ्न, भरत व लक्ष्मण को उन्होंने (श्रीराम ने) गले से लगाकर रखा था और सभी विमान में बैठकर ब्रह्मस्तुति में लीन थे। इधर, विमान वायु के वेग की तरह आकाश में उड़ने लगा और वे सभी स्वर्ग में पहुँचकर ऐश्वर्य भोगने लगे। यह समाचार जब विभीषन ने सुना तो वे दौड़ते हुए और हर जगह श्रीराम को ढूँढने लगे। ५० दीवानों की तरह शरीर पर ख़ाक मली और बहुत ग़मनाक होकर जामों को चाक कर डाला। तब राजा राम की ओर सम्बोधन कर (विभीषण कहने लगा--) क्यों मुझ दुर्भाग्यशाली को यों अकेला छोड़ आपने अपनी तन छिपा दी ? अब आकर मुझे दर्शन दीजिए। मेरा जिगर राख हो गया है। काश, आप मिल जाते, तो मैं गले से आपको लगा लेता ! मैं रो रहा हूँ और मेरे प्यार-भरे दिल पर जैसे छुरियाँ चल रही हैं। आप इस दिल को कुतरकर जाने कहाँ छिप गए हैं। और क्या कहूँ। आदि से लेकर अंत तक श्रीराम ही सब कुछ हैं। जो आपका समय-समय पर स्मरण करे

तवय बापथ परन छुस रामु रामह ।
दया करतम च्रु टोठतम श्रू रामह ॥
नरायनु रूफ छुख छुय रामु जुव नाव ।
नरायनु कर क्रपा वौन्य दरशनुय हाव ॥
नरायनु रात्य रातस छुस वनान ज़ार ।
नरायनु हाव दरशुन कास अन्दुकार ॥
दयस सूत्य कर च्रु लय मूह लूब येती त्राव ।
मरुन सार्यन तु वुछ रोज़ुनि कुस आव ॥
सौ यछ फेरी वौन्दुक नेरी तमन्ना ।
शरन गछ रामुच्रन्दुरस लाग सुता ॥ ६० ॥
च्रे यौदवय लव तु कौश छी थव तिहुंज़ आश ।
गौरस अदुह बाव सु हावी सिरियि प्रकाश ॥ ६१ ॥

॥ लव तु कौश च्रर्‌यथ ति वोत अन्द ॥

यि छु बनोवमुत प्रकाशराम कुर्‌यगाम्य
काशिरि ज़बान्य मंज़ ।
(१९०४ विक्रमी सनस मंज़)

उसे सर्वत्र आराम मिल सकता है। ५५ इसीलिए मैं भी राम-राम पढ़ (जप) रहा हूँ। मुझे अपना लीजिए क्योंकि आप नारायण के स्वरूप हैं और रामजी आपका नाम है। हे नारायण! अब (मुझपर) कृपा कीजिए और दर्शन दीजिए, मैं रात-रात भर आपकी स्तुति करता रहा हूँ। हे नारायण! दर्शन दीजिए। रे जीव! तू भी भगवान् से प्रीति रख और मोह व लोभ को त्याग दे। सभी को मरना है, यहाँ भला स्थायी रूप से, रहने के लिए कौन आया है! यदि तेरी ऐसी ही इच्छा रहेगी तो तेरे दिल की सारी तमन्नाएँ पूरी होंगी। अतः सीता बनकर रामचन्द्रजी की शरण में चला जा। ६० तेरे यदि लव-कुश जैसे पुत्र हैं तो उनका ध्यान रख तथा गुरु पर भावना (आस्था) रख क्योंकि वही सूर्य का-सा प्रकाश तुझे दिखाएँगे। ६१

लव-कुश-चरित भी समाप्त हो गया। इसे कुर्‌यगाम के प्रकाशराम ने कश्मीरी ज़बान में तैयार किया।

॥ १९०४ विक्रमी सन् में ॥

देवनागरी लिपि के माध्यम से समस्त भाषाई क्षेत्र

समस्त भाषाओं के सत्साहित्य का समानरूपेण रसास्वादन करें:—

विविध भाषाओं के अनमोल वृहद् ग्रन्थ

जिनमें उन भाषाओं के मूल पाठ को,

तद्वत् उच्चारणों सहित,

देवनागरी लिपि में देते हुए, सुन्दर हिन्दी अनुवाद दिया गया है :—

★ **मलयाळम - महाभारत—** ॲळुत्तच्छन् कृत—रचनाकाल—१५ वीं शताब्दी; लिप्यन्तरणकार एवं हिन्दी-अनुवादक— श्री के०ए०सुब्रह्मण्य अय्यर भू० पू० उपकुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। मलयाळम का मूल मधुर पाठ देवनागरी लिपि में देते हुए हिन्दी भाषा में अनुवाद दिया गया है। पृष्ठ संख्या लगभग १२२५। मूल्य ४०·००, डाक व्यय पृथक्।

★ **बँगला - कृत्तिवास रामायण—** (आदि, अयोध्या, अरण्य, किष्किन्ध्या और सुन्दरकाण्ड) रचनाकाल—१५ वीं शताब्दी; मूल बँगला पाठ देवनागरी लिपि में तथा अवधी दोहा-चौपाई में ललित पदयानुवाद। अनुवादक एवं लिप्यन्तरणकार— श्री नन्दकुमार अवस्थी सम्पादक, वाणी-सरोवर एवं प्रतिष्ठाता भुवन वाणी ट्रस्ट। देवनागरी अक्षरों में ग्रन्थ का चाहे बँगला पाठ सुबोध-सुललित पयार छन्दों में पढ़िये, चाहे अवधी पदयानुवाद। दोनों का पृथक् अद्भुत आनन्द है। पृष्ठ संख्या लगभग ६२५। मूल्य २५·०० डाक व्यय पृथक्।

★ **बँगला - कृत्तिवास (लंकाकाण्ड)—** रचनाकाल—१५ वीं शती; मूल बँगला पाठ देवनागरी लिपि में तथा हिन्दी गदयानुवाद—क्रमशः श्री नन्दकुमार अवस्थी एवं श्री प्रबोध मजुमदार। पृष्ठ संख्या ४८८ मूल्य १५·००, डाक व्यय पृथक्।

★ **कश्मीरी - रामावतारचरित—** प्रकाशराम कुर्यग्रामी कृत। रचनाकाल १८ वीं शताब्दी। देवनागरी लिपि में कश्मीरी पाठ का लिप्यन्तरण तथा हिन्दी अनुवाद के कर्ता डॉ० शिबन कृष्ण रैणा, हिन्दी विभागाध्यक्ष, राजकीय महाविदयालय, नाथद्वारा। भूमिका-लेखक डॉ० युवराज कर्णसिंह, स्वास्थ्यमंत्री भारत सरकार। पृष्ठ संख्या लगभग ४८१ मूल्य २०·००। डाक व्यय पृथक्।

★ **उर्दू - शरीफ़ज़ादः (आर्यपुत्र)**– 'उमरावजान अदा' के प्रख्यात लेखक मिर्ज़ा रुस्वा द्वारा रचित अति रोचक उपन्यास। देवनागरी लिपि में लखनऊ की सुमधुर उर्दू भाषा का आनन्द उठाइये। मूल्य ५.००। डाक व्यय पृथक्।

★ **गुरमुखी - श्री जपुजी सुखमनी साहिब**– गुरु नानकदेव और गुरु अर्जुनदेव की अमर वाणी देवनागरी लिपि में। साथ में गीता के सफल पदयानुवादक खानबहादुर ख्वाजः दिलमुहम्मद का अति प्रसिद्ध प्रवाहमय पदयानुवाद। अनुवाद को पढ़ते समय पाठक झूम उठता है। मूल्य ५.००। डाक व्यय पृथक्।

★ **अरबी - ज़ादे सफ़र** (रियाज़ुस्सालिहीन) — प्रसिद्ध प्रामाणिक हदीस (पैग़म्बर के कलाम) के उर्दू अनुवाद ज़ादे सफ़र का देवनागरी लिपि में सारा पाठ देते हुए कठिन उर्दू शब्दों का हिन्दी अर्थ फ़ुटनोट में दिया गया है। इस्लामी धर्म के सदाचार की स्पष्ट झाँकी है। पृष्ठ संख्या ३३६ मूल्य १२.००। डाक व्यय पृथक्।

★ **फ़ारसी - सिर्रे अक्बर**– (शाहज़ादः दाराशिकोह कृत—५० उपनिषदों की फ़ारसी व्याख्या में से ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, ऐतरेय, तैत्तरीय और श्वेताश्वतर— इन ९ उपनिषदों का अनुवाद। ग्रन्थ में उपनिषदों का मूल संस्कृत पाठ, उनका भारतीय अनुवाद, साथ में शाहज़ादः दारा की स्पष्ट व्याख्या, पाद-टिप्पणी सहित। एक अभारतीय मुस्लिम शाहज़ादे की तत्वज्ञान में पैठ देखते ही बनती है। हिन्दी रूपान्तरकार हैं काशी विश्वविद्यालय के डॉ० हर्षनारायण। पृष्ठ ३००। इस परिश्रमसाध्य ग्रन्थ का मूल्य २०.०० मात्र है। डाक खर्च पृथक्।

★ **बाइबिल - सार**– इस पुस्तिका में बाइबिल में दिये गये सालोमन के नीति-वाक्यों को देते हुए उनके समानान्तर भारतीय नीति-वचनों को उद्धृत किया गया है। मूल्य १.०० मात्र।

वाणी सरोवर

(अपने ढंग का निराला त्रैमासिक पत्र)

इस पत्र में हिन्दी, उर्दू, अ्रबी, फ़ारसी, संस्कृत, पारसी, बंगला, ओड़िया, मराठी, गुरुमुखी, तमिळ, मलयाळम, असमी, गुजराती, तेलुगु, कन्नड, सिन्धी, कश्मीरी, राजस्थानी नेपाली आदि के अनुपम ग्रंथों का हिन्दी अनुवाद तथा देवनागरी लिपि में उनका मूल पाठ धारावाहिक प्रकाशित हो रहा है। वार्षिक शुल्क १०.०० मात्र।

नवीन ग्राहक बननेवाले सज्जनों को सन् १९७० से अब तक का १०.०० प्रतिवर्ष के हिसाब से शुल्क भेजना उनके हित में होगा। बीते हुए वर्षों के अंक न मँगाने पर धारावाहिक चलनेवाले पहले से शुरू अनेक ग्रंथ उनके संग्रहालय में अपूर्ण रह जायँगे। वैसे ट्रस्ट को आपत्ति नहीं है; आप जिस वर्ष से चाहें ग्राहक बन सकते हैं।

वाणी-सरोवर अथवा ट्रस्ट में चल रहे सानुवाद देवनागरी-लिप्यन्तरण ग्रन्थ :—

१—(तमिऴ) तिरुक्कुऱळ् २—(तमिऴ) कम्ब रामायण
३—(तेलुगु) रंगनाथ रामायण ४—(कन्नड) पम्प रामायण—जैनसाहित्य
५—(असमिया) माधवकंदली रामायण ६—(कश्मीरी) रामावतार चरित
७—(नेपाली) रामायण भानुभक्त कृत ८—(गुजराती) गिरधर रामायण
९—(मलयाळम) तुञ्चत्त् एऴुत्तच्छन् कृत महाभारत
१०— ,, तथा ,, ,, ,, अध्यात्म रामायण
११—(ओड़िआ) वैदेहीश-विळास—उपेन्द्र भञ्ज १२—(सिंधी) स्वामी केसलोक
१३—(मराठी) श्रीराम-विजय—श्रीधर स्वामी कृत मूलपाठ अनुवाद सहित
१४—(गुरमुखी) श्रीगुरुग्रंथ साहब १५—(उर्दू) गुज़श्त: लखनऊ—मौ० शरर
१६—(फ़ारसी) दाराशिकोह कृत ५० उपनिषदों की फ़ारसी-व्याख्या का धारावाहिक हिन्दी अनुवाद
१७—(राजस्थानी) रुक्मिणीमंगल—पदम भगत कृत
१८—(अ़रबी) रियाज़ुस्सालिहीन (ह़दीस)—(ज़ादे सफ़र)
१९—रामचरितमानस (तुलसी)—संस्कृत पद्यानुवाद सहित, तथा
२०— ,, ओड़िया लिपि में लिप्यन्तरण एवं ओड़िया गद्य-पद्यानुवाद

प्रा० स्थान—भुवन वाणी ट्रस्ट ४०५/१२८ चौपटियाँ रोड, लखनऊ—३

अन्यत्र प्रकाशित लिप्यन्तरण-ग्रन्थों का परिचय :—

क़ुर्आन शरीफ़ [हिन्दी]

बीस साल की मुसल्सल अिल्मी मिह्नत के बाद देवनागरी रस्मुल्ख़त्त में क़ुर्आन शरीफ़ मय मतन (मूल आयतें) व हिन्दी तर्जुमा व तफ़्सीरी नोट्स छप कर अवाम की पेश-नज़र है। इसमें मिलते-जुलते हुरूफ़ मसलन जाल ज़े ज़ाद ज़ो वग़ैरः को अलाहदः मुमताज़ करते हुए रुमूज़ औक़ाफ़ (विरामाविराम चिह्न) व दीगर अलामतें, ग़रज़ कि शास्त्रीय अ़रबी पद्धति पर इमकानी सूरत में सही तिलावत (पाठ) का पूरा इहतियात मुहय्या किया गया है। हर सफ़े पर क़ुर्आन शरीफ़ के असली ख़त याने अ़रबी ख़त में इन्तहाई सही ब्लाक भी देकर नक़्स की गुञ्जाइश ही ख़त्म कर दी गई है। अलावा, मौलाना सय्यद अबुल हसन अली अल्हसनी अल्मदनी जनाब अली मियाँ साहब ने इस हिन्दी क़ुर्आन शरीफ़ पर 'पेश लफ़्ज़' लिख कर मिहनत को ज़ीनत बख्शी है। हद्यः महज़ ४०·०० । ३·५० डाक ख़र्च। आर्डर के साथ १०·०० पेशगी ज़रूर भेजिए।

प्राप्तिस्थान—लखनऊ किताबघर ४०५/१२८ चौपटियाँ रोड, लखनऊ—३

हिन्दी में इस्लामी ग्रन्थ

क़ुर्आन शरीफ़ मूल (सिर्फ़ मत्न)—ऊपर दी हुई रविश पर सम्पूर्ण क़ुर्आन शरीफ़ का सिर्फ़ मत्न (मूल पाठ)। हद्यः २०.००; पञ्जपारः (१ से ५) ४.५०; पञ्जपारः (६ से १०) ४.५०; पारः अम्म मय क़ायदः १.००; पारः १ से १० तक अलाहिदः हर पारः हद्यः ०.६० पैसा

क़ुर्आन शरीफ़ तर्जुमा अज़ीम (अनुवाद) प्रामाणिक उर्दू अनुवादों के आधार पर— हद्यः २०.००

क़ुर्आन शरीफ़ तर्जुमा—मौलाना अहमद बशीर साहब, कामिल, दबीरकामिल, मौलवी (फ़िरंगीमहल)-ज़ेरेतबअ़ (छप रहा है)।

ज़ादे सफ़र—(रियाज़ुस्सालिहीन) अरबी हदीस का प्रामाणिक अनुवाद। (भु० वा० ट्र०) १२.००

अरब एक संक्षिप्त इतिहास—प्रो० हिट्टी मूल्य १२.००

जीवन चरित्र—पैग़म्बरे इस्लाम ०.५०; हज़रत अबूबकर ०.६०; हज़रत उमर ०.६०; हज़रत उस्मान ०.६०; हज़रत अली ०.६०।

तरकीब नमाज़—(आयतें व तर्जुमा हिन्दी में) छप रही है।

बेशबहा लुग़त (कोश) जो छप रहे हैं :-

क़ौरानिक कोश—(तिलावत के सिलसिले से—पठनक्रम)।

क़ौरानिक कोश—(रदीफ़वार—वर्णानुक्रम)।

जदीद उर्दू-हिन्दी कोश—जिसमें अरबी, फ़ारसी, उर्दू, हिन्दी के आम फ़हम शब्द, उर्दू व हिन्दी—दोनों रस्मुल्ख़तों में देकर आसान मआने (अर्थ) दिये गये हैं। नागरी अक्षरों में भी जे, जाल, जो, ज़ाद; सीन, से, साद; छोटी हे-बड़ी हे, तो, ते वग़ैरः का प्रयोग करके हाजी-हाजी और अलीम-अलीम जैसे मुश्तबहुस्सौत (मिलते-जुलते) शब्दों के मआने में भ्रम पड़ने की गुन्जाइश ख़त्म की गई है।

' प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक संत की बानी ।
सम्पूर्ण विश्व में घर-घर है पहुँचानी ॥ '

प्रतिष्ठाता— नन्दकुमार अवस्थी